باز آنا bāz ānā (बाज़ आना)–रुकना, ठहरना, किसी काम को स्थगित करना, इनकार करना. *(v)* –to decline, to refuse, to abstain, to abondon.

باز پرس bāzpurs (बाज़पुर्स)–पूछताछ, जांच पड़ताल, तफ़तीश. *(nf)* –cross-examination, investigation, detailed examination.

باز خواہ bāzkhvāh (बाज़ख़्वाह)–जांच करने वाला, पूछताछ करने वाला. *(adj)* –an investigator, an enquirer.

باز رکھنا bāz rakhnā (बाज़ रखना)–रोकना, मना करना, वंचित करना. *(v)* –to disallow, to hold back, to prohibit, to debar, to prevent.

بازگشت bāzgasht (बाज़गश्त)–गूंज, प्रतिध्वनि, वापस होना, पीछे मुड़ना. *(nf)* –retreat, relapse, returning, echo.

باز یابی bāzyābī (बाज़यावी)–प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ. *(nf)* –recovery.

بازار bāzār (बाज़ार)–वह जगह जहां जरूरत का सामान विकता है, मार्केट. *(nm)* –a bazar, market.

بازار بٹا bāzār baṭṭā (बाज़ार बट्टा)– कमीशन. *(nm)* –discount, the market rate of exchange, commission.

بازار گرم ہونا bāzār garam honā (बाज़ार गरम होना)–अच्छी बिक्री होना, बाज़ार तेज़ होना. *(v)* –to have a good sale, to be in great demand.

بازار لگانا bāzār lagānā (बाज़ार लगाना)–मार्केट स्थापित करना, बिकने वाली वस्तुओं को प्रदर्शित करना, भीड़ इकट्ठी करना. *(v)* –to display one's wares, to establish a market, to gather a crowd.

بازار ٹھنڈا ہونا bāzār ṭhaṇḍā honā (बाज़ार ठंडा होना)–बाज़ार मंदा होना, थोड़ी बिक्री होना.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(v) –to be in little demand, having a dull market.

بازاری bāzārī (बाज़ारी)–बाज़ार से सम्बन्धित, छोटा, घटिया, अश्लील. *(nm)* –relating to the market, low, common, vulgar.

بازاری آدمی bāzārī ādmī (बाज़ारी आदमी)–जो सम्मानित व्यक्ति न हो, साधारण आदमी, सड़क का आदमी. *(nm)* –common man, not a respectable person, man of the street.

بازاری عورت bāzārī aurat (बाज़ारी औरत)–एक साधारण औरत, एक वेश्या. *(nf)*–a common woman, a prostitute.

بازاری گپ bāzārī gap (बाज़ारी गप)–अफ़वाह, उड़ती उड़ती खबर, कही सुनी हुई बात. *(nf)* –street talk, a rumour, hearsay, an unconfirmed news.

بازاری نرخ bāzārī nirakh (बाज़ारी निरख़)–बाज़ार भाव, मंडी का भाव. *(nm)* –market rates.

بازو bāzū (बाज़ू)–बाज़ू, बिस्तर की चादर की साइड, सहायक, सहयोगी. *(nm)* –the arm, the fold of a door, the side of a bedstead, a supporter, a companion.

بازوبند bāzūband (बाज़ूबंद)–एक ज़ेवर जो बाज़ू पर पहना जाता है. *(nm)* –a bracelet, an ornament worn on the arm, an armlet.

بازو دینا bāzū denā (बाज़ू देना)–सहयोग देना, सहायता करना, साथ देना. *(v)* –to help, to assist, to lend a helping hand, to aid.

بازی bāzī (बाज़ी)–खेल. *(nf)* –game, sport, a play.

بازی کھانا bāzī khānā (बाज़ी खाना)–हारना, पराजित होना. *(v)* –to lose, to be defeated.

بازی گاہ bāzī gāh (बाज़ी गाह)–खेल का मैदान. *(nf)* –place for play, play ground.

بازی گر bāzīgar (बाज़ीगर)–रस्से पर नाचने वाला, जादूगर. *(nm)* –a rope-dancer, a juggler.

بازی لگانا bāzī lagānā (बाज़ी लगाना)–शर्त लगाना. *(nm)* –to bet, to stake.

بازی لے جانا bāzī le jānā (बाज़ी ले जाना)–बाज़ी जीतना, शर्त जीतना. *(v)* –to win, to overcome.

بازی مارنا bāzī mārnā (बाज़ी मारना)–बाज़ी जीतना, अपने प्रतिद्वन्द्वी को हरा देना. *(v)* –to defeat, to beat, to win a game.

بازیچہ bāzīcā (बाज़ीचा)–खेलने का सामान, खिलौना, खेल. *(nm)* –play, fun, sport, a toy.

باس bās (बास)–बसना, रहना, निवास. *(nm)* –lodging, dwelling, residence, abode.

باس bās (बास)–गन्ध, दुर्गन्ध. *(nf)* –smell, scent, odour.

باسٹھ bāsaṭh (बासठ)–साठ और दो, बासठ की संख्या. *(adj)* –sixty-two.

باسط bāsit (बासित)–समृद्धि देने वाला, ईश्वर. *(adj)* – God, the giver of prosperity.

باسمتی bāsmatī (बासमती)–एक प्रकार का बढ़िया चावल. *(nm)* –a fine and fragrant kind of rice.

باسن bāsan (बासन)–बरतन या हाथ इत्यादि धोने का स्थान. *(nm)* –basin, a place to wash hands or utensils, plate, dish.

باسی bāsī (बासी)–रात का बचा हुआ खाना, किसी जगह का रहने वाला. *(adj)* –food left over night, *(nm)* –dweller, inhabitant.

باسی تباسی bāsī, tibāsī (बासी, तिबासी)–दो तीन दिनों का बचा हुआ बासी खाना. *(adj)* – two or three days old stale food.

باسی عید bāsī īd (बासी ईद)–ईद के बाद का दिन. *(nf)* –the day after *'Id'*.

باسی کڑھی میں اُبال آنا bāsī karī main ubāl ānā (बासी कढ़ी में उबाल आना)– *(idiom)* –to storm after the event, to wish to be young in old age.

باسی مُنہ bāsī munh (बासी मुँह)–प्रातः का नाश्ता करने से पहले. *(nm)* –before one has taken breakfast.

باشندہ bāshindā (बाशिन्दा)–निवासी, रहने वाला. *(nm)* –inhabitant, resident.

باشہ bāshā (बाशा)–बाज़, एक बड़े आकार का शिकारी पक्षी. *(nm)* –a hawk, a falcon.

باصر bāsir (बासिर)–देखने वाला. *(adj)* –one

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

who sees, looker-on.

باصرہ basirā (वासिरा)–नज़र, दृष्टि. *(nf)* –sight, the sense of seeing.

باطل bātil (वातिल)–झूठा, बेकार, अयोग्य, अनाड़ी, अक्षम. *(adj)* –false, ineffectualess, unsound, futile, fictitious.

باطل سمجھنا bātil samajhnā (वातिल समझना)–झूठा समझना, किसी बात पर विश्वास न होना. *(v)* – to regard as false.

باطن bātin (वातिन)–शरीर के भीतरी भाग, दिल, दिमाग. *(nm)* –the innermost parts, the internal, the mind, the heart.

باطنی bātinī (वातिनी)–भीतरी, छिपा हुआ. *(adj)* –internal, hidden, concealed.

باعث bāyas (वायस)–कारण, वजह, आधार. *(nm)* – cause, occasion, reason, condition, ground, basis.

باغ bāg (बाग़)–उद्यान. *(nm)* –a garden, orchard, grove.

باغ باغ ہونا bāg bāg honā (बाग़ बाग़ होना)–अति प्रसन्न होना. *(nm)*–to be over-joyed, to rejoice greatly.

باغبان bāgbān (बाग़बान)–माली, बाग की देखभाल करने वाला. *(nm)* –gardener.

باغبانی bāgbānī (बाग़बानी)–बाग लगाना, पौधे लगाना. *(nf)* –gardening, horticulture.

باغات bāgāt (बाग़ात)–'बाग़' का बहुवचन, उद्यान. *(nm)* –gardens, orchards.

باغیچہ bāgīcā (बाग़ीचा)–छोटा बाग, घर के कोने में लगाई गई फुलवारी. *(nm)* –a small grove or orchard.

باغی bāgī (बाग़ी)–विद्रोही, शाही आदेश को न मानने वाला. *(nm)* –a rebel, a mutineer.

بافت bāft (बाफ़्त)–बुनाई, कपड़ा बुनना. *(nf)* – weaving, texture, tissue.

بافتگی bāftagī (बाफ़्तगी)–बुनाई, कढ़ाई. *(nf)* – weaving, knitting.

بافتہ bāftā (बाफ़्ता)–बुना हुआ, कढ़ाई किया हुआ, एक प्रकार का सिल्की कपड़ा. *(adj)* –woven, knitted. *(nm)* –a kind of silk cloth.

بافندہ bāfindā (बाफ़िन्दा)–बुनने वाला. *(nm)* –a weaver.

باقر bākir (बाक़िर)–बहुत पढ़ा लिखा, बुद्धिमान, समृद्ध, अमीर. *(adj)* –highly learned, abounding in riches and knowledge.

باقر خانی bākar khānī (बाक़र ख़ानी)–एक मीठा परांठा जोकि गेहूँ के आटे और मक्खन से बनाया गया हो. *(nf)* –a kind of sweetened bread made of butter and flour.

باقی bākī (बाक़ी)–शेष, बचा हुआ. *(adj)* – remaining, lasting, arrears.

باقی جمع bākī jamā (बाक़ी जमा)–वह रक़म जो वुसूल न की जा सकी हो. *(nm)* –unrealized assessments.

باقی حساب bākī hisāb (बाक़ी हिसाब)–किसी हिसाब में से जो बच गया हो. *(nf)* –balance of an account.

باقی دار bākīdār (बाक़ीदार)–जिसकी तरफ़ कुछ रक़म बाकी निकलती हो. *(nm)* –owning a balance, a defaulter, a debtor.

باقیات bākiyāt (बाक़ियात)–बकाया, शेष. *(adj)* – arrears.

باک bāk (बाक)–डर, भय. *(nm)* –fear, terror.

باکرہ bākirā (बाकिरा)–कुंवारी लड़की. *(nf)* –a virgin.

باگ bāg (बाग)–घोड़े की लगाम. *(nf)* –a rein, a bridle.

باگ اُٹھانا bāg uṭhānā (बाग उठाना)–घोड़े को पूरी स्वतंत्रता देना, यात्रा पर रवाना होना. *(v)* – to give a horse a rein, to set a horse at full galop, to start on a journey.

باگ ڈور bāg dor (बाग डोर)–लम्बी बाग जिस से घोड़े को काबू किया जाता है. *(nf)* –a long rein with which horses are led.

باگ ڈھیلی کرنا bāg ḍhīlī karnā (बाग ढीली करना)–बाग ढीली छोड़ देना, किसी को अपनी मन मरज़ी करने देना. *(v)* –to give a lose rein, to leave one free to act as he likes.

باگ لینا bāg lenā (बाग लेना)–नियंत्रण सम्भालना, किसी काम को शुरू करना, किसी काम को करने की जिम्मेदारी उठाना. *(v)* –to take the reins, to start a journey or work.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

باگ موڑنا bāg moṛnā (बाग मोड़ना)–किसी घोड़े की दशा बदल देना, किसी बात की ओर से ध्यान बदल देना. *(v)* –to turn the reins, to turn the direction of a horse, to turn away attention to something else.

باگ ہاتھ سے چھوٹنا bāg hāth se chūṭnā (बाग हाथ से छूटना)–हाथ से नियंत्रण निकल जाना, हाथ आया अवसर खो देना. *(v)* –to allow the reins to slip from the hands, to lose a chance, to be out of control.

باگڑ بلا bāgaṛ billā (बागड़ बिल्ला)–जंगली बिल्ली. *(nm)* –a wildcat.

باگھ bāgh (बाघ)–शेर, चीता. *(nm)* –a lion, a leopard.

بال bāl (बाल)–दिल, दिमाग़, अवस्था, शक्ति. *(nm)* – heart, mind, state, power, condition.

بال bāl (बाल)–पंख. *(nm)* –a wing.

بال bāl (बाल)–शरीर के बाल, बच्चा, पाँच वर्ष से कम आयु का बालक, शीशे में दरार. *(nm)* –hair, a child, a boy under five years of age, an ear of corn, a crack in a glass.

بال اُتارنا bāl utār (बाल उतारना)–शेव या हजामत करना. *(v)* –to shave off, to cut the hair.

بال بال bāl bāl (बाल बाल)–सम्पूर्ण रूप से. *(adv)* –every hair, completely, clearly, altogether.

بال بال بچنا bāl bāl bacnā (बाल बाल बचना)–बड़ी मुश्किल से बचना. *(v)* –to escape by a hair's breadth, to have a narrow escape.

بال باندھا غلام bāl bāndhā gulām (बाल बांधा ग़ुलाम) – बहुत ही आज्ञाकारी नौकर. *(nm)* – a very obedient servant.

بال باندھنا bāl bāndhnā (बाल बांधना)–बाल संवारना. *(nm)* –to set the hair.

بال بچے bāl bacce (बाल बच्चे)–परिवार, बच्चे और पत्नी. *(nm)* –wife and children, family.

بال بُدھ bāl budh (बाल बुद्ध)–बाल स्वभाव, बालक की बुद्धि, अनुभवहीन. *(nf)* –child instinct, inexperience.

بال برابر bāl barābar (बाल बराबर)– बहुत थोड़ा, बहुत बारीक. *(adj)* –very little, very thin, hair like, fine like the hair.

بال بکھرنا bāl bikharnā (बाल बिखरना)–बाल ढंग से न होना. *(v)* –to have dishevelled hair.

بال بنانا bāl banānā (बाल बनाना)–बाल संवारना. *(nm)* –to set the hair, to dress the hair.

بال بیکا نہ ہونا bāl bīkā na honā (बाल बीका न होना)–कोई क्षति न होना. *(v)* –not to receive the slightest injury or harm.

بال پکنا bāl paknā (बाल पकना)–बूढ़ा हो जाना. *(v)* –to have the hair turned grey, to grow old, ripening of fruit.

بال توڑ bāl toṛ (बाल तोड़)–बाल के टूटने से फोड़ा होना. *(nm)* –a boil or sore caused by breaking of a hair.

بال تراش bāl tarāsh (बाल तराश)–बाल बनाने वाला, हज्जाम. *(nm)* –hair dresser.

بال جھڑنا bāl jhaṛnā (बाल झड़ना)–बालों का गिरना. *(v)* –falling of the hair.

بال کمانی bāl kamānī (बाल कमानी)–घड़ी का स्प्रिंग जो घड़ी को चलाता है. *(nf)* –hair spring of a watch.

بال کھڑے ہونا bāl khaṛe honā (बाल खड़े होना)–भयभीत हो जाना. *(v)* –to feel cold, to feel terrified, to be terror stricken.

بال کی کھال نکالنا bāl kī khāl nikālnā (बाल की खाल निकालना)–किसी भी बात को गहराई से सोचना. *(v)* –to investigate thoroughly.

بال ہٹ bāl haṭ (बाल हट)–बच्चों की ज़िद. *(nf)* –childish obstinacy.

بالا bālā (बाला)–ऊपर, ऊँचा. *(prep)* – on upon, above, high.

بالا بالا bālā bālā (बाला बाला)–ऊपर ऊपर ही, गुप्त बात. *(adv)* –secretly, privately, over and above the head of one.

بالا بتانا bālā batānā (बाला बताना)–धोखा धड़ी करना, किसी को लूटना. *(v)* –to cheat, to dupe, to deceive.

بالا بند bālā band (बाला बंद)–एक प्रकार की पगड़ी, पोशाक का एक भाग, एक प्रकार का कोट. *(nm)* – a part of dress, a kind of turban, a particular kind of coat.

بالا پوش bālā posh (वाला पोश)– ऊपर पहनने का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कपड़ा, ओवरकोट. *(nm)* –a quilt, an overcoat.

بالاخانہ bālā khānā (वाला खाना)–ऊपर की मंज़िल का कमरा, बाल्कनी, ऊपरी मंज़िल. *(nm)* – upper story, an upper room, a balcony.

بالا دست bālā dast (वाला दस्त)–हाथ ऊपर होना, अधिकार प्राप्त होना. *(adj)* –having the upper hand, higher, superior.

بالا نشین bālā nashīn (वाला नशीन)–ऊँची पदवी वाला, ऊँची कुर्सी पर बैठने वाला. *(adj)* – seated aloft, occupying the chief seat.

بالا bālā (वाला)–बालिका, कन्या. *(nf)* –a girl, a female child.

بالا پن bālāpan (वालापन)–बचपन. *(nm)* – childhood, infancy.

بالائی bālāī (बालाई)–गरम करने पर दूध पर जम जाने वाला पदार्थ, ऊपरी, असाधारण. *(adj)* –over and above, extreme, extraordinary, *(nf)* –that which is on the surface, cream.

بالائی اخراجات bālāī akhrājāt (बालाई अखराजात)–ऊपरी खर्चे. *(nm)* –overhead expenses.

بالٹی bāltī (बालटी)–बरतन जिसमें पानी भरा जाता है. *(nf)*– a bucket.

بالش bālish (बालिश)–सिरहाना. *(nf)* –a pillow, cushion.

بالشت bālisht (बालिश्त)–लगभग नौ इंच की लम्बाई. *(nm)* –a span, a length about nine inches.

باشتیا bāshitayā (बाशितया)–एक छोटे कद का व्यक्ति. *(nm)* –a dwarf.

بالغ bālig (बालिग़)–वयस्क, जो जवानी की आयु में पहुंच गया हो, प्रौढ़. *(nm)* – having attained puberity, having reached the age of maturity, an adult.

بالک bālak (बालक)–छोटा बच्चा. *(nm)* – a young child, an infant.

بالم bālam (बालम)–प्रेमी, पति. *(nm)* – a sweetheart, a lover, husband.

بالو bālū (बालू)–रेत. *(nf)* –sand.

بالوشاہی bālūshāhī (बालूशाही)–एक प्रकार की मिठाई. *(nf)* –a kind of sweet-meat.

بالی bālī (बाली)–बालिका, कानों में पहना जाने वाला एक ज़ेवर, गेहूँ की बाली. *(nf)* –a small girl, an ear-ring, a spike of corn.

بالی عمر bālī (बाली उम्र)– बचपने की आयु, अल्हड़पन. *(nm)* –young age, prime of life.

بالیدگی bālīdagī (बालीदगी)– बढ़ोतरी, उन्नति, प्रगति. *(nf)* –growth, increase, development, expansion.

بالین bālīn (बालीन)–सिरहाना. *(nm)* – pillow, a cushion, the head side of a tomb.

بام bām (बाम)–ऊपरी मंज़िल, बालकोनी, मकान की छत. –*(nm)* –an upper story, roof of a house, a balcony.

بامداد bāmdād (बामदाद)–प्रातःकाल, सूर्य निकलने का समय. *(nm)* –morning, dawn.

بان bān (बान)–एक तीर, रस्सी, बटी हुई घास (मुंझ) *(nm)* –an arrow, a rope, twisted grass.

بان بان کرنا bān bān karnā (बाँ बाँ करना)–बेकार की बातें करना. *(v)* – to talk foolishly.

بانا bānā (बाना)–वस्त्र, बहुत से लोगों द्वारा एक ही प्रकार के वस्त्र पहनना, एक प्रकार का हथियार, एक प्रकार का नक़ाब. *(nm)* –veil, garments, dress, a kind of weapon, habit, appearance.

بانا باندھنا bānā bāndhnā (बाना बांधना)–तैयार होना, किसी काम के लिए दृढ़ निश्चय करना. *(nm)* –to be ready, to be prepared, to be determined.

بانات bānāt (बानात)–चौड़े बर का कपड़ा. *(nf)* –a broad cloth.

بانبی bānbī (बांबी)–साँप की बिल, साँप के छिपने का ज़मीन में बनाया गया छेद. *(nm)* –snake's hole.

بانٹ bānṭ (बाँट)–भाग, हिस्सा, गाय को दिया जाने वाला वह भोजन जब उससे दूध दुहा जाता है. *(nf)* – division, share, part, food given to a cow while milking her.

بانٹنا bāṭnā (बाँटना)–हिस्से करना, टुकड़े करना, भाग करना, विभाजन करना. *(v)* –to divide, to apportion, to allot, to dispose, to share,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

to distribute.

بانجھ bājh (बाँझ)–जिस धरती में कोई उपज न हो, जिस स्त्री को सन्तान न हो. *(adj)* –barren (woman) sterile, unproductive (land).

باندھ bādh (बाँध)–रोक लगाना, बंधी बनाना. *(nf)* – an embankment, imprisonment.

باندھنا bāndhnā (बाँधना)–गिरह लगाना, बाँधना, गाँठ लगाना, पुल बाँधना. *(v)* –to fasten, to tie, to shut, to chain, to embank, to join together, to construct (bridge).

باندی bādī (बाँदी)–सेविका, नौकरानी, *(nf)* –a female slave, a female servant, a maid servant.

بانس bāns (बाँस)–एक लम्बी और सीधी लकड़ी जिसमें गाँठें होती हैं, दसफ़ुट की लम्बाई. *(nm)* –a bamboo, a ten feet length.

بانس پر چڑھانا bāns par crānā (बाँस पर चढ़ाना)–अनावश्यक प्रशंसा करना, किसी का अपमान करना. *(v)* –to hold up, to disgrace, to defame, to praise an unworthy.

بانس واڑی bāsvāī (बाँसवाड़ी)–बाँसों का जँगल. *(nf)* –a bamboo forest.

بانسوں اُچھلنا bānson uchalnā (बाँसों उछलना)–अति प्रसन्न होना. *(v)* –to be over joyed, to be highly pleased, to be very happy.

بانسا bānsā (बाँसा)–नाक का अगला ऊँचा भाग. *(nm)* –the bridge of the nose.

بانسا پھر جانا bānsā phir jānā (बाँसा फिर जाना)–नाक के अगले भाग का घूम जाना जोकि प्रायः मृत्यु के समय होता है. *(v)* –turning of the bridge of the nose, which generally happens at the time of death.

بانسری bāsarī (बांसरी)–बाँस से बनी बाँसुरी जिसमें फूंक मारने से सुर निकलते हैं. *(nf)* –a flute made of bamboo wood.

بانسی bānsī (बांसी)–बांस की पतली छड़ी. *(nf)*–the bamboo stick.

بانک bānk (बाँक)–मोड़, हुक, नदी का मोड़, चतुराई, चालाकी, अर्धवर्गाकार जेवर, एक प्रकार का छुरा, खुखरी. *(nm)* –bend, hook, a turning of river, a crook, fault offence, wickedness, a semicircular ornament worn on arms or ankles, a kind of dagger called *khukhrī*.

بانکا bānkā (बाँका)–मुड़ा हुआ, झुका हुआ, चालाक, चतुर, एक प्रकार का चाकू, छैल-छबीला युवक, रंगीला, मौज-मस्ती करनेवाला. *(adj)* – curved, crook, cunning, a kind of a knife, a handsome youngman, a jolly person.

بانکپن bānkpan (बाँकपन)–चुस्ती, फुर्तीलापन, शोखी, रंगीनी. *(nm)*–smartness, over-cleverness, crookedness.

بانکی bānkī (बाँकी)–बाँका का स्त्रीलिंग. *(nf)* –the feminine form of *banka*, beautiful and charming young lady.

بانگ bāng (बाँग)–चीख, चिल्लाहट, नमाज़ के लिए आवाज़ देना, मुर्गे की आवाज़. *(nf)* –a call to Namaz, a cry, a shout, the crowning of a crow.

بانگ درا bāng-e darā (बांग-ए दरा)–किसी कारवां की यात्रा शुरू होने के समय बजाई जाने वाली घंटी, विख्यात शायर डाक्टर इक़बाल की शुरुआती नज़्मों के संग्रह का नाम. *(nf)* –sound of a bell rung at the time of the march of a caravan, a collection of early Urdu poems of Dr. Iqbal.

بانگ دینا bāng denā (बांग देना)–ऊँची आवाज़ देकर मुसलमानों को नमाज़ के लिए बुलाना. मुर्गे द्वारा प्रातःकाल बांग देकर लोगों को उठाना. *(v)* – to summon Muslims to prayer, to crow.

بانگر bāngar (बांगर)–ऐसी धरती जिस पर पानी के बिना भी खेती की जा सके. *(nf)* –high land, the land which can be cultivated without water.

بانگڑو bāgar (बाँगड़)–मूर्ख, बेवक़ूफ़, बे अक़्ल, असभ्य. *(adj)* –stupid, foolish, rude, illiterate, uncivilised, rough, ignorant.

بانگی bānagī (बानगी)–एक उदाहरण, एक नमूना. *(nf)* –a sample, a model, a pattern.

بانو bāno (बानो)–एक सम्मानित महिला, एक आदर्श महिला. *(nf)* –a lady, a princess, a woman of high class, civilised woman.

بانوے bānve (बानवे)–नब्बे और दो, बानवे की संख्या. *(adj)* –ninety-two.

بانھ bānh (बाँह)–बाज़ू, सहायता, सहयोगी, रिशतेदार, मित्र. *(nf)* –arm, support, companion,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

friends, relatives.

بانی bānī (बानी)–नींव रखने वाला, निर्माण करने वाला, शुरू करने वाला. *(nf)* – originator, inventor, founder, builder, author.

بانی فساد bānī-e fasād (बानी-ए फ़साद)–फ़साद की जड़, फ़साद की शुरुआत करने वाला. *(nm)* – mischief monger, mischief maker.

بانی bāṇī (बाणी)–कथन, उपदेश, उसूल. *(nm)* – advice, saying, verse, principle.

باوا bāvā (बावा)–पिता, श्रेष्ठ पुरुष, धार्मिक गुरु, उपदेशक. *(nm)* –father, superior, spiritual guide.

باوا آدم bāvā ādam (बावा आदम)–संसार का सब से पहला आदमी जिससे मानव जाति की शुरुआत हुई. *(nm)* –the first man, Adam.

باوا کا bāvā kā (बावा का)–पैतृक, खानदानी, पूर्वजों का, बाप-दादा का. *(nm)*– ancestral, hereditary, belonging to father or grand-father.

باور bāvar (बावर)–विश्वास, निष्ठा. *(nm)* –faith, belief, confidence, trust *(adj)* –true, credible, trustworthy.

باور کرنا bāvar karnā (बावर करना)–विश्वास करना, किसी की बात को ठीक मानना. *(v)*–to trust, to believe.

باورچی bāvarcī (बावरची)–खाना बनाने वाला, रसोइया. *(nm)* –a cook.

باورچی خانہ bāvarcī khānā (बावरची खाना)–रसोई, खाना बनाने का स्थान. *(nm)* –kitchen.

باون bāvan (बावन)–पचास और दो, बावन की संख्या. *(adj)*–fifty-two.

باون گز کا bāvan gaz kā (बावन गज़ का)–शरारती, फसादी, बहुत लम्बा. *(adj)* – mischievous, quarrelsome, tall, long.

باہ bāh (बाह)–कामशक्ति, मैथुनशक्ति, सम्भोग-शक्ति. *(nf)* – lust, virility, venereal, passion.

باہر bāhar (बाहर)–दूर, जो अन्दर नहीं है, देश से बाहर, विदेश में. *(nm & adv)* –out, outside, abroad, external, beyond, away.

باہر بھیجنا bāhar (बाहर भेजना)–किसी को घर से बाहर भेजना, कोई सामान देश से बाहर भेजना, निर्यात करना. *(v)*–to send out, to export, to send overseas.

باہر جانا bāhar jānā (बाहर जाना)–दूर जाना, उस स्थान से बाहर जाना, विदेश में जाना. *(v)* –to go outside, to go abroad.

باہر کا bāhar kā (बाहर का)–घर से बाहर का, शहर से बाहर का, देश से बाहर का, जो अपना रिश्तेदार नहीं है. *(nm)* –an outsider, a foreigner, who is not a relative.

باہر نکالنا bāhar nikālnā (बाहर निकालना)–बरखास्त कर देना, नौकरी से निकाल देना, मकान से निकाल देना, अपने दिल से निकाल देना. *(nm)* –to turn out, to strike out, to dismiss, to eject, to expel.

باہر ہونا کہنے سے bāhar honā kahne se (बाहर होना कहने से)–विरोध करना, सहमत न होना, कोई बात न सुनना. *(v)* –not to listen, not to agree, to disobey.

باہم bāham (बाहम)–आपस में, संयुक्त रूप से, सांझा तौर पर. *(adv)* –together, mutually, jointly.

باہمن bāhman (बाह्मन)–ब्राह्मण जाति. *(nm)* –a brahaman.

باہمنی bāhmanī (बाह्मनी)–ब्राह्मण की पत्नी. *(nf)* – wife of a brahman.

باہمی bāhamī (बाहमी)–आपसी, आपस में. *(adj)* – mutual.

باہنا bāhnā (बाहना)–ज़मीन में हल चलाना, मुँह खोलना, दाँत दिखाना. *(v)*–to till (land), to open wide (mouth), to show (teeth).

بائع bāy (बाय)–बेचने वाला, विक्रेता, सौदागर. *(nm)* – a seller, a vendor, a merchant.

باؤ bāvo (बावो)–पेट फूलना, पेट में हवा भरना, अहंकार होना, जोड़ों में दर्द का रोग होना. *(nf)* – wind, air, flatulency, rheumatism.

باؤلا bāvlā (बावला)–पागल, शैदाई. *(adj)* –mad, demented, crazy, insane. *(nm)* –a mad man.

باؤلا پن bāvlāpan (बावलापन)–पागलपन. *(nm)* – madness.

باؤلی bāvalī (बावली)–पागल औरत, एक बड़ा कुआं जिसमें लोग सीढ़ियों द्वारा उतर कर पानी लेकर आते हैं. *(nf)* –a mad woman, a large well

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

into which people descend by means of steps to get water.

باؤنی bāonī (बाओनी)–बीज बोने का समय. *(nf)* – seed time, sowing.

بائی bāī (बाई)–महिला, औरत, पत्नी, मिस्ट्रेस, माँ, नाचने गाने वाली औरत. *(nf)* –lady, mistress, wife, woman, mother, nurse, dancing girl.

بائیس bāīs (बाईस)–बीस और दो, बाईस की संख्या. *(adj)* –twenty-two.

بایاں bāyān (बायाँ)–दायें का उलटा, बायाँ हाथ या पाँव. *(adj)* –left *(nm)* –left hand or foot.

باید و شاید bāyad va shāyad (बायद व शायद)–उचित, जैसा होना चाहिए. *(adj)* –fit, proper, as it should be.

ببر bābbar (बब्बर)–शेर. *(nm)* –a lion.

ببول babūl (बबूल)–कीकर, एक काँटेदार पेड़ जिससे गोंद प्राप्त होती है जो चिपकाने के काम आती है, इसकी टहनी दातुन करने के काम आती है. *(nm)* – the *acacia* tree from which we get *gond*, a fixing solution.

ببول کے پیڑ بونا babūl ke peṛ bonā (बबूल के पेड़ बोना)–बुरा काम करना जिससे दूसरों को कष्ट हो. *(v)* – to do something harmfull for others.

بپتا biptā (बिपता)–मुसीबत, मुश्किल, कठिनाई. *(nf)* – misfortune, adversity, calamity, distress.

بپھرنا bipharnā (बिफरना)–क्रुद्ध होना, क़ाबू से बाहर होना, आज्ञा न मानना. *(v)* –to become irritated or enraged, to be out of control, to be disobedient.

بت but (बुत)–एक मूर्ति, जो बोल न सकती हो, सुन्दर युवति, प्रेमिका. *(nm)* –an idol, an image, a statue, a beloved, a beautiful young girl. *(adj)* –speechless, dumb.

بت بننا but bannā (बुत बनना)–ऐसे ख़ामोश हो जाना जैसे कि बुत हो. *(v)* –to turn into a statue, to become rigid and speechless as a statue.

بت پرست but parast (बुत परस्त)–बुत को पूजने वाला, एक भगत, भगवान की बुत के रूप में पूजा करने वाला, सुन्दर युवती को चाहने वाला, अपनी प्रेमिका से प्यार करने वाला. *(nm & adj)* –an idolator, an idol worshipper, a lover.

بت پرستی but parastī (बुत परस्ती)–बुत की पूजा करना, मूर्ति की पूजा करना, अपनी प्रेमिका को चाहना. *(nf)* –idol worship, to love one's beloved.

بت تراش but tarāsh (बुत तराश)–बुत बनाने वाला, बुत को तराशने वाला. *(nm)* –a sculptor, a carver of idols.

بت تراشی but tarāshī (बुत तराशी)–बुत को तराशना, बुत को बनाना, बुत तराशने की कला. *(nf)* –sculpture, the art of a sculpture.

بت خانہ but khānā (बुत खाना)–यहाँ बुत रखे जाते हैं, मंदिर, जहाँ किसी की प्रेमिका रहती है. *(nm)* – an idol temple, where one's beloved lives..

بت شکن but shikan (बुत शिकन) बुतों को तोड़ने वाला. –*(nm)* –an idol breaker.

بت کدہ but kadah (बुत कदह)–यहाँ मूर्तियाँ रखी जाती हैं, मूर्तियों का मंदिर. *(nm)* –an idol temple.

بٹا buttā (बुत्ता)–बहाना, बचाव, फ्राड, चालाकी, धोखा-धड़ी. *(nm)* –pretext, evasion, fraud, trick, deception.

بٹا دینا buttā denā (बुत्ता देना)–धोखा देना, चाल चलना, फ्राड करना. *(v)*–to deceive, to defraud, to dupe, to dodge, to cheat.

بتاشا batāshā (बताशा)–चीनी का बुलबुला, चीनी का केक, एक आतिशबाज़ी का नाम, किसी सुन्दर युवति को भी इस नाम से पुकारा जाता है. *(nm)* – a sugar bubble, a kind of small sugar-cake, a kind of fire-works, a beautiful young girl.

بتانا batānā (बताना)–कहना, किसी की जानकारी में लाना, अवगत कराना. *(v)* –to tell, to point out, to describe, to indicate, to explain.

بتلانا batlānā (बतलाना)–कहना, सन्देश देना, बोलचाल, अवगत कराना, निर्देश देना. *(v)* –to explain, to tell, to converse, to talk, to instruct.

بتنگڑ batangaṛ (बतंगड़)–बात को बढ़ा चढ़ा कर कहना. *(nm)* –multiplication of words, an

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

exaggerated or magnified version of a thing.

بتول batūl (बतूल)–एक कुंवारी कन्या, एक पवित्र महिला जोकि परमात्मा के प्रति समर्पित हो. *(nf)* – a virgin, a pure and chaste woman devoted to God.

بتی battī (बत्ती)–मोमबत्ती, लैम्प या दीये की बत्ती. *(nf)* –a candle, a stick of wax, a wick.

بتی جلانا battī jalānā (बत्ती जलाना)–मोमबत्ती, दीया या लैम्प जलाना. *(v)* –to light a candle or lamp.

بتی چڑھانا battī cṛānā (बत्ती चढ़ाना)–लैम्प की बत्ती को ऊपर चढ़ाना. *(v)* –to raise the wick of a lamp.

بتی دکھانا battī dikhānā (बत्ती दिखाना)–रौशनी दिखाना. *(v)* –to show a lamp or candle.

بتی دینا battī denā (बत्ती देना)–आग जलाना. *(v)* – to kindle fire, to ignit.

بتی گل کرنا battī gul karnā (बत्ती गुल करना)– बत्ती बुझाना. *(v)* –to put out a lamp, to switch off a light.

بتیس battīs (बत्तीस)–तीस और दो, बत्तीस की संख्या. *(adj)* –thirty-two.

بتیس دھار battīs dhār (बत्तीस धार)–माँ का दूध जिसके बारे में यह कल्पना की जाती है कि यह बत्तीसधाराओं में बहता है. *(nm)* –mother's milk which is supposed to flow in thirty-two streams.

بتیسا battīsā (बत्तीसा)–एक शक्तिवर्धक टानिक जो कि 32 पदार्थों से बनता है और महिलाओं को बच्चा उत्पन्न होने के बाद दिया जाता है. एक प्रकार की मिठाई. *(nm)* –a tonic composed of thirty two ingredients given to women after child birth, a kind of sweetmeat.

بتیسی battīsī (बत्तीसी)–दान्तों का जबाड़ा, किसी वस्तु का संग्रह जिसकी कुल संख्या बत्तीस हो. *(nf)* –a set of teeth, any collection consisting of thirty-two parts.

بتیسی دکھانا battīsī dikhānā (बत्तीसी दिखाना)– दाँत दिखाना, बेवकूफों की तरह हँसना, किसी का मज़ाक़ उड़ाना. *(v)* –to show the teeth, to laugh aimlessly, to mock, to grin.

بتیسی بجنا battīsī bajnā (बत्तीसी बजना)–ठंड के कारण या डर के कारण दाँत बजना. *(v)* – chattering of teeth, to shiver with cold or fear.

بٹ baṭ (बट)–सिलवट, बल, मोड़, तोल का बट्टा, कश्मीरियों में एक उप-जाति. *(nf)* –a fold, a twist, a wrinkle, a fold on the body on account of obesity, a measure of weight, a way, a caste of Kashmiris.

بٹا baṭṭā (बट्टा)–तोल का एक बट्टा, कमीशन, कमी, हानि, *(nm)* –exchange or discount, a measure of weight, exchange or discount, loss, deficiency, injury.

بٹا لگانا baṭṭā lagānā (बट्टा लगाना)–किसी वस्तु का मूल्य कम कर देना, किसी को अपमानित करना, किसी को बदनाम कर देना. *(v)* –to reduce the price or value of a thing, to defame, to disgrace.

بٹا لگنا baṭṭā lagnā (बट्टा लगना)–हानि उठाना, सम्मान खो जाना, अपमानित होना. *(v)* –to be defamed, to suffer a loss, to lose reputation.

بٹا کھاتا baṭṭā khātā (बट्टा खाता)–जो बकाया रक़्म डूब गई हो. *(nm)* – irrecoverable balances, bad debts.

بٹے باز baṭṭebāz (बट्टेबाज़)–हाथ की चालाकी दिखाने वाला, जादूगर, किसी काम में माहिर, धोखेबाज़. *(nm)* –a juggler, a swindler, a cheat, artful.

بٹے پر baṭṭe par (बट्टे पर)–कम मूल्य पर, सस्ता. *(adv)* –at a discount, at a reduced price.

بٹانا baṭānā (बटाना)–किसी वस्तु को विभाजित करना, ध्यान बटाना. *(v)* –to cause to divide, to divert attention.

بٹائی baṭāī (बटाई)–रस्से बटने की मज़दूरी, फसल का ज़मींदार और किसान के बीच बटवारा. *(nf)* – wages paid for twisting ropes, division of crop between cultivator and the landlord.

بٹنا baṭnā (बटना)–रस्से का बटना, ध्यान का बटना, पैसा बटना, रस्सा बटने का यंत्र, शरीर को सुन्दर बनाने के लिए लगाया जाने वाला एक मिश्रण जोकि हल्दी और आटे को दूध में गूंध कर बनाया जाता है. *(v)* –to twist, to be divided (attention), to divide, to share, to make profit, *(nm)* –an instrument with which ropes are twisted, a cosmetic, a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

preparation for cleaning and beautifying the skin.

بٹوا baṭvā (बटवा)–पर्स, पैसे इत्यादि रखने के लिए बटवा. *(nm)* –a purse, a handy money bag.

بٹوارا baṭvārā (बटवारा)–विभाजन, बँटना. *(nm)* – partition, division, a share.

بٹوانا baṭvānā (बटवाना)– बटवारा करवाना, रस्सा बटवाना, विभाजन करवाना. *(v)* –to cause to twist, to cause to be separated or partitioned.

بٹورنا baṭornā (बटोरना)– इकट्ठा करना, समेटना. *(nm)* –to gatherup, to collect, to accumulate, to amass, to take by deceit.

بٹھانا biṭhānā (बिठाना)–बिठा देना, कोई बात मन में या मस्तिष्क में बिठाना. *(v)* –to cause one to sit down, to seat, to set or fix, to plant, to install on a throne.

بٹھا رکھنا biṭhā rakhnā (बिठा रखना)–किसी को बिठाए रखना, बालिग़ बेटी का जानबूझ कर विवाह न करना, विवाह के बाद बेटी को ससुराल न भेजना. *(v)* –to keep seated, not to marry the adult daughter intentionally, to refuse to let an adult married daughter to go to her husband.

بٹیا biṭiyā (बिटिया)–बेटी, पुत्री, लड़की. *(nf)* – daughter, girl, a female child.

بٹیر baṭer (बटेर)–एक पक्षी, बटेर. *(nf)*–the quail.

بجا bajā (बजा)–उचित, ठीक, सही. *(adj)* –in the proper place, correct, right, fit, proper, suitable, opportune, *(adv)*– properly, precisely.

بجا لانا bajā lānā (बजा लाना)–आदेश मानना, काम पूरा करना. *(v)* –to perform, to execute, to comply with, to obey, to effect.

بجا فرمانا bajā pharmānā (बजा फरमाना)– ठीक कहना, उचित आदेश देना. *(v)*–to say right, to order precisely to do a work.

بجا لانا bajā lānā (बजा लाना)–आदेश को मानना, किसी के आदेश को पूरा करना. *(v)*–to obey, to comply with, to put into effect.

بجانا bajānā (बजाना)–घंटी बजाना, ढोल बजाना, बाजा (संगीत) बजाना. *(v)* –to ring a bell, to beat a drum, to play upon a musical instrument.

بجائے bajāe (बजाए)–इसके अतिरिक्त, इसके बदले में. *(adv)*–in place of, instead of.

بجر bajar (बजर)–पत्थर, पत्थर के टुकड़े, कोई स्थिर वस्तु. *(nm)*–hard heavy stone, pieces of stone, immovable thing.

بجرا bajrā (बजरा)–यात्रा के लिए उपयोग में लाई जाने वाली एक बड़ी नाव, सैर-सपाटे के लिए इस्तेमाल की जाने वाली नाव. *(nm)* –a large boat used for travelling, a large pleasure boat.

بجری bajrī (बजरी)–पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े जोकि सड़क या फ़र्श बनाने के काम आते हैं. *(nf)* – gravel, small hailstone.

بجز bajuz (बजुज़)–इसके इलावा, इसके अतिरिक्त, इसके बग़ैर. *(prep)*–besides, except, without, with the exception of.

بجلی bijlī (बिजली)–आकाश में चमकने वाली बिजली, घरों में रौशनी करने वाली बिजली, कान में पहने जाने वाला एक ज़ेवर, तेज़ भागने वाला, अति चुस्त. *(nm)*–lightning, thunderbolt, electricity, a sort of ear-ring, *(adj)* –active, smart, very fast.

بجلی چمکنا bijlī camaknā (बिजली चमकना)– आकाश में बिजली का चमकना. *(v)* –flashing of the lightning.

بجلی کی تلوار bijlī kī talvār (बिजली की तलवार)–बहुत तेज़ धार वाली तलवार. *(nm)* –a sharp-edged sword.

بجلی کی کڑک bijlī kī kaṛak (बिजली की कड़क)–बिजली की ज़ोरदार आवाज़. *(nf)* – thunder-clap.

بجلی گرنا bijlī girnā (बिजली गिरना)–बड़ी मुसीबत आना, आकाश से बिजली गिरना. *(v)* –to be struck by lightning, to be blasted.

بجنا bajnā (बजना)–घंटी का बजना, ढोल का बजना, संगीत के बाजे का बजना, ठंड या भय से दाँतों का बजना. *(v)* –to strike (as a clock), to be played upon (as a musical instrument), to be rung (as a bell), to chatter (as teeth).

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بجو bijjū (बिज्जू)–चूहे के आकार का एक चालाक पशु, एक छोटी आँखों वाला चालाक व तेज़ दिमाग़ वाला बुरे स्वभाव का व्यक्ति. *(nm)* –badgar, a small sized rat like animal, a cunning person, sharp and evil-minded person.

بجوگ bijog (बिजोग)–वियोग, दो प्रेमियों का बिछड़ जाना, एक दूसरे से दूर हो जाना. *(nm)*– seperation of lovers.

بجھارت bujhārat (बुझारत)–पहेली, समस्या, उलझन. *(nf)*–a riddle, a puzzle.

بجھانا bujhānā (बुझाना)–आग का बुझाना, गुस्से का ठंडा करना, बात का समझाना, चूने का बुझाना. *(v)* –to extinguish, to slake (lime), to temper the steel, to smoother anger, to make one understand (a riddle), to instruct, to teach, to explain, to cause to believe.

بجھنا bujhnā (बुझना)–लैम्प का बुझना, प्यास का बुझना, आशाओं का बुझना. *(v)* – to be extinguished, to be slaked, to be damped (the spirits), to be quenched (thirsts).

بُچا buccā (बुच्चा)–वह व्यक्ति जिसके कान मुड़े हुए या कटे हुए हों. *(adj)* –having ears cut or lapped.

بچار bicār (विचार)–सोच, विचार, मत, इच्छा. *(nm)* – opinion, thought, will, consideration, judgement, discernment.

بچا کھچا bacā khucā (बचा खुचा)–जो बाकी बच गया हो अनुपयोगी, बेकार. *(nm)* –remainder, useless.

بچانا bacānā (बचाना)–बचत करना, सुरक्षित करना, छिपाना, कम खर्च करना. *(v)* –to save, to spare, to protect, to secure, to defend, to guard, to conceal, to preserve.

بچاؤ bacāv (बचाव)–सुरक्षा, बचत. *(nm)* – protection, security, defence, preservation, rescue.

بچپن bacpan (बचपन)–बालपन, छोटी आयु, अबोध अवस्था. *(nm)* –childhood, baby-hood, infancy.

بچت bacat (बचत)–बचाना, जोड़ना, संग्रह करना, लाभ, फायदा, प्राप्ति. *(nf)* –profit, gain, saving, surplus.

بچکانا backānā (बचकाना)–बच्चों जैसा, बच्चों सम्बन्धी. *(adj)* –pertaining to children, childish.

بچگان bacgān (बचगान)–'बच्चा' का बहुवचन, बच्चे, शिशु. *(nm)* –children.

بچلنا bicalnā (बिचलना)–विचलित होना, फिसलना, अपने रास्ते से भटक जाना, अपने वायदे से मुकर जाना, अपनी कही हुई बात पूरी न करना. *(v)* –to loose one's way, to back out of a promise, to slip, to go astray, to retreat.

بچن bacan (बचन)–वचन, वायदा, कथन, भाषण, शपथ, अनुबन्ध. *(nm)* –speech, talk, word of honour, promise, agreement, pledge.

بچنا bacnā (बचना)–अपने आप को बचाना, अपना बचाव करना, अपनी सुरक्षा करना. *(v)* –to save oneself, to avoid, to remain over, to recover, to survive, to be spared.

بچو baco (बचो)–अपना बचाव करो, अपनी सुरक्षा करो, खतरे वाले रास्ते से हट जाओ. –be out of the way, take care, be carefull.

بچو baccū (बच्चू)–छोटे बच्चे के लिए बोला जाता है, बच्चा, बेटा, प्यारा बच्चा, शत्रु के लिए सम्बोधन. – my boy! my son! my dear! a word of contempt used for the enemy.

بچولیا bicoliyā (बिचोलिया)–मध्यस्थ, बीच-बचाव करने वाला, सौदा करवाने वाला, विवाह के समय दोनों पक्षों के बीच बात करवाने वाला, एजेंट, दलाल. *(nm)* –one who interferes, a mediator, interposer, arbirator, agent.

بچہ baccā (बच्चा)–बालक, शिशु, एक अनुभवहीन व्यक्ति, एक अबोध व्यक्ति. *(nm)* –a child, an infant, a young plant, a sapling, a lad, an inexperienced person, an innocent person.

بچہ بازی baccā bāzī (बच्चा बाज़ी)–गुदामैथुन, अप्राकृतिक मैथुन. *(nf)* –sodomy.

بچہ دانی baccādānī (बच्चादानी)–स्त्री का वह स्थान जहाँ गर्भ ठहरता है. *(nf)* –the womb.

بچہ کشی baccā kashī (बच्चा कशी)–सन्तान पैदा करना, बच्चे पैदा करना, कुल को चलाना. *(nf)* – breeding, child bearing.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بچہ کشی baccā kushī (बच्चा कुशी)–बच्चों की हत्या करना. *(nf)* –infanticide.

بچوں کا کھیل baccon kā khel (बच्चों का खेल)–आसान काम, थोड़े प्रयास से होने वाला काम. *(nm)* –mere child's play, easy matter.

بچوں کا لشکر baccon kā lashkar (बच्चों का लश्कर)–बच्चों का समूह, बहुत बड़ी संख्या में बच्चे. *(nm)*–large number of children.

بچھا جانا bichā jānā (बिछा जाना)–किसी के आगे झुकना, सम्मान करना, विनम्र होना. *(v)* –to be extremely polite, to bow, to entertain, to be humble and meek.

بچھانا bichānā (बिछाना)–गिरा देना, चटाई बिछाना. *(v)* –to spread, to knock down, to fell.

بچھڑا bacchṛā (बच्छड़ा)–गाय का बच्चा. *(nm)* –a calf.

بچھڑنا bichaṛnā (बिछड़ना)–जुदा होना, अलग हो जाना. *(v)* –to be separated or parted from.

بچھنا bichnā (बिछना)–सम्मान करना, नतमस्तक हो जाना, आदर से झुक जाना. *(v)* –to lie flat, to humble oneself, to show great regard for.

بچھو bicchū (बिच्छू)–ज़मीन पर रेंगने वाला एक ज़हरीला कीड़ा. *(nm)* –a scorpion.

بچھوا bichvā (बिछवा)–एक प्रकार का खंजर, एक ज़ेवर जो पांव की उंगली में पहना जाता है, एक प्रकार का अचार. *(nm)* –a kind of dagger, an ornament worn on the toes, a kind of pickle.

بچھونا bichaunā (बिछौना)–बिस्तर, बिस्तर के कपड़े, दरी. *(nm)* –bedding, bed, carpet.

بچھیا bachiyā (बछिया)–गाय की बच्ची, बछड़ी. *(nf)* –a female calf.

بچھیرا bacherā (बछेरा)–घोड़े का बच्चा. *(nm)* –a colt.

بچھیری bacherī (बछेरी)–घोड़े की बच्ची. *(nf)* –a female colt.

بچی baccī (बच्ची)–एक छोटी लड़की. *(nf)* – a female child.

بحال bahāl (बहाल)–यथा स्थिति, पहले जैसा, बिना किसी परिवर्तन के. *(adj)* –status quo, unaltered, in the usual state or condition, reinstated in office.

بحال رکھنا bahāl rakhnā (बहाल रखना)–यथा स्थिति बनाए रखना, नौकरी पर बहाल करना, निर्णय को लागू करना. *(v)* –to keep in the same condition, to uphold a decision, to reinstate.

بحال کار bahāl kār (बहाल कार)–बहाल करनेवाला, यथा स्थिति बनाए रखनेवाला. *(nm)*–a restorer.

بحال کرنا bahāl karnā (बहाल करना)–पहले वाली स्थिति में लाना, पुनः नौकरी पर स्थापित करना. *(v)* –to reinstate, to replace, to re-establish, to restore, to confirm.

بحال ہونا bahāl honā (बहाल होना)–फिर से नौकरी पर लग जाना, पहले वाली स्थिति में आ जाना, फिर से फलने-फूलने लगना. *(v)*–to be reinstated, to return to a former state or condition, to flourish again.

بحالی bahālī (बहाली)–पुनः स्थापना, पहले वाली स्थिति, बिना किसी परिवर्तन के. *(nf)* –reinstatement, restoration, recovery, rehabilitation, prosperity.

بحث bahas (बहस)–वार्ता, बातचीत, मतभेद, तर्क-वितर्क. *(nf)* –discussion, debate, disputation, altercation, controversy, argument.

بحثا بحثی bahasā-bahasī (बहसा-बहसी)–तर्क-वितर्क, विरोध, मतभेद, *(nm)* –discussion, debate, controversy, argumentation.

بحث کرنا یا بحسنا bahas karnā yā bahasnā (बहस करना या बहसना)–तर्क-वितर्क करना, मतभेद प्रकट करना, किसी बात पर विरोध प्रदर्शित करना. *(v)* –to discuss, to argue, to raise a question, to debate, to dispute.

بحر bahar (बहर)–समुद्र, सागर, सागर की लहर, काव्य, लय, ताल. *(nm)*–a sea, an ocean, a wave in the sea, metre, verse, rhythm.

بحر کھلنا bahar khulnā (बहर खुलना)–धारावाही भाषण करना, अपनी स्मरण-शक्ति व ज्ञान को बढ़ाना. *(v)*–to deliver a speech fluently, to improve memory and intellect.

بحران bahrān (बहरान)–किसी बीमारी की भयंकरता,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महत्त्वपूर्ण क्षण, गम्भीर स्थिति. *(nm)* –crisis of a disease, the turning point, a critical moment.

بحور bahūr (बहूर)–'बहर' का बहुवचन, सागर, समुद्र, समुद्र की लहरें, लय, ताल. *(nm)* – seas, oceans, waves of the sea, verses, rhythms.

بحری baharī (बहरी)–सागर की या सागर से सम्बन्धित. *(adj)* –of or belonging to the sea, maritime, naval, marine.

بحریہ bahariyā (बहरिया)–समुद्री, जलसेना. *(nm)* – Navy, naval department.

بخار bukhār (बुख़ार)–गरमी, ताप, ज्वर, गुस्सा, क्रोध. *(nm)* –fever, heat, rage, anguish, steam, vapour.

بخار آنا bukhār ānā (बुख़ार आना)–ज्वर का होना, ताप होना, शरीर का तपना. *(v)* –to suffer from fever, to get fever.

بخار دل میں رکھنا bukhār dil main rakhnā (बुख़ार दिल में रखना)–किसी के प्रति दिल में शत्रुता पालना. *(v)* –to bear a grudge against someone.

بخار نکالنا bukhār nikālnā (बुख़ार निकालना)–गुस्सा निकालना, दिल की भड़ास निकालना. *(v)* – to appease one's anger, to vent one's rage.

بخارات bukhārāt (बुख़ारात)–'बुख़ार' का बहुवचन, भाप, धुन्ध. *(nm)* –vapours, fumes, mist, steam.

بخاری bukhārī (बुख़ारी)–दीवार में गेहूँ इत्यादि रखने के लिए बनाया गया भंडार, आग जलाने की जगह, बुखारा का रहने वाला. *(nf)* –a projection in a wall for storing grain, fire-place, *(adj)* – belonging to *Bukhārā*.

بخت bakht (बख़्त)–भाग्य, किस्मत, समृद्धि. *(nm)* – good fortune, luck, prosperity.

بخت آزمائی bakht āzmāī (बख़्त आज़माई)–भाग्य आज़माना. *(nf)* –to try one's luck.

بخت آور bakht āvar (बख़्त आवर)–सौभाग्यशाली, खुशकिस्मत. *(adj)* –lucky, fortunate, having good luck.

بخت جلنا bakht jalnā (बख़्त जलना)–दुर्भाग्य, बुरा समय. *(v)* –to be in bad luck, to be unfortunate.

بخت سیاہ bakht-e siyāh (बख़्त-ए सियाह)–दुर्भाग्य, बदकिस्मती. *(nm)* – misfortune.

بختیار bakhtiyār (बख़्तियार)–सौभाग्यशाली, अच्छी क़िस्मत वाला. *(nm)* –fortunate, lucky.

بختی bukhtī (बुख़्ती)–तेज़ रफ़्तार ऊँट जोकि सवारी करने के काम आता है. *(nf)* –a quick paced camel (used for riding and not for loading).

بخرا bakhrā (बख़रा)–हिस्सा, भाग. *(nm)* – portion, share, lot, allotment.

بخش bakhash (बख़्श)–क्षमा, माफी. *(nm)* – forgiveness.

بخش دینا bakhash denā (बख़्श देना)–क्षमा करना, माफ करना. *(v)*– to forgive.

بخشش bakhshish (बख़्शिश)–दान, चन्दा, उपहार, क्षमा. *(nf)*– gift, donation, grant, reward, forgive- ness, pardon.

بخشنا bakhshnā (बख़्शना)–क्षमा करना, माफ करना, देना. *(v)* –to grant, to give, to forgive, to pardon, to excuse.

بخشندہ bakhshindā (बख़्शिंदा)–बख़्शने वाला, क्षमा करने वाला, देने वाला. *(adj)* –Giver, donor, pardoner.

بخشوانا bakhshvānā (बख़्शवाना)–अपने गुनाहों को बख़्शवाना, क्षमा के लिए प्रार्थना करना. *(v)* –to have one's sins or offence pardoned, to obtain pardon for another.

بخشی bakhshī (बख़्शी)–सेना में वेतन बाँटने वाला अधिकारी, कोषाध्यक्ष, राशन अधिकारी. *(nm)* –a pay-master, a disbursing officer, store-incharge.

بخشی خانہ bakhshī khānā (बख़्शी ख़ाना)–सेना का वेतन बाँटने का कार्यालय. *(nm)* – the pay office of the army.

بخیل bakhīl (बख़ील)–कंजूस, छोटे दिल का, छोटे विचारों वाला. *(nm)* –a miser.

بخیہ bakhiyā (बख़िया)–मज़बूत सिलाई. *(nm)* –a kind of strong and fine stitching.

بخیہ لگانا bakhiyā lagānā (बख़िया लगाना)–सिलाई

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना. *(v)* –to stitch.

بخیے اُدھیڑنا bakhiye udheṛnā (बख़िये उधेड़ना)–सिलाई उधेड़ना, किसी के भेद खोलना, किसी की गुप्त बात प्रकट करना. *(v)* –to unsew, to expose a person, to disclose the secrets of a person.

بد bad (बद)–बुरा, शरारती, दूसरों को परेशान करने वाला, *(adj)* –bad, wicked, evil, naughty, mischievous.

بد اچھا بدنام بُرا bad acchā badnām burā (बद अच्छा बदनाम बुरा)–जो बुरा मशहूर हो जाए, वह बुरा काम करने वाले से भी बुरा है. *(prov)* –the bad is better than the ill-known.

بد اختر bad akhtar (बद अख़्तर)–दुर्भाग्यशाली, बुरी किस्मत वाला, जिसके सितारे गर्दिश में हों. *(nm)* –unfortunate, ill-starred, unlucky.

بد اخلاق bad akhlāk (बद अख़लाक़)–बुरे स्वभाव वाला, दुष्ट, नीच विचारों वाला. *(adj)* –of bad manners, impolished, ill-mannered, rude, immoral.

بد اصل bad asal (बद असल)–नीच जाति, अश्लील, ओछे विचारों वाला, कमीना. *(adj)* –low-born, mean, vulgar.

بد اطوار bad atvār (बद अतवार)–बुरे स्वभाव वाला, बुरे कर्मों वाला. *(adj)* –of evil ways, ill-mannered.

بد اعتقاد bad itikād (बद इतिक़ाद)–जिसका विश्वास न हो, अविश्वसनीय. *(adj)* –faithless, lacking in faith or belief.

بد افعال bad af'āl (बद अफ़'आल)–बुरी आदतों वाला, बुरे कामों वाला. *(adj)* –of wicked deeds, of bad habits.

بد آموز bad āmoz (बद आमोज़)–बुरा शिक्षक, जो दूसरों को गलत रास्ता दिखाए, जो दूसरों को गलत काम करने के लिए उकसाए. *(adj)* –an evil teacher, one who instructs in evil.

بد انتظامی bad intzāmī (बद इंतज़ामी)–अव्यवस्था, अस्त-व्यस्त. *(nf)* –mismanagement, misrule, maladministration.

بد انجام bad anjām (बद अंजाम)–बुरा अन्त, बुरा परिणाम. *(nm)* –having a bad end, a bad result.

بد اندیش bad andesh (बद अंदेश)–बुरे विचारों वाला, बुरा देखने वाला. *(adj)* –evil minded, malicious.

بد اندیشی bad andeshī (बद अंदेशी)–बुरी सोच, बुरे विचार. *(nf)* –malice, ill-will, malevolence.

بد باطن bad bātan (बद बातन)–बुरे स्वभाव वाला, बुरी सोच वाला, बुरे दिल वाला. *(nm)* –evil-minded, ill-natured.

بد بخت bad-bakht (बद-बख़्त)–दुर्भाग्यशाली, बदकिस्मत. *(adj)* –unlucky, unfortunate.

بد بختی bad-bakhtī (बद-बख़्ती)–दुर्भाग्य, बदकिस्मती. *(nf)* –misfortune, adversity.

بد بو badbū (बदबू)–दुर्गन्ध. *(nf)* –bad smell, stink.

بد بین badbīn (बदबीन)–बुरा ही देखने वाला, कुदृष्टि. *(nm)* –one who sees only evil.

بد پرہیز badparhez (बदपरहेज़)–जो अपने खाने-पीने पर नियन्त्रण न रखे, जिसे अपने आप पर नियन्त्रण न हो. *(adj)* –intemperate, not controlling one's inclinations and passions.

بد پرہیزی badparhezī (बदपरहेज़ी)–खाने-पीने की लापरवाही, अपने पर क़ाबू न होना. *(nf)* –selfindulgence, intemperance, carelessness.

بدتر badtar (बदतर)–बुरा, घटिया *(adj)*–worse, inferior.

بد چشم badcashm (बदचश्म)–बुरी नज़र, कुदृष्टि. *(adj)* –evil eyed, jealous.

بد چلن badcalan (बदचलन)–बुरा स्वभाव, बुरा कर्म. *(adj)* –of bad character, ill mannered, immoral.

بد حال badhāl (बदहाल)–बुरे हालात, बुरा भाग्य. *(adj)* –in bad circumstances, in evil plight.

بد حواس badhavās (बदहवास)–जिसे होश न हो, जिसे अपने पर क़ाबू न हो, बौखलाया हुआ. *(adj)* – senseless, stupefied, stunned.

بد حواسی badhavāsī (बदहवासी)–बौखलाहट, बेचैनी, घबराहट, परेशानी. *(nf)* – nervousness, ludicrity, uneasiness.

بد خط badkhat (बदख़त)–गन्दी लिखावट, लिखावट जो पढ़ी न जा सके.–*(adj)* –a bad or

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

illegible writer.

بدخلق badkhalak (बदख़लक़)—बुरा स्वभाव, बुरा कर्म, बुरी सोच. *(adj)* – having a bad disposition, ill-tempered, ill-behaved.

بدخو badkhū (बदख़ू)—बुरी आदतें, बुरा स्वभाव, बुरा विचार. *(adj)* – having bad habits, of evil disposition, evil minded.

بدخواب badkhvāb (बदख़्वाब)—बुरा सपना, भयानक सपना, डरावना सपना. *(nm)* –a bad dream, *(adj)* –having a disturbing dream or a night-mare.

بدخواہ badkhvāh (बदख़्वाह)—बुरा चाहने वाला, जो हितैषी न हो, दुश्मन. *(adj)* – malevolent, malicious, ill-wisher.

بدخواہی badkhvāhī (बदख़्वाही)—अशुभ चाहना, बुरा चाहना, घृणा करना. *(nf)* –ill-wishing, enmity, hatred.

بددعا badduā (बददुआ)—श्राप, बुरा चाहना. *(nf)* –curse, imprecation.

بددل baddil (बददिल)—जिस काम में दिल न हो, बेदिली से, बुरी सोच. *(adj)* –suspicious, dis-heartened, hopeless, dejected.

بددماغ baddimāg (बददिमाग़)—घमंडी, जो अपने को सर्वश्रेष्ठ समझता हो, जो किसी से भी सन्तुष्ट न हो. *(adj)* –peevish, fretful, proud, dissatisfied with every one.

بددماغی baddimāgī (बददिमाग़ी)—घमंड, सारे संसार से असंतुष्टि. *(nf)* –peevishness, fretful, proud, showing displeasure.

بددیانت baddiyānat (बददियानत) – बेईमान, धोखेबाज़, बुरी नीयत वाला, बुरी सोच वाला. *(adj)* –dishonest, faithless, unreliable, cheat.

بدذات badzāt (बदज़ात)—छोटी जाति का, नीच जाति का, शातिर, बुरी सोच वाला. *(adj)* – low-born, of bad disposition, ill-bred, unprincipled, wicked.

بدراہ bad rāh (बद राह)—नीच, कमीना, मक्कार, आवारा, कुमार्ग पर चलने वाला. *(adj)*–wicked, sinful, on the wrong path.

بدرنگ badrang (बदरंग)—घटिया रंग का, *(nm)* – dull, faded, discoloured.

بدرو badrū (बदरू)—असुन्दर, कुरूप, बदसूरत, बदशक्ल. *(nm)* –ugly, not beautiful, repulsive to sight.

بدزبان badzabān (बदज़बान)—जो अच्छा न बोले, कड़वा बोलने वाला, गाली-गलौच करने वाला. *(adj)* –indecent speaking, abusive talk.

بدزبانی badzabānī (बदज़बानी)—कड़वा बोल, गाली-गलौच की भाषा, अपशब्द. *(nf)* –use of bad and indecent language.

بدزیب badzeb (बदज़ेब)—बुरा दिखने वाला, बदशक्ल, असुन्दर, बदसूरत. *(nm)* –ugly, graceless.

بدسلوکی badsulūkī (बदसुलूकी)—बुरा व्यवहार, बुरा स्वभाव, बुरी आदतें. *(nf)* – maltreatment, misbehaviour.

بدسیرت badsīrat (बदसीरत)—बुरा स्वभाव, बुरी आदतें, बुरे विचार. *(adj)* –ill-tempered, ill-natured, ill-disposed.

بدشکل badshakal (बदशक्ल)—जिसकी शक्ल अच्छी न हो, जो सुन्दर न हो, कुरूप, बदसूरत. *(adj)* – ugly, repulsive to sight, ill-shapped.

بدشگونی badshagunī (बदशगुनी)—बुरा शगुन, बुरा मुहूर्त. *(nf)* –bad omen, inauspiciousness.

بدصورت badsūrat (बदसूरत)—असुन्दर, देखने में अच्छा न लगे, कुरूप. *(adj)* –ugly, unbeautiful, ill shaped, ill-looking.

بدظن badzan (बदज़न)—जिसे विश्वास न हो, जिसे भरोसा न हो. *(adj)* –mistrustful, suspicous.

بدعہد bad ahad (बद अहद)—जो वायदे का पक्का न हो, जो अपना दिया वचन भंग करे. *(adj)*– faithless, treacherous, one who goes back of his word or promise.

بدعہدی bad ahadī (बद अहदी)—वायदा खिलाफी, वचन-भंग, विश्वासघात, धोखा-धड़ी. *(nf)*– faithlessness, breach of promise, treachery, neglect of agreement or promise.

بدفعلی bad phealī (बद फेअली)—बुरा कर्म, गंदी हरकत, अप्राकृतिक मैथुन. *(nf)* – adultery, sodomy, misdeed, wickedness.

بدکار badkār (बदकार)—जो बुरे काम करता हो, बुरे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चालचलन वाला. *(adj)* –sinful, wicked, bad character.

بدگمان badgumān (बदगुमान)–जिसे सन्देह हो, जिसे विश्वास न हो. *(adj)*– suspicious, mistrustful.

بدگمانی badgumānī (बदगुमानी)–अविश्वास, सन्देह, शक. *(nf)* – mistrust, suspicion.

بدگو badgo (बदगो)–बुरी बात करने वाला, अशुभ बात करने वाला, कटु भाषा बोलने वाला. *(adj)* – evil-speaker.

بدگوئی badgoī (बदगोई)–बुरा कहना, बुरी बात बोलना. *(nf)* –evil-speaking.

بدگوہر badgauhar (बदगौहर)–बुरे स्वभाव वाला, बे उसूला, सिद्धांतहीन. *(nm)*–of evil nature, unprincipled.

بدلحاظ bad lihāz (बद लिहाज़)–जो किसी का लिहाज़ न करे, किसी का सम्मान न करे, किसी का एहसान न माने, अवज्ञाकारी, एहसान फरामोश. *(adj)*– disrespectful, impudent, indecent, immodest, shameless, unmannerly.

بدلگام badlagām (बदलगाम)–सिद्धांतहीन, जिस पर किसी का नियंत्रण न हो, मूढ़, कठोर, कटु शब्द बोलने वाला. *(adj)*–unobedient, uncontrollable, rude, harsh.

بدمزاج badmizāj (बदमिज़ाज)–बुरे स्वभाववाला, बुरी सोचवाला, बुरे विचारों वाला. *(adj)*–ill tempered, ill-natured, evil-minded.

بدمزگی badmazgī (बदमज़गी)–मज़ा ख़राब हो जाना, स्वाद ख़राब हो जाना, मित्रों में मतभेद हो जाना. *(nf)* –tastelessness, differences among friends, unpleasantness, disagreement.

بدمزہ bad mazā (बद मज़ा)–ख़राब मज़ा, किसी काम में विघ्न पड़ जाना, किसी काम में रुकावट आ जाना, स्वादहीन. *(adj)*–having a bad taste, ill-flavoured, unpleasant, tasteless.

بدمست badmast (बदमस्त)–नशे में डूबा हुआ, नशेबाज़, शराबी. *(adj)*–dead-drunk, intoxicated, lustful, wicked.

بدمعاش badmaāsh (बदमआश)–बुरा आदमी, दूसरों को सताने वाला, अपराधी, गैरकानूनी काम करनेवाला. *(adj)*–of an evil profession, immoral, of a bad way of life, a bad character, rascal, vagabond, criminal.

بدنام badnām (बदनाम)–कुख्यात, बुरे काम करने वाला, लोगों की नज़रों में गिर जाने वाला. *(adj)* – disreputable, infamous, notorious.

بدنام کرنا badnām karnā (बदनाम करना)–इज़्ज़त पर बट्टा लगाना, इज़्ज़त खराब करना. *(v)*–to defame, to vilify, to disgrace, to injure one's reputation.

بدنامی badnāmī (बदनामी)–बुरा कहलाना, लोगों की नज़रों में कुख्यात. *(nf)* –bad name, infamy, ignominy, dishonour.

بدنسل bad nasl (बद नस्ल)–छोटी जाति का, नीच कुल का. *(adj)*–of a bad race or breed.

بدنصیب badnasīb (बदनसीब)–दुर्भाग्यशाली, बदकिस्मत, बुरा भाग्य. *(adj)*– unfortunate, unlucky, having bad luck.

بدنما badnumā (बदनुमा)–जो दिखने में बुरा है, बदसूरत, बदशक्ल, कुरूप, भद्दा, असुन्दर. *(adj)* – ugly, clumsy, ill-looking, ungraceful.

بدنمائی badnumāī (बदनुमाई)–भद्दापन, कुरूपता, बदसूरती. *(nf)* –ugliness, ungracefulness, inelegance, clumsiness.

بدنیت badnīyat (बदनीयत)–बुरी नीयत वाला, ओछे विचारों वाला, छोटी सोच वाला, जो सदा अशुभ सोचे. *(adj)*–ill-intentioned, ill-disposed, inclined towards adultery.

بدہضمی badhazmī (बदहज़मी)–अपच, न पचने की शिकायत. *(nf)* –indigestion.

بدا badā (बदा)–भाग्य, किस्मत, लेख, तकदीर. *(nm)* –fate, fortunate, destinate, luck.

بدائع badāy (बदाय)–अनुपम, अद्वितीय, अजीब, अनूठा, अद्भुत, असाधारण. *(adj)* –wonders, rare things, curiosities.

بدایوں کے للا badāyun ke lallā (बदायूं के लल्ला)–मूर्ख, बेवकूफ़, बुद्धिहीन. *(nm)* –a fool, a simpleton, a stupid fellow, an ignorant.

بدر badar (बदर)–पूरा चाँद. *(nm)* –the full moon.

بدر badar (बदर)–दरावाज़े के बाहर, बाहर की ओर, घर, इलाका या देश से निकाला. *(adv)* –out of doors, without, outside, out of town or country.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بدر کرنا **badar karnā** (बदर करना)–बाहर निकालना, निष्कासित करना, प्रवेश न करने देना. *(v)* –to expel, to turn out, to banish.

بدرو **badrau** (बदरौ)–नाला, गंदे पानी का निकास, पानी का बहाव. *(nf)* –a drain, a sewer, outlet for water.

بدل **badal** (बदल)–बदले में. *(nm)*– exchange, substitution.

بدلا **badlā** (बदला)–प्रतिशोध, किसी चीज़ को बदलना. *(nm)*– exchange, in lieu, compensation, revenge.

بدلا دینا **badlā denā** (बदला देना)–किसी चीज़ के बदले में कुछ देना. *(v)* –to compensate.

بدلا لینا **badlā lenā** (बदला लेना)–प्रतिशोध लेना. *(v)* –to take revenge, to retalite.

بدلانا **badlānā** (बदलाना)–किसी चीज़ को बदलना, बदलाव करना. *(v)* –to alter, to exchange.

بدلائی **badlāī** (बदलाई)–किसी चीज़ को बदलने का मूल्य. *(nf)* –the price of exchange, barter, something given in exchange.

بدلنا **badalnā** (बदलना)–बदले में कोई चीज़ लेना. *(v)* –to change, to exchange, to alter, to shift.

بدلی **badlī** (बदली)–स्थानान्तरण, तबादला, एक जगह से दूसरी जगह भेज देना, तब्दीली. *(nf)* – transfer, substitution, change of place.

بدلی **badlī** (बदली)–छोटा बादल. *(nf)* –a small cloud, cloudiness.

بدن **badan** (बदन)–शरीर, जिस्म. *(nm)* –body.

بدن ٹوٹنا **badan ṭūṭnā** (बदन टूटना)–बदन में दर्द होना. *(nm)* –to suffer from body-pain.

بدن گرم ہونا **badan garam honā** (बदन गरम होना)–ज्वर होना, ताप से पीड़ित होना. *(v)* –to feel feverish, to have temperature.

بدنا **badnā** (बदना)–शर्त लगाना. *(v)*–to bet.

بدنی **badnī** (बदनी)–शारीरिक, शरीर से सम्बन्धित. *(adj)*– of or relating to body.

بدنی سزا **badnī sazā** (बदनी सज़ा)–शारीरिक सज़ा, शारीरिक ताड़ना. *(nf)*–corporal punishment, physical torture.

بدو **baddū** (बद्दू)–दर दर भटकने वाला एक क़बीला. *(nm)* –nomadic tribe.

بدوی **badvī** (बदवी)–रेगिस्तान का या रेगिस्तान से सम्बन्धित. *(adj & nm)* –of the desert or concerning the desert.

بدھ **buddh** (बुद्ध)–बुद्धि, ज्ञान, सूझबूझ, एक समझदार व्यक्ति, एक सन्त, महात्मा बुद्ध, जिसे बारह वर्ष तपस्या करने के बाद ज्ञान प्राप्त हुआ और उसने बुद्धधर्म की स्थापना की, हिन्दू लोग बुद्ध को भगवान् विष्णु का अवतार मानते हैं। बुद्ध नामक एक ग्रह, बुद्धवार. *(nm)* –sense, knowledge, wisdom, intellect, wise or learned man, Budha, enlighted one, who is regarded as a incarnation of Lord Vishnu, and is the founder of Budhism, the planet Mercury, Wednesday.

بدھائی **badhāī** (बधाई)–शुभकामनाएँ देना, किसी के अच्छे काम के लिए उसकी प्रशंसा करना. *(v)*–to congratulate.

بدھو **buddhū** (बुद्धू)–एक बेवकूफ़ आदमी, बुद्धिहीन, अनभिज्ञ, अनाड़ी, नासमझ. *(nm)* –a fool, stupid, ignorant, senseless.

بدی **badī** (बदी)–बुराई, बुरा[illegible]रत, मक्कारी. *(nf)* –badness, evil, wickedness, enmity, mischief.

بدی پر اُترنا **badī par utarnā** (बदी पर उतरना)– बुरा काम करने पर उतारू होना, किसी को कष्ट देना, परेशान करना, कष्ट देना, शरारत करना. *(v)* – to be bent upon doing mischief, to do some kind of badness.

بدی کرنا **badī karnā** (बदी करना)–बुरा काम करना, किसी को दुखी करना. *(v)* –to harm a person, to do a mischief.

بدھیا **badhiyā** (बधिया)–किसी जानवर (बैल इत्यादि) को नपुंसक बनाना. *(nm)*–castrated animal (bullock etc.).

بدیا **bidiyā** (बिदया)–विद्या, शिक्षा, पढ़ाई-लिखाई, कला, तालीम. *(nm)*–knowledge, skil, art.

بدیس **bades** (बदेस)–विदेश, दूसरा देश, जो अपना देश नहीं हो. *(nm)* –a foreign country, abroad, an other country.

بدیسی **badesī** (बदेसी)–विदेशी, किसी दूसरे देश का निवासी, अपने देश से बाहर का, जो अपने वतन का नहीं है. *(adj)* –a foreigner, of another

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

country, from a foreign land.

بدیع badīa (बदीअ)–अनोखा, अनूठा, अजीब, अनुपम, अत्यन्त विशेष. *(adj)* –strange, novel, extraordinary, wonderful, rare.

بڈھا buḍḍhā (बुड्ढा)–बूढ़ा आदमी, जिसकी बहुत ज़्यादा आयु हो. *(nm & adj)* –an old man, aged.

بڈھی buḍḍhī (बुड्ढी)–बूढ़ी औरत. *(nf)* –an old woman.

بذل bazal (बज़ल)–खुले दिल से दान देने वाला, दानवीर, जो दान देने में कंजूसी न करे. *(nm)* – giving liberally, to gift.

بذلہ bazlā (बज़ला)–बुद्धिमता, मज़ाक़, परिहास, व्यंग्य, प्रसन्नता. *(nm)* –joke, jest, fun, pleasantry, witticism.

بر barr (बर्र)–सूखी धरती, रेगिस्तान, जंगल, वन. *(nm)* –a dry land, a desert, jungle-land.

بر bar (बर)–दूल्हा, इच्छा, आकांक्षा, प्रार्थना. *(nm)* – bridegroom, wish, desire, prayer.

بُر bur (बुर)–स्त्री का यौनांग, चूत, योनि, भग, स्त्री का गुप्तांग. *(nf)*–private parts of a woman, vagina

بر bar (बर)–लाने वाला, जैसे नामावर–सन्देश लाने वाला, छाती, दिल, फल. *(nm)* –bearer, carrier, *(nf)* –bosom, breast, the heart, fruit.

برآنا bar ānā (बर आना)–सफलता प्राप्त करना, आगे बढ़ना, उन्नति करना, परिश्रम का फल प्राप्त होना. *(nm)* –to bear fruit, to come forth, to succeed, to be accomplished.

برپا barpā (बरपा)–पांवों पर खड़े होना, स्थापित. *(nm)* –on foot, standing, established.

برپا کرنا barpā karnā (बरपा करना)–पांवों पर खड़े करना, स्थापित करना. *(v)* –to set on foot, to cause to establish.

برپا ہونا barpā honā (बरपा होना)–घटित होना, स्थापित होना. *(v)* –to take place, to happen, to befall, to be established.

برتر bartar (बरतर)–बढ़िया, ऊँचा, विख्यात, श्रेष्ठ. *(nm)* –superior, higher, eminent, excellent, better.

برتری bartarī (बरतरी)–श्रेष्ठता, बढ़ियापन, महानता. *(nf)* –excellence, superiority.

برحق barhak (बरहक़)–ठीक, उचित, अधिकारपूर्ण, न्यायपूर्ण. *(adj)* –rightful, by right, justifiable, inevitable.

برخلاف barkhilāf (बरखिलाफ़)–विरुद्ध, विपरीत. *(adv)* –on the contrary, in opposition.

برخوردار barkhurdār (बरखुरदार)–आज्ञाकारी, प्रसन्न, समृद्ध, लम्बी आयु होना, लड़का, बेटा, प्यारा. *(adj)* – obedient, happy, prosperous, enjoying long life and prosperity, enjoying the fruits of life. *(nm)* –a male child.

برطرف bartaraph (बरतरफ)–हटा दिया गया, अलग कर दिया गया, नौकरी से निकाल दिया गया. *(adj)* – dismissed, discharged, separated, set aside, apart.

برطرف کرنا bartaraf karnā (बरतरफ़ करना)– हटाना, अलग कर देना. *(v)* –to dismiss, to discharge, to set aside, to get rid of.

برطرف ہونا bartaraph honā (बरतरफ होना)– हटना, अलग होना, दूर चले जाना. *(v)* –to be dismissed, to be discharged, to be set aside, to be turned out.

برطرفی bartarfī (बरतरफ़ी)–निष्कासन, मुअत्तली, *(nf)* – dismissal, discharge.

برقرار barkarār (बरक़रार)–पहले की तरह ही जारी, स्थिर, स्थायी. *(adj)* –continuing as before, firm, established.

برلانا bar lānā (बर लाना)–पूरा करना. *(v)* –to fulfil, to grant.

برملا bar malā (बर मला)–खुले आम, खुले तौर पर, जनता के बीच, सर्वसाधारण के सामने, बिना छिपाए. *(adv)* –publicly, openly, in the presence of every body.

بر bar (बर)–आशीर्वाद, उपहार, सौभाग्य से प्राप्त, दूल्हा. *(nf)* –a gift, a boon, blessing, a bridegroom.

بُرا burā (बुरा)–विरोधी, शत्रु. *(nm)* –an opponent, an enemy, bad.

بُرا burā (बुरा)–शरारती, बुरा काम करने वाला, दूसरों को दुखी करने वाला, खराब, बुरा स्वभाव. *(adj)* –

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

bad, wicked, ill-mannered, mischievous, defective.

برا بھلا burā bhalā (बुरा भला)–अच्छा या बुरा, जैसा भी है, सहने योग्य, किसी को बुरा भला कहना. *(adj)* –good or bad, tolerable. *(nm)* –abuses.

برا بھلا کہنا burā bhalā kahnā (बुरा भला कहना)–किसी को अपशब्द कहना, गाली देना, ताड़ना, डांटना. *(v)* –to reproach, to abuse, to admonish.

برا حال کرنا burā hāl karnā (बुरा हाल करना)–किसी का विनाश कर देना, मिट्टी में मिला देना, लताड़ना, अपमानित करनाा. *(v)* –to ruin, to reduce to ashes, to ill-treat, to insult, to punish.

برا کام burā kām (बुरा काम)–वह काम जो किसी को दुख दे, किसी को हानि पहुँचाने का काम. *(nm)* –an indecent action, an evil deed.

برا لکھا burā likhā (बुरा लिखा)–दुर्भाग्य, बुरा लेख, बदकिस्मती, बदनसीबी. *(nm)* –bad luck, misfortune, ill-fate.

بُرا لگنا burā lagnā (बुरा लगना)–कोई बात हमारी इच्छा के अनुसार न होना, कोई बात हमारे विरुद्ध होना, अच्छा न लगना. *(v)* –to be disagreeable, to be unpleasant, any thing against our wishes .

برا ماننا burā mannā (बुरा मानना)–कोई बात अच्छी न लगना, किसी बात के विरुद्ध होना. *(v)* –to take ill, to be displeased, to be unhappy.

برا وقت burā vakt (बुरा वक्त)–बुरा समय, दुर्भाग्यपूर्ण समय, विपरीत समय. *(nm)* –hard time, evil days, unfortunate time.

بُرے حالوں جینا bure halon jīnā (बुरे हालों जीना)–बड़ी कठिनाई में जीवन व्यतीत करना. *(v)* – to lead a miserable life.

برابر barābar (बराबर)–समान, समतल, एक जैसा. *(adj)* –equal, plain, smooth, uniform, alike, on a par, regular, continuos, adequate, straight, accurate.

برابر کا barābar kā (बराबर का)–समान शक्ति वाला, समान आयु या आकार या गुणों वाला, समान रुतबे वाला. *(adj)* –of equal standing or strength, of the same age, or size, of the same rank or status.

برابر کا بیٹا barābar kā beṭā (बराबर का बेटा)–युवा बेटा, आकार में बराबर का बेटा. *(nm)* –grown up son, adult son.

برابر کرنا barābar karnā (बराबर करना)–बराबरी का कर देना, दो समान भागों में बाँटना, समतल करना, एक जैसा करना, किसी को नष्ट कर देना, पैसा बरबाद कर देना. *(v)* –to smooth, to level, to equalise, to match, to do continuously, to divide in halves, to destroy, to ruin, to waste.

برابر کی ٹکر کا barābar kī ṭakkar kā (बराबर की टक्कर का)–रुतबे या पदवी में एक समान. *(adj)* – of equal rank, status or position, at par, equal.

برابر ہو جانا barābar ho jānā (बराबर हो जाना)–एक समान हो जाना, एक ही धरातल पर पहुँच जाना, एक जैसी पदवी पा लेना, एक जैसा रुतबा हो जाना. *(v)* –to be in level with, to balance, to be equal, to be at par.

برابری barābarī (बराबरी)–समानता, एक जैसा पद या रुतबा. *(nf)*–equality, at par, rivalry, competition.

برابری کرنا barābarī karnā (बराबरी करना)–समान बनना, प्रतिस्पर्द्धा करना, एक जैसा हो जाना. *(v)* – to equalise, to compete, to rival.

برات barāt (बरात)–विवाह के अवसर पर रिश्तेदार व मित्र समूह में बाजे गाजे के साथ दूल्हा के साथ दुलहन के घर की ओर प्रस्थान करते हैं. *(nf)* –a marriage procession.

برات چڑھنا barāt caṛnā (बरात चढ़ना)–विवाह के लिए बरात का दुलहन के घर की ओर जाना. *(v)* – starting of a marriage procession.

براتی barātī (बराती)–विवाह में सम्मिलित होने वाले दूल्हा पक्ष के लोग. *(nm)* –members of the marriage procession, one who attends a marriage.

براجمان birājmān (विराजमान)–उपस्थित, मौजूद, बैठा हुआ. *(adj)* –present, having a seat, sitting.

براجنا birājanā (विराजना)–आसन ग्रहण करना, बैठना, मौजूद रहना. *(v)* –to adorn, to sit, to have a seat.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

برادر barādar (बरादर)–भाई. *(nm)* –brother.

برادراخیافی barādare akhyāfī (बरादरे अख्याफ़ी)–सौतेले भाई, एक ही माँ से जन्मे भाई जिनके पिता अलग अलग हों. *(nm)* –step brothers (born from the same mother but having different fathers).

برادر توام barādare tuām (बरादरे तुआम)–जुड़वां भाई. *(nm)* –twin brothers.

برادر حقیقی barādare hakīkī (बरादरे हक़ीक़ी)–सगे भाई. *(nm)* –real brothers.

برادر رضاعی barādare razāī (बरादरे रज़ाई)–एक ही धाय का दूध पीने वाले बच्चे. *(nm)* –foster brother who have suck milk from the breast of the same nurse.

برادر زادہ barādar zādah (बरादर ज़ादह)–भाई का बेटा, भतीजा. *(nm)* – brother's son, nephew.

برادر علاتی barādare alātī (बरादरे अलाती)–सौतेले भाई, एक ही बाप के बेटे जिनकी माताएँ अलग अलग हों. *(nm)* –step brothers (having the same father but different mothers).

برادر نسبتی barādare nibastī (बरादरे निस्वती)–रिश्ते के भाई, जैसे साला या बहनोई. *(nm)* – brother-in-law (wife's brother or sister's husband).

برادرانہ barādarānā (बरादराना)–भाई जैसा, भाई का, भाई से सम्बन्धित. *(adj & Adv)* – brotherly, fraternal, like a brother.

برادری barādarī (बरादरी)–एक ही वर्ग के लोगों का समूह, कुछ लोगों का आपसी संगठन, सामाजिक संगठन. *(nf)* –small community, brotherhood, relationship, group of people of the same caste or tradition.

برادہ burādā (बुरादा)–चूरा, पाऊडर. *(nm)* – sawdust, powder.

براز barāz (बराज़)–पायखाना, टट्टी, गंदगी. *(nm)* – stool, faeces, excrement.

برافروختہ barāphrokhtā (बराफरोख्ता)–गुस्से से भरा हुआ, भड़का हुआ, क्रुद्ध. *(adj)* – enraged, inflamed, angry.

براق burāk (बुराक़)–घोड़े जैसा जानवर जिस पर बैठ कर पैगम्बर स्वर्ग को गए. *(nm)* – the horse-like animal on which the Holy Prophet ascended to Heaven.

براق burrāk (बुर्राक़)–चमकदार, चमकीला, आभा वाला, तेज़, सिद्धहस्त. *(adj)* –flashing, shining, brilliant, skilled, swift, expert.

برامد barāmad (बरामद)–बाहर भेजना, बाहर जाना, खर्चा, नदी के रास्ता बदलने से धरती का बाहर आना, चोरी हुए माल कोखोज निकालना. *(nf)* – going out, export, expenditure, land thrown up by a river, recovery of stolen property.

برامدہ barāmadā (बरामदा)–वरांडा, बालकोनी, गैलरी, पुलिस द्वारा बरामद चोरी का माल, पुलिस द्वारा ज़ब्त की गई जायदाद. *(nm)* –a varandah, balcony, gallery, the recovered property, the property seized by police.

برانا barrānā (बर्राना)–सोते हुए बड़बड़बड़ाना या बातें करना, नींद में कुछ कहना. *(nm)* –to brag, to talk in one's sleep.

برانگیختہ barangekhtā (बरअंगेख्ता)–क्रुद्ध, भड़का हुआ, तैश में आया हुआ, उत्तेजित. *(adj)* – roused, enraged, excited, angry.

برانگیختہ کرنا barangekhtā karnā (बरअंगेख्ता करना)–किसी को भड़काना, क्रोध दिलाना, उत्तेजित करना. *(adj)* –to rouse, to anger, to excite.

براہمہ brahmā (ब्राह्मा)–ब्राह्मण का बहुवचन, पुजारी. *(nm)* –plural of Brahman, priest.

براہین burāhīn (बुराहीन)–बुरहान का बहुवचन, बहस, तर्क-वितर्क, प्रमाण, प्रदर्शन. *(nf)* – arguments, proofs, demonstrations.

برائی burāī (बुराई)–बुरा कर्म, चुगलखोरी, शरारत, नीचता, कमीनापन, झूठ. *(nf)* –badness, mischief, evil, wickedness, backbiting, lie.

برائی پر کمر باندھنا burāī par kamar bāndhnā (बुराई पर कमर बाँधना)–बुरा काम करने के लिए तैयार होना, किसी को परेशान करने की योजना बनाना. *(v)*–to be bent on doing mischief or harm.

برائے barāe (बराए)–वास्ते, के लिए, कारण से.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(adv) –on account of, by reason of, for, for the sake of, in order to.

برائے خدا **barāe khudā** (बराए ख़ुदा)–ख़ुदा के वास्ते. *(adv)* –for God's sake.

برائے نام **barāe nām** (बराए नाम)–केवल नाम की खातिर. *(adv)* –for name's sake.

برایا **barāyā** (बराया)–'बरीयत' का बहुवचन, विश्व, संसार, संसार की रचना. *(nf)* –creation, universe, world.

برباد **barbād** (बरबाद)–नष्ट, नाश, ध्वंस, ध्वस्त. *(adj)* –destroyed, ruined, wasted, desolated, cast away.

برباد کرنا **barbād karnā** (बरबाद करना)–नष्ट करना, उजाड़ना, ध्वस्त करना, मिट्टी में मिला देना, धरती सुंघा देना. *(v)* –to throw away, to throw to the winds, to lose, to waste, to destroy, to ruin.

برباد ہونا **barbād honā** (बरबाद होना)–नष्ट होना, ध्वस्त होना, उजड़ जाना, कौड़ी कौड़ी को मुहताज हाना. *(v)* –to be ruined, to be lost, to be wasted, to be thrown away.

بربادی **barbādī** (बरबादी)–विनाश, तबाही, हानि. *(nf)* –loss, waste, ruin, destruction.

بربری **barbari** (बरबरी)–एक प्रकार की बकरी. *(nf)* – a kind of goat.

بربط **barbat** (बरबत)–एक प्रकार का बाजा, वीणा, वीन. *(nm)* –a kind of harp, a musical instrument.

برتا **birtā** (बिरता)–योग्यता, सामर्थ्य, हिम्मत, शक्ति, हौसला, बहादुरी, सहयोग. *(nm)* –ability, capacity, power, strength, courage, support, capability.

برتے پر اچھلنا **birte par uchalnā** (बिरते पर उछलना)–किसी की सहायता के कारण बढ़ चढ़ कर बात करना, डींग हांकना. *(v)* –to boast on the support of somebody, to boast.

برتانا **bartānā** (बरताना)–देना, बाँटना, वितरित करना. *(v)* – to give away, to distribute.

برتاؤ **bartāv** (बर्ताव)–व्यवहार, मेलजोल. *(nm)* –treatment, practice, conduct, intimacy.

برتن **bartan** (बरतन)–खाना बनाने वा खाने में इस्तेमाल होने वाले, रसोई का सामान. *(nm)*– vessel, utensil.

برتنا **bartanā** (बरतना)–किसी के साथ सम्बन्ध बनाना, किसी चीज़ का इस्तेमाल करना, खर्च करना, परीक्षण करना, किसी चीज़ का उपयोग करना. *(v)* –to spend, to deal with, to make use, to test.

برتھ کنٹرول **barth-kantrol** (बर्थ-कंट्रोल)–संतान पैदा करने पर नियंत्रण, ज्यादा बच्चे पैदा न करना. *(nm)*–birth control.

برج **braj** (ब्रज)–गऊशाला, उत्तरप्रदेश का एक भाग जिसमें आगरा और मथुरा शामिल हैं और जो श्री कृष्ण के बचपन की क्रीड़ास्थली है. *(nm)* –a cowshed, a part of Utter pradesh extending over Mathura and Agra associated with the childhood of Lord Krishna.

برج بھاشا **braj bhāṣā** (ब्रज भाषा)–आगरा और मथुरा में बोली जाने वाली हिन्दी का रूप. *(nf)* – the dialect of Hindi spoken in or around Braj–Mathura and Agra.

برج **burj** (बुर्ज)–मीनार, समुद्र में बने रौशनी के मीनार. *(nm)* –a tower, a minar.

برجستہ **barjastā** (बरजस्ता)–उचित, ठीक. *(adj)* – proper, right, apportune, prompt.

برجی **burjī** (बुर्जी)–छोटा मीनार. *(nf)* –a small tower, a turret.

برچھا **barchā** (बरछा)–भाला, एक नुकीली और तेज़ धार वाली छुरी जोकि एक लम्बे बांस के सिरे पर लगी होती है. *(nm)* –a spear, a lance, a dart.

برچھی **barchī** (बरछी)–आकार में छोटा बरछा. *(nf)* –a small spear.

برخاست **barkhāst** (बरख़ास्त)–नौकरी से हटा दिया जाना, कचहरी का उठ जाना, सेवाएँ समाप्त कर देना. *(nf)* – removal from the office, dismissal, discharge, rising up of the court.

برخاست کرنا **barkhāst karnā** (बरख़ास्त करना)– कचहरी को समाप्त करना, नौकरी से हटा देना, सेवा समाप्त कर देना. *(v)* –to remove from office, to dismiss, to adjourn the court for the day.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

برخاستگی barkhāstagī (बरखास्तगी)–सेवाएँ समाप्त करना, नौकरी से हटा देना, दफ़्तर से निकाल देना. *(nf)* –dismissal, removal, recall, adjournment of the court, dissolution of an assembly.

برد burd (बुर्द)–लाभ, प्राप्ति, रिश्वत, शतरंज के खेल में बादशाह का अकेले रह जाना. *(nf)* –gain, profit, bribe, a term used at chess when the adversary has lost all pieces except the king.

بردار bardār (बरदार)–ले जाने वाला, उठाने वाला, जैसे झंडा बरदार–झंडा उठाने वाला. *(adj)* – carrier, bearer.

برداری bardārī (बरदारी)–ले जाने या उठाने का कार्य. *(nf)* –the act of bearing or carrying.

برداشت bardāsht (बरदाश्त)–सहनशक्ति. *(nf)* – tolerance, patience, endurance.

برداشت کرنا bardāsht karnā (बरदाश्त करना)– सहन करना. *(v)* –to bear, to tolerate, to endure.

بردبار burdbār (बुर्दबार)–सहन करने वाला, बरदाश्त करने वाला. *(adj)* –tolerant, patient.

بردباری burdbārī (बुर्दबारी)–सहनशक्ति, बरदाश्त करने की शक्ति. *(nf)* – bearing of a burden, toleration, patience, forbearance, endurance.

بردہ burdā (बुर्दा)–गुलाम, उड़ा कर या भगा कर लाई गई स्त्री. *(nm)* –a slave, a capative *(nf)* –a kidnapped woman.

بردہ فروش burdā pharosh (बुर्दा फरोश)–गुलामों या स्त्रियों का व्यापार करने वाला. *(nm)* –a slave merchant or draler in flesh trade.

بردہ فروشی burdāphroshī (बुर्दाफरोशी)–गुलामों या स्त्रियों को बेचने का व्यापार. *(nf)* –trade of selling slaves or women.

برزخ barzakh (बरज़ख़)–मौत और क़यामत (प्रलय) के बीच का समय, हस्तक्षेप. *(nm)* –interval between death and resurrection, obstruction, interference.

برس baras (बरस)–वर्ष. *(nm)* –a year.

برسات barsāt (बरसात)–वर्षा, वर्षा ऋतु. *(nf)* – rains, the rainy season.

برساتی barsātī (बरसाती)–वर्षा से बचाव करने वाला कोट, मकान की छत पर बना कमरा, वर्षा ऋतु से सम्बन्धित, घोड़ों की एक बीमारी. *(adj & nf)* –a water-proof coat, a room on the top of the house, shelter from rain, pertaining to rainy season, a disease of horses.

برسرکار bar sare kār (बर सरे कार)–काम-धन्धे में लगा हुआ, खाता-कमाता, व्यापार करने वाला. *(adj)*– employed, engaged in business.

برسنا barsanā (बरसना)–वर्षा का होना, पानी पड़ना, *(v)* –to cause to rain, to pour down, to shower down, to be angry or in a passion.

برسی barsī (बरसी)–किसी की मृत्य का एक वर्ष पूरा होने पर कुछ धार्मिक रस्में. *(nf)* –annual ceremony in remembrance of a deceased relative.

برشگال barashgāl (बरशगाल)–मौसम, ऋतु, वर्षा ऋतु. *(nm)* –the season, rainy season.

برص bars (बर्स)–कुष्ट, कोढ़, एक भयंकर रोग जिसमें रोगी के हाथ और पांव विकृत हो जाते हैं. *(nm)* – leprosy.

برف baraph (बर्फ)–बर्फ, घरों में इस्तेमाल होने वाली व पहाड़ों पर गिरने वाली, ठंडी. *(nf)* –ice, snow, *(adj)* –very cold, white.

برف پڑنا barf paṛnā (बर्फ़ पड़ना)–पहाड़ों पर बर्फ़ गिरना जिस से मौसम ठंडा हो जाता है. *(v)* –to snow.

برف ہونا barf honā (बर्फ़ होना)–बहुत ठंडा हो जाना. *(v)* –to become very cold.

برفانی barfānī (बर्फ़ानी)–बर्फीली, बहुत ठंडी. *(adj)* – icy, snowy, very cold.

برفی barphī (बर्फी)–एक प्रकार की मिठाई जोकि दूध और चीनी से बनती है. *(nf)* –a kind of sweet-meat made of condensed milk and sugar.

برق bark (बर्क़)–बिजली, आकाश में चमकने वाली बिजली, बहुत तेज़ चलने वाला, बहुत तेज़ काम करने वाला. *(nf)* –lightning, electricity, *(adj)* – clever, swift footed.

برق آبی bark ābī (बर्क़ आबी)–पानी से बनने वाली बिजली. *(nf)* –hydro-electricity.

برقنداز bark andāz (बर्क़ अंदाज़)–तेज़ रफ़्तार से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चलने वाला, सन्देशवाहक. *(nm)* –a messenger, a musketeer, a sentinal.

برق پیما bark paimā (बर्क़ पैमा)–बिजली को मापने वाला यंत्र. *(nm)* –electrometer.

برق زدہ bark zadah (बर्क़ ज़दह)–जिस पर बिजली गिरी हो. *(adj)* –struck with lightning.

برقع burkā (बुर्क़ा)–मुसलमान महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला एक लिबास जोकि सिर से पैर तक सारे शरीर को ढक लेता है, केवल आंखों और नाक के आगे जाली लगी होती है. *(nm)* –a veil, a kind of mantle veil covering the whole body from head to foot.

برقع پوش burkā posh (बुर्क़ा पोश)–बुर्क़ा पहनने वाली औरत. *(nf)* –a woman who wears burqa, a veiled woman.

برقی barkī (बर्क़ी)–बिजली से सम्बन्धित. *(adj)* –electric, electrical.

برقی رو barkī rau (बर्क़ी रौ)–बिजली का करेंट. *(nf)* –electric current.

برقی شعاع barkī shuāa (बर्क़ी शुआअ)–बिजली की किरणें. *(nf)* –flash light.

برقی علاج barkī ilāj (बर्क़ी इलाज)–बिजली से इलाज. *(nm)* –electropathy.

برقی قوتیں barkī kuvvatein (बर्क़ी कुव्वतें)–बिजली की शक्ति. *(nf)* –electric powers.

برقی لیمپ barkī laimp (बर्क़ी लैम्प)–बिजली का लैम्प. *(nm)* – electric lamp.

برقی مقناطیس barkī miknātīs (बर्क़ी मिक़नातीस)–*(nm)* –electro-magnet.

برقی موٹر barkī motar (बर्क़ी मोटर)–बिजली से चलने वाली मोटर. *(nm)* –electro-motor.

برقانا barkānā (बर्क़ाना)–बिजली लगाना. *(v)* –to electrify.

برکات barkāt (बरकात)–बरकत का बहुवचन, सौभाग्य, आशीर्वाद, समृद्धि, अच्छा शगुन. *(nf)* – prosperity, blessings, good fortune, auspiciousness.

برکت barkat (बरकत)–समृद्धि, बढ़ोतरी, वृद्धि, सौभाग्य, आशीर्वाद, अच्छा शगुन. *(nf)* – abundance, prosperity, good fortune, blessing auspiciousness.

برکھا barkhā (बरखा)–वर्षा, वर्षा ऋतु. *(nm)* – rain, rainy season.

برگ barg (बर्ग)–एक पत्ता, एक पत्रा. *(nm)* –a leaf.

برگد bargad (बरगद)–एक पवित्र छायादार पेड़ जिसकी आयु सब वृक्षों से अधिक होती है. *(nm)* – a banyan tree.

برگزیدہ barguzīdā (बरगुज़ीदा)–चुना गया, चुनाव में जीता हुआ. *(adj)* –chosen, selected, elected.

برگشتگی bargashtagī (बरगश्तगी)–पीठ दिखाना, मुड़ कर चले जाना, विद्रोह करना, विरोध करना. *(nf)* – turning away, turning back, rebellion, mutiny.

برگشتہ bargashtā (बरगश्ता)–वापस मुड़ा हुआ, बदला हुआ, विद्रोही, बाग़ी. *(adj)* –changed, turned back, mutined, rebellious, rebelled, reverted.

برما barmā (बरमा)–लकड़ी या किसी अन्य वस्तु में छेद करने का यंत्र. *(nm)* –a gimlet, a drill machine.

برمانا barmānā (बरमाना)–बरमे से छेद करना. *(v)* – to bore hole with a drill machine.

برنج brinj (ब्रिंज)–चावल, पीतल. *(nm)* –rice, brass.

بروا barvā (बरवा)–एक रागिनी का नाम जिस से हिरणों और साँपों को वश में किया जाता है. *(nf)* – name of a tune (ragini) in music, by which deer and serpents are said to be tamed.

بروا birvā (बिरवा)–युवा, लड़का, पौधा, वृक्ष. *(nm)* –a boy, a promising youngman, a plant, a tree.

بروج burūj (बुरूज)–'बुर्ज' का बहुवचन, मीनार. *(nm)* –bastions, towers.

برودت burūdat (बुरूदत)–ठंडक. *(nf)* – coldness, coolness, chilliness.

برومند biromand (बिरोमंद)–किस्मत वाला, सौभाग्यशाली, नसीब वाला. *(adj)* –lucky, fortunate.

بروں birūn (बिरूं)–बाहर, बाहरी, बगैर, बिना.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(adv)– without, outside, externally.

برہ barah (बरह)–भेड़ का बच्चा. *(nm)*–lamb, kid, fawn, a sign of the Zodiac–aries.

برہان burhān (बुरहान)–वार्तालाप, तर्क-वितर्क, बहस, प्रमाण, कारण. *(nf)*– argument, proof, demons- tration, reason.

برہم/برہما brahm/brahmā (ब्रह्म/ब्रह्मा)–हिन्दुओं के मत अनुसार सृष्टि की उत्पत्ति करने वाला देवता, निर्माता. *(nm)*–the supreme deity of Hindus, God, the creator.

برہمچاری brahmcārī (ब्रह्मचारी)–जिसने विवाह नहीं किया हो, जो स्त्री से दूर रहता हो, जो सम्भोग नहीं करता हो. *(nm)*–a student of Vedas (Hindus' religious books), an ascetic, a celibate.

برہم barham (बरहम)–नाराज़, क्रुद्ध, अस्त-व्यस्त. *(adj)* –angry, confused, entangled, inflamed, disordered.

براہمن braman (ब्राह्मण)–हिन्दू पुजारी, हिन्दुओं में एक ऊँची जाति. *(nm)*–a Hindu priest, a high caste in Hindus.

برہمی barhamī (बरहमी)–गुस्सा, नाराज़गी, गड़बड़ी. *(nf)*– anger, annoyance, displeasure, con- fusion, anarchy.

برہنگی brahnagī (बरहनगी)–नंगापन, नग्नता, अश्लीलता, बेशर्मी. *(nf)*– nakedness, nudity, bareness.

برہنہ brahanā (बरहना)–नंगा, बिना वस्त्रों के. *(adj)*–naked, nude, bare.

بری barī (बरी)–विवाह के अवसर पर दुलहा की तरफ से दुलहन को दिये जाने वाले उपहार (कपड़े, ज़ेवर इत्यादि). *(nf)*–wedding gifts (clothes, ornaments etc.) given by the bride-groom to the bride.

بری barī (बरी)–निर्दोष, दोषमुक्त, रिहा. *(adj)*– acquited, guiltless, released, exonerated, exempt, innocent.

بری barrī (बर्री)–धरती का या धरती से सम्बन्धित. *(nm)*–belonging to or connected with land.

بریان biryān (बिरयान)–भुना हुआ, तला हुआ. *(adj)*–fried, roasted, broiled, parched, grilled.

بریانی biryānī (बिरयानी)–चावल और गोश्त से बना खाने का एक पदार्थ. *(nf)*–a dish made of rice and meat.

بریت barīyat (बरीयत)–बरी होने की क्रिया, छूट, रिहाई. *(nf)*–exemption, release, exoneration, creation, world.

بریٹھا baretha (बरेठा)–कपड़े धोने वाला, धोबी. *(nm)*–a launder, washerman.

بریٹھن bareṭhan (बरेठन)–कपड़े धोने वाली, धोबिन. *(nm)*– laundress, washerwoman.

برید barīd (बरीद)–सन्देशवाहक, डाकिया. *(nm)*–a messenger, a courier, a runner, a postman.

برین barīn (बर्रीं)–ऊँचा, ऊँचे स्थान पर. *(adj)*– lofty, very high, sublime.

بڑ baṛ (बड़)–बरगद का पेड़. *(nm)*–banyan tree.

بڑ baṛ (बड़)–डींग, शेखी, ज्यादा बोलना. *(nf)*– nonsense, foolish talk.

بڑبولا baṛbolā (बड़बोला)–ज्यादा बोलने वाला, शेखी मारने वाला, डींग हांकने वाला. *(nm)*–a boaster, a braggart, a talkative person.

بڑ ہانکنا baṛ hānknā (बड़ हांकना)–शेखी मारना, बात को बढ़ा चढ़ा कर कहना. *(v)*–to boast, to brag.

بڑا baṛā (बड़ा)–दाल से बना और घी में तला हुआ जो स्वादिष्ट मसालेदार सब्ज़ी (सांभर) के साथ खाया जाता है. *(nm)*–small cake made of pulse and fried in ghee, used as meal alongwith *sambhar* (a spicy and tasty mixture of pulse and vegetables).

بڑا baṛā (बड़ा)–अधिक आयु वाला, धनी, श्रेष्ठ, आकार में अधिक, ऊँचा, सम्मानित, बूढ़ा. *(adj)*– big, large, elder, huge, rich, grand, principal, superior, respectable, supreme, old.

بڑا بول آگے آتا ہے baṛā bol āge ātā hai (बड़ा बोल आगे आता है)–शेखी मारने वाले का सिर सदा नीचा होता है. *(nm)*– (prov) bragging often brings shame to a person.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بڑا بول بولنا **baṛā bol bolnā** (बड़ा बोल बोलना)–शेखी मारना, बात को बढ़ा चढ़ा कर कहना. *(v)*–to boast, to brag.

بڑا دن **baṛā din** (बड़ा दिन)–25 दिसम्बर का दिन बड़ा दिन माना जाता है जबकि दिन बढ़ने शुरू होते हैं, क्रिसमिस. *(nm)*–25th day of December when the day begins to lengthen, Christmas.

بڑا دیدہ ہونا **baṛā dīdā honā** (बड़ा दीदा होना)–निर्भीक होना, निडर होना, बड़ी बड़ी आँखों वाला होना. *(v)*–to be fearless, to be bold, to be enterprising, to be wanton-eyed, to have big eyes.

بڑا صاحب **baṛā sāhib** (बड़ा साहिब)–बड़ा अधिकारी, उच्च पदाधिकारी. *(nm)*– a chief civil functionary, a top officer.

بڑا گھر **baṛā ghar** (बड़ा घर)–खुला घर, धनी परिवार का घर, जेल, कारावास. *(nm)*–a spacious house, a well- to-do family, jail, prison.

بڑا گھرانا **baṛā gharānā** (बड़ा घराना)–धनी परिवार, सम्मानित परिवार. *(nm)*–a wealthy family, a noble or respectable family.

بڑا نام کرنا **baṛā nām karnā** (बड़ा नाम करना)–प्रसिद्धि प्राप्त करना, नाम कमाना. *(v)*–to acquire reputation, to win a great name, to be famous.

بڑوں کی بڑی بات **baṛon kī baṛī bāt** (बड़ों की बड़ी बात)–बड़े आदमियों के विचार ऊँचे होते हैं. – great men have great views.

بڑے بول کا سر نیچا **baṛe bol kā sir nīcā** (बड़े बोल का सिर नीचा)–घमंडी को अपमान सहना पड़ता है. *(prov)*–pride goes before a fall.

بڑی بی **baṛī bī** (बड़ी बी)–सम्मानित बूढ़ी महिला. *(nf)*–an old woman, a form of address showing respect.

بڑے میاں **baṛe miyān** (बड़े मियां)–बूढ़ा आदमी, परिवार का मुखिया, घर का मालिक, सम्मानित सम्बोधन, श्रीमान या जनाब के लिए उपयोग. *(nm)*–an old man, master of the house, head of the family, equivalent to sir or honoured, a form of address showing respect.

بڑائی **baṛāī** (बड़ाई)–बड़प्पन, श्रेष्ठता, उच्चता, प्रशंसा. *(nm)* –greatness, bigness, largeness, excellence, superiority, praise, bulk, old age, boasting.

بڑائی کرنا **baṛāī karnā** (बड़ाई करना)–अपनी बड़ाई की शेखी मारना, अपने को बढ़ा चढ़ा कर बताना. *(v)*–to boast of superiority over others, to magnify, to vaunt.

بڑبڑ **baṛbaṛ** (बड़बड़)–बेवकूफ़ी की बातें करना, व्यर्थ की बात करना. *(nf)*–foolish talk, useless talk.

بُڑبُڑ **buṛbuṛ** (बुड़बुड़)–बुड़बुड़ाहट, अस्पष्ट बात कहना. *(nf)*– murmuring, muttering, grumbling.

بڑبڑانا **baṛbaṛānā** (बड़बड़ाना)–बड़बड़ाना, बेकार बातें करना, व्यर्थ की बातें करना. *(v)*–to talk nonsense, to chatter.

بُڑبُڑانا **buṛbuṛānā** (बुड़बुड़ाना)–बुड़बुड़ करना, बेकार बातें करना, अस्पष्ट बातें करना. *(v)*–to murmur, to mutter, to grumble.

بُڑھاپا **buṛāpā** (बुढ़ापा)–वृद्धावस्था. *(nm)*–old age.

بڑھانا **baṛānā** (बढ़ाना)–वृद्धि करना, लम्बा करना, प्रगति करना, ऊपर चढ़ना, बत्ती बुझाना, दुकान बन्द करना. *(v)*–to lengthen, to enlarge, to increase, to promote, to elevate, to put out lamp, to close a shop.

بڑھاؤ **baṛāv** (बढ़ाव)–बढ़ोतरी, वृद्धि, अधिकता. *(nm)*– increase, excess, expansion, swell, advancement, enlargement, over-hanging projection.

بڑھتی **baṛtī** (बढ़ती)–बढ़ोतरी, अधिक, ज़्यादा, वृद्धि, उन्नति, प्रगति. *(adj & nf)*–increase, more, excess, promotion, elevation, progress, prsperity, enhancement.

بڑھ کر بولنا **baṛ kar bolnā** (बढ़ कर बोलना)–कटु भाषा बोलना, कठोर बोलना, बुरा व्यवहार करना. *(v)*–to be rude, to misbehave.

بڑھنا **baṛnā** (बढ़ना)–बढ़ोतरी, वृद्धि, उन्नति, प्रगति, धनी हो जाना, आगे बढ़ना, ऊँचा उठना. *(v)*–to advance, to expand, to increase, to grow, to stretch, to swell, to be elevated high, to go forward, to become rich, to advance, to attain higher social status.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بڑھوتری baṛotarī (बढ़ोतरी)–वृद्धि, अधिकता, लाभ, फ़ायदा, समृद्धि. *(nf)*–addition, increase, gain, profit, interest, increment, advantage, prosperity, surplus.

بڑھئی baṛaī (बढ़ई)–लकड़ी का काम करने वाला. *(nm)*–a carpenter.

بڑھیا baṛiyā (बढ़िया)–श्रेष्ठ, अच्छा, उत्तम, बहुमूल्य, महँगा. *(adj)*–of good quality, superior, expensive, high priced.

بُڑھیا buṛiyā (बुढ़िया)–बूढ़ी औरत, माँ. *(nf)*–an old woman, mother.

بڑی baṛī (बड़ी)–दाल व मसालों से युक्त धूप में पकाया गया एक पदार्थ जोकि दाल या सब्ज़ी के साथ पका कर खाया जाता है. *(nm)*–a small lump of powdered pulse and spices dried in the sun before being cooked with pulse or vegetable.

بڑی baṛī (बड़ी)–आकार में बड़ी, आयु में बड़ी, रुतबे में बड़ी. *(adj)*–large in size, aged. superior.

بُز buz (बुज़)–बकरा या बकरी. *(nm & nf)*–a goat (male or female).

بُزِ اخفش buz-e akhfash (बुज़-ए अख़फ़श)–बेवकूफ़, मूर्ख, बुद्धिहीन. *(nm)*–a brainless fellow, stupid, fool, blockhead, ignorant.

بزِ کوہی buz-e kohī (बुज़-ए कोही)–पहाड़ी बकरी. *(nf)*–a mountain goat.

بُزدل buzdil (बुज़दिल)–डरपोक, छोटे दिल वाला, भीरु. *(adj)*– coward, faint hearted person.

بُزدلی buzdilī (बुज़दिली)–डरपोकपन, भीरुता. *(nf)*– cowardice, timidity.

بزاز bazāz (बज़ाज़)–कपड़े का व्यापारी. *(nm)*–cloth merchant, a draper.

بزازا bazāzā (बज़ाज़ा)–कपड़े की मार्किट. *(nm)*–a cloth market.

بزازی bazāzī (बज़ाज़ी)–कपड़े का व्यापार. *(nf)*–the business of a cloth merchant.

بُزرگ buzurg (बुज़ुर्ग)–बूढ़ा व्यक्ति, सम्मानित व्यक्ति, धार्मिक व्यक्ति, सन्त, महात्मा, बुद्धिमान, पूर्वज. *(adj)*– great, revered, noble, sensible, aged, *(nm)*–a holy man, a saint, an elder, an ancestor, a wise man.

بُزرگوار buzurgvār (बुज़ुर्गवार)–सम्मानित व्यक्ति, महापुरुष, पूर्वज, सन्त, धार्मिक व्यक्ति. *(adj)*–greatman, noble *(nm)* ancestor, elder, saint.

بزرگی buzurgī (बुज़ुर्गी)–सम्मान, श्रेष्ठता, बड़प्पन, महानता, आदर. *(nf)*–nobleness, greatness, eminence, respectability.

بزم bazm (बज़्म)–संगठन, मजलिस, सम्मेलन, संस्था. *(nf)* –association, meeting, assembly, company.

بزن bizan (बिज़न)–हत्या, कत्ल, वध. *(imp)*–slay, strike, murder.

بزن کرنا bizan karnā (बिज़न करना)–हत्या करना, वध करना. *(v)*–to slay, to cut to sword, to behead, to murder.

بس bas (बस)–पर्याप्त, काफ़ी, उचित मात्रा में. *(adj)*–sufficient, enough, plenty, too much.

بس بس bas bas (बस बस)–बस इतना ही, पर्याप्त, बस करो. –enough, no more, stop.

بس کرنا bas karnā (बस करना)–रुक जाना, समाप्त कर देना. *(v)*–to stop, to cease, to have done, to finish.

بس bas (बस)–वश, शक्ति, सामर्थ्य, ज़ोर. *(nm)*–will, power, authority, control, influence.

بس چلنا bas calnā (बस चलना)–प्रभावित करना, अधिकार करना, शक्ति दिखाना. *(v)*–to have power, to have control over, to influence some one.

بس میں آنا bas mein ānā (बस में आना)–किसी के प्रभाव में आना, किसी से प्रभावित होना, किसी के अधिकार में आना. *(v)*–to be influenced, to be under control.

بس میں رکھنا bas mein rakhnā (बस में रखना)–अपने अधिकार में करना, अपने प्रभाव में लाना. *(v)*–to keep one under control, to hold one in check.

بس میں کرنا bas mein karnā (बस में करना)–अपने प्रभाव में लाना, अपने अधिकार में करना. *(v)*–to over power, to fascinate, to get

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

some one influenced.

بس bis (बिस)–ज़हर, विष, कड़वा, झगड़ा. *(nm)*–poison, venon, bitter, dispute, disturbance.

بس اگلنا bis ugalnā (बिस उगलना)–ज़हर उगलना, जहरीली बातें करना, कड़वी बातें करना, दिल दुखाने वाली बातें करना, बदला लेना, चुगली करना, अपमान करना. *(v)*–to spit poison, to say spitful things, to take revenge, to stir up a dispute, to insult, to disgrace.

بس بونا bis bonā (बिस बोना)–नफरत पैदा करना, मतभेद पैदा करना, शरारत करना. *(v)*–to sow discord, to make mischief.

بس بھری bis bharī (बिस भरी)–ज़हरीली, ज़हर से भरी, बहुत घातक, बहुत हानि करने वाली, बिगाड़ करने वाली. *(adj)*–poisonous, mischief maker, quarrelsome, melicious.

بس کی پڑیا bis kī puṛiyā (बिस की पुड़िया)–अति ज़हरीली, शरारती व्यक्ति, दूसरों के लिए मुसीबतें खड़ी करने वाला, शैतान. *(nf)*– deadly poison, a mischievous person, devil.

بسا basā (बसा)–अधिक, ज्यादा, और. *(adj)*–much, many, more.

بسا اوقات basā aukāt (बसा औक़ात)–प्रायः, कई बार, बार बार. *(adv)*–generally, often, frequently, mostly.

بسارنا bisārnā (बिसारना)– भुला देना, भूल जाना. *(v)*–to forget.

بساط bisāt (बिसात)–बिस्तर, दरी, चारपाई, शतरंज का बोर्ड, सामर्थ्य, मूलधन, भंडार. *(nf)*–bedding, bed, carpet, a chess board, capacity, stock, capital.

بساطی bisātī (बिसाती)–छोटा दुकानदार, परचूनिया, फेरी लगाकर सामान बेचने वाला. *(nm)* –a vender of small wares, a pedlar.

بسانا basānā (बसाना)–आबाद करना, बस्ती बनाना, मकान बनाकर रहना. *(v)*–to inhabit, to colonise, to settle, to build a city, to bring into cultivation.

بست basat (बसत)–रुकावट, गाँठ, पनाह, वस्तु, चीज़. *(nm)*–knot, obstacle, household effects, thing, article.

بست وکشاد basat-o-kushād (बसत-ओ-कुशाद)–गाँठ को खोलना, समस्या का समाधान खोजना. *(nf)*–untying a knot, solution of a problem.

بُستان/بوستان bustān/bostān (बुस्तान/बोस्तान)–बाग़, उद्यान. *(nm)* –a garden.

بستر bistar (बिस्तर)–बिछौना, दरी, चटाई, गलीचा. *(nm)*– bedding, mattress, carpet.

بستر بند bistarband (बिस्तरबन्द)–बिस्तर बाँधने का सामान, फीता या रस्सी जिससे बिस्तर बाँधा जाए. *(nm)*–stras or rope with which a bedding is tied, a hold-all.

بسترا bistarā (बिस्तरा)–जिसमें सोने का सामान–दरी, चादर इत्यादि बँधा रहता है. *(nm)*–bed, bedding peculiar to soldiers and fakirs.

بستگی bastagī (बस्तगी)–कब्ज़, रुकावट, रोक. *(nf)*–contraction, constipation, obstruction.

بستنی bastanī (बस्तनी)–किसी चीज़ को ढकने के लिए वस्तु. *(nf)*–a case or covering for cages or musical instruments.

بستہ bastā (बस्ता)–पुस्तकें इत्यादि रखने के लिए थैला, जमा हुआ, बंधा हुआ. *(nm)*– a satchel, (adj) frozen, bound, tied.

بستہ بردار bastā bardār (बस्ता बरदार)–बस्ता ले जाने वाला, दस्तावेज़ ले जाने वाला. *(adj)*–record carrier.

بستی bastī (बस्ती)–आबादी, गांव, लोगों के रहने की जगह. *(nm)*–a village, a town, population.

بسر basar (बसर)–गुज़ारा, जीवन-यापन. *(nf)*–living, livelihood, course of life, way of living.

بسر کرنا basar karnā (बसर करना)–गुज़ारा करना, जीवन व्यतीत करना, पूरा करना. *(v)*–to finish, to bring to an end, to execute, to pass, to spend.

بسر ہونا basar honā (बसर होना)–गुज़र होना, पूरा होना, समाप्त होना, जीवन व्यतीत होना, जीवन गुज़रना. *(v)*–to be finished, to be completed, to be passed, to be spent.

بسار bisār (बिसार)–भूल, याद न रखना, क्षमा, माफ़ी. *(nm)*– forgetfulness.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بسر جانا bisar jānā (बिसर जाना)–भूलना, बिसार देना. *(v)*–to forget, to be forgotten.

بسرانا bisrānā (बिसराना)–भुला देना, याद न रखना. *(v)*–to cause to forget, to put out of mind.

بست bast (बस्त)–घोषणा, सूचना देना, जानकारी देना. *(nm)*–comentary, detail, explanation.

بسم اللہ bismillāh (बिस्मिल्लाह)–'परमात्मा के नाम पर', एक आयत जो मुसलमान हर काम शुरू करने से पहले पढ़ते हैं. *(adv)*–in the name of God, an *aayat* which Muslims pronounce at the beginning of any action or work, *(nf)*– beginning, commencement.

بسم اللہ کرنا bismillāh karnā (बिस्मिल्लाह करना)–किसी भी काम को शुरू करने से पहले "ईश्वर के नाम पर" आयत पढ़ना, किसी काम को शुरू करना. *(v)*–to pronounce the *aayat* 'in the name of God' at the beginning of a work, to begin, to commence, to start.

بسمل bismil (बिस्मिल)–घायल, ज़ख़्मी, कुर्बानी का पशु, प्रेमी. *(nm)*–wounded, injured, a lover, an animal of sacrifice, slaughtered animal.

بسمل کرنا bismil karnā (बिस्मिल करना)–कुर्बानी देना, कुर्बानी के पशु की हत्या करना,किसी प्रेमी का दिल तोड़ना. *(nm)*–to wound the heart of a lover, to sacrifice, to slaughter, to immolate.

بسمل گاہ bismilgāh (बिस्मिलगाह)–कुर्बानी का स्थान. *(nf)*–place of sacrifice.

بسنا basnā (बसना)–रहना, निवास करना, अपने आप को सुगन्धित करना. *(v)*–to reside, to settle, to dwell, to inhabit, to become perfumed.

بسنت basant (बसन्त)–एक मौसम जब फूल खिलते हैं, एक उत्सव. *(nf)*–the spring season, a spring festival, a musical mode.

بسنت پھولنا basant phūlnā (बसन्त फूलना)–सरसों के पीले फूलों का खिलना. *(v)*–blossoming of yellow flowers of *sarson* plants.

بسنتی basantī (बसन्ती)–पीला, पीले रंग का. *(nm)*–yellow, of yellow colour.

بسورنا bisūrnā (बिसूरना)–रोनी सूरत बनाना, सिसकना, दबी आवाज़ में रोना. *(nm)*–to cry slowly, to put on a crying face, to weep, to sob.

بسولا basūlā (बसूला)–बढ़ई की कुल्हाड़ी. *(nm)*–a carpenter's axe.

بسولی basūlī (बसूली)–ईंटें काटने का एक यंत्र. *(nf)*–a tool for cutting bricks.

بسوہ bisvā (बिस्वा)–धरती का एक माप, एक बीघे का बीसवाँ भाग. *(nm)*–a land measure, the 20th part of a *bighā*.

بسیار bisyār (बिस्यार)–काफ़ी, बहुतायत में, अधिक संख्या में, बहुत सारे. *(adj)*–much, more, many, abundant, surplus, extra.

بسیرا baserā (बसेरा)–रहने का स्थान, रात काटने का स्थान, पक्षियों का घोंसला. *(nm)*–a night's lodging, an abode, bird's nest.

بسیرا کرنا baserā karnā (बसेरा करना)–*(v)*–to roost, to repose, to take shelter, to sleep at night.

بسیرے کا وقت basere kā vakt (बसेरे का वक़्त)–सोने का समय, विश्राम करने का समय. *(nm)*–roosting time.

بسیط basīt (बसीत)–साधारण, प्रारंभिक, चौड़ा, बढ़ाया हुआ. *(adj)*–simple, elementary, unmixed, extended, wide.

بشارت (बिशारत)–शुभ समाचार, प्रसन्नता का अवसर, प्रेरणा. *(nf)*–good news, glad tidings, revelation, inspiration.

بشارت دینا bishārat denā (बिशारत देना)–शुभ समाचार देना. *(v)*–to convey good news.

بشاش bashāsh (बशाश)–प्रसन्न, उत्साहित, जोशीला, खुश, आनन्दित. *(adj)*– pleased, delighted, cheerful, in good spirits, joyful, blooming, gay.

بشاشت basāshat (बशाशत)–प्रसन्नता, आनन्द, खुशी, उत्साह, जोश. *(nf)*–pleasure, joy, cheerfulness, liveliness, freshness.

بشر bashar (बशर)–मनुष्य, मानव, इन्सान, सदा न रहने वाला, नश्वर. *(nm)*–man, a human being, mortal.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بشرہ bushrā (बुशरा)–चेहरा. *(nm)*–face.

بشری basharī (बशरी)–मानवी, मानव से सम्बन्धित. *(adj)*– human, relating to man.

بشریت basharīyat (बशरीयत)–मानव-स्वभाव, मानवता, इन्सानियत. *(nf)*–human nature, humanness, humanity.

بشنو (وشنو) biṣṇu/viṣṇu (बिष्णु/विष्णु)–हिन्दुओं के एक प्रमुख देवता जिनको संसार के पालनकर्त्ता देवता के रूप में जाना जाता है. *(nm)*–one of the Hindu gods, the preserver.

بشیر bashīr (बशीर)–शुभ समाचार लाने वाला सन्देशवाहक. *(adj)*– a messenger of good news.

بصارت bisārat (बिसारत)–नज़र, दृष्टि. *(nf)*– sight, vision, insight.

بصر basar (बसर)–आँख, नज़र, दृष्टि. *(nf)*–the eye, sight, vision.

بصرہ basrā (बसरा)–इराक़ का एक विख्यात शहर जोकि खजूरों के लिए बहुत प्रसिद्ध है. *(nm)*–a city in Iraq, famous for its dates.

بصیر basīr (बसीर)–सन्त, ईश्वर का भक्त, बुद्धिमान व्यक्ति, माहिर व्यक्ति. *(adj)*–sage, seer, wise, devotee of God, an expert, an attribute of God.

بصیرت basīrat (बसीरत)–नज़र, दृष्टि, दूरदृष्टि, कुशलता, बुद्धिमता. *(nf)*–sight, insight, intelligence, discernment, skill.

بضاعت bizāat (बिज़ाअत)–मूलधन, वस्तुएँ, धन, सम्पत्ति, शक्ति, सत्ता, प्रभाव. *(nf)*–capital, wealth, stock in trade, property, power, effects, goods.

بط bat (बत)–बतख़. *(nf)*–a goose, a duck.

بط ے bat-e mai (बत-ए मै)–शराब की ऐसी बोतल जिसकी शक्ल बतख़ जैसी हो. *(nm)*–a kind of duck-shapped goblet for wine.

بطخ batakh (बतख़)–पानी में तैरने वाला एक पक्षी. *(nf)*–a duck.

بطریق bitrīk (बितरीक़)–ईसाइयों का पादरी, ईसाई सेना का मुखिया, एक चालाक व्यक्ति, एक निकम्मा व्यक्ति. *(nm)*–a bishop, a general of Christian army, a wicked fellow, a good for nothing fellow, useless.

بطل batal (बतल)–बहादुर, हिम्मतवाला. *(nm)*– brave, courageous, hero.

بطلان butlān (बुतलान)–महत्त्वहीन, व्यर्थ, बेकार. *(nm)*– falseness, refutation, insignificance, abolishing.

بطن batan (बतन)–शरीर, पेट, कोख, पेट का भीतरी भाग. *(nm)*–body, belly, abdomen, the womb, the inside.

بطناً بعد بطن batnan bād batnin (बतनन बाद बतनिन)–पीढ़ी दर पीढ़ी. एक पीढ़ी के बाद दूसरी पीढ़ी. *(adv)*– generation after generation, hereditarily.

بطون butūn (बुतून)–'बतन' का बहुवचन, पेट, पेट के अंदरूनी अंग. *(nm)*–bellies, interior parts.

بعث baas (बअस)–मुर्दे को जीवित कर देना, सन्देशवाहक को भेजना, उत्तेजना. *(nm)*– sending of a messenger, excitement, raising the dead to life.

بعثت biashat (बिअशत)–दैवी अभियान, धर्म के प्रचार के लिए ईश्वर की ओर से भेजा हुआ दूत, पैगम्बर, अवतार. *(nf)* –divine mission, apostleship, the period of an apostle.

بعد bā'd (बा'द)–पश्चात्, इस के बाद. *(adv)*– after, subsequently, later.

بعد ازاں bā'd azān (बा'द अज़ाँ)–इसके पश्चात्, तत्पश्चात्. *(adv)*–after that, afterwards.

بعد از جنگ bā'd az jang (बा'द अज़ जंग)–युद्ध के पश्चात्. *(adv)*– after the war, post-war.

بعد از خرابی بسیار bā'd az kharābī bisyār (बा'द अज़ ख़राबी बिसयार)–बड़ी मुश्किल के बाद. *(adv)* - after great difficulty.

بعد از سلام bā'd az salām (बा'द अज़ सलाम)– सलाम के पश्चात्. *(adv)*–after salutation.

بعد bu'd (बु'द)–अन्तर, दूरी. *(nm)*– distance, difference.

بعض bā'z (बा'ज़)–कुछ, थोड़ा, अल्प. *(adj)*– some, few, several, many.

بعید ba'īd (ब'ईद)–दूर, दूरी, अन्तर. *(adj)*–far, remote, distant.

بغاوت bagāvat (बग़ावत)–विद्रोह, विरोध, आज्ञा न मानना, अवज्ञा. *(nf)*–revolt, rebellion.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

mutiny, disloyalty, disobedience.

بُغچہ bugcā (बुग़चा)–छोटा बंडल. *(nm)*–a small bundle.

بغدا bugdā (बुग़दा)–बड़ा चाक़ू, कसाई का बड़ा चाकू. *(nm)*– a cleaver used by butcher, a big chopping knife.

بغض bugaz (बुग़ज़)–दुश्मनी, नफरत, घृणा. *(nm)*– malice, spite, hatred, grudge, enmity.

بغل bagal (बग़ल)–बग़ल. *(nf)*–armpit, side.

بغل پروردہ bagal parvardā (बग़ल परवर्दा)–प्यारा बच्चा. *(adj)*–a darling or beloved child.

بغل کا چور bagal kā cor (बग़ल का चोर)–आस्तीन का साँप, छिपा दुश्मन, जब मित्र ही दुश्मन हो जाए. *(prov)*– favourite turned enemy.

بغل گرم کرنا bagal garam karnā (बग़ल गरम करना)–प्रेमिका को आलिंगन में लेना, प्रेमिका के साथ सोना, अपने बाहुपाश में भरना. *(v)*–to embrace the beloved, to share a bed with the beloved, to take in one's lap.

بغل گندھ bagal gandh (बग़ल गंध)–बगल से उठने वाली दुर्गन्ध. *(nf)*–stinking armpits.

بغل گیر ہونا bagalgīr honā (बग़लगीर होना)–गले मिलना, बाँहों में लेना. *(v)*–to embrace, to clasp, to hug.

بغل میں دبانا bagal mein dabānā (बग़ल में दबाना)–कोई चीज़ बग़ल में दबा कर छिपा लेना, कोई चीज़ धोखे से ले जाना. *(v)*–to carry off something deceitfully, to conceal a thing under an armpit.

بغل میں لینا bagal mein lenā (बग़ल में लेना)– दूसरे से लम्बा होना, बाँहों में भरना, गले मिलना. *(v)*–to embrace, to hug, to be taller than an other.

بغلیں بجانا baglein bajānā (बग़लें बजाना)–बहुत प्रसन्न होना, किसी की हानि होने पर प्रसन्न होना. *(v)*–to be highly pleased, to mock, to be happy over another's downfall.

بغلیں جھانکنا bagalein jhānknā (बग़लें झांकना)– शर्म से अपना चेहरा छिपाने के लिए दाएँ बाएँ देखना, शर्म से गरदन झुक जाना. *(v)*–to hide one's face through shame, to be ashamed, to look from side to side being ashamed, to be non-plussed.

بغلول baglol (बग़लोल)–मूर्ख, बेवक़ूफ़, बुद्धिहीन. *(nm)*–a stupid fellow, fool, a simpleton, block- head, an ignorant.

بغلی baglī (बग़ली)–बग़ल वाली वस्तु या बग़ल से सम्बन्धित, एक महिला का पर्स जो वह कंधे पर लटका कर रखती है और जिस में उसकी ज़रूरत की छोटी मोटी वस्तुएँ होती हैं, कुश्ती में एक दाँव, बहुत समीप की वस्तु, बहुत प्यारा मित्र या रिश्तेदार. *(adj)*–relating to the armpit, belonging to a side *(nf)*–a woman's handbag for keeping things of daily use, a trick in wrestling, very close friend or relative.

بغلی تکیہ baglī takiyā (बग़ली तकिया)–विश्राम करने के लिए बड़ा तकिया. *(nm)*–a big and long pillow to recline on.

بغلی دشمن baglī dushman (बग़ली दुश्मन)–छिपा हुआ दुश्मन, मित्र के रूप में शत्रु. *(nm)*–a hidden enemy, an enemy in disguise.

بغلی دینا baglī denā (बग़ली देना)–कुश्ती में एक दांव, दीवार तोड़ कर किसी घर में सेंध लगाना. *(v)*–a trick in wrestling, to break into a house by removing a portion of the wall.

بغیچہ bagīcā (बग़ीचा)–एक छोटा उद्यान. *(nm)*–a small garden.

بقا bakā (बक़ा)–स्थायी, सदा रहने वाला, पक्का, सुदृढ़, नित्य. *(nf)*–continuance, everlasting, permanence, immortality.

بقال bakkāl (बक़्क़ाल)–दुकानदार, व्यापारी, सब्ज़ी बेचने वाला, अनाज बेचने वाला. *(nm)*–a vegetable seller, a grocer, a shopkeeper, a grain merchant.

بقایا bakāyā (बक़ाया)–बाक़ी, देनदारी, उधार का दाक़ी. *(nf)*– dues, arrears, balances, remainders.

بُقچہ bukcā (बुक़चा)–एक छोटा बंडल, गट्ठरी. *(nm)*– a small bundle, a knapsack.

بقرعید bakar īd (बक़र ईद)–मुसलमानों का एक त्योहार जोकि ज़िलहिज महीने की 10 तारीख को होता है. *(nf)*–a Muslim festival of sacrifice on the 10th of the month

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

of Zilhij, held in commemoration of Ibraham's offering to sacrifice his son Ismail.

بقعہ buk'ā (बुक़'ा)–साधारण स्थानों से भिन्न, एक विख्यात स्थान. *(nm)*–a place distinguished from other places, a prominent place.

بقعہء نور buk'ā-e nūr (बुक'ा-ए नूर)–रौशनी से जगमगाता हुआ, चमकता हुआ. *(nm)*–a place dazzling with light, a dazzling light.

بقیہ bakiyā (बक़िया)–बाक़ी, शेष, बचा हुआ. *(nm)*–arrears, dues, balance, remainders.

بکا bukā (बुका)–रोता हुआ, चीख पुकार करता हुआ. *(nf)*–weeping, wailing.

بکارت bakārat (बकारत)–अक्षत योनिता, कुंआरापन. *(nf)*– virginity, maidenhood.

بکاؤ bikāū (बिकाऊ)–बिकने के लिये. *(adj)*–ready for sale.

بکاول bakāval (बकावल)–रसोइया, बावर्ची, खाना बनाने वाला. *(nm)*–a steward, a cook, a butler.

بک بک bak bak (बक बक)–व्यर्थ बात, बेकार बात, बिना मतलब के बात. *(nf)*–idle talk, useless talk, nonsense talk.

بک بک کرنا bak bak karnā (बक बक करना)–बेकार बात करना, व्यर्थ बात करना, बिना मतलब की बात करना. *(v)*–to talk nonsense, to talk idly, to chatter, to talk useless.

بک بکا bakbakā (बकबका)–बहुत बुरा स्वाद, सवादहीन, स्वाद रहित. *(adj)*–tasteless.

بکتر baktar (बकतर)–पुरुषों के पहनने का कोट, सुरक्षा के लिए पहना जाने वाला कवच. *(nm)*–a coat of mail, armour.

بکتر بند baktarband (बकतरबंद)–हथियारों से सुसज्जित, हथियार पहने हुए. *(adj)*– armoured (vehicle or soldier).

بکتر پوش baktar posh (बकतर पोश)–हथियारों से युक्त, कवच पहने हुए. *(adj)*–clad in armour.

بکتری baktarī (बकतरी)–हथियार बनाने वाला, कवच बनाने वाला. *(adj)*–an armourer.

بکٹ bikat/vikat (बिकट/विकट)–कठिन, मुश्किल, कुरूप. *(adj)*–terrible, perilous, difficult, ugly.

بکر bikar (बिकर)–अक्षत योनता, कुंवारापन. *(nf)*– virginity, maidenhood.

بکرا bakrā (बकरा)–एक पशु, बकरा. *(nm)*–a he goat.

بکری bakrī (बकरी)–बकरा की मादा. *(nf)*–a she goat.

بکری bikrī (बिक्री)–विक्रय, बेचने की क्रिया. *(nf)*– sale.

بکس baks (बक्स)–बक्सा, सन्दूक. *(nm)*–box.

بکسوا baksuā (बक्सुआ)–कपड़ों में लगाने वाला बक्सुआ. *(nm)*–a buckle.

بکم bukm (बुक्म)–गूंगा, बहरा. *(adj)*–dumb, mute.

بکنا baknā (बकना)–बक बक करना, बेकार की बात करना, व्यर्थ की बात करना. *(v)*–to chatter, to talk nonsense, to talk idly, to talk useless.

بکنا biknā (बिकना)–बिक जाना, बिक्री हो जाना. *(v)*–to be sold off, to be disposed off.

بکنی buknī (बुकनी)–पाऊडर, चूरा, बारीक पिसा हुआ. *(nf)* –powder.

بکنی کر ڈالنا buknī kar ḍālnā (बुकनी कर डालना)–चूरा कर डालना, बारीक पीसना, पाऊडर बना देना. *(v)*–to grind, to reduce to powder.

بکواس bakvās (बकवास)–व्यर्थ की बातचीत, बेकार बात, बक बक. *(nf)*–idle talk, useless talk, chatter, nonsense talk.

بکواسی bakvāsī (बकवासी)–बकवास करने वाला, बेकार की बात करने वाला, बेकार की बात करके समय नष्ट करने वाला. *(adj)*–an idle talker, gabbler, nonsense talker.

بکوانا bikvānā (बिकवाना)–बेचने की क्रिया, बेच डालना. *(v)*–to cause to be sold, to have a thing sold off.

بکوائی bikvāī (बिकवाई)–बेचने की उजरत, बेचने की कमिशन. *(nf)*–fee for selling a thing, saleman's commission.

بکھرنا bikharnā (बिखरना)–अलग अलग हो जाना,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक स्थान पर न रहना, इकट्ठे न रहना. *(v)*–to be scattered, to be dispersed, to be dishevelled.

بکھیرنا **bikhernā** (बिखेरना)–फैलाना, अलग अलग कर देना, बीज बोना. *(v)*–to disperse, to scatter, to sow.

بکھیڑا **bakheṛā** (बखेड़ा)–झमेला, परेशानी, कष्टदायक, मुसीबत, झगड़ा. *(nm)*–a troublesome business, complicated matter, dispute.

بکھیڑا چکانا **bakheṛā cukānā** (बखेड़ा चुकाना)–झगड़ा समाप्त करना. *(v)*–to settle a dispute, to stop the quarrel.

بکھیڑا ڈالنا **bakheṛā ḍālnā** (बखेड़ा डालना)–किसी बात को उलझा देना, मतभेद पैदा कर देना, झगड़ा खड़ा कर देना, परेशानी पैदा करना. *(v)*–to complicate the matter, to make difficult or troublesome, to raise a dispute, to create a difficulty.

بکھیڑیا **bikheṛiyā** (बिखेड़िया)–बिखेड़ा खड़ा करने वाला, मुश्किलें पैदा करने वाला, झगड़ा बढ़ाने वाला. *(nm)*–a brawler, a disputant, a mischief monger, a wrangler, a rascal.

بکی **bakī** (बकी)–बक-बक करने वाला, बेकार की बात करने वाला, व्यर्थ की बात करने वाला. *(adj)*–a talkative, a chatterer.

بگاڑ **bigāṛ** (बिगाड़)–किसी काम को खराब कर देना, किसी बनते काम में रुकावट डाल देना, विघ्न पैदा कर देना. *(nm)*–deterioration, defect, fault, damage, harm, discord.

بگاڑ ڈال دینا **bigāṛ ḍāl denā** (बिगाड़ डाल देना)–काम खराब कर देना, विघ्न डाल देना. *(v)*–to damage, to harm, to create unpleasantness, to sow seeds of discord or enmity.

بگاڑنا **bigāṛnā** (बिगाड़ना)–काम खराब करना, रुकावट डालना, मतभेद पैदा करना. *(v)*–to spoil, to damage, to mar, to ruin, to harm, to displease, to cause misunderstanding between friends.

بگاڑو **bigāṛ** (बिगाड़ू)–बात को बिगाड़ने वाला, रुकावट डालने वाला, काम को खराब करने वाला. *(nm)*–one who spoils a show, clumsy or ill- intentioner worker.

بگٹوٹ **bagṭūṭ** (बगटूट)–तेज़ गति, बिना लगाम के, बिना किसी नियन्त्रण के. *(adj)*–without reins, with broken reins, very fast, at full gallop.

بگڑ **bagaṛ** (बगड़)–चावल का आटा. *(nm)*–flour of rice.

بگڑ کی روٹی **bagaṛ kī roṭī** (बगड़ की रोटी)–चावल के आटे की रोटी. *(nf)*–a bread (*rotī*) made of rice flour.

بگڑنا **bigaṛnā** (बिगड़ना)–नाराज़ होना, झगड़ा करना, हानि करना, नष्ट करना, मतभेद पैदा होना, असहमत होना. *(v)*–to be damaged, to be spoiled, to be disfigured, to qurrel, to disagree, to go out of order, to revolt, to become rebel.

بگل **bigal** (बिगल)–एक बाजा जो स्कूल में अस्काऊट बजाते हैं, ऊँचे स्वर में बोलने का यंत्र. *(nm)*–a bugle.

بگلا **baglā** (बगला)–एक पक्षी जो बहुत सफेद रंग का होता है. *(nm)*–a crane, a heron, *(adj)*–very white.

بگلا بھگت **baglā bhagat** (बगला भगत)–एक दिखावटी भगत, मक्कार आदमी, चालबाज़. *(nm)*–a false devotee, a cunning or artful fellow, a hypocrite.

بگولا **bagūlā** (बगूला)–चक्रवात, चक्रदार आंधी. *(nm)*–a whirlwind.

بگھار **baghār** (बघार)–दाल या सब्ज़ी को घी और मसालों की शौंक लगाना. *(nm)*–the act of seasoning a dish with ghee and spices.

بگھارنا **baghārnā** (बघारना)–घी तथा मसालों से शौंक लगाना. *(v)*–to season, to season a dish with spices and condiments by frying them in oil or ghee.

بگھی **bagghī** (बग्घी)–चार पहियों वाला एक वाहन जो धनी लोग इस्तेमाल करते हैं और यह घोड़ों द्वारा खींची जाती है. *(nf)*–a four wheel light carriage driven by horses. It is used by rich people.

بگھیلا **baghelā** (बघेला)–चीता, शेर का बच्चा, राजपूतों के एक क़बीले का नाम जिसके लोग बघेलखंड में रहते हैं. *(nm)*–a panther, a young tiger, name of a tribe of Rajputs living in *Baghelkhand*.

بل **bal** (बल)–मोड़, घुमाव, सिलवट. *(nm)*–twist,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

coil, curl, wrinkle.

بل پڑنا bal paṛnā (बल पड़ना)–घुमावदार हो जाना, सीधा न रहना, टेढ़ा हो जाना. *(v)*–to be curved or twisted.

بل دار baldār (बलदार)–बल वाला, घुमाव वाला, जो सीधा नहीं है, झुका हुआ, टेढ़ा. *(adj)*–curved, twisted, coiled, bent, crooked.

بل دینا bal denā (बल देना)–मोड़ना, घुमावदार बनाना, टेढ़ा करना. *(v)*–to twist, to coil, to bend.

بل کھانا bal khānā (बल खाना)–क्रोध करना, मुड़ना, घुमावदार होना. *(v)*–to be twisted, to be bent, to be angry.

بل نکالنا bal nikālnā (बल निकालना)–बल सीधे करना, ठीक करना, सज़ा देना. *(v)*–to remove coils, to punish, to set right, to correct.

بل bal (बल)–शक्ति, ताकत. *(nm)*– strength, power, might, vigour, physical force, pride, sacrifice, a religious offering.

بل بوتا bal botā (बल बोता)–शक्ति, मज़बूत शरीर, हिम्मत, हौसला. *(nm)*–strength, well built body, courage.

بل کرنا bal karnā (बल करना)–शक्ति प्रदर्शन करना, ताकत दिखाना. *(v)*–to show off strength.

بل وان/بلونت balvān/balvant (बलवान/बलवन्त)–*(adj)*–strong, stout, powerful.

بل bil (बिल)–ज़मीन में सुराख, चूहे व साँप आदि के छिपने का स्थान. *(nm)*–a hole, a burrow, hiding place for rats and snakes.

بل ڈھونڈنا bil ḍhūnṛnā (बिल ढूंढ़ना)–डर या शर्म से छिपने की जगह ढूंढ़ना, अंडर ग्राऊंड हो जाना, छिप जाना. *(v)*–to seek a hiding place through fear or shame.

بل bil (बिल)–उधार दी गई वस्तुओं के लिए बिल. *(nm)*–bill, draft.

بل جاری کرنا bil jārī karnā (बिल जारी करना)–उधार दी गई वस्तुओं के लिए बिल देना. *(v)*–to issue a draft, to draw a bill.

بلا ballā (बल्ला)–एक लम्बा डंडा, क्रिकेट का बल्ला. *(nm)* –a long staff, a cricket bat.

بلا billā (बिल्ला)–बिल्ली का पुलिंग, बैज. *(nm)*–a male-cat, a badge.

بلا balā (बला)–मुसीबत, बुरी आत्मा, दुर्भाग्य, भयानक वस्तु. *(nf)*–misfortune, evil, spirit, distress, an awful thing, terrible.

بلا بدتر balā badtar (बला बदतर)–बुरी बला, बेकार, व्यर्थ, जो किसी काम न आ सके. *(nf)*–rubbish, worthless, useless, uncalled trouble.

بلا پیچھے لگانا balā pīche lagānā (बला पीछे लगाना)–अपने आप को मुसीबत में डाल लेना, मुसीबत को निमंत्रण देना. *(v)*–to be beset with affliction, to be involved in trouble, to invite the trouble.

بلا زدہ balā zadā (बला ज़दा)–दुर्भाग्य में घिर जाना, बुरा समय होना, चारों ओर से मुसीबतों द्वारा घिर जाना. *(adj)*–struck with misfortune, overwhelmed with calamity.

بلا نوش balā nosh (बला नोश)–बहुत खाने वाला, पेटू. *(adj)*–a great eater, glutton.

بلائیں لینا balāen lenā (बलाएँ लेना)–किसी अपने के लिए शुभ कामनाएँ मांगना. *(v)*–expressing extreme affection and concern for a dear one.

بلا bilā (बिला)–बगैर. *(prep)*–without.

بلا اکرہ bilā akrā (बिला अकरा)–स्वयं अपनी मर्ज़ी से, बिना किसी दबाव या मजबूरी के. *(adv)*–voluntarily, without compulsion.

بلا تامل bilā tāmil (बिला तामिल)–बिना किसी झिझक के, बिना किसी सोच-विचार के, उतावली में. *(adv)*– without hesitation, rashly, quickly.

بلا تکلف bilā takalluph (बिला तकल्लुफ)–बिना किसी संकोच के, बिना किसी औपचारिकता के. *(adv)*– without embelishment, without formality, frankly, without hesitation.

بلا شک bilā shak (बिला शक)–बिना किसी सन्देह के, बिना कोई प्रश्न किये. *(adv)*–without doubt or suspicion, unquestionably, doubtlessly.

بلاشرط bilā shart (बिला शर्त)–बिना किसी शर्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के. *(adv)*–unconditionally, absolutely.

بلا ناغہ bilā nāgā (बिला नाग़ा)–बिना किसी नागा के, बिना किसी अनुपस्थिति के. *(adv)*–regularly, constantly, without intermission, daily.

بلا وجہ bilā vajah (बिला वजह)–बिना किसी कारण के. *(nm)*–without any reason.

بلاد bilād (बिलाद)–देश, शहर, नगर. *(nm)*–countries, cities, towns.

بلاغ balāg (बलाग)–सन्देश देना. *(nm)*–delivery of a message.

بلاق bulāk (बुलाक़)–नाक में पहना जाने वाला एक ज़ेवर. *(nm)*–an ornament worn in nose.

بلانا bulānā (बुलाना)–किसी को आने के लिए कहना, निमंत्रण देना. *(v)*–to call, to summon, to invite.

بلاوا bulāvā (बुलावा)–निमंत्रण, आने के लिए कहना, बुलाना. *(nm)*–summon, call, invitation.

بلب balb (बल्ब)–बिजली का बल्ब जो हमें रोशनी देता है. *(nm)*–a bulb.

بلبل bulbul (बुलबुल)–एक पक्षी जिसकी आवाज़ बहुत सुरीली होती है. *(nf)*–a nightingale.

بلبلا bulbulā (बुलबुला)–हवा का बुलबुला जो पानी के ऊपर तैरता है. *(nm)*–a bubble.

بلبلانا balbalānā (बलबलाना)–ऊँट के चीखने की आवाज़, क्रोध से चीखना. *(nm)*–the sound or cry of a camel, to burn with anger.

بلبلانا bilbilānā (बिलबिलाना)–पीड़ा से चीखना चिल्लाना, दर्द के मारे रोना, बेचैनी महसूस करना. *(v)*–to be uneasy, to be restless, to cry bitterly, to be tormented with pain.

بلٹی biltī (बिल्टी)–रेल, ट्रांस्पोर्ट या समुद्री जहाज़ से सामान भेजने की रसीद जिसे दिखा कर सामान लिया जाता है. *(nm)*–billet, a bill of loading a receipt for the despatch of goods by rail, truck or by ship.

بلد balad (बलद)–एक नगर, उपनगर, गांव, क्षेत्र. *(nm)*–a city, a town, a village, region.

بلاد bilād (बिलाद)–'बलद' का बहुवचन, देश, नगर. *(nm)*–countries, cities, towns.

بلدیہ baldiyā (बलदिया)–नगर पालिका. *(nf)*–municipality.

بلغم balgam (बलग़म)–शरीर में बलगम की वृद्धि कई रोग उत्पन्न करती है. *(nm)*–phlegm–the increase of which creates many diseases.

بلغمی balgamī (बलग़मी)–बलग़म युक्त या बलग़म सम्बन्धी. *(adj)*–phlegmatic.

بلکنا bilaknā/bilakhnā (बिलकना/बिलखना)–ज़ोर ज़ोर से रोना, बेचैन होना, परेशान होना. *(v)*–to weap bitterly, to cry, to be restless or uneasy.

بلکہ balki (बल्कि)–मगर, लेकिन, इसकी बजाय. *(conj)*–but, then, on the contrary.

بلّم ballam (बल्लम)–एक हथियार, नेज़ा, छोटी बरछी. *(nm)*–a lance, a short spear.

بلّم بردار ballam bardār (बल्लम बरदार)–बल्लम वाला, बल्लमधारी, बल्लम ले जाने वाला. *(nm)*–a lancer, a spearman.

بلم/بلما balam/balmā (बलम/बलमा)–प्रेमी, पति. *(nm)*–a lover, a husband.

بلند buland (बुलन्द)–ऊँचा, लम्बा, ऊँचाई पर, रुतबे में बड़ा. *(adj)*–high, elevated, raised, lofty, exalted, tall, loud.

بلند آواز buland āvāz (बुलन्द आवाज़)–ऊँची आवाज़, ऊँचा स्वर, ज़ोरदार आवाज़. *(nf)*–loud voice, loud sound, high note or tune.

بلند پایہ buland pāyā (बुलन्द पाया)–ऊँचा ओहदा, ऊँचा रुतबा, बड़ा पद. *(adj)*–of high rank, high status, having an exalted position.

بلند پرواز buland parvāz (बुलन्द परवाज़)–ऊँचा उड़ना, बहुत दूर की सोचना, गहरी सोच, उच्च विचार. *(adj)*–soaring high, having deep thoughts.

بلند پروازی buland parvāzī (बुलन्द परवाज़ी)–ऊँची उड़ान, उच्च विचार, गहरी सोच. *(nf)*–high flight, high thinking.

بلند حوصلہ buland hauslā (बुलन्द हौसला)–बहादुर, हिम्मत वाला, ऊँची उड़ान, ऊँची आकांक्षा वाला, ऊँची चाहत वाला. *(adj)*– courageous, brave, ambitious, aspiring.

بلند کرنا buland karnā (बुलन्द करना)–ऊँचा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उठाना, ऊँचाई पर पहुँचना. *(nm)*– to raise up, to lift, to elevate, to exalt.

بلند مرتبہ/بلند رتبہ **buland martabā/buland rutbā** (बुलन्द मरतबा/बुलन्द रुतबा)–ऊँचे पद पर होना, ऊँचा स्थान ग्रहण करना, बड़ा रुतबा होना. *(adj)*–high in rank or status.

بلند نظر **buland nazar** (बुलन्द नज़र)–दूर की नज़र, गहरी सोच. *(adj)*–high thinking, magnanimous, aspiring.

بلند ہمت **buland himmat** (बुलन्द हिम्मत)–हिम्मत वाला, बहादुर, ऊँची सोच वाला, ऊँची हिम्मत वाला, महत्त्वाकांक्षी. *(adj)*–courageous, brave, ambitious, high thinking.

بلند ہمتی **buland himmatī** (बुलन्द हिम्मती)–बहादुरी, बुलन्द हौसला, किसी से न डरने वाला. *(nf)* – bravery, courage, high mindedness, ambition.

بلندی bulandī (बुलन्दी)–ऊँचाई, ऊँचा स्थान. *(nf)* –height, elevation, loftiness, exaltation.

بلوا balvā (बलवा)–दंगा-फसाद, लड़ाई झगड़ा, उपद्रव. *(nm)* –tumult, riot, disturbance.

بلوانا bulvānā (बुलवाना)–किसी को आने के लिए कहना, किसी को निमंत्रण देना. *(v)*–to send for, to summon some one.

بلور bilaur (बिलौर)–शीशा, चमकदार शीशा, पारदर्शी, *(nm)* –crystal, crystal glass, very bright, transparent.

بلوری bilaurī (बिलौरी)–शीशे का बना हुआ, बहुत चमकीला, पारदर्शी. *(adj)*–made of crystal or glass, clear and shining, transparent.

بلوط balūt (बलूत)–ठंडे देशों में पाया जाने वाला एक पेड़ जिसे यूरोप वाले पवित्र मानते हैं. *(nm)*–an acorn, an oak, chestnut tree, a tree found in cold countries.

بلوغ/بلوغت **bulūg/bulūgat** (बुलूग़/बुलूग़त)–वयस्क, बालिग़, वयस्कता, युवावस्था, *(nm/nf)*–puberty, maturity, attainment of a marriageable age, an adult.

بلونا bilonā (बिलोना)–दूध को बिलोकर मक्खन निकालना. *(v)*–to churn.

بلونی bilonī (बिलोनी)–वह बरतन जिस में दूध बिलोया जाता है. *(nf)*–a churning pot.

بلہاری **balihārī** (बलिहारी)–क़ुर्बान जाऊँ! अपने किसी बहुत निकट सम्बन्धी या प्रियजन को सम्बोधित करते हुए कहा जाता है, ऐसा प्रियजन जिसके लिए हम अपने आप को क़ुर्बान कर दें. –a world spoken to express extreme affection for a child or beloved offering oneself as a sacrifice to ward off evil from the beloved.

بلّی **ballī** (बल्ली)–एक लम्बा लकड़ी या बाँस का डंडा, बाँस या लकड़ी का लम्बा डंडा जिस से नाव को चलाया जाता है. *(nf)*–a support or prop, a long wooden or bamboo post, a long pole or bamnoo to steer or row a boat.

بلّی مارنا **ballī mārnā** (बल्ली मारना)–नाव को खेना. *(v)*–to steer the boat.

بلّی **billī** (बिल्ली)–एक छोटा जानवर जिसे घरों में पाला जाता है और जो चूहों की दुश्मन है. *(nf)*–a she cat, an enemy of rats.

بلیات **baliyāt** (बलियात)–दुर्भाग्य, विपदा, मुश्किलें. *(nf)*– evils, calamities, misfortunes.

بلیغ **balīg** (बलीग़)–पढ़ा लिखा, योग्य, विद्वान्. *(adj)*– learned, educated.

بلیلہ **balelā** (बलेला)–एक फल जो दवाई के काम आता है. *(nf)*–a fruit used as medicine, *bellaric myrobalan.*

بم **bam** (बम)–तांगे की दोनों ओर के डंडे जिन से घोड़े को जोता जाता है, शोर, हंगामा, गड़बड़ी, पानी का चश्मा (जिस से पानी निकलता है.) *(nm)*–shafts of a carriage (tanga or eka) by which the horse is yoked, noise, tumult, a spring of water.

بم **bam/bamb** (बम/बम्ब)–एक विस्फोटक जोकि ज़ोरदार धमाके से फटता है. *(nm)*–an explosive which bursts with a bang.

بمبا **bambā** (बम्बा)–फव्वारा, नदी का निकास (शुरुआत), नहर, आग बुझाने वाली गाड़ी, लैटर बाक्स. *(nm)*–fountain, source of a river, canal, fire engine, postal letter box.

بمباری **bambārī** (बमबारी)–बम वर्षा, बम गिराना. *(nf)*– bambardment.

بن **ban/van** (बन/वन)–जंगल, जहाँ आबादी न हो केवल पेड़ पौधे ही हों. *(nm)*–forest, jungle, wood.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بن باس banbās (वनवास)–नगर को छोड़कर जंगल में जा कर रहना. *(nm)*–exile, banishment.

بن بلاؤ ban bilāv (बन बिलाव)–जंगली बिल्ली. *(nm)*–a wild cat.

بن کنڈا ban kanḍā (बन कंडा)–गाय के गोबर का उपला जोकि जंगल में पाया जाए. *(nm)*–cow-dung found in forests.

بن مانس ban mānas (बन मानस)–जंगली आदमी, आदमी जैसा चिम्पाज़ी, गुरिल्ला. *(nm)*–a chimpanzee, guerilla, a wild man.

بن bin (बिन)–बेटा, पुत्र. *(nm)*–a son.

بن/بنا bin/binā (बिन/बिना)–बगैर. *(adv)*–except, without, unless.

بن آئی مرنا bin āī marnā (बिन आई मरना)–असमय मृत्यु हो जाना, अचानक हानि हो जाना, सब कुछ नष्ट हो जाना. *(v)*–to die a sudden death, to be ruined.

بن جانے bin jāne (बिन जाने)–बगैर जाने, बगैर जानकारी में आए. *(adv)*–unknowingly.

بن داموں غلام bin dāmon gulām (बिन दामों गुलाम)–किसी का कृतज्ञ होना, समर्पित व्यक्ति. *(nm)*–one under heavy obligation, a very devoted person.

بن دانا پانی bin dānā pānī (बिन दाना पानी)–भोजन और पानी के बगैर. *(nm)*–without food and drink.

بن مرے شہید bin mare shahīd (बिन मरे शहीद)–बगैर कोई काम किये उसका श्रेय लेने की कोशिश करना. *(nm)*–false presentation to goodness or virtue.

بن مارے کی توبہ کرنا bin māre kī taubā karnā (बिन मारे की तौबा करना)–बगैर कोई अपराध किये डरना, चोट लगने से पहले ही रोना-धोना शुरू करना. *(v)*–to fear without a cause, to cry out before being hurt.

بن بلائے مہمان کی قدر نہیں ہوتی bin bulāe mehmān kī kadar nahīn hotī (बिन बुलाए मेहमान की क़दर नहीं होती)–व्यक्ति को कहीं भी बगैर बुलाए नहीं जाना चाहिए. *(prov)*–an uninvited guest sits on thorns.

بن روئے ماں بچے کو دودھ نہیں دیتی bin roe mān bacce ko dūdh nahīn detī (बिन रोए माँ बच्चे को दूध नहीं देती)–जब तक कुछ मांगो नहीं तब तक कुछ नहीं मिलता. *(prov)*–a closed mouth catches no flies, nothing ask, nothing have, nothing venture nothing win.

بنّا bannā (बन्ना) – दुलहा, वर. *(nm)* – a bridegroom.

بنا binā (बिना)–बुनियाद, आधार, जड़, कारण, उद्देश्य, आरंभ, शुरुआत. *(nf)*–foundation, basis, root, cause, motive, origin.

بنا کرنا binā karnā (बिना करना)–निर्माण करना, नींव रखना, शुरू करना. *(nm)*– to build, to lay the foundation, to begin.

بنا بنایا banā banāyā (बना बनाया)–तैयार, पूर्ण. *(adj)*– completed, finished, ready made.

بنات banāt (बनात)–'बिनत' का बहुवचन, बेटियाँ. *(nm)*– daughters.

بنا ٹھنا/بنی ٹھنی banā ṭhanā/banī ṭhanī (बना ठना/बनी ठनी)–सजा धजा, आकर्षक. *(adj)*–fully adorned, embel- lished, charming.

بنا رہنا banā rahnā (बना रहना)–अच्छी हालत में रहना, परिवर्तन नहीं होना, उन्नति करना. *(v)*–to do well, to continue in good condition, to remain unchanged, to last long, to prosper.

بناسپتی banāsaptī (बनासपती)–घास, घासफूस, हरियाली, वनस्पति (घी). *(nf)*–vegetation, grass, herbage, (adj) vegetable (oil).

بنا گوش bunā gosh (बुना गोश)–कान की लौ. कान का नीचे का लटकता हुआ भाग. *(nm)*–the lobe of the ear, the tip of the ear.

بنانا banānā (बनाना)–निर्माण करना, रचना करना, नई शक्ल देना, विस्तार करना, नींव रखना. *(v)*–to form, to make, to prepare, to build, to shape, to fabricate, to mend, to invent.

بناوٹ banāvaṭ (बनावट)–निर्माण, रचना, शक्ल, रूप. *(nf)*–form, figure, make, build, shape, embellishment, fabrication, formation.

بُناوٹ bunāvaṭ (बुनावट)–बुनने या बुनाई करने का तरीक़ा. *(nf)*–the type of weaving or knitting textures.

بناوٹی banāvaṭī (बनावटी)–नक़ली, मिलता जुलता. *(adj)*– artificial, fabricated, copy.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بناؤ banāv (बनाव)

بناؤ banāv (बनाव)–तैयारी, बनावट, सजावट, सुन्दर बनाना, *(nm)* – preparation, decoration, dressing, concord, reconciliation.

بناؤ سنگار کرنا banāv singār karnā (बनाव सिंगार करना)–मेक-अप करना, अपने आप को सुन्दर बनाना. *(v)*–to adorn, to decorate, to make-up, to embellish.

بنت binat (बिनत)–बेटी, पुत्री. *(nf)*–daughter.

بنتی binatī (बिनती)–प्रार्थना, निवेदन, विनती, क्षमा-याचना. *(nf)*–prayer, request, an apology, imploration.

بنج banj (बंज)–व्यापार, उद्योग, काम. *(nm)*–trade, commerce, commercial transaction, profession.

بنجارا banjārā (बंजारा)–अनाज का व्यापारी, घुमक्कड़ व्यापारी जो बेचने का सामान अपनी कमर पर लाद कर घूमता है. *(nm)*–a grain merchant, a roving trader carrying merchandise on his back.

بنجاری/بنجارن banjārī/banjārin (बंजारी/बंजारिन)–बंजारा की पत्नी *(nf)*–the wife of *banjārā*.

بنجر banjar (बंजर)–अनुपजाऊ धरती, बेकार भूमि, ऊसर भूमि. *(nf)*–waste land, barren or unproductive land.

بنجر توڑنا banjar toṛnā (बंजर तोड़ना)–ऊसर भूमि को उपजाऊ बनाना. *(v)*–to cultivate a fallow land.

بنجر جدید banjar jadīd (बंजर जदीद)–भूमि जो चार वर्षों से बंजर पड़ी हो. *(nf)*–a land lying fallow continously for four years.

بنجر قدیم banjar kadīm (बंजर क़दीम)–भूमि जो शुरू से ही बंजर हो. *(nf)*–a land lying fallow for many years.

بند band (बंद)–(रास्ता या दुकान) बंद, जोड़, कविता का बंद, मशीन का बंद होना, जेल में बंद, विद्यालय बंद. *(nm)*–closed, shut, ceased, joint, knuckle, belt, string, a fastening, imprisonment, stanza, mortgage, fastened, tied, bound, still.

بند باندھنا band bāndhnā (बंद बाँधना)–बाँध का निर्माण करना, गाँठ बाँधना, प्रबन्ध करना. *(v)*–to construct a dam, to tie a knot, to forestall, to manage.

بند بند band band (बंद बंद)–शरीर का प्रत्येक जोड़, शरीर का प्रत्येक अंग. *(nm)*–every joint of the body, every part of the body.

بند بند ٹوٹنا band band ṭūṭnā (बंद बंद टूटना)–थकावट से शरीर का अंग अंग टूटना, सारे शरीर में थकावट महसूस होना, शरीर का प्रत्येक अंग दुखना. *(v)*–to be dead tired, to be exhausted, to have pain in every joint.

بند بند جُدا کرنا band band judā karnā (बंद बंद जुदा करना)–शरीर के टुकड़े टुकड़े कर देना, एक एक अंग अलग कर देना. *(v)*–to cut into pieces, to separate every joint.

بند بند ڈھیلے ہو جانا band band ḍhīle ho jānā (बंद बंद ढीले हो जाना)–बहुत थक जाना. *(v)*–to be tired, to exhaust fully.

بند سوال band savāl (बन्द सवाल)–एक गुप्त प्रश्न (न्यायलय द्वारा किसी व्यक्ति को भेजा गया गुप्त प्रश्न). *(nm)*–a confidential query. (sent by a court to a person.)

بند کرنا band karnā (बन्द करना)–काम बन्द कर देना, दुकान या रास्ता बन्द कर देना, खाता बन्द कर देना, जेल में बन्द कर देना. *(v)*–to stop, to shut, to close, to fasten, to prevent to continue. to lock up, to confine to imprison, to wind up an account.

بند ہونا band honā (बन्द होना)–काम का रुक जाना, किसी मशीन का रुक जाना (बन्द होना). *(v)*–to be finished, to be closed, to come to an end, to cease to exist, to be abolished.

بند ہیضہ band haizā (बन्द हैज़ा)–उलटी व दस्त आना. *(nm)*–cholera, diarrhoea.

بندا bundā (बुंदा)–कान में पहनने का एक ज़ेवर. *(nm)*–ear-ring, pendant.

بندر bandar (बन्दर)–बन्दरगाह, समुद्र, समुद्र के किनारे बसा शहर जोकि व्यापार के लिए बहुत प्रसिद्ध हो और जहाँ विदेशों से समुद्री जहाज़ आकर ठहरते हों. *(nm)*–a harbour, a sea, a trading town on the sea shore.

بندر bandar (बन्दर)–एक भूरे रंग का छोटे आकार का पशु जिसकी लम्बी दुम होती है और जो बहुत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लम्बी छलांग लगाता है. *(nm)*–a monkey.

بندریا bandariyā (बन्दरिया)–बन्दर की मादा. *(nm)*–a female monkey.

بندش bandish (बन्दिश)–बन्धन, रोक, रुकावट, रचना, लिपिबद्ध, बांधना. *(nf)*–composition, elegance of life, obstruction, prohibition, the act or state of tying.

بندکی bundakī (बुंदकी)–एक निशान, छोटी बूंद, बूंदा बांदी. *(nf)*–a dot, a tiny drop, a little spot, a light shower or drizzling.

بندکی دار bundakīdār (बुंदकीदार)–छोटे-छोटे निशानों वाला. *(adj)*–dotted, spotted.

بندکی دار چھینٹ bundakīdār chīnṭ (बुंदकीदार छींट)–*(nf)*– spotted chintz.

بندگان bandgān (बन्दगान)–'बन्दा' का बहुवचन, सेवक, गुलाम. *(nm)*–slaves, servants.

بندگی bandagī (बन्दगी)–प्रार्थना, निवेदन, पूजा, आभार, समर्पण. *(nf)*– devotion, service, worship, compliment.

بندگی بجالانا bandagī bajā lānā (बन्दगी बजा लाना)–सेवा करना, सम्मान करना, आदर करना. *(v)*– to serve, to pay one's respect.

بندوبست bandobast (बन्दोबस्त)–कर की व्यवस्था, क़ायदा, क़ानून, संगठन, प्रबन्धन, तरीक़ा, ढंग. *(nm)*– settlement of revenue, regulation, organization, management, method, order, system.

بندوبست استمراری bandobast-e istimarārī (बन्दोबस्त-ए इस्तिमरारी)–स्थायी व्यवस्था. *(nm)*– permanent settlement.

بندوبست چندروزہ bandobast-e cand rozā (बन्दोबस्त-ए चन्द रोज़ा)–अस्थायी व्यवस्था. *(nm)*–temporary arrangement.

بندوق bandūk (बन्दूक़)–एक हथियार जिस से गोली चलती है. *(nf)*–a gun, a musket.

بندوق بھرنا bandūk bharnā (बन्दूक़ भरना)–बन्दूक़ में गोली भरना. *(v)*–to load a gun or musket.

بندوق چلانا bandūk calānā (बन्दूक़ चलाना)–बन्दूक़ से गोली चलाना. *(nm)*–to fire a gun, to shoot, to fire.

بندوکچی bandūkcī (बन्दूक़ची)–बन्दूक़ चलाने वाला. *(nm)*–a musketeer.

بندہ bandā (बन्दा)–गुलाम, सेवक. *(nm)*–a slave, a bondsman, a servant, a man, an obedient person.

بندہ پرور bandā parvar (बन्दा परवर)–अपने से बड़े या पद में ऊँचे व्यक्ति के लिए आदर सूचक सम्बोधन, पालने वाला, रक्षा करने वाला, संरक्षक. *(adj)*– cherisher of servants, patron, a term of respect used in addressing a superior or senior.

بندہ پروری bandā parvarī (बन्दा परवरी)–दासों को पालना, अति कृपा. *(nf)*–cherishing of servants, a term expressing great kindness.

بندہ زادہ bandā zādā (बन्दा ज़ादा)–गुलाम का बेटा, अति आज्ञाकारी सेवक. *(nm)*– a slave's son, the most obedient servant.

بندھائی bandhāī (बन्धाई)–बाँधने की क्रिया, बाँधने की उजरत. *(nf)*–the act of binding, tying or fastening.

بندھن bandhan (बन्धन)–रोक, रुकावट, विघ्न, जोड़, जेल, क़ैद. *(nm)*–fastening, tying, knot, bandage, obstacle, hinderance, imprisonment.

بندھوانا bandhvānā (बन्धवाना)–जकड़वाना, जेल भिजवा देना, आरोप लगाना. *(nm)*–to cause to be bound or tied or imprisoned, to blame.

بندی bandī (बन्दी)–महिला गुलाम या नौकर, रुकावट, विघ्न, बाधा. *(nf)*–a female slave or servant, obstacle, prohibition.

بندی bandī (बन्दी)–क़ैदी. *(nm)*–a prisoner.

بندی خانہ bandī khānā (बन्दी खाना)–जेल, क़ैदखाना. *(nm)*–a prison, a jail.

بندی bindī (बिन्दी)–एक बिन्दी, सिफ़र, हिन्दु महिलाओं द्वारा माथे पर लगाई जाने वाली बिन्दी. *(nf)*–a dot, a cypher, a coloured mark made by Hindu women on their forehead.

بنڈی bandī (बंडी)–ऊन या रूई से बनी जैकिट जोकि सर्दियों में पहनी जाती है. *(nf)*–a cotton

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بنسی bansī (बंसी) stuffed waistcoat, a short woollen coat.

بنسی bansī (बंसी)–बांसुरी, संगीत का एक बाद्य जिसमें फूंक मारने से संगीत निकलता है. मछली पकड़ने का यंत्र. *(nf)*–a flute, a pipe, a fishing hook.

بنک baink (बैंक)–वह संस्था जहाँ व्यापारी अपने पैसे जमा करवाते हैं और निकलवाते हैं. *(nm)*–the bank.

بنگالی bangālī (बंगाली)–बंगाली भाषा, बंगाल का रहने वाला, बंगाल से सम्बन्धित, बंगाल का. *(nf)*– the bengali language, *(adj)*– relating to Bengal, belonging to Bengal, of Bengal.

بنگلہ banglā (बंगला)–एक बड़ा मकान, बंगाल में बने मकानों की तरह बनने वाला मकान, पान के पत्ते की एक किस्म, बंगला भाषा. *(adj)*–a bungalow, a summer house made after the fashion of those made in Bengal *(nm)*–a kind of betel leaf, *(nf)*–the Bengali language.

بننا bunnā (बुनना)–कपड़ा बुनना. *(v)*–to weave, to knit.

بننا bannā (बनना)–सफलता प्राप्त करना, तैयार होना, खाना पकाना. *(v)*–to be built, to be made, to be prepared, to be cooked, to be settled, to succeed.

بنوانا banvānā (बनवाना)–मकान इत्यादि बनवाना, किसी दूसरे व्यक्ति से कोई चीज़ बनवाना. *(nm)*– to cause to be made, prepared for built.

بنوانا bunvānā (बुनवाना)–कपड़ा इत्यादि बुनवाना. *(nm)*–to get a thing woven or knitted, to cause to be woven or knitted.

بنوائی banvāī (बनवाई)–कोई चीज़ बनवाने के लिए उसकी उजरत देना. *(nf)*– price paid for making a thing, the act of making or building etc.

بنوائی bunvāī (बुनवाई)–कोई चीज़ बुनवाने की उजरत. *(nf)*– price paid for weaving or knitting a thing, the act of weaving or knitting.

بنولا binaulā (बिनौला)–रुई का बीज. *(nm)*– cotton seed.

بنی bannī (बन्नी)–दुलहन. *(nf)*–a bride.

بنی banī (बनी)–'इब्न' का बहुवचन, बेटे, बच्चे, नस्ल, क़ौम. *(nm)*–sons, children, descendant, race.

بنی آدم banī ādam (बनी आदम)–आदम के बेटे या बच्चे. *(nm)*–sons or descendants of Adam, man.

بنیا baniyā (बनिया)–व्यापारी, अनाज बेचने वाला, डरपोक आदमी, छोटे दिल वाला. *(nm)*–a grain merchant, a shopkeeper, a timid man, a petty minded person.

بنیاد bunyād (बुनयाद)–नींव, प्रारंभिक, आधार. *(nf)*– foundation, ground work, basis, origin.

بنیان banyān (बनयान)–कमीज़ के नीचे पहनने वाली छोटी कुर्ती. *(nf)*–a vest, an undergarment.

بو bū (बू)–गन्ध, सुगन्ध, दुर्गन्ध. *(nf)*–smell, odour, scent, stink.

بو آنا bū ānā (बू आना)–गन्ध आना. *(v)*–to stink, to emit bad smell, to smell.

بو bū (बू)–अबू का संक्षिप्त रूप, बाप, पिता. *(nm)*–shortened form of ابو *abu*).

بوا buā (बुआ)–पिता की बहन. *(nf)*–father's sister, paternal aunt.

بواسیر bavāsīr (बवासीर)–एक रोग जिसमें गुदा के रास्ते खून आता है. *(nf)*–piles.

بوانا buānā (बुआना)–किसी दूसरे के हाथ से फ़सल बुआई करवाना. *(v)*–to cause to be sown.

بوائی bavāī (बवाई)–पैर की एड़ी में ठंड से दरारें पड़ जाना. *(nf)*–itching sore on heel of foot through exposure to cold.

بوائی buāī (बुआई)–फसल बोने का समय, फ़सल बोने की क्रिया. *(nf)*–sowing, the act of sowing, seed time.

بو بو bū bū (बू बू)–बहन, घर की एक सम्मानित नौकरानी जो काफी वर्षों से नौकरी कर रही हो या जिस ने घर के बच्चों का पालन-पोषण किया हो. *(nf)*–sister, a respected maid-servant who has served for a long time or has brought up the children of the family.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بوتا būtā (बूता)–शक्ति, सामर्थ्य, बल. *(nm)*–power, strength, capacity, status, rank, position.

بوتل botal (बोतल)–शीशे या प्लास्टिक की बनी हुई वस्तु जिसमें द्रव्य पदार्थ रखा जाता है. *(nf)*–a bottle.

بوتہ būtā (बूता)–ऐसा बर्तन जिसमें चीज़ें पिघलाई जाती हैं. एक युवा ऊँट. *(nm)*–a melting pot, a young camel.

بوٹ būṭ (बूट)–पांवों में पहनने का जूता. *(nm)*–boot.

بوٹا būṭā (बूटा)–एक पौधा, एक झाड़ी, कपड़े पर काढ़ा गया फूल या अन्य कढ़ाई. *(nm)*–a bush, a shrub, a plant, a flower or flowery pattern worked on cloth or painted on paper.

بوٹا سا قد būṭā sā kad (बूटा सा क़द)–छोटे क़द की महिला के लिए कहा जाता है. *(adj)*–of small and well proportioned stature.

بوٹا کاڑھنا būṭā kāṛnā (बूटा काढ़ना)–कपड़े पर फूल काढ़ना, कशीदाकारी करना. *(v)*–to work flowers or flowery pattern on cloth, to embroider.

بوٹے دار būṭedār (बूटेदार)–कपड़ा जिस पर फूल काढ़े गए हों या फूलों की कशीदाकारी की गई हो. *(adj)*–flowered, embroidered.

بوٹی boṭī (बोटी)–मांस का एक छोटा टुकड़ा. *(nf)*–a small piece of flesh or meat.

بوٹی اُتار لینا boṭī utār lenā (बोटी उतार लेना)–मांस का एक छोटा टुकड़ा काट लेना. *(v)*–to bite of a piece of flesh.

بوٹی بوٹی پھڑکنا boṭī boṭī phaṛaknā (बोटी बोटी फड़कना)–बहुत फुर्तीला होना, रग रग में जोश भरा होना. *(v)*–to throb in every vein, to be very lively, naughty and wanton.

بوٹیاں اڑانا boṭiyān toṛnā (बोटियां तोड़ना)–टुकड़े टुकड़े कर देना. *(nm)*–to cut into pieces.

بوٹی būṭī (बूटी)–छोटा पौधा, छोटा फूल, झाड़ी, ऐसा पौधा जिस से दवाई बनती है. *(nf)*–herbs, small flower, roots.

بوجھ bojh (बोझ)–भार, कर्ज़ा, देनदारी. *(nm)*–load, burden, debt.

بوجھ اتارنا bojh utārnā (बोझ उतारना)–सिर पर लदा सामान उतारना, अपना कर्तव्य या ज़िम्मेदारी पूरी करना, कर्ज़ा अदा कर देना. *(v)*–to put down a load or burden, to discharge a responsibility, to pay off a debt, to compensate.

بوجھ اُٹھانا bojh uṭhānā (बोझ उठाना)–सामान सिर पर लाद कर ले जाना, किसी काम की ज़िम्मेदारी उठाना, किसी की ज़िम्मेदारी अपने सिर लेना. *(v)*–to bear, to carry a load, to undertake a responsibility, to be under obligation, to relieve one of responsibility.

بوجھ سر پر ہونا bojh sir par honā (बोझ सिर पर होना)–किसी का एहसान होना, किसी का कर्ज़ा होना. *(nm)*–to be under obligation, to be under debt.

بوجھ būjh (बूझ)–समझ, अक़्ल, चालाकी. *(nf)*–understanding, perception, comprehension.

بوجھل bojhal (बोझल)–भारी, बोझ से लदा हुआ. *(adj)*–heavy, loaded, burdened.

بوجھنا būjhnā (बूझना)–अनुमान लगाना, जानना, सोचना, किसी नतीजे पर पहँचना. *(v)*–to know, to have knowedge, to make out, to guess, to comprehend, to conceive, to know.

بوچا būcā (बूचा)–कनकटा, जिसके कान नहीं हों, बेशर्म. *(adj)*–ear-cropt, without ears, shameless.

بوچی būcī (बूची)–बूचा की मादा, जिसके कान कटे हुए हों. जिसके कान हों ही नहीं. *(adj)*–without ears, ear cropt, shame less woman.

بوچڑ bucaṛ (बूचड़)–जानवरों को काटने वाला, पशुओं का वध करने वाला, बहुत ज़ालिम, कसाई. *(nm)*–bucher, he who slaughters animals.

بوچڑ خانہ būcaṛ khānā (बूचड़ खाना)–यहाँ पशु काटे जाते हैं, पशुओं का वधस्थल. *(nm)*–a place where animals are slaughtered.

بوچھار bauchār (बौछार)–तेज़ वर्षा, मूसलाधार वर्षा. *(nf)*–driving rain, wind and rain, a heavy shower of rain, excess, abundance.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بوچھار پڑنا bauchār paṛnā (बौछार पड़ना)–तेज़ वर्षा का होना, मूसला धार वर्षा होना, चारों ओर से आलोचना होना. *(v)*–to face heavy shower of rain, to be severly criticised from all directions.

بوچھار کرنا bauchār karnā (बौछार करना)–*(v)*– to critise severly, to scold bitterly, to spend lavishly, to talk very fast.

بود būd (बूद)–होना, रहना, अस्तित्व. *(nf)*–being, existence.

بود و باش būdo bāsh (बूदो बाश)–रहने की जगह, निवास का स्थान, रिहायश. *(nf)*–residence, living, abode.

بودا bodā (बोदा)–छोटे क़द का, कमज़ोर, छोटे दिल का, छोटी सोच का. *(adj)*– timid, weak, faint hearted, low spirited, dull.

بودی bodī (बोदी)–बोदा की मादा, छोटे दिल की, छोटे क़द की, कमजोर महिला. *(adj)*–weak, timid, small size woman.

بودا کرنا bodā karnā (बोदा करना)–किसी को कमज़ोर करना, उसका हौसला तोड़ना. *(v)*–to weak, to make one lose courage.

بودلا bodlā (बोदला)–मूर्ख, पागल, बेवक़ूफ़, सीधा-साधा. *(nm)*–a fool, a simpleton, an idiot, an innocent person.

بودلی bodlī (बोदली)–मूर्ख, पागल, सीधी-सादी औरत. *(nf)*–a simple woman, fool, idiot.

بور būr (बूर)–बंजर धरती. *(adj)*–barren land. *(nf)* –chaff, husk, sawdust.

بور کے لڈو būr ke laḍḍū (बूर के लड्डू)–*(nm)*–a sweetmeat shaped like balls made with basin and ghee.

بورا būrā (बूरा)–देसी चीनी, बिना साफ़ किये बारीक चीनी. *(nm)*–coarse, sawdust powder.

بورا borā (बोरा)–बड़े आकार का थैला जिसमें सामान रखा जाता है, पटसन का थैला. *(nm)*–a canvas bag, a sack, gunny bag.

بورق borak (बोरक़)–एक दवाई का नाम. *(nm)*–borax, a medicine.

بوریا boryā (बोरया)–खजूर के पत्तों से बनाई गई चटाई. *(nm)* a mat made of palm leaves.

بوڑھا būṛā (बूढ़ा)–बड़ी आयु वाला. *(adj & nm)*–old man, aged.

بوڑھا بابا būṛā bābā (बूढ़ा बाबा)–बड़ी आयु वाला, बजुर्ग. *(nm)*–very old, old man.

بوڑھا بالا برابر būṛā bālā barābar (बूढ़ा बाला बराबर)–बूढ़े आदमी और बच्चे का स्वभाव एक समान हो जाता है. *(prov)*–behaviour of an old man and a child is same.

بوڑھا چونچلا būṛā conclā (बूढ़ा चोंचला)–बुढ़ापे की अवस्था में पहुँच कर जवानी के बारे में सोचना. *(nm)*–practising affections and blandishment of youth in old age.

بوڑھا ہونا bāṛā honā (बूढ़ा होना)–बुढ़ापे की अवस्था में पहुँच जाना. *(nm)*–to become aged or old man.

بوڑھی būṛī (बूढ़ी)–बड़ी आयु की स्त्री. *(nf)*–an old woman, aged woman.

بوزہ bozā (बोज़ा)–बीयर, एक नशीला पदार्थ. *(nm)*–beer.

بوزہ گر bozāgar (बोज़ागर)–बीयर बनाने वाला. *(adj)*– a brewer, beer maker.

بوزہ خانہ bozā khānā (बोज़ा खाना)–बीयर की दुकान, बीयर बिकने की जगह. *(nm)*–a beer shop, a brewery.

بوزنہ bozna (बोज़ना)–बन्दर. *(nm)*–a monkey.

بوس bos (बोस)–चुम्बन लेना. *(part)*–kissing, to kiss.

بوس و کنار bos-o-kinār (बोस-ओ-किनार)–आगिंन में भरना व चुम्बन लेना. *(nm)*– kissing and caressing, kissing and embracing.

بوستان bostān (बोस्तान)–बाग़, उद्यान, शायर शेख साअदी की एक मशहूर पुस्तक का नाम. *(nm)*–a flower garden, the title of a famous work by the Persian poet *Sheikh Saa'di.*

بوسہ bosā (बोसा)–चुम्बन. *(nm)*–a kiss.

بوسہ بازی bosā bāzī (बोसा बाज़ी)–चुम्बन लेना. *(nf)*–kissing and toying.

بوسیدگی bosīdagī (बोसीदगी)–पुरानापन, सड़ागलापन, सड़ांध. *(nf)*– rottenness,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

oldness, decay.

بوسیدہ bosīdā (बोसीदा)–पुराना, गला हुआ, सड़ा हुआ. *(adj)*–rotten, decayed, old.

بوکا bokā (बोका)–चमड़े की बनी एक बालटी जिस से कुएँ से पानी निकाला जाता है. *(nm)*–basket or leather bucket for drawing water from a well.

بوکھلانا baukhlānā (बौखलाना)–घबरा जाना, होश-ओ हवास खो बैठना. *(v)*–to be upset, to be perturbed.

بوکھلاہٹ baukhlāhaṭ (बौखलाहट)–हड़बड़ी, घबरा जाना. *(nm)*– confusion, perturbation.

بول baul (बौल)–मूत्र, पेशाब. *(nm)*–urinal.

بول دان bauldān (बौलदान)–बरतन जिसमें रोगी पेशाब करते हैं. *(nm)*–chamber pot.

بول bol (बोल)–शब्द, कथन, भाषण. *(nm)*–word, speech, saying, utterance, taunt, words of a song.

بول اُٹھنا bol uṭhnā (बोल उठना)–बोलना, अपनी बात बताना, अपने विचार व्यक्त करना. *(v)*–to speak out, to exclaim.

بول بالا bol bālā (बोल बाला)–सफलता, कामयाबी, समृद्धि. *(nm)*–prosperty, success, achievement.

بول بالا ہونا bol bālā honā (बोल बाला होना)–सफलता प्राप्त करना, समृद्धि प्राप्त करना, सौभाग्यशाली होना, धन, सम्पत्ति प्राप्त करना, ऊँचा पद प्राप्त करना. *(v)*– to succeed, to prosper, to be fortunate, to attain wealth and status, to become famous.

بول چال bolcāl (बोलचाल)–बातचीत, वार्तालाप. *(nf)*– talk, conversation, mode of speech, dialect.

بول سُنانا bol sunānā (बोल सुनाना)–गीत या कविता सुनाना. *(v)*–to sing poetry or songs.

بول مارنا bol mārnā (बोल मारना)–किसी का मज़ाक़ उड़ाना, ताना मारना. *(v)*–to taunt, to tease.

بولانا baulānā (बौलाना)–पागल हो जाना, अजीब अजीब हरकतें करना. *(v)*–to go mad, to become crazy; to lose ones wits or presence of mind.

بولنا bolnā (बोलना)–बातें करना, बताना, अपने विचार व्यक्त करना, कहना. *(nm)*–to speak, to talk, to utter, to say, to tell, to call.

بولی bolī (बोली)–भाषण, भाषा, वार्तालाप, बातचीत. *(nf)*–speech, language, dialogue, talk, conversation, bid, taunt, saying.

بولی بولنے والا bolī bolne vālā (बोली बोलने वाला)–नीलामी की घोषणा करने वाला. *(nm)*–bidder at auction.

بولی دینا bolī denā (बोली देना)–नीलामी पर अपनी पसन्द की वस्तु का मूल्य बताना. *(v)*–to bid at an auction.

بولی ٹھولی bolī ṭholī (बोली ठोली)–मज़ाक़, व्यंग्य. *(nf)*–jeering, joke.

بولی ٹھولی سُنانا bolī ṭholī sunānā (बोली ठोली सुनाना)–मज़ाक़ उड़ाना, आरोप लगाना, कड़वी बातें कहना, किसी की खिल्ली उड़ाना. *(v)*–to taunt, to joke, to reproach.

بولیاں بولنا boliyān bolnā (बोलियां बोलना)–कई भाषाएँ बोलना, अजीब तरह की आवाज़ें निकालना, लोकगीत गाना. *(v)*–to speak different languages, to utter different sounds, many persons speaking at one and the same time to sing folk song.

بولیاں سننا boliyān sunanā (बोलियां सुनना)–व्यंग्य-वाण सुनना, कड़वी बातें सुनना. *(v)*–to hear taunts, to be reproached, to hear songs being sung.

بوم būm (बूम)–उल्लू. *(nm)*–an owl.

بونا baunā (बौना)–छोटे कद का व्यक्ति, छोटे दिल वाला, भगवान् विष्णु का एक अवतार. *(adj)*–dwarfish, *(nm)*–a dwarf, pygmy, the fifth incarnation of Lord Vishnu.

بونا bonā (बोना)–फसल बोना, खेती करना, बीज बोना. *(v)*–to sow, to plant, to cultivate.

بوند būnd (बूँद)–एक क़तरा, वर्षा की बूँद, *(nm)*–a drop, a rain drop, drop of blood or semen.

بوند بوند būnd būnd (बूँद बूँद)–क़तरा क़तरा. *(adv)*–drop by drop, by drops.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بوندا باندی būndā bāndī (बूँदा बाँदी)–*(nf)*–a slight drizzle, a light shower of rain, slight and interrupted rain.

بوند بھر būnd bhar (बूँद भर)–बहुत थोड़ा, एक बूँद के बराबर. *(nm)*–very little, just a drop.

بوند ٹپکنا būnd ṭapaknā (बूँद टपकना)– बूँद बूँद करक पानी का टपकना. *(v)*–to trickle, to drip.

بوندی būndī (बूंदी)–एक मिठाई जो बेसन, घी और चीनी से बनती है. *(nf)*–a sweetmeat made of basin, sugar and ghee.

بونگا baungā (बौंगा)–मूर्ख व्यक्ति, बुद्धिहीन, व्यर्थ की बातें करने वाला, दुर्व्यवहार करने वाला. *(nm)*–a rude fellow, a stupid person, one who talks nonsense.

بونی baunī (बौनी)–छोटे क़द की औरत. *(nf)*–a dwarf woman.

بونی bonī (बोनी)–फ़सल बोने का मौसम, बीज डालने का मौसम. *(nf)*–season of sowing, seed-time.

بوہرا bauharā (बौहरा)–सूद पर रुपया उधार देने वाला. *(nm)*–a class of village bankers or money lenders.

بوہنی bohanī (बोहनी)–दुकान खुलने पर पहली नक़द बिक्री. *(nf)*–first cash sale in the morning.

بویا boiyā (बोइया)–छोटी टोकरी. *(nf)*–a small basket.

بہہ (बिह)–अच्छा, बढ़िया, श्रेष्ठ. *(adj)*–good.

بہتر behtar (बेहतर)–श्रेष्ठ, बढ़िया, उत्तम. *(adj)*–better, superior.

بہتری behtarī (बेहतरी)–अच्छाई, श्रेष्ठता. *(nf)*–welfare, betterment.

بہترین behtarīn (बेहतरीन)–सर्वश्रेष्ठ, सब से बढ़िया. *(adj)* – best of all.

بھاؤ bhāv (भाव)–दर, भाव. *(nm)*–value, price, rate.

بھابھی bhābhī (भाभी)–भाई की पत्नी. *(nf)*–a brother's wife, sister in law.

بھاپ bhāp (भाप)–गरम सांस, पानी के गरम होने पर उठने वाली भाप. *(nf)*–steam, vapour, hot breath.

بھاپ نکلنا bhāp nikalnā (भाप निकलना)–पानी इतना गरम हो जाना कि उसमें से भाप निकलने लगे. *(v)*– emissing of steam.

بھات bhāt (भात)–उबले हुए चावल, विवाह के अवसर पर मामा द्वारा दुल्हन को दिया जाने वाला उपहार. *(nm)*–boiled rice, presents given to the bride by her maternal uncle.

دال بھات dāl bhāt (दाल भात)–दैनिक सादा भोजन, आम लोगों का भोजन. *(nm)*–daily meals of common man.

بھاٹ bhāṭ (भाट)–एक क़बीला जो गाने बजाने का काम करता है. *(nm)*–name of a tribe who earn their livelyhood by singing etc.

بھاٹا bhāṭā (भाटा)–पानी की लहर, तरंग. *(nm)*–a current, a stream, ebb-tide.

بھاجی bhājī (भाजी)–सब्ज़ी, हरियाली, सगे-सम्बन्धियों में मिठाई बांटना. *(nf)*–greens, fried or cooked vegetables, distribution of sweets among friends and relatives.

بہادر bahādur (बहादुर)–एक पदवी जैसे रायबहादुर, शक्तिशाली, हिम्मत वाला, हौसलामंद. *(adj)*–bold, brave, courgeous, high spirited, (nm) hero, champion, knight, a title equivalent to honourable.

بہادری bahādurī (बहादुरी)–शक्ति, हौसला, हिम्मत. *(nf)*– bravery, heroism, valo

بھادوں bhādon (भादों)–हिन्दू संवत का पाँचवाँ महीना जो कि अगस्त सितम्बर में पड़ता है. –*(nm)*–name of the fifth month of Hindu's Vikrami samvat.

بھادوں کی بھرن bhādon kī bharaṇ (भादों की भरण)–भादों के महीने (अगस्त) में होने वाली वर्षा जिस से सब तालाब इत्यादि भर जाते हैं. *(nf)*–heavy rain in August which fill the tanks and flood the fields.

بھادوں کے ڈونگرے bhādon ke ḍongre (भादों के डोंगरे)–भादों के महीने में पड़ने वाली हल्की वर्षा. *(nm)*–light showers in the month of Bhadon (August-Sept.).

بہار bahār (बहार)–वसन्त ऋतु, शबाब, सौंदर्य, प्रसन्नता, *(nf)*–spring, bloom, beauty, glory, elegance, delight, enjoyment, flourishing state.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بہار پر آنا **bahār par ānā** (वहार पर आना)–हरियाली होना, चारों ओर प्राकृतिक सौंदर्य बिखरना, फूलों का खिलना, यौवन का उभार. *(v)*–to blossom, to flourish.

بہار لوٹنا **bahār lūṭnā** (वहार लूटना)–मज़े लूटना, प्रसन्न होना, आनन्द अनुभव करना. *(nm)*–to derive pleasure or delight.

بہارستان **bahāristān** (वहारिस्तान)–एक खूबसूरत स्थान जहाँ चारों ओर वहार ही वहार हो, एक विख्यात फारसी पुस्तक का नाम. *(nm)*–a lovely or beautiful spot, a place adorned with the bloom of spring, title of a Persian work by *Jami*.

بھارت **bhārat** (भारत)–जिसे हिन्दुस्तान या इंडिया भी कहा जाता है. *(nm)*–India after partition.

بھارت ورش **bhāratvarṣ** (भारतवर्ष)–हिन्दुस्तान, भारतवर्ष. *(nm)*– India.

بہارن **buhāran** (बुहारन)–झाड़ू, डस्टर. *(nf)*–duster.

بہارنا **buhārnā** (बुहारना)–सफ़ाई करना, झाड़ू लगाना. *(v)*–to sweep, to clean, to dust.

بہاری/بہارو **bahārī/bahārū** (वहारी/वहारू)–झाड़ू. *(nf)*–a broom.

بھاری **bhārī** (भारी)–वज़नी, भार वाली वस्तु, सख्त, मूल्यवान, कठिन. *(adj)*–weighty, heavy, important, valuable, large, voluminous, valuable, costly, strong, loud, hard, difficult.

بھاری بھرکم **bhārī bharkam** (भारी भरकम)–वज़नी, ज्यादा भार वाली वस्तु, गम्भीर, विश्वसनीय. *(adj)* –grave, serious, sober, trustworthy, respectable.

بھاری لگنا **bhārī lagnā** (भारी लगना)–वज़नी लगना, कठिन काम होना, किसी काम के करने में कठिनाई होना. *(v)*–to weigh heavily, to find tedious or tiresome.

بھاری ہونا **bhārī honā** (भारी होना)–वज़नी होना, निष्क्रिय होना, *(nm)*–to be heavy, to be dull or dejected, to be omnious.

بھاڑ **bhāṛ** (भाड़)–भट्टी, अंगीठी, आग जलाने का स्थान, जहाँ दाने भूने जाते हैं. *(nm)*–furnace, kiln, a fire place for parching grains, a large oven.

بھاڑ جھونکنا **bhāṛ jhonknā** (भाड़ झोंकना)–सूखे पत्तों या घास-फूस से भट्टी जलाना, छोटा मोटा धंधा करना, किसी काम में माहिर न होना. *(v)*–to make a fire of dry leaves for parching grains, to make a mean occupation, to learn no art or trade.

بھاڑ کھانا **bhāṛ khānā** (भाड़ खाना)–औरत की दलाली करना, औरत की जिस्मफरोशी की कमाई पर जीना. *(v)*–to live on the earnings of a woman's prostitution, to be a pimp.

بھاڑ میں جھونکنا **bhāṛ mein jhonknā** (भाड़ में झोंकना)–आग में झोंकना, नष्ट कर देना, बेकार कर देना. *(v)*–to throw into the fire, to cast to the dogs, to waste, to destroy.

بھاڑا **bhāṛā** (भाड़ा)–किराया, सामान ढोने की मज़दूरी. *(nm)*–hire, fare, freight, rent, wages.

بھاڑے کا ٹٹو **bhāṛe kā ṭaṭṭū** (भाड़े का टट्टू)–किराया पर लिया गया टट्टू, गुलाम, खरीदा हुआ सेवक, कोई वस्तु जिसकी बार बार मुरम्मत दकरवानी पड़ती है. *(nm)*–a hired pony, a hireling, a slave, an object requiring constant repair.

بھاشا/بھاکھا **bhāṣā/bhākhā** (भाषा/भाखा)–भाषण, वार्ता, बोली. *(nf)*– speech, language, dialect, the vernacular of any country.

بہاگ **bihāg** (विहाग)–एक रागिनी का नाम. *(nm)*–name of a *ragini*.

بھاگ **bhāg** (भाग)–सौभाग्य, किस्मत, हिस्सा, अंश, तकदीर, नसीब. *(nm)*– good fortune, luck, destiny, fate, share, portion, division.

بھاگ پھوٹنا **bhāg phūṭnā** (भाग फूटना)–किस्मत फूटना, बुरे दिन आना, हानि होना. *(v)*–to be unlucky, to be unfortunate.

بھاگ جاگنا **bhāg jagnā** (भाग जागना)–सौभाग्यशाली होना, किस्मत खुलना, अच्छे दिन आना. *(v)*–to be in good luck, to be fortunate, to become rich, to receive an honour.

بھاگ وان **bhāgvān** (भागवान)–सौभाग्यशाली, किस्मतवाला, तकदीर वाला, नसीब वाला. *(adj)*– fortunate, lucky, rich.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

بھاگم بھاگ bhāgam bhāg (भागम भाग)–तेज़ गति से भागना, किसी जगह पर स्थिर न होना, भागते रहना, सदा संघर्ष करते रहना. *(adv)*–running at full speed, always active, always trying for betterment.

بھاگ جانا bhāg jānā (भाग जाना)–बच जाना, गायब हो जाना, अदृश्य हो जाना. *(v)*–to run away, to flee, to escape, to abscond.

بھاگڑ bhāgaṛ (भागड़)–इधर उधर भागना, अस्तव्यस्त, गड़बड़ी, दंगा, लड़ाई झगड़ा. *(nf)*–running helter-skelter, fright, tumult, defeat, escape from immediate danger.

بھاگنا bhāgnā (भागना)–भाग जाना, बच जाना, गायब हो जाना. *(v)*–to run away, to flee, to escape.

بھال bhāl (भाल)–तीर का नुकीला सिरा, बाँस के सिरे पर लगी नुकीली बरछी, भाला, खोज, तलाश, खोजबीन, जाँच. *(nf)*–the point of an arrow or a bayonet, the blade of a spear or lance, search, investigation, supervision.

بھالا bhālā (भाला)–बाँस के सिरे पर लगी हुई नुकीली छुरी, नेज़ा. *(nm)*–spear, lance.

بھالو bhālū (भालू)–एक जंगली पशु जिसके शरीर पर लम्बे-लम्बे बाल होते हैं. *(nm)*–a bear.

بھان bhān (भान)–रेज़गारी, छोटे सिक्के जो नोटों या बड़े सिक्कों के बदले दिये जाते हैं. *(nm)*–change, small coins given for higher ones.

بھانا bhānā (भाना)–पसन्द करना, इच्छा, ईश्वर के बारे में कहा जाता है–तेरा भाना मीठा लागे अर्थात् तू जो चाहेगा वही होगा. *(v)*–to be acceptable, to be pleasing, to fit, to suit, to be agreeable.

بہانا bahānā (बहाना)–बहा देना, व्यर्थ कर देना, नदी या नाले में बहा देना. *(v)*–to float, to cause to flow, to waste, to sell cheap, to set afloat or adrift.

بھانپنا bhānpanā (भाँपना)–अनुमान लगाना, अन्दाज़ा लगाना, ताड़ लेना, किसी बात की गहराई तक पहुँचना. *(v)*–to guess, to estimate, to seethrough, to make out, to perceive.

بھانت bhānt (भाँत)–किस्म, प्रकार, ढंग, तरीक़ा, श्रेणी. *(nf)*–kind, class, sort, manner, mode, method, style.

بھانت بھانت کا bhānt-bhānt kā (भाँत-भाँत का)–भिन्न-भिन्न तरह का, कई तरह का, कई प्रकार का. *(adj)*–of various kinds, assorted.

بھانج bhānj (भाँज)–रेज़गारी या छोटे सिक्के लेने के लिए दिया जाने वाला कमिशन. *(nf)*–discount in getting change or small coins.

بھانجا bhānjā (भाँजा)–बहन का बेटा. *(nm)*–sister's son, nephew.

بھانجی bhānjī (भांजी)–बहन की बेटी. *(nf)*–daughter of sister, niece.

بھانجی bhānjī (भाँजी)–चुगली करना, किसी की बुराई करना, किसी काम में रुकावट पैदा करना, विघ्न डालना, *(nf)*– back-biting, interruption, hindrance, defect.

بھانجی کھور/مار bhānjīkhor/mār (भाँजीखोर/मार)–भाँजी मारने वाला, काम बिगाड़ने वाला, काम में विघ्न डालने वाला, काम में रुकावट डालने वाला. *(adj)*–one who obstructs or pokes one's nose in an other's affairs, back-biter.

بھانجی مارنا bhānjī mārnā (भाँजी मारना)–किसी की बुराई करना, किसी काम में रुकावट पैदा करना, किसी बनते काम को बिगाड़ना, किसी की चुगली करना. *(v)*–to interrupt, to interfere, to obstruct, to frustrate, to back-bite.

بھانڑ bhāṇṛ (भाँड़)–एक छोटी जाति जो अपनी अजीब-अजीब हरकतों से लोगों का मनोरंजन करते हैं और अपनी जीविका कमाते हैं, वह व्यक्ति जो पेट का कच्चा हो अर्थात् कोई भेद की बात न पचा सकता हो. *(nm)*– a jester, a buffoon, a mimic, one who cannot keep a secret.

بھانڈا bhāṇḍā (भाँडा)–मिट्टी का बरतन, धातु का बना बरतन, भेद, रहस्य. *(nm)*–an earthen pot or vessel, a secret.

بھانڈا پھوٹنا bhāṇḍā phūṭnā (भाँडा फूटना)–रहस्य खुल जाना, भेद का पता चल जाना, किसी की वास्तविकता प्रकट हो जाना. *(v)*–to make one's secret public, disclosure of a secret.

بھانڈا پھوڑنا bhāṇḍā phoṛnā (भाँडा फोड़ना)–किसी के रहस्य को प्रकट कर देना, किसी के अवगुण को सब के सामने बता देना. *(v)*–to disclose a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

secret, to point out a defect.

بھان متی **bhānmatī** (भानमती)–जादूगर, हाथ की सफाई दिखाने वाला, धोखा देने वाला. *(nm)*–a magician, a cheat.

بھان متی کا کنبہ **bhānmatī kā kunbā** (भानमती का कुनबा)–भिन्न-भिन्न तरह के लोगों का इकट्ठा होना. *(nm)*–gathering of different kind of people.

بہانہ **bahānā** (बहाना)–किसी काम या बात को टालना, हीलो-हुज्जत करना. *(nm)*–a pretext, pretence, an excuse, make believe, evasion, deceit, reason, means.

بہانے باز **bahānebāz** (बहानेबाज़)–बहाने बनाने वाला, किसी काम या बात को टालने वाला. *(adj)*–sham, make-believe, a pretender, given to putting forth excuse.

بہانے بازی **bahānebāzī** (बहानेबाज़ी)–बहाने बनाना, काम को टालना. *(nf)*–shamming, make belief, pretending, putting forth excuses.

بہانہ جو **bahānā jū** (बहाना जू)–बहाने बनाने वाला, बहाने साज़. *(adj)*–one seeking an excuse.

بہانہ خور **bahānākhor** (बहानाखोर)–बहाने बनाने वाला, काम को टालने वाला, धोखा देने वाला. *(adj)*–one who pretends, a pretender, a cheat.

بہانہ ساز **bahānāsāz** (बहानासाज़)–बहाने बनाने वाला, काम को टालने वाला. *(adj)*–an impostor, one who makes excuses.

بہانہ کرنا **bahānā karnā** (बहाना करना)–बहाने बनाना, काम को टालना. *(v)*–to make an excuse, to pretend, to evade.

بھاؤ **bhāv** (भाव)–मूल्य, क़ीमत, दर, बाज़ार भाव, नखरा. *(nm)*–price, value, rate, market price, state or condition, to show off oneself.

بھاؤ بتانا **bhāv batānā** (भाव बताना)–किसी चीज़ का दर बताना, मूल्य बताना, नाच और गाने द्वारा अपने भावों को प्रकट करना. *(v)*–to express a state or condition, to represent passions in singing and dancing.

بہاؤ **bahāv** (बहाव)–पानी इत्यादि का बहना, नदी इत्यादि का बहाव. *(nm)*–flow, flood, glide, fluidity.

بھاوج **bhāvaj** (भावज)–भाई की पत्नी, भाभी. *(nf)*–brother's wife, sister-in-law.

بھائی **bhāī** (भाई)–साथी, सहयोगी, एक ही माँ के पेट से जन्मे. *(nm)*– brother, comrade, companion.

بھائی بند **bhāī band** (भाई बन्द)–भाई, रिश्तेदार, मित्र, सहयोगी, साथी, एक ही जाति वाले. *(nm)*–brothers, kindered, relations, friends, belonging to same caste or nation.

بھائی چارا **bhāī cārā** (भाई चारा)–भाईबन्दी, दोस्ती, मित्रता, एक दूसरे के दुःख सुख में भाग लेने वाले. *(nm & nf)*–brotherhood, fraternity, friendship, sharing one's joys and sorrows.

بھائی دوج **bhāīdūj** (भाईदूज)–कार्तिक महीने के शुक्लपक्ष की चाँद का दूसरा दिन जिस दिन बहन अपने भाई को टीका लगाकर उसकी लम्बी आयु की कामना करती है. –the second of the bright fortnight of Kartik month.

بھائی بھتیجا واد **bhāī-bhatījāvād** (भाई-भतीजावाद)–अपने भाइयों, भतीजों और रिश्तेदारों को लाभ पहुँचाने की कोशिश करना. -nepotism.

بھائیں بھائیں **bhāen bhāen** (भाएँ भाएँ)–गाय के बच्छड़े की आवाज़. *(nf)*–cry of a calf.

بھائیں بھائیں کرنا **bhāen bhāen karnā** (भाएँ भाएँ करना)–मकान खाली होना, किसी जगह का उजाड़ और वीरान होना. *(v)*–a house be deserted, a place br desolate.

بھبھک **bhabhak** (भभक)–अचानक आग का या बत्ती की लौ का तेज़ हो जाना, अचानक किसी का तेज़ आवाज़ में चिल्लाना. *(nf)*–a sudden bursting of flame, a sudden emission of offensive smell.

بھبھکا **bhabhakā** (भभका)–भट्टी से तेज़ निकलने वाली आग की लपट, दुर्गन्ध का तेज़ झोंका, एक बड़े मुँह वाला बरतन. *(nm)*–a blast from a furnace, stinking smell, a kind of drinking vessel with a large mouth.

پادری pādarī (पादरी)–ईसाइयों का पुजारी. *(nm)*–clergyman, priest.

پادشاہ pādshāh (पादशाह)–बादशाह, राजा. *(nm)*–king, ruler.

پادشاہت pādshāhat (पादशाहत)–बादशाहत, बादशाही, *(nm)*– kingdom.

پادنا pādnā (पादना)–पाद मारना, हवा निकलना. *(v)*–to fart, to pass wind, to lose heart, to flee, to turn back.

پار pār (पार)–दूसरा किनारा, दूसरी तरफ़. *(nm)*–the opposite bank or shore, the other

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

side.

پارُتارنا pārutārnā (पार उतारना)–दूसरे किनारे पर ले जाना, नाव को खे कर दूसरे किनारे ले जाना. *(v)*–to put or take across, to ferry over.

پارُتَرنا pārutarnā (पार उतरना)–नदी पार करना, नदी के दूसरे किनारे पहुँचना, अपना उद्देश्य प्राप्त करना, सफलता प्राप्त करना, पीछा छुड़ाना. *(v)*–to cross the river, to get across, to gain one's end, to succeed, to get rid of.

پار لگانا pār lagānā (पार लगाना)–पार ले जाना, दूसरे किनारे पर पहुँचना, सफलता प्राप्त करना. *(v)*–to carry across, to reach the shore, to achieve the end.

پارا pārā (पारा)–एक तरल धातु जो चाँदी जैसी सफ़ेद होती है. *(nm)*–quick silver, mercury.

پاربتی/پاروتی parbatī/pārvatī (पार्वती/पार्वती)–प्रजापति (हिमालय पर्वत) की बेटी और भगवान शिव की पत्नी. *(nm)*–daughter of Prajapati (daughter of Himalaya) and wife of Lord Shiva.

پارٹی pārṭī (पार्टी)–संगठन, कुछ लोगों का समूह, एक विचारधारा को मानने वाले लोग. *(nf)*–a party, an association of like-minded people.

پارٹی بازی pārṭī bāzī (पार्टी बाज़ी)–अपनी पार्टी के हितों के बारे में सोचना. *(nf)*–party spirit, factiousness.

پارچہ pārcā (पारचा)–कपड़े का एक टुकड़ा, पहनने के कपड़े. *(nm)*–a piece of cloth, clothing, dress, fragment, piece.

پارچہ دوز pārcā doz (पारचा दोज़)–कपड़े सीने वाला दर्ज़ी, *(nm)*–a tailor, a dress maker.

پارچہ فروش pārcā farosh (पारचा फरोश)–कपड़ा बेचने वाला, कपड़े का व्यापारी. *(nm)*–cloth merchant, draper.

پارس pāras (पारस)–एक ऐसा पत्थर जिसे छूने पर, हर धातु सोना हो जाती है. *(nm)*–a stone which according to Hindu legend immediately converts into gold any metal it touches.

پارسا pārsa (पारसा)–धार्मिक विचारों का व्यक्ति, ईश्वर को मानने वाला, नेक विचारों वाला. *(adj)*–chaste, holy, virtuous.

پار سال pār sāl (पार साल)–पिछले साल, गत वर्ष. *(nm & adv)*–last year.

پارسائی pārsāī (पारसाई)–पवित्रता, धार्मिकता, उच्च विचार. *(nf)*–chastity, abstinence, purity, virtue.

پارسل pārsal (पारसल)–सामान का बंडल जो रेल या ट्रक द्वारा भेजा जाता है. *(nm)*–a parcel.

پارسی pārsī (पारसी)–पर्शिया (ईरान) का निवासी, आग की पूजा करने वाला, फारसी भाषा. *(adj)*–belonging to Persia (Iran), worshipper of fire, (nf) Persian language.

پارلیمنٹ pārliment (पार्लिमेंट)–संसद, जहाँ देश के सांसद कानून बनाते हैं और देश के बारे में योजनाएँ बनाते हैं. *(nm)*–parliament, sitting and discussing place of members of parliament.

پارہ pārā (पारा)–एक खंड, एक छोटा टुकड़ा. *(nm)*–a piece, a bit, a fragment, a slice.

پارہ پارہ کرنا pārā pārā karnā (पारा पारा करना)–टुकड़े टुकड़े कर देना, छोटे छोटे टुकड़े करना. *(v)*–to tear to pieces.

پارہ دوز pārādoz (पारादोज़)–टुकड़ा लगाने वाला, एक दर्जी, एक मोची. *(nm)*–a patcher, a tailor, a cobler.

پارینہ pārīnā (पारीना)–पुराना, पुराने ज़माने का. *(adj)*–old, old fashioned, ancient.

پارینہ دفتر pārīnā daftar (पारीना दफ़्तर)– पुराना रेकार्ड. *(nm)*– ancient or old record.

پاس pās (पास)–निरीक्षण, कब्ज़ा, सम्मान, तीन घंटे का समय. *(nm)*–observance, supervision, regard, consideration, custody, a division of time consisting of three hours.

پاسبان pāsbān (पासबान)–सुरक्षा बनाए रखने वाला, गार्ड, चौकीदार. *(nm)*–a watchman, a guard.

پاسبانی pāsbānī (पासबानी)–चौकीदारा, सुरक्षा का काम, चौकसी. *(nm)*–watch, guard, guarding, the duty of a guard, protection.

پاسداری pāsdārī (पासदारी)–सम्मान, पक्षपात. *(nf)*– regard, favour, partiality, favouritism.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پاس pās (पास)–किसी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना, सफल होना. *(nm)*–passing, succeeding, getting through.

پاس کرنا pās karnā (पास करना)–सफल होना, परीक्षा में उतीर्ण होना, तरक्की मिलना, किसी का पक्ष लेना. *(v)*–to succeed, to get through, to get promotion, to approve, to take side.

پاس pās (पास)–समीप, बहुत दूर नहीं. *(adv)*–alongside, near, at hand, close by.

پاس آنا pās ānā (पास आना)–समीप आना, दूर न रहना. *(v)*–to come near, to approach, to come up to.

پاس بیٹھنا pās baiṭhnā (पास बैठना)–समीप बैठना, शिष्टाचार सीखना, ट्रेनिंग लेना. *(v)*–to sit near, to learn manners, to get training.

پاس بیٹھنے والا pās baiṭhne vālā (पास बैठने वाला)–दोस्त, साथी, मित्र. *(nm)*–comrade, companion, a friend.

پاس پاس pās pās (पास पास)–समीप, एक ही स्थान पर, एक ही पंक्ति में. *(adv)*–there about, near, round about, in a row or lane.

پاس پڑوس pās paṛos (पास पड़ोस)– समीप रहने वाले पड़ोसी, *(nm)*–neighbourhood.

پاس نہ پھٹکنا pās na faṭaknā (पास न फटकना)–समीप न आना, समीप न पहुँचना, दूर रहना. *(v)*–not to approach, not to be near, not to come near, to go away.

پاسا pāsā (पासा)–चौसर के खेल में प्रयोग होने वाला पासा, एक तरफ. *(nm)*–a dice, a throw of dice. side.

پاسا پڑنا pāsā paṛnā (पासा पड़ना)–सौभाग्यशाली होना, जीतना, इच्छा के अनुसार पासा पड़ना. *(v)*–to be lucky in throwing dice, to win, to be fortunate.

پاسا پھینکنا pāsā phenknā (पासा फेंकना)–खेल को आगे बढ़ाना. *(v)*–to throw the dice.

پاسا کھیلنا pāsā khelnā (पासा खेलना)–पासा के साथ जुआ खेलना. *(v)*–to gamble with dice.

پاسنگ pāsang (पासंग)–तराजू के दोनों पलड़ों को बराबर करने के लिए एक पलड़े में कुछ भार डालना. *(nm)*–a make weight, some thing placed in one scale, to balance the other, a balance.

پاش pāsh (पाश)–टूटन, टुकड़, अंशे, हिस्से. – sprinkling, scattering.

پاش پاش pāsh pāsh (पाश पाश)–चूर चूर, टुकड़े टुकड़े. *(adj)*–shivered in pieces, broken in pieces, shattered.

پاش پاش کرنا pāsh pāsh karnā (पाश पाश करना)–चूर चूर करना, कई टुकड़ों में तोड़ देना. *(v)*–to break in pieces, to shatter.

پاشا pāshā (पाशा)–टर्की के अमीरों और अधिकारियों को दिया जाने वाली एक पदवी. *(nm)*–a title of Turkish nobles or officers, governor etc.

پاک pāk (पाक)–शुद्ध, साफ, मासूम, बेदाग़, पवित्र, पाकिस्तान का लघु नाम. *(adj)*–pure, clean, holy, innocent, spotless, fair, sacred, chaste, abbreviation of Pakistan.

پاک باز pāk bāz (पाक बाज़)–शुद्ध, ईमानदार, निष्ठावान, पवित्र. *(adj)*–pure, honest, sincere, chaste.

پاک بازی pākbāzī (पाकबाज़ी)–शुद्धता, निष्ठा. *(nf)*–purity, candour, sincerety.

پاک خصلت pāk khaslat (पाक ख़सलत)–शिष्टाचार, अच्छी आदतें, अच्छा स्वभाव. *(adj)*–of chaste habits and disposition.

پاک دامن pāk dāman (पाक दामन)–जिसका दामन साफ हो, बेदाग़ चरित्र, धार्मिक विचारों वाला. *(adj)*–pure, chaste, virtuous, modest, holy in life.

پاک دامنی pāk dāmanī (पाक दामनी)–शुद्ध और पवित्र जीवन, दामन पाक होना अर्थात दामन पर कोई दाग़ न होना. *(nf)*– purity of life, chastity, innocence, holiness.

پاک صورت pāk sūrat (पाक सूरत)–सुन्दर शक्ल, आकर्षक चेहरा. *(adj)*–beautiful, lovely.

پاک کرنا pāk karnā (पाक करना)–शुद्ध करना, साफ करना, हिसाब किताब बराबर करना. *(v)*–to purify, to clean, to wash, to square accounts.

پاکھنڈ pākhand (पाखंड)–ढोंग, दिखावा, अन्ध

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्वास, रूढ़िवादी मान्यताएँ. *(nm)*–deceit, wickedness, hypocrisy.

پاکھنڈی pākhandī (पाखंडी)–ढोंगी, दिखावा करने वाला, अन्धविश्वासी, रूढ़िवादी. *(nm & adj)*–deceitful, chypocrite, imposter, pretender.

پاکیزگی pākīzagī (पाकीज़गी)–सफाई, शुद्धता, पवित्रता. *(nf)*–cleanliness, purity, neatness, chastity.

پاکیزہ pākīzā (पाकीज़ा)–शुद्ध, साफ, पवित्र. *(adj)*–neat, clean, pure, chaste.

پاگل pāgal (पागल)–जिसका मस्तिष्क ठीक न हो, जो बेकार की बातें करे, जो बे सिर पैर की बातें करे, घबराया हुआ, हर समय परेशान रहने वाला. *(adj)*–mad, insane, foolish, idiotic, distressed, worried, (nm) a fool, an idiot, a mad man, a lunatic.

پاگل خانہ pāgal khānā (पागल खाना)–जहाँ पागलों को इलाज के लिए रखा जाता है. *(nm)*–lunatic asylum, mad-house, mental hospital.

پاگل ہونا pāgal honā (पागल होना)–असामान्य हरकतें करना, अपने आप को सर्वश्रेष्ठ समझना, किसी की बात न मानना. *(v)*–to go mad, to become over-zealous.

پال pāl (पाल)–नदी का किनारा, छोटा टैंट, पत्तों व घासफूस की तह जिसमें फलों को पकने के लिए रखा जाता है. *(nf)*–an embankment, a small tent, layers of straw and leaves etc between which raw fruits are placed to ripen.

پال کا پکا pāl kā pakā (पाल का पका)–पाल में पके हुए फल. *(adj)*–fruit ripened in straw.

پالا pālā (पाला)–ठंड, बर्फ, किसी को पाला पोसा, कबड्डी के खेल में खेल के मैदान के प्रत्येक हिस्से को पाला कहा जाता है. *(nm)*–frost, snow, intense cold, brought up, a line drawn by players to separate the two sides in a game of kabaddi.

پالا پڑنا pālā paṛnā (पाला पड़ना)–ठंड पड़ना, बर्फ पड़ना, वास्ता पड़ना. *(v)*–to snow, to be intensely cold, to fall under one's power or influence.

پالاگن pālagan (पालागन)–किसी के पांवों को छूना. *(nm)*–obeisance by touching the feet.

پالتو pāltū (पालतू)–किसी पशु–कुत्ते या बिल्ली अथवा किसी पक्षी–तोता इत्यादि को घर में पालना. *(adj)*–a pet.

پالتی pāltī (पालती)–चौकड़ी मार कर बैठना. *(nf)*–a squatting posture.

پالتی مار کر بیٹھنا pāltī mār kar baiṭhnā (पालती मार कर बैठना)–*(v)*–to squat, to sit on one's hams.

پالش pālish (पालिश)–जूतों या फरनीचर इत्यादि को चमकाने का पदार्थ. *(nm)*–polish.

پالش کرنا pālish karnā (पालिश करना)–जूतों को या फरनीचर इत्यादि काक चमकाना. *(v)*–to polish, to shine.

پالک pālak (पालक)–हरे पत्तों वाला एक साग. *(nf)*–a potherb, a sort of spinach.

پالکی pālakī (पालकी)–जिसमें महिलाएँ सवार होती हैं और पुरुष उसे अपने कन्धों पर ढोते हैं. *(nf)*–a kind of litter or sedan, a palanquin.

پالن pālan (पालन)–लालन पालन, पालना पोसना, परवरिश करना, सुरक्षा, निरीक्षण. *(nm)*–bringing up, nourishing, cherishing, breeding, nursing, protection, supervision.

پالن ہار pālanhār (पालनहार)–परमात्मा जो सब को पालता है. *(nm)*–God, who provides food to all creatures.

پالنا pālnā (पालना)–पालना पोसना, रक्षा करना, सहायता करना, *(v)*–to nourish, to foster, to maintain, to support, (nm) a cradle.

پالیز pālez (पालेज़)–खरबूज़ों का खेत. *(nm)*–melon field.

پالی pālī (पाली)–पुराने ज़माने की एक भाषा जो आजकल प्रचलित नहीं है. *(nf)*–an ancient language.

پان pān (पान)–पान का पत्ता, कढ़ाई का काम. *(nm)*–betel-leaf, an embroidered work.

پان دان pāndān (पानदान)–एक छोटा बक्स जिस में पान के पत्ते और पान बनाने की सामग्री रखी जाती है. *(nm)*–a box in which betel leaves and its acessories are kept.

پان کھلائی pān khilāī (पान खिलाई)–खाने के लिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पान पेश करना, वेश्याओं के कोठे पर यह रस्म होती है. *(nf)*–giving *pan* to eat, a betrothal ceremony.

پان لگانا یا بنانا pān lagānā yā banānā (पान लगाना या बनाना)–पान के पत्ते में पान की सामग्री डाल कर चबाने के लिए पान बनाना. *(v)*–to prepare betel-leaf with betel nuts, etc. for chewing.

پانا pānā (पाना)–प्राप्त करना, लेना. *(v)*–to get, to obtain, to find.

پانچ pānc (पाँच)–पाँच की संख्या. *(adj)*–five.

پانچ سات pānch sāt (पाँच सात)–मतभेद. *(nm)*–difference of opinion.

پانچواں pācvān (पाँचवां)–क्रम में पाँचवां. *(adj)*–fifth.

پانچوں pāncon (पाँचों)–सभी पाँचों. *(adj)*–all five.

پانچوں انگلیاں برابر نہیں ہوتیں pāncon anguliyān barābar nahin hotin (पाँचों अंगुलियां बराबर नहीं होतीं)–संसार में सब प्राणी एक समान नहीं हैं, हर एक का भाग्य अलग अलग होता है. *(prov)*–all are not alike in this world, some are born with a silver spoon in their mouths.

پانچوں انگلیاں گھی میں pācon anguliyān ghī main (पाँचों अंगुलियां घी में)– अवसर का पूरा लाभ उठाना, भरपूर सन्तुष्टि प्राप्त करना. *(prov)*–to make the best of an opportunity, to enjoy to hearts content.

پانڈو pāṇḍav (पांडव)–महाभारत काल के पाँच पांडव, युधिष्ठर और उसके चार भाई. महाभारत के युद्ध में इनकी विजय हुई थी. *(nm)*–the Pandav dynasty (Yudhishter and his four brothers) who won the Mahabharat war.

پانڈے pānde (पांडे)–ब्राह्मणों की एक उपजाति, विद्वान, अध्यापक, स्कूल मास्टर. *(nm)*–a learned man, scholar, teacher, a school master, a title of Brahmans.

پانسو pāc sau (पाँच सौ)–पाँच सौ. *(adj)*–five hundred.

پانسہ/پانسا pānsā (पांसा)–चौसर या जुआ खेलने का दाना जिस पर एक से छः तक के निशान होते हैं. *(nm)*–a dice.

پانسہ پھینکنا pānsā phenknā (पांसा फेंकना)–अपना भाग्य आज़माना, दाँव खेलना. *(v)*–to throw the dice.

پانسہ الٹا پڑنا pānsā ulṭā paṛnā (पांसा उलटा पड़ना)–दांव हारना, भाग्य का साथ न देना, असफल हो जाना. *(v)*–to loose, to be unlucky.

پانسہ پلٹنا pānsā palaṭnā (पांसा पलटना)–भाग्य बदल जाना. *(v)*– turn of the tide.

پانی pānī (पानी)–पीने का पानी, वर्षा का पानी, चमक, पालिश, सौंदर्य, चरित्र, मान-सम्मान. *(nm)*–water, rain water, lustre, polish, brightness, beauty, character, credit, reputation, honour.

پانی آنا pānī ānā (पानी आना)–वर्षा होना, बीमारी के कारण आँखों में पानी आना. *(v)*–to rain, to suffer from cataract.

پانی اُترنا pānī utarnā (पानी उतरना)–पानी कम होना, मोतियाबिन्द के कारण आँखों का पानी कम होना. *(nm)*–decrease in the level of water, to suffer from cataract.

پانی برسنا pānī barasnā (पानी बरसना)–वर्षा होना. *(v)*–to rain.

پانی بھرنا pānī bharnā (पानी भरना)–कुएँ या नदी आदि से पानी खींचना, अपमानित होना, अपने आप को हीन समझना. *(v)*–to draw water, to be humiliated or ashamed, to feel inferiority.

پانی بھر آنا (منہ میں) pānī bhar ānā--munh main (पानी भर आना–मुँह में)–किसी चटपटी या स्वादिष्ट चीज़ को देख कर मुँह में पानी आ जाना, मुँह से लार टपकना. *(v)*–to bring water to one's mouth, watering of the mouth.

پانی پانی کرنا pānī pānī karnā (पानी पानी करना)–अत्यधिक शर्मिंदा कर देना, किसी को शर्मसार कर देना. *(v)*–to put one to shame, to cause one to perspire through shame.

پانی پانی ہونا pānī pānī honā (पानी पानी होना)–लज्जित होना, चारों ओर पानी ही पानी होना, बाढ़ आ जाना. *(v)*–to be overwhelmed with shame, to be flooded out.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پانی پھر جانا **pānī phir jānā (पानी फिर जाना)**—अपमानित होना, नष्ट हो जाना, किसी चीज़ पर चमक आ जाना, पालिश करना. *(v)*–to be disgraced, to be destroyed, to be polished, to gain lustre.

پانی پھیرنا **pānī phernā (पानी फेरना)**—किये किराये को नष्ट कर देना, किसी चीज़ पर चमक लाना, पालिश करना. *(v)*–to undo, to destroy, to impart lustre, to polish.

پانی پی پی کر کوسنا **pānī pī pī kar kosnā (पानी पी पी कर कोसना)**—अत्यधिक मात्रा में बुरा भला कहना. *(v)*–to curse excessively.

پانی سا پتلا **pānī sā patlā (पानी सा पतला)**—पानी की तरह पतला होना, बेकार होना, व्यर्थ की चीज़. *(adj)*–as thin as water, cheap, worthless.

پانی سر سے اونچا ہونا **pānī sar se ūncā honā (पानी सर से ऊँचा होना)**—मुश्किलों का बढ़ जाना. *(v)*–to be in deep waters.

پانی کا بلبلہ **pānī kā bulbulā (पानी का बुलबुला)**—अस्थायी, ज़्यादा देर न टिकने वाली चीज़, कमज़ोर. *(nm)*–a bubble of water, *(adj)* anything unstable, weak.

پانی کاٹنا **pānī kāṭnā (पानी काटना)**—पानी का रुख मोड़ना. *(v)*–to turn off the water into another channel.

پانی کرنا **pānī karnā (पानी करना)**—पानी की तरह पतला करना. *(v)*–to liquefy.

پانی میں آگ لگانا **pānī main āg lagānā (पानी में आग लगाना)**—किसी को दूसरे के विरुद्ध भड़काना, झगड़े को बढ़ाना, असम्भव काम करना. *(v)*–to inflame one against another, to sow dissension, to do impossible.

پانی نہ مانگنا **pānī na māngnā (पानी न मांगना)**—अचानक मृत्यु होने पर इतना समय भी न मिलना कि आदमी मरने से पहले अपनी प्यास मिटाने के लिए पानी भी मांग सके. *(v)*–to die suddenly without having time to ask for water to cool one's dying lips.

پائندہ **pāyandā (पायंदा)**—स्थायी, पक्का, मज़बूत. *(adj)*–durable, lasting, steady.

پاؤ **pāv (पाव)**—चौथाई, चौथा भाग. *(nm)*–a quarter, a fourth part.

پاؤ بھر **pāv bhar (पाव भर)**—एक चौथाई, चौथा हिस्सा, एक सेर का चौथा भाग. *(adj)*–a quarter, a fourth part, one fourth of a seer.

پاؤ روٹی **pāv roṭī (पाव रोटी)**—छोटी डबल रोटी जिस का वज़न एक चौथाई सेर अर्थात एक पाव होता है. *(nf)*–a loaf of bread weighing about a *pao* or a quarter of a seer.

پاؤں **pānv (पांव)**—पैर, टांग, जड़, आधार. *(nm)*–foot, leg, root, basis.

پاؤں اُترنا **pānv utarnā (पांव उतरना)**—पांव का जोड़ उखड़ जाना, *(v)*–dislocating the foot.

پاؤں اڑانا **pānv aṛānā (पांव अड़ाना)**—दूसरे लोगों के काम में दखल देना. *(v)*–to interfere or meddle with other people's affairs.

پاؤں اُکھڑنا **pānv ukhaṛnā (पांव उखड़ना)**—पराजित होना, पानी के बहाव में बह जाना, मैदान छोड़ कर भाग जाना. *(v)*–to run away, to be defeated, to lose footing, to be carried away by a stream, to be routed, to take to flight.

پاؤں بڑھانا **pānv baṛānā (पांव बढ़ाना)**—आगे बढ़ना, आगे बढ़ कर नेतृत्व संभालना, अपनी सीमा से आगे बढ़ना. *(v)*–to take the lead, to go ahead, to exceed bounds.

پاؤں بھاری ہونا **pānv bhārī honā (पांव भारी होना)**—गर्भवती होना, बच्चे के साथ होना, पेट में बच्चा होना. *(v)*–to be in the family way, to be pregnant, to be with child.

پاؤں پاؤں **pānv pānv (पांव पांव)**—पैदल. *(adv)*–on foot.

پاؤں پر پاؤں رکھنا **pānv par pānv rakhnā (पांव पर पांव रखना)**—आराम से बैठना, टांगें मोड़ कर बैठना, किसी के पदचिह्नों पर चलना. *(v)*–to sit at ease, to sit cross legged, to walk in the steps of another.

پاؤں پڑنا **pānv paṛnā (पांव पड़ना)**—झुकना, पांव पकड़ कर क्षमा मांगना, पांव छूना, सम्मान करना. *(v)*–to fall at the feet of, to entreat submissively, to beseach.

پاؤں پر کلہاڑی مارنا **pānv par kulhāṛī mārnā (पांव पर कुल्हाड़ी मारना)**—अपने काम को आप बिगाड़ लेना, अपना गला आप काटना. *(v)*–to

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

spoil one's own affair, to cut one's own throat.

پاؤں پسارنا pānv pasārnā (पांव पसारना)–टांगों को सीधा करना, अपनी थकान मिटान, विश्राम करना. *(v)*–to stretch one's legs, to insist.

پاؤں پکڑنا pānv pakaṛnā (पांव पकड़ना)–विनम्र हो कर क्षमा मांगना, प्रार्थना करना, किसी को आगे बढ़ने से रोकना. *(v)*–to beseach submissively, to prevent one from proceeding further.

پاؤں پھٹنا pānv phaṭnā (पांव फटना)–मांस में दरारें पड़ जाना. *(v)*–to have chilblains.

پاؤں پھیلا کر سونا pānv phailā kar sonā (पांव फैला कर सोना)–टांगें सीधी कर के सोना, आराम से सोना, सन्तुष्टि से सोना, निश्चिन्त हो कर सोना. *(v)*–to sleep with the legs stretched out, to sleep at ease, to be perfectly contented and happy.

پاؤں پھوک پھوک کر رکھنا pānv phūk phūk kar rakhnā (पांव फूक फूक कर रखना)–सावधानी से काम करना, सावधान रहना. *(v)*–to be cautious, to move cautiously.

پاؤں پیچھے ہٹانا pānv pīche haṭānā (पांव पीछे हटाना)–हिम्मत हारना, अपनी पराजय स्वीकार करना. *(v)*–to lose heart, to beat retreat.

پاؤں تلے مسلنا pānv tale masalnā (पांव तले मसलना)–पांव तले कुचल देना, पांव तले मसल देना. *(v)*–to crush under one's foot, to trample under foot.

پاؤں تلے سے زمین نکل جانا pānv tale se zamīn nikal jānā (पांव तले से ज़मीन निकल जाना)–स्तब्ध रह जाना, आश्चर्यचकित हो जाना. *(v)*–to be stunned or staggered.

پاؤں جمانا pānv jamānā (पांव जमाना)–पांवों को सुदृढ़ करना, अपना आधार बनाना. *(v)*–to plant the feet firmly, to get a firm footing, to stand firmly.

پاؤں چھلنی ہونا pānv chalnī honā (पांव छलनी होना)–पांवों में छाले पड़ना. *(v)*–to get blisters on the feet.

پاؤں رکھنا pānv rakhnā (पांव रखना)–प्रवेश करना, शुरुआत करना. *(v)*–to set foot on, to step in, to enter, to begin.

پاؤں دھو دھو کر پینا pānv dho dho kar pīnā (पांव धो धो कर पीना)–किसी के प्रति अपना दृढ़ विश्वास व्यक्त करना, किसी को अत्यधिक मान-सम्मान देना. *(v)*–to do honour or reverence to, to have perfect confidence in.

پاؤں رگڑنا pānv ragaṛnā (पांव रगड़ना)–मृत्यु के समीप होना, कोई व्यर्थ और बेकार काम करके बाद में पश्चात्ताप करना. *(v)*–to be in the agonies of death, to go about aimlessly and unprofitably.

پاؤں زمین پر نہ ٹکنا pānv zamīn par na ṭiknā (पांव ज़मीन पर न टिकना)–खुशी के मारे पांव लड़खड़ाना, डगमगाना. *(v)*–to be unsteady on the feet through joy, to be overjoyed.

پاؤں زمین پر نہ رکھنا pānv zamīn par na rakhnā (पांव ज़मीन पर न रखना)–अपने किसी कृत्य पर गर्व होना, ज़मीन पर बादशाह की तरह चलना. *(v)*–to walk like a king, to be proud.

پاؤں گور میں لٹکانا pānv gor main laṭkānā (पांव गोर में लटकाना)–बूढ़ा होना, अस्वस्थ होना, मरने के क़रीब होना. *(v)*–to be advanced in years, to have one foot in the grave.

پاؤں میں مہندی لگانا pānv main mehandī lagānā (पांव में मेहन्दी लगाना)–किसी काम को करने में असमर्थ होना, पांव को ज़मीन पर न टिकाना. *(v)*–to be unable to set foot on the ground, to be unprepared to do a thing.

پائی pāī (पाई)–एक पैसे का तीसरा भाग, (आजकल प्रचलन में नहीं है) *(nf)*–a coin, third part of a pice, a pie (not in circulation today).

پائے pāe (पाए)–पैर, टांग, मेज़ कुर्सी या पलंग के पाए. *(nm)*–the foot, he leg, the stand of a table, chair or bedstead.

پائے تخت pāe takht (पाए तख्त)–शाही महल, राजधानी. *(nm)* –the royal residence, the capital.

پائے دار pāedār (पाएदार)–मज़बूत, सुदृढ़, टिकाऊ, स्थायी, *(adj)*–firm, steady, stable, durable, permanent.

پائے داری pāedārī (पाएदारी)–मज़बूती, स्थायीत्व, दृढ़ता. *(nf)* –stability, permanence,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

durability, firmness.

پائے دان pāedān (पाएदान)–दरवाज़े के बाहर रखा जाने वाला मैट जिस से आने वाले लोग अपने पैर या जूते पोंछ कर आते हैं. *(nm)*–foot pad, door mat.

پائیں pāīn (पाईं)–निचला भाग, पीछे, पिछला हिस्सा. *(adj)*–lower, back, beneath, under, lower part.

پائنتی pāyantī (पायन्ती)–चारपाई का पैताना. *(nf)*–foot or bottom of bed, foot of a bedstead.

پائنچہ pāyancā (पायंचा)–पैंट या पायजामा की एक टांग. *(nm)*–one of the legs of trousers.

پایل pāyal (पायल)–एक सोने या चांदी का ज़ेवर जोकि पांवों में पहना जाता है, ऐसा बच्चा जो उलटा पैदा हुआ हो, अर्थात पैर पहले बाहर आए हों. *(nf)*–an anklet of silver or gold, a child born with feet first.

پایہ pāyā (पाया)–पैर या टांग, नींव, आधार, सहायता, पद, सम्मान, मेज़ या कुर्सी के पाए. *(nm)*–leg or foot, foundation, base, support, step, rank, dignity, leg or foot of a table or chair.

پبلشر pablishar (पब्लिशर)–प्रकाशक, छापनेवाला, पुस्तकें या पत्रिकाएँ छापने का व्यवसाय करने वाला. *(nm)*–a publisher.

پبلک pablik (पब्लिक)–जनताए जन-साधारण, आम लोग. *(nm)*–public, crowd.

پپڑا/پپڑی papṛā/papṛī (पपड़ा/पपड़ी)–बहुत पतली रोटी, पतली तह. *(nm & nf)*–crust, incrustation, a scab, thin cakes of bread.

پپڑی جم جانا papṛī jam jānā (पपड़ी जम जाना)–किसी चीज़ की हल्की तह जम जाना, होंठ सूख जाना अर्थात होंठों पर पपड़ी जम जाना. *(v)*–to form crust, to crystalise.

پپڑیا کتھا papṛiyā kattha (पपड़िया कत्था)–एक सफ़ेद रंग का कत्था. *(nm)*–a kind of white colour kattha or catechu.

پپوٹا papoṭa (पपोटा)–आंख का पपोटा. *(nm)*–eyelid.

پپولنا papolanā (पपोलना)–किसी चीज़ को मुँह में डाल कर चुगलना अर्थात ऐसे चबाना जैसे कोई बिना दान्तों के बूढ़ा चबाता है. *(v)*–to munch, to masticate (like an old man without teeth).

پپیتا papītā (पपीता)–पपीते का पेड़ व उसका फल, एक स्वादिष्ट मीठा फल. *(nm)*–the papaya tree and its fruit.

پپیہا papīhā (पपीहा)–एक काले रंग का पक्षी कुकू. *(nm)*–the black and white crested cuckoo.

پت pat (पत)–पात का छोटा रूप, नाम के साथ लगाने से नाम के गुण बढ़ जाते हैं जैसे लखपत, धनपत, गणपत इत्यादि. *(nm)*–abr. of پات (*nf*) good name, honour, reputation, character.

پت جھڑ patjhaṛ (पतझड़)–वृक्षों के पत्ते झड़ने का समय, खिज़ां का मौसम. *(nm)*–autumn.

پت جھڑ ہونا patjhaṛ honā (पतझड़ होना)–पतझड़ के मौसम में पेड़ों के पत्तों का गिर जाना, बूढ़ी आयु होना. *(v)*–to lose leaves in autumn, to decay (from old age).

پت pit (पित)–गुस्सा, गरमियों के मौसम में शरीर पर छोटे छोटे दाने निकल आना. *(nm)*–anger, bile.

پتا pitā (पिता)–बाप, संरक्षक. *(nm)*–father.

پتا pittā (पित्ता)–शरीर के अन्दर एक अंग, गुस्सा, भावुकता, सुदृढ़ चरित्र. *(nm)*–gall bladder, anger, passion, mental emotion, force of character.

پتا مارنا pittā mārnā (पित्ता मारना)–अपने गुस्से पर नियंत्रण करना, अपनी भावनाओं को काबू में रखना. *(v)*–to control or subdue anger, to restrain one's passion.

پتا نکالنا pittā nikālnā (पित्ता निकालना)–गुस्सा प्रकट करना, किसी को डांटना डपटना. *(v)*–to chastise, to annoy, to harass.

پتہ patā (पता)–नाम व अन्य जानकारी जो किसी चिट्ठी इत्यादि को अपने ठिकाने पर पहुँचने के लिए ज़रूरी हो. *(nm)*–address to which a letter is directed, clue, hint, token.

پتہ دینا patā denā (पता देना)–किसी के निवास के बारे में बताना, *(v)*–to direct, to point, to give a clue.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پتہ لگانا patā lagānā (पता लगाना)–जानकारी प्राप्त करना, सूचना लेना, किसी बात का पता करना. *(v)*–to obtain a clue, to trace, to discover, to search out.

پتے کی کہنا pate kī kahnā (पते की कहना)–सच्ची बात कहना, ढंग की बात कहना. *(v)*–to tell the truth about a matter, to expose someone.

پتّا pattā (पत्ता)–पेड़ या पौधे का पत्ता, ताश का पत्ता. *(nm)*–a leaf, a card, a banner.

پتّا کاٹنا pattā kāṭnā (पत्ता काटना)–सेवा से हटा देना, नौकरी से निकाल देना. *(v)*–to dismiss, to dispose of, to discharge.

پتال patāl (पताल)–पाताल, हिन्दुओं के अनुसार दुनिया की दूसरी ओर पाताल है जहाँ भूत, प्रेत, राक्षस और शैतान रहते हैं. *(nm)–patal*, the other side of the world.

پتر patra (पत्र)–चिट्ठी, खत, पत्र, धातु का पत्रा. *(nm)*–a leaf, a letter, a sheet of metal.

پتری patrī (पत्री)–चिट्ठी, जन्मकुंडली. *(nf)*–a letter, a note, horoscope..

پتلا patlā (पतला)–दुबला पतला, कमज़ोर, पानी जैसा पतला, तंग. *(adj)*–fine, lean, thin, delicate, feeble, narrow, meagre, meek.

پتلا حال patlā hāl (पतला हाल)–बुरा समय, तंगी और परेशानी का समय. *(nm)*–bad days, a sad plight.

پتلا کرنا patlā karnā (पतला करना)–दूध को पतला करना, पेंसिल के सिक्के को आगे से पतला (नुकीला) करना. *(v)*–to liquefy, to make thin, to sharpen or to point a pencil.

پتلا pitlā (पुतला)–बड़ी गुड़िया, कागज़ का पुतला, परछाईं. *(nm)*– a puppet, a large doll, idol, image.

پتلا عقل کا putlā akal kā (पुतला अक़्ल का)–बहुत चालाक, होशियार, निपुण. *(adj)*–clever, skilful.

پتلا خاک کا putlā khāk kā (पुतला खाक का)–इंसान, इंसानी शरीर. *(nm)*–human body, human.

پتلون patlūn (पतलून)–अंग्रेज़ी ढंग का पाजामा, टांगों को ढकने का एक वस्त्र. *(nm)*–a pant, trousers, pantaloon.

پتلی putlī (पुतली)–आँख की पुतली (डेला), तमाशा दिखाने वाली पुतली, छोटी मूर्ति, एक दुबली पतली सुन्दर नारी. *(nf)*–pupil of the eye, puppet, a small idol, a doll, a slim beautiful woman.

پتلی کا تارا putlī kā tārā (पुतली का तारा)–प्रिय, प्यारा. *(nm)*–dear as the pupil of the eye.

پتلی کا تماشہ putlī kā tamāshā (पुतली का तमाशा)–पुतली का नाच. *(nm)*–puppet show.

پتلیاں پھر جانا putliyān phir jānā (पुतलियां फिर जाना)–मृत्यु के समय पुतलियों का फिर जाना. *(v)*–turning of the eyes at the time of death.

پتنگ patang (पतंग)–पतंगा (एक उड़ने वाला कीड़ा), उड़ाने वाली पतंग. *(nf)*–moth, a paper-kite.

پتنگا patangā (पतंगा)–एक उड़ने वाला कीट, आग की चिंगारी. *(nm)*–a flying insect, moth, a spark of fire.

پتھر patthar (पत्थर)–चट्टान, हीरा, नगीना, सख्त, निर्दयी, ज़ालिम, कठिन, कठोर, जो झुकता न हो. *(nm)*–a stone, rock-stone, hail-stone, gem, (adj) had, cruel, heavy, difficult, inflexible.

پتھر برسنا patthar barasnā (पत्थर बरसना)–वर्षा में ओले (सफेद बर्फ के टुकड़े) बरसना. *(v)*–to hail, to rain gravel.

پتھر بن جانا patthar ban jānā (पत्थर बन जाना)–पत्थर की तरह कठोर बन जाना, निर्दयी बन जाना. *(v)*–to become as hard as stone, to be unkind.

پتھر پانی ہونا patthar pānī honā (पत्थर पानी होना)–पत्थर की तरह कठोर हृदय का पिघल जाना, एक मुश्किल काम को आसान कर देना. *(v)*–melting of a stony heart, to make a difficult task easy.

پتھر پڑنا patthar paṛnā (पत्थर पड़ना)–ओले पड़ना, मुश्किल में पड़ना, बरबाद हो जाना. *(v)*–to hail, to be overwhelmed with trouble, to be ruined.

پتھر پسیجنا patthar pasījnā (पत्थर पसीजना)–पत्थर जैसे कठोर हृदय का पसीज जाना. *(v)*–softening of a stony heart.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پتھر چھاتی پر رکھنا patthar chātī par rakhnā (पत्थर छाती पर रखना)–धैर्य रखना, सब्र रखना, सन्तोष से रहना. *(v)*–to suffer patiently, to be patient by compulsion or from being without remedy.

پتھر ہونا patthar honā (पत्थर होना)–कठोर परिश्रम करना. *(v)*– carry stones, to work hard.

پتھر سا پھینک مارنا patthar sā phenk mārnā (पत्थर सा फेंक मारना)–कड़वा और कठोर जवाब देना, बिना बात को समझे ही रूखा सा उत्तर देना. *(v)*–to give a rude or sharp answer, to reply rashly without understanding the question.

پتھر کا چھاپا patthar kā chāpā (पत्थर का छापा)–लिथोग्राफी के ढंग से छपाई का काम. *(nm)*–printing by lithography method.

پتھر کی لکیر patthar kī lakīr (पत्थर की लकीर)–पत्थर की तरह सुदृढ़, जो बदली न जा सके. *(nm)* –unalterable, ineffaceable.

پتھر مارنا patthar mārnā (पत्थर मारना)–किसी को पत्थरों से मारना. *(v)*–to throw stones on, to pelt stones.

پتھر نچوڑنا patthar nicoṛnā (पत्थर निचोड़ना)–किसी पत्थर-दिल से दया की आशा करना. *(v)*–to expect mercy or leniency from a cruel person.

پتھرانا patthrānā (पत्थराना)–पत्थर जैसा कठोर हो जाना, भावना-रहित हो जाना. *(v)*–to be petrified, to become hard, to make callous or unfeeling.

پتھراؤ patthrāv (पत्थराव)–पत्थर मारना, पत्थर फेंकना. *(nm)*– stoning.

پتھراؤ کرنا patthrāv karnā (पत्थराव करना)–पत्थरबाज़ी करना. *(v)*–to pelt stones.

پتھری patthrī (पत्थरी)–गुर्दे में पत्थरी होना, छोटा पत्थर. *(nm)*–gravel, grit, stone in the bladder.

پتھریلا patthrīlā (पत्थरीला)–पत्थरों का, पत्थरों वाला रास्ता. *(adj)*–stony, rocky, gritty.

پتھواڑی patthvāṛī (पत्थवाड़ी)–ऐसा स्थान जहां गाय के गोबर के उपले रखे जाते हैं. *(nf)*–place for making or storing cow-dung.

پتھیر patther (पत्थेर)–वह जगह जहाँ ईंटें बनाई जाती हैं. *(nm)*–olace for moulding bricks.

پتھیرا patherā (पत्थेरा)–ईंटें बनाने वाला. *(nm)*–a brick maker.

پتی pati (पति)–स्वामी, मालिक, शौहर, खाविंद, खस्म, घर वाला, जीवन-साथी. *(nm)*–husband, life-partner.

پتنی patnī (पत्नी)–बीवी, श्रीमति, घरवाली, रण, जीवन-संगनि. *(nf)*–wife, better-half, life-partner.

پتّی pattī (पत्ती)–पत्ते का स्त्री रूप, धातु की पतली चादर, हिस्सा, पटसन नामक एक पौधा जिस से रस्सियां बनती हैं. *(nf)*–a leaf, a share, a thin plate of metal.

پتّی دار pattīdār (पत्तीदार)–हिस्सेदार. *(nm)*–a shareholder.

پتیلا patīlā (पतीला)–एक चौड़े मुँह का बरतन जोकि खाना इत्यादि बनाने के काम आता है. *(nm)*–a wide mouthed cauldron, a kind of pan, a pot.

پتیلی patīlī (पतीली)–छोटा पतीला. *(nf)*–a small pot or pan.

پٹ paṭ (पट)–दरवाज़े का एक भाग, पल्ला, फिल्म दिखाया जाने वाला पर्दा, नकाब, किसी चीज़ के गिरने की आवाज़, मोटा कपड़ा. ऊपर का हिस्सा नीचे होना, उलट देना. *(nm)*–a shutter, the valve of a folding door, a screen, a veil, sound of falling, coarse cloth *(adj)* up-side down, overturned.

پٹ بند کرنا paṭ band karnā (पट बन्द करना)–*(v)*–to shut or close the door.

پٹ کھولنا paṭ kholnā (पट खोलना)–*(v)*–to open the door, to tak off the covering or veil.

پٹّا paṭṭā (पट्टा)–किसी घोड या कुत्ते के गले का कालर, किसी जायदाद को किराए पर लेने का इकरारनामा, किसी कर्मचारी (चपरासी इत्यादि) की कमर में लटकने वाला पट्टा या बैज. *(nm)*–collar of a horse or a dog, deed of lease, a collar badge worn by a peon etc.

پٹا اُتارنا paṭṭā utārnā (पट्टा उतारना)–किसी व्यक्ति को नौकरी से निकालना, किसी जानवर को खोल देना. *(v)*–to dismiss a person, to untie an

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

animal.

پٹا تڑانا paṭṭā tuṛānā (पट्टा तुड़ाना)–पट्टा तुड़ा कर भाग जाना, आज़ाद हो जाना, भाग जाना. *(v)*–to break the collar and run off, to get loose, to run away.

پٹے دار paṭṭedār (पट्टेदार)–लीज़ पर जगह इत्यादि लेने वाला. *(nm)*–a lease-holder.

پٹا رہن paṭṭā rahan (पट्टा रहन)–गिरवी रखने का इकरारनामा. *(nm)*–mortgage-lease.

پٹاخ paṭākh (पटाख)–पटाख की ऊँची आवाज़, एक धमाका, विस्फोट की आवाज़. *(nm)*–a loud sound, a crash, an explosion.

پٹاخہ paṭākhā (पटाखा)–आतिशबाज़ी, चुलबुली सुन्दर युवति. *(nm)*– cracker, fire-works, a gun-cap, a beutiful young girl.

پٹارا piṭārā (पिटारा)–बड़ी टोकरी, कपड़े रखने का बक्सा. *(nm)*–a large basket, a box for clothes.

پٹاری piṭārī (पिटारी)–छोटी टोकरी, पान के पत्ते रखने का बक्सा. *(nf)*–a small basket, a betel-leaf box.

پٹڑا paṭṛā (पटड़ा)–बैठने के लिए तख्ता, एक तख्ता जिस पर धोबी अपने कपड़े पटकता है. *(nm)*–a plank to sit on, plank on which a washerman beats clothes.

پٹڑا کر دینا paṭṛā kar denā (पटड़ा कर देना)–किसी की शक्ति व अधिकार को नष्ट कर देना, किसी को बिलकुल चित्त कर देना, किसी के मान-सम्मान को धक्का लगना. *(v)*–to deprive one of power or strength, to make one as flat as ground, to render one absolutely powerless.

پٹڑی paṭṛī (पटड़ी)–बैठने का तख्ता, किसी नहर का किनारा, सड़क का फुटपाथ, घोड़े की पीठ पर मज़बूत सीट. *(nf)*–a plank to sit on, the bank of a canal, a road footpath, a firm seat on horse back.

پٹ سن paṭsan (पटसन)–जिससे पैकिंग का सामान जैसे बोरियां इत्यादि बनाई जाती हैं. *(nf)*–jute used for making bags.

پٹکا paṭkā (पटका)–कमर के गिर्द कपड़ा बांधना, पगड़ी बांधना. *(nm)*–a cloth worn round the waist, a turban.

پٹکا باندھنا paṭkā bāndhnā (पटका बांधना)–लंगोटी कस लेना अर्थात किसी काम के लिए तैयार हो जाना, कमर पर पटका बांध लेना या पगड़ी बांधना. *(v)*–to grid up the loins (for), to determine and be prepared for action, to put a gridle round the waist or to wear a turban.

پٹکا زری paṭkā zarī (पटका ज़री)–ज़री से कढ़ा हुआ पटका, सुनहरी पटका. *(nm)*–a golden gridle.

پٹکنا paṭkanā (पटकना)–ज़ोर से किसी को ज़मीन पर फेंक देना, किसी को ज़ोर से दीवार आदि से टकराना. *(v)*–to dash against, to throw on the ground with violence.

پٹکنی paṭkanī (पटकनी)–फेंकना, गिराना, पूरी ताकत से मारना, ईश्वर का कोप. *(nf)*–a throw, a fall, a knock down, a sharp blow, divine wrath.

پٹکنی دینا paṭknī denā (पटकनी देना)–किसी को ज़ोर से ज़मीन पर पटकना, दीवार इत्यादि के विरुद्ध किसी को फेंकना. *(v)*–to dash one on the ground with violence, to throw against anything with force.

پٹکنی کھانا paṭkanī khānā (पटकनी खाना)–ज़मीन पर ज़ोर से गिराया जाना, धरती पर ज़ोर से गिरना. *(v)*–to be thrown down, to fall on the ground with force.

پٹنا paṭnā (पटना)–किसी काम के लिए रज़ामंद होना, किसी सुझाव को स्वीकार कर लेना, काफी अधिक संख्या में होना. *(v)*–to be roofed, to be settled, to be paid.

پٹنا piṭnā (पिटना)–किसी से पिटाई होना, किसी से मार खाना. *(v)*–to be beaten, to get a beating.

پٹو paṭṭū (पट्टू)–मोटा ऊनी कपड़ा. *(nm)*–a coarse woollen cloth.

پٹواری paṭvārī (पटवारी)–गांव की ज़मीन का हिसाब किताब रखने वाला, गांव की ज़मीन और उसके मालिक की पूरी जानकारी रखने वाला. *(nm)*–a village registrar or accountant, a keeper of the records and accounts of village land.

پٹوانا piṭvānā (पिटवाना)–किसी की पिटाई करवाना, *(v)*–to cause to be beaten.

پٹولی paṭolī (पटोली)–ऐसा व्यक्ति जो मोतियों को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پُتھ puth (पुठ)

एक डोरी में पिरोकर माला बनाता है. *(nm)*–a man who strings pearls, a broider.

پُتھ puth (पुठ)–उत्तेजना, पशुओं के पुठे का मांस. *(nm)*– excitement, the flesh of the hip joint of an animal.

پُٹھا puttha (पुट्ठा)–चूतड़, नितम्ब. *(nm)*–the buttock, rump, hip.

پٹھا patha (पट्ठा)–एक जवान पशु, युवक, एक युवा पहलवान. *(nm)*–a young full grown animal, a youth, a young wrestler.

پٹھان patthān (पट्ठान)–पश्चिम पाकिस्तान में रहने वाले कुछ क़बीले, सिपाही, लड़ाकू, बहादुर. *(nm)*–tribes inhabiting the north-west of West Pakistan, soldier, warrior.

پٹھو pitthū (पिट्ठू)–शिष्य, चेला, अन्ध-विश्वास करने वाला, सहयोगी , साथी, बच्चों का एक खेल जो कि रबड़ के गेंद के साथ खेला जाता है, बोझ ढोने वाला मजदूर. *(nm)*–a follower, a comrade, a supporter, a playmate, a game for children which is played with a rubber ball.

پٹھیا pathiya (पठिया)–पूर्ण विकसित स्त्री पशु, एक मुर्गी. *(nf)*–a young full-grown she animal, a young hen.

پٹّی pattī (पट्टी)–ज़ख्म पर बांधने वाली पट्टी, कपड़े का टुकड़ा जिसे पट्टी के रूप में इस्तेमाल किया जाए, एक मिठाई जो गुड़ और तिल से बनी होती है, बालों को काढ़ने से जो विभाजन रेखा बनती है उसे पट्टी कहते हैं, बच्चों की लिखने की पट्टी जिसे वह गाची से पोत कर उस पर कलम से लिखते हैं. *(nf)*–a bandage, a fillet, a strip of cloth used as a bandage, parting of the hair, a board to write on, a kind of sweetmeat.

پٹّی باندھنا pattī bāndhnā (पट्टी बांधना)–ज़ख्म पर पट्टी बांधना. *(v)*–to dress, to apply a bandage.

پٹّی دینا pattī dena (पट्टी देना)–चाल चलना, चालबाज़ी करना, धोखा देना. *(v)*–to cheat, to deceive, to play some trick.

پٹّی پڑھانا pattī parāna (पट्टी पढ़ाना)–नसीहत देना, मार्ग-दर्शन करना, किसी के खिलाफ भड़काना, उत्तेजित करना. *(v)*–to advise, to counsel, to coax, to seduce.

پٹّیاں جمانا pattiyān jamāna (पट्टियां जमाना)–सर के बालों को कनपटियों तक बढ़ाना. *(v)*–to paste the hair down on the temple.

پٹیل patel (पटेल)–गांव का मुखिया, गुजरात में पाई जाने वाली एक उपजाति, मराठों में दी जाने वाली एक पदवी. *(nm)*–the headman of a village, a sub-caste of Gujaratis, a title of Marhattas.

پُٹین putīn (पुटीन)–हलवे जैसा एक खाद्य पदार्थ. *(nf)*– pudding.

پُجارن pujāran (पुजारन)–महिला पुजारी, पूजा करने वाली. *(nf)*–a female worshiper, a priestess.

پُجاری pujārī (पुजारी)–पूजा करने वाला, मन्दिर का पुजारी, भक्त. *(nm)*–a priest, a worshipper.

پُجنا pujnā (पुजना)–जिस की पूजा की जाए. *(v)*–to be worshipped.

پیچ paic (पैच)–सहयोग, सहायता, सुरक्षा. *(nm)*–support, defence, protection.

پیچ کرنا paic karnā (पैच करना)–रक्षा करना, सहायता करना, सहयोग देना, किसी का समर्थन करना. *(v)*–to defend, to support, to take one's side.

پچاس pacās (पचास)–पचास की संख्या. *(adj)*–fifty.

پچاسواں pacāsvān (पचासवां)–क्रम में पचासवें नम्बर पर. *(adj)*–fiftieth.

پچاسی pacāsī (पचासी)–पचासी की संख्या. *(adj)*–eighty-five.

پچانا pacānā (पचाना)–हज़्म करना, डकार जाना. *(v)*– assimilate, to digest.

پچانوے pacānve (पचानवे)–पचानवे की संख्या. *(adj)*– ninety-five.

پچاؤ pacāv (पचाव)–पाचन शक्ति. *(nm)*–assimilation, digestion.

پچ پچا pacpacā (पचपचा)–नर्म, गीला, गीलापन लिए हुए, आर्द्र. *(adj)*–flabby, soft, clammy, watery, moist.

پچپن pacpan (पचपन)–पचपन की संख्या. *(adj)*–fifty-five.

پچّر paccar (पच्चर)–जोड़, किसी छिद्र को भरने के लिए लकड़ी का टुकड़ा ठोंकना. *(nf)*–a slip of

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wood used to fill up a crack or opening.

پچر لگانا paccar lagānā (पच्चर लगाना)–किसी छिद्र या खाली जगह को भरने के लिए लकड़ी का टुकड़ा लगाना, जोड़ लगाना. *(v)*–to insert a slip of wood, to wedge in, to put in a wedge.

پچرنگا pacrangā (पचरंगा)–पाँच रंगों से युक्त, कई रंगों से मिलकर बना हुआ. *(adj)*–five-coloured.

پچکارنا puckārnā (पुचकारना)–शाबाशी देना, पीठ ठोकना, हिम्मत बढ़ाना. *(v)*–to coax, to pat, to caress, to stroke.

پچکاری puckārī (पुचकारी)–पुचकार, शाबाशी, बढ़ावा. *(nf)*– patting, caressing.

پچکاری pickārī (पिचकारी)–पंप जिसमें पानी भरा जाता है और होली पर इस से रंग खेला जाता है. *(nf)*–a syringe, a squirt.

پچکاری دینا pickārī denā (पिचकारी देना)–पेट में पानी चढ़ाना. *(v)*– to apply clyster.

پچکاری لینا pickārī lenā (पिचकारी लेना)–एनीमा लेना. *(v)*–to take an enema.

پچکاری مارنا pickārī mārnā (पिचकारी मारना)–किसी पर पिचकारी से पानी या रंग फेंकना. *(v)*–to discharge water from a syringe.

پچکنا picaknā (पिचकना)–आकार में छोटा हो जाना. *(v)*–to be squeezed, to be shrivelled.

پچ میل pac-mel (पच-मेल)–पाँच प्रकार की वस्तुओं का मिश्रण. *(nm)*–a collection or mixture of five things.

پچنا pacnā (पचना)–हज़्म होना. *(v)*–to be consumed, to be digested.

پچھاڑ pachāṛ (पछाड़)–पीठ के बल गिरना. *(nf)*–a fall on the back, falling back in a swoon, throwing down.

پچھاڑنا pachāṛnā (पछाड़ना)–किसी को पीठ के बल गिराना, किसी पर विजय प्राप्त करना. *(v)*–to throw one down on back, to give one a fall, to overcome.

پچھاڑی pichāṛī (पिछाड़ी)–पिछला भाग, रस्सी जिससे घोड़े के पिछले पैर बाँधे जाते हैं, पिछली तरफ. *(nf)*–the rear, the rope by which a hors's hind legs are tied, *(adv)* in the rear, behind.

پچھاڑی مارنا pichāṛī mārnā (पिछाड़ी मारना)–पीछे से हमला करना, घोड़े द्वारा पिछली टांगों से दुलत्ती झाड़ना. *(v)*–to attack from behind, to kick with hind legs by horse.

پچھتانا pachtānā (पछताना)–अपने किसी कर्म पर दुख प्रकट करना, अफसोस होना, पश्चात्ताप करना. *(v)*–to regret, to grieve, to repent.

پچھتاوا pachtāvā (पछतावा)–पश्चात्ताप, दुख, अफसोस. *(nm)*–repentance, regret, grief, sorrow, pentinence.

پچھتر pacchttar (पच्छत्तर)–पच्छत्तर की संख्या. *(adj)*– seventy-five.

پچھڑنا pachaṛnā (पछड़ना)–पछाड़ खा कर गिरना, पीठ के बल गिरना, पीछे हट जाना, पीछे रह जाना, असफल हो जाना. *(v)*–to fall back, to tumble down, to lag behind, to fail.

پچھلا pichlā (पिछला)–पीछे रहने वाला, पीछे का भाग, अन्तिम, धीरे धीरे आने वाला. *(adj)*– latter, late, last, back, hindermost.

پچھلا پہر pichlā pahar (पिछला पहर)–दिन या रात का पिछला पहर, वृद्ध अवस्था. *(nm)*–the last quarter of the day or night, old age.

پچھلے پاؤں پھرنا pichle pānv phirnā (पिछले पांव फिरना)–किसी जगह पर पहुँच कर तुरन्त वहां से लौट आना, जाने के बाद उलटे पांव लौट आना. *(v)*–to retrace one's steps immediately, to return from a place the moment one reaches it.

پچھل پائی pichal pāī (पिछल पाई)–महिला जिसके पैर उलटे हैं, चुड़ैल, डायन. *(nf)*–a woman with inverted feet, a witch.

پچھم pashcim (पश्चिम)–पश्चिम की दिशा, पश्चिम में बसे देश. *(nm)*–west, countries situated in the west.

پچھمی pashcimī (पश्चिमी)–पश्चिम से सम्बन्धित या पश्चिमी देश. *(adj)*–western.

پچھنا pachnā (पछना)–शरीर पर बेल-बूटा या अन्य निशान गुदवाना, गोदने का काम करने वाला यंत्र. *(nm)*–tatooing, inoculating, scarifying, a scarificator (name of an instrument).

پچھوا pachvā (पछवा)–पश्चिम से आने वाली हवा. *(nf)*– western wind.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پچھواڑا pichvāṛa (पिछवाड़ा)

پچھواڑا pichvāṛa (पिछवाड़ा)–मकान का पिछला भाग, पिछली ओर का आंगन. *(nm)*–the rear, the backpart, hind quarter, backyard.

پچھوانا puchvānā (पुछवाना)–किसी से पता करना, जानकारी लेना. *(v)*–to cause to ask, to make enquiry.

پچھوت pichūt (पिछूत)–बहुत देर से बोई गई फसल, मकान की पिछवाड़ी. *(nm)*–a crop sown very late, back of a house.

پچھیت pachait (पछैत)–मकान की पिछवाड़ी, मकान के पिछले हिस्से में. *(nf)*–the back of the house, a compound in the rear of the house.

پچی paccī (पच्ची)–जुड़ी हुई, साथ लगी हुई. *(adj)*–attached, joined.

پچی کاری paccīkārī (पच्चीकारी)–पैच लगाना, किसी चीज को जोड़ना. *(nf)*–patching.

پچی کرنا paccī karnā (पच्ची करना)–जोड़ना. *(v)*–to fix, to join.

پچی ہونا paccī honā (पच्ची होना)–जुड़ना, लगाव होना, किसी की ओर आकर्षित होना, किसी से प्यार हो जाना. *(v)*–to be struck together as with a glue, to be strongly attached by love, to be joined, to be squeezed.

پچیس paccīs (पच्चीस)–पच्चीस की संख्या. *(adj)*–twenty-five.

پچیسواں paccīsvān (पच्चीसवां)–क्रम में पच्चीसवां. *(adj)*–twenty-fifth.

پچیسی paccīsī (पच्चीसी)–एक खेल जो कौड़ियों से खेला जाता है. जिस तरह पासे में सर्वाधिक संख्या 6 होती है इसमें 25 होती है, इसी लिए इसे पच्चीसी कहते हैं. आजकल सर्वाधिक संख्या 30 हो गई है. *(nf)*–a game played with *kauri* (कौड़ी) instead of dice, and so named from the highest throw, which is twenty five (now a days thirty).

پخ pakh (पख)–कठिनाई, मुश्किल, रुकावट, शोर, हंगामा, गड़बड़. *(nf)*–trouble, difficulty, tumult, noise, hindrance.

پخال pakhāl (पखाल)–चमड़े का एक बड़ा थैला जो कि पानी ले जाने के काम आता है. *(nm)*–a large leather bag for carrying water.

پختگی pukhtagī (पुख़्तगी)–मज़बूती, प्रगति, दृढ़ता, शक्ति. *(nf)*– ripeness, maturity, firmness, strength, development.

پخت و پز pukhto puz (पुख़्तो पुज़)–पूर्ण व्यवस्था, पूरी रज़ामंदी. *(nf)*– complete settlement, full arrangement.

پختہ pukhtā (पुख़्ता)–पक्का, मज़बूत, पका हुआ, माहिर, बुद्धिमान, जानकार, अनुभवी. *(adj)*–strong, solid, mature, expert, wise, well made, experienced.

پختہ کار pukhtākār (पुख़्ताकार)–मज़बूत, सुदृढ़, अनुभवी, माहिर, बुद्धिमान. *(adj)*– strong, solid, experienced, mature.

پختہ کاری pukhtākārī (पुख़्ताकारी)–अनुभव, बुद्धिमता, ठोस कार्यप्रणाली. *(nf)*– experience, solid workmanship.

پختہ کرنا pukhtā karnā (पुख़्ता करना)–पक्का करना, मज़बूत करना, पकाना (फल इत्यादि). *(v)*–to make strong and solid, to ripen.

پختہ ہونا pukhtā honā (पुख़्ता होना)–मज़बूत होना, सुदृढ़ होना, निश्चित होना, अपनी बात पर पक्का रहना. *(v)*–to be definite, to be strong, to be firm.

پدا pidda (पिद्दा)–एक भूरे रंग की छोटी चिड़िया जोकि भारत में पाई जाती है. *(nm)*–the brown-backed Indian robin.

پدر pidar (पिदर)–पिता, वालिद, बाप. *(nm)*–father.

پدر سوختہ pidar sokhtā (पिदर सोख़्ता)–बदमाश, नीच, साज़िशी, षड़यंत्रकारी. *(adj)*–rogue, scoundrel.

پدرکشی pidarkushī (पिदरकुशी)–पिता की हत्या. *(nf)*–patricide.

پدرم سلطان بود pidaram sultān būd (पिदरम सुल्तान बूद)–'मेरे पिता जी राजा थे' ऐसा कहकर अपने पुर्खों के बारे में शेखी मारना. *(prov)*–my father was a king, (used when one boasts of having great ancestors).

پدرانہ pidrānā (पिदराना)–पिता के समान, पिता जैसा. *(adj)*–father-like, paternal.

پدم padam (पद्म)–कमल का फूल, एक संख्या जहाँ तक गिनती करना भी बहुत मुश्किल है. *(adj &*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

nm)–the lotus flower, one thousand million.

پدمنی padminī (पद्मिनी)–समस्त स्त्री जाति को गुणों व सौंदर्य के आधार पर चार श्रेणियों में बाँटा गया है जिन में से पद्मिनी सर्वश्रेष्ठ है. *(nf)*–a woman of the most excellent order, a most beautiful and charming woman.

پدو یا پدوڑا piddū yā pidauṛā (पिद्दू या पिदौड़ा)–डरपोक, बहुत जल्दी डर जाने वाला, डर कर भाग जाने वाला. *(adj)*–one easily frightened, a coward, addicted to farting.

پذیر pazīr (पज़ीर)–लेना, प्राप्त करना, अधिकार जमाना, स्वीकार करना. *(adj)*–taking, receiving, admitting, being possessed of.

پذیرائی pazīrāī (पज़ीराई)–स्वीकृति, प्राप्ति, मनोरंजन. *(nf)*–acceptance, reception, entertainment.

پر par (पर)–दूर, दूसरा, अजीब. *(adj)*–distant, remote, far, other, beyond, used as *parlok* (परलोक) the next world.

پر par (पर)–लेकिन, ऊपर. *(prep)*–on, upon, on the point of, above, through, after.

پر par (पर)–पंख. *(nm)*–feather, quill, wing, pinion.

پرافشاں par aphshān (पर अफशां)–पर फैलाते हुए व हिलाते हए, परेशान, चिन्ता में डूबा हुआ. *(adj)*–expanding or shaking the wings, anxious, perturbed, disturbed.

پر باندھنا par bāndhnā (पर बांधना)–किसी के पंख बांध देना, किसी को असहाय और असमर्थ बना देना, कमज़ोर कर देना, सहायता बन्द कर देना. *(v)*–to bind the wings, to render helpless, to weaken, to withdraw help.

پر پرزوں سے درست ہونا par purzon se durust honā (पर पुर्ज़ों से दुरुस्त होना)–तैयार होना, किसी काम को करने के लिए सक्षम और समर्थ होना. *(v)*–to be ready, to be fully equipped.

پر ٹوٹنا یا جلنا par ṭūṭnā yā jalnā (पर टूटना या जलना)–बिना पंखों के होना अर्थात बिना शक्ति के होना, असमर्थ एवं असहाय हो जाना, किसी जगह पहुँच न हो पाना. *(v)*–to be without power, without ability or help, to be rendered helpless.

پر جھاڑنا یا گرانا par jhāṛnā yā girānā (पर झाड़ना या गिराना)–पुराने पंखों का गिर जाना व नये पंखों का उगना. *(v)*–to shed feathers, to moult, to get new feathers after moulting.

پردار par dār (पर दार)–पंखों वाला. *(adj)*–winged.

پر شکستہ par shikastā (पर शिकस्ता)–जिसके पंख काट दिये गए हों, जिसे असमर्थ बना दिया गया हो, जो कमज़ोर हो गया हो, जो शक्तिहीन हो गया हो. *(adj)*– distressed, afflicted, disabled.

پر قینچ کرنا par kainc karnā (पर कैंच करना)–पंख काट देना, असहाय बना देना, असमर्थ कर देना. *(v)*–to cut off feathers, to disable, to render helpless.

پر کا قلم par kā kalam (पर का कलम)–पंख से बनाया गया कलम. *(nm)*–a quill pen.

پر لگنا par lagnā (पर लगना)–उड़ने के योग्य होना, शेखी मारना, अपने सामर्थ्य से बाहर की बात करना. *(v)*–to be able to fly, to boast, to brag.

پر مارنا par mārnā (पर मारना)–आकाश में उड़ना, ऊँची ऊँची बातें करना. *(v)*–to flutter, to fly, to have access, to approach.

پر نکالنا par nikālnā (पर निकालना)–अपने छिपे हुए गुणों को प्रकट करना, अपनी प्रशंसा आप करना, शेखी मारना. *(v)*–to display hidden qualities, to give oneself airs.

پُر pur (पुर)–पूरा, सम्पूर्ण, शक्ति से भरपूर. *(adj)*–full, complete, loaded, charged.

پُر پیچ pur pec (पुर पेच)–पेचदार, घुमावदार, जो सीधा नहीं है, कठिन. *(adj)*–complicated, difficult, not straight.

پُر خطر pur khatar (पुर ख़तर)–ख़तरे से भरा हुआ. *(adj)*–risky, hazardous.

پُر درد pur dard (पुर दर्द)–दर्द से भरा हुआ, दर्दनाक. *(adj)*– painful, sorrowful.

پُر سوز pur soz (पुर सोज़)–जलता हुआ. *(adj)*–burning, lighted, blazing.

پُر ملال pur malāl (पुर मलाल)–उदास, अफसोसनाक. *(adj)*– very sad, sorrowful.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پرا para (परा)

پرا para (परा)–रुतबा, औहदा, सेना की टुकड़ी, पशुओं का समूह. *(nm)*–rank, file, troops, a herd of animals.

پراپیگنڈا prāpegendā (प्रापेगेंडा)–प्रचार, मशहूरी, घोषणा, विज्ञापन, इश्तिहारबाज़ी. *(nm)*–publicity, announce- ment, propaganda.

پرات parāt (परात)–पीतल की बड़ी प्लेट जिसमें आटा गूंधा जाता है, सुबह का समय, सूर्य निकलने का समय, प्रातः काल. *(nf)*–a large plate of brass, early morning, dawn.

پراٹھا parāṭhā (पराठा)–स्वादिष्ट रोटी जिसे घी या मक्खन से बनाया गया हो और जिस की कई परतें हों. *(nm)*–a tasty bread made with ghee or butter, and of several layers.

پراچین prācīn (प्राचीन)–पुरानी, पुराने समय की, जो नवीन नहीं है. *(adj)*– old, ancient, eastern.

پرارتھنا prārthnā (प्रार्थना)–निवेदन, पूजा. *(nf)*–prayer, supplication, request, petition.

پراکرت بھاشا prākrat bhāṣā (प्राकृत भाषा)–एक प्रान्तीय बोली जो कि संस्कृत से निकली हुई है. *(nf)*–a provincial dialect of Hindi language.

پراگندگی parāgandagī (परागंदगी)–मानसिक परेशानी, चिन्ता, उदासी. *(nf)*–disturbance of mind, distracted, separation, confusion.

پراگندہ parāgandā (परागंदा)–परेशान, चिंतित, उदास. *(adj)*– scattered, routed, distracted, disturbed, confused.

پران purāṇ (पुराण)–हिन्दुओं की पुरानी धार्मिक पुस्तकें, पुराण संख्या में 18 हैं. *(nm)*–legendary and traditional ancient history, sacred works (eighteen in number).

پران prāṇ (प्राण)–सांस, दम, आत्मा, प्रेरणा. *(nm)*–breath, soul, life, inspiration, spirit.

پران چھوٹنا prāṇ chūṭnā (प्राणं छूटना)–हिम्मत हार जाना, होशो- हवास खो देना, मृत्यु हो जाना. *(v)*–to be discouraged, to lose senses, to die.

پران چھوڑنا prāṇ choṛnā (प्राण छोड़ना)–हिम्मत हार जाना, अन्तिम सांस लेना. *(v)*–to lose heart, to breath one's last.

پرانا/پرانی purānā/purānī (पुराना/पुरानी)–बीते समय की, पिछले समय की, जो नयी नहीं है. *(adj)*–old, stale, time worn, ancient, out of date, experienced.

پرانا خرانٹ/گھاگ purānā khrrānt/ghāgh (पुराना खर्राट/घाघ)– अनुभवी, चालाक, चतुर, तजुर्बेकार, निपुण. *(adj)*– experienced, crafty, old timer.

پُرانے لوگ purāne log (पुराने लोग)–पुराने समय के लोग, बूढ़े लोग, पुराने नौकर. *(nm)*–old people, old servants.

پرانے مردے اکھیڑنا purāne murde ukheṛnā (पुराने मुर्दे उखेड़ना)–पुराने झगड़ों को फिर से शुरू करना. *(v)*–to bring forward the old complaints.

پرائیویڈنٹ فنڈ prāvīdent phand (प्रावीडेंट फंड)–कर्मचारियों को मिलने वाला एक लाभ जिसमें वेतन का दस प्रतिशत जमा होता है और उतनी ही रक़म सरकार या मालिक जमा करवाता है जो सेवा-निवृत्त होने पर व्याज सहित कर्मचारी को मिल जाती है. *(nm)*–a provident fund, a benefit to govt. or private servants.

پرائمری prāīmarī (प्राईमरी)–शुरुआती, प्रारंभिक. *(nm)*–basic, primary.

پرائم منسٹر prāīm minister (प्राईम मिनिस्टर)–प्रधानमंत्री. *(nm)*–Prime Minister.

پیپ pīp (पीप)–पस, फोड़े इत्यादि में पीप पड़ जाना. *(nf)*–pus, matter .

پیپ پڑنا pīp paṛnā (पीप पड़ना)–*(v)*–to become mattery.

پیپا pīpā (पीपा)–टीन या लोहे का चकोर बरतन जिस में सामान इत्यादि रखा जाता है. *(nm)*–cask, barrel, butt.

پیپل pīpal (पीपल)–एक पेड़ जो बहुत ऊँचा होता है और काफी वर्षों तक बना रहता है, हिन्दू इसकी पूजा करते हैं. *(nm)*–a tree, long pepper.

پیت pīt (पीत)–प्यार, मुहब्बत, चाहत, पीला. *(nf)*–love, affection, (adj) yellow, pale.

پیت کی ریت نرالی ہے pīt kī rīt nirālī hai (पीत की रीत निराली है)–प्यार किसी रीति रिवाज का मुहताज नहीं है. *(prov)*–strange are the ways of love.

پیت نہ جانے جات کجات pīt na jāne jāt kujāt (पीत न जाने जात कुजात)– प्यार करने वाले जाति या धर्म को नहीं जानते. *(prov)*– love is blind, love knows no rank or dignity.

پیت کریں سو باورے pīt karen so bāvre (पीत करें सो बावरे)–जो प्यार करते हैं वह पागल होते हैं. *(prov)*–no folly like being in love.

پیترا paitrā (पैतरा)–कुश्ती लड़ते समय पहलवान जो चाल चलते हैं वह पैतरा कही जाती है. *(nm)*–the skilful movements at the time of

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wrestling.

پیترا بدلنا paitrā badalnā (पैतरा बदलना)–कुश्ती जीतने के लिए कुश्ती लड़ने का तरीका बदलना. *(v)*–to change tactics or skilful movements at the time of wrestling in order to win wrestling.

پیتل pītal (पीतल)–एक धातु जिस के बरतन बनते हैं. *(nm)*–brass.

پیتم pītam (पीतम)–पति, प्रेमी, सब से प्यारा. *(nm)*–husband, lover, most beloved, a sweetheart.

پیٹ peṭ (पेट)–शरीर का एक भाग जिस में खाना पचता है, उदर, औरत की कोख, जिस में बच्चा पैदा होने से पहले पलता है. *(nm)*–belly, stomach, womb, pregnancy.

پیٹ اپھرنا peṭ apharnā (पेट अफरना)–पेट में सूजन होना. *(v)*– swelling in the belly.

پیٹ باندھنا peṭ bāndhnā (पेट बांधना)–शरीर की ज़रूरत से थोड़ा खाना, अपने आप को भोजन से वंचित रखना, भूखे रहना, फ़ाके करना. *(v)*–to eat less than one's appetite demands, to stint oneself of food.

پیٹ بجانا peṭ bajānā (पेट बजाना)–प्रसन्नता व्यक्त करना. *(v)*–to feel very happy.

پیٹ بھر peṭ bhar (पेट भर)–भर पेट, इतना ही भोजन जितने की पेट को आवश्यकता हो. *(adv)*–bellyful.

پیٹ بھرنا peṭ bharnā (पेट भरना)–भोजन करना, सन्तुष्ट होना. *(nm)*–to fill belly, to be satisfied.

پیٹ بولنا peṭ bolnā (पेट बोलना)–पेट से गड़-गड़ की आवाजें आना. *(v)*–rumbling of the stomach.

پیٹ بھاری ہونا peṭ bhārī honā (पेट भारी होना)–अपच की शिकायत, होना *(v)*–to suffer from indigestion.

پیٹ پالنا peṭ pālnā (पेट पालना)–बड़ी मुश्किल से गुज़ारा करना, स्वार्थी होना. *(v)*–to live from hand to mouth, to be selfish.

پیٹ پھولنا peu phūlnā (पेट फूलना)–औरत का गर्भवती होना, पेट में सूजन होना. *(v)*–to be agitated, swelling of the belly, to be in the family way.

پیٹ چپاتی ہو جانا peṭ capātī ho jānā (पेट चपाती हो जाना)–बहुत भूका होना. *(v)*–to be hungry.

پیٹ چلنا peṭ calnā (पेट चलना)–दस्त हो जाना, पेट ख़राब हो जाना. *(v)*–to be purged, to have flux or diarrhoea.

پیٹ دکھانا peṭ dikhānā (पेट दिखाना)–अपनी भूख को प्रकट करना, रोटी की भीख मांगना, अपनी गरीबी का प्रदर्शन करना. *(v)*–to beg for food, to complain of hunger and poverty.

پیٹ رہنا peṭ rahnā (पेट रहना)–गर्भवती होना, गर्भ ठहरना. *(v)*–to be pregnant, to be conceived.

پیٹ سب کچھ سکھا لیتا ہے peṭ sab kuch sikhā letā hai (पेट सब कुछ सिखा लेता है)–आदमी की ज़रूरतें उसे सब कुछ सिखा देती हैं. *(prov)*–the belly teaches all arts.

پیٹ سے peṭ se (पेट से)–गर्भवती होना. *(v)*–to be pregnant.

پیٹ سے ہونا peṭ se honā (पेट से होना)–गर्भवती होना, गर्भ ठहरना. *(v)*–to be pregnant, to be in the family way.

پیٹ سے پاؤں باہر نکالنا peṭ se pānv bāhar nikālnā (पेट से पांव बाहर निकालना)–अपनी सीमा का उल्लंघन करना, सीमा से बाहर जाना, अपनी औक़ात दिखाना. *(v)*–to go one's bounds, to cross the limit, to show one's capacity, to show one's claws.

پیٹ کاٹنا peṭ kāṭnā (पेट काटना)–कंजूसी करना, अपनी आवश्यकताओं को सीमित करना, कम भोजन करना या भूखे रहना. *(v)*–to starve one's self, to pinch one's belly, to deprive one of livelyhood, to save money, to be miser, not to waste money.

پیٹ کا کتا peṭ kā kuttā (पेट का कुत्ता)–लालची, लोभी, पेटू, बहुत अधिक खाने वाला. *(nm)*–a greedy person, who thinks always about his belly, glutton.

پیٹ کا ہلکا peṭ kā halkā (पेट का हलका)–जो किसी गुप्त बात को पचा न सके, जो किसी रहस्य को अपने तक सीमित न रख सके. *(adj)*–one who is unable to keep a secret.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پیٹ کی آگ **pet kī āg** (पेट की आग)—भूख, लालसा, इच्छाएँ. *(nf)*–hunger, daily needs.

پیٹ کی آگ بجھانا **pet kī āg bujhānā** (पेट की आग बुझाना)—पेट की आग (भूख) को शान्त करने के लिए कुछ खाना. *(v)*–to eat something, to fill the belly.

پیٹ کی کھرچن **pet kī khurcan** (पेट की खुरचन)—किसी महिला का अन्तिम बच्चा, सब से छोटा बच्चा. *(nf)*–the last child of a woman.

پیٹ گرانا **pet girānā** (पेट गिराना)—गर्भ गिराना, गर्भपात कराना. *(v)*– miscarriage, to cause an abortion.

پیٹ گرنا **pet girnā** (पेट गिरना)—गर्भ गिर जाना, गर्भपात होना. *(nm)*–to miscarry, to abort.

پیٹ میں چوہے دوڑنا **pet main cūhe dauṛnā** (पेट में चूहे दौड़ना)—बहुत भूख लगना. *(v)*–to be very hungry.

پیٹ والی **pet vālī** (पेट वाली)—गर्भवती, गर्भ से. *(nf)*– pregnant.

پیٹا **peṭā** (पेटा)—दूरी, फासिला, नदी की चौड़ाई, नदी का रास्ता, कपड़े की चौड़ाई, शक्ति, पुस्तक में छपी सामग्री. *(nm)*–distance, span, breadth of a river, breadth of cloth, course of a river.

پٹ پٹ کر **piṭ piṭ kar** (पिट पिट कर)—बहुत कठिनाई के बाद, बहुत पिटने के बाद. *(adv)*– with great difficulty, after a severe beating.

پیٹنا **pīṭnā** (पीटना)—सज़ा देना, ताड़ना, पिटाई करना. *(nm)*–to punish, to beat, to dash, to lament.

پیٹو **peṭū** (पेटू)—बहुत अधिक खाने वाला, जिसे बहुत भूख लगती हो, जो हमेशा पेट के बारे ही सोचता हो. *(adj)*–gluttonous.

پیٹھ **pīṭh** (पीठ)—कमर, पिछला भाग, शक्ति, सहायता. *(nf)*–the back, the back part, support.

پیٹھ پر ہاتھ پھیرنا **pīṭh par hāth phernā** (पीठ पर हाथ फेरना)—हौसला बढ़ाना, हिम्मत बंधाना, शाबाशी देना, पीठ थपथपाना. *(v)*–to encourage, to pat on the back.

پیٹھ پر ہونا **pīṭh par honā** (पीठ पर होना)—सहायता करना, मदद करना. *(v)*–to support, to help.

پیٹھ پھیرنا **pīṭh phernā** (पीठ फेरना)—मुँह मोड़ लेना, हार मान लेना, पराजित हो जाना, नौ दो ग्यारह हो जाना. *(v)*–to withdraw, to turn back, to take flight, to flee.

پیٹھ پیچھے **pīṭh pīche** (पीठ पीछे)—किसी की गैर मौजूदगी में, किसी के पीछे. *(adv)*–in the absence of, behind one's back.

پیٹھ پیچھے کہنا **pīṭh pīche kahnā** (पीठ पीछे कहना)—चुग़ली करना, किसी की बुराई करना, किसी की पीठ पीछे कुछ कहना. *(v)*–to back-bite, to talk against one behind one's back.

پیٹھ ٹھوکنا **pīth ṭhoknā** (पीठ ठोकना)—हिम्मत बढ़ाना, हौसला बढ़ाना, कोई काम करने के लिए प्रेरित करना. *(v)*–to encourage, to support, to help.

پیٹھ دکھانا **pīṭh dikhānā** (पीठ दिखाना)—भाग जाना, मुँह मोड़ लेना, पराजय स्वीकार कर लेना. *(v)*–to run away, to turn tail.

پیٹھ دینا **pīṭh denā** (पीठ देना)—मुँह मोड़ लेना, वहां से चले जाना, पराजय स्वीकार कर लेना, निराश होना. *(v)*–to turn away, to depart, to shrink from.

پیٹھ لگانا **pīṭh lagānā** (पीठ लगाना)—कुश्ती जीतने के लिए विरोधी की पीठ लगानी आवश्यक होती है. *(v)*–to throw down on back to win wrestling.

پیٹھا **peṭhā** (पेठा)—पेठा एक सब्ज़ी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है लेकिन इसकी मिठाई भी बनती है. *(nm)*–a vegetable, also a sweetmeat.

پیٹی **peṭī** (पेटी)—कमर पर बांधने वाली पेटी, लोहे का बड़ा सन्दूक, बहुमूल्य वस्तुएं और नकदी रखने के लिए लोहे की मज़बूत पेटी, एक लाख रुपये की रकम को पेटी कहते हैं. *(nf)*–a belly band, belt, a casket, a box, an iron safe, cash amount of Rs. one lakh.

پیٹی اتارنا **peṭī utārnā** (पेटी उतारना)—किसी को नौकरी से बरखास्त कर देना (सिपाही इत्यादि को). *(v)*–to suspend or terminate (a police constable) etc.

پیٹی اُترنا **peṭī utarnā** (पेटी उतरना)—सिपाही इत्यादि की नौकरी चली जाना, बेकार हो जाना. *(nm)*–to be suspended or terminated.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پی جانا pī jānā (पी जाना)–गुस्से को पी जाना, किसी अपमान की बात को पी जाना, पानी पी जाना, किसी की रकम न लौटाना. *(v)*–to suppress anger, to bear patiently, to drink, to absorb, not to pay back the amount to some one.

پیجامہ paijāmā (पैजामा)–पाजामा, शरीर के निचले हिस्से और टांगों को ढकने वाला एक वस्त्र. *(nm)*–trousers.

پیچ pec (पेच)–घुमावदार बात या चीज़, किसी चीज़ को कसने के लिए लगाया जाने वाला पेच, घुमावदार कील, समस्या, उलझन, परेशानी, जो बात सीधी और स्पष्ट न हो, टेढ़ी और घुमावदार बात करने वाला व्यक्ति. *(nm)*–a screw, twist, perplexity, a coil, a plait, difficulty, trouble, complication, a man who is not straight forward, a trick in wrestling.

پیچ پڑنا pec paṛnā (पेच पड़ना)–कोई समस्या उठ खड़ी होना, उलझन आ पड़ना, किसी काम में रुकावट आ जाना, परेशानी पैदा हो जाना. *(nm)*–to occur as an obstacle, to be entangled, to become intricate.

پیچ دار pecdār (पेचदार)–घुमावदार, उलझन भरा, रुकावट, समस्या भरा. *(adj)*–twisted, coiled, spiral, intricate, complicated, winding.

پیچ در پیچ pec dar pec (पेच दर पेच)–उलझन, समस्या, रुकावट, स्पष्ट एवं सीधी बात न कहना. *(adv)*–coil within coil, complicated, complex, entangled.

پیچ ڈالنا pec ḍālnā (पेच डालना)–रुकावट डालना, बात को उलझा देना, समस्या पैदा करना. *(nm)*–to entangle, to create a problem, to throw obstacle in the way.

پیچ کش pec kash (पेच कश)–पेच को कसने का यंत्र. *(nm)*–a screw driver.

پیچ کھولنا pec kholnā (पेच खोलना)–समस्या को सुलझाना, बिगड़ी बात को बनाना, रहस्य प्रकट करना. *(v)*–to straighten the things, to solve the problem, to disclose a secret, to untwist the screw.

پیچ کھیلنا pec khelnā (पेच खेलना)–किसी बात को उलझा देना, समस्या पैदा कर देना, किसी के विरुद्ध कोई चाल चलना, किसी को धोखे में रखना. *(v)*–to play a trick, to deceive, to create a problem, to put an obstacle in the way.

پیچ لڑانا pec laṛānā (पेच लड़ाना)–अपने विरोधी की पतंग को उलझा देना. *(v)*–to entangle the string of an adversary's kite.

پیچ و تاب کھانا pec o tāb khānā (पेच ओ ताव खाना)–गुस्सा करना, मन ही मन उत्तेजित होना, किसी को हानि पहुँचाने की योजना बनाना, किसी से बदला लेने के बारे में सोचना. *(v)*–to writhe, to be vexed, to suffer distress, to twist or twine.

پیچ و خم peco kham (पेचो खम)–उलझन, समस्या, परेशानी. *(nm)*– perplexity, difficulty, trouble.

پیچش pecish (पेचिश)–पेट में भयंकर पीड़ा होना, खूनी दस्त लगना. *(nf)*–contortion, colic pains, dysentery.

پیچک pechak (पेचक)–गोला, धागे का गोला. *(nm)*–a ball, a skein of thread.

پیچوان pechvān (पेचवान)–घुमावदार, हुक्का जिस में हुक्का पीने वराली नली रबड़ की होती है. *(adj)*–twisted (nm) a kind of huqqa with flexible and twistable pipe.

پیچھ pīch (पीछ)–जिस पानी में चावल उबाले जाते हैं उसे चावलों से अलग कर लिया जाता है. इसी पानी को पीछ कहते हैं. *(nf)*–rice gruel, water in which rice is boiled.

پیچھا pīchā (पीछा)–किसी चीज़ का पिछला भाग, अतीत, भूतकाल, पीछा करना, पीछे रहना. *(nm)*–the hinder part, the rear, persecution, following, past.

پیچھا بھاری ہونا pīchā bhārī honā (पीछा भारी होना)–पीछे किसी दुश्मन का होना, किसी अमीर व प्रभावशाली परिवार का सदस्य होना. *(v)*–to be pursued, to have an enemy in the rear, to belong to a wealthy and respectable family.

پیچھا چھڑانا pīchā chuṛānā (पीछा छुड़ाना)–किसी से बचना, किसी से दूर चले जाना, आज़ाद होना. *(v)*–to get away from, to get rid of, to be free.

پیچھا چھوٹنا pīchā chūṭnā (पीछा छूटना)–किसी से अलग हो जाना, आज़ाद हो जाना, किसी के अधिकार-क्षेत्र से बाहर हो जाना. *(v)*–to be free,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

to be rid of.

پیچھا چھوڑنا pīchā choṛnā (पीछा छोड़ना)–आज़ाद कर देना, अपने से अलग कर देना. *(v)*–to let alone, to give over.

پیچھا کرنا pīchā karnā (पीछा करना)–पीछे पीछे आना, किसी की गतिविधियों की जानकारी रखना. *(v)*–to pursue, to follow, to chase.

پیچھا نہ چھوڑنا pīchā na choṛnā (पीछा न छोड़ना)–पीछे लगा रहना, पीछे पीछे चलते रहना, किसी को न भुलाना. *(v)*–to pursue, not to give up.

پیچھے pīche (पीछे)–किसी की अनुपस्थिति में, पीठ पीछे, बाद में, मकान के पिछले भाग में, एक के बाद दूसरा, मृत्यु के बाद. *(nm)*–in the absence of, behind, in the rear, afterwards, after the death.

پیچھے آنا pīche ānā (पीछे आना)–पीछे पीछे आना, देर से आना, किसी के पीछे आना, मकान के पिछले भाग में आना. *(v)*–to follow, to ensue, to come late, to come in the rear part of the house.

پیچھے پڑنا pīche paṛnā (पीछे पड़ना)–परेशान करना, कोई चीज़ प्राप्त करने के लिए ज़िद करना, किसी बात पर अड़ जाना. *(v)*–to torment, to persecute, to pursue.

پیچھے پیچھے pīche pīche (पीछे पीछे)–एक के पीछे दूसरा, लगातार, क्रम में, एक दूसरे के पीछे, पंक्ति में. *(adv)*–one after another, behind, in succession, in a row.

پیچھے ڈالنا pīche ḍālnā (पीछे डालना)–किसी से आगे निकल जाना, किसी को पीछे छोड़ देना. *(v)*–to leave behind, to surpass, to out-strip.

پیچھے رہنا pīche rahnā (पीछे रहना)–पिछड़ जाना, धीरे चलना, अपनी सुरक्षा के लिए किसी के पीछे रहना. *(v)*–to fall back, to keep back, to lag behind.

پیچھے لگنا pīche lagnā (पीछे लगना)–किसी का पीछा करना, किसी के पदचिन्हों पर चलना. *(nm)*–to pursue, to follow.

پیچھے ہو جانا pīche ho jānā (पीछे हो लेना)–पीछा करना, टोह लेना, किसी की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करना. *(nm)*–to get behind, to keep back, to follow, to ursue.

پیچیدگی pecīdagī (पेचीदगी)–कठिनाई, उलझन, समस्या, मुश्किल, रुकावट. *(nm)*–problem, trouble, twisting, winding, contortion.

پیچیدہ pecīdā (पेचीदा)–कठिन, मुश्किल, उलझा हुआ, रहस्यमय, गूढ़ *(nm)*– coiled, twisted, complicated.

پیچیدہ معاملہ pecīdā māmlā (पेचीदा मामला)–उलझन भरा, मुश्किल प्रश्न, गूढ़ रहस्य. *(nm)*–a difficult case, an intricate question, a difficult job.

پیخال paikhāl (पैख़ाल)–पक्षियों की बीट. पक्षियों का पाखाना, विष्टा. *(nf)*–droppings of birds.

پیخانہ paikhānā (पैखाना)–पाखाना. *(nm)*–human waste, potty.

پیدا کرنا paidā karnā (पैदा करना)–उत्पन करना, फ़सल पैदा करना, फसल उगाना, खोज करना, आविष्कार करना, पैसा पैदा करना अर्थात कमाई करना. *(v)*–to produce, to bring into being, to create, to earn, to invent, to find, to get, to procure.

پیدا ہونا paidā honā (पैदा होना)–जन्म लेना, कमाई करना, खोज करना, फ़सल पैदा होना. *(v)*–to be born or created, to be produced, to be earned.

پیداوار paidāvār (पैदावार)–किसी खेत में पैदा होने वाली फ़सल, फल या सब्ज़ियां, व्यापार में होने वाला लाभ, बिक्री, कमाई. *(nf)*–produce of a field or garden, profit of trade or business, out-turn, income.

پیدائش paidāish (पैदाइश)–जन्म, उत्पति, बनाना, पैदावार, लाभ, मुनाफ़ा. *(nf)*–creation, birth, production, earnings, produce, profit.

پیدائشی paidāishī (पैदाइशी)–जन्म से, शुरू से, स्वाभाविक, असली. *(adj)*–natural, original, inborn, from birth, from very beginning.

پیدائشی حق paidāishī hak (पैदाइशी हक़)–जन्म सिद्ध अधिकार, *(nm)*–birth right.

پیدل paidal (पैदल)–पांवों से चलने वाला, पैदल सिपाही, पैदल सेना. *(adj)*–on foot, (nm) infantry, foot- soldier, foot-constable.

پیڈل paiḍal (पैडल)–साइकल इत्यादि का पैडल जो पांवों से चलता है. *(nm)*–a pedal.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پیر pīr (पीर)–सोमवार का दिन. *(nm)*–Monday.

پیر pīr (पीर)–बुज़ुर्ग आदमी, सन्त, फ़क़ीर, पवित्र आदमी, सज्जन आदमी. *(nm)*–a saint, an old man, a spiritual guide, a holyman.

پیر بھائی pīr bhāī (पीर भाई)–एक ही पीर (सन्त) के चेले. *(nm)*–a fellow disciple.

پیرزادہ pīr zādā (पीर ज़ादा)–पीर (सन्त) का बेटा. *(nm)*–the son of a saint (*pir*).

پیرزال prī zāl (पीर ज़ाल)–एक बूढ़ी औरत. *(nf)*–an old woman.

پیر کرنا pīr karnā (पीर करना)–किसी साधु सन्त को अपना गुरु या पीर बनाना. *(v)*–to select a spiritual leader.

پیرفرطوت pīr phartūt (पीर फरतूत)–बूढ़ा व्यक्ति. *(nm)*–an old person.

پیرمرد pīr mard (पीर मर्द)–बूढ़ा आदमी. *(nm)*–an old man.

پیرنابالغ pīr nābālig (पीर नाबालिग़)–बूढ़ा बेवकूफ़. *(nm)*–an old fool.

پیر pair (पैर)–पांव, पद, *(nm)*–foot, footstep.

پیر کا نشان pair kā nishān (पैर का निशान)–पांव का निशान, पद चिह्न. *(nm)*–footprint.

پیر بھاری ہونا pair bhārī honā (पैर भारी होना)–गर्भ ठहरना, गर्भवती होना. *(nm)*–to be pregnant, on the family way.

پیروں پڑنا pairon paṛnā (पैरों पड़ना)–आदर करना, सम्मान करना, क्षमा मांगना, किसी के आगे झुकना. *(v)*–to pay respects, to touch the feet in token of respect, to beg pardon.

پیروں میں سر دینا pairon main sar denā (पैरों में सर देना)–किसी के संरक्षण में आना, किसी के आगे झुक जाना, किसी से क्षमा मांगना. *(v)*–to come under one's protection.

پیروں میں مہندی لگنا pairon main mehandī lagnā (पैरों में मेहन्दी लगना)–काम न करने के लिए बहाने ढूंढ़ना, सुस्त व निकम्मा होना. *(v)*–to bring forward a lame excuse.

پیرا pairā (पैरा)–किसी लेख के टलग अलग भाग, पैराग्राफ. *(nm)*–a paragraph.

پیراستہ pairāstā (पैरास्ता)–सजाया गया, आकर्षक, सुन्दर. *(adj)*–decorated, adorned, beautified.

پیراک pairāk (पैराक)–तैराक, तैरने वाला. *(nm)*–a swimmer.

پیراکی pairākī (पैराकी)–तैराकी, तैरने की कला. *(nf)*–the act of swimming.

پیرانا pairānā (पैराना)–तैरना. *(v)*–to cause to swim.

پیرانہ pīrānā (पीराना)–बुज़ुर्गी से सम्बन्धित, बुज़ुर्ग व्यक्ति, किसी सन्त (पीर) के बारे में. *(adj)*–elderly, like an old man, growing old, connected with a saint.

پیراہن pīrāhan (पीराहन)–लम्बा कुर्ता, चोग़ा जो फ़क़ीर पहनते हैं. *(nm)*–a long robe, a long shirt.

پیرایہ pairāyā (पैराया)–आभूषण, वस्त्र, पौशाक, स्वभाव, बर्ताव. *(nm)*–an ornament, dress, manner, method, behaviour.

پیرو pairū (पैरू)–शार्गिद, चेला. *(nm)*–a follower, a disciple.

پیروکار pairūkār (पैरूकार)–अदालत में किसी मुक्कदमे की पैरवी करने वाला. *(nm)*–one engaged in a law suit.

پیرول pairāl (पैराल)–किसी कैदी का ज़मानत पर थोड़ी देर के लिए जेल से बाहर आना. *(nm)*–parole.

پیروی pairavī (पैरवी)–पीछा करना, जानकारी रखना, किसी काम को सुस्त न होने देना. *(nf)*–following up, imitation, prosecution, pursuit, hunting after.

پیری pīrī (पीरी)–बुढ़ापा, फ़क़ीरी की अवस्था. *(nf)*–old age, status of a saint.

پیڑ peṛ (पेड़)–वृक्ष, पौधा. *(nm)*–a tree, a plant.

پیڑ لگانا peṛ lagānā (पेड़ लगाना)–वृक्ष लगाना, नये पौधे लगाना. *(v)*–plant saplings, tree plantation.

پیڑا peṛā (पेड़ा)–आटे को गूंध कर बनाया गया गोल पेड़ा, दूध और चीनी से बनाई गई एक मिठाई. *(nm)*–a ball of dough or kneaded flour, a kind of sweetmeat.

پیڑھا pīṛā (पीढ़ा)–बैठने के लिए बड़ा स्टूल. *(nm)*–a large stool or chair to sit on, a seat.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پیڑھی pīṛī (पीढ़ी)

پیڑھی pīṛī (पीढ़ी)–बैठने के लिए छोटा स्टूल, पुश्त. *(nf)*–a small stool to sit on, a generation.

پیڑھی در پیڑھی pīṛī dar pīṛī (पीढ़ी दर पीढ़ी)–पुश्त दर पुश्त. एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक. *(adv)*–generation after generation, from age to age, for successive generations.

پیزار paizār (पैज़ार)–जूता, स्लीपर. *(nf)*–a slipper, a shoe.

پیزار پر مارنا paizār par mārnā (पैज़ार पर मारना)–जूते की नोक पर मारना, किसी का अपमान करना, किसी को नीचा दिखाना. *(v)*–to look down upon, to insult, to condemn, to despair.

پیزار دکھانا paizār dikhānā (पैज़ार दिखाना)–जूता दिखाना, अपमान करना, नीचा दिखाना. *(v)*–not to regard or care for, to insult.

پیسہ paisā (पैसा)–तांबे का एक सिक्का जो आजकल चलन में नहीं है. एक आना का चौथा हिस्सा, पुराने एक रुपये में 64 पैसे होते थे. *(nm)*–a copper coin equal to one fourth of an anna, money, cash, wealth.

پیسہ اڑانا paisā uṛānā (पैसा उड़ाना)–किसी का पैसा लेकर भाग जाना, फ़िज़ूल पैसा खर्च करना. *(v)*–to run away with the money of others, to spend money extravagantly.

پیسہ بنانا paisā banānā (पैसा बनाना)–पैसा कमाना, कमाई करना, धन इकट्ठा करना. *(v)*–to earn, to make money.

پیسہ بولتا ہے paisā boltā hai (पैसा बोलता है)–पैसा सब जगह पूजा जाता है, पैसे वाले का सब जगह सम्मान होता है. *(nm)*–a wealthy man is respected every- where.

پیسے والا paise vālā (पैसे वाला)–अमीर व्यक्ति, धनवान. *(adj)*–moneyed, rich, wealthy.

پیس ڈالنا pīs ḍālnā (पीस डालना)–छोटे छोटे टुकड़े कर देना, चूरा बना देना, बारीक कर देना, नष्ट कर देना, बरबाद कर देना. *(v)*–to cut to bits, to ruin, to grind, to make powder.

پیسنا pīsnā (पीसना)–चूरा बना देना, बारीक कर देना, पाउडर बना देना, दाँत पीसना. *(v)*–to grind, to make powder, to gnash (teeth).

پیش pesh (पेश)–आगे, अगला भाग, तरक्की देना, आगे बढ़ाना. *(nm)*–front, fore-part, *(adj)* promoted, advanced.

پیش آنا pesh ānā (पेश आना)–बर्ताव करना, मिलना, आगे बढ़ना. *(v)*–to come forward, to happen, to come before, to behave.

پیش بند pesh band (पेश बंद)–एक पेटी जोकि घोड़े की पीठ और छाती पर बाँधी जाती है ताकि काठी (घोड़ पर बैठने की गद्दी) खिसक न जाए. *(nm)*–the belt that passes over a horse's back to prevent the saddle from slipping back.

پیش بندی pesh bandī (पेश बन्दी)–चौकन्ना रहना, आने वाले समय की बात सोचना, सावधान होना. *(nf)*–foresight, timely preparation.

پیش بین pesh bīn (पेश बीन)–दूरंदेश, दूर की बात सोचने वाला, हर समय चौकन्ना रहने वाला. *(adj)*–wise, clever, prudent, circumspect.

پیش بینی pesh bīnī (पेश बीनी)–दूर की सोच, सावधानी, होशियारी, दूरंदेशी. *(nf)*–foresight, prudence.

پیشتر peshtar (पेशतर)–पहले, जल्दी, शीघ्र, इस से पूर्व, बहुत समय पहले. *(adv)*–formerly, before, sooner, ago.

پیش جانا pesh jānā (पेश जाना)–आगे जाना, आगे रहना, आगे बढ़ना. *(v)*–to go forth, to be in front.

پیش خدمت pesh khidmat (पेश खिदमत)–सेवा करनेवाला, सेवक, नौकर. *(nm)*–a servant.

پیش خیمہ pesh khemā (पेश खेमा)–अग्रिम भेजा जाने वाला टैंट या अन्य सामान. *(nm)*–a tent or other baggage sent in advance.

پیش دستی pesh dastī (पेश दस्ती)–तुरन्त देना, अग्रिम देना. *(nf)*–being before hand, paying before hand, anticipation.

پیش رو pesh ro (पेश रो)–नेता, आगे चलने वाला, आगे रहने वाला. *(nm)*–fore runner, a leader, the advanced guard, predecessor.

پیش روی pesh ravī (पेश रवी)–आगे बढ़ना, आगे चलना. *(nf)*– act of preceding, advancing.

پیش قبض pesh kabz (पेश क़ब्ज़)–भाला, खंजर, एक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हथियार. *(nm)*–a dagger.

پیش قدمی pesh kadmī (पेश क़दमी)–आगे बढ़ना, आगे चलना, आगे रहना, चौकन्नापन, आक्रमण. *(nf)*–stepping before or forward, anticipation, alertness, activity, aggression.

پیش قدمی کرنا pesh kadmī karnā (पेश क़दमी करना)–क़दम आगे बढ़ाना, आगे चलना, आगे रहना. *(v)*–to take the first step, to go in advance, to push forward.

پیش کار peshkār (पेशकार)–एजेंट, कारिन्दा, मैनेजर, जज का रीडर. *(nm)*–agent, manager, a reader (to a magistrate).

پیش کرنا pesh karnā (पेश करना)–देना, सामने रखना, समर्पित करना, नज़राना देना. *(v)*–to present, to produce, to submit.

پیش کش peshkash (पेशकश)–भेंट, नज़राना, सुझाव. *(nf)*–a present, an offer, a proposal.

پیش گوئی pesh goī (पेश गोई)–भविष्यवाणी, समय से पहले कुछ बताना. *(nf)*–foretelling, forecast, prophecy, prediction.

پیش نظر pesh nazar (पेश नज़र)–देखने में, दिखाई देने में. *(adv)*– in view of.

پیش نماز یا امام (पेश ए नमाज़ या इमाम)–वह जो नमाज़ अदा करने में अगवाई करता है. *(nm)*– one who leads congregational prayers (*Namaz*).

پیش نہاد pesh nihād (पेश निहाद)–उदाहरण, आदत, स्वभाव, तरीका, ढंग. *(nm)*–example, custom, habit, manner, mode.

پیشاب peshāb (पेशाब)–मूत्र. *(nm)*–urine, piss.

پیشاب خطا ہونا peshab khatā honā (पेशब ख़ता होना)–डर के मारे पेशाब निकल जाना, बहुत भयभीत होना. *(v)*–to discharge urine (out of fear), to have very great fear.

پیشاب کرنا peshāb karnā (पेशाब करना)–मूत्र करना. *(v)*–to make water.

پیشاب کی دھار پر مارنا peshāb kī dhār par mārnā (पेशाब की धार पर मारना)–किसी की परवाह न करना, अपमान करना, नीचा दिखाना. *(v)*–to condemn, not to care any body, to insult.

پیشاب نہ کرنا peshāb na karnā (पेशाब न करना)–किसी की चिन्ता न करना, अपमान करना, निरादर करना, दूसरों को छोटा समझना. *(v)*–to condemn, to hate, to insult, to disregard.

پیشانی peshānī (पेशानी)–माथा, किसी लेख का शीर्षक. *(nf)*–the forehead, fate, title, heading.

پیشگی peshagī (पेशगी)–अग्रिम धन, काम होने से पहले भुगतान करना, किसी काम को लेने के लिए ज़मानत के तौर पर अग्रिम धन देना. *(nf)*– advance money, earnest money.

پیشگی ادائی peshgī adāī (पेशगी अदाई)–अग्रिम भुगतान करना. *(nf)*–advance payment.

پیشگی بلاسود peshgī bilā sūd (पेशगी बिला सूद)– बिना सूद के अग्रिम भुगतान करना. *(nf)*– advance payment bearing no interest.

پیشگی فیس نقل peshgī phīs nakal (पेशगी फीस नक़ल)–किसी सरकारी काग़ज़ को नकल करने का अग्रिम शुल्क. *(nf)*– advance copying fee.

پیشوا peshvā (पेशवा)–एक नेता, पुजारी, मार्ग दर्शक, किसी पार्टी का प्रधान, किसी धार्मिक सम्प्रदाय का मुखिया, मराठा मंत्री की पदवी. *(nf)*–a leader, a priest, a guide, the head of a party, the chief of a religious sect, a title of a *Marattha* minister.

پیشوائی peshvāī (पेशवाई)–मार्गदर्शन, किसी मेहमान का स्वागत, अगुआई. *(nf)*–guidance, leadership, reception of a visitor or guest.

پیشہ peshā (पेशा)–काम-धन्धा, व्यापार, रोज़गार, नौकरी. *(nm)*–trade, profession, office, practice, habit.

پیشہ ور peshāvar (पेशावर)–एक कलाकार, एक कारिन्दा, कार्यकर्ता, व्यापारी. *(nm)*–an artist, a workman, trader.

پیشی peshī (पेशी)–उपस्थिति, हाज़िरी, मुकदमे की सुनवाई के अवसर पर मौजूद होना. *(nf)*– presence, coming before, being brought forward.

پیشین peshīn (पेशीन)–पुराने, पुराने समय के, दुपहर की प्रार्थना. *(adj)*–ancient, former,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

the noon prayer.

پیشین گوئی peshīn goī (पेशीन गोई)–भविष्यवाणी, भाग्य का हाल बताना, भविष्य की बातें बताना. *(nm)*–foretelling, forecast. predicyion.

پیغام paigām (पैग़ाम)–संदेश, समाचार, सुझाव. *(nm)*–a message, news, advice.

پیغام بر (پیغمبر) paigām bar (पैग़ाम बर)–पैग़ाम देने वाला, पैगम्बर. *(nm)*–a messenger, an envoy, a prophet.

پیغامبری (پیغمبری) paigāmbarī (पैग़ाम्बरी)–संदेश ले जाने का काम, संदेशवाहक का काम या कार्यालय. *(nm)*–a mission, the office of a messenger, act of carrying a message.

پیک paik (पैक)–एक धावक, संदेशवाहक, पत्र इत्यादि ले जाने वाला, धावक. *(nm)*–a messenger, a courier, a runner.

پیک pīk (पीक)–पान चबाने के बाद जो थूक बाहर फेंका जाता है. *(nf)*–the juice of the betel-leaf chewed and spit out.

پیک دان pīkdān (पीकदान)–एक बर्तन जिसमें पान चबाने के बाद थूका जाता है. *(nm)*–a vessel for holding the spittle.

پیکار paikār (पैकार)–लड़ाई, झगड़ा, युद्ध, मुक़ाबला. *(nf)*–war, battle, contest.

پیکان paikān (पैकान)–तीर का नुकीला सिरा. *(nm)*–the head of an arrow, any pointed missile.

پیکر paikar (पैकर)–शक्ल, चेहरा, समानता, तस्वीर. *(nm)*–face, form, appearance, a portrait, a likeness.

پیل pīl (पील)–हाथी, गज, शतरंज का एक मोहरा जिसे हाथी कहा जाता है. *(nm)*–elephant, the Bishop in chess.

پیل بان pīlbān (पीलवान)–महावत, हाथी का रखवाला. *(nm)*–an elephant keeper.

پیل پا pīl pā (पील पा)–एक रोग जिस में पैर सूज कर हाथी के पैर जैसा मोटा हो जाता है. *(nf)*–elephantiasis, a disease.

پیل پایہ pīl pāyā (पील पाया)–एक खम्बा, स्तून. *(nm)*–a pillar, a column.

پیل تن pīl tan (पील तन)–हाथी जैसा शरीर, लम्बा तड़ंगा, बड़े आकार वाला, राक्षस जैसा. *(adj)*–huge, gigantic.

پیل مرغ pīl murg (पील मुर्ग़)–बड़े आकार का मुर्गे जैसा पक्षी. *(nm)*–turkey fowel.

پیلا pīlā (पीला)–पीला रंग, कमज़ोर व्यक्ति, भयभीत. *(adj)*–pale, yellow, weak person, frightened.

پیلی pīlī (पीली)–पीली वस्तु, कमज़ोर महिला, डरी हुई महिला. *(adj)*–yellow thing, weak woman, frightened woman.

پیلنا pelnā (पेलना)–धकेलना, दाखिल करना, कचूमर कर देना.–*(nm)*–to push, to crush.

پیلہ pīlā (पीला)–रेशम का कीड़ा अपने गिर्द जो खोल बुन लेता है और फिर उसी में मर जाता है. *(nm)*–the ball or cocoon which the silkworm forms round itself.

پیما paimā (पैमा)–माप, मापने वाला. *(adj)*–a measure, a measurer.

پیمان paimān (पैमान)–वायदा, समझौता, अनुबंध, शपथ, *(nm)*–an agreement, a promise, treaty, oath, confirmation.

پیمانہ paimānā (पैमाना)–एक माप, किसी चीज़ को मापने का बरतन. *(nm)*–a measure, a bowl, a cup, a *jam* (a cup for drinking wine).

پیمائش paimāish (पैमाइश)–ज़मीन को मापना, किसी ज़मीन का सर्वेक्षण, किसी चीज़ की लम्बाई चौड़ाई का हिसाब लगाना. *(nm)*–measurement, survey.

پیمائش کنندہ paimāish kunindā (पैमाइश कुनिन्दा)–पैमाइश करनेवाला, मापने वाला. *(nm)*–a measurer, a surveyer.

پیمائی paimāī (पैमाई)–पैमाइश, मापने की क्रिया. *(nf)*–the act of measuring.

پیمک paimak (पैमक)–सोने या चांदी की लेस (किनारी जो चुनरी पर लगाई जाती है). *(nf)*–gold or silver lace.

پینا pīnā (पीना)–अपने गुस्से को पीना, पानी पीना (प्यास बुझाना), शराब पीना (नशा करना), किसी का खून पीना (बहुत परेशान करना), सिगरेट पीना, आँसू पीना (धैर्य रखना), किसी के सौंदर्य को नज़रों से पीना. *(v)*–to drink, to smoke, to suck, to absorb, to supress one's feelings to imbibe.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

پینتالیس **paintālīs** (पैंतालीस)–चालीस और पाँच, पैंतालीस की संख्या. *(adj)*–forty-five.

پینتیس **paintīs** (पैंतीस)–तीस और पाँच, पैंतीस की संख्या. *(adj)*–thirty-five.

پینٹھ **painṭh** (पैंठ)–कस्बों या शहरों में लगने वाला साप्ताहिक बाज़ार जहाँ ज़रूरत की सब वस्तुएँ बिकती हैं. *(nm)*–weekly market where all necessary items are sold.

پینچ **painc** (पैंच)–मोर की पूंछ. *(nf)*–tail of peacock.

پینڈا **penḍā** (पैंदा)–तला, किसी बरतन या संदूक का तला, नीचे का भाग जिस पर कोई वस्तु टिकी रहती है. *(nm)*–the bottom of a vessel or box, lower part of a vessel or box.

پینڈے کا ہلکا **penḍe kā halkā** (पैंदे का हलका)–जो विश्वास के योग्य न हो, जो किसी रहस्य को छिपा न सके, जो अपने वायदे को नहीं निभाए. *(adj)*–not faithful to one's promise, untrustworthy.

پینسٹھ **painsaṭh** (पैंसठ)–साठ और पाँच, पैंसठ की संख्या. *(adj)*–sixty-five.

پینک **pinak** (पिनक)–नशे में होना, अफीम का नशा करना. *(nf)*–drowsiness, and intoxication from opium.

پینگ **paing/pīng** (पैंग/पींग)–पींग, झूला जिस पर महिलाएँ सावन के महीने में झूले लेती हैं. *(nm)*–the exertion to keep a swing going.

پینگ بڑھنا **paing/pīng baṛnā** (पैंग/पींग बढ़ना)–पींग बढ़ना, जान-पहिचान बढ़ना, दोस्ती होना. *(v)*–to be very intimate, to advance in intimacy.

پینگ چڑھانا **paing caṛānā** (पैंग चढ़ाना)–झूले को बहुत ऊँचा ले जाना. *(v)*–to swing very high.

پیوست **paivast** (पैवस्त)–जुड़ा हुआ, मिला हुआ. *(adj)*–joined, fixed *(nf)*– conjunction, connection.

پیوستگی **paivastagī** (पैवस्तगी)–जोड़, सामीप्य, सम्बन्ध. *(nf)*–junction, conjunction, union, closeness, link.

پیوستہ **paivastā** (पैवस्ता)–जुड़ा हुआ, मिला हुआ, संयुक्त, मेल. *(adj)*–joined, absorbed, inseparable, close, sticking.

پیوند **paivand** (पैवंद)–टुकड़ा लगाना, जोड़ना, मुरम्मत. *(nm)*–a patch, junction, addition.

پیوند لگانا **paivand lagānā** (पैवन्द लगाना)–पैच लगाना, टुकड़ा लगाना. *(v)*–to patch.

پیوندی **paivandī** (पैवन्दी)–जिस में जोड़ लगा हो, कलमी पेड़. *(adj)*– patched, grafted, *(nm)*–an engrated tree.

پیہم **paiham** (पैहम)–समीप, पास पास, लगातार. *(adv)*–close together, successively.

ت te ते

ت **te** (ते)–उर्दू वर्णमाला का चौथा अक्षर. –te is the fourth letter of the Urdu alphabet.

تا **tā** (ता)–को, जैसे कि, तक, अन्त तक. *(adv & conj)*–to, until, as far as, as long as, in order that, to the end that, since.

تا بہ حیات **tā bah hayāt** (ता बह हयात)–जब तक जीवन है. *(adv)*–while life remains.

تا بہ کجا **tā baf kujā** (ता बह कुजा)–कब तक, कहां तक. *(adv)*–how far? whither? how long? till when?

تا بہ کے **tā bah ke** (ता बह के)–किस समय तक? कब तक? कितना? *(adv)*–till what time, how long? when? how much? how many?

تا چند **tā cand** (ता चन्द)–कितने? कहाँ तक? कब तक? *(adv)*–how many? how long? by how much?

تا حال **tā hal** (ता हाल)–अभी, इसी समय. *(adv)*–yet, hitherto.

تا زندگی **tā zindagī** (ता ज़िन्दगी)–सारे जीवन में, जब तक जीवन है. *(adv)*–during life, till the end of life.

تا کہ **tāki** (ताकि)–किसी उद्देश्य के साथ. *(adv)*–so that, with the object that, until, so long.

تاہم **tāham** (ताहम)–अभी, अभी तक. *(adv)*–neverthless, still, yet.

تاب **tāb** (ताब)–गरमी, रोशनी, शक्ति, हिम्मत,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تابدار tabdār (तावदार)

हौसला, गुस्सा. *(nf)*–heat, light, gleam power, courage, rage, fury, *(adj)*–burning, inflaming, shining.

تابدار tabdār (तावदार)–चमकीला, गरम, चमकने वाला. *(adj)*–bright, luminous, warm.

تابدان tabdān (तावदान)–खिड़की, रोशनदान, चिमनी. *(nm)*–window, ventilator, chimney

تابناک tabnāk (तावनाक)– गरम, चमकदार, चमकीला, *(adj)*– hot, passionate, bright, shining, glowing, brilliant.

تاب نہ لانا tāb na lānā (ताव न लाना)–असमर्थ होना, असहाय होना, शक्तिहीन होना. *(v)*–to be unable to bear, to be glitter, powerless.

تاب و طاقت tāb va tākat (ताव व ताक़त)–योग्यता, शक्ति, सामर्थ्य. *(nf)*–power, ability, endurance.

تابان tabān (तावान)–चमकदार, चमकीला, उज्ज्वल, जलता हुआ. *(adj)*–splendid, glittering, burning.

تابانی tabānī (तावानी)–चमक, दमक. उजलापन, *(nf)*– splendour, glitter, light.

تاپ تلی tāp talī (ताप तली)–तिली का बढ़ जाना जिस से शरीर में कई विकार हो जाते हैं. *(nf)*–enlargement of the spleen, spleenitis.

تابڑ توڑ tabaṛ toṛ (ताबड़ तोड़)–लगातार, एक के बाद दूसरा. *(adv)*–successively, repeatedly.

تابستان tabistān (ताबिस्तान)–गरिमयों का मौसम. *(nm)*–the hot weather, summer.

تابش tabish (ताबिश)–गरमी, दहकता हुआ, कष्टदायक, दुःख, अफसोस. *(nf)*–heat, splendour, brilliance, grief, sorrow.

تابع tabe (ताबे)–आज्ञाकारी, निष्ठावान, सेवक, आदेश मानने वाला. *(adj)*–following, dependent, subordinate, loyal.

تابعدار tabedār (ताबेदार)–आज्ञाकारी, सेवक, आदेश मानने वाला. *(adj)*–obedient, loyal, servant.

تابندگی tabindagī (ताबिन्दगी)–चमक, उजलापन, महत्त्व, प्रभाव. *(nm)*–splendour, brightness.

تابندہ tabindā (ताबिन्दा)–महत्त्वपूर्ण, चमकदार, दमकता हुआ, उज्ज्वल. *(adj)*–brighrt, shining, luminous.

تابوت tābūt (ताबूत)–जिसमें मुर्दे को रखा जाता है. *(nm)*–a coffin, a bier.

تاپ tāp (ताप)–गरमी, हरारत, बुखार, *(nm)*–heat, warmth, fever.

تاپنا tāpnā (तापना)–धूप सेकना या आग के आगे बैठ कर अपने शरीर को गरम करना. *(v)*–to bask in the sun or sit before a fire, to warm oneself at or over a fire.

تاتار tātar (तातार)–तुर्किस्तान का एक क्षेत्र. *(nm)*–a region in Turkistan.

تاتاری tātarī (तातारी)–तातार देश का निवासी. *(nm)*–he who resides or belongs to Tatar.

تاثر tāasur (ताअसुर)–प्रभाव, असर. *(nm)*–impression, penetration.

تاثیر tāsīr (तासीर)–असर, प्रभाव, स्वभाव. *(nf)*–an effect, penetration, nature.

تاج tāj (ताज)–मुकुट, ऊँची टोपी, मुर्गे या मोर की कलगी. *(nm)*–a crown, a high crowned cap, tiara, plume, comb of a cock.

تاج خروس tāj-e kharos (ताज-ए खरोस)–मुर्गे की कलगी. *(nm)*– the comb of a cock, a cock's flower.

تاجدار tājdār (ताजदार)–ताज वाला, बादशाह, सम्राट, राजकुमार. *(nm)*–crowned head, a king, a prince.

تاجور tājvar (ताजवर)–राजा, बादशाह, सम्राट, राजकुमार. *(nm)*–a king, a prince.

تاجوری tājvarī (ताजवरी)–बादशाहत, शाहाना, शहनशाही. *(nf)*–royalty, sovereignty, kingship.

تاجر tājir (ताजिर)–एक व्यापारी, तिजारत करने वाला. *(nm)*–a merchant, a trader.

تاجک tājak (ताजक)–अरब में पैदा हुआ और ईरान में पला, एक व्यापारी. *(nm)*–one born in Arabia and brought up in Iran, a trader.

تاخت tākht (ताख्त)–आक्रमण, हमला, लूटपाट, धावा, लूट-खसोट. *(nf)*–assault, attack, incursion, invasion.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تاخت وتاراج کرنا tākhto tārāj karnā (ताख्तो ताराज करना)–बरबाद करना, नष्ट करना, तोड़-फोड़ करना, विनाश करना. *(v)*–to ruin, to plunder, to devastate, to ravage.

تاخیر tākhīr (ताख़ीर)–देर, विलंब. *(nm)*–delay, post-ponement.

تاخیر کرنا tākhīr karnā (ताख़ीर करना)–देर करना, विलंब करना, नियत से अधिक समय लगाना. *(v)*–to delay, to postpone, to retard.

تادیب tādīb (तादीब)–अनुशासन, आदेश-पालन, सुधार. *(nf)*–discipline, correction, chastisement, admonition, erudition.

تادیب خانہ tādībkhānā (तादीबखाना)–सुधारगृह, अनुशासन सिखाने वाली संस्था. *(nm)*–borstal institution, reformatory.

تار tār (तार)–धागा, बिजली की तार, वाद्ययंत्र की तार, अन्धेरा, संदेश देने वाली तार, कपड़ा बुनने वाली खड्डी के कपड़े की चौड़ाई के रुख के धागे. *(nm)*–a thread, a wire, the string of a musical instrument, darkness, threads placed lengthwise in weaving cloth, a piece, a scrap, telegram, chord, electric wire.

تار باندھنا tār bāndhnā (तार बाँधना)–किसी काम को पुनः करना. *(v)*–to continue or repeat an action without interruption.

تار برقی tār barkī (तार बर्की)–बिजली का तार, संदेश देने वाला तार. *(nm)*–electric wire, telegram.

تار تار tār tār (तार तार)–चीथड़े, टुकड़े, छोटे छोटे हिस्से. *(adj)*–tattered, torn to pieces, piecemeal.

تار تار کرنا tār tār karnā (तार तार करना)–टुकड़े टुकड़े करना, धज्जियाँ उड़ा देना. *(v)*–to tear, to cut to pieces.

تار ٹوٹنا tār ṭūṭnā (तार टूटना)–अलग हो जाना, सम्बन्ध विच्छेद हो जाना, रुकावट आ जाना, क्रम टूट जाना. *(v)*–to be separated, to be disjointed, to be interrupted.

تار عنکبوت tār-e anakbūt (तार-ए अनकबूत)–मकड़ी का जाला, बारीक जाली. *(nm)*–cobweb.

تار کش tār kash (तार कश)–तार खींचने वाला, तार बनाने वाला, सोने या चांदी की तार बनाने वाला. *(nm)*–a wire-drawer, a drawer of gold or silver wire.

تار کشی tārkashī (तारकशी)–बारीक सुई से कढ़ाई का काम, तार खींचने का काम. *(nf)*–a kind of needle-work, wire-drawing.

تار گھر tār ghar (तार घर)–यहां से लोगों को तार द्वारा संदेश भेजे जाते हैं. *(nm)*–a telegraph office.

تارا tārā (तारा)–सितारा, आँख की पुतली (डेला). *(nm)*– a star, the pupil of the eye.

تارا ٹوٹنا tārā ṭūṭnā (तारा टूटना)–उल्कापात, तारे का टूटना. *(nm)*–falling of a meteor, shooting of a star.

تارا ہو جانا tārā ho jānā (तारा हो जाना)–बहुत ऊँचा उठ जाना, तारे की तरह बहुत दूर हो जाना, तारे की तरह बहुत छोटा हो जाना. *(v)*–to attain a great height, to appear as small as a star.

تارے نظر آنا tāre nazar ānā (तारे नज़र आना)–भयभीत हो जाना, परेशान हो जाना, होश गुम हो जाना, कुश्ती या बाक्सिंग में हार जाने के बाद तारे नज़र आना. *(v)*–to be frightened, to be perplexed, to see dancing before the eyes (as after a knock out).

تارے توڑنا tāre toṛnā (तारे तोड़ना)–असंभव काम करना, अति मुश्किल काम को हाथ में लेना. *(v)*–to do the impossible or very difficult work.

تارے گننا tāre ginnā (तारे गिनना)–रातें को जागते रहना, बेचैन होना, परेशान होना. *(v)*–to get no sleep, to be disturbed, to be upset.

تارا دُمدار tārā dumdār (तारा दुमदार)–पुच्छल तारा, ऐसा तारा जिसकी पूंछ दिखाई दे. *(nm)*–comet.

تاراج tārāj (ताराज)–तबाही, बरबादी, विनाश. *(nm)*–ruin, devastation, plunder.

تاراج کرنا tārāj karnā (ताराज करना)–तबाह करना, बरबाद करना, विनाश करना. *(v)*–to spoil, to ruin, to plunder, to devastate.

تارپین tārpīn (तारपीन)–तारपीन का तेल, देवदारु के पेड़ से निकाला गया तेल जोकि वारनिश वगैरह में मिलाया जाता है. *(nm)*–turpentine.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تارک tārik (तारिक)–छोड़ देने वाला, त्याग कर देने वाला, विमुख हो जाने वाला, त्यागी. *(adj)*–abandoning, leaving, relinquishing, deserting, *(nm)*–a deserter.

تارک الدنیا tārik ud-duniyā (तारिक उद-दुनिया)–संसार का त्याग कर देने वाला, संन्यासी, त्यागी, संसार से विमुख हो जाने वाला. *(adj)*–abandoning the world, sober, abstinent, chaste, hermit.

تاریخ tārīkh (तारीख)–दिनांक, इतिहास, भूली बिसरी यादें, युग, अतीत. *(nf)*–date, history, era, chronogram.

تاریخ ارجاع tārīkh-e irjāa (तारीख-ए इरजाअ)–जारी करने की तारीख, किसी काम के शुरू होने की तारीख. *(nm)*–date of issuing, date of institution of a suit.

تاریخ انقضائے میعاد tārīkh-e inkzā-e miyād (तारीख-ए इन्क़ज़ा-ए मियाद)– *(nf)*–the last date of limitation.

تاریخ حوالگی tārīkh-e havālgī (तारीख-ए हवालगी)–वितरण की तारीख. *(nf)*–date of delivery.

تاریخ چڑھانا tārīkh caṛānā (तारीख चढ़ाना)–किसी तारीख का हिसाब लिखना. *(v)*–to date, to copy the account of any date.

تاریخ وقوع tārīkh-e vakūa (तारीख-ए वक़ूअ)–घटना घटित होने की तारीख. *(nf)*–date of occurance.

تاریخ وار tārīkh vār (तारीख वार)–तारीख के अनुसार. *(adv)*–according to date, datewise, daily.

تاریخ مقرر tārīkh-e mukarrā (तारीख-ए मुक़र्रा)–निश्चित तारीख. *(nf)*– fixed date.

تاریک tārīk (तारीक)–अंधेरा, अँधकारमय. *(adj)*–dark, obscure.

تاریکی tārīkī (तारीकी)–अंधकार, अंधियारा. *(nf)*–darkness, obscurity.

تاریکی چھا جانا tārīkī chā jānā (तारीकी छा जाना)–अँधेरा छा जाना. *(v)*–spreading of darkness.

تاڑ taṛ (ताड़)–ताड़ का पेड़. *(nm)*–a palm tree.

تاڑ taṛ (ताड़)–गहरी नज़र से देखना, समझ. *(nf)*–understanding, perception, cognizance.

تاڑباز tāṛbāz (ताड़बाज़)–बात को ताड़ जाने वाला, बुद्धिमान, चतुर, चालाक, होशियार. *(adj)*–intelligent, witty, quick of apprehension.

تاڑ جانا tāṛ jānā (ताड़ जाना)–अनुमान लगाना, दूर की बात सोचना, बिना बताए समझ जाना, बात की गहराई तक पहुँचना. *(v)*–to understand, to make out, to perceive, to guess.

تاڑی tāṛī (ताड़ी)–एक नशीला पेय, ताड़ के पेड़ से तैयार की गई शराब. *(nf)*–palm-juice or toddy, cheap kind of wine.

تازگی tāzgī (ताज़गी)–ताज़ापन, नयापन, हरियाली. *(nf)*– newness, freshness, greenness.

تازہ tāzā (ताज़ा)–ताज़ा, नया, हरा, अभी का. *(adj)*–fresh, new, green, recent, happy.

تازہ بتازہ tāzā batāzā (ताज़ा बताज़ा)–बिलकुल नया, बिलकुल ताज़ा, हरा, अभी का. *(adj)*–brand new, fresh and blooming, fresh, up-to-date.

تازہ خیال tāzā khyāl (ताज़ा ख़्याल)–नया ख्याल, नया विचार, किसी नयी चीज़ के बारे में सोचना. *(adj)*–imagining something new, *(nm)*–a new idea.

تازہ دم tāzā dam (ताज़ा दम)–स्वस्थ, चुस्त, तंदुरुस्त, ताज़ा. *(adj)*–fresh, ready, prepared, fit, cheerful.

تازہ دم ہونا tāzā dam honā (ताज़ा दम होना)–स्वस्थ होना, प्रसन्न होना, चुस्त होना. *(v)*–to be in good spirits, to be refreshed, to be hale and healthy.

تازہ کرنا tāzā karnā (ताज़ा करना)–किसी चीज़ को नया रूप देना, हुक्के में नया पानी भरना. *(v)*–to renew, to refresh, to revive, to recreate, to change water of the *huqqā*.

تازہ وارد tāzā vārid (ताज़ा वारिद)–नया आने वाला. *(nm)*– new comer.

تازہ ہونا tāzā honā (ताज़ा होना)–फलना फूलना, स्वस्थ होना. *(v)*–to flourish, to be refreshed, to be revived.

تازی tāzī (ताज़ी)–अरब देश से सम्बन्धित, तेज़ दौड़ने वाला, अरबी घोड़ा या कुत्ता. *(adj & nm)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Arabian, Arabic, fast running, an Arabic horse or dog.

تازی کتا tāzī kuttā (ताज़ी कुत्ता)–भूरे रंग का लंबी टांगों वाला शिकारी कुत्ता. *(nm)*–a grey hound.

تازیانہ tāziyānā (ताज़ियाना)–चाबुक, जिस से किसी को कोड़े मारने की सज़ा दी जाती है. *(nm)*–a whip, flogging, a scourge.

تازیانہ مارنا tāziyānā mārnā (ताज़ियाना मारना)–चाबुक से मारना, सज़ा देना, दण्डित करना. *(v)*–to whip, to flog, to scourge.

تاسف tāsuf (तासुफ़)–दुःख, तकलीफ, कष्ट, पश्चात्ताप. *(nm)*–grief, regret, lamenting, affliction.

تاسف کرنا tāsuph karnā (तासुफ करना)–पश्चात्ताप करना, दुःख व्यक्त करना, कष्ट अनुभव करना. *(v)*–to regret, to lament, to sigh over, to grieve.

تاسیس tāsīs (तासीस)–नींव रखना, स्थापित करना. *(nf)*–to lay foundation, to establish.

تاش tāsh (ताश)–एक खेल जो बावन पत्तों से खेल जाता है, ज़रीदार या बूटेदार कपड़ा, सोने या चाँदी की तार वाला कपड़ा. *(nm)*–playing cards, brocade, gold foil.

تاشا tāshā (ताशा)–एक प्रकार का छोटा ढोल जिस की एक ही तरफ चमड़ा लगा होता है. *(nm)* –a semi-spherical drum.

تافتہ tāftā (ताफ़्ता)–एक प्रकार का सिल्की कपड़ा, चमकीले क्रीम रंग के घोड़े और कबूतर. *(nm)*–a kind of silk, a glassy cream colour in pigeons and horses.

تاقی tākī (ताक़ी)–एक घोड़ा जिसकी दोनों आँखें अलग अलग रंग की हों, ऐसा घोड़ा अच्छा नहीं माना जाता, एक प्रकार का हैट (टोपी). *(adj)*–a horse having two eyes of two different colours, a defective horse, *(nf)*–a kind of hat.

تاک tāk (ताक)–अंगूर की बेल, अंगूर, बेल. *(nf)*–a vine, grape, a creeper.

تاک tāk (ताक)–नज़र, निशाना, नज़ारा, निशाना लगाने की क्रिया. *(nf)*–glance, look, regard, view, the act of aiming.

تاک جھانک tāk jhānk (ताक झांक)–झांकना, नज़र रखना. *(nf)*–the act of peeping.

تاک رکھنا tāk rakhnā (ताक रखना)–नज़र रखना, ध्यान से देखना. *(v)*–to keep in view.

تاک میں رہنا tāk main rahnā (ताक में रहना)–किसी की प्रतीक्षा करना, किसी पर नज़र रखना. *(v)*–to be on the look out for, to be in wait for.

تاک لگانا tāk lagānā (ताक लगाना)–निशाना लगाना, निशाना लगा कर प्रतीक्षा करना. *(v)*–to stare, to look fixedly, to lie in wait for.

تاک کر مارنا tāk kar mārnā (ताक कर मारना)–निशाना लगाना. *(v)*– to take aim at.

تاکنا tāknā (ताकना)–झांकना, घूर कर देखना, जासूसी करना, किसी की गतिविधियों पर नज़र रखना, प्रतीक्षा करना. *(v)*–to watch, to peep, to stare, to spy, to view, to look, to look for, to lie in ambush.

تاکید tākīd (ताकीद)–याद दिलाना, प्रभाव डालना, सचेत करना, चेतावनी देना, सावधान करना. *(nf)*–impressing, urging, stress, pressure, confirmation, injuction.

تاکید کرنا tākīd karnā (ताकीद करना)–किसी को सचेत करना, सावधान करना, प्रभावित करना, कोई बात ज़ोर डाल कर कहना, कोई बात याद दिलाना. *(v)*–to urge, to press, to enjoin strictly, to insist, to lay stress, to remind.

تاکیداً tākīdan (ताकीदन)–याद दिलाना, सख्ती से कहना, सचेत करना, सावधान करना. *(nm)*–to remind strictly, to say something positively, to warn.

تاگا tāgā (तागा)–धागा, रस्सी या डोरी. *(nm)*–thread, cord.

تاگا پرونا tāgā pirona (तागा पिरोना)–सुई में धागा डालना. *(v)*–to thread a needle.

تاگا ڈالنا tāgā ḍālna (तागा डालना)–सुई में धागा डालना, रजाई में धागे डालना. *(v)*–to thread a needle; to put stitches in a quilt.

تاگڑی tāgaṛī (तागड़ी)–एक मोटा धागा जो हिन्दू बच्चे अपनी कमर के गिर्द पहनते हैं. *(nm)*–the thread which Hindu children wear round their waist.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تال tāl (ताल)

تال tāl (ताल)–संगीत की लय और ताल, एक क्रमबद्ध ढंग से ताली बजाना, तालाब, जहां पानी इकट्ठा हुआ हो, झील. *(nf)*–rhythmic beating of the hands (in music), musical tune or measure, chime. *(nm)*–a pond, a lake.

تال دینا tāl denā (ताल देना)–संगीत की ताल पर ठुमकना, सुर ताल में ताली बजाना. *(v)*–to chime, to beat time in music.

تال سے بے تال ہونا tāl se betāl honā (ताल से बेताल होना)–संगीत के क्रम से भटक जाना. *(v)*–to be out of tune.

تال میل tālmel (तालमेल)–एक मत, समझौता, सहमति. *(nf)*–harmony, accord, agreement.

تالا tāla (ताला)–किसी मूल्यवान वस्तु को सुरक्षित रखने के लिए लगाया जाने वाला ताला. *(nm)*–a lock.

تالا لگانا tāla lagānā (ताला लगाना)–दरवाज़े को बंद रखने के लिए ताला लगाना. *(v)*–to lock, to put a padlock on.

تالا کنجی tāla kunjī (ताला कुंजी)–ताला और उसकी चाभी. *(nm)*–lock and key.

تالاب tālab (तालाब)–जहां पानी इकट्ठा हो, पानी का टैंक. *(nm)*–a tank, a pond, a pool, a reservoir of water.

تالف tāalluph (ताअल्लुफ)–जान पहचान, मित्रता, प्यार, लगाव. *(nm)*–mutual love or friendship, intimacy, acquaintance.

تالم tāallum (ताअल्लुम)–दुःख, कष्ट, तकलीफ़, परेशानी, मुसीबत. *(nm)*–pain, grief, sorrow, torment.

تالمکھانہ tālamkhāna (तालमखाना)–एक जड़ी बूटी जो दवाई के काम आती है. *(nm)*–a medicinal herb.

تالو tālū (तालू)–मुँह के अन्दर ऊपर का भाग, घोड़ों में एक बीमारी. *(nm)*–the palate, the ridge or slit in the roof of the mouth, a disorder in horses.

تالو اٹھانا tālū uṭhānā (तालू उठाना)–नये जन्मे बच्चे की गले की घंटी को अंगुली डाल कर ऊपर उठाना. *(v)*–to raise the uvula of a new-born child.

تالو سے زبان نہ لگنا tālū se zabān na lagnā (तालू से ज़बान न लगना)–लगातार बोलते जाना, चुप न होना. *(v)*–to talk unceasingly.

تالی tālī (ताली)–ताले को खोलने वाली चाभी, दोनों हाथों को मिला कर बजाई जाने वाली ताली. *(nf)*–a key, clapping of the hands together.

تالی بجانا tālī bajānā (ताली बजाना)–दोनों हाथों को मिला कर ज़ोरदार आवाज़ के साथ ताली बजाना. *(v)*–to clap the hands, to applaud.

تالی پیٹنا tālī pīṭnā (ताली पीटना)–ज़ोर ज़ोर से खुशी से या किसी को आकर्षित करने के लिए ताली बजाना. *(v)*–to clap the hands (in delight or by way of censure and ridicule).

تالی ایک ہاتھ سے نہیں بجتی tālī ek hath se nahin bajtī (ताली एक हाथ से नहीं बजती)–झगड़ा अकेला आदमी नहीं कर सकता, कोई काम बिना दूसरों के सहयोग से नहीं हो सकता. *(prov)*–it takes two to make a quarrel, it requires two hands to clap.

تالیف tālīf (तालीफ़)–सम्बन्ध होना, मित्रता होना, किसी पुस्तक का संपादन करना, किसी लेख इत्यादि में संशोधन करना. *(nf)*–compilation, composition, reconciling, connecting, joining in friendship.

تالیف قلوب tālīf-e kulūb (तालीफ़-ए क़ुलूब)–दिलों को जीतना, दोस्तों की संख्या बढ़ाना. *(nf)*–captivation of hearts, the art of winning friends.

تالیف کرنا tālīph karnā (तालीफ करना)–संपादन/संशोधन करना, सम्बन्ध बढ़ाना. *(v)*–to compile, to join.

تام tām (ताम)–सम्पूर्ण, सारा, पूरा. *(adj)*–whole, complete, perfect, full, entire.

تام چینی tāmcīnī (तामचीनी)–लोहे या तांबे के बरतनों पर चीनी मिट्टी की चढ़ाई गई परत और उस पर बनाये गये बेल बूटे. *(nm)*–enamelled copper or iron vessels.

تام جام tām jām (ताम जाम)–एक खुली छोटी पालकी जिसे चार आदमी कंधों पर उठा कर चलते हैं. *(nm)*–a rough palanquin, a rough kind of sedan chair with two poles at both ends and carried over two men's

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

shoulders.

تام جھام tām jhām (ताम झाम)–दिखावटी चीज़ें, ऐसी चीज़ें जो अति आवश्यक न हों, फैलावट, बिखराव. *(nm)*–things which are not so useful, things for display or exhibition to impress others.

تامل tāammul (ताअम्मुल)–सोच-विचार, ध्यान, संकोच, घबराहट,सन्देह, विलंब. *(nm)*–careful consideration, meditation, delay, hesitation, doubt, disinclination.

تامل کرنا tāammul karnā (ताअम्मुल करना)–विचार करना, सन्देह करना, संकोच करना, विलंब करना. *(v)*–to consider, to doubt, to delibrate, to hesitate, to meditate.

تان tān (तान)–संगीत का एक सुर, तनाव, भवों को तानना, क्रोध, अंगड़ाई, एक वृक्ष. *(nf)*–a keynote in music, a tune, tension, knitting (the eye-brow), stretching the body, a kind of tree.

تان اُڑانا tān uṛānā (तान उड़ाना)–गीत गाना, सुर निकालना. *(nm)*–to strike up a tune, to sing.

تان توڑنا tān toṛnā (तान तोड़ना)–गाना बंद करना, चुटकुला सुनाना. *(v)*–to wind up a tune, to crack a joke.

تانا tānā (ताना)–कपड़ा बुनते समय जो धागे चौड़ाई के रुख होते हैं उन्हें ताना कहते हैं. *(nm)*–the warp, while weaving the threads which are breadthwise.

تانا بانا tānā bānā (ताना बाना)–कपड़ा बुनते समय लम्बाई और चौड़ाई के रुख के धागे. *(nm)*–warp and woof.

تانبا tāmba (तांबा)–एक धातु जिस से बरतन इत्यादि बनते हैं. *(nm)*–copper.

تانبے کا تار نہ ہونا tāmbe'kā tār na honā (तांबे का तार न होना)–धनहीन होना, गरीब होना, कंगला होना. *(idiom)*–to possess not a single pice, to be poor, to be pauper.

تانت tānt (तांत)–संगीत के यंत्रों की तार, जानवरों की आंत या अन्तड़ी. *(nm)*–catgut, the string of a musical instrument or bow.

تانتا tānta (तांता)–भीड़, बहुत से लोग, क्रमवार, लोगों का आना जाना. *(nm)*–series, row, range.

تانتا بندھ جانا tānta bandh jānā (तांता बंध जाना)–लगातार लोगों का आना जाना, भीड़ लग जाना. बहुत से लोगों का इकट्ठा हो जाना. *(v)*–to have a constant coming and going of visitors.

تانگا tāngā (तांगा)–एका, यात्री ले जाने का एक छोटा वाहन जिसे घोड़ा खींचता है. *(nm)*–a small two wheeled carriage pulled by a horse.

تاننا tānanā (तानना)–शरीर को तानना, अंगड़ाई लेना, *(v)*–to expand, to stretch, to extend, to knit (the eye-brow), to encourage, to pull tight.

تانیث tānīs (तानीस)–स्त्री लिंग. *(n)* –feminine gender.

تاؤ tāv (ताव)–गरमी, गुस्सा, शक्ति, एक कागज. *(nm)*–heat, passion, speed, power, strength, rage.

تاؤ آنا tāv ānā (ताव आना)–गुस्सा आना, भड़क उठना, क्रोधित होना. *(v)*–to be heated, to be inflamed, to be enraged.

تاؤ پیچ tāv pec (ताव पेच)–बेचैनी, परेशानी, चेतावनी, क्रोध. *(nm)*–restlessness, perplexity, anxiety, anger.

تاؤ دینا tāv denā (ताव देना)–मूंछों पर ताव देना, किसी को धमकी देना, अपना रौब झाड़ना. *(v)*–to curl the mousetache, to warn, to be angry.

تسلی ہونا tasallī honā (तसल्ली होना)–सन्तुष्टि होना, ढारस बंधना, दिलासा मिलना, आश्वासन मिलना. *(nm)*–to be satisfied, to be consoled or comforted.

تسلیم taslīm (तसलीम)–अभिवादन, प्रणाम, स्वीकृति, मंज़ूरी, मंज़ूर. *(nm)*–salutation, obeisance, saluting most respectfully, homage,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

compliments, greetings, accepting, acknowledging, admitting, confessing.

تسلیم کرنا **taslīm karnā** (तसलीम करना)–स्वीकार करना, अभिवादन करना, प्रणाम करना, आत्मसमर्पण करना. *(v)*–to admit, to confess, to salute respectfully, to do homage, to surrender.

تسلیم ہونا **taslīm honā** (तसलीम होना)–स्वीकृत होना, आत्मसमर्पण करना. *(v)*–to be committed, to surrender.

تسلیم بجالانا **taslmī bajā lānā** (तसलीम बजा लाना)–अभिवादन करना, प्रणाम करना, सम्मान करना, विदा होना. *(v)*–to pay respects, to make obeisance, to take leave, to salute.

تسمہ **tasmā** (तस्मा)–जूता बांधने का फीता, डोरी, चमड़े की पट्टी. *(nm)*–a strap of leather, latchet, a thong.

تسنیم **tasnīm** (तस्नीम)–स्वर्ग का एक सरोवर. *(nm)*–a water tank or fountain of paradise.

تسو **tasū** (तसू)–डेढ़ इंच, एक फुट का आठवां और एक गज़ का चौबीसवां भाग. *(nm)*–one and a half inch, one eighth of a foot or twentyfourth part of one yard.

تسوید **tasvīd** (तस्वीद)–काला करना, लिखना, स्कैच बनाना, *(nf)*–making black, writing a letter in black, sketch.

تسویہ **tasvīy** (तस्वीय)–सुधार, सुधारीकरण. *(nm)*–adjustment.

تسہیل **tashīl** (तस्हील)–सुगमता, सरलता, आसानी. *(nf)*– making easy, facilitation.

تشابہ **tashābuh** (तशाबुह)–समानता, एकरूपता, एक जैसा, समान. *(nm)*– resemblance, likeness, similiarity.

تشاکل **tashākul** (तशाकुल)–दो वस्तुओं में एकरूपता, समानता. *(nm)*–mutual resemblance.

تشبیہ **tashbīy** (तशबीय)–दो चीज़ों में मुकाबला, समानता, एक रूपता. *(nf)*–similiarity, comparison, allegory.

تشبیہ دینا **tashbīy denā** (तशबीय देना)–दो चीज़ों का मुकाबला करना. दो चीज़ों में समानता ढूंढना. *(v)*–to compare (with), to liken, to assimilate.

تشت **tasht** (तश्त)–बड़ी प्लेट, चौड़ा बरतन, परात. *(nm)*–a platter, a large basin, a salver, a parat.

تشت از بام ہونا **tasht az bām honā** (तश्त अज़ बाम होना)–प्रसिद्ध होना, लोगों की जानकारी में आना, प्रकाश में आना, किसी रहस्य का प्रकट होना. *(v)*–to come to light, to be known, to be revealed a secret.

تشتت **tashattut** (तश्तुत)–जुदाई, अलगाव, दूरी, अलग होना. *(nm)*–separation, dispersion, disunity, dispersion.

تشتری **tashtarī** (तश्तरी)–एक छोटी प्लेट, प्याला के नीचे रखने वाली प्लेट. *(nf)*–a small plate, a solver, a saucer, a small bowl, a dish.

تشخص **tashkhkhus** (तशख्खुस)–व्यक्तित्व, पहचान, अन्तर. *(nm)*– discrimination, appropriation, personality.

تشخیص **tashkhīs** (तश्खीस)–रोग की पहचान, रोगनिर्णय, रोग निदान. *(nf)*–diagnosis, ascertaining the disease of a patient, asertainment, discrimination, valuation, assessment.

تشخیص عام **tashkhīse ām** (तश्खीसे आम)–रोग की सरसरी पहचान, प्राथमिक अनुमान. *(nf)*– rough estimate, basic diagnosis.

تشخیص کرنا **tashkhīs karnā** (तश्खीस करना)–रोग का निदान करना, रोग की पहचान करना, रोग का निर्णय करना. *(v)*–to assess, to value, to to diagnose, to distinguish.

تشخیص گاہ **tashkhīsgāh** (तश्खीसगाह)–चिकित्सालय, हस्पताल, डिस्पेंसरी. –hospital, dispensary.

تشدد **tashaddud** (तशद्दुद)–हिंसा, ज़ोर-ज़बरदस्ती, तीव्रता, प्रचंडता, ज़ुल्म, अत्याचार, शक्ति से किसी चीज को प्राप्त करना. *(nm)*–seizing or holding by force, aggravation, violence, intensity.

تشریح **tashrīh** (तश्रीह)–वर्णन, व्याख्या, विस्तार से जानकारी, स्पष्टीकरण. *(nf)*–explanation, exposition, elucidation, detailed

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

information.

تشریح کرنا tashrīh karnā (तशरीह करना)–व्याख्या करना, वर्णन करना, विस्तार से जानकारी देना, स्पष्टीकरण देना. *(v)*–to explain, to elucidate, to give details, to inform in detail.

تشریحوار tashrīhvār (तशरीहवार)–विस्तार से जानकारी, तथ्यपूर्ण व्याख्या. *(adv)*–in detail, minutely, with full particulars, complete information.

تشریف tashrīf (तशरीफ़)–आगमन, पधारना, प्रशंसा करना, उन्नति करना. *(nm)*–to come. honouring, exalting.

تشریف آوری tashrīf āvrī (तशरीफ़ आवरी)–आगमन, पधारना, विराजमान होना. *(nf)*–to come, to enter.

تشریف ارزانی فرمانا tashrīf arzānī pharmānā (तशरीफ़ अर्ज़ानी फरमाना)–आना, पधारना, स्थान ग्रहण करना. *(v)*–to be pleased to come, to be pleased to take a seat.

تشریف رکھنا tashrīf rakhnā (तशरीफ़ रखना)–बैठना, आसन ग्रहण करना. *(v)*–to be pleased to sit down.

تشریف لانا tashrīf lānā (तशरीफ़ लाना)–आना, पधारना. *(v)*–to honour with one's presence, to come.

تشریف لے جانا tashrīf le jānā (तशरीफ़ ले जाना)–चले जाना, प्रस्थान करना. *(v)*–to depart, to leave.

تشفی tashaffī (तशफ़्फ़ी)–तसल्ली, सन्तुष्टि, दिलासा, ढाढ़स, सांत्वना, इत्मीनान. *(nf)*–satisfaction, consolation, satisfaction, calmness.

تشکک tashkkuk (तशक्कुक)–शक, संदेह, आशंका, भ्रम. *(nm)*–doubt, suspicion.

تشکیک tashkīk (तशकीक)–शक करना, संदेह करना, संदिग्ध, शक, संदेह. *(nf)*–raising suspicion, causing doubt, dubiousness, doubt, suspicion.

تشکیل tashkīl (तश्कील)–बनाना, निर्माण करना, गठित करना. *(nf)*–formation, organisation.

تشنج tashnuj (तश्नुज)–ऐंठन, अंग-संकोच, अंग-ग्रह, अंगों में ऐंठन का रोग. *(nm)*–spasm, cramp, twitching, convulsion.

تشنگی tashnagī (तश्नगी)–प्यास, इच्छा, चाहत, ख़ाहिश, अभिलाषा. *(nm)*–thirst, desire, longing, temptation.

تشنہ tashnā (तश्ना)–प्यासा, इच्छुक, अभिलाषी, ख़ाहिशमंद. *(adj)*– thirsty, eagerly desiring, instiable.

تشنہ کام tashnākām (तश्नाकाम)–तृषित, प्यासा, असफल, अभागा. *(adj)*–thirsty, unsuccessful, unfortunate.

تشنہ لب tashnālab (तश्नालब)–सूखे होंटों वाला, प्यासा. *(nm)*– thirsty, having parched lips.

تشنہ لبی tashnā labī (तश्ना लबी)–प्यास, सूखे होंट. *(nf)*–thirst, state of having parched lips.

تشویش tashvīsh (तश्वीश)–चिन्ता, फ़िक्र, घबराहट, व्यग्रता, घबराहट. *(nf)*–distraction, apprehension, perplexity, anxiety, grief, confusion.

تشہیر tashhīr (तश्हीर)–किसी को बुरी तरह जनता में बदनाम करना, किसी बात का जनता में एलान करना, किसी बात को जनता में घोषित करना. *(nm)*–public exposure of an offender, reciting in public, proclaiming, publishing.

تصادم tasādum (तसादुम)–परस्पर टकराव, टक्कर, संघर्ष, दंगा. *(nf)*–collision, clash, conflict, oppo- sition.

تصانیف tasānīf (तसानीफ़)–'तसनीफ' का बहुवचन, रचनाएं, कृतियां, लिखी हुई किताबें. *(nf)*–plural of *tasnif*, literary works, literary compositions.

تصاویر tasāvīr (तसावीर)–तस्वीर का बहुवचन, तस्वीरें, फोटोग्राफ, पेंटिंग, पोर्ट्रेट. *(nf)*–plural of *tasvir*, photos, paintings, portrait.

تصحیح tashīh (तसहीह)–शुद्ध करना, सुधार करना, ठीक करना, स्तर बढ़ाना. *(nf)*–correction, rectification, amendment, verification, attestation.

تصحیح کرنا tashīh karnā (तसहीह करना)–शुद्धि करना, संशोधन, सुधारना, त्रुटियां ठीक करना. *(v)*–to correct, to amend, to rectify.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تصدق tasadduk (तसद्दुक़)–न्यौछावर होना, बलिहारी जाना, सदक़े जाना. *(nm)*– giving *sadaqah* or alms, devotion, sacrifice, charity.

تصدق کرنا tasadduk karnā (तसद्दुक़ करना)–समर्पित होना, न्यौछावर होना, बलिहारी जाना, क़ुर्बानी देना. *(v)*–to sacrifice, to devote.

تصدیعہ tasdīyah (तस्दीयः)–परेशानी, पीड़ा, कष्ट, तकलीफ़, दुःख, आघात. *(nm)*–affliction, trouble, headache, worry, annoyance, toil, perplexity.

تصدیعہ کرنا tasdīyah karnā (तस्दीयः करना)–तकलीफ़ उठाना, दुःख सहना, पीड़ा सहन करना, चिन्ता करना. *(v)*–to worry, to take trouble, to be distressed.

تصدیق tasdīk (तस्दीक़)–पुष्टि, प्रमाण, ताईद, समर्थन, सुबूत, *(nf)*–attesting, verifying, proving true, verification, attestation, affirmation.

تصدیق تعریفی tasdīke tārīfī (तस्दीक़े तारीफ़ी)–किसी काम की प्रशंसा का प्रमाण-पत्र. *(nf)*–commendation certificate.

تصدیق شدہ tasdīk shudah (तस्दीक शुदः)–प्रति-हस्ताक्षर, प्रमाणित. *(adj)*–counter-signed, verified, affirmed, certified, attested.

تصدیق کرنا tasdīk karnā (तस्दीक़ करना)–प्रमाणित करना, पुष्टि करना. *(v)*–to certify, to verify, to confirm, to attest, to affirm.

تصدیق نامہ tasdīknāmā (तस्दीक़नामा)–प्रमाण-पत्र. *(nm)*–certificate, testimonial.

تصدیق نامہ صحت tasdīknāmā sehat (तस्दीक़नामा सेहत)–अच्छे स्वास्थ्य का प्रमाण-पत्र. *(nm)*–fitness certificate.

تصدیقی دستخط tasdīkī dastakhat (तस्दीक़ी दस्तखत)– प्रति-हस्ताक्षर. *(nm)*– counter-signature.

تصرف tasarruf (तसर्रुफ़)–खर्च, कब्ज़ा, अधिकार, परिवर्तन, काट छांट. *(nm)*– expenditure, use, possession, disposal, extravagance.

تصرف بیجا tasarruf bejā (तसर्रुफ़ बेजा)–व्यर्थ का खर्चा, फ़िज़ूलखर्ची. *(nm)*–misappropriation of funds.

تصرفات tasarrufāt (तसर्रुफ़ात)–सब खर्चों का जोड़. *(nm)*–the sum-total of expences.

تصریح tasrīh (तसरीह)–कोई बात विस्तार से बताना, किसी बात की व्याख्या करना, किसी बात की सफ़ाई देना. *(nf)*–making clear, narration, manifestation, explanation, clarification.

تصریف tasrīf (तसरीफ़)–मिलन होना, मिलाप होना, बदलना, पलटना. *(nf)*– conjugation, declension, inflection, changing, turning, converting.

تصغیر tasgīr (तसग़ीर)–कमी, न्यूनता, उतार. *(nf)*–diminution.

تصفیہ tasfiyah (तस्फ़ियः)–शुद्धि, सफ़ाई, आपसी फ़ैसला, सहमति, समझौता. *(nm)*–purifying the mind from ill-will, purification, purgation, purity, reconcilation, settlement, adjustment, decision.

تصلیب taslīb (तस्लीब)–फांसी पर चढ़ाना, मृत्यु दंड देना. *(nf)*–crucification.

تصمیم tasmīm (तस्मीम)–दृढ़ता, मज़बूती. *(nf)*–strength, firmness.

تصنع tasanno (तसन्नो)–कृत्रिम, बनावटी, दिखावा, प्रदर्शन, कला का प्रदर्शन. *(nm)*–making a show of art, showing a spacious exterior, spaciousness, hypocrisy.

تصنیف tasnīf (तस्नीफ़)–रचना, किताब लिखना. *(nf)*–a literary composition, writing of a book, compiling.

تصنیف کرنا tasnīf karnā (तस्नीफ़ करना)–किताब लिखना. *(v)*–to compose, to write a book.

حق تصنیف hake tasnīf (हक़े तस्नीफ़)–कापी-राईट. *(nm)*– copyright.

تصور tasavvur (तसव्वुर)–कल्पना, विचार, ख़याल. *(nm)*– imagination, reflection, contemplation, idea, conception, apprehension.

تصور کرنا tasavvur karnā (तसव्वुर करना)–कल्पना करना, विचार करना, खयाल करना. *(v)*–to imagine, to fancy, to think about.

تصوف tasavvuf (तसव्वुफ़)–अध्यात्मवाद, आत्मा-परमात्मा का चिन्तन. *(nm)*–mysticism, the

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تصوّر tasvīr (तस्वीर) theology of the mystics of the East, contemplation, mystery.

تصویر tasvīr (तस्वीर)–चित्र, फोटो, पेंटिंग, पोर्ट्रेट. *(nf)*–a picture, a portrait, photo, an image, painting.

تصویر بن جانا tasvīr ban jānā (तस्वीर बन जाना)–बुत बन जाना, बिलकुल गतिहीन हो जाना, स्तब्ध रह जाना. *(v)*– to be striken dumb, to be static.

تصویر خانہ tasvīr khāna (तस्वीर खाना)–जहां तस्वीरें रखी जाती हैं, फोटो गैलरी. *(nm)*– picture gallery.

تصویر کا دوسرا رخ tasvīr kā dūsrā rukh (तस्वीर का दूसरा रुख़)–दोनों पक्षों की बात सामने रखना. *(nm)*–the other side of the picture, to reveal something which is unknown.

تصویر کھینچنا tasvīr khīncnā (तस्वीर खींचना)–फोटो खींचना, तस्वीर बनाना, पेंट करना, पोर्ट्रेट बनाना. *(v)* –to photograph, to draw or paint a picture, to portray.

عکسی تصویر aksī tasvīr (अक्सी तस्वीर)–छायाचित्र, फोटो. *(nf)*–a photograph.

تضاد tazād (तज़ाद)–प्रतिकूल, विपरीत, विपक्ष, उलटा. *(nm)*–contrast, opposite, against, contradiction, inconsistency.

تضحیک tazhīk (तज़हीक)–उपहास करना, मज़ाक उड़ाना, हंसी उड़ाना. *(nf)*–mocking, ridicule, derision, to laugh at someone, to make joke of somebody.

تضیع tazaīa (तज़ईअ)–नष्ट करना, बरबाद करना. *(v)*–to destroy, to eliminate.

تضرع tazraa (तज़रअ)–अनादर, अपमान, मानहानि. *(nm)*– self abasement, humility, supplication.

تضمین tazmīn (तज़मीन)–किसी एक वस्तु को दूसरी में मिला देना, किसी को सुरक्षा का आश्वासन देना, दूसरों पर विश्वास करना. *(nf)*– comprehending or including one thing in another, giving security or guarantee, entrusting with another.

تضیع tazīa (तज़ीअ)–नष्ट करना, बरबाद करना, समय नष्ट करना, बेकार बैठे रहना, सुस्त होना. *(nf)*– spoiling, wasting, destroying, idling away time.

تضیع اوقات tazīa aukāt (तज़ीअ औकात)–समय नष्ट करना, बेकार बैठे रहना, समय व्यर्थ गंवाना. *(nf)*–idling away time, wasting time.

تطابق tatābuk (ततावुक़)–समानता, बराबरी. *(nm)*– similarity, concurrence, conformity, coherence, cohesion.

تطبیق tatbīk (ततबीक़)–समानता, अनुकूलता, बराबरी, एक समान, एकरूपता. *(nf)*– conforming, comparing, likening, drawing up two things face to face, causing to confront.

تطویل tatvīl (तत्वील)–बढ़ाना, लम्बा करना. *(nf)*– to enlarge, to lengthen.

تطہیر tathīr (तत्हीर)–शुद्ध करना, साफ़ करना, पवित्र करना, शुद्धि, पवित्रता. *(nf)*– purification, sanctification, purgation.

تظلم tazallum (तज़ल्लुम)–अत्याचार की शिकायत, किसी के दबाव का विरोध करना, चोट लगना, हताश होना. *(nm)*–complaining of injustice, injury, oppression, groaning under opression.

تظہیر tazhīr (तज़हीर)–स्थापित करना, किसी लेख की पिछली तरफ कुछ लिखना. *(nf)*– endorsement, writing on the back of a document.

تعارض taāruz (तआरुज़)–आक्षेप, विघ्न, रोक टोक, संघर्ष, झगड़ा, मतभेद, असहमति,विरोध. *(nm)*– disputing, quarrelling, confronting, contradiction, opposition.

تعارف taāruf (तआरुफ़)–आपसी जान-पहचान, जानकारी, परिचय. *(nm)*–mutual acquaintance, custom, ceremonial courtesy.

تعاقب taākub (तआक़ुब)–अनुसरण करना, पीछा करना. *(nm)*–following, pursuit, chase, persecuting.

تعاون taāvun (तआवुन)–सहायता, सहयोग, मदद. *(nm)*– assistance, mutual aid or help.

تعب taab (तअब)–दुःख, क्लेश, कष्ट, तकलीफ़. *(nm)*– trouble, exertion, fatigue, pain, worry.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تعبیر **tābīr** (ताबीर)–स्वप्नफल, ख़ाब की ताबीर, विवरण, व्याख्या. *(nf)*–explanation, interpretation (particularly of dreams), elucidation.

تعبیر گو **tābīr go** (ताबीर गो)–स्वप्नफल बताने वाला. *(nm)*– an interpreter of dreams.

تعجب **taajjub** (तअज्जुब)–आश्चर्य, अचंभा, विस्मय, हैरानी. *(nm)*–wonder, astonishment, amazement, surprise, wondering.

تعجب کرنا **taajjub karnā** (तअज्जुब करना)–आश्चर्य करना, हैरान होना, अचंभित होना. *(v)*–to wonder, to be surprised.

تعجیل **tājīl** (ताजील)–शीघ्रता, जल्दी, अविलंबता, आतुरता, उतावलापन. *(nf)*–quickness. haste, hurry, expedition, agility.

تعجیل کرنا **tājīl karnā** (ताजील करना)–शीघ्रता करना, जल्दी करना. *(v)*–to haste, to expedite.

تعجیلی تار **tājīlī tār** (ताजीली तार)–तुरन्त तार, अर्जेन्ट टेलिग्राम. *(nm)*–express telegram.

تعجیلی تقسیم **tājīlī taksīm** (ताजीली तक़सीम)–तुरन्त सौंपना. *(nf)*– express delivery.

تعجیلی مراسلہ **tājīlī marāsalā** (ताजीली मरासला)–तुरत पत्र. *(nf)*– express letter.

تعداد **tādād** (तादाद)–संख्या, गिनती, शुमार. *(nf)*–number, numbering, enumeration, computation, amount, sum.

تعدد **taadad** (तअदद)–एक से ज़्यादा संख्या. *(nm)*–more than one.

تعدد ازواج **taadad azvāj** (तअदद अज़्वाज)–एक से अधिक पत्नियां रखने वाला. *(nm)*–polygamy, having more than one wife.

تعدی **taadī** (तअदी)–अन्याय, अत्याचार, ज़ुल्म, गलत काम. *(nm)*–injustice, oppression, tyranny, violence, cruelty, wrongdoing, extortion.

تعدیل **tādīl** (तादील)–सुधार, बराबरी, शुद्धिकरण. *(nf)*–equalising, adjustment, correction.

تعذیب **tāzīb** (ताज़ीब)–पीड़ा देना, दुःख देना, वेदना, कष्ट. *(nf)*–to harass, to tease, to trouble, to grieve, to inflict grief/sorrow/pain.

تعرض **taarruz** (तअर्रुज़)–हस्तक्षेप, दखल अन्दाज़ी, विघ्न, बाधा, रुकावट, विरोध. *(nm)*–interference, resisting, preventing, hindweance, obstacle, opposition.

تعریض **tarīz** (तारीज़)–बढ़ावा, आपत्ति, एतिराज़, व्यंग्य, कटाक्ष, तंज़. *(nf)*–enlarging, ambiguity in speech, hinting at a subject obscurely, to satire, to joke.

تعریف **tarīf** (तारीफ़)–प्रशंसा, श्लाघा, परिचय, पहचान, वर्णन. *(nf)*– praise, explanation, description, assertion, admiration.

تعریف کر کے منہ سوکھنا **tarīf karke munh sūkhnā** (तारीफ़ करके मुँह सूखना)–बहुत ज़्यादा प्रशंसा करना. *(nm)*–to praise very highly.

تعزیت **tāziyat** (ताज़ियत)–मृतक के प्रति उसके सम्बन्धियों से शोक प्रकट करना. *(nm)*–condolence, lementation, mourning.

تعزیت نامہ **tāziyat nāmā** (ताज़ियत नामा)–शोक-पत्र. *(nm)*– letter of condolence.

تعزیر **tāzīr** (ताज़ीर)–दंड, सज़ा, जुर्माना, चेतावनी, सुधार. *(nf)*–punishment, censure, reprimand, penalty, correction.

تعزیری پولیس **tāzīrī pulis** (ताज़ीरी पुलिस)–सज़ा देने वाली पुलिस. *(nf)*–punitive police.

تعزیری چوکی **tāzīrī caukī** (ताज़ीरी चौकी)–सज़ा देने वाली चौकी. *(nf)*–punitive post.

تعزیری قوانین **tāzīrī kvānīn** (ताज़ीरी क़्वानीन)–क़ानून. *(nm)*– penal laws.

تعزیری کاروائی **tāzīrī kāryavāī** (ताज़ीरी कार्यवाई)–सज़ा दिलाने वाला ढंग या तरीक़ा. *(nf)*–punitive action or measure.

تعزیہ **tāziyā** (ताज़िया)–इमाम हसन और हुसैन के मकबरों के नमूने जो मुहर्रम के दिन एक जलूस की शक्ल में बाज़ारों से ले जाए जाते हैं. *(nm)*–a model of the tombs of Imam Husan and Hussain carried in procession during Muharram.

تعزیہ اٹھانا **tāziyā uṭhānā** (ताज़िया उठाना)–जलूस में ताज़िया उठा कर चलना. *(nm)*–to carry the *taziah* in procession.

تعزیہ ٹھنڈا کرنا **tāziyā ṭhanḍā karnā** (ताज़िया ठंडा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना)–मुहर्रम के जलूस की समाप्ति पर ताज़िया को दफ़नाना या नदी में बहा देना. *(v)*–to bury a *taziah* or throw into the river after the observance of the aniversary of Muharram.

تعزیدار **tāziyādār** (ताज़ियादार)–जो व्यक्ति ताज़िया बनाता है और इमाम हसन व हुसैन की मृत्यु का शोक मनाता है. *(nm)*–one who makes a taziah and observes mourning.

تعشق **taashshuk** (तअश्शुक़)–प्यार, मुहब्बत, स्नेह, चाह. *(nm)*– love, affection.

تعصب **taassub** (तअस्सुब)–धार्मिक या जातीय पक्षपात, धर्मांधता, कट्टरपन. *(nm)*–prejudice for or against, religious persuction.

تعطل **taattul** (तअत्तुल)–गत्यवरोध, डैडलॉक, काम में अड़चन, बेकार, सुस्त. *(nm)*–suspension of work or activity, idleness, deadlock.

تعطیل **tātīl** (तातील)–अवकाश, छुट्टी, फ़ुरसत. *(nm)*–a holiday, vacation, laying waste, useless.

تعظیم **tāzīm** (ताज़ीम)–सम्मान, आदर, सत्कार, सौजन्य. *(nf)*–respect, honour, gentleness, politeness, treating with ceremony and respect.

تعظیم بجالانا **tāzīm bajā lānā** (ताज़ीम बजा लाना)–आदर सत्कार करना, सम्मान करना. *(v)*– to show respect, to honour, to receive cordially, to salute.

تعظیم کرنا **tāzīm karnā** (ताज़ीम करना)–सम्मान करना, आदर करना. *(v)*– to honour, to respect.

تعفن **taaffun** (तअफ़्फ़ुन)–दुर्गंध, सड़ांध. *(nm)*– bad smell, offensive odour, stink, fetidness.

تعلق **taalluk** (तअल्लुक़)–सम्बन्ध, सम्पर्क, लगाव. *(nm)*– relation, connection, concern, dependance, consideration.

تعلق رکھنا **taalluk rakhnā** (तअल्लुक़ रखना)– सम्बन्ध बनाए रखना, निर्भर करना, वास्ता रखना. *(v)*–to have connection with, to depend, to belong, to be concerned with.

تعلقہ **taallukā** (तअल्लुक़ा)–जागीर, इलाक़ा, प्रान्त का एक भाग. *(nm)*–an estate, a division of a province.

تعلقہ دار **taallukādār** (तअल्लुक़ादार)–ज़मीन का मालिक, ज़मींदार *(nm)*–a possessor of an estate, a landlord.

تعلم **taallum** (तअल्लुम)–पढ़ना, शिक्षा ग्रहण करना. *(nm)*–learning, knowledge, study.

تعلی **taallagī** (तअल्ली)–डींग, शेखी, अत्युक्ति. *(nf)*– boasting, bragging, exalting oneself, appearing conspicuous.

تعلی لینا **taallī lenā** (तअल्ली लेना)–शेखी मारना, डींग मारना. *(nm)*–to boast, to brag.

تعلیق **tālīk** (तालीक़)–लटकाना, झमेले में डालना. *(v)*–to hang, to suspend, to keep waiting, to keep in suspence, to confuse.

تعلیم **tālīm** (तालीम)–शिक्षा, पढ़ाई, पढ़ाना, सिखाना. *(nf)*–teaching, tuition, instructing.

تعلیم پانا **tālīm pānā** (तालीम पाना)–शिक्षा प्राप्त करना. *(nm)*–to receive instructions, to be educated.

تعلیم دینا **tālīm denā** (तालीम देना)–शिक्षा देना, किसी को शिक्षित करना. *(nm)*–to teach, to instruct, to educate.

تعمق **tāammuk** (तअम्मुक़)–चिन्तन, मनन, तह को पहुँचना. *(nm)*–deep thinking, probing, getting to the bottom.

تعمیر **tāmīr** (तामीर)–निर्माण, बनाना, रचना, इमारत बनाना. *(nf)*–construction, building, structure, repairing.

تعمیر کرنا **tāmīr karnā** (तामीर करना)–निर्माण करना, बनाना. *(v)*–to build, to construct.

تعمیر ہونا **tāmīr honā** (तामीर होना)–निर्माण होना, बनना. *(v)*–to be built.

تعمیرات خورد **tāmīrāte khurd** (तामीराते खुर्द)–छोटे-छोटे निर्माण कार्य. *(nf)*–minor construction works.

تعمیرات کلاں **tāmīrāte kalān** (तामीराते कलां)– निर्माण के बड़े-बड़े कार्य. *(nf)*–major construction works.

تعمیق **tāmīk** (तामीक़)–सोच-विचार, दूरदेशी, दूर की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बात सोचना, आने वाले कल के बारे में सोचना. *(nf)*–careful thinking, foreseight, prudence.

تعمیل tāmīl (तामील)–प्रतिपालन, मानना, पूरा करना. *(nf)*–compliance, performance, service, execution.

تعمیل حکم کرنا tāmīle hukam karnā (तामीले हुक्म करना)–आदेश का पालन करना, कहना मानना, आज्ञा पालन. *(v)*–to carry out an order.

تعمیل شدہ tāmīl shudā (तामील शुदा)–आदेश पूरा किया हुआ. *(adj)*–compiled with.

تعمیل معاہدہ tāmīle muāhidā (तामीले मुआहिदा)–किसी वायदे, अनुबन्ध या ठेके को पूरा करना. *(nm)*–execution of a contract, agreement or treaty.

تعمیل میں tāmīl main (तामील में)–आज्ञा पालन में. *(adv)*–in compliance with.

تعویذ tāvīz (तावीज़)–यंत्र, यंत्र कोष्टक. *(nm)*–an amulet, a charm having resources to the deity, asking protection or prosperity.

تعویق tāvīk (तावीक़)–देर, विलंब, ढील, टाल-मटोल. *(nf)*–delaying, postponing, averting, suspending.

تعیش taelysh (तऐयुश)–सुख चैन, भोग विलास, चैन की ज़िन्दगी जीना, परिश्रम से अपनी रोज़ी रोटी कमाना. *(nm)*–living a pleasant and prosperous life, rejoicing, procuring a livelyhood by toil and labour.

تعین taeyun (तऐयुन)–नियुक्ति, नियोजन, निश्चय. *(nm)*– establishing, appointing, fixation, deputing, assigning, allotment.

تعین تنخواہ taeyune tankhāh (तऐयुने तन्खाह)–वेतन निश्चित करना. *(nm)*–to fix the pay.

تعین کرنا taeyun karnā (तऐयुन करना)–निश्चित करना, मुकर्र करना. *(v)*–to appoint, to fix, to determine, to allot.

تعیناتی taeyunātī (तऐयुनाती)–नियुक्ति. *(nf)*–appointment, posting.

تغار tagār (तग़ार)–एक टब, एक बालटी, पानी भरने का बरतन. *(nm)*–a tub, a bucket, a pail.

تغافل tagāful (तग़ाफ़ुल)–उपेक्षा, असावधानी, लापरवाई, आलस्य, सुस्ती. *(nm)*–neglect, negligence, forgetfulness, indifference, inattention, unmindfulness.

تغذیہ tagziyā (तग़ज़िया)–ग़िज़ा देना, पालना, ग़िज़ा. *(nm)*–food, nourishment, feeding.

تغلب tagalab (तग़लब) ग़बन, ख़ियानत. *(nm)*–embezzlement, misuse of money or any other thing which is in your custody.

تغیر tagaiyur (तग़ैयुर)–परिवर्तन, तबदीली, विकार, रूपांतर, बिगाड़. *(nm)*–alteration, change, removal.

تغیر و تبدل tagaiyuro tabaddul (तग़ैयुरो तबद्दुल)–परिवर्तन, तबदीली. *(nm)*– changes, alterations, revolutionary changes.

تغیر کرنا tagaiyur karnā (तग़ैयुर करना)–परिवर्तन करना, तबदील करना, हटाना (नौकरी से) *(nm)*–to alter, to remove, to discharge, to remove.

تغیر ہونا tagaiyur honā (तग़ैयुर होना)–हटाया जाना, बदला जाना. *(nm)*–to be changed, to be altered, to be removed.

تغیرات ہر سالہ tagaiyurāt har sālā (तग़ैयुरात हर साला)–हर वर्ष होने वाली तबदीली. *(nm)*–annual alterations, a register maintained by *Tehsildars* to note annual changes in possessions of land.

تف tuf (तुफ़)–धिक्कार, लानत. *(nm)*–shame, curse.

تفاخر tafākhur (तफ़ाख़ुर)–शेख़ी मारना, गर्व करना, अभिमान करना. *(nm)*–the act of boasting, to be proudy.

تفاسیر tafāsīr (तफ़ासीर)–'तफ़सीर' का बहुवचन, विवरण, व्याख्या, घोषणा. *(nm)*–commentaries, explanations.

تفاصیل tafāsīl (तफ़ासील)–तफ़सील का बहुवचन, विस्तृत जानकारी. *(nf)*–details.

تفاوت tafāvut (तफ़ावुत)–भेद, अन्तर, दूरी. *(nm)*–difference, distance.

تفتہ taftā (तफ़्ता)–तपता हुआ, बहुत गरम. *(nm)*–very hot, irritated, agitated.

تفتہ جگر taftā jigar (तफ़्ता जिगर)–दिल जला, प्यार में धोखा खाया हुआ. *(nm)*–bitter, full of grudge, cheated in love affair.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تفتیش tafīsh (तफ़्तीश)

تفتیش tafīsh (तफ़्तीश)–अनुसंधान, जांच पड़ताल, छानबीन, तहक़ीक़ात, पूछताछ, खोज. *(nf)*–inquiry, investigation, research, examination, search.

تفحص taphah'hus (तफह'हुस)–अन्वेषण, खोज, छानबीन, जांच पड़ताल, तलाश. *(nm)*–inquiry, investigation, search.

تفرج tapharruj (तफर्रुज)–तमाशा, कौतुक, तफरीह. *(nm)*–entertainment, recreation.

تفرجگاہ tapharrujgāh (तफर्रुजगाह)–क्रीड़ास्थल, रंग महल, तमाशागाह. *(nm)*–stadium, club, theatre.

تفرقہ taphrikā (तफ़रिक़ा)–अन्तर, भेद, विरोध, फूट. *(nm)*– dispersion, separation, distinction, division.

تفرقہ انداز tafrikā andāz (तफ़रिक़ा अंदाज़)–जो विरोध पैदा करता है, मतभेद पैदा करता है, फूट डलवाता है. *(adj)*–who creates differences, who divides people, who separates/ disunites.

تفریح tafrīh (तफ़रीह)–मनोरंजन, मनोविनोद, मन बहलाव, सैर सपाटा. *(nm)*–entertainment, recreation, rejoicing, exhilarating, amusement, gratification.

تفریحاً tafrīhan (तफ़रीहन)–मनोरंजन से, मनोविनोद की खातिर, सैर तमाशे से. *(adv)*–by way of amusement, for the sake of recreation, in jest, in fun.

تفریح طبع tafrīh tabaa (तफ़रीह तबअ)–मनोरंजन पसंद करने वाला, विनोदी स्वभाव वाला. *(adv)*–recreation, amusement, cheerfulness.

تفریحی محاصل tafrīhī mahāsil (तफ़रीही महासिल)– मनोरंजन कर. *(nm)*–entertainment- tax.

تفریط tafrit (तफ़रित)–कमी, न्यूनता, ह्रास. *(nf)*–decrease, deficiency.

تفریق tafrīk (तफ़रीक़)–घटाना, कम करना, अलग करना, फूट, अलगाव, पृथकता, अलहदगी. *(nf)*–subtraction, seperation, partition, classification.

تفریق کرنا tafrīk karnā (तफ़रीक़ करना)–घटाना, कम करना, अंतर निकालना. *(v)*–to subtract, to separate, to classify, to know the difference.

تفسیر tafsīr (तफ़सीर)–व्याख्या, भाष्य, विवरण, विस्तार से बताना. *(nf)*–explanation, comment in detail, commentary, description.

تفصیل tafsīl (तफ़सील)–विवरण, विस्तार, ब्योरा. वृतांत. *(nm)*–detail, explanation, description.

تفصیل کرنا tafsīl karnā (तफ़सील करना)–विस्तार से बताना, विवरण देना, ब्योरा देना. *(v)*–to detail, to explain fully.

تفصیل وار tafsīlvār (तफ़सीलवार)–विस्तार से, पूरे तौर पर. *(adv)*–in detail.

تفصیلی تخمینے tafsīlī takhmīme (तफ़सीली तखमीमे)–विस्तृत अनुमान. *(nm)*–detailed estimates.

تفصیلات tafsīlāt (तफ़सीलात)–'तफ़सील' का बहुवचन, विवरण, विस्तृत वर्णन. *(nf)*–pareticulars, details.

تفضیل tafzīl (तफ़ज़ील)–प्राथिमकता, महत्त्व. *(nf)*–pre-eminence, excellence, prefrence.

تفضیح tafzīh (तफ़ज़ीह)–भर्त्सना, निन्दा.*(nm)*–to criticise.

تفقد tafakkud (तफ़क्कुद)–कृपा, दया, करम, अनुग्रह. *(nf)*– kindness, mercy.

تفقہ tafakkā (तफ़क्का)–इस्लामी क़ानून की जानकारी, इस्लाम के बारे में गहरी जानकारी, अच्छे बुरे की पहचान करने की शक्ति. *(nm)*–knowledge of Muslim law, expertness in Islamic juris-prudence, possessing power of discrimination.

تفکر tafakkur (तफ़क्कुर)–चिंतन, मनन, सोच, ग़ौर, फ़िक्र. *(nm)*–thinking, considering, reflection, meditation, anxiety.

تفنگ tufang (तुफ़ंग)–बंदूक. *(nf)*–a gun, rifle.

تفنن tafnun (तफ़नुन)–मनोरंजन, विनोद, हास्य-व्यंग्य, मज़ाक़. *(nm)*–amusement, passtime, relaxation.

تفنن طبع tafnun tabaa (तफ़नुन तबअ)–मनोरंजन, हास्य-व्यंग्य, विनोद, मन बहलाव, हँसी मज़ाक़. *(nm)*– entertainment, amusement,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

relaxation.

تفوق tafva'vuk (तफ़व्'वुक)–श्रेष्ठता, उत्तमता, बड़प्पन. *(nm)*–superiority, preference.

تفویض tafvīz (तफ़वीज़)–सपुर्द करना, सौंपना. *(nf)*– entrusting, handing over, transfering.

تفویض اختیارات tafvīze ikhtiyārāt (तफ़वीज़े इख़्तियारात)–अपने अधिकार किसी और को सौंपना, अधिकारों का हस्तांतरण. *(nm)*–delegation of power.

تفہم tafahhum (तफ़हहुम)–समझ, तालमेल, आपसी विश्वास. *(nm)*– apprehending, understanding.

تفہیم tafhīm (तफ़हीम)–सम्बोधन, समझाना. *(nf)*–making one understand, teaching, instructing, informing.

تقابل takābul (तक़ाबुल)–अपेक्षा, मुकाबला, आमने सामने. *(nm)*–encountering, standing face to face, drawn up in opposite camps.

تقار takkār (तक़्क़ार)–बातूनी, सुवक्ता, अच्छा बोलने वाला. *(nm)*–good speaker, who speaks too much.

تقاریب takārīb (तक़ारीब)–तक़रीब कर बहुवचन, उत्सव, मेला, ख़ुशी का अवसर. *(nf)*–ceremonies, rites, festivals.

تقاریر takārīr (तक़ारीर)–तक़रीर का बहुवचन, भाषण, वव्याख्यान. *(nm)*–speeches, discourses.

تقاضا takāzā (तक़ाज़ा)–दी हुई रकम वापस मांगना, तगादा करना, अपनी मांग को मनवाने के लिए दवाव डालना. *(nm)*–demanding payment of a debt, pressing for settlement of a demand or claim.

تقاطر takātur (तक़ातुर)–कण वर्षा, बूंदा बांदी, फुहार पड़ना, क़तरा क़तरा लगातार गिरना. *(nm)*–dropping continuously, distling drop by drop.

تقاوی takāvī (तक़ावी)–फसल बोते समय या खेती के औज़ार खरीदने के लिए या कुआं इत्यादि खुदवाने के लिए दिया जाने वाला क़र्ज़. *(nf)*–advances given to farmers to purchase the implements or digging well or at the time of sowing.

تقاویم takāvīm (तकावीम)–'तक़वीम' का बहुवचन, कैलन्डर जिसमें तारीखें इत्यादि लिखी होती हैं. *(nm)*– calendars.

تقدس takaddus (तक़द्दुस)–पवित्रता, प्रतिष्ठा, श्रेष्ठता. *(nm)*– purity, sanctity, holiness.

تقدم takaddum (तक़द्दुम)–प्रधानता, प्रमुखता, प्राथमिकता. *(nm)*–priority, preference, eminence.

تقدیر takdīr (तक़दीर)–भाग्य, प्रारब्ध, किस्मत, दैव. *(nf)*–fate, luck, fortune, destiny, divine.

تقدیر آزمانا takdīr āzmānā (तक़दीर आज़माना)–अपने भाग्य को परखना. *(v)*–to try one's luck.

تقدیر بگڑنا takdīr bigaṛnā (तक़दीर बिगड़ना)–भाग्य दुर्भाग्य में बदल जाना, समय पलट जाना, बुरे दिन आना. *(v)*–to be unlucky, to face adverse circumstances.

تقدیر پھرنا takdīr phirnā (तक़दीर फिरना)–समय बदल जाना (अच्छे समय से बुरा समय आना या बुरे समय से अच्छा समय आना. *(nm)*–to have a change in circumstances (from bad to good circumstances or good to bad circumstances).

تقدیر پھوٹ جانا takdīr phūṭ jānā (तक़दीर फूट जाना)–भाग्य दुर्भागय में बदल जाना, बुरा समय आ जाना, ग्रहों का विपरीत हो जाना. *(v)*–to be put in adverse circumstances, to fall into adversity, to come under an unlucky star.

تقدیر جاگنا takdīr jāgnā (तक़दीर जागना)–अच्छे दिन आना, भाग्य का पलटा खाना, धन की प्राप्ति होना. *(v)*–to have a luck, to have a better lot, to be fortunate.

تقدیر کا پلٹا کھانا takdīr kā palṭā khānā (तक़दीर का पलटा खाना)–अच्छा समय आना, किस्मत का साथ देना, धन प्राप्त होना. *(v)*–favourable time to come, to be fortunate and prosperous.

تقدیس takdīs (तक़्दीस)–पवित्रता, पाकीज़गी. *(nf)*–purity, sanctity, magnifying.

تقدیم takdīm (तक़दीम)–प्राथमिकता, प्रधानता, पहल, पेश करना. *(nm)*–priority, preference, giving precedence to.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

performance, preentation.

تقرب takarrub (तक़र्रुब)–निकटता, नज़दीकी, सामीप्य. *(nm)*–near, nearness, access, approach, proximity.

تقرب حاصل کرنا takarrub hāsil karnā (तक़र्रुब हासिल करना)–किसी का सामीप्य प्राप्त करना, किसी तक रसाई होना. *(v)*–to obtain access or admittance to.

تقرر takarrur (तक़र्रुर)–नियुक्ति, नियोजन, तईनाती. *(nm)*– appointment, fixation, nomination.

پروانۂ تقرر parvānā-e takarrur (परवाना-ए तक़र्रुर)–नियुक्ति का पत्र. *(nm)*– letter of appointment.

تقریب takrīb (तक़रीब)–उत्सव, पर्व, त्योहार. *(nf)*–festival, ceremony, motive, bringing near.

تقریباً takrīban (तक़रीबन)–लगभग, प्रायः, अनुमानतः, अंदाज़न. *(adv)*–nearly, approximately, about.

تقریر takrīr (तक़रीर)–भाषण, व्याख्यान, बयान, कथन, वार्तालाप, बात चीत. *(nf)*–speech, discourse, oration, recital, reasoning, argument, exposition.

تقریر کرنا takrīr karnā (तक़रीर करना)–भाषण देना, व्याख्यान देना. *(v)*–to speak, to lecture, to discourse.

تقریری takrīrī (तक़रीरी)–ज़्यादा बोलने वाला, बातूनी, ज़्यादा बहस करने वाला. *(adj)*–who talks too much, talkative, argumentative, verbal, oral.

تقریظ takrīz (तक़रीज़)–समीक्षा, आलोचना, विवेचना, टीका, टिप्पणी. *(nf)*–to review, to criticise.

تقسیم taksīm (तक़सीम)–वितरण, बांटना, बटवारा, विभाजन. *(nm)*–division, to divide.

تقسیم ترکہ taksīme tarkah (तक़सीमे तर्कः)–मृतक द्वारा छोड़ी गई सम्पत्ति का बटवारा. *(nf)*–distribution of a legacy.

تقسیم کار taksīme kār (तक़सीमे कार)–काम का बटवारा. *(nf)*– distribution of work.

تقسیم کرنا taksīm karnā (तक़सीम करना)–बांटना, बटवारा करना. *(nf)*–to divide, to distribute, to part, to share.

تقسیم مرکب taksīme murakkab (तक़सीमे मुरक्कब)–बटवारा दर बटवारा. *(nf)*–compound division.

تقسیم مفرد taksīme muphard (तक़सीमे मुफर्द)–साधारण बटवारा. *(nf)*–simple division.

تقسیم مکمل taksīme mukammal (तक़सीमे मुकम्मल)–पूरी बांट, पूर्ण बटवारा. *(nf)*–exact distribution, process of division without remainder.

تقسیم نامہ taksīm nāmā (तक़सीम नामा)–बटवारे का अधिकृत पत्र. *(nf)*–partition deed.

تقسیم ہونا taksīm honā (तक़सीम होना)–बटवारा होना. *(nf)*–to be divided.

تقصیر taksīr (तक़सीर)–न्यूनता, कमी, कसर, अपराध, दोष. *(nf)*–error, crime, sin, fault, omission, shortcoming, mistake.

تقصیروار taksīrvār (तक़सीरवार)–कुसूरवार, दोषी, अपराधी, कमी रखने वाला, जिसमें कोई कमी हो, कोई न्यूनता हो. *(adj)*–faulty, blamable, criminal, guilty, convict.

تقطیر taktīr (तक़तीर)–प्रस्ताव, बूंद बूंद करके टपकना, कष्ट के साथ पेशाब का बूंद बूंद टपकना. *(nf)*–drop by drop distilling, painful discharge of urine in drops.

تقطیع taktīa (तक़तीअ)–विच्छेद, टुकड़े करना, आकार. *(nf)*–dissection, cutting into pieces, the pause in reading poetry.

تقلید taklīd (तक़लीद)–अनुकरण, अनुसरण, पैरवी, बहरूप भरना. *(nf)*– copying, imitation, following in the foot-steps of, mimicry.

تقلید کرنا taklīd karnā (तक़लीद करना)–अनुकरण करना, अनुसरण करना, बहरूप भरना, किसी के पद्चिन्हों पर चलना. *(v)*–to copy, to follow, to imitate, to mimic.

تقویٰ takvā (तक़वा)–ईश्वर से डरना, नेक बनना, पाप नहीं करना, संयम बरतना, पारसा बनना. *(nm)*–guarding oneself from sin, fear of God, piety, abstinence.

اہل تقویٰ ahale takvā (अहले तक़वा)–ईश्वर से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डरने वाले लोग, पारसा और पवित्र लोग, धर्म का आचरण करने वाले, ईश्वर भक्त. *(nm)*–God fearing persons, pious and holy people, the devout, men of piety.

تقویت **takviyat** (तक़्वियत)–शक्ति, बल, क़ुव्वत, ताक़त, ढारस, भरोसा, सहायता, विश्वास. *(nf)*–strength, support, confidence, establishing, strengthening, confirming.

تقویت دینا **takviyat denā** (तक़्वियत देना)–शक्ति देना, सहयोग देना, शाबाशी देना. *(nm)*–to encourage, to support, to strengthen.

تقویم **takvīm** (तक़वीम)–स्पष्ट करना, सीधी बात करना, नियमबद्ध करना, सुधारना, निश्चित करना, निर्धारित करना, जन्त्री, पंचांग, कैलेंडर. *(nf)*–regulating, fixing, making straight, adjusting, settling, calendar, almanac.

تقویم پارینہ **takvīme pārīnah** (तक़वीमे पारीनः)–पुराना कैलेंडर, बेकार वस्तु. *(nf)*–an old calendar, useless thing.

تقویم سال **takvīme sāl** (तक़वीमे साल)–कैलेंडर का वर्ष. *(nf)*– calendar year.

تقویم مصروفیت **takvīme masrūfiyat** (तक़वीमे मसरूफ़ियत)–गतिविधियों का कैलेंडर. *(nf)*–engagement calendar.

تقی **takī** (तक़ी)–धार्मिक व्यक्ति, सज्जन व्यक्ति. *(adj)*–a pious man, devout.

تقید **takaiyud** (तक़ैयुद)–रोक टोक, प्रतिबन्ध, पाबन्दी, रोक. *(nm)*–restrictions, conditions, ban.

تقیہ **takiyah** (तक़ियः)–ईश्वर का डर, सावधानी, चेतावनी. *(nm)*–fear of God, caution, warning.

تک **tak** (तक)–इस समय तक, यहां तक, जब तक, तब तक. *(prep)*–until, upto, while, towards, till, as far as, to the extent of, *(nm)* a scale, balance.

تک **tuk** (तुक)–किसी कविता की पंक्ति के अन्तिम शब्द का स्वर, अनुप्रास पद्यक. *(nf)*–a rhyme.

تک بندی **tuk bandī** (तुक बन्दी)–ऐसी कविता जिसकी पंकत्यिों के अन्तिम शब्दों का उच्चारण एक जैसा हो. *(nm)*–creating verses, insipid poetry.

تک میں تک ملانا **tuk main tuk milānā** (तुक में तुक मिलाना)–*(nm)*–to agree with, to rhyme.

بے تکی **be tukī** (बे तुकी)–बेकार, व्यर्थ, बिना मतलब, बिना तुक के. *(adj)*– meaningless, unconnected, irrelevant, without rhyme.

تکا **tikkā** (तिक्का)–मांस का छोटा टुकड़ा, एक फांक. *(nm)*–a small piece of flesh, a slice, a steak, a chop.

تکا بوٹی کرنا **tikkā boṭī karnā** (तिक्का बोटी करना)–छोटे छोटे टुकड़े करना. *(v)*–to tear into small pieces.

تکا **tukkā** (तुक्का)–एक प्रकार का तीर जिसका अगला सुरा नुकीला नहीं होता, एक छोटी पहाड़ी. *(nm)*–a sort of arrow with blunt point or no point at all, a small hill.

لگا تو تیر نہیں تو تکا **lagā to tīr nahin to tukkā** (लगा तो तीर नहीं तो तुक्का)–यदि काम हो जाए तो समझो तीर निशाने पर लग गया, नहीं तो वह तीर नहीं था तुक्का था. *(nm)*–a successful man is always appreciated.

تکالیف **takālīf** (तकालीफ़)–तकलीफ़ का बहुवचन, परेशानियां, कठिनाइयां, मुश्किलें, मुसीबतें, समस्याएं *(nf)*– difficulties, hardships, problems, distresses.

تکان **takān** (तकान)–थकावट, क्लांति, शिथिलता. *(nm)*– fatigue, agitation, gesture.

تکبر **takabbur** (तकब्बुर)–अभिमान, घमंड, अहंकार, ग़ुरूर. *(nm)*–arrogance, pride, haughtiness, insolence, loftiness.

تکبیر **takbīr** (तकबीर)–ईश्वर की प्रशंसा करना, ईश्वर को सर्वश्रेष्ठ और सर्व शक्तिमान मानना. 'अल्ला हु अकबर' अर्थात अल्ला सब से बड़ा है, कहना. *(nf)*–praises of God, repeating the Muslim creed, saying –*allah-o-akbar* (God is great).

تکثیر **taksīr** (तकसीर)–बढ़ोत्तरी, वृद्धि, बढत करना, बढ़ाना, गुणा करना. *(nf)*–multiplying. increasing, enlarging, augmenting.

تکثیف **taksīf** (तकसीफ़)–किसी चीज़ को मोटा करना, मोटाई बढ़ाना. *(nf)*–rendering thick

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

or dense, condensation, density, thickness.

تکدر takaddur (तकद्दुर)–अप्रसन्नता, मलिनता, नाखुशी. *(nm)*–dulness, turbidness, unhappiness, grief, sorrow.

تکذیب takzīb (तकज़ीब)–विरोधाभास, झूठ, बहकावा, खंडन, प्रतिवाद, तरदीद. *(nf)*–giving one the lie, accusing of falsehood, contradiction.

تکرار takrār (तकरार)–तू तू, मैं मैं, वाद विवाद, पुनरावृत्ति, दुहराना. *(nf)*– dispute, wrangle, altercation, contention, controversy, repeating often, repetition.

تکرار کرنا takrār karnā (तकरार करना)–दुहराना, झगड़ा करना, बहस करना, वाद विवाद करना, असहमति जताना. *(nm)*– to repeat, to quarrel, to argue, to dispute, to debate.

تکریم takrīm (तकरीम)–आदर, सत्कार, आव-भगत. *(nf)*– treating with respect, honouring, reverence.

تکڑی takrī (तकड़ी)–तराज़ू. *(nf)*–scale, balance.

تکسر takassur (तकस्सुर)–तोड़ना, बिखेरना, टूटा हुआ, बिखरा हुआ. *(nm)*–breaking, being broken, being shattered, being spent or debilitated.

تکسیر taksīr (तकसीर)–तोड़ कर टुकड़े टुकड़े कर देना. *(nf)*–breaking to pieces.

تکفل takaphphul (तकफ्फुल)–सुरक्षा प्राप्त करना, किसी को सुरक्षा देना, ज़मानत, वायदा करना. *(nm)*– taking security, becoming security for another, undertaking, bail.

تکفیر takfīr (तकफ़ीर)–किसी के धार्मिक विश्वास का विरोध करना और उसे काफ़िर कहना, किसी को धर्म विरोधी कहना, किसी को अधर्मी कहना. *(nf)*–accusing one of impiety and calling him an unfidal, calling one an unbeliever.

تکفیل takfīl (तकफ़ील)–किसी की ज़मानत देना. *(nf)*– giving bail, standing surety for another.

تکفین takfīn (तकफ़ीन)–कफ़न पहनाना, कफ़न-दफ़न करना. *(nf)*–laying in the coffin, shrouding.

تکفین کرنا takfīn karnā (तकफ़ीन करना)–कफ़न पहनाना. *(v)*–to shroud, to coffin.

تکل tukkal (तुक्कल)–एक प्रकार की पतंग. *(nf)*–a kind of paper kite.

تکلا taklā (तकला)–चर्खे में लगी एक लंबी और पतली सुई जिस पर रूई से धागा बनाया जाता है. *(nm)*–a spindle.

تکلف takalluf (तकल्लुफ़)–दिखावा, आडम्बर, बनावटी, हिचकिचाहट. *(nm)*–formality, ceremony, strict observance of the rules of etiquette.

تکلف برطرف takalluf bartaraf (तकल्लुफ़ बरतरफ़)– कोई तकल्लुफ नहीं, कोई दिखावा नहीं. *(adv)*–no formality, formality apart, ceremony aside.

تکلف کرنا takalluf karnā (तकल्लुफ़ करना)– दिखावा करना, आडम्बर करना, बनावटी व्यवहार करना. *(v)*–to take pains, to be formal, to be ceremonious.

تکلف مزاج takalluf mizāj (तकल्लुफ़ मिज़ाज)– तकल्लुफ करने वाला, दिखावा करने वाला. *(adj)*– ceremonious.

بے تکلف be takalluf (बे तकल्लुफ़)–कोई आडम्बर या दिखावा न करने वाला. *(adj)*–formal, uncere- monious.

تکلفات takallufāt (तकल्लुफ़ात)–तकल्लुफ का बहुवचन, आडम्बर, बनावटी, दिखावा. *(nm)*– formalties, ceremonies.

تکلافات دربار takallufāte darbār (तकल्लुफ़ाते दरबार)–दरबार (अदालत) के क़ायदे कानून, फ़िज़ूल खर्ची, बहुत खर्च करना. *(nm)*–rules regulations of a court, spending much, lavish expenditure.

تکلفات رسمی takallufāte rasmī (तकल्लुफ़ाते रस्मी)–दिखावे का व्यवहार. *(nm)*– ceremonious attention, formal compliment.

تکلفات مجلس takalluphāte majlis (तकल्लुफाते मजलिस)–समाज के रस्मो रिवाज, शिष्टाचार. *(nm)*–ceremonies of societies, etiquettes.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تکلم **takllum** (तकल्लुम)–कथन, वार्ता, बात चीत. *(nm)*–conversation, talking, speaking.

تکلی **takalī** (तकली)–कपड़ा बुनने वाले बुनकर की नली जो कपड़ा बुनते समय धागों में चलती रहती है. *(nf)*–weaver's reed.

تکلیف **taklīf** (तकलीफ़)–कष्ट, दुःख, क्लेश, मुसीबत, पीड़ा, व्यथा, यातना, दर्द. *(nf)*–trouble, difficulty, inconvenience, ailment, affliction, annoyance, hardship.

تکلیف اُٹھانا **taklīf uṭhānā** (तकलीफ़ उठाना)–कष्ट भोगना, दुख सहना, परेशानी झेलना. *(v)*–to suffer.

تکلیف دینا **taklīf denā** (तकलीफ़ देना)–कष्ट देना, परेशानी खड़ी करना, परेशान करना, मुसीबत में डालना. *(v)*–to cause trouble, to annoy, to incon- venience, to trouble.

تکلیف کرنا **taklīf karnā** (तकलीफ़ करना)–किसी के लिए कष्ट उठाना, किसी का कष्ट अपने ऊपर लेना. *(v)*–to take the trouble.

تکملہ **takmilā** (तक्मिला)–पूर्ति, समाप्ति, तकमील. *(nm)*– completion, perfection, appendix.

تکمیل **takmīl** (तकमील)–पूर्ति करना, समाप्ति करना, पूरा करना, पूर्ति. *(nf)*–completion, finishing, perfection, performance.

تکمیل تمسک **takmīle tamassuk** (तकमीले तमस्सुक)–बन्धन (बांड) की शर्तों को पूरा करना. *(nf)*–execution of a bond.

تکمیل رہن **takmīle rahan** (तकमीले रहन)–गिरवी की शर्तों को पूरा करना. *(nf)*–completion of a mortgage.

تکمیل کرنا **takmīl karnā** (तकमील करना)–पूरा करना, अन्त तक पहुँचाना. *(v)*–to execute, to complete.

تکمیل کو پہنچانا **takmīl ko pahuncānā** (तकमील को पहुँचाना)– अन्त तक पहुंचाना, पूरा करना. *(v)*–to complete, to bring to a conclusion.

تکنا **taknā** (तकना)–देखना, नज़र डालना, घूरना. *(v)*–to look at, to stare at, to gaze, to watch.

تکون **tikon** (तिकोन)–तीन कोनों वाली शक्ल, त्रिकोण. *(nf)*–a triangle, a three cornered figure.

تکونا **tikonā** (तिकोना)–तीन कोणों वाला. *(adj)*–triangular.

تکیہ **takiyā** (तकिया)–उपधान, शिरहन , आश्रय, मुसलमान फ़कीरों के रहने की जगह. *(nm)*–a pillow, bolster, support, reliance, the abode of Muslim saint *(faqir)*

تکیہ دینا **takiyā denā** (तकिया देना)–आदर करना, सहारा देना, सहयोग देना. *(v)*–to receive respectfully, to give support.

تکیہ کرنا **takiyā karnā** (तकिया करना)–निर्भर होना, विश्वास करना. *(nm)*–to rely upon, to depend upon.

تکیہ کلام **takiyā kalām** (तकिया कलाम)–कई लोग अपनी बात को सहारा देने के लिए थोड़ी थोड़ी देर बाद किसी विशेष लेकिन व्यर्थ के शब्द का प्रयोग करते हैं. इसे ही तकिया कलाम कहते हैं अर्थात अपने कलाम (कथन) को सहारा देना. *(nm)*–an expletive, a needless word or phrase habitually introduced into speech.

تکیہ لگانا **takiyā lagānā** (तकिया लगाना)–किसी का सहारा लेना, किसी पर निर्भर होना, किसी पर आश्रित होना. *(v)*–to rely, to lean, to depend upon.

تگ **tag** (तग)–भाग दौड़, तेज़ गति से चलना, हवा में उड़ना. *(nf)*–running, rushing, flying.

تگ ودو **tago dau** (तगो दौ)–भाग दौड़ करना, तेज़ तेज़ चलना, थकावट. *(nf)*–running about, fatigue, exertion.

تگنا **tignā** (तिगना)–तीन गुणा, तीसरी बार. *(adj)*–three-fold, triple, thrice.

تگنی کا ناچ نچوانا **tignī kā nāc nacvānā** (तिगनी का नाच नचवाना)–बहुत परेशान करना, बहुत कष्ट देना, जीना हराम कर देना. *(idiom)*–to harass, to embarrass, to in trouble.

تل **til** (तिल)–तिल का बीज, तिल का तेल, मस्सा, आँख की पुतली, कोई बहुत छोटी वस्तु. *(nm)*–the seed of the sesamum, a mole, oil seed, the pupil of the eye, a small partticle.

تل برابر **til barābar** (तिल बराबर)–बहुत थोड़ा, जो किसी गिनती में न हो. *(nm)*–very little.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تل بھگا til bhuggā (तिल भुग्गा)

تل بھگا **til bhuggā** (तिल भुग्गा)–एक मिठाई जो तिल को कूट कर और उसमें चीनी मिला कर बनाई जाती है. *(nm)*–sweetmeat made by crushing sesamum seeds *(til)* with sugar.

تل چاول **til cāvlī** (तिल चावली) तिलों और चावलों को मिला कर बनाया गया एक भोज्य पदार्थ. *(nm)*–a mixture of rice and sesamum seeds (til).

تل چٹا **til catta** (तिल चट्टा)–घरों में पाया जाने वाला एक कीड़ा, काकरोच. *(nm)*– an insect, cock-roach.

تل دھرنے کی جگہ نہ ہونا **til dharne kī jagah na honā** (तिल धरने की जगह न होना)–बहुत अधिक भीड़ होना, बहुत सारे लोगों की मौजूदगी. *(idiom)*–to be full to capacity, to be over filled, to be over crowded.

تل شکری **til shakrī** (तिल शकरी)–एक मिठाई जो तिलों से बनाई जाती है. *(nf)*–a kind of sweet- meat made of sesamum seeds.

تل تل **til til** (तिल तिल)–थोड़ा थोड़ा. *(adv)*–little by little, gradually.

تلوں میں تیل نہ ہونا **tilon main tel na honā** (तिलों में तेल न होना)–जिस से कोई लाभ न हो, जिस से कोई स्वार्थ सिद्ध न हो. *(idiom)*– to be intractable, to be of no benefit, to be useless.

تل **tul** (तुल)–समान, बराबर, एक जैसा. *(adj)*–similar, equal, like.

تل بیٹھنا **tul baiṭhnā** (तुल बैठना)–बराबर होना, सीधा बैठना, तैयार होना. *(v)*–to turn out to be equal, to sit straight and erect, to be prepared.

تلا **talā** (तला)–जूते का नीचे का भाग, किसी चीज़ का पेंदा, निचला भाग.जिस पर वह चीज़ टिकी हुई है. *(nm)*–sole of a shoe, bottom.

تلا **tilla** (तिल्ला)–सोने की तार, सुनहरी धागा, किसी चीज़–चुनरी या पगड़ी–का सुनहरी किनारा या बार्डर. *(nm)*–drawn gold, gold lace border of a dupatta or turban, golden thread.

تلا **tula** (तुला)–तराज़ू, तकड़ी. *(nm)*– a scale, balance.

تلا دان **tulā dān** (तुला दान)–दान करने वाले के वज़न के बराबर अनाज, चावल या और कोई वस्तु दान में देना. *(nm)*–alms equal to the weight of the donor to be gifted to *Brahmans.*

تلے دانی **tille dānī** (तिल्ले दानी)–एक छोटा पर्स या बैग जिस में कढ़ाई की सुइयां और धागे रखे रहते हैं. *(nf)*–small bag or purse for holding needles, thread etc.

تلاش **talāsh** (तलाश)–खोज, जांच, पूछ ताछ. *(nf)*–search, inquiry, investigation, quest.

تلاش کرنا **talāsh karnā** (तलाश करना)–खोजना, जांच पड़ताल करना, पूछ ताछ करना. *(v)*–to search, to seek, to look for.

تلاش معاش **talāshe maāsh** (तलाशे मआश)–रोटी रोज़ी की तलाश, नौकरी की तलाश. *(nf)*–search for employment.

تلاشی **talāshī** (तलाशी)–खोजना, ढूँढ़ना, पता लगाना, जानना, तलाशी लेने वाला. *(nf)*– search, seeking, investigation, *(nm)*–one who searches.

تلاشی لینا **talāshī lenā** (तलाशी लेना)–खोज करना, ढूँढ़ना, पता लगाना. *(v)*–to search, to investigate.

جامعہ تلاشی **jāmaā talāshī** (जामआ तलाशी)–किसी व्यक्ति के कपड़ों की तलाशी लेना. *(nf)*–searching a person.

خانہ تلاشی **khānā talāshī** (ख़ाना तलाशी)–चोरी के सामान के लिए किसी घर की तलाशी लेना. *(nf)*–searching a house for stolen property.

تلاطم **talātum** (तलातुम)–बाढ़, जलप्लावन, वेग, आवेश, जोश. *(nm)*–dashing of waves, buffeting, sea-storm.

تلافی **talāfī** (तलाफ़ी)–क्षतिपूर्ति, भरपाई, बदला. *(nf)*– compensation, recompense, making amends, revenge.

تلافی مافات **talāfī-e māfāt** (तलाफ़ी-ए माफ़ात)–नुक्सान की भरपाई करना. –making good a loss, compensation.

تلامذہ **talāmizā** (तलामिज़ा)–'तलमीज़' का बहुवचन, विद्यार्थी, शिष्य, चेले, विद्वान. *(nm)*–students, pupils, scholars.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تلانا tulānā (तुलाना)–तुलवाना, वज़न करवाना. *(v)*–to cause to be weighed.

تلاوت tilāvat (तिलावत)–कुरान पढ़ना. *(nf)*–reading the Quran.

تلبیس talbīs (तलबीस)–छल, कपट, धोखा, फ्राड, तथ्यों को छिपाना. *(nf)*–concealing truth or faults, covering, deception, cheating, fraud, fallacy, misrepresentation, imposture.

تلبیس سکہ talbīse sikkā (तलबीसे सिक्का)–नकली सिक्के. *(nf)*– counterfeiting coins.

تلبیس شخصی talbīse shakhsī (तलबीसे शख़्सी)–किसी व्यक्ति की जगह दूसरे व्यक्ति को पेश करना. *(nf)*–impersonation.

تلبیس لباس talbīse libās (तलबीसे लिबास)–वेश बदलना, भेस बदल कर धोखा देना. *(nm)*–disguising.

تلچھٹ talchaṭ (तलछट)–बाकी बचा हुआ, मक्खन से घी बनाने के बाद जो बाकी बच जाए उसे तलछट कहते हैं. *(nf)*–residue, sediments, leavings.

تلخ talkh (तल्ख़)–कटु, कड़वा, अप्रिय, अरुचिकर. *(adj)*– bitter, arid, acid, pungent, unpalatable.

تلخ گو talakh go (तलख़ गो)–कड़वा बोलने वाला, मुँह पर खरी-खरी कहने वाला, सत्य बोलने वाला. *(adj)*– harsh, caustic, of bitter speech, who speaks truth.

تلخ مزاج talkh mizāj (तल्ख़ मिज़ाज)–जिसका स्वभाव गुस्से वाला हो, जो सदा चिड़चिड़ा रहता हो. *(adj)*–ill tempered.

تلخ وترش talkh va tursh (तल्ख़ व तुर्श)–जीवन की कटु सच्चाइयां, खट्टा एवं कड़वा. *(nm)*–vicissitudes of life, sour and bitter.

تلخی talkhī (तल्ख़ी)–कटुता, कड़वाहट, मन-मुटाव. *(nm)*– bitterness, acidity, pungency, acrimony.

تلخیص talkhīs (तलख़ीस)–संक्षेप, सार, खुलासा, निचोड़. *(nm)*– abstraction, abbreviation, purifying, cleaning.

تلذذ talazzuz (तलज़्ज़ुज़)–स्वाद, स्वादिष्ट, मनोरंजन, प्रसन्नता, खुशी. *(nm)*–taste, deliciousness, enjoyment, delight, pleasure.

تلسی tulsī (तुलसी)–एक पौधा जिसे हिन्दू पूजते हैं. *(nm)*–sweet basil.

تلطف talattuf (तलत्तुफ़)–दया, कृपा, अनुग्रह, मिहर बानी. *(nm)*–kindness, favour, blandishment, obligation.

تلطف کرنا talattuf karnā (तलत्तुफ़ करना)–किसी पर कृपा करना, किसी पर रहमदिली दिखाना. *(v)*–to oblige, to show kindness or favour.

تلف talaf (तलफ़)–नष्ट, नाश, विनाश. *(nm)*–destruction, waste, ruin, loss, expence, prodigality.

تلف کرنا talaf karnā (तलफ़ करना)–नष्ट करना, बरबाद करना. *(v)*–to destroy, to ruin, to waste.

تلف ہونا talaf honā (तलफ़ होना)–नष्ट होना, बरबाद होना, इस्तेमाल हो जाना. *(v)*–to be destroyed, to be ruined, to be wasted.

تلفظ talaffuz (तलफ़्फ़ुज़)–उच्चारण, किसी शब्द को बोलने का ढंग. *(nm)*–pronunciation, expression.

تلقین talkīn (तलक़ीन)–सीख, उपदेश, नसीहत, दीक्षा, गुरुमंत्र. *(nf)*–teaching, instruction, information, religious instruction.

تلک tilak (तिलक)–हिन्दुओं द्वारा किसी विशेष अवसर पर अपने माथे पर बनाया गया लाल रंग का निशान. *(nm)*–mark made by Hindus with red colour on the forehead and between the eyebrows on religious occasions.

تلک دھاری tilak dhārī (तिलक धारी)–जिसने अपने माथे पर तिलक लगाया हो. *(nm)*–one who is marked with *tilak* on his forehead.

تلک لگانا tilak lagānā (तिलक लगाना)–माथे पर तिलक का निशान बनाना. *(v)*–to mark with a *tilak* on forehead.

تلک talk (तल्क)–तक, यहां तक, इस समय तक. *(adv)*–untill, upto, as far as.

تلمذ talammuz (तलम्मुज़)–शिष्यता, शागिर्दी. *(nm)*– becoming a pupil.

تلملانا tilmilānā (तिलमिलाना)–गुस्सा करना, नाराज़

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

تلمیح talmīh (तलमीह) होना, बेचैन होना, परेशान होना. *(v)*–to be agitated, to be uneasy, to grieve, to toss about in anguish, to be restless, to be impatient.

تلمیح talmīh (तलमीह)–अपने लेख में किसी पुरानी घटना का उल्लेख करना. *(nf)*–passing reference to an old event or story in one's writing.

تلمیذ talmīz (तल्मीज़)–शिष्य, शागिर्द, छात्र, विद्यार्थी. *(nm)*–a pupil, a student, a scholar, a disciple.

تلنا talnā (तलना)–किसी चीज़ को गरम घी या तेल में डाल कर तलना. *(nm)*–to fry, to roast.

تولنا tulnā (तुलना)–वज़न करवाना. *(v)*–to be weighed.

تلوا talvā (तलवा)–पैर के नीचे का भाग. *(nm)*–the sole of the foot.

جگ **jag** (जग)–संसार, दुनिया, धरती, धार्मिक रस्म वलि जिस में देवी देवताओं को भेंट दी जाती है. *(nm)*–the world, the earth, the universe, a sacrifice or religious ceremony in which oblations are offered.

جگ بیتی **jag bītī** (जग बीती)–वह बातें या घटनाएं जो दूसरे लोगों के साथ बीती हों, दूसरे लोगों के जीवन में बीती घटनाएं. *(nf)*–concerning other people, tales, deeds or happenings of other people.

جگ ہنسائی **jag hansāī** (जग हँसाई)–सारी दुनिया में मज़ाक़ उड़ाया जाना, सारे जग में हँसाई होना. *(nf)*– public ridicule.

جگ **jug** (जुग)–युग, काल, समय, एक अवधि, काल चक्र, चार युग–सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलयुग. *(nm)*–an age of the world, a period, an age.

جگ جگ **jug jug** (जुग जुग)–सदा के लिये, हमेशा के लिये, युगों युगों तक, लगातार. *(adv)*–always, for ever, constantly.

جگادری **jugādarī** (जुगादरी)–अनुभवी व्यक्ति, खेला खाया व्यक्ति, लम्बा, विशालकाय. *(nm)*–a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

جگالی jugālī (जुगाली) seasoned and experienced person, *(adj)*–tall man.

جگالی jugālī (जुगाली)–पागुर, पुनः विचार. *(nf)*–chewing the cud, the cud.

جگالی کرنا jugālī karnā (जुगाली करना)–पशुओं द्वारा खाये गये चारे को वापस मुँह में लाना और उसे अच्छी तरह से चबाना, चारे को हज़्म करना. *(v)*–to chew the cud, to ruminate.

جگانا jagānā (जगाना)–किसी को नींद से उठाना. *(v)*–to waken, to rouse from sleep.

جگت jagat (जगत)–जगत्, दुनिया, संसार, परमात्मा द्वारा रची गई सारी सृष्टि, कुएँ का ऊपरी किनारा जो पक्की ईंटों से बना होता है. *(nm)*–the world, universe, all created things by God, *(nf)*–the rim of a well.

جگت گرو/جگت استاد jagat guru/jagat ustād (जगत गुरु/जगत उस्ताद)–सारे संसार का गुरु, बहुत अनुभवी व्यक्ति, एक कुशल व्यक्ति. *(nm)*–a renowned teacher, an experienced person.

جگت سالا jagatsāla (जगत् साला)–वेश्या का भाई, नीच, कमीना, ओछा व्यक्ति. *(nm)*–brother of a prostitute, a mean-fellow.

جگت jugat (जुगत)–तरकीब, तरीक़ा, ढंग, कला, योजना, तिकड़म, जुगाड़. *(nf)*–contrivance, counsel, wit, a humour, art, a significant expression.

جگت باز jugatbāz (जुगतबाज़)–तिकड़मबाज़, अनुभवी, सिद्धहस्त, कलाकार, योजना बनाने वाला, नरत ढंग अपनाने वाला. *(nm)*–a punster, skilful, dexterous.

جگت بازی jugatbāzī (जुगतबाज़ी)–तिकड़मबाज़ी, योजना, ढंग, तरीका. *(nf)*–witicism. pun. quibbler.

جگتی یا جگتیا jugat yā jugatiyā (जुगत या जुगतिया)–जुगत लड़ाने वाला, तिकड़मबाज़, अनुभवी, सिद्धहस्त, कलाकार. *(adj)*–clever, cunning, artful, punning.

جگر jigar (जिगर)–यकृत, कलेजा, साहस, हिम्मत, हौसला. *(nm)*–the liver, courage.

جگر بند jigar band (जिगर बंद)–प्रिय, प्यारा, पुत्र, बेटा. *(adj)*–dear, beloved, *(nm)*–son.

جگر خراش jigar kharāsh (जिगर खराश)–हृदय विदारक, दुःखदायी. *(adj)*–heart rending.

جگر سوختہ jigar sokhtah (जिगर सोख्तः)–दिल में आग लगी हुई, किसी से प्यार हो जाना. *(adj)*–heart inflamed, in love.

جگر سوز jigar soz (जिगर सोज़)–दिल दुखाना, दिल को चोट पहुँचाना. *(nm)*– most troublesome, tormenting.

جگر فگار jigar figār (जिगर फ़िगार)–टूटा हुआ दिल, ज़ख़्मी दिल. *(adj)*–heart broken, heart wounded.

جگر کاوی jigar kāvī (जिगर कावी)–पराक्रम, सख़्त मेहनत, चिन्ता, परेशानी. *(nf)*–anxiety, trouble of mind, hard labour.

جگر گوشہ jigar goshā (जिगर गोशा)–जिगर का फूला हुआ और लटका हुआ भाग, प्रिय, प्यारा, बेटा. *(nm)*–lobe of the liver, dear, beloved, a son.

جگرا jigrā (जिगरा)–हिम्मत, हौसला, बहादुरी. *(nm)*–courage, daring, valour.

جگری jigarī (जिगरी)–जिगर से सम्बन्धित, जान पहचान वाला, प्रिय, प्यारा, घनिष्ट मित्र. *(adj)*–intimate, dear, beloved, close friend, belonging to the liver.

جگمگ جگمگ jagmag jagmag (जगमग जगमग)–चमकता हुआ, चमचमाता हुआ, चमकदार. *(adj)*–shining, glittering.

جگمگانا jagmagānā (जगमगाना)– चमकना, चमचमाना, रोशनी बिखेरना. *(v)*– to shine, to glitter, to dazzle.

جگمگاہٹ jagmagāhaṭ (जगमगाहट)– चमक, आभा. *(nf)*–glitter, splendour, dazzle.

جگنو jugnū (जुगनू)–एक छोटा सा कीट जब रात को उड़ता है तो इसके पंख चमकते हैं. *(nf)*–a glow-worm, a fire-fly.

جگنی jugnī (जुगनी)–गरदन में पहना जाने वाला एक आभूषण. *(nf)*–an ornament worn round the neck.

جگہ jagah (जगह)–स्थान, कमरा, नौकरी के लिए खाली जगह, नौकरी. *(nf)*–place, room, quarter, vacancy, post.

جگہ جگہ jagah jagah (जगह जगह)–सर्वत्र, सब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जगह. *(adv)*– every-where.

جگہ دینا **jagah denā** (जगह देना)–किसी के लिये स्थान बनाना. *(v)*–to make room for.

جل **jul** (जुल)–धोखा, फरेब, फ्राड, छल, ठगी. *(nm)*– cheating, trick, deceit, fraud.

جل باز **julbāz** (जुलबाज़)–धोखेबाज़, ठगी करने वाला, जा'लसाज, छलिया. *(nm)*–a knave, a cheat, *thug*.

جل دینا **jul denā** (जुल देना)–धोख देना, ठगना, छलना. *(v)*–to cheat.

جل کھیلنا **jul khelnā** (जुल खेलना)–धोखा देने या ठगी करने का अभ्यास करना. *(v)*–to practice deceit or trickery.

جل میں آنا **jul main ānā** (जुल में आना)–धोखा खा जाना, ठगा जाना, छला जाना. *(v)*–to be cheated, to be tricked, to fall into the trick.

جل **jul** (जुल)–ठंड से बचाने के लिए किसी पशु के ऊपर डालने वाला कपड़ा, घोड़े को ढकने वाला कपड़ा. *(nf)*–a cloth to cover the animal in winter season, a cloth for covering a horse, a horse cover.

جل **jal** (जल)–पानी. *(nm)*–water.

جل پان **jal-pān** (जल-पान)–हलका नाशता, प्रातः का भोजन. *(nm)*– any light refreshment, a luncheon.

جل پری **jal parī** (जल परी)–पानी में तैरने वाली परी (सुन्दरी) जिसका मुँह तो स्त्री का होता है लेकिन कमर के नीचे का शरीर मछली का होता है. *(nm)*–a mermaid, a sea fairy.

جل ترنگ **jal tarang** (जल तरंग)–चाइना मिट्टी के बने कप जो पानी से आधे भरे होते हैं, जब इन्हें स्टिक से बजाया जाता है तो इनसे बहुत ही मधुर स्वर उभरते हैं. *(nm)*–brass cups or china bowls partly filled with water, the edges of which when beaten with stick produce harmonical notes.

جل ترئی **jal turaī** (जल तुरई)–मछली. *(nf)*–a fish.

جل تھل **jal thal** (जल थल)–पानी और धरती. *(nm)*–land and water.

جل تھل ایک ہونا **jal thal ek honā** (जल थल एक होना)–बहुत भारी वर्षा होना जिस से चारों ओर पानी ही पानी हो और धरती कहीं दिखाई न दे. *(v)*–to rain in great abundance.

جل مانس **jal mānas** (जल मानस)–जल मानव, जल परी की तरह इसका कमर तक का धड़ मानव का होता है और कमर से नीचे का धड़ मछली की तरह का होता है. *(nm)*–a merman.

جلا **jalā** (जला)–देश निकाला, देश या इलाके से निकाल देना. *(nm)*–expelled or ejected from the country or territory.

جلا **jilā** (जिला)–चमक, दमक, आभा, प्रभा. *(adj)*– glorious, great, eminent, splendour.

جل اٹھنا **jal uṭhnā** (जल उठना)–आग लगना, आग जल उठना. *(v)*–to blaze up, to break out (fire).

جل مرنا **jal marnā** (जल मरना)–आग लगने से जल कर मर जाना. *(v)*–to be burnt to death, to die by burning.

جلا/جلی **jalā/jalī** (जला/जली)–आग से जला/जली. *(adj)*– burnt with fire.

جلا بھنا **jalā-bhunā** (जला-भुना)–क्रोध से भरा हुआ, रुष्ट, उत्तेजित, ज़ख़्मी, आहत. *(adj)*–enraged, scorched, wounded.

جلے پر نون چھڑکنا **jale par nūn chiṛaknā** (जले पर नून छिड़कना)–किसी को चोट लगने पर उसे जली कटी सुनाना, किसी का नुक्सान हो जाने पर उसे उपदेश देना, किसी का दुःखी होने पर उसे और प्रताड़ित करना. *(v)*–to apply salt to a wounded part, to add insult to injury, to exult over one in trouble.

جلے تن **jale tan** (जले तन)–बुरे स्वभाव वाला, कठोर स्वभाव वाला, ईर्ष्यालु. *(adj)*–bad tempered, jealous.

جلی کٹی سنانا **jalī kaṭī sunānā** (जली कटी सुनाना)–किसी को बुरा भला कहना, ताड़ना, डांटना, फटकारना. *(v)*–to say bitter and stinging things.

جلا **jilā** (जिला)–चमक, दमक, आभा, प्रभा. *(nf)*– brilliance, splendour, brightness, polish, lustre.

جلادار **jiladār** (जिलादार)–जिला वाला, चमक दमक वाला, चमकीला, रौशन. *(adj)*–bright, brilliant, resplendent.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

جلا دینا jilā denā (जिला देना)

جلا دینا jilā denā (जिला देना)–पालिश करना, चमकीला बनाना, चमक प्रदान करना. *(v)*–to polish, to make a thing bright.

جلاکار jilākār (जिलाकार)–चमकाने वाला, पालिश करने वाला, रौशन करने वाला, चमक दमक देने वाला. *(nm)*–a polisher, nickel plater.

جلاب jullāb (जुल्लाब)–रेचक, विरेचक, मलभेदक, दस्त की दवा. *(nm)*–a purgative, purge.

جلاب لگنا jullāb lagnā (जुल्लाब लगना)–ज्यादा दस्त आना, पेट गड़बड़ होना. *(v)*–to have motions.

جلاپا jalāpā (जलापा)–ईर्ष्या, क्रोध, गुस्सा, बदले की भावना. *(nm)*–jealousy, envy, anger, rage.

جلاد jallād (जल्लाद)–फाँसी की सज़ा देने वाला, निर्दयी, अत्याचारी, ज़ालिम, कठोर हृदय. *(nm)*–a hangman, hard hearted, cruel.

جلادِ فلک āsmānī jallād (आसमानी जल्लाद)–लड़ाई का ग्रह, मंगल ग्रह. *(nm)*–the planet Mars.

جلال/جلالت jalāl/jalālat (जलाल/जलालत)–रौब, दबदबा, रुतबा, सम्मान, पदवी, सत्ता, शक्ति, तेज, प्रकाश. *(nm & nf)*–glory, eminence, grandeur, dignity, power.

جلالی jalālī (जलाली)–जलाल वाला, रौब वाला, रुतबे वाला, पदवी वाला, सम्मानित, सत्ताधारी, शक्तिमान. *(nm)*–respectable, glorious, majestic, great, illustrious, having dignity and rank.

جلالیہ jalāliyā (जलालिया)–तांत्रिक, ऐसा व्यक्ति जो परमात्मा की हानिकारक शक्तियों की पूजा करता है, एक प्रकार का कबूतर, सैयद जलाल बुखारी का शिष्य, बुखारा का एक सन्त. *(nm)*–a person who worships the more terrible attributes of God, a kind of pigeon, a follower of Sayed Jalal Bukhari, a saint of Bukhara.

جلانا jalānā (जलाना)–किसी चीज़ को आग में जलाना, ईर्ष्यालु बनाना, दीया या लैम्प जलाना, किसी का जी जलाना, माचिस जलाना. *(v)*–to inflame, to fire, to burn, to kindle, to make jealous.

جلانا jilānā (जिलाना)–किसी को जीवन देना, किसी के जीवन की रक्षा करना, लगभग मरे हुए व्यक्ति को जीवित करना. *(v)*–to revive, to give life, to recover anything almost dead.

جلاوطن jalāvatan (जलावतन)–देश से निकाला हुआ, देश से बाहर किया हुआ. *(adj)*–banished, exiled.

جلاوطن کرنا jalāvatan karnā (जलावतन करना)–देश से निकाल देना, किसी को अपना देश छोड़ने के लिए मजबूर करना. *(v)*–to banish, to make one to abandon one's country.

جلاوطن ہونا jalāvatan honā (जलावतन होना)–देश से निकाल दिया जाना, किसी का देश छोड़ कर चले जाना, दूसरे देश में शरण लेना. *(v)*–to be exiled, to be made to abandon one's country, emigrate.

جلاوطنی jalāvatanī (जलावतनी)– देश-निकाला, निष्कासन. *(adj)*– banishment.

جلاہا julāhā (जुलाहा)–कपड़ा बुनने वाला. *(nm)*–a weaver.

جلب jalb (जल्ब)–कोई चीज़ प्राप्त करना, हासिल करना, लेना, ग्रहण करना. *(v)*–acquiring, getting, drawing.

جلد jald (जल्द)–जल्दी, शीघ्र, तुरन्त, फौरन, अभी के अभी. *(adv)*–at once, rushly, quickly, immediately.

جلد باز jaldbāz (जल्दबाज़)–हर काम में जल्दी करने वाला, तेज़ गति से चलने वाला, उतावला, हड़कम्प मचाने वाला. *(adj)*– hasty, expeditious, precipitate.

جلد بازی jaldbāzī (जल्दबाज़ी)–हड़कम्प, तेज़ी, जल्दी, गति, उतावलापन. *(nf)*– haste, quickness, expedition.

جلد jild (जिल्द)–चर्म, खाल, पुस्तक, एक पुस्तक, पुस्तक की जिल्दबन्दी. *(nf)*–the skin, leather, the binding of a book, a volume, a book.

جلد باندھنا jild bāndhnā (जिल्द बाँधना)–किसी पुस्तक पर जिल्द चढ़ाना. *(v)*–to bind a book.

جلد ساز jildsāz (जिल्दसाज़)–जिल्द बाँधने वाला. *(nm)*–a book-binder.

جلد سازی jildsāzī (जिल्दसाज़ी)–जिल्द बाँधना. *(nf)*–book-binding.

جلدی jildī (जिल्दी)–शरीर की चमड़ी सें सम्बन्धित.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(adj)–pertaining to skin.

جلدی jaldī (जल्दी)–तेज़ी, शीघ्रता, तुरन्त, अर्भा. *(nf)*–hurry, hasteness, quickness, rashness, immediately.

جلدی سے jaldī se (जल्दी से)–तेज़ी से, तुरन्त, तत्काल. *(adv)*–quickly.

جلدی کرنا jaldī karnā (जल्दी करना)– हड़कम्प मचाना, तेज़ी से करना, तुरन्त करना. *(v)*–to hurry, to make haste, to be rash, to be preciptate.

جلسہ jalsā (जलसा)–सभा, मीटिंग, लोगों का एक जगह इकट्ठा होना, अधिवेशन, सामाजिक समूह. *(nm)*– assembly, gathering, meeting, party.

جلق jalak (जलक़)–हस्तमैथुन, हथलस. *(nm)*–mustur-bation, self defilement, onanism, self abuse.

جلق لگانا jalak lagānā (जलक़ लगाना)–हस्तमैथुन करना. *(v)*– to commit self abuse, to masturbate.

جلقی jalakī (जलक़ी)–हस्तमैथुन करने वाला. *(adj)*- masturbator.

جلن jalan (जलन)–जलने से होने वाला कष्ट. *(nf)*–burning, inflamation, heat, jealousy, passion.

جلنا jalnā (जलना)–आग से जलना, ईर्ष्या से जलना, गुस्से से जलना, नफरत से आग लगना. *(v)*–to burn, to be kindled, to be enraged, to burn with jealousy, envy or love.

جلندھر jalandhar (जलन्धर)–एक रोग जिसमें नसों में पानी भर जाता है. *(nm)*–a disease dropsy.

جلو jilo (जिलो)–शानो शौकत, दिखावा, अमीरी का प्रदर्शन. *(nf)*–pomp, splendour, retinue.

جلوانا jalvānā (जलवाना)–किसी चीज़ को आग लगवाना, जलवाना. *(v)*–to cause to burn, to cause to be burnt, to cause someone to set on fire.

جلوت jalvat (जलवत)–समूह, भीड़, इकट्ठ, जन-सभा. *(nf)*–crowd, assembly, gathering, meeting, common place.

جلوس jalūs (जलूस)–उत्सव यात्रा, शोभा यात्रा, बरात, बहुत से लोगों का मिल कर चलना, किसी दिशा विशेष की ओर जाना, भीड़ का हरकत करना, बहुत से लोगों का आगे बढ़ना. *(nm)*–pomp, splendour, glory, procession.

جلوہ jalvā (जल्वा)–दिखावा, दिखाना, सौंदर्य प्रदर्शन, रूप, दिखाना, दीदार कराना. *(nm)*–lustre, splendour, display, show, expose.

جلوہ گاہ jalvāgāh (जल्वागाह)–जल्वा दिखाने की जगह, थियेटर, मंच. *(nf)*–nuptial throne, stage, theatre, place of display.

جلواگر jalvāgar (जल्वागर)–जल्वा दिखाने वाला, रूप प्रदर्शित करने वाला. *(adj)*–manifest, conspicious, splendid.

جلی jalī (जली)–स्पष्ट, बड़े आकार में. *(adj)*–evident, apparent, conspicious.

خط جلی khate jalī (ख़ते जली)–स्पष्ट और मोटी लिखाई. *(nm)*– large plain handwriting.

ذکر جلی zikre jalī (ज़िक्रे जली)–ऊँची आवाज़ में ईश्वर की प्रशंसा करना. *(nm)*–praising God in loud voice.

جلیبا jalebā (जलेबा)–शहतूत के पेड़ के फल, शहतूत जो बहुत मीठे और स्वादिष्ट होते हैं. *(nm)*–fruit of mulbery tree.

جلیبی jalebī (जलेबी)–एक मिठाई जो घी में तल कर और चीनी की चाशनी में डुबोकर बनाई जाती है. *(nm)*– a kind of sweetmeat.

جلیس jalīs (जलीस)–साथी, मित्र, सहयोगी. *(nm)*–a fast friend, companion, comrade, colleague.

جلیل jalīl (जलील)–श्रेष्ठ, महान्, ऊँची पदवी. *(adj)*– great, glorious, illustrious.

جم jam (जम)–बड़ा, अधिक, ज़्यादा. *(adj)*–big, great, much, huge.

جم غفیر jame gafīr (जमे ग़फ़ीर)–हुजूम, भीड़, बहुत सारे लोग. *(nm)*–a great multitude, a crowd.

جمادات jamādāt (जमादात)–खनिज पदार्थ, जड़ पदार्थ, वह चीज़ें जिन में बढ़ने या हरकत करने की शक्ति न हो. *(nm)*–minerals, fossils, stones, things incapable of growth.

جماع jimāa (जिमाअ)–संभोग, स्त्री-पुरुष का मिलन,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

جماعت jama't (जमा'त) *(nm)*–copulation, sexual union, coition, sexual intercourse.

جماعت jama't (जमा'त)–दल, समूह, मजमा, कक्षा, परिषद, पंक्ति. *(nf)*– a body, a company, an assembly, a troop, a class, an association.

جماعت بندی jamā't bandī (जमा'त बन्दी)–वर्गीकरण. *(nf)*– classification.

جماعت وکلا jamā't vuklā (जमा'त वुकला)–वकीलों का संगठन. *(nf)*–bar association.

جماعت وار jamā'tvār (जमा'तवार)– वर्गीकृत. *(adj)*–classied, by classes, by groups.

جماعت سے کرامات ہے jamā't se karāmāt hai (जमा'त से करामात है)–संगठन में ही शक्ति है. *(prov)*–union is strength.

جمال jamāl (जमाल)–सौंदर्य, आभा, प्रभा, आकर्षण. *(nm)*–beauty, elegance, comliness, prettiness.

جمال گوٹا jamāl goṭā (जमाल गोटा)–रेचक, विरेचक, दस्त लाने वाला एक छोटा सा फल. *(nm)*–name of a purgative nut.

جمالی jamālī (जमाली)–सुन्दर, आकर्षक, प्यारा, ईश्वर की लीला. *(adj)*–lovable, amiable. display of God's beneficence.

جمانا jamānā (जमाना)–किसी चीज़ को ठंडा करके जमाना, पेड़ की जड़ जमाना, कील को जमाना. *(v)*–to coagulate, to freeze, to consolidate, to implant, to impress, to fix, to lay down.

جماؤ jamāv (जमाव)–किसी चीज़ का ठंड से जमना. *(nm)*– freezing, adhesion, cohesion, collection, accumulation, coagulation, a gathering.

جماہی jamāhī (जमाही)–उबासी. *(nf)*–gaping, yawning.

جمائی jamāī (जमाई)–दामाद. *(nm)*–son-in-law.

جمبو jambū (जम्बू)–धातु का बंना पानी का बरतन जिसकी गरदन पतली हो, भेड़िया. *(nm)*–a metal water-pot with a narrow neck, a jackal.

جم جم jam jam (जम जम)–हमेशा, सदा, लगातार. *(adv)*–constantly, always.

جمشید jamshīd (जमशीद)–ईरान के एक पुराने समय के बादशाह का नाम. *(nm)*–name of an ancient king of Persia (Iran).

جمع jamā' (जमा')–एकत्र, इकट्ठा, संचित, योग, जोड़, धन. *(nf)*–plus, collection, additionplural of a world

جمع بندی jamā' bandī (जमा' बन्दी)–किराये या टैकस वसूली का हिसाब-किताब. *(nf)*–rental, accounts of the revenue, rent roll, assessment, settlement of the revenues.

جمع خرچ jamā' kharc (जमा' खर्च)–जमा' व खर्च का हिसाब, ऋण एवं धन, प्राप्ति व खर्च का हिसाब, रोकड़ा. *(nm)*– debit and credit, receipts and disbursements, cash accounts.

جمع کرنا jamā' karnā (जमा' करना)–इकट्ठा करना, जोड़ना, बढ़ाना. *(v)*–to collect, to amass, to add together, to make up an account.

جمع نویس jamā' navīs (जमा' नवीस)–लेखाकार, हिसाब-किताब लिखने वाला. *(nm)*– an accountant.

جمع ہونا jamā' honā (जमा' होना)–जमा किया जाना, जोड़ा जाना, हिसाब में शामिल किया जाना. *(v)*–to be collected, to be gathered together, to be added.

جمعدار jamā'dār (जमा'दार)–लोगों के ग्रुप का मुखिया, सेना का एक अधिकारी, सफ़ाई कर्मचारियों का मुखिया. *(nm)*–a headman of a body of men, an officer of the army, a head sweeper.

جمعرات jumā'rāt (जुमा'रात)– बृहस्पतिवार. *(nf)*– Thurs- day.

جمعہ jumā' (जुमा')–शुक्रवार. *(nm)*–Friday.

جمعیت jamiyat (जमूइयत)–समूह, जनसमूह, भीड़, सभा, सेना. *(nf)*–collection, assembly, multitude, organisation, content.

جمعیت خاطر jamiyat khātir (जमूइयत ख़ातिर)–सन्तुष्टि, चैन. *(nf)*– piece of mind, satisfaction.

جمگھٹ jamghaṭ (जमघट)–जनसमूह, भीड़. *(nm)*– a multitude, a crowd.

جمل jamal (जमल)–ऊँट. *(nm)*–a camel.

جمل jumal (जुमल)–जुमला का बहुवचन, वाक्य.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nm)– the reckoning of the words according to the abjad, sentences.

جملہ jumlā (जुमला)–सारा, सम्पूर्ण, अनुपात से, कुल राशि, एक वाक्य या धारा. *(nm)*–the whole, the sum, total amount, aggregate, a sentence, a clause.

جمنا jamnā (जमना)–यमुना, भारत की एक पवित्र नदी जिसमें स्नान करने वाले को सौभाग्यशाली समझा जाता है. *(nf)*–a sacred river of Northern India.

جمنا jamnā (जमना)–दही का जमना, बर्फ का जमना, किसी के घर में जम जाना, पेड़ की जड़ का जमना. *(v)*–to germinate, to be frozen, to take root, to become fixed, to be coagulated, to be consolidated, to to insist, to stick, to have a firm hold.

جمود jamūd (जमूद)–गत्यावरोध, रुकावट, डैडलाक. *(nm)*–inactivity, inaction, stalemate, deadlock.

جمہور jumhūr (जुम्हूर)–जनसाधारण, जनता, अवाम. *(nm)*– the populace, the people, masses, *janata.*

جمہوری سلطنت jumhūrī (जुम्हूरी सल्तनत)–लोकतंत्र, जनतंत्र. *(nm)*–democracy, a republic.

جمیع jamīa (जमीअ)–सब, सारे, सभी. *(adj)*–the whole, all, collective, united.

جمیل/جمیلہ jamīl/jamīlā (जमील/जमीला)–सुन्दर, आकर्षक, खूबसूरत, मन भावन. *(adj)*–elegant, beautiful, comely, pleasing.

جن jin (जिन)–प्रेत, बुरी आत्मा, सिर फिरा आदमी, दूसरों को परेशान और दुःखी करने वाला, प्रेत बाधा. *(nm)*–one of the genii, a spirit, a demon, a devil, a headstrong person.

جنا janā (जना)–पैदा किया, पाला पोसा, एक व्यक्ति. *(v)* –brought forth, begotten, a person.

جناب janāb (जनाब)–महोदय, श्रीमान, आदरणीय, सम्मानित. –your highness, your honour, sir.

جناب عالی janābe ālī (जनाबे आली)–आदरणीय महोदय, श्रीमान. –respected sir, your honour, your excellency.

جناب من janābe man (जनाबे मन)–सम्मानित महोदय. –my dear sir.

جنابت janābat (जनाबत)–शुक्राणुओं की कमी. *(nf)*–pollution, loss of sperma.

جنات jinnāt (जिन्नात)–जिन का बहुवचन, भूत-प्रेत, बुरी आत्माएं. *(nm)*–genii, spirits.

جنازہ janāzā (जनाज़ा)–अरथी, मैयत. *(nm)*–a bier, a funneral, a corpse.

جنان jinān (जिनान)–स्वर्गलोक, देवलोक, जन्नत. *(nm)*– paradise, heaven.

جنانا janānā (जनाना)–बच्चा पैदा करवाना. *(v)*–to cause to deliver (child), assisting an expectant mother in child birth.

جنائی janāī (जनाई)–बच्चा पैदा कावाने का काम, दाई का काम. *(nf)*–an act of midwife.

جنباں jumbān (जुम्बां)–कांपता हुआ, हिलता हुआ, हिलाने वाला. *(adj)*–shaking, trembling, moving, vibrating.

جنبش jumbish (जुम्बिश)–कंपन, थरथराहट, हिलना, डोलना. *(nf)*–shake, vibration, motion, movement, agitation.

جنبش دینا jumbish denā (जुम्बिश देना)–हिलाना, हरकत देना. *(v)*– to shake, to move.

جنبہ jambāh (जम्बाह)–स्थिति, दिशा. *(nf)*–position, aspect, side.

جنبہ داری jambāhdārī (जम्बाहदारी)– पक्षपात, किसी का पक्ष लेना, किसी की तरफ़दारी करना, किसी की सहायता करना. *(nf)*–partiality, favour, support.

جنت jannat (जन्नत)–स्वर्ग, देवलोक, एक उद्यान. *(nf)*–a garden, paradise.

جنتا jantā (जनता)–एक औज़ार जिस से धातु की तार खींची जाती है, लोग, अवाम. *(nm)*–an instrument for drawing wire, the people, masses, public.

جنتر jantar (जन्तर)–मशीन, औज़ार, एक तावीज़, वाद्ययंत्र. *(nm)*–a machine, an instrument, an amulet, a musical instrument.

جنتر منتر jantar mantar (जन्तर मन्तर)–जादू, टोना, प्रयोगशाला यहां से चांद सितारों का अध्ययन किया जाता है. *(nm)*–juggling, conhuring,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

جنتری jantarī (जन्तरी)

observatory.

جنتری jantarī (जन्तरी)–एक सुराखों वाली लोहे की प्लेट जो कि तार खींचने के काम आती है, कलैंडर, एक पुस्तक जिस में वर्ष भर का भविष्यफल व ग्रहों की दिशा का वर्णन रहता है. *(nm)*–a perforated steel plate for drawing wire, a calendar, an almanac.

جنتی jannatī (जन्नती)–स्वर्ग से सम्बन्धित. वह जिसका निवास स्वर्ग में है, ऐसा मृतक जिसके बारे में यह कामना की जाती है कि उसकी आत्मा को स्वर्ग मिले. *(adj)*–of paradise, heavenly, those whose residence is in paradise, the deceased person for whom his relatives and friends wish that his soul may reside in heaven.

جنجال janjāl (जंजाल)–मुश्किल, परेशानी, कष्ट, झंझट, *(nm)*– difficulty, trouble, entanglement, embrassment, perplexity.

جنجال میں پھنسنا janjāl main phansnā (जंजाल में फंसना)–झंझट में पड़ना, मुसीबत् में घिर जाना, मुश्किल में पड़ जाना. *(v)*–to get into trouble, to be surrounded by difficulties.

جنجالی janjālī (जंजाली)–मुश्किलें खड़ी करने वाला, मुसीबतें पैदा करने वालाए दूसरों को झंझट में डालने वाला. *(nm)*–a troublesome person, one who causes trouble for others, a quarrelsome person, a person who creates disputes.

جنس jins (जिन्स)–वस्तु, अनाज, खाने पीने की चीज़ें, पदार्थ, वर्ग, श्रेणी, जमाअत, लिंग, नस्ल, आभूषण. *(nf)*– crops, products, articles, merchandise, grain, corn, ornaments, movables, species, sort, kind, class, sex, gender.

جنس ادنیٰ jinse adnā (जिन्से अदना)–घटिया वस्तु, घटिया व्यक्ति, घटिया अनाज, घटिया सोच. *(nf)*– an inferior article, inferior person, inferior grain.

جنس اعلیٰ jinse ālā (जिन्से आला)–बढ़िया वस्तु, बढ़िया व्यक्ति, उच्च विचार, बढ़िया अनाज इत्यादि. *(nf)*– superior goods or wares, superior person.

جنس قوی jinse kavī (जिन्से कवी)–शक्तिशाली जिन्स, मज़बूत जिन्स. *(nf)*–the sterner sex.

جنس لطیف jinse latīf (जिन्से लतीफ़)–रूपवान, आकर्षक महिला. *(nf)*–the fair-sex.

جنس وار jinsvār (जिन्सवार)–इलाके के पटवारी द्वारा हर अनाज या वस्तु की क्रमवार सूची तैयार करना. *(adv)*–according to kind or species, *(nm)*–a table prepared by the *patwari* of different kinds of produce of a particular area.

ابنائے جنس abnāe jins (अब्नाए जिन्स)–मानव जाति. *(nm)* –mankind.

جنسی jinsī (जिन्सी)–सैक्स सम्बन्धी. *(adj)*– generic, relating to sex.

جنسی بھوک jinsī bhūk (जिन्सी भूक)–सैक्स की तीव्र इच्छा. *(nf)* –sexual apetite, desire for sexual intercourse.

جنسی کشش jinsī kashish (जिन्सी कशिश)–सैक्स का आकर्षण, पुरुष को स्त्री के प्रति और स्त्री को पुरुष के प्रति आकर्षण. *(nf)*–sex appeal, attraction for opposite sex.

ہم جنسی hamjinsī (हमजिन्सी)–एक ही लिंग के दो व्यक्तियों के बीच सैक्स-सम्बन्ध. *(nf)*– similarityof kind, homogeneousness.

جنسیات jinsiyāt (जिन्सियात)–सैक्स का भाव, सैक्स की इच्छा, सैक्स-कर्म. *(nf)*–sexology.

جنسیت jinsiyat (जिन्सियत)–सैक्स सम्बन्धी, सैक्स की इच्छा, सैक्स का विचार. *(nf)*–sexuality.

لا جنسیت lā jinsiyat (ला जिन्सियत)–सैक्स रहित कर्म. *(nm)*– sexlessness.

ہم جنسیت ham-jinsiyat (हम-जिन्सियत)–एक ही लिंग के दो व्यक्तियों के बीच सैक्स सम्बन्ध. *(nf)*– homo- sexuality.

جنگ jang (जंग)–युद्ध, समर, संग्राम, रण, लड़ाई. *(nm)* –war, battle, combat, fight.

جنگ آزمودہ jang āzmūdā (जंग आज़मूदा)–युद्ध में आज़माया हुआ, युद्ध में परमाणित, बहादुर, वीर, योधा, लड़ाकू, जंगजू. *(adj)*– tried in war, brave, war-like, veteran.

جنگاہ jangāh (जंगाह)–जंग का स्थान, युद्धभूमि, रणभूमि, मैदाने जंग. *(f)*–battle field.

جنگ جو jangjū (जंगजू)–लड़ाकू, लड़ाई के लिए सदा तैयार रहने वाला, झगड़ालू. *(adj)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

war-monger, litigious, quarrelsome.

جنگ دیدہ **jang dīdā** (जंग दीदा)–कुशल लड़ाकू, सिद्धहस्त योधा. *(adj)*–experienced in war, expert fighter.

جنگ زرگری **jange zargarī** (जंगे ज़रगरी)–तीसरे पक्ष को भ्रम में डालने के लिए दो सेनाओं या पार्टियों के बीच नक़ली युद्ध, दिखावे की लड़ाई. *(nf)*– show-fight, an artificial fight between two parties to defraud a third, a fixed war, a war for show only.

جنگ کرنا **jang karnā** (जंग करना)–युद्ध करना, लड़ाई करना, आपस में झगड़ना. *(v)*–to quarrel, to fight, to make or wage a war.

جنگ وجدل **jango jadal** (जंगो जदल)–लड़ाई, झगड़ा, युद्ध, जंग. *(nf)*–battle, war, fighting, conflict, brawl.

بعد از جنگ **bā'd az jang** (बा'द अज़ जंग)–जंग के बाद, युद्ध के पश्चात्. *(adv)*–post war, after the battle.

جنگل **jangal** (जंगल)–वन, कानन, अरण्य. *(nm)*–a forest, a wood, jungle.

جنگل جانا **jangal jānā** (जंगल जाना)–दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जंगल में जाना, जंगल में शौच आदि के लिए जाना. *(v)*–to go to the forest to ease one's self, to reply the call of nature.

جنگل میں منگل **jangal main mangal** (जंगल में मंगल)–जंगल में भी आधुनिक दुनिया की सब सुविधायें उपलब्ध होना. *(nm)*–a feast in the forest, getting luxiries of a civilised life and moderm world in the jungle.

جنگل میں مورناچا کس نے دیکھا **jangal main mor nācā kis ne dekhā** (जंगल में मोर नाचा किस ने देखा)–अपने परिश्रम को व्यर्थ करना. जिस काम की कोई प्रशंसा करने वाला न हो उसके लिए व्यर्थ मेहनत करना. *(prov)*–wasting one's energy and labour in the forest.

جنگلا **janglā** (जंगला)–किसी चीज़ को जानवरों इत्यादि से बचाने के लिए उसके गिर्द बनाया जाने वाला लोहे या लकड़ी का घेरा, एक देश या इलाक़ा जिसमें जंगल ज़्यादा हों, जंगल, संगीत का एक सुर. *(nm)*–a fence, a railing , a woody country, forest, name of a musical code.

جنگلا لگانا **janglā lagānā** (जंगला लगाना)–घेरा लगाना, सुरक्षित करना. *(v)*–to fence, to enclose.

جنگلی **janglī** (जंगली)–जंगल का, जंगल से सम्बन्धित, आरण्यक, असभ्य, अशिष्ट, उजड्ड, गंवार. *(adj)*–of forest, related or concerning jungle, uncivilised, uncultured, rude, illiterate.

جنگلی بلی **janglī billī** (जंगली बिल्ली)–साधारण बिल्ली से ज़्यादा शक्तिशाली और खूंखार बिल्ली. *(nf)*–a wild cat.

جنگلی پیاز **janglī pyāz** (जंगली प्याज़)–जंगल में पैदा होने वाला प्याज़. *(nf)*–squills.

جنگلی سرو **janglī sarv** (जंगली सर्व)–जंगल में उगा पेड़ सर्व. *(nm)*–wild cypress.

جنگلی سور **janglī sūar** (जंगली सूअर)–जंगल में पाया जाने वाला सूअर. *(nm)*–wild boar.

جنگلی کوا **janglī kauā** (जंगली कौआ)–गहरे काले रंग का कौआ. *(nm)*–a raven.

جنگی **jangī** (जंगी)–जंग से सम्बन्धित, जंग जैसी स्थिति, जंगजू, लड़ाका, बहादुर. *(adj)*–war like, relating to war, martial, *(nm)*–a warrior.

جنگی بیڑا **jangī beṛā** (जंगी बेड़ा)–सेना के समुद्री जहाज़ जो युद्ध में भाग लेते हैं. *(nm)*–an armada, a fleet.

جنگی جہاز **jangī jahāz** (जंगी जहाज़)–आकाश में उड़ने वाले वे जहाज़ जो युद्ध में भाग लेते हैं. – *(nm)*– aeroplanes of air force.

جنگی لاٹ **jangī lāṭ** (जंगी लाट)–समुद्री सेना का कमांडर-इन-चीफ, एडमिरल. *(nm)*– commander-in-chief of the Navy, Admiral.

جنم **janm** (जन्म)–उत्पति, पैदाइश. *(nm)*–birth, life, existence.

جنم اشٹمی **janm aṣṭmī** (जन्म अष्टमी)–भगवान श्री कृष्ण का जन्म दिन जिसे हिन्दू बड़ी धूमधाम और उल्लास से मनाते हैं. *(nf)*–the birth day of Lord Krishna, which Hindus celebrate with devotion.

جنم استھان **janm sṭhān** (जन्म स्थान)–जन्म का स्थान, जहां जन्म हुआ हो. *(nm)*–birth place.

جنم پتری **janmpatrī** (जन्मपत्री)–जिसमें जन्म के

CC-0: In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

جنم دن janm din (जन्म दिन) समय ग्रहदशा की कुंडली होती है और आने वाले समय का भविष्यफल होता है. *(nf)*–horoscope.

جنم دن janm din (जन्म दिन)–पैदा होने का दिन. *(nm)*–birthday.

جنم دینا kisī bacce ko janm denā (किसी बच्चे को जन्म देना)–स्त्री द्वारा अपने बच्चे (बेटा या बेटी) को जन्म देना. *(v)*–to give birth to a child.

جنم لینا janm lenā (जन्म लेना)–बच्चे का पैदा होना. *(v)*–to be born.

جنم کا/جنمی janm kā/janmī (जन्म का/जन्मी)–जन्म से, पैदाइश से. *(adj)*–inherited, natural.

جنوائی janvāī (जनवाई)–बच्चा जनवाने का दाई का काम, बच्चा जनवाने का दाई का पारिश्रमिक या इनाम. *(nf)*–a midwife's fee, the act of a midwife.

جنوب janūb (जनूब)–दक्षिण, दक्षिण दिशा. *(nm)*–the South.

جنوبی janūbī (जनूबी)–दक्षिणी या दक्षिण का. *(adj)*–Southern.

جنون junūn (जुनून)–पागलपन. *(nm)*– madness, insanity, lunacy.

جنون ہونا junūn honā (जुनून होना)–पागलपन होना, पागलपन का दौरा पड़ना, गुस्सा आना. *(v)*–to become mad, to become furious, to become very angry.

جنونی junūnī (जुनूनी)–पागल, सिरफिरा, खब्ती, जुनूनी धुन का पक्का. *(adj)*–mad, insane, self-willed, foolish person.

جنہیں jinhen (जिन्हें)–जिन को. *(pro)*– whom, whomsoever.

جنیو janeū (जनेऊ)–एक पवित्र सफेद धागा जो हिन्दू विशेषकर ब्राह्मण पहनते हैं. *(nm)*–sacred thread worn by Hindus especially *Brahmans*.

جو jo (जो)–जो कोई. *(pro)*–who, what, which that.

جو کچھ jo kuch (जो कुछ)–जो कुछ भी. *(pro)*–whatever, whichever.

جو کوئی jo koī (जो कोई)–जो कोई. *(pro)*–who ever.

جو ہو سو ہو jo ho so ho (जो हो सो हो)–जो भी हो, ठीक है.–come what may, whatever the consequence.

جو پھل چکھا نہیں وہی میٹھا jo phal cakhā nahīn vahī mīṭhā (जो फल चखा नहीं वही मीठा)–*(prov)*–forbidden fruit tastes sweet.

جو چڑھیگا سو گریگا jo caregā so giregā (जो चढ़ेगा सो गिरेगा)–घमंड का सिर नीचा. *(prov)*–pride goeth before a fall.

جو گرجتا ہے وہ برستا نہیں jo garajtā hai vah barastā nahīn (जो गरजता है वह बरसता नहीं)–कई चीज़ें केवल दिखावे के लिए होती हैं. *(prov)*–barking dogs seldom bite.

جو jav (जव)–आकाश और धरती के बीच का स्थान, शून्य. *(nm)*–the space between earth and sky, ether.

جو jav (जव)–जौ, एक अनाज, लहसुन की एक फाँक, कढ़ाई के काम में एक टांके का नाम. *(nm)*– barley, a clove of garlic, a kind of stitch in needle work.

جوا juā (जुआ)–द्यूत, हार जीत की शर्त लगा कर कोई खेल खेलना, विशेषकर ताश, चौसर खेलना, बैलों की गरदन पर रखा जाने वाले हल का जुआ. *(nm)*–gambling, gaming, playing with dice, a yoke.

جوا خانہ juā khānā (जुआ खाना)–जहां लोग जुआ खेलते हैं, जुए का अड्डा. *(nm)*–a gambling house, a gambling den.

جوا کھیلنا juā khelnā (जुआ खेलना)–दाँव लगाना, हार जीत का खेल खेलना. *(v)*–to gamble.

جواب javāb (जवाब)–उत्तर, समान, जोड़, किसी चीज़ का कोई जवाब न होना, नौकरी से जवाब मिल जाना. *(nm)*– answer, reply, defence, equal, parallel, match, dismissal.

جواب با ثواب javāb bā savāb (जवाब बा सवाब)–उचित उत्तर, वांछित उत्तर. *(nm)*–a proper answer, a suitable answer.

جواب دعویٰ javāb dāvā (जवाब दावा)–किसी आरोप के उत्तर में जवाब देना. *(nm)*–the answer to a plaint.

جواب دہ javāb dah (जवाब दह)–किसी बात के लिए उत्तरदायक, उत्तर देने के लिए जिम्मेदार. *(adj)*– answerable responsible for a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

reply, account-able.

جواب دہی javāb dahī (जवाब दही)–जवाब देने की ज़िम्मेदारी, किसी बात का जवाब देने के लिए उत्तरदायी. *(nf)*– liability being responsible, responsibility.

جواب دہی کرنا javāb dahī karnā (जवाब दही करना)–जवाब देना, किसी बात को विस्तार से बताना, किसी मुकदमे में बचावपक्ष की ओर से जवाब देना. *(v)*–to respond, to defend a suit, to answer, to explain.

جواب دینا javāb denā (जवाब देना)–उत्तर देना, नौकरी से जवाब देना. *(v)*–to answer, to reply, to account for, to dismiss, to discharge, to disband.

جواب سوال javāb savāl (जवाब सवाल)–सवाल जवाब, किसी से पूछताछ करना, वाता लाप करना, बहस करना, तू तू मैं मैं करना, आपसी मतभेद होना. *(nm)*–question and answer, altercation, conversation, argument.

جواب طلب کرنا javāb talab karnā (जवाब तलब करना)–जवाब मांगना, सफाई मांगना. *(v)*–to call to account, to call for an explanation, to ask for a proper reply.

جواب قطعی javābe kataī (जवाबे क़तई)–पक्का जवाब, निश्चित जवाब, अन्तिम जवाब. *(nm)*–a definite reply, a final reply.

جواب ملنا javāb milnā (जवाब मिलना)–नौकरी से जवाब मिलना, नौकरी से हटा दिया जाना. *(v)*–to be dismissed, to be discharged.

جوابی javābī (जवाबी)–जवाबी पोस्टकार्ड, जवाब देने वाला, किसी आरोप का जवाब देना, जवाबी आरोप लगाना. *(nm)*–a respondent, counterpart, counter blame.

جواد javād (जवाद)–मुक्तहस्त, दानशील, अति दानी, ईश्वर का एक नाम. *(adj)*–liberal, beneficient, bountiful, very generous.

جوار jivār (जिवार)–पड़ोस, प्रतिवास. *(nm)*–neighbourhood, vicnity, adjacency.

جوار joār (जोआर)–एक अनाज जोआर जोकि भरत में पाया जाता है. *(nm)*–Indian millet, Indian corn.

جوار javār (जवार)–पानी की लहर. *(nm)*–flood-tide.

جوار بھاٹا javār bhāṭā (जवार भाटा)–सागर की लहरों का उतार- चढ़ाव. *(nm)*–ebb and flow of the tide.

جوارح javārih (जवारिह)–मनुष्य के शरीर के अंग जैसे हाथ, पैर, बाज़ू, टांग इत्यादि. *(nm)*–limbs of man.

جوارش javārish (जवारिश)–अवलेह, चाट कर खाई जाने वाली दवाई, पाचन शक्ति बढ़ाने वाली दवाई. *(nf)*–a stomachic medicine, a digestive medicine.

جواری juārī (जुआरी)–जुआ खेलने वाला, हार जीत की शर्त लगा कर खेलने वाला, संगीत का वाद्य सितार जिसकी तारों को खींचने से सुर ठीक होते हैं. *(nm)*–a gambler. a thread stretched over the bridge of a musical instrument such as *sitar* beneath the strings whereby the sound is improved.

جواز javāz (जवाज़)–औचित्य, अनुमति, सहनशीलता, आज्ञापालन. *(nm)*–toleration, permission, lawfulness, permit, licence, propriety.

جوالا jvālā (ज्वाला)–आग, लपट, शोला. *(nf)*–blaze, flame, fire, heat.

جوالامکھی jvālāmukhī (ज्वालामुखी)–जिसके मुँह से सदा आग निकलती हो, बहुत गरम स्वभाव, पहाड़ जिस से आग निकलती रहती है, देवी दुर्गा का एक नाम. *(nm)*–a volcano, a title of goddess Durga, a hot tempered man or woman.

جوالہ javālā (जवाला)–तेज़ घूमने वाला, तेज़ कातने वाला. *(adj)*–fast revoiving, fast spinning.

جوان javān (जवान)–युवक, युवा, वयस्क, तरुण, सैनिक, सिपाही. *(adj)*–a youth, young, lad, a young man, adult.

جواں بخت javānbakht (जवांबख़्त)–भाग्यशाली, जिसका भविष्य बड़ा उज्ज्वल हो. *(adj)*–fortunate, one having bright future.

جواں سال javān sāl (जवां साल)–युवक, युवा अवस्था में. *(adj)*–youth, in the prime of youth.

جواں مرد javān mard (जवां मर्द)–बहादुर, निडर, हिम्मत वाला, हौसलामंद. *(adj)*–brave, bold, generous, couragous.

جواں مردی javān mardī (जवां मर्दी)–बहादुरी,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

جواں مرگ javān marg (जवां मर्ग)–जवानी की मृत्यु, जवान मौत. *(adj)*–dead in the prime of youth.

جوانی javānī (जवानी)–यौवन, तारुण्य, युवा अवस्था, नौजवानी. *(nf)*–youth, season of youth, adolescence, manhood.

جوانی چڑھنا javānī caṛnā (जवानी चढ़ना)–जवान होना, वयस्क होना, जवानी की इच्छायें जागना. *(v)*–to attain puberty, to be adolescent.

جوانی ڈھلنا javānī ḍhalnā (जवानी ढलना)–युवा अवस्था को पार कर जाना, बुढ़ापा आ जाना. *(v)*–to cross the threshhold of youth, to become old.

جوانب javānib (जवानिब)–'जानिब' का बहुवचन, दिशायें. *(nf & nm)*–parts, sides, quarters.

جواہر/جواہرات javāhar/javāhrāt (जवाहर/जवाहरात)–'जौहर' का बहुवचन, हीरे, नग, बहुमूल्य पत्थर जो सोने के आभूषणों में जड़े जाते हैं. *(nm)*–jewels, gems, essences, substances.

جواہر خانہ javāhar khāna (जवाहर खाना)–ऐसा सुरक्षित स्थान जहां बहुमूल्य हीरे जवाहरात रखे जाते हैं. *(nm)*–a jewellery vault.

جواہر نگار javāhar nigār (जवाहर निगार)–जवाहर जड़े आभूषण. *(adj)*–studded with jewels.

جوبن joban (जोबन)–जवानी, जवानी का जोश, सौंदर्य, जवानी की चमक, उभरे हुए सुडौल वक्ष. *(nm)*–beauty, youth, bloom. fineness of figure, adolscence, properly developed breasts.

جوت jot (जोत)–चमक, रौशनी, लपट, लौ, नज़र, दृष्टि, आत्मा, जोश, जज़्बा. *(nf)*–light, moonlight, flame of a candle or lamp, vision, brilliance, a glance of the eye, soul, spirit.

جوت jot (जोत)–खेती बाड़ी, हल चलाना, खेत जोतने वाले किसान द्वारा ज़मींदार को दी जाने वाली रक़म, जोती गई भूमि. *(nf)*–cultivated land, the rent paid by the cultivator, ploughing. cultivating.

جوتا jūta (जूता)–पांवों में पहना जाने वाला जूता स्लीपर. *(nm)*–a shoe, a slipper.

جوتا مارنا jūtā mārnā (जूता मारना)–किसी की जूते से पिटाई करना, बहुत अपमानित करना. *(v)*–to give one a shoe beating, to apply the shoe, to insult.

جوتری javatrī (ज़वत्री)–जवत्री नामक सूखे फल का बाहरी छिलका जो मसालों के काम आता है. *(nf)*–mace, dried outer covering of nutmeg used as spice.

جوتش jyotiṣ (ज्योतिष)–भविष्य के बारे में बताने वाला विज्ञान, सितारों और ग्रहों की चाल से हमारा भविष्य बताने वाला विज्ञान. *(nm)*–astrology, astronimy.

جوتشی jyotiṣī (ज्योतिषी)–जो ज्योतिष विद्या जानता हो. *(nm)*–an astrologer, an astronomer.

جوتنا jotnā (जोतना)–खेत जोतना, खेती करना, फसल उगाना, किसी व्यक्ति को कोई काम करने के लिए मजबूर कर देना. *(v)*–to plough, to yoke, to till, to force one to do a thing.

جوتی jūtī (जूती)–जूता, पांवों में पहनने की जूती. *(nf)*– shoe, slipper.

جوتی پر مارنا jūtī par mārnā (जूती पर मारना)–तनिक भी परवाह न करना. *(v)*–to condemn, not to care a damn.

جوتی پیزار jūtī paizār (जूती पैज़ार)–जूतों से लड़ाई, घमासान लड़ाई. *(nf)*–a fight with shoes, an open fight.

جوتی پیزار کرنا jūtī paizār karnā, (जूती पैज़ार करना)–जूतों से लड़ाई करना. *(v)*– to fight with shoes.

جوتی خور jūtī khor (जूती खोर)–जूतियां खाने वाला, नीच, कमीना, कमीनी हरकत करने वाला. *(nm)*–beaten with shoes.

جوتیاں اٹھانا jūtiyān uṭhānā (जूतियां उठाना)–किसी की चापलूसी करना, सेवा करना. *(v)*–to flatter, to do menial service.

جوتیاں چٹخاتے پھرنا jūtiyān caṭkhāte phirnā (जूतियां चटखाते फिरना)– आवारा गर्दी करना, बेकार में भटकते फिरना, बिना किसी मतलब के घूमना. *(v)*–to walk about aimlessly, to loaf about.

جوتیاں سیدھی کرنا cāplūsī karnā, sevā karnā, jhūṭhī vinamartā dikhānā (चापलूसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना, सेवा करना, झूठी विनम्रता दिखाना)–*(v)*–to perform menial service, to pay homage, to flatter.

جوتیوں میں دال بٹنا jūtiyon main dāl baṭnā (जूतियों में दाल बटना)–लड़ाई झगड़ा होना, किसी बात पर मतभेद होना. *(v)*–to have a domestic quarrel, to have difference of opinion.

جوٹھا jūṭhā (जूठा)–खाने से जो बच गया हो, बाकी बचा हुआ खाना. *(nm)*–refuse, leavings of food.

جود jūd (जूद)–दानशीलता, उदारता. *(nm)*–genero- sity, liberality.

جودت jaudat (जौदत)–कुशलता, दक्षता, योग्यता, क्षमता. *(nf)*–quickness of apprehension, excellence, intelligence, benignity.

جور jaur (जौर)–अत्याचार, निर्दयता, जुल्म. *(nm)*–violence, oppression, tyranny.

جورو jorū (जोरू)–पत्नी, लुगाई, बीवी. *(nf)*–a wife.

جورو کا بھائی jorū kā bhāī (जोरू का भाई)–साला, पत्नी का भाई. *(nm)*–brother-in- law, wife's brother.

جورو کا غلام jorū kā gulām (जोरू का गुलाम)–पत्नी की हर बात मानने वाला, हर समय पत्नी के आगे सिर झुकाने वाला. *(nm)*–a hen-pecked husband.

جوڑ joṛ (जोड़)–दो चीज़ के दो भागों को जोड़ने का काम, दो वस्तुओं को जोड़ने का काम, जोड़ा बनाना, मुकाबला करना, जमा करना, संग्रह करना, सम्बन्ध स्थापित करना. *(nm)*–a joint, a pair, a match, total, a seam, a patch, addition, connection, a connecting link.

جوڑ بٹھانا joṛ biṭhānā (जोड़ बिठाना)–जोड़ लगाना. *(v)*–to fit in a joint.

جوڑ توڑ joṛ-toṛ (जोड़-तोड़)–साज़िश, षडयंत्र, तिकड़म. *(nm)*–intrigue, conspiracy.

جوڑ توڑ کرنا joṛ toṛ karnā (जोड़ तोड़ करना)–साजिश रचना, षडयंत्र करना, तिकड़म लड़ाना. *(v)*–to conspire, to contrive, to intrigue.

جوڑ جوڑ joṛ joṛ (जोड़ जोड़)–शरीर का हर जोड़, शरीर के सब जोड़. *(nm)*–every joint of the body.

جوڑ دینا joṛ denā (जोड़ देना)–जोड़ लगाना, इकट्ठा करना, मिलाना, जमा करना. *(v)*–to join, to add, to unite.

جوڑ لگانا joṛ lagānā (जोड़ लगाना)–जोड़ना, पैच लगाना, जमा करना. *(v)*–to sum up, to patch, to add, to join.

جوڑا joṛā (जोड़ा)–पति-पत्नी, जूतों का जोड़ा, साथी. *(nm)*–pair, husband-wife, match, a couple, a pair of shoes.

جوڑا jūṛā (जूड़ा)–औरतों के सिर के पीछे बालों का जूड़ा. *(nm)*–a top knot of the hair, the hair done up in a knot behind the head.

جوڑنا joṛnā (जोड़ना)–जोड़ लगाना, जमा करना, पैसा जोड़ना, हड्डी का जोड़ना, जोड़ा बनाना, पैच लगाना, सीमेंट से जोड़ना, टांके से जोड़ना. *(v)*–to unite, to join, to add, to total, to set a bone, to match, to pair, to patch, to calculate, to connect, to solder, to tie, to affix.

جوڑی joṛī (जोड़ी)–पति-पत्नी की जोड़ी, एक जैसी दो चीज़ों का जोड़ा, साझीदार. *(nf)*–couple, a pair, partner, match, counterpart.

جوڑی دار joṛīdār (जोड़ीदार)–साथी, सहयोगी, मित्र, सह- यात्री. *(nm)*–a friend, a comrade, a companion, a fellow traveller.

جوز joz (जोज़)–एक सूखा मेवा, अखरोट. *(nm)*–a nut, nutmeg, a dry fruit, *akhrot*.

جوش josh (जोश)–आवेश, आवेग, ज़ोर. *(nm)*–heat, excitement, zeal, enthusiasm, passion, emotion, lust.

جوش آنا josh ānā (जोश आना)–उत्साहित होना, गुस्से में आना, भड़क उठना, उत्तेजित होना. *(v)*–to be excited, to be angry, to boil, to flow over, to be agitated.

جوش ترش joshe tursh (जोशे तुर्श)–टारटेरिक तेज़ाब का उबाल. *(nm)*–tartaric acid.

جوش جوانی josho javānī (जोशो जवानी)–जवानी का जोश, जवानी की उमंग. *(nm)*–the fire of youth.

جوش خون joshe khūn (जोशे खून)–खून की गरमी, गुस्सा, जोश, अपने को देख कर खून जोश मारता है. *(nm)*– boiling of the blood, maternal or paternal affection, to be

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

جوش دینا josh denā (जोश देना)

angry.

جوش دینا josh denā (जोश देना)–उबालना. *(v)*–to cause to boil, to boil.

جوش زن joshe zan (जोशे ज़न)–उबाल, सम्भोग के समय का जोश. *(nm)*– boiling, in a state of ebullition.

جوش شیریں joshe shīrīn (जोशे शीरीं)–सोडियम बाईकार्बोनेट. *(nm)*–sodium bicarbonate.

جوش کھانا josh khānā (जोश खाना)–उबल पड़ना, उत्साहित होना, काम में तेज़ी दिखाना, उत्तेजित होना. *(v)*–to boil up, to swell, to overflow, to be excited, to be enraged.

جوش مارنا josh mārnā (जोश मारना)–उबलना, उत्तेजित होना, गुस्से होना. *(v)*–to boil, to ferment, to rage, to be in a frenzy.

جوش و خروش josho kharosh (जोशो ख़रोश)–उत्तेजना, उबाल, लपट, तेज़ी. *(nm)*–excitement, roar, passion, enthusiasm.

جوشاں joshān (जोशां)–जोश खाया हुआ, उबला हुआ, उत्तेजित, क्रुद्ध. *(nm)*–bubbling up, boiling, excited, enraged.

جوشاندہ joshandā (जोशांदा)–क्वाथ, काढ़ा, कई जड़ी बूटियों का मिश्रण जिसे उबाल कर पिलाने से खाँसी और ज़ुकाम में आराम मिलता है. *(nm)*–a decoction, boiling of certain medicinal herbs to extract essence.

جوشش joshish (जोशिश)–आवेग, जोश. *(nf)*–excitement, boiled, agitated.

جوشن joshan (जोशन)–औरतों द्वारा बाज़ू पर पहना जाने वाला एक आभूषण, बाज़ूबंद, कवच, ज़िरह. *(nm)*–an ornament worn by women on the upper arm, armlet.

جوع jūa (जूअ)–भूख, क्षुधा. *(nf)*–hunger, appetite.

جوف jauf (जौफ़)–खोखलापन, अन्दर से खाली, पोलापन, पेट. *(nm)*–cavity, hollow, interior, space, belly.

جوق jauk (जौक)–जनसमूह, व्यक्तियों की एक टोली, संगठन. *(nm)*– a troop or gathering of men.

جوق در جوق jauk dar jauk (जौक़ दर जौक़)–बहुत से लोग, जन-समूह. *(nm)*–in troops, in large number.

جوکھوں/جوکھم jokhon/jokham (जोखों/जोखम)–खतरा, हानि का अंदेशा, नुक्सान की आशंका. *(nf)*–risk, danger.

جوکھوں اٹھانا jokhon uṭhānā (जोखों उठाना)–खतरा उठाना, नुक्सान उठाना. *(v)*–to risk, to hazard, to venture, to suffer a loss.

جوکھوں کا کام jokhon kā kām (जोखों का काम)–खतरे वाला काम, खतरनाक काम. *(nm)*–a dangerous undertaking, a hazardous task.

جوکھوں میں ڈالنا jokhon main ḍālnā (जोखों में डालना)–खतरे में डालना. *(v)*–to endanger, to place in jeopardy.

جوکھوں میں پڑنا jokhon main paṛnā (जोखों में पड़ना)–खतरा मोल लेना, अपने आप को जोखिम में डालना. *(nm)*–to run a risk, to be endangered.

جوگ jog (जोग)–योग, एक सन्तुलित जीवन व्यतीत करना, किसी पुण्यात्मा की तरह जीवन जीना, अपने इह लोक और परलोक को सुधारने की कोशिश करना, ईश्वर-भक्ति में लीन रहना. *(nm)*–abstract contemplation, meditation, religious devotion, the yoga system of philosophy, a fortunate moment.

جوگ سادھنا jog sādhnā (जोग साधना)–किसी योगी की तरह जीवन जीना, धार्मिक जीवन जीना. *(v)*–to lead the life of an ascetic.

جوگ لینا jog lenā (जोग लेना)–संसार को त्याग देना, संन्यासी हो जाना. *(v)*–to retire from the world, to become an ascetic.

جوگن jogan (जोगन)–जोगी का स्त्रीलिंग, महिला जिसने सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया हो. *(nf)*–female of a jogi, a woman who has retired from the world and is leading a religious life.

جوگی jogī (जोगी)–योगी, संन्यासी, सांसारिक सुखों का त्याग करने वाला. *(nm)*–an ascetic, a devotee, a hermit.

جوگیا jogayā (जोगया)–एक रंग जिसमें लाल और पीला रंग मिला होता है, जिस रंग में रंगे हुए कपड़े साधु-सन्त पहनते हैं, संगीत का एक सुर, एक प्रकार का कबूतर. *(nm)*–yellowish mixed

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

reddish colour, the colour worn by yogis, the name of a musical mode, a kind of pigeon.

جولاں jaulān (जौलां)–अपराधियों के पांवों में पहनाई जाने वाली बेड़ियां. *(nm)*–fetters, irons.

پابہ جولاں pābah jaulān (पाबह जौलां)–पांवों में लोहे की बेड़ियां पड़ी हुई, पांव लोहे की ज़ंजीर में बन्धे हुए. *(adj)*–with the feet in irons, fettered, chained.

جولاں jaulān (जौलां)–इधर उधर घूमना, टहलना, चलते फिरते रहना, एक जगह न बैठना. *(adj)*–moving about, coursing, springing, wandering.

جولانگاہ jaulāgāh (जौलांगाह)–सैनिकों या घोड़ों के व्यायाम या अभ्यास करने की जगह. *(nf)*– a place of exercise (for troops or for horses).

جولانی jaulānī (जौलानी)–शरीर अथवा मस्तिष्क की शक्ति, तेज़ी, तीव्रता, जल्दी, शीघ्रता. *(nf)*–the strength of body or mind, fleetness, quickness, swiftness.

جولائی jaulāī (जौलाई)–ईस्वी वर्ष का सातवां महीना–जुलाई. *(nm)*–the month of July of the Christian calendar.

جوں jūn (जूं)–जैसे, जिस तरह, जैसा कि. *(adv & prep)*–as, like, such as.

جوں توں jūn tūn (जूं तूं)–जैसे तैसे, जिस तरह भी, जैसे भी. *(adv)*–in the same way, as before, in some way or other, any how.

جوں توں کرکے jūn tūn karke (जूं तूं करके)–कैसे भी, बड़ी मुश्किल से, जैसे तैसे करके, किसी भी तरीके से. *(adv)*– some how, any how, by any means, by some means or other, with great difficulty.

جوں جوں jūn jūn (जूं जूं)–जैसे जैसे, जिस तरह. *(adv)*–as long as, as far as.

جوں کا توں jūn kā tūn (जूं का तूं)–जैसा था वैसा ही, हू ब हू, बिना किसी परिवर्तन के, एक समान. *(adv)*–as it was, the very same, precisely the same, unaltered.

جونہیں yūhīn (यूंहीं)–जैसे ही, जिस समय, उसी समय. *(adv)*–as soon as, the very moment, no sooner than.

جوں jūn (जूं)–सिर के बालों में पड़ने वाला एक छोटा कीड़ा. *(nf)*–a louse, a thing as small as a louse.

جوں پڑنا jūn paṛnā (जूं पड़ना)–सिर में जूं पड़ जाना. *(v)*–to become lousy.

جون jūn (जून)–समय, काल, जीवन, जन्म. *(nf)*–time, period, age, birth.

جون بدلنا۔جون پلٹنا jūn badalnā/jūn palaṭnā (जून बदलना/जून पलटना)– समय बदलना, भाग्य बदलना, रहन सहन बदल जाना. *(v)*–to transform, to metamorphose.

جون jūn (जून)–जून, ईसाई सन् का छठा महीना. *(nm)*– June, the sixth month of Christian calendar.

جونا jūnā (जूना)–एक प्रकार का घास जोकि बरतन साफ करने या गट्ठर बाँधने के काम आता है. *(nm)*–a kind of grass for cleaning vessels or tying bundles.

جونسا jaunsā (जौनसा)–जो भी, जैसा भी. *(adj)*–whichever, whoever, anyone.

جونک jonk (जोंक)–कीचड़ या पानी में रहने वाला लम्बा कीड़ा जो मनुष्य या जानवरों का खून चूसता है, ऐसा व्यक्ति जो दूसरों की कमाई पर पलता है. *(nf)*–a leech, a parasite.

جونک لگانا jonk lagānā (जोंक लगाना)–कई रोगों को दूर करने के लिए गांवों में लोग अपनी टांगों पर जोंक लगवा कर उनसे खून चुसवाते हैं. *(v)*–to apply leeches.

جوہر jauhar (जौहर)–राजपूतों में एक रस्म जिसके अनुसार निर्णायक युद्ध में जाने से पहले अपने परिवार को मार डालते थे ताकि उन्हें पीछे की चिन्ता न रहे. *(nm)*–Rajput custom of killing family mrmbers before going for battle.

جوہر jauhar (जौहर)–एक कीमती पत्थर, नग, हीरा, ज्ञान, कला, रहस्य, गुणवत्ता, दक्षता, चतुरता. *(nm)* –a gem, a jewel, a pearl, atom, skill, knowledge, substance, virtue, worth, merit.

جوہردار jauhardār (जौहरदार)–गुणवान्, योग्य, बुद्धिमान, बहादुर. *(adj)*–scimitar market with jauhar, brave, learned, educated.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

جوہر دکھانا jauhar dikhānā (जौहर दिखाना)–अपनी योग्यता एवं गुणों का प्रदर्शन करना, अपनी योग्यता को सिद्ध करना. *(v)*–to show one's mettle, to show what one is made of, to display one's sterling qualities.

جوہر فرد jauhar phard (जौहर फर्द)–हीरे की तरह खरा व्यक्ति, ऐसा व्यक्ति जिसका कोई मुकाबला न हो. *(nm)*–an unrivalled or unequalled person.

جوہر شناس jauharshanās (जौहरशनास)–गुणों को पहचानने वाला, गुणों की कद्र करने वाला. *(a)*–one who recognises the merits of others.

جوہر کھلنا jauhar khulnā (जौहर खुलना)–किसी के गुणों व योग्यता का पता चलना, किसी की दुर्दशा का पता चलना. *(v)*–to expose, to shine, exposure of one's virtues and capacities.

اہل جوہر ahale jauhar (अहले जौहर)–वह व्यक्ति जिसमें कुछ गुण हों. *(nm)*–men of merit or worth.

جوہری jauharī (जौहरी)–हीरे-जवाहरात का व्यापार करने वाला, बहुमूल्य नगों और पत्थरों का ज्ञाता, किसी के गुणों को पहचान कर उनकी कद्र करने वाला. *(nm)*–a jewler, an appraiser or setter of precious stones.

جوہڑ jauhaṛ (जौहड़)–कच्चा तालाब जो वर्षा के पानी से भरा हुआ हो. *(nm)*–a pit filled with water during the rainy season, a pond.

جوئی jūhī (जूही)–एक फूल, एक प्रकार की आतिशबाज़ी, एक कीड़ा जो फसलों को हानि पहुँचाता है. *(nf)*–Jasmine–a flower, a kind of fireworks, an insect destructive to certain crops.

جوئندہ joindā (जोइंदा)–जो जांच-पड़ताल करता है, जो जानकारी प्राप्त करता है, पूछताछ करने वाला. *(n & adj)*–a seeker, an inquirer, one who searches for.

جہات jihāt (जिहात)–'जिहत' का बहुवचन, दिशाएँ. *(nf)*–directions.

جہاد jihād (जिहाद)–मुसलमानों द्वारा लड़ा जाने वाला धर्म-युद्ध, इसलाम को न अपनाने वालों के विरुद्ध मुसलमानों का युद्ध, लड़ाई, युद्ध. *(nm)*–war, a crusade, religious war waged by Muslims.

جھابا jhābā (झाबा)–चमड़े का बरतन जिसमें तेल या अन्य तरल पदार्थ रखा जाता है, चमड़े का मेज़पोश. *(nm)*–a leathern oil container, leathern table cloth.

جھاری jhārī (झारी)–लम्बी गरदन वाला पानी का घड़ा, सुराही. *(nf)*–a pitcher with a long neck and a spout, an earthenware.

جھاڑ jhāṛ (झाड़)–झाड़ी, झाड़ियों का समूह, एक प्रकार की आतिशबाज़ी, डांट-डपट, फटकार. *(nm)*–a shrub, a bramble, a lustre or chandelier, a kind of firework, bushes, succession, scolding.

جھاڑ جھنکاڑ jhāṛ jhānkāṛ (झाड़ झंकाड़)–झाड़ियों का समूह. *(nm)*– brambles, large dry bushes.

جھاڑا jhāṛā (झाड़ा)–खोज, तलाश, जादूमंत्र, दैनिक आवश्यकताओं से निबटना. *(nm)*–a purge, a search, an incantation, easing oneself, to save from evil spirit.

جھاڑا دینا jhāṛā denā (झाड़ा देना)–तलाशी देना, अपने बारे में जानकारी उपलब्ध कराना. *(v)*–to submit to a search.

جھاڑا لینا jhāṛā lenā (झाड़ा लेना)–किसी की तलाशी लेना, किसी के बारे में जानकारी प्राप्त करना. *(v)*–to search a person very carefully.

جھاڑ پھونک jhāṛ phūnk (झाड़ फूंक)–जादू टोना, प्रेत बाधा को दूर करना, जादू के खेल दिखाना, किसी व्यक्ति को बुरी आत्मा से बचाना. *(nf)*–juggling, conjuring, to save someone from evil spirits.

جھاڑن jhāṛan (झाड़न)–फरनीचर इत्यादि साफ करने के लिए मोटा सूती कपड़ा, डस्टर. *(nf)*–a coarse cloth for wiping furniture, a duster.

حذف hazaf (हज़्फ़)—ले जाना, बाहर कर देना, अस्वीकृत करना, मिटाना, गिरा देना, छोड़ देना, त्याग देना. *(nm)*–taking away, ejecting, apocope, rejection, dropping, omission.

حذف کرنا hazaf karnā (हज़्फ़ करना)—निकाल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देना, हटा देना, मिटा देना, गिरा देना. *(v)*–to omit, to drop, to cut off.

حُر **hur** (हुर)–स्वतंत्र विचारों वाला, कुलीन, श्रेष्ठ. *(adj)*–free, noble.

حرارت **harārat** (हरारत)–गरमी, जलता हुआ, ज्वर, गुस्सा, उत्साह, तेज़ी. *(nf)*–heat, burning, fever, warmth, ardour, zeal, anger.

حرارت غریزی **harārate garīzī** (हरारते ग़रीज़ी)–शरीर की स्वाभाविक गरमी. *(nf)*–natural heat of the body.

حرارہ **harārah** (हरारः)–भावना, गरमी, तेज़ी, गुस्सा, क्रोध. *(nm)*–emotion, heat, rage, anger, sharpness.

حراست **hirāsat** (हिरासत)–पुलिस द्वारा अपने कब्ज़े में करना, जेल में डालना, कोठरी में बंद कर देना, नज़र रखना. *(nf)*–custody, watch, guarding, escort, lock up.

حراست میں لینا **hirāsat main lenā** (हिरासत में लेना)–अपने कब्ज़े में लेना, जाँच पड़ताल के लिए रोके रखना. *(v)*–to take into custody, to detain.

حراف/حرافہ **harrāf/harrāfā** (हर्राफ़/हर्राफ़ा)–चालाक, काईयाँ, होशियार, मक्कार, चालबाज़. *(adj)*–clever, cunning, deceitful, tricky.

حرام **harām** (हराम)–ग़ैरकानूनी, वर्जित, मनह किया हुआ, गलत, कोई गैरक़ानूनी काम. *(adj)*–unlawful, forbidden, prohibted, wrong, *(nm)*–unlawful act.

حرام خور **harāmkhor** (हरामखोर)–हराम की खाने वाला, गैरक़ानूनी कामों से कमाई करने वाला, भ्रष्ट आदमी. *(nm)*– one who lives on the wages of iniquity or unlawful gains, a corrupt man.

حرام زادہ **harām zādā** (हराम ज़ादा)–हराम की औलाद, नाजायज़ औलाद, अनैतिक सम्बन्धों से पैदा हुई औलाद, नीच. *(nm)*– illegitimate, bastard.

حرام زدگی **harāzadgī** (हरामज़दगी)–अनैतिक काम करना, गैर- क़ानूनी काम करना, किसी पराई स्त्री से शारीरिक सम्बन्ध बना कर नाजायज़ औलाद पैदा करना. *(nf)*–illegitimacy, rascality, villainy.

حرام کاری **harāmkārī** (हरामकारी)–अनैतिक और ग़ैरक़ानूनी काम, जैसे नकली दवाइयां बनाना या खाने पीने की चीज़ों में मिलावट करना. *(nf)*–forbidden acts (particularly, adultery and fornication), violation of divine inhibitions.

حرام کھانا **harām khānā** (हराम खाना)–ग़ैरक़ानूनी या अनैतिक कामों से कमाई करना, रिश्वत लेना. *(v)*–to receive the wages of iniquity, to get money from unlawful means, to take bribe.

حرام کا مال **harām kā māl** (हराम का माल)–ऐसा धन जो अनैतिक और ग़ैरक़ानूनी कामों से कमाया गया हो. *(nm)*– ill-gotten wealth.

حرام موت **harām maut** (हराम मौत)–आत्महत्या. *(nf)*–suicide, wasteful sacrifice.

حرامی **harāmī** (हरामी)–अनैतिक और ग़ैरक़ानूनी काम करने वाला, नीच, शैतान. *(adj &nm)*–a thief, illegitimate, bastard, wicked, villain.

حرب **harb** (हर्ब)–युद्ध, जंग, लड़ाई. *(nm)*–war, battle.

حربہ **harbah** (हर्बः)–युद्ध सामग्री, लड़ाई का सामन, हथियार और गोला-बारूद. *(nm)*–arms and armaments, implements of war.

حربی **harbī** (हर्बी)–युद्ध जैसी या युद्ध से सम्बन्धित. *(adj)*–war like, relating to war.

حرج **harj** (हर्ज)–नुक्सान, हानि, रुकावट, अनिश्चय. *(nm)*–harm, obstacle, confusion.

حرج مرج **harj marj** (हर्ज मर्ज)–पक्ष में और विपक्ष में परिस्थिति, लाभ तथा हानि, अनिश्चय की स्थिति. *(nm)*–favourable and adverse circumstances, loss and profit, confusion.

حرز **hirz** (हिर्ज़)–किलाबन्दी, शरण-स्थल, तावीज़, रक्षा के लिए पहना जाने वाला यंत्र, जादू-मंत्र. *(nm)*–a fortification, an asylum, a place of refuge, an amulet, a charm.

حرص **hirs** (हिर्स)–इच्छा, लालसा, लालच. *(nm)*–eager, desire, greediness, ambition.

حرصی **hirsī** (हिर्सी)–लालची, स्वार्थी. *(nm)*–greedy, prurient.

حرف **harf** (हर्फ़)–वर्णमाला का एक अक्षर. *(nm)*–a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

letter of the alphabet.

حرف آنا harfāna (हर्फ़ आना)–आरोप लगना, दोषी कहलाना, आरोपी के तौर पर देखा जाना. *(v)*–to suffer reproach, to be stigmatised.

حرف بہ حرف harf ba harf (हर्फ़ ब हर्फ़)–अक्षर जैसा ही अक्षर, एक समान, एकरूपता, समानता. *(adv)*– literally, word by word, cent percent likeness.

حرف بٹھانا یا جمانا harf biṭhānā yā jamānā (हर्फ़ बिठाना या जमाना)–छापने के लिए कम्पोज़ करना. *(v)*–to compose for printing.

حرف رکھنا harf rakhnā (हर्फ़ रखना)–आरोप लगाना, कोई दोष किसी के सिर मढ़ना, किसी को दोषी कहना. *(v)*–to stigmatize, to impute a fault to one, to lay blame upon.

حرف گیری harf gīrī (हर्फ़ गीरी)– आलोचना, समीक्षा. *(nf)*– criticism, cavilling.

حرف لانا harf lānā (हर्फ़ लाना)–बदनाम करना, दाग़ लगाना, आरोप लगाना, दोष देना. *(v)*–to defame, to blot, to blame, to blemish.

حرفاً حرفاً harfan harfan (हर्फ़न हर्फ़न)–हू ब हू, मिलता जुलता, एक समान, एक जैसा. *(adv)*– letter by letter, syllable by syllable, literally.

حرفت/حرفہ hirfat/hirfah (हिर्फ़त/हिर्फ़ः)–व्यापार, कला, व्यवसाय, निपुणता, चालाकी, होशियारी, चातुर्य. *(nf/nm)*– trade, art, profession, craft, skill, cleverness, cunningness.

اہل حرفہ ahale harfah (अहले हर्फ़ः)–कारीगर, काम करने वाले, कलाकार, निपुण. *(nm)*– artisans, men of skill, workmen.

نشان حرفہ nishāne harfah (निशाने हर्फ़ः)–ट्रेड मार्क. *(nm)*–trade mark.

حرفی harfī (हर्फ़ी)–हर्फ़ों के बारे में, हर्फ़ों से सम्बन्धित. *(adj)*–literal, relating to letters.

حرکات harkat (हरकात)–हरकत का बहुवचन, गतिविधियाँ, हरकतें, चलना फिरना, गति बनाना. *(nm)*–movements, motions, actions.

حرکات و سکنات harkāt o saknāt (हरकात ओ सकनात)–हरकतें व संकेत, भाव भरे इशारे, कोई बात हरकतों व संकेतों से समझाना. *(nf)*– gestures, postures, alternate movements and rests.

حرکت harkat (हरकत)–गतिविधि, चलन, कर्म, दोष, रुकावट, अड़चन. *(nf)*–motion, action, gestures, fault, misdemeanour, agitation, hindrance, interruption.

حرکت دینا harkat denā (हरकत देना)–गति प्रदान करना, हरकत में लाना. *(v)*–to move, to set in motion.

حرکت کرنا harkat karnā (हरकत करना)–हिलना, चलना, गति बनाना, कोई गलत काम करना. *(v)*– to make a move, to act, to act unproperly, to do an improper thing.

حرم haram (हरम)–पवित्र स्थान जहाँ किसी जीव की हत्या करना महापाप है, मक्का का पवित्र स्थल, पत्नी, दासी जिसे पत्नी बना लिया गया हो, ज़नानखाना, जहाँ स्त्रियों का निवास हो. *(adj)*– sacred, forbidden, *(nm)*–a sanctuary, the sacred territory of *Mecca*, *(nf)*– wife, a concubine, a female slave, women's apartment.

حرم سرا haram sarā (हरम सरा)–महलों में या बड़े लोगों के घरों में वह भाग जहां स्त्रियाँ रहती हैं और वहाँ बाहर के पुरुषों का प्रवेश निषिद्ध होता है. *(nf)*– women's apartments.

حرمان hirmān (हिरमान)– असफलता, निराशा. *(nm)*– repulse, disappointment, despondence.

حرمان نصیب hirmān nasīb (हिरमान नसीब)– निराश, बदनसीब, बदकिस्मत. *(adj)*– disappointed, unfortunate.

حرمت hurmat (हुर्मत)–प्रतिष्ठा, इज़्ज़त, सम्मान, मर्यादा, सतीत्व, किसी खान-पान का धर्म में वर्जित होना, निषेध, मनाही. *(nf)*–honour, dignity, reverence, reputation, chastity, esteem.

حرمت والا hurmat vālā (हुर्मत वाला)–इज़्ज़त वाला, श्रेष्ठ जन, पवित्र, सम्मानित. *(adj)*– honourable, respectable, sacred.

حرمل harmal (हर्मल)–जंगल में उगने वाला एक सुगन्धित पौधा जो दवाई बनाने के काम आता है. *(nm)*–a wild rue, medicinal herbal.

حروف hurūf (हुरूफ़)–'हर्फ़' का बहुवचन, अक्षर. *(nm)*– letters.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

حروف تہجی **hurūfe tahajī** (हुरूफ़े तहजी)–वर्णमाला के अक्षर. *(nm)*– the letters of alphabet.

حُریت **huryit** (हुर्यित)–आज़ादी, स्वतंत्रता, मुक्ति. *(nf)*– liberty, freedom, emancipation.

حریر **harīr** (हरीर)–एक रेशमी और बारीक कपड़ा. *(nm)*– silk, silk-cotton, a fine silken cloth.

حریری **harīrī** (हरीरी)–बारीक रेशमी कपड़ा, पतला. *(adj)*–silken, thin, lean.

حریص **harīs** (हरीस)–लालची, लोभी, पेटू, बहुत अधिक खाने वाला. *(adj)*–covetous, greedy, gluttonous.

حریف **harīf** (हरीफ़)–दुश्मन, शत्रु, प्रतिद्वन्द्वी, विरोधी, चालाक, होशियार. *(nm)*–a rival, an opponent, an adversary, an enemy, *(adj)*–cunning, clever.

حریم **harīm** (हरीम)–का'बा की चहारदीवारी, एक पवित्र स्थान, पूजा का स्थान, एक मकान या निवास स्थान. *(nm)*–the boundary walls of the *Ka'aba*, a sacred place, a place of worship, a house or dwelling.

حزب **hizb** (हिज़्ब)–पक्ष, दल, पार्टी, संगठन, ग्रुप. *(nm)*–a party, a band, union, portion, company.

حزب اختلاف **hizbe ikhtilāf** (हिज़्बे इख़्तिलाफ़)–विरोधी, विरोधी पार्टी. *(nm)*–rival, opposition, opposition party.

حزب اقتدار **hizbe iktidār** (हिज़्बे इक्तिदार)–सत्ता पक्ष, सत्ता पार्टी. *(nm)*–party in power, ruling party, treasury benches.

حزب العمال **hizbul amāl** (हिज़्बुल अमाल)–श्रमिकों की पार्टी, यूनियन. *(nm)*–labour party or union.

حزب اللہ **hijb allāh** (हिज्ब अल्लाह)–अल्लाह की पार्टी, साधु-सन्तों की जमात. *(nm)*–God's party, a party of saintly persons.

حزم **hazm** (हज़्म)–विचारों की दृढ़ता, दृढ़ निश्चयी, दूर दृष्टि, पक्का इरादा, दृढ़ संकल्प. *(nm)*–firmness of mind, steadfastness, firm resolution, care, foresightedness.

حزن **hazan** (हज़्न)–दुःख, कष्ट, क्लेश, मुसीबत, गम. *(nm)*– sadness, grief, sorrow, affliction.

حزین **hazīn** (हज़ीन)–दुःखी, कष्ट में, परेशानहाल, बेचैन, बेहाल. *(adj)*– sorrowful, sad, grieved, afflicted.

حس **hiss** (हिस्स)–इन्द्रियों द्वारा किसी चीज़ का ज्ञान, भावना, एहसास, अनुभूति. *(nf)*–feeling, sense, senti- ment, imagination.

حس باطنی **hisse bātinī** (हिस्से बातिनी)–अन्दरूनी एहसास. *(nf)*– internal sense, perception.

حس ظاہری **hisse zāhirī** (हिस्से ज़ाहिरी)–बाहरी एहसास. *(nf)*– external sense.

حس مشترکہ **hisse mushtarikā** (हिस्से मुश्तरिका)–अन्दरूनी और बाहरी दोनों तरह के एहसास. *(nf)*–common sense.

حساب **hisāb** (हिसाब)–गणित, गणना, गिनती, शुमार, लेन-देन. *(nm)*–counting, reckoning, computation, calculation, accounts, arithmetic, rate, sense.

حساب بے باق کرنا **hisāb be bāk karnā** (हिसाब बे बाक करना)–हिसाब चुकता करना, कर्ज़ा चुकाना. *(v)*–to pay off debts, to settle an account.

حساب پاک کرنا **hisāb pāk karnā** (हिसाब पाक करना)–हिसाब चुकता करना, पूरी रक़म दे देना. *(v)*–to clear accounts.

حساب پاک ہونا **hisāb pāk honā** (हिसाब पाक होना)–सुधार के बाद हिसाब चुकाना. *(v)*–adjustments of accounts.

حساب جوڑنا **hisāb jorna** (हिसाब जोड़ना)–हिसाब लगाना और बाकी रकम निकालना. *(v)*–to make up an account, to total, to add up, to calculate.

حساب دار **hisābdār** (हिसाबदार)–हिसाब रखने वाला, हिसाब जोड़ने वाला. *(nm)*–account keeper, an accountant.

حساب دان **hisābdān** (हिसाबदान)–हिसाब करने वाला, लेखाधिकारी. *(nm)*–an arithmetician, an accountant.

حساب دینا **hisāb denā** (हिसाब देना)–किसी को हिसाब बताना. *(v)*–to give or render an account.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

حساب رکھنا **hisāb rakhnā** (हिसाब रखना)– *(v)*– to keep an account, to register in account books.

حساب کتاب **hisāb-kitāb** (हिसाब-किताब)–हिसाब रखना. *(nm)*– account books.

حساب کرنا **hisāb karnā** (हिसाब करना)–हिसाब तैयार करना, हिसाब बनाना. *(v)*–to calculate, to make up an account, to settle an account.

حساب لگانا **hisāb lagānā** (हिसाब लगाना)–हिसाब बनाना. *(v)*–to calculate, to estimate.

حساب لینا **hisāb lenā** (हिसाब लेना)–किसी से हिसाब लेना. *(v)*–to take an account from.

حساب میں لینا **hisāb main lenā** (हिसाब में लेना)–उधार लेना. *(v)*–to take on credit.

حساب نویس **hisāb navīs** (हिसाब नवीस)–हिसाब लिखने वाला. *(nm)*–an accountant, a ledger writer.

حسابی **hisābī** (हिसाबी)–हिसाब-किताब से सम्बन्धित, हिसाब लिखने वाला. *(adj)*–of or relating to accounts, *(nm)*–an accountant.

حساس **hasās** (हसास)–भावुक, जज़्बाती, भावनाओं से प्रभावित होने वाला, चुस्त व चालाक. *(adj)*– emotional, senstive, possessed of call five senses, shrewd.

حسام **husām** (हुसाम)–तलवार, युद्ध का एक हथियार, असि. *(nm)*–sword, a weapon used in the battle.

حسب **hasab** (हसब)–वंश, गोत्र, खानदान, श्रेष्ठता, महानता, माप, मूल्य; रास्ता, तरीका. *(nm)*–pedigree, nobility, lineage, numbering, computation, rate, price, measurement, value, way, mode, manner.

حسب و نسب **hasab o nasab** (हसब ओ नसब)– खानदान, वंश, गोत्र. *(nm)*–lineage, pedigree.

حسب **hasb** (हस्ब)–के अनुसार, के मुताबिक. *(adv)*–in conformity with, according to.

حسب ہدایت **hasbe hidāyat** (हस्बे हिदायत)–दी हुई हिदायत के अनुसार, दिये हुए आदेश के मुताबिक. *(adv)*– according to the directionsgiven, according to the order, as desired.

حسب حال **hasbe hāl** (हस्बे हाल)– मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार. *(adv)*–as the circumstances demand.

حسب ذیل **hasbe zail** (हस्बे ज़ैल)–नीचे दिये गये निर्देश के अनुसार, नीचे लिखा हुआ. *(nm)*– according to the order mentioned below, as mentioned under.

حسب ضابطہ/قائدہ **hasbe zābtā/kāydā** (हस्बे ज़ाब्ता/क़ायदा)–नियमों के अनुसार. *(adv)*– according to rule, in accordance with the procedure.

حسب قانون **hasbe kānūn** (हस्बे क़ानून)–क़ानून के अनुसार. *(adv)*–as per the law.

حسب معمول **hasbe māmūl** (हस्बे मामूल)–प्रचलन के अनुसार, जो तरीका चल रहा है उसके अनुसार. *(adv)*–as per usual procedure.

حسب منشا **hasbe manshā** (हस्बे मन्शा)–इच्छा अनुसार, रुचि के अनुसार, मन्शा के मुताबिक. *(nm)*–as per your choice.

حسب موقعہ **hasbe maukā** (हस्बे मौका)–समय के अनुसार, जैसा समय हो वैसा ही करना.

حسد **hasad** (हसद)–ईर्ष्या, डाह. *(nf)*–envy, jealousy, malice.

حسد رکھنا/کرنا **hasad rakhnā/karnā** (हसद रखना/करना)–किसी से ईर्ष्या करना, डाह करना, ईर्ष्या से जलना. *(v)*–to bear malice to be jealous.

حسرت **hasrat** (हसरत)–लालसा, उत्कंठा, पश्चात्ताप, अफसोस. *(nf)*–desire, longing, regret, grief, sorrow.

حسرت آلودہ/زدہ **hasrat ālūdā/zadā** (हसरत आलूदा/ज़दा)–ग़मगीन, उदासीन, दुखी, परेशान. *(adj)*–full of sorrow, overwhelmed with grief, afflicted with sorrowe, grief stricken.

حسرت بھرا **hasrat bharā** (हसरत भरा)–हसरतें लिये हुए, जिस की आशायें पूरी न हुई हों, दुःखी. *(adj)*–full of sorrow, overwhelmed with grief, afflicted with sorrow, grief stricken.

حسن **hasan** (हसन)–श्रेष्ठ, उत्तम, उमदा, हसीन,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुन्दर. *(adj)*–noble, rich, respectable, good looking.

حسن **husn** (हुस्न)–सौंदर्य, सुन्दरता, खूबसूरती, शोभा, छटा, छब. *(nf)*–beauty, comeliness, goodness, elegance, pleasingness.

حسن اتفاق **husne ittifāk** (हुस्ने इत्तिफ़ाक़)–संयोग से. *(nf)*–as per chance, lucky chance.

حسن اخلاق **husne akhlāk** (हुस्ने अख़्लाक़)–अच्छा स्वभाव, अच्छी आदतें, सहानुभूति, विनम्रता. *(nm)*–courtesy, politeness, good manners.

حسن انتظام **husne intizām** (हुस्ने इन्तिज़ाम)–अच्छा प्रबन्ध, अच्छी व्यवस्था, अनुशासन. *(nm)*–good management, good descipline.

حسن تدبیر **husne tadbīr** (हुस्ने तदबीर)–अच्छी योजना, अच्छी व्यवस्था, अच्छा प्रबन्ध. *(nm)*–sound planning, sound policy.

حسن ظن **husne zan** (हुस्ने ज़न)–अच्छा विचार, अच्छी सोच, अच्छी राय. *(nm)*–a favourable view, a good opinion.

حسن عمل **husne amal** (हुस्ने अमल)–अच्छे काम काना, ईश्वर की पूजा करना, सब के प्रति सद्भावना रखना. *(nm)*–good deeds, respecting others, living according to natural laws.

حسن مطلق **husne muttalak** (हुस्ने मुत्तलक़)–सदा रहने वाला सौंदर्य, प्रकृति, ईश्वर. *(nm)*–the absolute beauty, nature, God.

حسن مقید **husne mukyad** (हुस्ने मुकयद)–अस्थायी सौंदर्य, नष्ट हो जाने वाला सौंदर्य, थोड़े समय का सौंदर्य, मानव शरीर, सांसारिक सौंदर्य. *(nm)*–mortal beauty.

مقابلہ حسن **mukābalā husn** (मुकाबला हुस्न)–सौंदर्य प्रतियोगिता. *(nm)*–beauty contest, beauty competition.

حسود **hasūd** (हसूद)–ईर्ष्यालु, डाह रखने वाला, ईर्ष्या से जलने वाला. *(adj)*–envious, malignant, grudging.

حسین **hasīn** (हसीन)–सुन्दर, रूपवान, खूबसूरत, मनोहर, मनोरम. *(adj)*– handsome, beautiful.

حسینہ **hasīnā** (हसीना)–एक सुन्दर औरत. *(nf)*–a beautiful woman.

حسینہ عالم **hasīnā-e ālim** (हसीना-ए आलिम)–विश्व-सुन्दरी. *(nf)*– miss universe.

حسینی **husainī** (हुसैनी)–इमाम हुसैन की या उस से सम्बन्धित, अंगूर की एक क़िस्म. *(nm)*–of or relating to *Imam Hussain*, a species of grapes.

حشر **hashra** (हश्र)–प्रलय, महा प्रलय, क़यामत, दुष्परिणाम, बुरा नतीजा, इकट्ठ, जनसमूह, भीड़, हंगामा, गड़बड़. *(nm)*–doomsday, meeting, gathering, commotion, tumult, wailing, lamentation, result, end.

حشر برپا کرنا **hashra barpā karnā** (हश्र बरपा करना)–ऊँची आवाज़ में चीखना चिल्लाना, रोना धोना, शोर मचाना. *(v)*–to weep and wail aloud, to make a dreadful noise.

یوم الحشر **yūmul hashra** (यूमुल हश्र)–हश्र का दिन, क़यामत का दिन, वह दिन जब सारी दुनिया समाप्त हो जाएगी. *(nm)*–the day of resurrection, dooms-day.

حشرات **hashrāt** (हश्रात)–'हश्रा' का बहुवचन, रेंगने पाले कीड़े व जानवर. *(nm)*–(plu. of حشرہ *hashrah*), reptiles, insects, animalcules.

حشرت الارض **hashrātul arz** (हश्रातुल अर्ज़)–वह कीड़े जो बिलों (सूराखों) में रहते हैं. वर्षा ऋतु में यह कीड़े बिलों से बाहर निकल कर रेंगने लगते हैं. *(nm)*–insects which live in holes, innumerable insects brought to life during the rains.

حشفہ **hashfā** (हशफ़ा)–लिंग का अगला सिरा, सुपारी. *(nm)*–glans penis, the head of penis.

حشم **hasham** (हशम)–नौकर चाकर, सिपाही, प्यादे, सेवक. *(nm)*–number of servants, orderlies.

حشمت **hashmat** (हश्मत)–दबदबा, रौब, सम्मान, धन, दौलत. *(nm)*–wealth, richness, dignity, rank or status.

حشو **hashv** (हश्व)–सिरहाना या गद्दी को भरना (रूई या अन्य किसी चीज़ से), अनावश्यक, वह शब्द जो किसी वाक्य में व्यर्थ हो, बेकार, व्यर्थ. *(nm)*–stuffing (a pillow, a bed, a cushion), unnecessary word in a sentence, useless, waste.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

حشیش **hashīsh** (हशीश)–सूखी घास, सूखा चारा, एक महँगा नशीला पदार्थ हशीश जो कि एक पौधे की पत्तियों से तैयार होता है. *(nm)*–hay, dry grass, an intoxicating beverage prepared from the leaves of the hemp.

حصار **hisār** (हिसार)–क़िला, दुर्ग, क़िलाबंदी, सुरक्षा के लिए दीवारें बनाना, जंगला लगवाना. *(nm)*–a fort, fortress, castle, fortification, enclosure, fence.

حصار باندھنا **hisār bāndhnā** (हिसार बाँधना)–किलाबन्दी करना, घेरा बनाना, घेरे में लेना. *(v)*–to set up an enclosure.

حصر **hasar** (हसर)–निर्भरता, अवलंबन, रुकावट, घेराबंदी, घेराव. *(nm)*–dependence, reliance, counting, besiege, blockade.

حصص **hiss** (हिस्स)–'हिस्सा' का बहुवचन, हिस्से, भाग, अंश. *(nm)*–(plu. of حصہ *hissah*), parts, portions, shares.

حصن **hisn** (हिस्न)–क़िला, कोट, दुर्ग, क़िलाबंदी. *(nm)*–a fort, fortress, fortification.

حصن حصین **hisne hasīn** (हिस्ने हसीं)–ऐसा किला जो सेना से न जीता जा सके, दुर्गम, अजेय. *(nm)*–an impregnable fortress.

حصول **husūl** (हुसूल)–प्राप्ति, उपलब्धि, लाभ, फ़ायदा, पैदावार, उत्पादन. *(nm)*–acquisition, attainment, profit, advantage, produce, achievement.

حصہ **hissā** (हिस्सा)–भाग, अंश, टुकड़ा, पत्ती. *(nm)*–share, part, lot, piece, portion.

حصہ دار **hissādār** (हिस्सादार)–साँझीदार, हिस्सेदार, भागीदार. *(nm)*–a sharer, a share holder, a partner.

حصہ داری **hissādārī** (हिस्सादारी)–साँझ, भागीदारी. *(nf)*–sharing, partnership.

حصہ رسدی **hissā rasdī** (हिस्सा रसदी)–अनुपात अनुसार हिस्सा, बराबर का हिस्सा. *(nf)*–a proportional share, an equal share.

حصہ کرنا **hissā karnā** (हिस्सा करना)–बांटना, भाग करना, अलग अलग करना. *(v)*–to share, to distribute, to divide.

حصہ لینا **hissā lenā** (हिस्सा लेना)–भाग लेना, शामिल होना. *(v)*–to participate, to take part in.

حضر **hazar** (हज़र)–स्थायी, जड़, टिकाऊ. *(nm)*–sojourn (as opposed to travel), settled (as opposed to namadic).

حصیر **hasīr** (हसीर)–घासफूस का बना बैठने का आसन, कुशा का आसन, चटाई, मोटे कपड़े का आसन. *(nm)*–a mat made of grass etc or cloth.

حصین **hasīn** (हसीन)–मज़बूत, पक्का, दृढ़, स्थायी. *(adj)*–strong, solid.

حضرت **hazrat** (हज़रत)–महोदय, श्रीमान, जनाब, एक सम्मानित व्यक्ति. *(nm)*–dignity, respect, honour, nearness, a title applied to a great man.

حضرت ظل سبحانی **hazrat zile subhānī** (हज़रत ज़िले सुबहानी)–परमात्मा की परछाई, बादशाह, राजा, महापुरुष, पुण्यात्मा. *(nm)*–the shadow of God, the king, his majesty, piousman, greatman.

بڑے حضرت **baṛe hazrat** (बड़े हज़रत)–बहुत सम्मानित, आदरणीय, चालबाज़, चालाक, तिकड़मी. *(nm)*–a superior, a consummate knave or rascal.

حضور **huzūr** (हुज़ूर)–जनाब, श्रीमान, महोदय, सम्मानित सम्बोधन, मौजूदगी, उपस्थिति, सरकार, कचहरी, *(nm)*–presence of a superior authority, attendence, government, court, (int) Your Majesty, Your Highness.

حضور پُر نور **huzūr pur nūr** (हुज़ूर पुर नूर)–ऐसा सम्मानित व्यक्ति जिस के चेहरे पर नूर (रोशनी) हो. *(nm)*–His illustrious Majesty.

حضور والا **huzūre vālā** (हुज़ूरे वाला)–अति सम्मानित व आदरणीय व्यक्ति का सम्बोधन. *(nm)*–thehighor exalted presence.

حضوری **huzūrī** (हुज़ूरी)–हाज़िर, सेवा करने वाला, मौजूद रहने वाला. *(nm)*–an attendant, courtier, *(nf)*–presence.

حطیم **hatīm** (हतीम)–का'बा के बाहर एक कुआँ, रुकन और ज़मज़म के बीच एक पत्थर, एक वर्ष का पौधा, टूटा हुआ. *(nm)*–a wall outside the *Ka'aba*, a stone between *Rukn* and *ZamZam*, one year old plant, *(adj)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

broken.

حضیض hazīz (हज़ीज़)–गर्त, गड्ढा. *(nm)*–a pit.

حظ haz (हज़)–खुशी, आनन्द, प्रसन्नता, स्वाद, खुशबू. *(nm)*–pleasure, delight, happiness, flavour, taste.

حظ اُٹھانا haz uṭhānā (हज़ उठाना)–लुत्फ़ उठाना, स्वाद लेना, खुशी महसूस करना, आनन्दित होना, मज़ा करना. *(nm)*–to enjoy, to derive pleasure, to be pleased.

حظ نفسانی hazze nafsānī (हज़्ज़े नफ़सानी)–कामानन्द, ऐयाशी, मौज मस्ती, सांसारिक सुख, सम्भोग से मिलने वाला सुख. *(nm)*–sexual pleasure, enjoyment, worldly comfort.

حظ و کرب hazzo karb (हज़्ज़ो कर्ब)–खुशी व गम, दुख-सुख. *(nm)*–pleasure and pain.

حفاظت hifāzat (हिफ़ाज़त)–सुरक्षा, संरक्षण, बचाव. *(nf)*– guarding, preserving security, safety, custody, defence.

حفاظت کرنا hifāzat karnā (हिफ़ाज़त करना)–सुरक्षा करना, संरक्षण प्रदान करना, बचाव करना. *(v)*–to guard, to preserve, to defend.

حفظ hifaz (हिफ़्ज़)–ज़बानी याद करना, याददाश्त, कोई चीज़ ग्रहण करना, संरक्षण, सम्मान, आदर, सत्कार. *(nm)*–learning by heart, memory, preservation, guardianship, respect.

حفظ کرنا hifaz karnā (हिफ़्ज़ करना)–ज़बानी याद करना, कोई बात याददाश्त में बिठाना. *(v)*–to learn by heart, to commit to memory.

حفظ ماتقدم hifaze mātkadam (हिफ़्ज़े मातकदम)–सावधानी के तौर पर उठाया गया क़दम. *(nm)*– a precautionary measure.

حفظ مراتب hifze marātib (हिफ़्ज़े मरातिब)–किसी के पद और श्रेणी के अनुसार व्यवहार करना. *(nm)*–observing etiquette, attention to the degree or rank of a person.

حفیظ hafīz (हफ़ीज़)–हिफ़ाज़त करने वाला, सुरक्षा करने वाला, संरक्षक, परमात्मा का एक नाम. *(nm)*– guardian, protector, name of God.

حق hak (हक़)–अधिकार, ईश्वर, परमात्मा, सत्य, यथार्थ, सच, ठीक, उचित, न्याय, रिश्वत, हिस्सा. *(adj)*– right, just, true, *(nm)*–the truth, the deity, God, justice, right, due, just, claim, portion, duty.

حق ادا کرنا hak adā karnā (हक़ अदा करना)–अपना कर्तव्य निभाना, अपना फ़र्ज़ पूरा करना, अपनी देनदारी चुकाना. *(v)*–to perform one's duty, to render one his dues.

حق آسائش hakke āsāish (हक़्क़े आसाइश)–सुविधा का अधिकार. *(nm)*–right of convenience.

حق السعی hakke-us-saī (हक़्क़े-उस-सई)–श्रमिकों का वेतन, मुआवज़ा, कमिशन. *(nm)*–the wages of labour, recompense of trouble, commission.

حق العباد hakul ibād (हक़ुल इबाद)–मानवी अधिकार. *(nm)*– the rights of human being.

حق اللہ hakullāh (हक़ुल्लाह)–परमात्मा के अधिकार. *(nm)*– the rights of God.

حق الناس hakunnās (हक़ुन्नास)–जनता के अधिकार, लोगों के अधिकार, आम आदमी के अधिकार. *(nm)*–the rights of the people.

حق ارجاع نالش hakke-irjāe-nālish (हक़्क़े-इरजाए-नालिश)–अपील करने का अधिकार, निवेदन करने का अधिकार. *(nm)*– right of appeal.

حق بجانب hak bajānib (हक़ बजानिब)–हक़ का अधिकारी, हक़दार. *(nm)*– deserving, justified.

حق پرست hak parast (हक़ परस्त)–एक धार्मिक व्यक्ति, परमात्मा का भक्त, दूसरों के अधिकारों के बारे में सोचने वाला. *(nm)*–worshipper of God, a pious man.

حق تصنیف hakke tasnīf (हक़्क़े तसनीफ़)–लेखन-अधिकार, कापी राइट. *(nm)*–copyright.

حق تعالیٰ hak tā'lā (हक़ ता'ला)–सब से बड़ा, सब से श्रेष्ठ, परमात्मा. *(nm)*–the most high God.

حق تلفی کرنا hak talfī karnā (हक़ तल्फ़ी करना)–दूसरों के अधिकार छीनना, दूसरों को उनके अधिकारों से वंचित करना, किसी दूसरे का हक़ मारना. *(v)*–to snatch the rights of others, to encroach upon other person's claims.

حق ثابت کرنا hak sābit karnā (हक़ साबित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

حق جتانا hak jatānā (हक़ जताना)—किसी चीज़ पर अपना अधिकार प्रमाणित करना. *(v)*–to prove one's claim.

حق جتانا hak jatānā (हक़ जताना)—अपने अधिकार की मांग करना, अपना अधिकार मांगना. *(v)*–to press one's right or claim.

حق جو hak jū (हक़ जू)—सचाई की तलाश में, सच की खोज, सचाई पर आधारित. *(adj)*–seeker after truth.

حق خود ارادیت hakke khud irādiyat (हक़्क़े खुद इरादियत)—आत्म निर्णय का अधिकार. *(nm)*–right of self determi- nation.

حق دار hakdār (हक़दार)—अधिकारी, सच्चा अधिकारी. *(nm)*– rightful, having right or claim (to).

حق دبانا/مارنا hak dabānā/mārnā (हक़ दबाना/मारना)–*(v)*–to usurp a right, to deprive one of his right.

حق رائے دہی hakke rāy dahī (हक़्क़े राय दही)—वोट देने का अधिकार. *(nm)*–right to vote.

حق رسی hak rasī (हक़ रसी)—न्याय. *(nf)*–justice.

حق شناس hak shinās (हक़ शिनास)—अपने और दूसरों के अधिकार को पहचानने वाला, प्रत्येक को उसका अधिकार देनें वाला, अपने कर्तव्य पूरे करने वाला, धार्मिक व्यक्ति. *(adj)*–rendering to every one his due, knowing and performing one's duty, pious, righteous.

حق شناسی hak shināsī (हक़ शिनासी)—सब के साथ न्याय करने वाला. *(nf)*–knowledge of what is of God, doing even-handed justice.

حق فراموش hak farāmosh (हक़ फ़रामोश)—अन्यायी, ना इन्साफ़, कृतघ्न, किसी का हक़ भूल जाने वाला. *(nm)*– cruel, ungrateful, who forgets the other's favour.

حق گو hak go (हक़ गो)—हक़ की बात कहने वाला, सच्ची बात कहने वाला. *(adj)*–who speaks always truth.

حق مالکانہ hakke mālikānā (हक़्क़े मालिकाना)—स्वामीत्व का अधिकार. *(nm)*–proprietory right.

حقانیت hakāniyat (हक़ानियत)—सचाई, पवित्रता, वास्तविकता. *(nf)*–truth, godliness, veracity, righteousness.

حقارت hikārat (हिक़ारत)—घृणा, नफ़रत, अपमान. *(nf)*– hatered, contempt, scorn, affront, disgrace, vileness, baseness.

حقارت کرنا hikārat karnā (हिक़ारत करना)—घृणा करना, नफ़रत करना, नापसंद करना. *(v)*–to hate, to despise.

حقارت کی نظر سے دیکھنا hikārat kī nazar se dekhnā (हिक़ारत की नज़र से देखना)—नफ़रत की नज़रों से देखना, किसी को नापसंद करना. *(v)*–to look down upon, to hate.

حقانی hakkānī (हक़्क़ानी)—दैवी, परमात्मा की या परमात्मा से सम्बन्धित. *(adj)*–divine, of the deity.

حقائق hakāaik (हक़ाइक़)—'हक़ीक़त' का बहुवचन, तथ्य, सचाई, वास्तविकता. *(nf)*–(plu. of حقیقت *haqīqat*).

حقنہ huknā (हुकना)—पेट साफ करने के लिए गुदा में पानी या दवा की पिचकारी लगाना. *(nm)*– enema, clyster.

حقوق hukūk (हुक़ूक़)—हक़ का बहुवचन, अधिकार, वेतन, सुविधाएं, वेतन. *(nm)*–(plu. of حق *haqq*), rights, dues, privileges, claim, law, salary.

حقوق زوجیت hukūke zaujiyat (हुक़ूक़े ज़ौजियत)—पति-पत्नी के विवाह के बाद के अधिकार. *(nm)*–conjugal rights.

حقوق مدنی hukūke madanī (हुक़ूक़े मदनी)—नागरिक अधिकार. *(nm)*– civic rights.

حقہ hukkā (हुक़्क़ा)—रत्न या आभूषण रखने की पेटी, हुक़्क़ा जिसकी चिलम में तम्बाकू पिया जाता है. *(nm)*–a casket or little box to keep diamonds or jewellery, a hubble-bubble, a smoking pipe.

حقہ باز hukkābāz (हुक़्क़ाबाज़)—चिलम पीने वाला, जादूगर, बहुरूपिया. *(nm)*–a pipe smoker, a juggler, an imposter.

حقہ بردار hukkā bardār (हुक़्क़ा बरदार)—हुक्का तैयार करने वाला या मालिक के साथ हुक्का ले कर चलने वाला. *(nm)*– the servant who

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

prepares a huqqa or smoking pipe, a servant who carries the *huqqā* alongwith the master.

حقہ پانی بند کرنا **hukkā pānī band karnā** (हुक्का पानी बंद करना)–किसी का सामाजिक बहिष्कार करना, किसी को किसी अपराध की सज़ा देना. *(v)*–to excommunicate, to boycott some one.

حقیت **hakiyat** (हक़ियत)–मालिकाना अधिकार. *(nf)*– proprietory right, ownership right.

حقیر **hakīr** (हक़ीर)–तुच्छ, क्षुद्र, नाचीज़, तिरस्कृत, अपमानित, ज़लील. *(nm)*–vile, base, mean, contemptible, abject.

حقیر جاننا **hakīr jānnā** (हक़ीर जानना)–किसी को तुच्छ मानना, आदर न करना, अपमानित करना, क्षुद्र समझना. *(nm)*–to hate, to condemn, to despise.

حقیقت **hakīkat** (इक़्क़ीक़त)–सचाई, यथार्थता, वास्तविकता, आधार, मूल, बुनियाद, रहस्य, राज़. *(nf)*–reality, truth, fact, account, narration, state, condition.

حقیقتاً **hakīkatan** (हक़ीक़तन)–हक़ीक़त में, वस्तुतः, वास्तव में, सचमुच. *(adj)*–in truth, in reality, truly, in fact.

حقیقی **hakīkī** (हक़ीक़ी)–असली, वास्तविक, सहोदर, सगा, यथार्थ. *(adj)*–real, true, accurate, actual, just.

حقیقی بھائی **hakīkī bhāī** (हक़ीक़ी भाई)–सगा भाई, दोनों भाई एक ही माँ-बाप से जन्मे. *(nm)*–real brother, own brother.

حقیقی بہن **hakīkī bahan** (हक़ीक़ी बहन)–सगी बहन. *(nf)*–real sister.

حقیقی رشتہ **hakīkī rishtā** (हक़ीक़ी रिश्ता)–सगा, रिश्तेदार. *(nm)*–a relative of the full blood, blood relation.

حقیقت آشنا **hakīkat āshnā** (हक़ीक़त आशना)–हक़ीक़त जानने वाला, सचाई जानने वाल, सचाई का जानकार. *(adj)*– who knows the reality, who knows the facts.

حقیقت پسند **hakīkat pasand** (हक़ीक़त पसंद)–सचाई पसंद करने वाला, यथार्थ को पसंद करने वाला. *(adj)*–who likes the reality, who loves the truth.

حکام **hukkām** (हुक्काम)–'हाकिम' का बहुवचन, अधिकारीगण, अफ़सरान. *(nm)*–(*plu.* of حاکم *hākim*), officers, authorities, commanders, head of the department.

حکایت **hikāyat** (हिकायत)–कथा, कहानी, किस्सा, विवरण, वृतान्त. *(nf)*–story, tale, narrative.

حکایات **hikāyāt** (हिकायात)–'हिकायत' का बहुवचन, कथाएं, कहानियाँ, किस्से, वृतान्त. *(nf)*–(plu. of حکایت *hikayat*), stories, tales, descriptions.

حکم **hakam** (हकम)–पंच, फैसला करवाने वाला, बीच में पड़ने वाला, मध्यस्थ, बिचौलिया, अम्पायर. *(nm)*–an umpire, middleman, arbitrator, mediator.

حکم **hukm** (हुक्म)–आदेश, आज्ञा, आर्डर, अनुमति, निर्णय, फैसला. *(nm)*–order, command, decree, ordinance, verdict, authority, permission, decision, rule, control, sanction.

حکماً **hukman** (हुक्मन)–आदेश से. किसी का आदेश मिलने पर. *(adv)*–by order of, under orders of.

حکم امتناعی **hukme imtināī** (हुक्मे इमतिनाई)–रोक का हुक्म, स्थगन आदेश. *(nm)*–order of prohibition, injunction.

حکم بجا لانا **hukam bajā lānā** (हुक्म बजा लाना)–हुक्म मानना, आज्ञा का पालन करना. *(v)*–to execute or carry out an order.

حکم بردار **hukam bardār** (हुक्म बरदार)–हुक्म मानने वाला, आज्ञाकारी, आदेश का पालन करने वाला आज्ञा-पालक. *(adj)*–obedient.

حکم جاری کرنا **hukam jārī karnā** (हुक्म जारी करना)–आदेश देना, हुक्म देना. *(v)*–to issue an order.

حکم چلانا **hukam calānā** (हुक्म चलाना)–अपने अधिकारों का प्रयोग करना, शासन करना. *(v)*–to exercise authority, to govern, to rule.

حکم دینا **hukam denā** (हुक्म देना)–आदेश देना, कोई काम करने के लिए कहना. *(v)*–to order, to give or pass an order.

حکمرانی **hukamrānī** (हुक्मरानी)–शासन, आदेश. *(nf)*–rule, sovereignty, administration.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

حکم ضبطی **hukme zabtī** (हुक्मे ज़ब्ती)–किसी चीज़ को ज़ब्त कर लेने का आदेश, अपने कब्ज़े में कर लेने का आदेश. *(nm)*–order of resumption or forfeiture.

حکم عدولی کرنا **hukam udūlī karnā** (हुक्म उदूली करना)–अवज्ञा, आदेश न मानना, आदेश का उल्लंघन करना, आदेश मानने से इन्कार करना. *(nm)*–to infringe or violate an order, not to comply with the order.

حکم قطعی **hukme kataī** (हुक्मे क़तई)–अन्तिम आदेश, निर्णायक आदेश. *(nm)*–a final order.

حکم کرنا **hukam karnā** (हुक्म करना)–आदेश देना, आज्ञा देना, दंड देना. *(v)*–to order, to command, to award, to sentence.

حکم لگانا **hukam lagānā** (हुक्म लगाना)–किसी बात के बारे में अपना मत प्रकट करना. *(v)*–to express a definite opinion, to assert positively, to predict.

حکم نامہ **hukam nāmā** (हुक्म नामा)–आदेश-पत्र, लिखित आज्ञा-पत्र. *(nm)*–written order or decree.

حکما **hukamā** (हुकमा)–'हकीम' का बहुवचन, चिकित्सकगण, इलाज करने वाले, हकीम. *(nm)*–(plu. of حکیم *hakīm*), physicians, sages, who cures.

حکمت **hikmat** (हिक्मत)–आयुर्वेद, तिब, हकीम का पेशा, इलाज, चिकित्सा, बुद्धि, बोध, विज्ञान. *(nf)*–the function of a physician, treatment, cure, wisdom, knowledge, science, skill, mystery, cleverness.

حکمت عملی **hikmat-amalī** (हिक्मत-अमली)–चालाकी, होशियारी, बुद्धिमता, तिकड़म, जुगाड़, योजना, सोच-विचार, व्यावहारिक आचरण, राजनीति. *(nm)*–practical skill, tactics, politics, policy, wisdom, cleverness, alertness.

حکمت مدنی **hikmate mudnī** (हिक्मते मुदनी)–राजनैतिक विज्ञान, व्यावहारिक विज्ञान. *(nf)*–political science, practical function.

حکمتی **hikmatī** (हिक्मती)–चालाक, होशियार, निपुण, बुद्धिमान, व्यावहारिक, तिकड़मबाज़. *(adj)*–wise, clever, skilful, alert, practical, tactful.

حکمی **hukmī** (हुक्मी)–हुक्म मानने वाला, आज्ञा का पालन करने वाला, आज्ञाकारी. *(adj)*–dutiful, obedient.

حکومت **hukūmat** (हुकूमत)–राज्य, शासन, ज़बरदस्ती, आदेश. *(nm)*– government, dominion, jurisdiction, sovereignty, sway, authority, power, rule.

حکومت امراء **hukūmate umrā** (हुकूमते उमरा)–अमीरों की हुकूमत, वह शासन जो अमीर लोगों के हित के बारे में सोचे. *(nf)*– aristocratic government.

حکومت جتانا **hukūmat jatānā** (हुकूमत जताना)–हुकूमत करके दिखाना, शासन का दबदबा कायम करना, सक्रिय शासन करना. *(v)*–to show of one's authority, to govern with authority, to rule activly.

حکومت جمہوری **hukūmate jamhūrī** (हुकूमते जम्हूरी)–लोकतंत्र, चुने हुए जनता के प्रतिनिधियों द्वारा राज, जनता की सरकार, डैमोक्रेसी. *(nf)*–democracy, republic, people's government.

حکومت شخصی **hukūmate shakhsī** (हुकूमते शख़्सी)–किसी एक व्यक्ति का शासन, राजा का शासन, डिक्टेटरशिप. *(nf)*–one man rule, monarchy, dictatorship.

حکومت کرنا **hukūmat karnā** (हुकूमत करना)–शासन करना, सरकार चलाना, हुकूमत करना, अपना अधिकार जताना. *(v)*–to govern, to, rule, to exercise authority.

حکیم **hakīm** (हकीम)–सन्त, फ़क़ीर, चिकित्सक, इलाज करने वाला, वैद्य, डाक्टर, बुद्धिमान. *(nm)*–a sage, a doctor, a physician, a wiseman.

حکیم مطلق **hakīme mutlak** (हकीमे मुत्लक)–सब से बड़ा हकीम, परमात्मा. *(nm)*–the supreme sage, God.

نیم حکیم **nīm hakīm** (नीम हकीम)–अनुभवहीन चिकित्सक, चिकित्सक की डिग्री के बिना चिकित्सा करने वाला, नकली चिकित्सक, अनाड़ी, जिसे अपने काम की जानकारी न हो. *(nm)*–an unqualified or inexperienced doctor.

حکیمانا **hakīmānā** (हकीमाना)–हकीमों जैसा. *(adj)*–physician-like.

حکیمی **hakīmī** (हकीमी)–हकीम या चिकित्सक का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्म. *(nf)*– the practice of medicine.

حل **hal** (हल)–समाधान, सुलझाना, घुलना, मिलना, प्रकटन, खोलना. *(nm)*–solving, solution, untying, loosing.

حل کرنا **hal karnā** (हल करना)–किसी समस्या का समाधान करना, ढीला करना, कोई चीज़ घोलना, किसी चीज़ को पतला करना. *(v)*–to solve, to loosen, to liquify, to dilute.

حل وعقد **hal-o akd** (हल-ओ अक़्द)–प्रबन्ध, व्यवस्था, प्रशासन. *(nm)*–management, administration.

حل ہونا **hal honā** (हल होना)–समस्या का समाधान होना, घुलना, पतला होना. *(v)*–to be solved, to be disolved, to be diluted.

حلال **halāl** (हलाल)–भक्ष्य, जो चीज़ धर्म के अनुसार खाने पीने में वर्जित न हो, वध, ज़बीहा, उचित. *(nm)*–legal, lawful, right, admissible, legitimate, showing religious sanction, killed as prescribed by Islamic law.

حلال خور **halāl khor** (हलाल ख़ोर)–हलाल (मेहनत) की कमाई करने वाला, जो चीज़ धर्मानुसार उचित हो वही खाने वाला, सफाई कर्मचारी. *(nm)*–one who eats what is lawful, one whose earnings are lawful, a sweeper.

حلال کرنا **halāl karnā** (हलाल करना)–किसी चीज़ को धर्मानुसार उचित बनाना, किसी जानवर का धर्मानुसार वध करना. *(v)*–to make lawful, to slaughter according to the Muslim way.

حلالہ **halālā** (हलाला)–ऐसी औरत जो एक पति से तलाक़ ले कर दूसरे पुरुष से विवाह करे और फिर दूसरे पति से तलाक़ ले कर पहले पति से विवाह करे. *(nf)*–a woman who marries her divorcer again after she has been divorced by her second husband.

حلاوت **halāvat** (हलावत)–मधुरता, मिठास, सुस्वाद, अच्छा मज़ा, ऐश. *(nf)*–sweetness, taste, relish, deliciousness.

حلت **hillat** (हिल्लत)–क़ानूनी, क़ानून अनुसार. *(nf)*– legality, lawfulness.

حلف **halaph** (हलफ)–शपथ, सौगंध, क़सम. *(nf)*– an oath.

حلف اٹھانا **halaf uṭhānā** (हलफ़ उठाना)–सौगंध खाना. *(v)*–to take an oath.

حلف دروغی **halaf darogī** (हलफ़ दरोग़ी)–झूठी शपथ. *(nf)*–false swearing, perjury.

حلف دینا **halaf denā** (हलफ़ देना)–शपथ दिलाना. *(v)*–to administer an oath.

حلف نامہ **halafnāmā** (हलफ़नामा)–शपथ-पत्र, एफ़िडेविट. *(nm)*– a declaration on oath, affidavit.

حلفاً **halfan** (हलफ़न)–शपथ ले कर कोई बात कहना. *(nm)*–to declare on oath.

حلق/حلقوم **halk/halkūm** (हल्क/हल्क़ूम)–कंठ, गला. *(nm)*–the throat.

حلقہ **halkā** (हल्क़ा)–परिधि, घेरा, चक्र, पहिया. *(nm)*–a ring, a circle, a loop, a loop of a button hole, circuit of a village, a ward, a territory.

حلقہ باندھنا **halkā bāndhnā** (हल्क़ा बाँधना)–गोल दायरा बनाना. *(v)*–to form a circle.

حلقہ بگوش **halkā bagosh** (हल्क़ा बगोश)–गुलाम, नौकर, शिष्य, चेला. *(nm)*–a servant, a slave, disciple.

حلقہ بگوشی **halkā bagoshī** (हल्क़ा बगोशी)–नौकरी, गुलामी, शिष्यत्व. *(nm)*–servitude, slavery.

حلم **hilm** (हिल्म)–शराफ़त, क्षमा, शील, सहिष्णुता, गंभीरता. *(nm)*–gentleness, mildness, politeness, clemancy, affability, calmness, patience, toleration.

حلوا **halvā** (हलवा)–एक मीठा तर और मुलायम पकवान जो सूजी, घी और चीनी के मिश्रण से बनता है. *(nm)*–a kind of sweet dish made of flour, ghee and sugar.

حلوا سمجھنا **halvā samajhnā** (हलवा समझना)–किसी काम को बहुत सरल समझ लेना, कोई बात, कोई बात अंगुलियों के पोरों पर होना. *(v)*–to regard something as very easy, to have something at one's finger tips.

حلوے مانڈے سے کام رکھنا **halve mānḍe se kām rakhnā** (हलवे मांडे से काम रखना)–केवल अपने स्वार्थ के बारे में सोचना, खाने-पीने की ही चिन्ता रहना. *(prov)*–to be interested only in personal gain.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

حلوائی halvāī (हलवाई)

حلوائی halvāī (हलवाई)–मिठाई बनाने वाला, मिठाइयाँ बेचने वाला. *(nm)*–a confectioner, a sweetmeat-seller.

حلہ hulla (हुल्ला)–वस्त्र, पोशाक. *(nm)*–a dress, clothing.

حلول hulūl (हुलूल)–उतार, अवनति, गिरावट, प्रवेश. *(nm)*–alighting, descending, entering.

حلیف halīf (हलीफ़)–मित्र, साथी, सहयोगी, कामरेड. *(nm)*–ally, comrade, friend, supporter.

حلیم halīm (हलीम)–गंभीर, शान्त, संजीदा, सहनशील, सहिष्णु. *(adj)*–serious, calm, tolerant.

حلیہ huliyā (हुलिया)–रूप रेखा, शक्ल सूरत, मुखाकृति. पहचान. *(nm)*– appearance, features, distinctive marks, identity.

حلیہ بگاڑنا huliyā bigāṛnā (हुलिया बिगाड़ना)–किसी के चेहरे को खराब कर देना, शक्ल बिगाड़ देना. *(v)*–to disfigure, to treat very badly.

حلیہ سنوارنا huliyā sanvārnā (हुलिया संवारना)–चेहरे को सुन्दर बनाना, शृंगार करना. *(v)*–to make-up, to make the face good-looking, to be beautiful.

حمار himār (हिमार)–गधा, गर्दभ, बेवकूफ, मूर्ख. *(nm)*–a male ass, fool, stupid.

حماقت hamākat (हमाक़त)–बेवकूफ़ी, मूर्खता, मूढ़ता, बेअक़ली, नासमझी, अज्ञान. *(nm)*–foolishness, folly, stupidity, ignorance.

حمال hamāl (हमाल)–बोझ ढोने वाला, कुली, मज़दूर. *(nm)*–a porter, a carrier of burden.

حمام hamām (हमाम)–गरम पानी से स्नान. *(nm)*–a hot bath.

حمام کرنا hamām karnā (हमाम करना)–गरम पानी से स्नान करना. *(v)*–to take a hot bath.

حمام کی لنگی hamām kī lungī (हमाम की लुंगी)–साझी सम्पत्ति, कोई सस्ती चीज़, ऐसी चीज़ जिसे सब इस्तेमाल करें. *(nf)*– common property, cheap thing placed out for common use.

حمام میں سب ننگے hamām main sab nange (हमाम में सब नंगे)–एक ऐसी बुराई जिसके सब शिकार होते हैं. *(prov)*– an evil in which most people indulge.

حمامہ hamāmā (हमामा)–कबूतर की एक क़िस्म. *(nf)*–a pigeon.

حمامی hamāmī (हमामी)–गुसलखाने (हमाम) की देखभाल करने वाला. *(nm)*–a bath keeper, the attendant of a bath.

حمائل hamāyal (हमायल)–कंधे से लटकाने वाला तलवार का मयान, फूलों का हार, कुर्रान का पॉकेट एडीशन. *(nm)*–a sword belt hung from the shoulder, a necklace of flowers, pocket edition of the Quran.

حمائل کرنا hamāyal karnā (हमायल करना)–कन्धे से कोई चीज़ लटकाना. *(v)*–to sling across the shoulders.

حمایت himāyat (हिमायत)–पक्षपात, तरफ़दारी, देखरेख, निगरानी, सहायता. *(nf)*–protection, guardianship, patronage, support, defence.

حمایت کرنا himāyat karnā (हिमायत करना)–पक्षपात करना, तरफ़दारी करना, सहायता करना, सहयोग करना, निगरानी करना, देखरेख करना, संरक्षण करना, सुरक्षा करना. *(v)*–to support, to protect, to back, to patronise, to defend, to guard.

حمایتی himāyatī (हिमायती)–सहायक, मददगार, पक्षपाती, पक्षधर, तरफ़दार, साथ निभाने वाला. *(nm)*–a proptector, a defender, a partisan.

حمد hamad (हम्द)–परमात्मा की प्रशंसा, प्रार्थना, कीर्तन, परमात्मा की स्तुति. *(nm)*–praise of God.

حمد کرنا hamad karnā (हमद करना)–परमात्मा की प्रशंसा करना, ईश्वर की स्तुति करना. *(nm)*–to praise God.

حمق hamuk (हमुक़)–बेवकूफ़ी, मूर्खता, मूढ़ता, अज्ञान. *(nm)*–stupidity, foolishness, folly, ignorance.

حمل hamal (हमल)–मेष, भेड़, मेढा. *(nm)*–he sheep, first zodiac sign.

حمل haml (हम्ल)–बोझ, भार, गर्भ. *(nm)*–a burden, a load, pregnancy, the fruit of the womb, transport, conveyance.

حمل اسقاط ہونا hamal iskāt honā (हमल इसकात

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होना)–गर्भपात होना, गर्भ का गिर जाना. *(v)*–to miscarry, to abort.

حمل سے ہونا **hamal se honā** (हमल से होना)–गर्भवती होना, उम्मीद से होना. *(v)*–to become pregnant, to conceive.

حمل ونقل **hamal-o nakal** (हमल-ओ नक़ल)–यातायात. *(nm)*– transport.

حملہ **hamlā** (हमला)–आक्रमण, चढ़ाई, आघात, चोट, वार. *(nm)*–attack, assault, storm, invasion, charge.

حملہ آور **hamlā āvar** (हमला आवर)–आक्रमणकारी, हमला करने वाला, आघात पहुँचाने वाला, चोट पहुँचाने वाला, चढ़ाई करने वाला. *(nm)*–an invader, an assailant.

حملہ کرنا **hamlā karnā** (हमला करना)–आक्रमण करना, आघात करना, चोट पहुंचाना, चढ़ाई करना, दुश्मन पर टूट पड़ना. *(v)*–to attack, to invade, to assault, to storm.

حمیت **hamīyat** (हमीयत)–लज्जा, लाज, गैरत, उत्साह, पवित्र चीज़ों के लिए चिन्ता. *(nm)*–zeal, care or concern for what is sacred, concern for what one is bound to defend or honour.

حمید/حمیدہ **hamīd/hamīdā** (हमीद/हमीदा)–प्रशंसनीय, प्रशंसा करने योग्य. *(adj)*–praised, praise worthy, laudable, glorious.

حنا **hinā** (हिना)–रक्त गर्भा, मेहंदी. *(nf)*–the Indian privet, a shrub, the leaves of which are used for dyeing and decorating hands, feet and hair.

حنا بندی **hinā bandī** (हिना बंदी)–मेहंदी लगाना, हाथ पैरों को रंगना. *(nf)*–applying or adorning with *hinā*.

حنائی **hināī** (हिनाई)–मेहंदी के रंग का. *(adj)*–henna coloured, light red.

حنائی کاغذ **hināī kāgaz** (हिनाई काग़ज़)–मेहंदी के रंग (लाल) का काग़ज़. *(nm)*–light-red paper.

حنان **hanān** (हनान)–सब से ज्यादा दयालु, सब से अधिक मेहरबान, परमात्मा का एक नाम. *(adj)*–the most merciful, *(nm)*– the God.

حنجرہ **hanjrā** (हंजरा)–गला, गरदन. *(nm)*–the throat, gullet.

حنظل **hanzal** (हनज़ल)–कड़वा सेब, जंगली सब्ज़ी, लौकी, इंद्रायण का फल. *(nm)*–bitter apple, the wild gourd, a bitter fruit *indrāyan*.

حنوط **hunūt** (हुनूत)–मृतक के शरीर को लगाने वाली सुगंध. *(nm)*–aromatics used for embalming (the dead person).

حنیف **hanīf** (हनीफ़)–परमात्मा के धर्म को मानने वाला, धार्मिक विचारों वाला, अब्राहम का शिष्य. *(nm)*–a lover of the religion of God, a pious man, a follower of *Abrāham*.

حوا **havvā** (हव्वा)–मानव जाति की जननी. *(nf)*–Eve, the mother of mankind.

حوا زادی **havvāzādī** (हव्वाज़ादी)–हव्वा की बेटी, औरत. *(nf)*– daughter of Eve, a woman.

حوادث **havādis** (हवादिस)–'हादसा' का बहुवचन, घटनाएं, दुर्घटनाएं, दुर्भाग्य. *(nm)*– (plu. of حادثہ *hādisā*), occurrances, accidents, misfortunes.

حوادث زندگی **havādase zindagī** (हवादसे ज़िन्दगी)–जीवन में होने वाली घटनाएं और दुर्घटनाएं, जीवन की ऊंच-नीच. *(nf)*–ups and downs of life, vicissitudes of life (or fortune).

حواری **havārī** (हवारी)–एक मित्र, एक साथी, सहयोगी, शिष्य, यसूह मसीह के चेले, ईसाई धर्म का प्रचार करने वाले. *(nm)*–a friend, a companion, a disciple, associate, apostles of Jesus Christ.

حواس **havās** (हवास)–इंद्रियाँ, कुव्वतें, संवेदन, एहसास, होश. *(nm)*–the senses.

حواس باختہ **havās bākhtā** (हवास बाख़्ता)–होशो-हवास गुम हो जाना, होश उड़ जाना. *(adj)*–out of one's senses, insensible, crazy.

حواس ٹھکانے ہونا **havās ṭhikāne honā** (हवास ठिकाने होना)–होशो-हवास ठीक होना, चेतन अवस्था में होना. *(v)*–to have one's senses about.

حواس خمسہ **havās khamsā** (हवास ख़मसा) पाँच ज्ञानेंद्रियाँ–देखना, सुनना, छूना, सूँघना और चखना)–*(nm)*–the five senses–seeing, hearing, smelling. touching and tasting.

حواشی **havāshī** (हवाशी)–'हाशिया' का बहुवचन, हाशिया, बार्डर. *(nm)*–(plu. of حاشیہ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

hāshiyah), margins, borders, attendants.

حواسیل havāsīī (हवासील)–बड़े आकार की बतख, एक जल पक्षी. *(nm)*–a bird found near the bank of river, a lake or sea-shore, pelican.

حوالات havālāt (हवालात)–अभियुक्तों को रखने का स्थान, पुलिस थाने में वह कोठरी जिस में अपराधियों व अभियुक्तों को रखा जाता है, चीज़ें रखने की सुरक्षित जगह. *(nm)*–a lock-up, custody, things given in charge.

حوالدار havāldār (हवालदार)–सेना या पुलिस का एक अधिकारी. *(nm)*–a junior officer in military or police.

حوالہ havālā (हवाला)–हस्तांतरण, सपुर्दगी, पता निशान, उदाहरण. *(nm)*–charge, custody, care, possession, reference, quotation.

حوالہ دینا havālā denā (हवाला देना)–किसी बात का उल्लेख करना, उदाहरण देना. *(v)*–to make a reference, to quote an authority.

حوالے کرنا havāle karnā (हवाले करना)–किसी को सौंपना, किसी के आगे समर्पण करना. *(v)*–to make over, to surrender.

حوالی havālī (हवाली)–शहर के आस-पास की बस्तियाँ. *(nf)*–environs, suburbs.

حوالی موالی havālī mavālī (हवाली मवाली)–पास-पड़ोस में रहने वाले लोग, दोस्त, मित्र, साथी, सहयोगी. *(nm)*– friends, attendants, companions

حوائج havāij (हवाइज)–'हाजत' का बहुवचन, ज़रूरतें, आवश्यकताएं. *(nm & f)*– (plural of حاجت *hajat*), necessties, needs, wants.

حوت hūt (हूत)–मीन, मीन राशि, मछली. *(nf)*–fish, zodiac sign pices.

حور hūr (हूर)–स्वर्ग की परी, अप्सरा, बहुत सुन्दर युवा स्त्री, रूपवति. *(nf)*–a virgin of paradise, a black-eyed nymph, a celestial bride promised to all good Muslims in the next world.

حوصلہ hauslā (हौसला)–साहस, हिम्मत, सामर्थ्य, बहादुरी, दिलेरी. *(nm)*–courage, spirit, resolution, desire, capacity.

حوصلہ مند hauslāmand (हौसलामंद)–हिम्मतवाला, दिलेर, बहादुर, हौसलेवाला, साहसी, महत्त्वाकांक्षी. *(adj)*– courageous, ambitious.

حوصلہ نکالنا hauslā nikālnā (हौसला निकालना)–हिम्मत करना, बहादुरी दिखाना, अपनी इच्छाओं को पूरा करना. *(v)*–to be brave, to satisfy one's ambitions.

حوصلہ شکن hauslā shikan (हौसला शिकन)–उत्साह भेदी, हौसला तोड़ने वाला, दुष्कर, कठिन, मुश्किल. *(adj)*– dicouraging, disappointing.

عالی حوصلہ ālī hauslā (आली हौसला)–बहुत बहादुर, बहुत हिम्मत वाला, बहुत दिलेर, साहसी. *(adj)*– aspiring, high minded.

حوض hauz (हौज़)–पानी इकट्ठा करने की जगह, तालाब, टैंक. *(nm)*–a reservoir, a cistern, pond, the basin of a fountain, a tank.

حونق havnak (हवनक़)–मूर्ख, मूढ़, बेवकूफ, नासमझ, अज्ञानी. *(nm)*–a stupid, fool, blockhead, ignorant.

حویلی havelī (हवेली)–मकान, रहने का स्थान, एक बड़ी इमारत. *(nf)*–a house, dwelling, a large and spacious building.

ہے he (हे)–जानदार, जीवित. *(adj)*– alive, living, having life.

حیا hayā (हया)–लज्जा, लाज, शर्म. *(nf)*–shame, shyness, modesty.

حیا دار hayādār (हयादार)–शर्मवाला, शर्मीला, संकोची. *(adj)*– shy, modest, bashfully.

بے حیا be hayā (बे हया)–बेशर्म, बे गैरत, जिसे शर्म न हो. *(adj)*–shame-proof, shame-less, immodest, impudent.

بے حیائی behayāī (बेहयाई)–बेशर्मी, बेगैरती. *(nf)*–immodesty, shamelessness.

حیات hayāt (हयात)–ज़िन्दगी, जीवन. *(nf)*– life, existence.

حیات تازہ hayāt tāzā (हयात ताज़ा)–नया जीवन, पुनः जीवन, स्वास्थ्य लाभ करना, नई ज़िन्दगी मिलना, किसी मित्र से मिल कर खुशी महसूस करना. *(nf)*–regeneration, new life, recovery from severe illness, the pleasure derived from meeting a friend.

حیات مستعار hayāte mustaār (हयाते मुस्तआर)–अस्थिर जीवन, क्षण-भंगुर, ईश्वर की कृपा से प्राप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवन. *(nf)*– frail existence, life depending on the will of God.

حیثیت haisiyat (हैसियत)–रुतबा, पदवी, सामर्थ्य, योग्यता, रहन-सहन, मान-सम्मान. *(nf)*– capicity, ability, rank, status, merit, means, condition of life, prestige, position, standard of living.

حیثیت عرفی haisiyate urfī (हैसियते उर्फ़ी)–रुतबा, पदवी, मान-सम्मान, चाल-चलन. *(nf)*– reputation, character.

حیدر haidar (हैदर)–शेर, सिंह, छोटे कद का व्यक्ति. *(nm)*– a lion, a shoty statured person.

حیران hairān (हैरान)–आश्चर्यचकित, चिन्तित, परेशान. *(adj)*–astonished, amazed, confounded, perplexed, disturbed, worried.

حیران کرنا hairān karnā (हैरान करना)– आश्चर्यचकित कर देना, विस्मय में डाल देना, असमंजस में डाल देना. *(v)*–to amaze, to astonish, to confound, to perplex.

حیران و سرگردان hairān o sargardān (हैरान ओ सरगरदान)–हैरान हो कर घूमते फिरना, बिना किसी उद्देश्य के घूमते रहना. *(adj)*–wandering about in a distracted or bewildered state of mind.

حیران ہونا hairān honā (हैरान होना)– आश्चर्यचकित होना, अचंभित होना. *(v)*–to be perplexed, to be amazed, to be amazed, to be confused, to be astonished, to be surprised.

حیرت hairat (हैरत)–आश्चर्य, विस्मय, असमंजस, दुविधा. *(nm)*– perturbation, of mind, amazement, astonishment, wonder.

حیرت افزا hairat afzā (हैरत अफ़ज़ा)–चकित कर देने वाला, आश्चर्य में डाल देने वाला. *(adj)*– amazing, astonishing.

حیرت زدہ hairat zadā (हैरत ज़दा)–चकित, विस्मित, असमंजस में पड़ा हुआ, हैरान. *(adj)*– amazed, struck with astonishment, aghast, wonder-struck.

حیص بیص hais bais (हैस बैस)–संकोच, असमंजस, विस्मय, कठिनाई, मुश्किल, ऊहापोह, दुविधा. *(nf)*– perplexity, hesitation, difficulty, suspense, confusion, dilema.

حیض haiz (हैज़)–मासिक धर्म, औरतों की माहवारी क्रिया. *(nf)*–the menses, menstrual course.

حیضی بچہ haizī baccā (हैज़ी बच्चा)–शैतान बच्चा, शरारती, दूसरों को मुश्किल में डालने वाला, दूसरों के लिए मुसीबतें खड़ी करने वाला. *(nm)*–a wicked child, naughty child, troublesome.

حیطہ hītah (हीतः)–आंगन, दीवारों या बाढ़ से घिरा हुआ स्थान. *(nm)*–an enclosure, a place, court.

حیف haif (हैफ़)–आह! ओह! कष्ट, परेशानी. *(nm)*– oppression, pity, inequity.

حیلہ hīlā (हीला)–बहाना, काम को टालने का तरीका, चाल, चालबाज़ी, साधन. *(nm)*– pretence, trick, deceit, artifice, service, employment.

حیلہ باز/ساز hīlābāz/hīlāsāz (हीलाबाज़/हीलासाज़)–बहानेबाज़ी करने वाला, बहाने बनाने वाला, काम को टालने वाला, चालबाज़. *(adj)*– artful, wily, fraudulent, deceitful.

حیلہ حوالہ hīlā havālā (हीला हवाला)–बहाने बाज़ी, काम को टालना, किसी काम में देरी करना. *(nm)*– pretence, evasion.

حیلہ کرنا hīlā karnā (हीला करना)–बहाना करना, काम को टालना, काम को करने में देरी करना, काम करने से बचना. *(v)*–to pretend, to practise deceit, to represent falsely.

حین hīn (हीन)–समय, वक़्त. *(nm)*–time, space, interval of time.

حین حیات jīn hayāt (जीन हयात)–जीवन भर, सारा जीवन, ता ज़िंदगी. *(nf)*–life time, life long, during the life time.

حیوان haivān (हैवान)–पशु, जानवर, चौपाया, अशिष्ट, असभ्य, उजड्ड, दरिन्दा. *(nm)*–an animal, beast, brute, a stupid fellow, a block- head.

حیوان مطلق haivāne mutlak (हैवाने मुत्लक़)–पूरा जानवर, वहशी, दरिन्दा, महामूर्ख. *(nm)*–a beast, an animal, a stupid, a fool.

دہشت ناک **dahshatnāk** (दहशतनाक)–डरावना, भयानक, आतंकित करने वाला. *(adj)*– frightening, alarming, dreadful.

دہقان **dahkān** (दहक़ान)–देहाती, गांव का रहने वाला, किसान. *(nm)*–a villager, a farmer.

دہقانی **dahkānī** (दहक़ानी)–देहाती, गंवार, उज्जड, असभ्य, किसान. *(adj)*–rude, villager, uncivilised, rude, boorish. a farmer.

دھک **dhak** (धक)–हैरान रह जाना, चकित रह जाना, अचानक किसी बात के होने से हैरानी होना. *(nf)*–sudden impression, terror, shock, a louse.

دھک سے رہ جانا **dhak se rah jānā** (धक से रह जाना)–डर से स्थिर हो जाना, किसी भयानक बात के सुनने से चकित रह जाना. *(v)*–to become paralysed through fear, to stand aghast, to be struck dumb.

دھک دھک کرنا **dhak dhak karnā** (धक धक करना)–दिल की धड़कन की आवाज़. *(v)*–to palpitate.

دھکا **dhakkā** (धक्का)–ठेस, नुकसान, हानि, हैरानी, ज़ोर से परे करना, किसी को ज़ोर से धकेलना, दुर्भाग्य. *(nm)*–push, a jolt, shock, calamity, damage, loss, a blow of misfortune.

دھکم دھکا **dhakkam dhakkā** (धक्कम धक्का)– एक दूसरे को धक्का देना, एक दूसरे के ऊपर गिर पड़ना. *(nf)*– shoving and pushing, jostling.

دھکا دینا **dhakkā denā** (धक्का देना)–धकेलना, किसी के लिए कोई परेशानी या मुसीबत खड़ी करना. *(v)*–to push, to shove, to turn out, to shut vthe door on one, to bring any calamity on one.

دھکے کھانا **dhakke khānā** (धक्के खाना)–इधर उधर व्यर्थ में ही घूमना, कहीं से धकेल दिया जाना, बुरे दिनों का सामना करना. *(v)*–to be pushed or knocked, to wander about aimlessly, to suffer misfortune, to be kicked away.

دھکا لگنا **dhakkā lagnā** (धक्का लगना)–हैरान होना, अनहोनी का होना, नुकसान होना, चोट लगना. *(v)*–to suffer a shock, to suffer loss, to turn out ill.

دہکانا **dahkānā** (दहकाना)–जलाना, आग भड़काना, शोला भड़काना. *(v)*–to burn, to kindle, to inflame.

دہکنا **dahaknā** (दहकना)–जलना, आग का भड़कना, शोला भड़कना. *(v)*–to burn, to blaze up.

دھکیل دینا **dhakel denā** (धकेल देना)–धक्का देना, धक्का दे कर आगे बढ़ाना. *(v)*–to push, to shove down, to push forward.

دھکیلنا **dhakelnā** (धकेलना)–आगे बढ़ाना, आगे की ओर अग्रसर करना, आगे की ओर धक्का देना. *(v)*–to shove, to push, to jostle.

دھگڑ/دھگڑا **dhagaṛ/dhagaṛā** (धगड़/धगड़ा)–प्रेमी, आशिक़, पति, खाविंद, शौहर. *(nm)*– lover, paramour, husband.

دہل **duhal** (दुहल)–ढोल, ड्रम. *(nm)*–a drum, tabor.

دہل جانا **dahal jānā** (दहल जाना)–डर जाना, भयभीत हो जाना, काँप जाना. *(v)*–to fear, to be frightened, to be scared, to be shocked, to be afraid of, to be terrified.

دہلا **dahalā** (दहला)–ताश का पत्ता, दस की संख्या. *(nm)*– the ten (at cards).

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

دہلا دینا dahalā denā (दहला देना)

دہلا دینا dahalā denā (दहला देना)–डरा देना, भयभीत कर देना. *(v)*–to frighten, to scare.

دھلائی dhulaī (धुलाई)–कपड़ों की धुलाई का खर्चा, धुलाई के लिए दी गई राशि. *(nf)*–washing, price paid for washing.

دہلنا dahalna (दहलना)–डर से काँपना, बहुत ज़्यादा भयभीत हो जाना. *(v)*–to tremble with fear, to be afraid, to be frightened, to be terrorised.

دھلوانا dhulvāna (धुलवाना)–कपड़े इत्यादि धुलवाना, किसी से कोई चीज़ धुलवाना. *(v)*–to get something washed, to cause others to wash.

دہلی dehlī (देहली)–दिल्ली, भारत की राजधानी. *(nf)*–Delhi–the capital of India.

دہلوی dehalavī (देहलवी)–दिल्ली का रहने वाला या दिल्ली से सम्बन्धित. *(nm)*–resident of Delhi or concerning Delhi.

دہلیز darlīz (दहलीज़)–देहली, दरवाज़े के नीचे की चौखट, प्रवेश द्वार. *(nf)*–a portico, a threshold, entry gate.

دہلیز کا کتا dahlīz kā kuttā (दहलीज़ का कुत्ता)–दरवाज़े पर मंडराने वाला, पिस्सू, हर समय चिपटा रहने वाला. *(nm)*–a hanger on, a parasite.

دہم daham (दहम)–दसवाँ. *(adj)*–tenth.

دھم سے dham se (धम से)–अचानक ही आशा के विपरीत किसी का आना, किसी का ज़मीन पर ज़ोर से गिरना. *(adv)*–falling heavily on the ground, unexpectedly coming in.

دھما چوکڑی dhamā caukaṛī (धमा चौकड़ी)–शोर-शराबा, हंगामा, घमासान. *(nf)*–noise, tumult, riot, bustle, quarrel.

دھماکا dhamāka (धमाका)–किसी बंदूक के चलने की आवाज़, कोई चीज़ ज़ोर से गिरने की आवाज़, टक्कर, किसी सनसनीखेज़ समाचार का फैलना, किसी रहस्य का उद्घाटन होना, धमाकेदार आतशबाज़ी का जोर से फटना, एक विशेष प्रकार की तोप जो कि हाथी पर लेजाई जाती थी. *(nm)*–the report of a gun, thud, crash, thump, spreading of a secret, a fire-lock, a kind of cannon which was carried on the elephant.

دھمک dhamak (धमक)–किसी के पाँवों की धीमी आवाज़, किसी के गिरने से पैदा होने वाली आवाज़, बंदूक की गोली के चलने से पैदा होने वाली आवाज़. *(nf)*–noise of foot-steps overhead, thumping, sound of gun-firing, to thump.

دھمکانا dhamkānā (धमकाना)–डराना, भयभीत करना, आतंकित करना. *(v)*–to threaten, to frighten, to terrified, to menace, to over-awe.

دھمکنا dhamaknā (धमकना)–अचानक कहीं आ पहुँचना, दिल की धड़कन की आवाज़, तेज़ तेज़ चलना. *(v)*–to throb, to make a rush, to palpitate, to thump.

دھمکی dhamkī (धमकी)–भयभीत करने वाली बात, किसी को आतंकित कर देने वाली बात, किसी पर अनुचित दबाव. *(nf)*–threat, snubbing, menace, threatening.

دھمکی دینا dhamkī denā (धमकी देना)–किसी पर अनुचित दबाव डालना, आतंकित करना, भयभीत करना, डराना. *(v)*–to threaten, to snub.

دھمکی میں آنا dhamkī main ānā (धमकी में आना)–किसी के अनुचित दबाव में आना, भयभीत हो जाना, डर जाना, आतंकित हो जाना. *(v)*–to be frightened, to be over-awed, to be coerced by threats.

دھن dhun (धुन)–संगीत की धुन, काम की धुन, कुछ पाने की धुन, कहीं पहुँचने की धुन. *(nf)*–tune, leading note, ambition, inclination, any absorbing thought, perseverance.

دھن dhan (धन)–दौलत, सम्पत्ति, जायदाद, सौभाग्य, समृद्धि, ख़ज़ाना. *(nm)*–wealth, fortune, riches, property, treasure, prosperity, good fortune, opulence.

دہن dahan (दहन)–मुँह. *(nm)*–mouth.

دہنا dahanā (दहना)–दायाँ, दाहिना. *(adj)*–right, right side, the opposite left.

دھننا dhunnā (धुनना)–रुई को धुनना/साफ़ करना, किसी बच्चे या व्यक्ति को धुनना अर्थात् बहुत पिटाई करना. *(v)*–to comb or to card cotton, to beat, to pound, to thrash.

سر دھننا sar dhunnā (सर धुनना)–अपने किसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काम पर बहुत अफ़सोस होना, पश्चात्ताप करना, अपने किये पर पछताना. *(v)*–to rack one's brains, to be under sheer ecstacy, to be greatly vexed, to regret, to repent.

دھند **dhund** (धुंद)–वातावरण अस्पष्ट होना, ठंड के कारण वातावरण में धुआँ-सा फैल जाना, दूर तक दिखाई न देना, कम दिखाई देना. *(nf)*–mist, haze, fog, thick cloudy weather, foul weather, dim-sightedness, purblindness.

دھندہ **dhandhā** (धंधा)–काम, व्यवसाय, पेशा, कारोबार, व्यापार. *(nm)*–occupation, profession, avocation, work, business, employment.

دُھندلا **dhundhlā** (धुंधला)–स्पष्ट दिखाई न देने वाला, धुंध में छिपा हुआ, धुंध से ढका हुआ. *(adj)*–dim, foggy, dull, misty, not clear.

دھندلا پن **dhundhlāpan** (धुंधलापन)–अस्पष्टता, छिपाव, रहस्य. *(nm)*–mistiness, dimness.

دُھندلکا **dhundhalkā** (धुंधलका)–धुंध का वातावरण, हलका अँधेरा. *(nm)*–mist, light darkness.

دھنک **dhanak** (धनक)–इन्द्रधनुष, पतली बढ़िया लेस, कढ़ाई का काम. *(nf)*–a rainbow, fine narrow lace, embroidery.

دھنکنا **dhunakanā** (धुनकना)–रुई को धुनना/साफ करना. *(v)*–to comb or to card cotton.

دھنکی **dhunkī** (धुनकी)–वह कमान की शक्ल का यंत्र जिस से रुई को धुना या साफ किया जाता है. *(nf)*–the bow with which cotton is cleaned or carded.

دھنوان **dhanvān** (धनवान)–अमीर व्यक्ति, पैसे वाला. *(adj)*– rich, wealthy.

دھنی **dhanī** (धनी)–अमीर, समृद्ध, खुशहाल, सौभाग्यशाली, मालिक, पति. *(adj)*–rich, fortunate, wealthy, prosperous, *(nm)*–owner, proprietor, a husband.

دھنیا **dhaniyā** (धनिया)–हरी पत्तियां जो दाल-सब्ज़ी को खुशबूदार बनाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं, धनिया नामक पौधे के बीज. *(nm)*–coriander seed, a green plant leaves of which are used to make the vegetables more tasty.

دھنیا **dhunyā** (धुनया)–रुई को धुनने वाला, रुई को साफ करने वाला. *(nm)*–a carder, a comber of cotton.

دھواں **dhuān** (धुआँ)–आग से उठने वाला धुआँ, कारखानों से निकलने वाला धुआँ. *(nm)*–smoke.

دھواں دھار **dhuāndhār** (धुआँधार)–धुएँ से भरा हुआ, काला, लगातार, गुस्सा भरा भाषण. *(adj)*–misty, smoky, excessively dark, fuming, angry, fiery.

دھوبن **dhoban** (धोबन)–कपड़े धोने वाली महिला, धोबी की पत्नी, एक पक्षी का नाम. *(nf)*–a washer-woman, a laundary woman, wife of a *dhobi*, a kind of bird.

دھوبی **dhobī** (धोबी)–कपड़े धोने वाला, लांडरी का काम करने वाला. *(nm)*–a washerman, a launderer.

دھوبی پاٹ **dhobī paṭ** (धोबी पाट)–वह पत्थर जिस पर धोबी कपड़े धोता है, कुश्ती में एक दाँव. *(nm)*–a washerman's stone or board on which he beats clothes for washing, a trick in wrestling.

دھوبی گھاٹ **dhobī paṭ** (धोबी घाट)–नदी या तालाब के किनारे का वह भाग जहाँ धोबी कपड़े धोता है. *(nm)*–a place for washing clothes.

دھوبی کا کتّا نہ گھر کا نہ گھاٹ کا **dhobī kā kuttā na ghar kā na ghaṭ kā** (धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का)–जो कुत्ता दो हड्डियों के पीछे भागता है उसे एक भी नहीं मिलती. *(prov)*–a dog who runs after two bones catches neither.

دھوپ **dhūp** (धूप)–सूर्य की गरमी, सूर्य की रौशनी, सूर्य की चमक. *(nf)*–sunshine, heat of the sun, sunlight.

دھوپ پڑنا **dhūp paṛnā** (धूप पड़ना)–सूर्य की धूप चमकना, गरमी पड़ना. *(v)*–to be sunny, to be hot.

دھوپ چڑھنا **dhūp caṛnā** (धूप चढ़ना)–सूर्य का निकलना, दिन की रौशनी होना. *(v)*–rising of the sun, to be broad daylight.

دھوپ چھاؤں **dhūp chānv** (धूप छाँव)–एक प्रकार का खेल जोकि चाँदनी रात में खेला जाता है, एक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकार का कपड़ा. *(nf)*–sunshine and shade (a kind of game played in the moonlight), a kind of cloth.

دھوپ کھانا dhūp khāna (धूप खाना)–धूप सेंकना, धूप में बैठना. *(v)*–to bask in the sun.

دھوپ گھڑی dhūp ghaṛī (धूप घड़ी)–ऐसी घड़ी जो केवल दिन में काम आती है और जिसमें सुई की परछाई से समय का अनुमान लगाया जाता है. *(nf)*–sun dial.

دھوپ میں بال سفید ہونا dhūp main bāl safed honā (धूप में बाल सफ़ेद होना)–बिना कोई अनुभवप्राप्त किये बूढ़ा हो जाना, अनजान और अनुभवहीन होना. *(v)*–to become old without gaining experience, to pass one's life in ignorance.

دھوپ نکلنا dhūp nikalnā (धूप निकलना)–सूर्य का उदय होना, धूप का चमकना. *(v)*–rising or shining of the sun, to be sunny.

دھوتی dhotī (धोती)–एक कपड़ा जो कमर के गिर्द लपेटा जाता है और जो मानव-शरीर के निचले भाग को ढकता है. *(nf)*–a cloth worn round the waist to cover the lower part of the body.

دھوکا dhokā (धोका)–धोखा, शक, संदेह, भ्रम, भुलावा. *(nm)*–deceit, delusion, blunder, deception, doubt, hesitation, false appearance, disappointment, a mirage.

دھوکا بازی dhokābāzī (धोकाबाज़ी)– धोखाबाज़ी, फ्रॉड, झूठ, भ्रामक बात, गलत बात. *(nf)*–fraud, imposture, untrue, deceitful.

دھوکا دینا dhokā denā (धोका देना)–धोखा देना, धोखाबाज़ी करना, किसी से अनुचित व्यवहार करना, किसी को भ्रम में रखना. *(v)*–to deceive, to cheat, to make believe.

دھوکا کھانا/دھوکے میں آنا dhokā khāna/dhoke main āna (धोका खाना/धोके में आना)–किसी से धोखा खा जाना, किसी की चाल में आ जाना. *(v)*–to be deceived, to be misled, to be deceived by appearance, to make a false step.

دھوکے کی ٹٹی dhoke kī ṭaṭṭī (धोके की टट्टी)–धोखाधड़ी, चालबाज़ी, धोखे का परदा, चालाकी. *(nm)*–a false screen.

دھوکے میں رکھنا dhoke main rakhnā (धोके में रखना)–धोखे में रखना, भ्रम में रखना, झूठी आशायें दिलाना. *(v)*–to feed with false hopes or promises.

دھول dhūl (धूल)–मिट्टी. *(nf)*–dust.

دھول اُڑانا dhūl uṛānā (धूल उड़ाना)–मिट्टी डालना, अपमान करना, अवारागर्दी करना, बेकार घूमना. *(v)*–to throw dust, to disgrace, to wander, to defame.

دھول اُڑنا dhūl uṛnā (धूल उड़ना)–बरबाद होना, अपमानित होना, ज़लील होना. *(v)*–to be ruined, to be disgraced, to be insulted.

دھول جھاڑنا dhūl jhāṛnā (धूल झाड़ना)–किसी वस्तु से मिट्टी झाड़ना, सफाई करना, किसी चीज़ को पीटना, किसी की पिटाई करना. *(nm)*–to dust, to beat.

دھول کی رسی بٹنا dhūl kī rassī baṭnā (धूल की रस्सी बटना)–असंभव को संभव बनाने की कोशिश करना, बहुत ही कठिन काम को करने की कोशिश. *(v)*–to attempt an impossibility, to labour in vain.

دھول dhaul (धौल)–धप्पा, चपत, थप्पड़. *(nm)*–a slap, a thump.

دھول لگانا/مارنا/جڑنا dhaul lagānā/mārnā/jaṛnā (धौल लगाना/मारना/जड़ना)–धौल लगाना, चपत मारना. *(v)*–to slap, to thump, to give a slap.

دھول دھپا dhaul dhappā (धौल धप्पा)–लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, किसी को चपतें या थप्पड़ मारना, एक प्रकार का खेल. *(nm)*–a fight with fists, a row, thumping and slapping, a kind of game.

دھولا dhaulā (धौला)–कोई भी सफ़ेद वस्तु विशेषकर बाल या दूध. *(adj)*–white, any white thing, especially milk or hair.

دھوم (धूम)–मशहूरी, ख्याति, शोर, अफवाह, हंगामा. *(nf)*–fame, pomp, tumult, rumour, noise.

دھوم دھام dhūmdhām (धूमधाम)–शोर, अफवाह, मशहूरी, ख्याति, हंगामा, शानो शौकत. *(nf)*–pomp, parade, pomp and show, tumult, noise.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

دھوم مچانا dhūm macānā (धूम मचाना)–शोर मचाना, हंगामा करना, शानो शौकत का प्रदर्शन, प्रचार करना. *(v)*–to make a noise, to create an uproar, to cry aloud, to be famed, to be popular.

دھوم مچنا/ہونا dhūm macnā/honā (धूम मचना/होना)–मशहूरी होना, ख्याति होना, लोकप्रिय होना, कोई अनूठा काम करना. *(nm)*–to be noised abroad, to become famous or notorious, to be known by every body.

دھون dhaun (धौन)–आधे मन का वज़न, बीस सेर. *(nm)*–a weight of half maund, twenty seers.

دھونا dhonā (धोना)–साफ़ करना, मैल धोना, गंदगी दूर करना. *(v)*–to wash, to efface.

دھونس dhauns (धौंस)–रौब डालना, प्रभावित करना, धमकी देना, किसी को डराना, भयभीत करना, आतंकित करना. *(nf)*–bullying, threatening, assault, threat, menace.

دھونس جمانا/دینا dhauns jamānā/denā (धौंस जमाना/देना)–धमकी देना, डराना, भयभीत करना, अपनी शर्तें मनवाना. *(v)*– to threaten, to bully, to dictate own terms.

دھونس میں آنا dhauns main ānā (धौंस में आना)–किसी की धमकी में आ जाना, किसी के झांसे में आ जाना, किसी की चाल में फँस जाना. *(v)*–to be influenced by a threat, to be tricked or cheated.

دھونسا ḍhaunsā (धौंसा)–वड़ा ढोल, नगाड़ा. *(nm)*–a large drum.

دھونکنا dhaunknā (धौंकना)–आग को तेज़ करने के लिए हवा करना, ज़ोर से साँस बाहर निकालना, फूँक मारना. *(nm)*–to blow with a bellows, to breathe upon, to puff.

دھونکنی dhaunknī (धौंकनी)–आग को तेज़ करने के लिए फूँक मारने वाला यंत्र, फूँकनी. *(nf)*–bellows.

دھونی dhūnī (धूनी)–पवित्र आग जो साधु और फ़क़ीर जलाते हैं और जिस के पास बैठ कर वह समाधि लगाते हैं और तपस्या करते हैं. *(nf)*–perserving, assiduousness, smoke, a fire lighted by *Hindu faqir* over which he sits by way of penance.

دھونی دینا dhūnī denā (धूनी देना)–आग की ढेरी जिस में से धुआँ उठता रहता है. साधु और फ़क़ीर इस आग के गिर्द बैठ कर तपस्या करते हैं. धार्मिक लोग इस धूनी की राख को पवित्र मानते हैं और श्रद्धा से माथे पर लगाते हैं. *(v)*–to smoke, to importune, to expose to odorous fumes, to fumigate.

دھونی رمانا/لگانا dhūnī ramānā/lagānā (धूनी रमाना/लगाना)–साधु बन जाना, साधु बनने के बाद धार्मिक कृत्य करना. *(v)*–to light the fire after the manner of a *faqir* or *sadhu*, to become a *faqir* or *sadhu*.

دھونی لینا dhūnī lenā (धूनी लेना)–साँस के साथ धूनी के धुएँ को अन्दर की ओर खींचना. *(v)*–to inhale smoke, to undergo fumigation.

دہی dahī (दही)–दूध को जमा कर बनाया गया एक स्वादिष्ट पदार्थ. इस से कई खाद्य पदार्थ जैसे लस्सी, रायता इत्यादि बनते हैं. *(nm)*–thick sour milk, coagulated milk, curd.

دھیان dhyān (ध्यान)–योग, प्राणायाम, सोच, विचार-शक्ति, भक्ति, आराधना, चिंतन, ध्यान-आकर्षण, कल्पना शक्ति. *(nm)*– meditation, reflection, thought, contemplation, consideration, imagination, observation, regard, attention, mental contemplation of the divinity.

دھیان بٹانا dhyān baṭānā (ध्यान बटाना)–किसी बात से ध्यान हटाना. *(nm)*–to distract attention.

دھیان دینا/لگانا dhyān denā/lagānā (ध्यान देना/लगाना)–किसी विषय के बारे में सोचना, किसी विषय की ओर ध्यान आकर्षित करना, तपस्या करना, ईश्वर की ओर ध्यान लगाना. *(v)*–to pay attention, to take notice of, to contemplate.

دھیان رکھنا dhyān rakhnā (ध्यान रखना)–देख भाल करना, किसी बात के बारे में सोचना, किसी विषय पर विचार करना. *(v)*–to keep in view, to think about, to bear in mind.

دھیان میں نہ لانا dhyān main na lānā (ध्यान में न लाना)–आकर्षित न होना, ध्यान न करना. *(v)*–to disregard, to pay no attention to.

دھیرج dhīraj (धीरज)–धैर्य, हौसला, सन्तोष. *(nf)*–patience, fortitude, composure.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

دھیرج رکھنا dhīraj rakhnā (धीरज रखना)–धैर्य रखना, सन्तुष्ट होना, अपनी बात पर दृढ़ रहना. *(v)*–to have patience or perservance, to be firm.

دھیرے دھیرے dhīre dhīre (धीरे धीरे)–आहिस्ता से, धीमी गति से, धीमे से. *(adv)*–slowly, gently, softly, not quickly.

دھیلا dhelā (धेला)–पुराना आधा पैसा, एक सिक्का जो अब चलन में नहीं है. *(nm)*–a half-paisa coin which is not in circulation now-a-days.

دھیلی dhelī (धेली)–अट्ठनी, आधा रुपया, आठ आने (पुराने सिक्के जो अब चलन में नहीं हैं.) *(nf)*–half-a-rupee, *athanī* (not in circulation now-a-days).

دھیما dhīmā (धीमा)–आहिस्ता, सुस्त, धीरे धीरे, धीमी गति से. *(adj)*–slow, lazy, gentle, dim, slight, subdued, mild, lulled. allayed.

دھیما پڑنا dhīmā paṛnā (धीमा पड़ना)–आराम करना, ठहर जाना, सुस्त पड़ जाना, धीरे हो जाना. *(v)*–to become calm, to become less severe, to relax, to be slow.

دھیمے دھیمے dhīme dhīme (धीमे धीमे)–धीरे धीरे, धीरे से, आहिस्ता से. *(adv)*–softly, gently, slowly.

دھینگا مشتی dhīngāmushtī (धींगामुश्ती)–हाथा पाई, लड़ाई, झगड़ा, हिंसा, हंगामा. *(nf)*–wrangling, quarrel, violence, fist-fight, tumult.

دے دینا/دے ڈالنا de denā/de ḍalnā (दे देना/दे डालना)–किसी को सौंप देना, किसी के अधिकार में दे देना. *(v)*–to give, to hand over, to bestow.

دے مارنا de mārnā (दे मारना)–ज़मीन पर गिरा देना, नीचे पटक देना, कोई चीज़ खींच कर दीवार पर मारना. *(v)*–to throw on the ground, to dash something (against).

دیا dīyā (दीया)–दीपक, दीप, मिट्टी का लैम्प, चिराग़. *(nm)*–an earthen lamp.

دیا بتی کرنا dīyā battī karnā (दीया बत्ती करना)–दीया जलाना, लैम्प जलाना. *(v)*–to light a lamp.

دیا بڑھانا dīyā baṛānā (दीया बढ़ाना)–दीया बुझाना. *(v)*–to put out a lamp.

دیا سلائی dīyā salāī (दीया सलाई)–दीया जलाने की तीली जिसके सिरे पर मसाला लगा होता है और जो रगड़ने से जल जाती है, माचिस. *(nf)*–a match-stick.

دیا dayā (दया)–कृपा, रहम, चाहत, लगाव, समर्थन, सहयोग. *(nm)*–mercy, kindness, favour, fellow-feeling, clemency, affection, tenderness.

دیار diyār (दियार)–एक देश, प्रदेश, राज्य, एक वृक्ष का नाम. *(nm)*–a country, region, province, cedar tree.

دیا قوزہ dayā kozā (दया क़ोज़ा)–एक दवाई जो खशखास (पोस्त के बीज) से बनाई जाती है और खाँसी ज़ुकाम के रोग में दी जाती है. *(nm)*–a medicine prepared from poppy seeds, used in cough and cold.

دیانت diyānat (दियानत)–ईमानदारी, विश्वसनीयता, न्याय, इंसाफ़. *(nf)*–honesty, justice, virtue, piety.

دیانت دار diyānatdār (दियानतदार)–ईमानदार, विश्वास के योग्य, न्याय-प्रिय, इंसाफ़ पसंद. *(adj)*–just, honest.

دیانت داری diyānatdārī (दियानतदारी)–ईमानदारी, विश्वास, इंसाफ पसंदी. *(nf)*–honesty, probity, justice.

دیبا debā (देबा)–किमखाब, ज़री की कढ़ाई का मूल्यवान वस्त्र, कढ़ाई की सुनहरी तारें. *(nm)*–silk brocade, gold tissue.

دیباچہ dībācā (दीबाचा)–पुस्तक के आरंभ में दिया जाने वाला परिचय, भूमिका, दो शब्द, प्रकाशकीय, लेखकीय. *(nm)*–preface, introduction, preamble.

دیپ dīp (दीप)–दीपक, दीया, लैम्प. *(nm)*–a lamp, a light.

دیپ مالا dīpmālā (दीपमाला)–दीयों की पंक्ति, दीयों की रौशनी, त्यौहार के अवसर पर रौशनी करना. *(nf)*–a row of lamps, illumination, decorating profusely with lights as a sign of festivity.

دیپک dīpak (दीपक)–दीप, दीया, रौशनी, लैम्प,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आतशबाज़ी की एक किस्म, एक शास्त्रीय संगीत का नाम जो कि शाम को गाया जाता है. कहते हैं कि तानसेन इस गीत को गा कर बिना माचिस के ही दीपक जला देते थे. *(nm)*–a light, a candle, a lamp, a kind of firework, name of a musical mode, sung in the evening.

دیعت **diyat** (दियत)–ख़ून का मूल्य, हत्या के बदले में दी जाने वाली राशि, हत्या का जुर्माना, किसी को शारीरिक चोट पहुँचाने पर अपराधी द्वारा दी जाने वाली राशि. *(nf)*–the law of retaliation, the price of blood, the fine paid for murder or wounding, blood money, compensation for man-slaughter.

دیجور **dajūr** (देजूर)–अँधेरी रात, अँधकार, गहरा अँधकार. *(nf)*–dark night, *(adj)*–dark, pitch-dark.

دید **dīd** (दीद)–नज़र, दृष्टि, चश्मा, देखने की क्रिया. *(nf)*–sight, show, spectacle, seeing.

دیدنہ شنید **dīd na shunīd** (दीद न शुनीद)–जिसके बारे में न सुना न देखा. अजीब, अनुपम, अनूठा, एकमात्र. *(adj)*–neither seen nor heard, unique, strange, extra-ordinary.

دیدار **dīdār** (दीदार)–दर्शन, भेंट, साक्षात्कार. *(nm)*–sight, interview.

دیدارو **dīdārū** (दीदारू)–सुदर्शन, सुन्दर दिखाई देने वाला, अच्छी शक्ल वाला, मनमोहक. *(adj)*–sight, interview.

دیدنی **dīdanī** (दीदनी)–देखने योग्य, दिखाई देने वाला. *(nm)*–worth seeing, fit to be seen, visible.

دیدہ **dīdā** (दीदा)–देखने वाला, جہاں دیدہ जिसने संसार देख रखा हो. *(adj)*–seen (used in comp as جہاں دیدہ one who has seen the world).

دیدہ دانستہ **dīdā dānistā** (दीदा दानिस्ता)–जानबूझ कर, सोच समझ कर, सब कुछ जानते हुए. *(adv)*–willingly, knowingly.

دیدہ **dīdā** (दीदा)–आँख, चक्षु, चश्म. *(nm)*–the eye.

دیدہ پھٹی **dīdā phaṭī** (दीदा फटी)–बड़ी बड़ी आँखें, जिन आँखों में शरम न हो, ज़ोर से घूरने वाली आँखें. *(adj)*– having large staring eyes, shameless.

دیدہ ریزی **dīdā rezī** (दीदा रेज़ी)–बहुत परिश्रम वाला काम, ऐसा काम जिस से आँखें दुखने लगें, कड़ा परिश्रम. *(nf)*–work requiring great effort, hard work, work fatiguing to the eye.

دیدے پھاڑنا **dīde phāṛnā** (दीदे फाड़ना)–आँखें फाड-फाड़ कर देखना, घूरना, एक जगह पर नज़रें टिकाना. *(nm)*–to look stead-fastly, to stare, to gaze.

دیدے کا پانی ڈھلنا **dīde kā pānī ḍhalnā** (दीदे का पानी ढलना)–बेशरम हो जाना, आँख की शरम मर जाना. *(v)*–to become shameless.

دیدے مٹکانا **dīde maṭkānā** (दीदे मटकाना)–आँखों से इशारे करना, किसी को आँखों से अपनी ओर आकर्षित करना, किसी को आँखों के इशारे से बुलाना. *(v)*–to make eyes at, , to wanton with the eyes.

دیدے نکالنا **dīde nikālnā** (दीदे निकालना)–गुस्सा करना, क्रोधित होना, उत्तेजित होना. *(v)*–to get into a passion or rage, to be enraged.

دیر **dair** (दैर)–एक मंदिर जहाँ मूर्तिपूजा होती है, मूर्तिपूजा का स्थान, गिरजाघर. *(nm)*–a temple where idols are worshipped, a place of idol worship, a church.

دیر **der** (देर)–देरी, विलंब, देर से. *(nf)*–delay, tardiness, slowness.

دیر آید درست آید **der āyad durust āyad** (देर आयद दुरुस्त आयद)–चाहे देर से आया लेकिन ठीक आया. *(prov)*–better late than never.

دیر پا **der pā** (देर पा)–देर तक चलने वाला, मज़बूत. *(adj)*– lasting, durable.

دیر تک **der tak** (देर तक)–बहुत समय तक. *(adv)*–for a long time.

دیر خوابی **der khvābī** (देर ख़्वाबी)–देर तक सोना. *(nf)*–late sleeping.

دیر لگانا **der lagānā** (देर लगाना)–किसी काम को करने में आवश्यकता से अधिक समय लगाना. *(v)*–to delay.

دیر ہونا **der honā** (देर होना)–विलंब होना, अधिक समय लगना. *(v)*–to be late.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

دیرینہ derīna (दीरीना)

دیرینہ derīna (दीरीना)–पुराना, गुज़रे समय का, अतीतकाल का, अनुभवी. *(adj)*– old, ancient, experienced.

دیس/دیش des/desh (देस/देश)–देश, सीमा, क्षेत्र. *(nm)*–country, territory, region.

دیس بدیش پھرنا des badesh phirnā (देस बदेस फिरना)–एक देश से दूसरे देश में जाना, कई देशों में घूमना. *(v)*–to wander from country to country, to travel about.

دیس نکالا des nikāla (देस निकाला)–देश से निकासन. *(nm)*– exile, banishment.

دیسی desī (दिसी)–देश से सम्बन्धित, देश में बनी हुई वस्तु, स्थानीय. *(adj)*–of the same country, local, native, home-made, indigenous, belonging to the country.

دیکھ بھال dekh bhāl (देख भाल)–ध्यान करना, विचार करना, ख्याल रखना. *(nf)*–looking after, care, search.

دیکھا بھالا dekhā bhāla (देखा भाला)–जाँचा-परखा, आज़माया हुआ, विश्वसनीय. *(adj)*–seen and tried.

دیکھا دیکھی dekhā-dekhī (देखा-देखी)–एक दूसरे का अनुसरण करते हुए, एक दूसरे को देख कर, एक दूसरे की नक़ल करते हुए. *(adv)*–in imitation.

دیکھا ہوا dekhā huā (देखा हुआ)–जाँचा परखा हुआ, आज़माया हुआ, अनुभवी. *(adj)*–seen, known, experienced.

دیکھتے دیکھتے dekhte dekhte (देखते देखते)–नज़र के सामने, क्षण भर में. *(adv)*–before the eyes, in the presence of, in a moment.

دیکھتے رہ جانا dekhte rah jānā (देखते रह जाना)–आश्चर्य से देखना, निराश होना, अचंभित होना. *(v)*–to gaze in vain, to stand gazing in wonder or disappointment.

دیکھتے رہنا dekhte rahnā (देखते रहना)–नज़रें टिकाए रखना, ध्यान से देखना. *(v)*–to keep a watch, to look after, to keep an eye on.

دیکھنا dekhnā (देखना)–नज़र में रखना, अवलोकन करना, देख भाल करना, खोजना, अनुभव करना, निरीक्षण करना, नब्ज़ देखना. *(v)*–to see, to look at, to observe, to search, to inspect, to take care, to feel (pulse), to experience.

دیکھنا بھالنا dekhnā bhālnā (देखना भालना)–जाँचना परखना, जाँच पड़ताल करना, निरीक्षण करना, देख भाल करना. *(v)*–to look at, to examine, to inspect, to try.

دیکھنے میں آنا dekhne main ānā (देखने में आना)–दिखाई देना, समझ में आना. *(v)*–to appear, to be visible.

دیگ deg (देग)–चावल इत्यादि पकाने के लिए बड़ा बरतन. *(nf)*–a cauldron, a big pot.

دیگچہ degcā (देगचा)–छोटी देग जिसमें थोड़ा खाना पकता है. *(nm)*–a kettle.

دیگچی degcī (देगची)–पतीली, चावल इत्यादि पकाने के लिए छोटी देग. *(nf)*–a small kettle.

دیگر dīgar (दीगर)–और, अन्य, दूसरा, दोबारा. *(nm)*– other, another, again.

دیمک dīmak (दीमक)–एक सफेद कीड़ा जो लकड़ी इत्यादि को खा जाता है. *(nf)*–white-ant.

دیمک خوردہ dīmak khurdā (दीमक खुर्दा)–दीमक द्वारा खाया हुआ. *(adj)*–eaten by white-ants.

دیمک لگنا dīmak lagnā (दीमक लगना)–दीमक द्वारा खाया जाना. *(v)*–to be eaten by white-ants.

دین dīn (दीन)–धर्म, विश्वास. *(nm)*–faith, religion.

دین پناہ dīn panāh (दीन पनाह)–धर्म की रक्षा करने वाला. *(adj)*–defender of the faith.

دین دار dīndār (दीनदार)–दीन वाला, धार्मिक विचारों वाला, पवित्र आत्मा, धर्म को मानने वाला. *(adj)*– religious, pious, virtuous.

دین داری dīndārī (दीनदारी)–धार्मिकता, पवित्रता, धर्म से सम्बन्धित. *(nf)*–religiousness, religiosity, piety.

دین den (देन)–उधार, ऋण, कर्ज़ा. *(nm)*–debt, liability.

دین den (देन)–दी जाने वाली वस्तु, उपहार. *(nm)*–gift, giving, bestowing.

لین دین len den (लेन देन)–लेना और देना, अदला बदली. *(nm)*–dealings, give and take, transactions.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

دینا **dena** (देना)–किसी को सौंपना, किसी को भेंट करना, अदा करना, मुर्गी का अंडे देना. *(v)*–to give, to grant, to produce, to offer, to pay, to lay (eggs).

دینار **dinār** (दिनार)–एक सिक्का. *(nm)*–a coin.

دینی **dīnī** (दीनी)–धार्मिक, धर्म से सम्बन्धित. *(adj)*– religious, spiritual.

دیو **deo** (देओ)–राक्षस, विशालकाय, शैतान, लोगों का अहित करने वाला. *(nm)*–a giant, a devil, monster, demon.

دیوزاد **deozād** (देओज़ाद)–शैतान या राक्षस का बच्चा. *(adj)*–demon-born or begotten.

دیو **dev** (देव)–ईश्वर, देवता. *(nm)*–a god, a deity.

دیو مالا **devmālā** (देवमाला)–देवी-देवताओं की कहानियों की शृंखला. *(nf)*–mythology.

دیوناگری **devnāgarī** (देवनागरी)–देवनागरी लिपि जिसमें हिन्दी और संस्कृत लिखी जाती है. *(nf)*– the *devnāgrī* character, the character on which *Sanskrit* and *Hindi* is usually written.

دیوار **dīvār** (दीवार)–जिसके ऊपर छत डाली जाती है, ज़मीन को बाँटने के लिये दीवार खड़ी की जाती है. *(nf)*– a wall, a support, a partition.

دیوارچین **dīvāre cīn** (दीवारे चीन)–चीन की एक मज़बूत व बहुत लम्बी दीवार, संसार के चमत्कारों में से एक. *(nf)*– the great wall of China, one of the wonders of the world.

دیوار کے بھی کان ہوتے ہیں **dīvār ke bhī kān hote hain** (दीवार के भी कान होते हैं)–गुप्त बात दीवार के सामने भी नहीं करनी चाहिये, वहाँ से भी गुप्त बात बाहर निकल सकती है. *(prov)*– walls have ears, do not let your secrets be overheard.

دیوارگیری **dīvārgīrī** (दीवारगीरी)–दीवार पर लटकाने वाला कपड़ा जिस पर सुन्दर तस्वीर बनी होती है. *(nf)*–tapestry or cloth to adorn a wall.

دیوالی **dīvālī** (दीवाली)–हिन्दुओं द्वारा मनाया जाने वाला एक दीयों का त्यौहार जिसमें दीयों से रौशनी करके लक्ष्मी (धन की देवी) की पूजा की जाती है. *(nf)*– a Hindu festival of lamp-lighting in honour of *Lakshmi* (goddess of wealth and prosperity).

دیوالہ **dīvālā** (दीवाला)–दीवाला निकल जाना, बिलकुल कंगाल हो जाना, धनहीन हो जाना, कारोबार चौपट हो जाना. *(nf)*–bankruptcy.

دیوالہ نکالنا **dīvālā nikālnā** (दीवाला निकालना)– अपने कर्ज़े चुकाने में असमर्थ होना, अपने आप को दीवालिया घोषित करना. *(v)*–to declare bankruptcy, to become insolvent.

دیوالیہ **dīvāliyā** (दीवालिया)–जिसका दीवाला निकल गया हो, जो बिलकुल कंगाल हो गया हो. *(nm)*– bankrupt.

دیوان **dīvān** (दीवान)–शाही अदालत, राज्य का बड़ा अधिकारी, सेक्रेट्री, गज़लों और नज़्मों का संकलन, एक गद्देदार बिस्तर. *(nm)*–a royal court, a chief officer of the state, a secretary, a book of poetical pieces of a poet, a dais or cushioned platform.

دیوان خاص **dīvāne khās** (दीवाने ख़ास)–विशेष सम्मेलन जिस में मंत्री और उच्चाधकारी ही शामिल हो सकते हैं. *(nm)*–privy council chamber, the cabinet.

دیوان خانہ **dīvān khānā** (दीवान ख़ाना)–सम्मेलन का स्थान, अदालत, कचहरी. *(nm)*–a hall of audience, court.

دیوان عام **dīvāne ām** (दीवाने आम)–जनता के सम्मेलन का स्थान, आम कचहरी, जनता की अदालत. *(nm)*– pubklic hall of audience, a court.

دیوانگی **dīvānagī** (दीवानगी)–पागलपन, दीवानापन, जुनून, प्यार-मुहब्बत. *(nf)*–lunacy, madness, insanity.

دیوانہ **dīvānā** (दीवाना)–पागल, शैदाई, चाहने वाला, प्रेमी, आशिक, जुनूनी. *(nm)*–mad, insane, lunate, inspired, lover.

دیوانی **dīvānī** (दीवानी)–दीवानी अदालत जिसमें रुपये-पैसे या ज़मीन जायदाद के मुकदमे सुने जाते हैं, दीवान का कार्यालय, दीवानी महिला. *(nf)*–a civil court, office or jurisdiction of a *diwan*, *(adj)*– mad woman.

دیوتا **devtā** (देवता)–एक अच्छा आदमी, धार्मिक आदमी, पूज्य, आदरणीय, ईश्वर का रूप. *(nm)*–a divinity, an object of worship, respectable, a good man, a demigod.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

دیوٹ dīvaṭ (दीवट)

دیوٹ dīvaṭ (दीवट)–दीया रखने का स्थान. *(nm)*–a lamp-stand.

دیوس deyūs (देयूस)–बेशरम व्यक्ति, जो अपनी पत्नी के शरीर की कमाई पर जीता हो. *(nm)*–shameless fellow, one who lives on the prosti- tution of his wife.

دیودار dayodār (दयोदार)–देवदार का वृक्ष जिसकी लकड़ी बक्से बनाने के काम आती है. *(nm)*–the cedar tree.

دیور devar (देवर)–पति का छोटा भाई. *(nm)*–husband's younger brother.

دیورانی devrānī (देवरानी)–देवर की पत्नी, पति के छोटे भाई की पत्नी. *(nf)*– wife of husband's *(devar's)* younger brother.

دیوی devī (देवी)–एक धार्मिक विचारों की महिला, नेक महिला, लोग जिसका सम्मान करते हों, जिसकी लोग पूजा करते हों, देवता का स्त्री रूप. *(nf)*–a goddess, a female deity, a queen, a pious woman.

دیہ deh (देह)–गाँव या कस्बा. *(nm)*–a village or town.

دیہ deh (देह)–शरीर, जिस्म. *(nm)*–body.

دیہی dehī (देही)–गाँव का, गाँव से सम्बन्धित. *(adj)*–rural, belonging to a village.

دیہات dehāt (देहात)–'देह' का बहुवचन, गाँव. *(nm)*–plural of دیہ *deh*, villages.

ڈ ḍāl (डाल)

ڈال ḍāl (डाल)–उर्दू वर्णमाला का बारहवाँ अक्षर. –twelfth letter of Urdu alphabet.

ڈاب ḍāb (डाब)–रस्से बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली घास, एक पेटी जिसमें तलवार रखी जाती है, एक कच्चा नारियल. *(nm)*–a kind of grass used in making ropes, a sword belt, an unripe coconut.

ڈابر ḍabar (डाबर)–झील, एक जौहड़, ऐसी जगह जहाँ पानी इकट्ठा हो, पानी से भरा बरतन, एक बरतन जिसमें हाथ धोए जाते हैं. *(nm)*–a lake, a pond, a water pot, a vessel for washing hands in.

ڈابک ḍābak (डाबक)–ताज़ा पानी, कुएँ से निकाला गया ताज़ा पानी. *(nm)*–fresh water from well.

ڈاٹ ḍāṭ (डाट)–किसी बोतल इत्यादि का मुँह बंद करने के लिए लगाया जाने वाला डाट, ढक्कन, महराब. *(nf)*–a stopper, a cork, an arch.

ڈاٹ لگانا ḍāṭ lagānā (डाट लगाना)–बोतल का मुँह बंद करना, महराब बनाना. *(v)*–to cork, to put a stopper on, to arch.

ڈار ḍār (डार)–लाइन, पंक्ति, डाल, डाली, टहनी, पक्षियों का समूह जो एक पंक्ति में बैठे हों या उड़ रहे हों. *(nf)*– line, row, herd, flock, a branch, bough.

ڈاڑھ ḍāṛ (डाढ़)–पीछे वाले दांत जिन से खाना चबाया जाता है. *(nf)*–a jaw-tooth, grinder.

ڈاڑھ گرم ہونا ḍāṛ garam honā (दाढ़ गरम होना)–भोजन करना. *(v)*–to take meals.

ڈاڑھی ḍāṛī (डाढ़ी)–पुरुषों की ठोड़ी और गालों पर उगे हुए बाल, दाढ़ी. *(nf)*–a beard.

ڈاڑھی پیٹ میں ہونا ḍāṛī peṭ main honā (डाढ़ी पेट में होना)–अपनी आयु से ज़्यादा समझदार होना, समय से पहले अक़्ल आ जाना. *(v)*–to be wise, prematured.

ڈاک ḍāk (डाक)–ख़त या चिट्ठी इत्यादि, वह चीज़ें जो हम डाकखाने के माध्यम से भेजते हैं. *(nf)*– the post or mail, relays of men or horses for the post.

ڈاک بنگلہ ḍāk banglā (डाक बंगला)–विश्रामस्थल, आराम करने की जगह, जहाँ दौरे पर आए हुए सरकारी कर्मचारी ठहरते हैं. *(nf)*–a *dāk* bungalow, a rest house.

ڈاک چوکی ḍāk caukī (डाक चौकी)–वह जगह जहाँ डाक के काम में इस्तेमाल होने वाले घोड़ों को रखा जाता है. *(nf)*–a stage or station where a relay of horses is posted.

ڈاک خانہ ḍākkhānā (डाकखाना)–जहाँ डाक से सम्बन्धित काम होता है, पोस्ट-आफिस. *(nm)*– post-office.

ڈاک گاڑی ḍāk gāṛī (डाक गाड़ी)–जिस गाड़ी (ट्रेन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या वाहन) से डाक लाई लेजाई जाती है. *(nf)*–the mail train or the mail vain.

ڈاک لگانا ḍāk lagānā (डाक लगाना)–डाक लाने ले जाने के लिए व्यक्तियों की एवं घोड़ों की नियुक्ति करना. *(v)*–to post relays of horses or runners.

ڈاکہ ḍākā (डाका)–डाकुओं या लुटेरों द्वारा लूटने के उद्देश्य से आक्रमण. *(nm)*–an attack by a gang of robbers, bandits or *dacoits*.

ڈاکہ پڑنا ḍākā paṛnā (डाका पड़ना)–डाकुओं या लुटेरों द्वारा लूटपाट करने के लिए आक्रमण करना. *(v)*–to be attacked by dacoits or robbers.

ڈاکہ ڈالنا ḍākā ḍālnā (डाका डालना)–डकैती करना, लूटपाट करना, लूटपाट करने के लिए आक्रमण करना. *(nm)*–to commit a dacoity, to rob.

ڈاکہ زنی ḍākzanī (डाकाज़नी)–डकैती, लूटपाट, मारा-मारी, छीना-झपटी. *(nf)* – dacoity, highway robbery, banditry.

ڈاکو ḍākū (डाकू)–डकैत, लुटेरा, लूटपाट करने वाला, आक्रमण करने वाला. *(nm)*–a robber, a bandit, a dacoit, a pirate, a felon, a brigand.

ڈاکیہ ḍākiyā (डाकिया)–डाक लाने ले जाने वाला, चिट्ठी रसां, चिट्ठियां बाँटने वाला. *(nm)*–a postman, a letter carrier.

ڈال ḍāl (डाल)–डाली, शाख, वह टोकरी जो खेती-बाड़ी के लिए पानी देने में प्रयोग की जाती है. *(nf)*–a branch, a bough, a basket used for raising water by artificial means for irrigation purposes.

ڈال کا پکا ḍāl kā pakā (डाल का पका)–पेड़ पर ही पका हुआ फल. *(adj)*–ripened on the tree.

ڈال کا ٹوٹا ḍāl kā ṭūṭā (डाल का टूटा)–जो फल पेड़ से तोड़ा गया हो, बिलकुल ताज़ा, बहुत बढ़िया. *(adj)*– plucked from the tree, fresh, in very good condition, fine.

ڈال دینا ḍāl denā (डाल देना)–फेंक देना, त्याग देना, छोड़ देना, लिटा देना. *(v)*–to throw away, to abandon, to lay down.

ڈالر ḍālar (डालर)–एक करेंसी जो सारे संसार में चलती है, कई देशों ने अपने अपने डालर छाप रखे हैं और हर देश के डालर का अलग अलग मूल्य है. सब से ज़्यादा प्रचलित अमरीकी डालर है जिसका मूल्य आजकल 46-47 रुपये के बराबर है. *(nm)*–unit of United States currency accepted in whole the world equivalent to 46-47 rupees now-a-days.

ڈالنا ḍālnā (डालना)–नीचे गिरा देना, फेंक देना, नष्ट करना, बीज डालना, छत डालना, किसी स्त्री को घर में डालना अर्थात् रखैल बनाना. *(v)*–to throw down, to drop, to shed, to destroy, to wear, to sow, to impose, to take a woman as a keep (second wife).

ڈالی ḍālī (डाली)–डाल, शाख, टहनी, उपहार की टोकरी, फलों, मिठाई और अन्य उपहारों से भरी थाली या ट्रे. *(nf)*–a branch, a bough, an open basket, a present of fruits, sweet-meats etc. spread out on a tray.

ڈامچا ḍāmcā (डामचा)–खेतों की चौकसी के लिए बनवाया गया एक ऊँचा चबूतरा. *(nm)*–a raised platform constructed to watch the fields from.

ڈانٹ/ڈانٹ ڈپٹ ḍānṭ/ḍānṭ-ḍapaṭ (डाँट/डाँट-डपट)–धमकी, ताड़ना, सज़ा देना, डाँटना. *(nf)*–threat, menace, awe, rebuke.

ڈانٹنا ḍāṇṭnā (डाँटना)–डाँट-डपट करना, ताड़ना, सज़ा देना, चेतावनी देना. *(v)*–to warn, to threaten, to menace, to brow beat.

ڈانڈ ḍāṇḍ (डाँड)–डंडा, छड़ी, चप्पू, बंजर धरती, वह धरती जिसमें कुछ पैदा न होता हो. *(nm)*–a stick, a staff, oar, high land, barren land.

ڈانڈا ḍāṇḍ (डाँडा)–ज़मीन की माप, सड़क, मैदान, खेत की सीमा, सीमा रेखा, पशुओं के चलने से बन जाने वाला रास्ता. *(nm)*–land marks, road, field boundary, boundary line, a path for cattle.

ڈانڈی ḍāṇḍī (डाँडी)–नाव खेने वाला, किश्ती चलाने वाला, पहाड़ों में यात्रियों को लाने लेजाने का एक साधन. *(nm)*–a rower, a boatman. *(nf)*–a mode of conveyance used in the hills.

ڈانگ ḍāṇg (डाँग)–लम्बा डंडा, लम्बी छड़ी, लाठी, ऊँची धरती, पहाड़ की चोटी. *(nf)*–a staff, a club, high land, summit of a hill.

ڈانواں ڈول ḍānvāṇḍol (डाँवांडोल)–जो स्थिर न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो, जो कहीं न टिके, जिसका कोई आधार न हो, जिसका कोई ठिकाना न हो, जिसका कोई घर न हो, जो बरबाद हो चुका होए अस्थिर. *(adj)*–lost, wandering about, homeless, destitute, ruined, unsteady.

ڈانواں ڈول پھرنا ḍanvāṇḍol phirnā (डाँवांडोल फिरना)–किसी खोये हुए पशु की तरह इधर उधर मारे मारे फिरना, बिना मतलब भटकना. *(v)*–to wander aimlessly, to roam about.

ڈاہ ḍāh (डाह)–ईर्ष्या, जलन. *(nf)*–jealousy, malice, spite.

ڈائریکٹر ḍairekṭar (डाइरेक्टर)–निदेशक, निर्देश देने वाला. *(nm)*– a director.

ڈائریکٹری ḍairekṭarī (डाइरेक्टरी)–निदेशिका, सूची, नामावली. *(nf)*–directory, a book containing useful information.

ڈائل ḍāyal (डायल)–घड़ी का डायल जिस पर लिखे गए अंकों और दो सुइयों की सहायता से समय जाना जाता है. *(nm)*–dial of a watch which indicates the time.

ڈائمنڈ جوبلی ḍāymaṇḍ jubalī (डायमंड जुबली)–किसी घटना के साठ वर्ष पूरे होने पर मनाया जाने वाला उत्सव. *(nf)*–a function organised on the completion of sixty years of an event.

ڈائن ḍāyan (डायन)–चुड़ैल, भूतनी, बदसूरत बूढ़ी औरत. *(nf)*–a witch, an ugly old woman.

ڈائنامائٹ ḍāināmāiṭ (डाइनामाइट)–भारी पत्थर इत्यादि तोड़ने के लिए लगाया जाने वाला विस्फोटक. *(nm)*–a dynamite.

ڈائنمو ḍāinamo (डाइनमो)–एक यंत्र जिसकी सहायता से बिजली पैदा की जाती है जो कल-कारखानों और घरों में इस्तेमाल होती है. *(nm)*–a dynmo used to produce the electricity which is used in factories and homes.

ڈب ḍab (डब)–शक्ति, ताकत, अधिकार, सत्ता, एक प्रकार की जेब, चमड़ा जिस से तेल के कुप्पे (बरतन) बनाये जाते हैं. *(nf)*–strength, power, authority, a kind of pocket, the leather of which oil-pots are made.

ڈبا ḍabbā (डब्बा)–तेल डालने के लिए चमड़े का बरतन. *(nm)*–a leather vessel for holding oil.

ڈبا ḍibbā (डिब्बा)–एक छोटा बक्सा, बच्चों को होने वाला एक रोग. *(nm)*–a small box, a children's disease.

ڈباؤ ḍubāū (डुबाऊ)–इतना गहरा पानी जिसमें कि आदमी डूब सके. *(adj)*–out of man's depth, deep enough to drown in, drowning.

ڈبڈبانا ḍubḍubānā (डुबडुबाना)–आँखों में आँसू भर आना, आँखें गीली हो जाना. *(v)*–eyes to be filled with tears.

ڈبرا ḍabrā (डबरा)–छोटा तालाब, ताल. *(nm)*–a pool, pond.

ڈبری ḍabarī (डबरी)–हिस्सेदारों के हिस्सों के अनुपात में लाभ का वितरण करना. *(nf)*–division of profits among the share-holders according to their respective shares.

ڈبکا ḍabakā (डक्का)–कुएँ से निकाला गया ताज़ा पानी. *(nm)*–fresh drawn water from the well.

ڈبکی ḍubakī (डुबकी)–नदी या तालाब के किनारे नहाते समय सिर को पानी के अन्दर करके साँस रोकना, पानी में गोता लगाना. *(nf)*–a dip, plunge, diving.

ڈبونا ḍubonā (डुबोना)–किसी चीज़ को पानी में डुबोना, खानदान का नाम डुबो देना, बरबाद करना, नष्ट करना, बेकार कर देना, डुबकी देना. *(v)*–to drown, to dip, to destroy, to ruin, to waste, to cause to sink.

ڈبی ḍibbī (डिब्बी)–छोटा बक्स, छोटी छोटी चीज़ें रखने की डिब्बी. *(nf)*–a small box.

ڈبیا ḍibiyā (डिबिया)–बहुत छोटा बक्स. *(nf)*–a very small box.

ڈپٹ ḍapaṭ (डपट)–डाँट, फटकार, चेतावनी, धमकी. *(nf)*– rebuke, menace, threat, challenge, warn, punishment. Used as ڈانٹ ڈپٹ *`dān|ṭ-`dap|ṭ.*

ڈپٹانا ḍapṭānā (डपटाना)–घोड़े को सरपट दौड़ाना. *(v)*–to gallop a horse.

ڈپٹنا ḍapaṭnā (डपटना)–धमकाना, डाँट-डपट करना, लताड़ना, सज़ा देना, चेतावनी देना. *(v)*–to rebuke, to call out, to shout, to attack, to threaten, to warn, to punish.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ڈپٹی ḍiptī (डिप्टी)–सहायक, सहयोगी, मातहत, क्रम में दूसरे नम्बर पर जैसे डिप्टी कमिश्नर, डिप्टी कलक्टर, डिप्टी सुपरिटेंडेंट इत्यादि. *(nm)*–an assistant, deputed or appointed as an associate.

ڈپلومہ ḍiplomā (डिप्लोमा)–एक प्रमाणपत्र, किसी विशेष योग्यता की सनद. *(nm)*–a diploma, certificate.

ڈپلومہ یافتہ ḍiplomā yāphtā (डिप्लोमा याफ्ता)–जिसके पास किसी विशेष योग्यता का प्रमाणपत्र हो. *(adj)*–a diplomad, a diploma holder.

ڈپو ḍipo (डिपो)–जहाँ से कोई वस्तु वितरित की जाती हो, जहाँ से जीवन की आवश्यक वस्तुएँ मिलती हों. *(nm)*–a depot, a distribution centre– ration depot.

ڈٹ جانا ḍaṭ jānā (डट जाना)–आमने सामने होना, मुकाबला करना, किसी से नहीं दबना. *(v)*–to stand opposite, to oppose face to face, to put a bold front.

ڈٹنا ḍaṭnā (डटना)–रुक जाना, ठहर जाना, तर्क करना, विवाद करना. *(v)*–to stay, to stop, to contend, to cope with.

ڈر ḍar (डर)–भय, आतंक. *(nm)*–fear, dread, awe, terror.

ڈرپوک ḍarpok (डरपोक)–बुज़दिल, जो जल्दी डर जाता हो, थोड़े दिल वाला. *(adj)*–coward, timid.

ڈرانا ḍarānā (डराना)–भयभीत करना, आतंकित करना. *(v)*– to scare, to frighten, to terrify, to daunt, to alarm.

ڈراؤنا ḍarāvanā (डरावना)–भयानक, जिसे देख कर डर लगे, बहुत बदसूरत. *(adj)*–frightful, terrifying, terrible, horrible, dreadful.

ڈرنا ḍarnā (डरना)–भयभीत होना, आतंकित होना. *(v)*–to fear, to be frightened, to be scarred, to be terrified.

ڈرافٹسمین ḍrāphtsmain (ड्राफ्टसमैन)–नक्शे बनाने वाला, किसी मशीन का खाका खींचने वाला, प्रारूप तैयार करने वाला. *(nm)*–a draughtsman.

ڈرامہ ḍrāmā (ड्रामा)–नाटक, मनोरंजन का एक साधन. *(nm)*–a drama.

ڈرائنگ روم ḍrāingrūm (ड्राईंगरूम)–अतिथियों के स्वागत के लिए बड़ा कमरा, हाल कमरा. *(nm)*–a drawing room.

ڈرائیور ḍrāīvar (ड्राईवर)–चालक, गाड़ी या कार चलाने वाला, वाहन चलाने वाला. *(nm)*–a driver, who drives any vehicle.

ڈسپنسری ḍispensarī (डिस्पेंसरी)–चिकित्सालय, शफाखाना, स्वास्थ्य केंद्र, जहाँ रोगियों का इलाज किया जाता है. *(nf)*–a dispensary, a health centre.

ڈسمس ḍismis (डिसमिस)–नौकरी से बरखास्त, नौकरी समाप्त, नौकरी से निकाल दिया जाना. *(adv)*–dismiss, *(adj)*–dismissed.

ڈسنا ḍasnā (डसना)–डस लेना, काटना, डंक मारना. *(v)*–to bite, to sting (as a vemonous animal).

ڈف ḍaph (डफ)–एक प्रकार का छोटा ढोल जो एक तरफ से खुला होता है. कलाकार इसे एक हाथ में थामता है और दूसरे हाथ से बजाता है, खंजड़ी, चंग. *(nm)–daf,* a tambourine.

ڈفالچی ḍaphālcī (डफालची)–ऐसा व्यक्ति जो डफ बजाता है. *(nm)*– one who plays on the instrument called ڈف *daf.*

ڈفلی ḍaphlī (डफली)–छोटी डफ. *(nf)*–a small tambourine, small *daf.*

ڈکار ḍakār (डकार)–खाना खाने के बाद डकार का आना सन्तुष्टि का परिचायक है. गले से ज़ोरदार आवाज़ निकालना. *(nf)*–a belch, emitting sound from the throat, eructation.

ڈکار جانا ḍakār jānā (डकार जाना)–हज़्म कर लेना, किसी की अमानत को हड़प कर लेना, बेईमानी करना, गबन करना. *(v)*–to embezzle, to defalcate, to gulp, to swallow.

ڈکار لینا ḍakār lenā (डकार लेना)–गले से ज़ोरदार आवाज़ निकालना. *(v)*–to belch, to bellow.

ڈکارنا ḍakārnā (डकारना)–गले से ऊँची आवाज निकालना, किसी की रकम हड़प लेना, गबन करना, किसी का माल हज़्म कर लेना. *(v)*–to swallow, to gulp down, to embezzle.

ڈکرانا ḍakrānā (डकराना)–बैल द्वारा ऊँची आवाज़ करना, ज़ोरदार आवाज़ करना, ऊँची आवाज़ में चीखना. *(v)*–to low as an ox, to cry aloud or bitterly, to make a loud noise.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ڈکٹیٹر ḍiktetar (डिक्टेटर)

ڈکٹیٹر ḍiktetar (डिक्टेटर)–तानाशाह, जो अपनी ही मन-मर्जी करता हो, जो अपने ही कायदे-कानून बनाता हो, हिटलर. *(nm)*–a dictator, Hitler.

ڈکٹیٹری ḍiktetarī (डिक्टेटरी)–तानाशाही, हिटलरशाही, ज़ोर-ज़बरदस्ती. *(nf)*–dictatorship.

ڈکشنری ḍikshnarī (डिक्शनरी)–शब्दकोश, ऐसी पुस्तक जिसमें शब्दों के अर्थ दिये होते हैं. *(nf)* –a dictionary.

ڈکوت ḍakaut (डकौत)–हिन्दुओं में एक छोटी जाति जो कि ब्राह्मण पिता और ग्वालिन माँ से पैदा हुई, वे लोग शनिवार को भिक्षा माँग कर गुज़ारा करते हैं और ज्योतिष-विद्या में निपुण होते हैं. *(nm)*–a sub-caste of Hindus, descended from a Brahman father and a milk-woman mother. They subsist on alms on Saturday and are skilled in astrology.

ڈکوسنا ḍakosanā (डकोसना)–ठूंसना, पेट भर कर खाना, ज़बरदस्ती खाना या पीना. *(v)*–to drink off, to eat up unwillingly).

ڈکیت ḍakait (डकैत)–डाकू, लुटेरा, हमला करने वाला, लूटपाट करने वाला. *(nm)*–a robber, a pirate, a *dacoit*.

ڈکیتی ḍakaitī (डकैती)–डाकाज़नी, लूटपाट. *(nf)*–robbery, dacoity.

ڈگ ḍag (डग)–कदम, फलांग, एक माप. *(nm)*–a pace, one step, a stride, a measure.

ڈگ بھرنا ḍag bharnā (डग भरना)–चलना, कदम बढ़ाना, आगे बढ़ना. *(v)*–to step out, to stride.

ڈگڈگی ḍugḍugī (डुगडुगी)–एक छोटा ड्रम जिसे मदारी बजा कर अपना तमाशा दिखाने के लिए भीड़ इकट्ठी करते हैं, एक छोटा ड्रम जो किसी प्रकार की घोषणा करने वाले लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए बजाते हैं. *(nf)*–a small drum used by jugglers, a small drum used for making proclamations.

ڈگر ḍagar (डगर)–पथ, रास्ता, सड़क. *(nf)*–a path, track, road.

ڈگری ḍigrī (डिग्री)–विश्वविद्यालय की कोई परीक्षा पास करने के बाद जो प्रमाण-पत्र मिलता है उसे डिग्री कहते हैं. *(nf)*–degree.

ڈگری ḍigrī (डिग्री)–गरमी का दर्जा या कोण मापने के लिए एक इकाई. *(nf)*–a unit to measure the heat or angle, degree.

ڈگری ḍigrī (डिग्री)–किसी से रकम दिलवाने के लिए अदालत द्वारा दिया गया आदेश. *(nf)*–decree.

ڈگری پانا/حاصل کرنا ḍigrī pānā/hāsil karnā (डिग्री पाना/हासिल करना)–किसी से अपनी रकम प्राप्त करने के लिए अदालत से आदेश-पत्र प्राप्त करना. *(v)*–to obtain a decree.

ڈگری جاری کرانا ḍigrī jārī karānā (डिग्री जारी कराना)–अदालत द्वारा किसी के विरुद्ध रकम की प्राप्ति की डिग्री जारी कराना. *(v)*–to sue out execution.

ڈگری جاری کرنا ḍigrī jārī karnā (डिग्री जारी करना)–रकम की प्राप्ति के लिए अदालत द्वारा आदेश-पत्र जारी करना. *(v)*–to enforce a decree.

ڈگری دار ḍigrīdār (डिग्रीदार)–जिसके पक्ष में डिग्री जारी की गई. *(nm)*–a decree holder.

ڈگری دینا ḍigrī denā (डिग्री देना)–डिग्री जारी करना. *(v)*–to adjudge, to decree.

ڈگری یک طرفہ ḍigrī yak tarphā (डिग्री यक तरफा)–दूसरे पक्ष के मौजूद न होने पर डिग्री जारी करना. *(nf)*–exparte decree.

ڈگمگانا ḍagmagānā (डगमगाना)–कदमों का डगमग करना, लड़खड़ाना, भटकना, रास्ते से भटक जाना. *(v)*–to totter, to stagger, to shiver.

ڈگی/ڈگڈگی ḍuggī/ḍugḍugī (डुग्गी/डुगडुगी)–घोषणा, प्रचार, मुनादी. *(nf)*– proclamation, announcement, publicity.

ڈل ḍal (डल)–कश्मीर में एक झील का नाम, सेना का एक भाग, ब्रिगेड, धन, एक अँधा कुआँ. *(nm)*–a lake in Kashmir valley, a division of an army, a brigade, a blind well, wealth.

ڈلا ḍalā (डला)–मिट्टी का एक ढेला, मिट्टी का टुकड़ा, बेवकूफ, मूर्ख. *(nm)*–a large lump, a clod, a fool, a stupid.

ڈلوانا ḍalvānā (डलवाना)–फिंकवाना, कहीं डलवाना या रखवाना. *(v)*–to cause to throw, to cause to put in.

ڈلی ḍalī (डली)–छोटे आकार का डला, सुपारी के बराबर मिट्टी का ढेला, मिट्टी का एक छोटा टुकड़ा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nf)–a lump (as betal nut), a piece, a bit.

ڈلیا ḍalyā (डलया)–बिना ढक्कन के टोकरी, ट्रे. *(nf)*–a basket without a cover, a tray.

ڈمرو ḍamrū (डमरू)–एक छोटा ड्रम जिसे एक हाथ में पकड़ कर दूसरी हाथ की उंगलियों से बजाते हैं. *(nm)*–a small drum, hold in one hand and beaten with the fingers.

ڈنٹھل ḍanṭhal (डंठल)–अनाज या फल काट लेने के बाद जो भाग बच जाता है. *(nm)*–the stalk which is left after the grain or fruit is cut away.

ڈنڈ ḍanḍ (डंड)–कुहनी और कंधे के बीच का बाज़ू का भाग, एक प्रकार का व्यायाम, जुर्माना, सज़ा, कर. *(nm)*– the part of the arm between the elbow and shoulder, a kind of gymnastic exercise, compensation for injury, penalty, punishment, tax.

ڈنڈ بھرنا ḍanḍ bharnā (डंड भरना)–जुर्माना भरना, हरजाना देना. *(nm)*–to pay fine, to pay damages.

ڈنڈ پیلنا ḍanḍ pelnā (डंड पेलना)–व्यायाम करना. *(v)*–to make gymnastic exercise.

ڈنڈ ڈالنا ḍanḍ ḍālnā (डंड डालना)–जुर्माना करना, कर लगाना. *(nm)*–to levy or impose a tax, to fine.

ڈنڈا ḍanḍā (डंडा)–लाठी, छड़ी, मकान की चहारदीवारी, टैक्स वसूल करने वाला. *(nm)*–a club, a staff, a rod, a wall enclosing a house, a collector of market duties.

ڈنڈا ڈولی کرنا ḍanḍā ḍolī karnā (डंडा डोली करना)–किसी को हाथों और पैरों से पकड़ कर हवा में झुलाना, बच्चों का एक खेल. *(v)*–to lift one up by his arms and legs, a game played by children.

ڈنڈے بجاتے پھرنا ḍanḍe bajāte phirnā (डंडे बजाते फिरना)–बिना मतलब घूमना, आवारागर्दी करना. *(v)*–to wander about, to do nothing.

ڈنڈے کھیلنا ḍanḍe khelnā (डंडे खेलना)–डंडे से डंडा बजाने का खेल खेलना. *(v)*–to play with sticks.

ڈنڈوت ḍanḍvat (डंडवत)–किसी देवी-देवता या भगवान के आगे नतमस्तक होना, किसी के सामने सम्मान से झुकना. *(nf)*–prostration before an idol, salutation, bowing.

ڈنڈی ḍanḍī (डंडी)–तराज़ू के ऊपर लगी लकड़ी या लोहे की डंडी, कानों में पहना जाने वाला एक ज़ेवर, पुरुष का लिंग. *(nf)*–the beam (of a pair of scales), a hanfle, a staff, a lever, an ear-ring, male sex organ.

ڈنڈی دار ḍanḍī dār (डंडी दार)–तोलने वाला. *(nm)*–a weigh-man.

ڈنڈی مارنا ḍanḍī mārnā (डंडी मारना)–कम तोलना. *(v)*–to give short weight.

ڈِنر ḍinar (डिनर)–रात का भोजन, सोने से पहले का खाना. *(nm)*–a dinner, meals before sleep.

ڈنک ḍank (डंक)–साँप या किसी अन्य ज़हरीले कीड़े का डंक. *(nm)*–the sting (of a scorpion or wasp etc.).

ڈنک مارنا/لگانا ḍank mārnā/lagānā (डंक मारना/लगाना)–ज़हरीले साँप या किसी ज़हरीले कीड़े द्वारा किसी को डसना. *(v)*–to sting.

ڈنکا ḍankā (डंका)–बड़े ढोल को बजाने वाला डंडा, बड़ा ढोल, नगाड़ा, ड्रम. *(nm)*–a drum stick, a kettle-drum.

ڈنکا بجانا ḍankā bajānā (डंका बजाना)–बड़े आकार का ढोल बजाना, अपना अधिकार स्थापित करना, अपनी सत्ता का लोहा मनवाना, नाम करना, प्रसिद्धि पाना. *(v)*–to beat a drum, to exercise authority, to make a name for one's self, to rejoice.

ڈنکا بجنا ḍankā bajnā (डंका बजना)–प्रसिद्ध होना, चारों ओर प्रशंसा होना, कोई बड़ा काम करना, कोई बड़ी सफलता प्राप्त करना. *(v)*–to be famous, to be known all over.

ڈنکے کی چوٹ کہنا ḍanke kī coṭ kahnā (डंके की चोट कहना)–डंका बजा कर कोई घोषणा करना, डंके के साथ किसी चीज़ का प्रचार करना. *(v)*–to proclaim by beat of drum, to announce to the public.

ڈنگر ḍangar (डंगर)–पशु, जानवर, असभ्य, गंवार, मवेशी. *(nm)*–cattle, animals, unsocial, ignorant, stupid.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ڈوا ḍoā (डोआ)

ڈوا ḍoā (डोआ)–लकड़ी का बड़ा चमचा. *(nm)*–a large wooden spoon.

ڈوب ḍūb (डूब)–डूब जाना, डुबकी लगाना. *(nm)*–a dip, a dive, a plunge.

ڈوبا ḍobā (डोबा)–सियाही भरने के लिए कलम को दवात में डुबोना, किसी को नदी या तालाब में डुबकी लगवाना. *(nm)*–dip, dropping the pen in the inkpot to draw ink.

ڈوبتے کو تنکے کا سہارا ḍūbate ko tinke kā sahārā (डूबते को तिनके का सहारा)–जब व्यक्ति किसी मुश्किल में होता है तो किसी की थोड़ी सी सहायता बहुत लाभदायक होती है. *(prov)*–a drowning man catches at a straw.

ڈوب مرنا ḍūb marnā (डूब मरना)–पानी में डूबने से मृत्यु हो जाना. *(v)*–to drown oneself, to die by drowning.

ڈوب جانا ḍūb jānā (डूब जाना)–पानी में डूब जाना, किसी विचार में डूब जाना, पढ़ाई या व्यापार में डूब जाना, कारोबार में घाटा हो जाना. *(v)*–to sink, to drown, to be in deep thought, to be destroyed or wasted, to be absorbed (in business or study).

ڈوب مرنے کا مقام ہونا ḍūb marne kā mukām honā (डूब मरने का मुकाम होना)–शर्म की बात, अफ़सोस की बात. *(v)*–to be very shameful, to be a shame.

زبان ہی ہاتھی پر چڑھائے زبان ہی سر کٹائے **zabān hī hāthī par caṛāe zabān hī sar kaṭāe** (ज़बान ही हाथी पर चढ़ाए ज़बान ही सर कटाए)–यह आदमी की ज़बान ही है जो उसे सम्मानित या अपमानित करवाती है. *(prov)*–it is his tongue which bring a honour or dishonour to a man.

زبان شیریں ملک گیری **zabān shīrīn mulk gīrī** (ज़बान शीरीं मुल्क गीरी)–मीठी ज़बान से आदमी दूसरों का दिल जीतता है और सम्मान व राज्य प्राप्त करता है. *(prov)*– sweet tongue conquers the hearts and conquered hearts win a kingdom, soft words cost nothing.

زبانہ **zabānah** (ज़बानः)–मोमबत्ती की लौ, शोला. *(nm)*–a flame of a candle, a blaze.

زبانی **zabānī** (ज़बानी)–बिना लिखे, ज़बान से, याद किया हुआ. *(adj)*–verbal, oral, traditional, by word of mouth.

زبانی امتحان **zabānī imtihān** (ज़बानी इमतिहान)–बिना लिखे परीक्षा, बोल कर परीक्षा देना. *(nm)*–oral examination, oral test,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

verbal test.

زبانی جمع خرچ zabānī jamā kharc (ज़बानी जमा खर्च)–काम कम बातें ज़्यादा. *(nm)*–all talk and no substance, mere words.

زبانی حساب zabānī hisāb (ज़बानी हिसाब)–बिना लिखे हिसाब करना. *(nm)*–mental arithmatic.

زبدہ zubdah (ज़ुब्दः)–सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम, सब से बढ़िया, खुलासा, सार. *(nm)*–the best of anything, in brief, summary.

زبر zabar (ज़बर)–ऊपर, श्रेष्ठ, बढ़िया, बड़ा, ऊपरी हिस्सा, किसी अक्षर के ऊपर लगने वाला ज़बर (ُ) का निशान. *(nm)*–above, superior, greater, heavy, upper part, top.

زبر ہونا zabar honā (ज़बर होना)–किसी से श्रेष्ठ होना, किसी पर भारी पड़ना, बढ़त बनाना. *(v)*–to have the upper hand, to be better than others, to have an advantage.

زبردست zabardast (ज़बरदस्त)–शक्तिशाली, लड़ाड़ा, तेज़, दूसरों पर भारी पड़ने वाला, दूसरों से तेज़. *(adj)*– vigorous, violent, powerful, opp- ressive, tyrannical, harsh, over-bearing, superior.

زبردستی zabardastī (ज़बरदस्ती)–ताकत से, दूसरे की इच्छा के विरुद्ध. *(nf)*–violence, oppression, power- fulness.

زبرجد zabarjad (ज़बरजद)–बहुमूल्य हीरा. *(nm)*–a precious stone, a kind of emerald, a topaz.

زبون zabūn (ज़बून)–बुरा, नीच, कमीना, दुर्भाग्यशाली, मक्कार, असहाय, अस्थायी. *(adj)*–bad, evil, faulty, mean, unlucky, wicked, infirm, unfortunate, helpless.

زبونی zabūnī (ज़बूनी)–मक्कारी, चालाकी, कमज़ोरी, नीचता, कमीनापन, अपमान, निरादर. *(nf)*–wickedness, faultiness, weakness, helplessness, disgrace, meanness.

زٹل zaṭal (ज़टल)–मूर्ख, व्यर्थ की बात करने वाला, गप्पी, बातूनी. *(adj)*–nonsense, foolish, stupid, talkative, telling false stories, chattering.

زٹل باز zaṭalbāz (ज़टलबाज़)–गप्पी, बेवकूफी की बातें करने वाला, बेकार बैठने वाला, काम थोड़ा बातें ज़्यादा. *(adj)*–one who talks nonsense, a prattler, an idle talker.

زٹل ہانکنا zaṭal hānknā (ज़टल हांकना)–गप्पें हांकना, बेकार की बातें करना, निट्ठला बैठना, बेवकूफी की बातें करना. *(v)*–to talk nonsense, to tell false and idle stories, to chatter.

زٹلی zaṭalī (ज़टली)–व्यर्थ की बातें करने वाला, निट्ठला बैठने वाला, गप्पें हांकने वाला. *(adj)*–one who tells false and idle stories, an idle and nonsense talker.

زجاج zujāj (ज़ुजाज)–काँच, काँच की बोतल या फ़्लास्क. *(nm)*–a glass, a glass flask or bottle.

زجر zajar (ज़जर)–सख्ती से मना करना, डाँटना, धमकाना. *(nm)*–chiding, threatening, forbidding harshly.

زچ zic (ज़िच)–तंग, दुखी, परेशान. *(adj)*–teased, vexed.

زچ کرنا zic karnā (ज़िच करना)–तंग करना, परेशान करना, चिड़ाना, व्यंग्य करना. *(v)*–to tease, to vex, to annoy, to defeat, to checkmate.

زچ ہونا zic honā (ज़िच होना)–तंग आना, परेशान होना, दुखी होना, गरीब और कमज़ोर होना. *(v)*–to be teased, to be vexed, to be sick, to grow lean and poor.

زچہ zaccā (ज़च्चा)–बच्चे को जन्म देने वाली महिला, वह महिला जिसने बच्चे को जन्म दिया हो. *(nf)*–a lying in woman, a woman who has recently given birth to a child.

زچہ خانہ zaccākhānā (ज़च्चाखाना)–नर्सिंग होम, वह हस्पताल जहां बच्चों का जन्म होता हो. *(nm)*–nursing home, maternity home, maternity hospital.

زچگی zacgī (ज़चगी)–बच्चे को जन्म देने का कर्म. *(nm)*– maternity.

زحل zuhal (ज़ुहल)–शनि ग्रह. *(nm)*–the planet Saturn.

زحمت zahmat (ज़हमत)–तकलीफ़, दुःख, कष्ट, बीमारी, परेशानी, मुसीबत. *(nf)*–uneasiness of mind, trouble, pain, sickness, affliction, hardship.

زحمت اُٹھانا zahmat uṭhānā (ज़हमत उठाना)–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कष्ट उठाना, दुःख भोगना, मुसीबत झेलना, परेशानी उठाना, मुश्किल में पड़ना. *(v)*–to endure, to undergo hardship, to be in trouble, to do hard work.

زخار zakhār (ज़ख़ार)–पानी का किनारों से बाहर बहना, ऊपर तक भर जाना, समुद्र के पानी का उछालमारना. *(adj)*–overflowing, full to the brim, raging (the sea).

زخم zakhm (ज़ख़्म)–घाव, चोट, हानि, अपमान, खरोंच. *(nm)*–a wound, a sore, a cut, a gash, loss, damage, fracture, insult.

زخم بھر جانا zakhm bhar jānā (ज़ख़्म भर जाना)–ज़ख़्म या चोट का ठीक हो जाना. *(v)*–healing up of the wound.

زخم پر نمک چھڑکنا zakhm par namak chiṛaknā (ज़ख़्म पर नमक छिड़कना)–दुखी आदमी को ताने मारना, दुखी को और दुखी करना, परेशान व्यक्ति पर व्यंग्य कसना. *(v)*–to afflict a afflicted person.

زخم پکنا zakham paknā (ज़ख़्म पकना)–ज़ख़्म का बिगड़ जाना, ज़ख़्म में पीव (पस) पड़ जाना. *(v)*–to suppurate.

زخم کاری zakhm-e kārī (ज़ख़्म-ए कारी)–गहरा ज़ख़्म, प्राणघातक ज़ख़्म. *(nm)*–a very grave injury, a mortal wound, a fatal blow.

زخم کرنا zakhm karnā (ज़ख़्म करना)–चोट करना, किसी हथियार से प्रहार करना. *(v)*–to wound, to injure.

زخمہ zakhmah (ज़ख़्मः)–संगीत के वाद्य-यंत्र वीणा (गिटार) के तारों को खींचने वाला यंत्र. *(nm)*–plectrum of a guitar, an instrument for plucking strings of a musical instrument guitar.

زخمی zakhmī (ज़ख़्मी)–जिस को ज़ख़्म लगा हो, जिस को चोट लगी हो, घायल. *(adj)*–wounded, hurt, injured.

زخمی کرنا zakhmī karnā (ज़ख़्मी करना)–चोट पहुँचाना, घायल करना, किसी हथियार से प्रहार करना, हत्या का प्रयास करना. *(v)*–to injure, to stab, to attempt to murder.

زد zad (ज़द)–निशाने पर होना, सीमा, पहुँच, हानि, नुक्सान, घाटा. *(nf)*–object aimed at, target, range, king, bating, blow, loss, damage.

زد پڑنا zad paṛnā (ज़द पड़ना)–निशाने पर होना, प्रभावित होना, घाटा उठाना, हानि सहना. *(v)*–to get affected, to suffer a loss.

زد میں ہونا zad main honā (ज़द में होना)–निशाने की सीमा में होना. *(v)*–to be within range.

زد و کوب zad-o kob (ज़द-ओ कोब)–लताड़ना, मारना, पीटना, अपमान करना. *(nf)*– assaulting and beating, thrashing.

زدہ zadah (ज़दः)–किसी शब्द के साथ लग कर अर्थ प्रकट करता है जैसे مصیبت زدہ मुसीबत का मार हुआ, غم زدہ ग़म का मारा हुआ. *(adj)*–struck, stricken, beaten, oppressed, (used in compos. as in مصیبت زدہ *musibat zadah*, afflicted.

زر zar (ज़र)–सोना, धन, दौलत, सम्पत्ति, जायदाद. *(nm)*–gold, riches, money, wealth.

زر اصل zar-e asl (ज़र-ए अस्ल)–शुद्ध सोना, मूल धन. *(nm)*–pure gold, principal sum.

زر افشاں zar-e aphshān (ज़र-ए अफशां)–दान, भेंट में दिया धन. *(adj)*–charitable, bountiful, lustrous.

زر امانت zar-e amānat (ज़र-ए अमानत)–अमानत के रूप में जमा करवाया गया धन. *(nm)*–deposit money, trust money.

زر باف zar-e bāf (ज़र-ए बाफ़)–सोने के धागे का काम करने वाला, कढ़ाई करने वाला. *(nm)*–one who works in gold thread, embroiderer, brocade, gold tissue.

زر بافی zar-e bāfī (ज़र-ए बाफ़ी)–कढ़ाई का काम, सोने की तारों से कढ़ाई करना. *(nf)*–embroidery, weaving in gold.

زر بفت zar baft (ज़र बफ़्त)–किमख़ाब, ज़रीदार या बूटेदार कपड़ा. *(nm)*–brocade.

زر بیعانہ zar-e baiyānā (ज़र-ए बैयाना)–किसी सौदे को पक्का करने के लिए दी जाने वाली अग्रिम राशि. *(nm)*– earnest money.

زر پیشگی zar-e peshgī (ज़र-ए पेशगी)–किसी काम के लिए दी जाने वाली अग्रिम राशि. *(nm)*–advance money.

زر خرید zar-e kharīd (ज़र-ए ख़रीद)–धन से खरीदी गई वस्तु. *(adj)*–purchased with money.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

زرخیز zarkhez (ज़रख़ेज़)–उपजाऊ, जहां पैदावार अच्छी होती हो. *(adj)*–productive, fertile.

زرخیزی zarkhezī (ज़रख़ेज़ी)–उपजाऊपन, धरती का उपजाऊ होना. *(nf)* – fertility, productiveness.

زردار zardār (ज़रदार)–धनी, अमीर, मालदार, पैसे वाला. *(adj)*–wealthy, rich.

زردوز zardoz (ज़रदोज़)–जो कढ़ाई का काम करता हो. *(nm)*–one who embroiders.

زردوزی zardozī (ज़रदोज़ी)–कढ़ाई का काम. *(nf)*–embroidery.

زرکوب zar kob (ज़र कोब)–सोने को कूटने वाला, जो लोग सोने चाँदी के वरक बनाते हैं वे सोने चाँदी को हथौड़े से कूटते हैं जिस से सोना चाँदी बहुत बारीक कागज़ की शक्ल का हो जाता है. *(nm)*–gold beater.

زرگر zargar (ज़रगर)–सुनार, सोने चाँदी का काम करने वाला. *(nm)*–a gold smith.

زرگری zargarī (ज़रगरी)–सोने चाँदी का व्यापार. *(nf)*– business of a gold smith.

زرگل zar-e gul (ज़र-ए गुल)–पीले रंग का फूल, पराग. *(nm)*–pollen, the yellow anther dust.

زر لگان zar-e lagān (ज़र-ए लगान)–लगान के रूप में प्राप्त किया जाने वाला धन. *(nm)*–land revenue.

زر مطالبہ zar-e mutālabah (ज़र-ए मुतालबः)–उधर दी गई राशि, माँगी गई राशि. *(nm)*–claims, demands, debts.

زر معاوضہ zar-e muāviz (ज़र-ए मुआविज़ः)–हरजाने की रकम. *(nm)*–compensation.

زر منافع zar-e munāphah (ज़र-ए मुनाफः)–लाभ की रकम, बचत की रकम, आय से प्राप्त होने वाली रकम. *(nm)*– profits, income, savings.

زر نقد zar-e nakad (ज़र-ए नक़द)–नक़द रकम, रोकड़ा. *(nm)*– cash, ready money.

زرنگار zarnigār (ज़रनिगार)–सुनहरे रंग का, सोने का पानी चढ़ा हुआ. *(nm)*–gilt, gilded.

زرنگاری zarnigārī (ज़रनिगारी)–सोने का पानी चढ़ाना. *(nf)*–gilding, gold plating.

زر یافتی zar-e yāftī (ज़र-ए याफ़्ती)–प्राप्त की जाने वाली रकम, उधार, कर्ज़. *(nf)*–amount of money to be received, demands, outstanding.

زراعت zarāat (ज़राअत)–खेती-बाड़ी, कृषि, फसल उगाना. *(nm)*–agriculture, tillage, tilling, husbandry, crop.

زراعت پیشہ zarāat peshā (ज़राअत पेशा)– खेती-बाड़ी करने वाला, फसल उगाने वाला. *(nm)*–an agriculturist, a cultivator.

زراعتی zarāatī (ज़राअती)–खेती-बाड़ी से म्बन्धित, खेती-बाड़ी के बारे में. *(adj)*–agricultural.

زراف zarrāf (ज़र्राफ़)–लम्बी गरदन वाला एक पशु. *(nm)*– giraffe, an animal having long neck.

زرد zard (ज़र्द)–पीला. *(adj)*–yellow, pale.

زرد آلو zard ālū (ज़र्द आलू)–एक फल, खूबानी. *(nm)*–a fruit, apricot.

زرد پڑنا zard paṛnā (ज़र्द पड़ना)–भयभीत हो जाना, भय से रंग पीला पड़ जाना, कमज़ोर हो जाना. *(v)*–to turn pale, to become weak and feeble.

زرد چوب zard cob (ज़र्द चोब)–हल्दी. *(nf)*–turmeric.

زرد رنگ zard rang (ज़र्द रंग)–पीला रंग, शर्मसार. *(nm)*– yellow colour. *(adj)*–bashful.

زرد رو zard rū (ज़र्द रू)–शर्मसार, शर्मिंदा. *(adj)*–bashful, ashamed.

زردہ zardah (ज़र्दः)–एक मीठा खाद्य पदार्थ जो चावलों से बनता है, चबाने वाला तम्बाकू. *(nm)*–a sweet dish made of rice, chewing tobacco.

زردی zardī (ज़र्दी)–पीलापन, अंडे की ज़र्दी, पांडु रोग, पीलिया. *(nm)*–yellowness, paleness, yolk of an egg, jaundice.

زرق برق zark bark (ज़र्क बर्क)–चमक, तड़क-भड़क, दिखावा, बादल की गरज और कड़क. *(nf)*–glitter, glare, splendour, show, thunder and lightning.

زرہ zirah (ज़िरह)–कवच, लोहे के ज़ंजीरों और छल्लों से बना कवच. *(nf)*–chain armour, iron armour made with rings.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

زرہ پوش jirahposh (जिरहपोश)–जिसने कवच पहन रखा हो. *(adj)*–a person in armour.

زری zarī (ज़री)–कपड़ा जिस पर सोने के धागे से कढ़ाई की गई हो, सोने के धागे से बेल बूटे बनाए गए हों. *(nm)*–anything woven with gold threads, gold brocade.

زری باف zarī bāf (ज़री बाफ़)–सोने के धागे से कढ़ाई करने वाला. *(nm)*–a gold-lace worker.

زریں zarīn (ज़रीं)–सुनहरा या सोने का. *(adj)*–golden, made of gold.

زریں مرغ zarīn murg (ज़रीं मुर्ग)–एक पक्षी का नाम, सूर्य. *(adj)*–the name of a bird, the Sun.

زریں موقعہ zarīn maukā (ज़रीं मौक़ा)–सुनहरी अवसर, ऐसा अवसर जो बार बार नहीं आता. *(nm)*–a golden opportunity.

زرینہ zarīnah (ज़रीनः)–सुनहरी, सोने का, सोने से बनी हुई चीज़ें. *(adj)*–golden, of gold, *(nm)*–things made of gold.

زِشت zisht (ज़िश्त)–बदसूरत, बदशक्ल, बदनुमा, भद्दा, भौंडा. *(adj)*–ugly, deformed, inhuman.

زِشت خو zisht khū (ज़िश्त ख़ू)–बुरी आदत वाला, बुरे स्वभाव वाला. *(adj)*–of ugly habits, of bad behaviour, ugly disposition.

زِشت رو zisht rū (ज़िश्त रू)–बदशक्ल, बदसूरत. *(adj)*– ugly, repulsive to sight, unpleasing.

زِشتی zishtī (ज़िश्ती)–बदसूरती, बदशक्ली, असुन्दरता. *(nf)*–ugliness, repulsiveness, indecency.

زعفران zaafarān (ज़अफ़रान)–पीले रंग का एक खुशबूदार फूल, केसर. *(nf)*–saffron.

زعفرانی zaafarānī (ज़अफ़रानी)–केसर के रंग का, पीले रंग का, केसर से बनी हुई कोई वस्तु. *(adj)*–saffron coloured, yellow, of saffron, *(nm)*–yellow colour.

زعم zuam (ज़ुअम)–अहंकार, घमंड, गुरूर. *(nm)*–assertion, presumption, opinion, arrogance, pride, vanity.

زعما zuamā (ज़ुअमा)–'ज़अीम' का बहुवचन, नेता, सम्मानित व्यक्ति, श्रेष्ठ व्यक्ति, मुखिया, प्रधान. *(nm)*–plural of زعیم *za'im*, leaders, top-ranking men.

زعیم zaaīm (ज़अीम)–नेता, मार्ग दर्शक. *(nm)*–a leader.

زغند/زقند zagand/zakand (ज़गंद/ज़क़ंद)–छलांग, उछाल, कूद. *(nf)*–a jump, leap, spring.

زفاف zifāf (ज़िफ़ाफ़)–दुलहन का अपने पति के घर जाना. *(nm)*–taking a bride to her husbans's house.

زقوم zakūm (ज़क़ूम)–थूहर, एक काँटेदार पौधा जिसका स्वाद बहुत कड़वा होता है. *(nm)*–cactus, a thorny or prickly plant, having very bitter taste.

زک zak (ज़क)–हार, अपमान, चोट, कष्ट, दुःख, ज़िल्लत, शर्मिंदगी, नुक्सान, टोटा, हानि. *(nm)*–defeat, repulse, insult, injury, affront, loss, damage.

زک اُٹھانا zak uṭhānā (ज़क उठाना)–पराजित होना, अपमानित होना, नुक्सान उठाना, घाटा उठाना, दुःखी होना, कष्ट भोगना. *(v)*–to be defeated, to suffer a loss, to be insulted.

زک دینا zak denā (ज़क देना)–पराजित करना, नुक्सान पहुँचाना, अपमानित करना, दुःखी करना, कष्ट देना. *(v)*–to defeat, to put to shame, to insult, to damage.

زکا zakā (ज़का)–शुद्धता, पवित्रता. *(nf)*–purity, piety.

زُکام zukām (ज़ुकाम)–एक बीमारी जो नाक और गले में खराश पैदा करती है, नाक से मवाद बहने लगता है और छींकें आने लगती हैं. *(nm)*–rheum, catarrh, cold.

زکاوت zakāvat (ज़कावत)–शुद्धता, पवित्रता, सच्चाई, नेक राह. *(nf)*–intelligence, ingenuity, probity, purity.

زکواۃ zakāt (ज़कात)–दान, खैरात, सदक़ा. हर इंसान के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा गरीबों को दान करे. *(nf)*–alms and charity (*sadqa*), some part of annual profits or income to be given in charity to the poor and deserving people.

زکی zakī (ज़की)–एक नेक और पवित्र आत्मा जो अपनी नेक कमाई से हर साल गरीबों को दान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

زلال zulal (ज़ुलाल)

(सदक़ा) देता है. *(adj)*–pure, pious, virtuous, *(nm)*– one who regularly pays *zakat* (charity).

زلال zulal (ज़ुलाल)–शुद्ध पानी, साफ पानी, ताज़ा और मीठा पानी. *(adj)*–pure, wholesome (water), limpid, clear, lucid.

زلزلہ zalzalā (ज़लज़ला)–भूकंप, ऐसा जोरदार झटका जिससे सारी ज़मीन हिल जाती है और जानो माल का बहुत नुक्सान होता है. *(nm)*–an earthquake.

زلزلہ پیما zalzalā paimā (ज़लज़ला पैमा)–भूकंप की तीव्रता मापने का यंत्र. *(nm)*–seismometer, seismograph.

زلف zulf (ज़ुल्फ़)–लहराते हुए लम्बे बाल, बल खाते हुए बाल. *(nf)*–a curling lock of hair hanging over the temple or ear, ringlet.

زلف پریشاں zulf-e pareshān (ज़ुल्फ़-ए परेशां)–*(nf)*–dishevelled locks.

زلف تابدار zulf-e tābdār (ज़ुल्फ़-ए तावदार)–चमकीले घुंघराले बाल. *(nf)*–lustrous curling locks.

زلف دراز zulf-e darāz (ज़ुल्फ-ए दराज़)–लम्बी ज़ुल्फें, लम्बे घुंघराले बाल. *(nf)*–long locks.

زلفی zulfī (ज़ुल्फ़ी)–वह ज़ंजीर जिस से दरवाज़े को बंद किया जाता है. *(nm)*–the chain by which a door is fastened.

زلہ zalla (ज़ल्ला)–वह खाना जो मेहमान दावत से अपने साथ घर ले जाते हैं, बचा हुआ खाना. *(nm)*–victuals carried home by the guests from an entertainment, leavings of food.

زلہ ربا zalla rubā (ज़ल्ला रुबा)–बचा खुचा खाना खाने वाला, बटोरने वाला. *(adj)*–gleaner, crumb eater.

زمام zamām (ज़माम)–बाग, घोड़े की लगाम, नकेल. *(nf)*–rein, briddle.

زمام اقتدار zamāme iktidār (ज़मामे इक़्तिदार)–सत्ता, सत्ता की बागडोर, हुकूमत, ताकत. *(nm)*–reins of power.

زمان zamān (ज़मान)–समय, ज़माना, काल. *(nm)*–time, age.

زمان و مکان zamāno makān (ज़मानो मकान)–समय और स्थान. *(nm)*–time and space.

زمانہ zamānā (ज़माना)–समय, युग, मौसम, दुनिया, संसार. *(nm)*– time, age, period, season, the world.

زمانہ دیکھنا zamānā dekhnā (ज़माना देखना)–दुनिया की परख करना, दुनिया का अनुभव प्राप्त करना, दुनिया की ऊँच-नीच देखना. *(v)*–to see the way of the world, to get experience of life.

زمانہ ساز zamānā sāz (ज़माना साज़)–जिसने दुनिया देख रखी हो, दुनिया का अनुभव प्राप्त किया हो, चतुर, चालाक, अनुभवी, निपुण, समय के अनुसार चलने वाला. *(nm)*–a time-server, a turn coat, experienced, expert.

زمانہ سازی zamānā sāzī (ज़माना साज़ी)–दुनिया का अनुभव प्राप्त करना, समय के साथ अपने को बदल लेना, चतुराई, चालाकी, निपुणता, अवसरवादिता. *(nm)*– time serving, turning with the tide, experience, efficiency.

زمرد zumurud (ज़ुमुरुद)–हरे रंग का एक कीमती पत्थर, पन्ना, मरकत मणि. *(nm)*–an emerald.

زمردیں zumurudīn (ज़ुमुरुदीन)–पन्ना के रंग की वस्तु, हरे रंग की वस्तु. *(adj)*–of the colour of an emerald.

زمرہ zumrā (ज़ुमरा)–गिरोह, जत्था, भीड़, हुजूम, फौज. *(nm)*–a troop, a group, crowd, multitude, army.

زم زم zamzam (ज़मज़म)–मक्का में एक कुआं जिसे बहुत पवित्र माना जाता है. जो लोग हज को जाते हैं वे इस कुएं पर अवश्य जाते हैं. *(nm)*–a sacred well in Mecca.

زمزمہ zamzamah (ज़मज़मः)–गीत, गाना, नग्मा, धीमे स्वर में गीत गाना. *(nm)*–singing, chanting, modulation, a concert.

زمزمہ پرداز zamzamā pardāz (ज़मज़मा परदाज़)–गायक, गीत गाने वाला. *(adj)*–singer.

زمستان zamistān (ज़मिस्तान)–शीतकाल, सर्दियों का मौसम. *(nm)*–winter.

زمن zaman (ज़मन)–समय. *(nm)*–time, age, period..

زمہریر zamharīr (ज़महरीर)–ठंडा, बिलकुल ठंडा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nm)–cold, intense cold, chilled.

زمین zamīn (ज़मीन)–धरती, भूमि, मैदान, मिट्टी, प्रदेश, देश. *(nf)*–the earth, ground, soil, land, a region, country.

زمین آسمان کا فرق zamīn āsmān kā fark (ज़मीन आसमान का फ़र्क़)–बहुत अन्तर होना, बिलकुल भिन्न होना. *(nm)*–a world of difference, a great difference.

زمین آسمان کے قلابے ملانا zamīn āsmān ke kulābe milānā (ज़मीन आसमान के क़ुलाबे मिलाना)–अति करना, सीमा से बाहर की बात करना, असंभव को संभव बनाने की कोशिश करना. *(v)*–to exaggerate to the extreme, to try to do the impossible, to leave no stone unturned.

زمین بوس ہونا zamīnbos honā (ज़मीनबोस होना)–ज़मीन तक झुकना, धरती को चूमना, विनम्रता प्रदर्शित करना. *(v)*–to make a profound bow, to kiss the ground, to show great humility.

زمین بیٹھنا zamīn baiṭhnā (ज़मीन बैठना)–ज़मीन का धंस जाना, ज़मीन का बैठ जाना. *(v)*–sinking of the ground.

زمین پیروں تلے سے نکل جانا zamīn pairon tale se nikal jānā (ज़मीन पैरों तले से निकल जाना)–अचंभित रह जाना, हैरान हो जाना, चकित हो जाना. *(v)*–to be surprised, to be astonished, to be shocked.

زمین پر پاؤں نہ ٹکنا zamīn par pānv na ṭiknā (ज़मीन पर पाँव न टिकना)–बहुत प्रसन्न होना, गर्व महसूस करना, घमंड हो जाना. *(v)*–be greatly elated, sturt about proudly or joyfully.

زمین پکڑنا zamīn pakaṛnā (ज़मीन पकड़ना)–गिरने के बाद फिर न उठना. *(v)*–not to get up after fall.

زمین پھٹے اور سما جاؤں zamīn phaṭe aur samā jāūn (ज़मीन फटे और समा जाऊँ)–बहुत अपमानित महसूस करना. *(prov)*– feeling much humiliated.

زمین پیمائی zamīn paimāī (ज़मीन पैमाई)–ज़मीन की पैमाइश करना, ज़मीन का हिसाब रखना. *(nf)*–land survey.

زمین پر چڑھنا zamīn par caṛnā (ज़मीन पर चढ़ना)–ऊँचाइयाँ प्राप्त करना, सफल होना, उन्नति करना, महारत हासिल करना, अनुभव प्राप्त करना, किसी काम में निपुण होना. *(v)*–to gain, to succeed, to be expert, to be trained, to be experienced.

زمین خالصہ zamīn khālisā (ज़मीन खालिसा)–सरकारी ज़मीन, ऐसी ज़मीन जिसका सब लोग उपयोग कर सकते हों. *(nm)*–crown land.

زمین دار zamīndār (ज़मीनदार)–जिसके पास ज़मीन हो, ज़मीन का स्वामी, बड़ा किसान. *(nm)*–a land holder, a landlord, a big cultivator of land.

زمین داری zamīndārī (ज़मीनदारी)–खेती की ज़मीन, जागीरदारी, ज़मीन पर अधिकार. *(nf)*–landed property, land held by a *zamindar*, an estate, landlordship.

زمین دوز zamīndoz (ज़मीनदोज़)–ज़मीन के नीचे, कब्र में, मिट्टी के नीचे, धरातल से नीचे. *(nf)*–level with the ground, under- ground, subterranean.

زمین دوز ہونا zamīn doz honā (ज़मीन दोज़ होना)–मिट्टी में मिल जाना, जमीन में दब जाना, जमीन में दफन होना, कब्र में समा जाना. *(v)*–to be under-ground, to be buried in a grave.

زمین دیکھنا zamīn dekhnā (ज़मीन देखना)–नज़रें नीची होना, शर्म से गरदन झुक झाना, अपने आप को अपमानित महसूस करना. *(v)*–to be ashamed, to be humiliated.

زمین شناس zamīn shinās (ज़मीन शिनास)–ज़मीन के बारे में सब कुछ जानने वाला, ज़मीन का विशेषज्ञ. *(nm)*– geologist.

زمین غیر مزروعہ zamīn-e gair mazrūā (ज़मीन-ए गैर मज़रूआ)–बेकार ज़मीन, अनुपजाऊ धरती, वह ज़मीन जिस पर कुछ भी पैदा न होता हो. *(nf)*–waste and uncultivated land.

زمین کا پیوند ہونا zamīn kā paivand honā (ज़मीन का पैवन्द होना)–मिट्टी में मिल जाना, मर जाना. *(v)*–to mingle with the dust, to die.

زمین کا گز zamīn kā gaz (ज़मीन का गज़)–यात्री, चलने फिरने वाला, घुमक्कड़. *(nm)*–a traveller, a wanderer.

زمین کھا گئی یا آسمان zamīn khā gaī yā āsmān (ज़मीन खा गई या आसमान)–आश्चर्य! आखिर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

...न चीज़ कहाँ गायब हो गई! *(prov)*–it is very strange, how it has disappeared.

زمین مرہونہ zamīn marhūnā (ज़मीन मरहूना)–गिरवी रखी हुई भूमि. *(nf)*–mortgaged land.

زمین مزروعہ zamīn mazrūā (ज़मीन मज़रूआ)–जिस ज़मीन पर खेती की जाती हो. *(nf)*–cultivated land, the land under cultivation.

زمین میں گڑ جانا zamīn main gaṛ jānā (ज़मीन में गड़ जाना)–शर्मसार होना, शर्मिंदा होना. *(v)*–to be ashamed.

زمینی zamīnī (ज़मीनी)–ज़मीन से सम्बन्धित, ज़मीन पर रहने वाले जीव, बुनियादी. *(adj)*–earthly.

زمینی سچائی zamīnī sacāī (ज़मीनी सचाई)–वास्तविक सचाई, असली हालत. *(nm)*–basic reality, established truth.

زن zan (ज़न)–औरत, बीवी, पत्नी, रखैल. *(nf)*–a woman, wife, life-partner.

زن مدخولہ zan madkhūlā (ज़न मदख़ूला)–वह औरत जो बिना विवाह किये किसी मर्द के साथ रहे, रखैल. *(nf)*–concubine, keep.

زن مرید zan murīd (ज़न मुरीद)–पत्नी-भक्त, पत्नी की आज्ञा को मानने वाला. *(adj)*–hen-pecked.

زن منکوحہ zan mankūhā (ज़न मनकूहा)–विवाहित औरत, पत्नी. *(nm)*– a married woman, a lawful wife.

زن و فرزند zan-o pharzand (ज़न-ओ फ़रज़ंद)–पत्नी और बच्चे, परिवार. *(nm)*–wife and children, the entire family.

زنا (ज़िना)–सम्भोग, स्त्री-पुरुष का आपस में सेक्स करना. *(nm)*– dultery, fornication, sexual intercourse.

زنا بالجبر zinā biljabra (ज़िना बिलजब्र)–बलात्कार, स्त्री के साथ ज़बरदस्ती सम्भोग. *(nm)*–rape, forcible violation of womanhood, sexual intercourse with a woman against her wishes, ravishment.

زنا زادہ zinā zāda (ज़िना ज़ादा)–बदमाश व्यक्ति, बुरे आचरण वाला, बलात्कार के परिणाम स्वरूप पैदा हुआ बच्चा. *(nm)*–a bastard, child born as a result of rape.

زناکار zinākār (ज़िनाकार)–ज़िना करने वाला, किसी स्त्री के साथ ज़बरदस्ती सम्भोग करने वाला. *(nm)*–an adulterer, fornicator, one who has forcible sexual intercourse with a woman.

زناکاری zinākārī (ज़िनाकारी)–बलात्कार, पर स्त्री के साथ सम्भोग, वेश्यावृत्ति. *(nf)*–adultery, illict intercourse, harlotry, fornication, forcible sexual intercourse, extra-martial relations.

زناٹا zannāṭā (ज़न्नाटा)–तेज़ गति से होने वाला कर्म. *(nm)*– zoom.

زناٹے سے zannāṭe se (ज़न्नाटे से)–तेज़ गति से, तेज़ी से. *(adv)*–with a zoom, swiftly.

زنار zunār (ज़ुनार)–वह पवित्र धागा जो हिन्दू गले और बगल के बीच डाले रहते हैं, जनेऊ. *(nm)*–the sacred thread worn by the Hindus, *janeyu*.

زنار بند/زنار دار zunārband, zunārdār (ज़ुनारबंद, ज़ुनारदार)–वह व्यक्ति जिसने पवित्र धागा पहन रखा हो. *(nm)*–one who wears the sacred thread.

زنار بندی zunārbandī (ज़ुनारबंदी)–पवित्र धागा (जनेऊ पहने की रस्म. *(nf)*–a ceremony at the time wearing the sacred thread *(janeyu)*.

زناشوئی zinā shoī (ज़िना शोई)–पति-पत्नी का रिश्ता, पति-पत्नी के आपसी सम्बन्ध. *(nf)*–relationship of wife and husband.

زنانہ zanānā (ज़नाना)–स्त्री लिंग, ज़नाना डिब्बा, वह व्यक्ति जो स्त्रियों की तरह व्यवहार करे, हिजड़ा, नामर्द, वह व्यक्ति जो किसी स्त्री के साथ सम्भोग न कर सकता हो. *(adj)*– feminine, *(nm)*–the female apartment, the seraglio, eunuch.

زنبور zambūr (ज़म्बूर)–भिड़, शहद की मक्खी, वह यंत्र जिस से मेखें निकाली जाती हैं, दांत निकालने का यंत्र, छोटी तोप जो बादशाह यात्रा करते समय भी अपने साथ रखते थे. *(nm)*–a wasp, a hornet, a bee, pincers, a small gun carried by kings while travelling.

زنبورہ zambūrā (ज़म्बूरा)–बड़ी शहद की मक्खी, भिड़, एक छोटी तोप. *(nm)*–a large bee, a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

hornet, a small canon.

زنبیل zambīl (ज़ंबील)–टोकरी, पर्स, बटुआ. *(nf)*–a basket, a wallet, a purse.

زنجبیل zazbīl (ज़जबील)–सूखा अदरक. *(nf)*–dry ginger.

زنجیر zanzīr (ज़ंजीर)–लोहे के छल्लों से बनी ज़ंजीर, गले में पहनने की सोने की बनी ज़ंजीर. *(nf)*–a chain, a necklce.

زنجیر کرنا zanzīr karnā (ज़ंजीर करना)–किसी को ज़ंजीरों में जकड़ना. *(v)*–to chain, to fatter, to shackle.

زنجیر کھٹکھٹانا zanzīr khaṭkhaṭānā (ज़ंजीर खटखटाना)–दरवाज़े की कुडी खटखटाना, दस्तक देना. *(v)*–to knock at the door.

زنخ/زنخ دان zanakh/zanakhdān (ज़नख/ज़नखदान)–ठोड़ी, ठोड़ी में पड़ने वाला गड्ढा. *(nf)*–the chin, the pit in the chin.

زنخا zankhā (ज़न्खा)–नामर्द, नपुंसक, हिजड़ा, जो स्त्री के साथ सम्भोग न कर सकता हो. बुज़दिल. *(nm)*– an effeminate person, impotent, eunuch, a coward.

زندان zindān (ज़िंदान)–कैदखाना, जेल, कारागार, अपराधियों को बंदी बना कर रखने की जगह. *(nm)*–a prison, a jail.

زندانی zindānī (ज़िंदानी)–कैदी, जेल में बंद, पराधीन. *(nm)*–a prisoner, a captive.

زندقہ zindakah (ज़िन्दकः)–नास्तिक, ईश्वर को न मानने वाला, धर्म पर विश्वास न करने वाला. *(nm)*–impiety, unbelief, heresy, atheism.

زندگانی zindgānī (ज़िंदगानी)–जीवन, ज़िन्दगी, उम्र, आयु. *(nf)*–life, living, livelihood.

زندگی zindagī (ज़िन्दगी)–जीवन, उम्र, आयु. *(nm)*–life, living, existence.

زندگی تلخ ہونا zindagī talakh honā (ज़िन्दगी तलख़ होना)–ज़िन्दगी से तंग आ जाना, ज़िन्दगी से दुखी हो जाना, जीवन में बहुत कष्ट होना. *(v)*–to be sick of life.

زندگی سے تنگ آنا zindagī se tang ānā (ज़िन्दगी से तंग आना)–दुखी हो जाना. *(v)*–to be tired of life.

زندہ zindā (ज़िन्दा)–जीवित, सुरक्षित. *(adj)*–living, alive.

زندہ دل zindā dil (ज़िन्दा दिल)–प्रसन्न-चित्त, हर्षित, खुश, सदा प्रसन्न रहने वाला. *(adj)*–cheerful, lively, gay, mirthful.

زندہ دلی jindā dilī (जिन्दा दिली)–प्रसन्नता, हर्ष, खुशी. *(nf)*– cheerfulness, gaiety.

زندہ درگور zindā dar gor (ज़िन्दा दर गोर)–जीवित कब्र में दफन हो जाना, अर्द्ध-मृत, मृत प्रायः, कष्टमय जीवन व्यतीत करना, दुःख भोगने वाला. *(adj)*–half dead, as good as dead, leading an unpleasant and difficult life.

زندہ کرنا zindā karnā (ज़िन्दा करना)–जीवित करना, जीवन देना, प्राण फूंकना. *(v)*–to bring to life, to restore to life.

زندیق zindīk (ज़िन्दीक़)–नास्तिक, जिसे ईश्वर पर विश्वास न हो, काफिर, आग की पूजा करने वाला. *(nm)*–an infidal, a fire worshipper, a follower of Zoroaster, an unbeliever.

زنگ zang (ज़ंग)–खुली हवा में पड़े रहने से लोहे पर ज़ंग का लगना, छोटे आकार की घंटी. *(nm)*–rust, a small bell.

زنگ آلودہ jang ālūdā (जंग आलूदा)–ज़ंग लगा हुआ, ज़ंग से प्रभावित. *(nm)*–rusty, covered with rust.

زنگ لگنا zang lagnā (ज़ंग लगना)–खुली हवा में पड़ा रहने से लोहे पर ज़ंग की परत चढ़ना. *(v)*–to become rusty.

زنگار zangār (ज़ंगार)–ज़ंग, तांबे का ज़ंग, नीला थोथा जो तांबे, आक्सीजन और गंधक से मिल कर बनता है, आईने के पीछे लगने वाला पेंट. *(nm)*–verdigris, paint on mirror's reverse, rust.

زنگاری zangārī (ज़ंगारी)–तांबे के रंग का, ज़ंग के रंग का, भूरा रंग, हरा रंग. *(adj)*–rust coloured, of the colour of verdigris, green.

زنگی zangī (ज़ंगी)–एथोपिया का रहने वाला, नीग्रो, हब्शी. *(nm)*–an Ethiop or Ethiopian, an inhabitant of Ethiopia, a negro, a moor.

زنہار zinhār (ज़िन्हार)–नहीं, कभी नहीं, किसी तरह भी नहीं, किसी क़ीमत पर नहीं. *(adv)*–on no

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

account, by no means, never.

زوال zavāl (ज़वाल)–पतन, गिरावट, अवनति, ...लता, कमी, सूर्य का अस्त होना, गिरना, बालों ...ड़ना, ह्रास. *(nm)*–decline, declination, ...cessation. wane, wretchedness, setting ...the sun, decaying, failure, fall.

زوال پذیر javāl pazīr (जवाल पज़ीर)–घटने वाला, ...होने वाला, गिरावट की ओर, अवनति की ... *(adj)*– declining, decaying, fading, ...atory.

زوائد zavāyad (ज़वायद)–(ज़ायद) का बहुवचन, ...ती, अधिकता, बहुतायत. *(nm)*– plural of ...zā'd, additions, superfluities, ...entations.

زوج zauj (ज़ौज)–विवाहित जोड़ा, पति, ख़ाविंद. ...–a couple, a pair, spouse, husband, ...sort.

زوجہ zaujā (ज़ौजा)–श्रीमती, पत्नी, बीवी. *(nf)*–a ...life-partner.

زوجیت zaujiyat (ज़ौजियत)–विवाह, शादी. *(nf)*– ...married state.

حقوق زوجیت hukūk-e zojiyat (हुक़ूक़-ए ...)–पति-पत्नी के रिश्ते के अधिकार. ...–conjugal rights.

زود zūd (ज़ूद)–तुरन्त, अभी, शीघ्र, जल्दी. *(adv)*– ...ly, soon, swiftly, suddenly.

زود آشنا zūd-āshnā (ज़ूद-आश्ना)–बहुत शीघ्र ...कर लेने वाला, परायों को अपना बना लेने ... *(adj)*–quick in developing ...dship.

زود پشیمان zūd-pashemān (ज़ूद-पशेमान)–बहुत ...अपनी गलती को मान लेने वाला, बहुत जल्दी ...पश्चात्ताप करने वाला. *(adj)*–repenting very ...

زود رنج zūd ranj (ज़ूद रंज)–जल्दी नाराज़ होने ...जल्दी गुस्सा हो जाने वाला, भावुक. *(adj)*– ...itive, touchy.

زود فہم zūd phaham (ज़ूद फहम)–जल्दी से समझ ...लेने वाला, तेज दिमाग़ वाला, चतुर, निपुण. ...–quick of understanding, sharp ...ted, intelligent.

زود نویس zūd-navīs (ज़ूद-नवीस)–बहुत तेज़ी से लिखने वाला, स्टेनोग्राफर. *(nm)*–stenographer.

زودنویسی zūd-navīsī (ज़ूद-नवीसी)–तेज़ी से लिखने की कला. *(nf)*–stenography.

زور zūr (ज़ूर)–झूठ, अवास्तविक, असत्यता. *(nm)*– untruth, falsehood.

زور zor (ज़ोर)–ताकत, शक्ति, अधिकार, बल, वज़न, बोझ, पहलवानी. *(nm)*–force, strength, virtue, power, vigour, violence, effort, weight, influence, stress.

زور آزمانہ zor āzmānā (ज़ोर आज़माना)–शक्ति-परीक्षण, ज़ोर आज़माई, कुश्ती लड़ना. *(v)*–to try one's strength, wrestling.

زور آزمائی zor-āzmāī (ज़ोर-आज़माई)–शक्ति-परीक्षण, *(nf)*–trial of strength.

زور آزمائی کرنا zor āzmāī karnā (ज़ोर आज़माई करना)–शक्ति-परीक्षण करना. *(v)*– to have a trial of strength.

زور آور zor āvar (ज़ोर आवर)–शक्तिशाली, ताकतवर, मज़बूत. *(adj)*–powerful, strong.

زور آوری zor āvarī (ज़ोर आवरी)–ताकत, शक्ति, बल. *(nm)*– power, force, strength.

زور بازو سے zor-e bāzū se (ज़ोर-ए बाज़ू से)– बाहुबल से, बाज़ुओं की ताकत से, कठोर परिश्रम से, ज़ोर-ज़बरदस्ती से. *(nm)*–by the strength of arms, by muscle power, by the dint of hard work.

زور پکڑنا zor pakaṛnā (ज़ोर पकड़ना)–शक्तिशाली होना, दबदबा क़ायम होना. *(v)*–to grow powerful, to be strong, to be influential.

زوردار zordār (ज़ोरदार)–शक्तिशाली, मज़बूत, ताकतवर. *(adj)*–strong, powerful.

زور دینا zor denā (ज़ोर देना)–मज़बूत करना, दबाव डालना, प्रभावित करना, सहायता करना. *(v)*–to strengthen, to stress, to press, to support.

زور ڈالنا zor ḍālnā (ज़ोर डालना)–दबाव डालना, मजबूर करना, प्रभावित करना. *(v)*–to press, to bear upon, to compel, to force.

زور سے zor se (ज़ोर से)–अपनी पूरी शक्ति से, प्रभाव से. *(adv)*–loudly, forcefully, by force.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

زورلگانا zor lagānā (ज़ोर लगाना)–अपनी पूरी शक्ति लगा देना, अपना प्रभाव डालना. *(v)*–to do one's best, to use influence.

زور مارنا zor mārnā (ज़ोर मारना)–अपना पूरा ज़ोर लगा देना, अपनी पूरी शक्ति लगा कर काम करना. *(v)*–to try one's hardest, to strive, to toil.

زورق zaurak (ज़ौरक़)–छोटी नाव, चप्पू से चलने वाली नाव. *(nm)*–a small boat.

زہ zih (ज़िह)–जन्म देना, बच्चे का जन्म, कमान की डोरी, किसी भी चीज़ का किनारा. *(nm)*–giving birth, childbirth, a bow-string, the border or edge.

زہار zihār (ज़िहार)–शरीर का कमर से नीचे का हिस्सा, गुप्तांगों के बाल. *(nm)*–the lower part of the body, pubic hair.

زُہاد zuhād (ज़ुहाद)–'ज़ाहिद' का बहुवचन, धार्मिक विचारों वाला, पवित्र आत्मा, ईश्वर का भक्त, निष्ठावान. *(nm)*–plural of زاہد *zahid*, religious minded, pious men, devout persons.

زہد zuhad (ज़ुहद)–श्रद्धा, निष्ठा, भक्ति, विश्वास. *(nm)*– devotion, abstinence, continence, faith, trust.

زہر zahar (ज़हर)–विष, हाला, कोई भी कष्ट देने वाली या हानि पहुँचाने वाली वस्तु, *(adj)*– injurious or disagreeable.

زہرآب zahar-āb (ज़हर-आब)–ज़हरीला पानी, पानी जो पीने योग्य न हो. *(nm)*– poisoned water, not drinkable water.

زہرآلودہ zahar ālūdā (ज़हर आलूदा)–ज़हर मिला हुआ, ज़हरीला. *(nm)*–poisoned.

زہرخند zahar khand (ज़हर खंद)–मजबूरी में हँसना, ताने के तौर पर हँसना. *(nm)*–a forced laugh, a sarcastic laughter.

زہردار zahardār (ज़हरदार)–ज़हर वाला, ज़हरीला, ज़हर भरा, विषैला. *(adj)*–poisonous.

زہرقاتل zahar-e kātil (ज़हर-ए क़ातिल)–क़ातिल ज़हर, मार डालने वाला ज़हर, जान लेवा ज़हर, वह ज़हर जो किसी की जान ले ले. *(nm)*–deadly poison.

زہر کے گھونٹ پینا zahar ke ghūnṭ pīnā (ज़हर के घूंट पीना)–सब्र करना, संतोष करना, धैर्य धरना, चुप रहना. *(v)*–to bear patiently.

زہرلگنا zahar lagnā (ज़हर लगना)–किसी की बात बहुत बुरी लगना, किसी से बहुत घृणा होना. *(v)*–to regard as poison, to be hateful to.

زہرمارکرنا zahar mār karnā (ज़हर मार करना)–बिना इच्छा के कुछ खाना, मजबूरी में कोई काम करना, इच्छा के विरुद्ध कुछ खाना या करना, किसी के दबाव में आकर कुछ करना. *(v)*–to swallow reluctantly, to be forced to do a thing, to act unwillingly.

زہرمہرہ zahar muhrā (ज़हर मुहरा)–एक प्रकार का पत्थर जिस के बारे में मशहूर है कि यदि उसे साँप के काटने के स्थान पर लगा दिया जाए तो वह सारा ज़हर चूस लेता है. *(nm)*–bezoar, antidote to poison.

زہرا zaharā (ज़हरा)–चमकीला, चमकदार, रौशन. *(adj)*– bright, glittering.

زہرہ zaharā (ज़हरा)–पित्ता, शरीर का एक भीतरी अंग जिस में पीले और नीले रंग का पानी भरा होता है, बहादुरी, हिम्मत, हौसला. *(nm)*–gall-bladder, bile, spirit, boldness, courage, bile.

زہرہ آب ہونا zaharā āb honā (ज़हरा आब होना)–निराश होना, भयभीत होना, डर जाना, हिम्मत हार देना. *(v)*–to be much distressed, to be terrified, to be struck with fear, to be discouraged, to be disappointed.

زُہرہ zuharā (ज़ुहरा)–शुक्र ग्रह. *(nf)*–a planet Venus.

زہراجبیں zuharā jabīn (ज़ुहरा जबीं)–सुन्दर, हसीन, आकर्षक, मनमोहक. *(adj)*–beautiful, charming, attractive.

زہریلا/زہریلی zahrīlā/zahrīlī (ज़हरीला/ज़हरीली)–ज़हर भरा, ज़हर वाला. *(adj)*– poisonous.

زہے zihe (ज़िहे)–शाबाश! बहुत अच्छे! बहुत बढ़िया! *(inter)*–how good!, how fine! excellent! wonderful !

زہےنصیب zihe nasīb (ज़िहे नसीब)–अच्छे नसीब से, अच्छी किस्मत से, सौभाग्य से. किसी बड़े आदमी के आने पर कहते हैं. –good luck.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

زی zī (ज़ी)
good fortune.

زی zī (ज़ी)–रुतबा, पदवी, सामाजिक मान-सम्मान, प्रतिष्ठा. *(nm)*–social status, rank.

زیادت ziyādat (ज़ियादत)–ज़्यादती, बढ़ोत्तरी, जमा, संग्रह, वृद्धि. *(nf)*–addition, plus, increase.

زیادتی ziyādatī (ज़्यादती)–अधिकता, बहुतायत, बढ़ोतरी, वृद्धि, अनुचित दबाव, अत्याचार. *(nf)*–excess, abundance, increase, surplus, augmentation, addition, oppression, violence, tyranny.

زیادتی کرنا ziyādatī karnā (ज़ियादती करना)–शक्ति प्रयोग करना, ताकत का इस्तेमाल करना, ज़बरदस्ती करना, अत्याचार करना, अनुचित दबाव डालना, मजबूर करना. *(nm)*–to use force, to exceed limits, to compel.

زیادہ ziyādā (ज़ियादा)–अधिक, बहुत, बहुत अधिक. *(adj)*–more, additional, too much, excessive.

زیارت ziyārat (ज़ियारत)–दर्शन, दीदार, किसी तीर्थ-स्थल या पुण्य व्यक्ति के दर्शन. *(nf)*–pilgrimage, visiting a shrine.

زیارت کرنا ziyārat karnā (ज़ियारत करना)–किसी धार्मिक स्थल या पुण्य व्यक्ति के दर्शन करना. *(v)*–to go on a pilgrimage, to pay a visit to a shrine.

زیارت گاہ ziyārat gāh (ज़ियारत गाह)–तीर्थ-स्थल, दरगाह, आस्ताना. *(nm)*–a shrine, a place of pilgrimage.

زیارت ہونا ziyārat honā (ज़ियारत होना)–किसी के दर्शन हो जाना, किसी से मुलाकात हो जाना, किसी तीर्थ या धार्मिक स्थान या तीर्थ की यात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त होना. *(v)*–to have the privilege of seeing someone or visit a religious place.

زیان ziyān (ज़ियां)–चोट, हानि, नुक्सान, घाटा, शरारत. *(nm)*–injury, loss, damage, harm, mischief.

زیانکار ziyānkār (ज़ियांकार)–शरारती, हानि पहुँचाने वाला, चोट पहुँचाने वाला, नुक्सान करने वाला. *(adj)*–mischievous, evil-doer, hurtful, destructive, injurious.

زیانکاری ziyānkārī (ज़ियांकारी)–चोट लगना, नुक्सान होना, घाटा होना, शरात करना. *(nf)*–injury, hurtfulness, doing mischief.

زیب zeb (ज़ेब)–ज़ेवर, सौंदर्य, आकर्षण, शोभा, *(nf)*– ornament, beauty, elegance.

زیب تن کرنا zeb tan karnā (ज़ेब तन करना)–पहनना. *(v)*–to wear, to put on.

زیب دینا zeb denā (ज़ेब देना)–वर्ताव करना, बरतना, अच्छा लगना, आकर्षक लगना. *(v)*–to behave, to suit, to adorn.

زیب و زینت zeb-o zīnat (ज़ेब-ओ ज़ीनत)–आकर्षण, सौंदर्य, खूबसूरती, सजावट. *(nf)*–elegance, adorning, ornamentation.

زیبا zebā (ज़ेबा)–आकर्षक, सुन्दर, खूबसूरत, मनमोहक. *(adj)*–beautiful, befitting, proper, graceful, adorned.

زیبائش zebāish (ज़ेबाइश)–ज़ेवर, सजावट, सौंदर्य, आकर्षण. *(nf)*–ornament, beauty, attraction, charm, adorn.

زیبائشی zebāishī (ज़ेबाइशी)–सुन्दर, खूबसूरत, आकर्षक. *(adj)*– ornamental, elegant, beautiful.

زیبرا zaibrā (ज़ैबरा)–गधे के आकार का एक पशु जिसके सारे शरीर पर धारियाँ बनी होती हैं. *(nm)*–Zaibra, an ass-sized animal having coloured lines on whole the body.

زیتون zaitūn (ज़ैतून)–एक सदाबहार वृक्ष जिसका तेल बहुत उपयोगी होता है. *(nm)*–an olive, the olive tree.

زیٹ zīṭ (ज़ीट)–गप्प, शेखी, बेकार बात, अफवाह. *(nm)*–rumour, a baseless story, nonsence talk.

زید zaid (ज़ैद)–एक काल्पनिक नाम जो कि 'उम्र व बक्र' के साथ लगाया जाता है जैसे कि अंग्रेज़ी में टॉम और डिक के साथ हैरी लगाया जाता है. *(nm)*–a fictitious name often used with عمر و بکر *'umar-o-bakr*, like Tom, Dick and Harry.

زیر zer (ज़ेर)–नीचे, घटिया. *(prep & adj)*–under, below, inferior.

زیر بار کرنا zer bār karnā (ज़ेर बार करना)–किसी पर खर्चे का बोझ डालना, किसी को बिल की रकम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देने के लिए कहना, बोझ डालना. *(v)*–to make someone to foot the bill, to burden a person in this manner, to oblige.

زیر بار ہونا zer bār honā (ज़ेर बार होना)–कर्ज़े में डूबना, किसी का ऋणी होना, किसी का एहसानमंद होना. *(v)*–to be in debt, to be obliged to a person.

زیر بار احسان ہونا zer bār ahsān honā (ज़ेर बार अहसान होना)–किसी का एहसान मानना, किसी के एहसान तले दब जाना. *(v)*–to feel obliged, to come under obligation.

زیر باری zerbārī (ज़ेरबारी)–बोझ, कर्ज़ा, देनदारी. *(nf)*– indebtedness, burden.

زیر تجویز zer-e tajvīz (ज़ेर-ए तजवीज़)–विचाराधीन, जिस पर विचार किया जाना हो. *(adj)*–under consideration, under trial.

زیر تحقیقات zer-e tahkīkāt (ज़ेर-ए तहक़ीक़ात)–जिसके बारे में जाँच की जा रही हो, जिसके बारे में पूछताछ की जा रही हो. *(adj)*–under investigation or enquiry.

زیر جامہ zer-e jāmah (ज़ेर-ए जामः)–दराज़, निक्कर, कच्छा, चड्डी, कपड़ों के नीचे पहनने के कपड़े. *(nm)*– drawers, under wear, nicker, nappy..

زیر حراست zer-e hirāsat (ज़ेर-ए हिरासत)–गिरफ्तार. *(adj)*– under custody.

زیر دست zer-e dast (ज़ेर-ए दस्त)–रियाया, मातहत, सहायक, शक्तिहीन, मजबूर, घटिया. *(nm)*–subject, a subordinate, *(adj)*–inferior, powerless, subdued, weak, helpless.

زیر کرنا zer karnā (ज़ेर करना)–परास्त करना, पराजित करना, दबाव डालना, प्रभावित करना. *(v)*–to subdue, to over power, to defeat, to influence.

زیر لب zer-e lab (ज़ेर-ए लब)–फुसफुसा कर बात करना, धीमे स्वर में बात करना, कानाफूसी करना. *(adv)*– in whispers, in an undertone.

زیر لب کہنا zer-e lab kahnā (ज़ेर-ए लब कहना) – धीमे स्वर में कहना, विनम्र स्वर में कहना, फुसफुसाना. *(v)*–to speak softly and undertone, to mumble.

زیر لب مسکرانا zere lab muskarānā (ज़ेरे लब मुस्कराना)–हल्के-हल्के मुस्कराना, होंठों ही होंठों में मुस्कराना. *(v)*–to smile frutively, to smile mildly.

زیر و زبر zer-o zabra (ज़ेर-ओ ज़ब्र)–ऊँच-नीच, ऊपर-नीचे, उतार-चढ़ाव, उत्थान-पतन, उन्नति-अवनति. *(adj)*– topsy-turvy, inverted, overturned, upside down.

زیر و زبر کرنا zer-o zabra karnā (ज़ेर-ओ ज़ब्र करना)–ऊपर-नीचे करना, अलग करना, तोड़ना, बिखेरना. *(v)*–to ransack, to disintegrate, to disunite, to turn topsy-turvy, to over-turn.

زیر و زبر ہونا zero zabar honā (ज़ेरो ज़बर होना)–उत्थल-पथल होना, अस्त-व्यस्त होना, बरबाद होना. *(v)*–to be upset, to be topsy-turvy, to be over-turned, to be ruined.

زیر zīr (ज़ीर)–एक बारीक स्वर, सितार या वीणा की तरह के एक वाद्य यंत्र का सब से छोटा तार. *(nf)*–a fine soft sound, the smallest string of a musical instrument.

زیر و بم zīr-o bam (ज़ीर-ओ बम)–संगीत में नीचा और ऊँचा स्वर. *(nm)*–treble and bass, low and high tune, ups and down.

زیرک zīrak (ज़ीरक)–चतुर, चालाक, निपुण, अक्लमंद, दानिशमंद, मेधावी, माहिर. *(nm)*–intelligent, wise, experienced, qualified, clever, smart, expert.

زیرکی zīrakī (ज़ीरकी)–चतुराई, चालाकी, होशियारी, निपुणता, अनुभव. *(nf)*– intelligence, wisdom, sagacity, expertness, qualification, shrewdness.

زیرہ zīrā (ज़ीरा)–दाल सब्ज़ी को बघार लगाने में इस्तेमाल होता है. *(nm)*–cummin-seed. pollen.

زیرہ سیاہ zīrā siyāh (ज़ीरा सियाह)– काला ज़ीरा. *(nm)*– carraway-seed.

زیرہ سفید zīrā saphed (ज़ीरा सफेद)–सफ़ेद ज़ीरा. *(nm)*–white cummin.

زیریں zīrīn (ज़ीरीं)–नीचे, निचला, निम्न स्तर का. *(adj)*– lower, at lower stage.

زیست zīst (ज़ीस्त)–जीवन, ज़िन्दगी, ह्यात, जन्म लेले और मरने के बीच का समय. *(nf)*– life, existence, time or period between the

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

زین zīn (ज़ीन)

birth and death.

زین zīn (ज़ीन)–घोड़े पर कसी हुई गद्दी जिस पर सवार बैठता है. *(nm)*–a saddle.

زین پوش zīn posh (ज़ीन पोश)–घोड़े की गद्दी पर चढ़ाने वाला कपड़ा, घोड़े पर बैठने वाला, घुड़सवारी करने वाला. *(nm)*– saddle cloth, rider of a horse.

زین پوشی zīn poshī (ज़ीन पोशी)–घोड़े पर बैठना, घोड़ की सवारी करना. *(nf)*–riding a horse.

زین ساز zīn sāz (ज़ीन साज़)–घोड़े की ज़ीन (गद्दी) पर बैठने वाला, घुड़सवारी करने वाला. *(nm)*–a saddler, a rider.

زین zain (ज़ैन)–सज्जा, शृंगार, सजावट, सौंदर्य, सम्मान. *(nm)*–ornament, beauty, grace, honour, glory.

زینت zīnat (ज़ीनत)–सौंदर्य, शृंगार, सजावट, शोभा, आभा. *(n)*–beauty, elegance, decoration, grace, charm, attraction.

زینہ zīnah (ज़ीनः)–सीढ़ी, ऊपर चढ़ने या नीचे उतरने का एक साधन. *(nm)*–a ladder, steps, stairs, used to go up or to get down.

زیور zevar (ज़ेवर)–आभूषण, गहना. *(nm)*–jewel, ornament.

زیورات zevrāt (ज़ेवरात)–'ज़ेवर' का बहुवचन, गहने, आभूषण. *(nm)*– ornaments, jewels.

ژ ze (ज़े)

ژ ze (ज़े)–उर्दू वर्णमाला का सत्रहवाँ अक्षर. –the seventeenth letter of Urdu alphabet.

ژاژ zāz (ज़ाज़)–ऊँट के पैरों में होने वाला एक रोग, अप्रिय भाषण, कठोर वचन, बेकार की बात, बकवास, अशलीलता. *(nm)*–a kind of camel's thistle, a trifling or indecent speech, nonsense, obscenity.

ژاژ خا zāz khā (ज़ाज़ खा)–बेकार की बात करने वाला, गप्पी, इधर उधर की बातें करने वाला, अफवाह उड़ाने वाला. *(adj)*–a trifler, an idle-talker, romour monger.

ژاژ خائی zāz khāī (ज़ाज़ खाई)–बेकार की बात, व्यर्थ की बात, अश्लील बात, गप्प, अफवाह. *(nf)*–trifling or obscene talk, useless talk, rumour, boasting.

ژالہ zālā (ज़ाला)–ओला, पाला, कुहरा, धुंध. *(nm)*–hail, dew, frost.

ژالہ باری zālābārī (ज़ालाबारी)–ओले पड़ना, ओलों के साथ वर्षा होना, धुंध पड़ना. *(nf)*– hail storm.

ژرف zaraf (ज़रफ़)–गहरा पानी या गड्ढा, गहरी सोच, तेज़ दिमाग़, अक्लमंदी, सूझ-बूझ. *(adj)*– deep (water or pit), penetrating, acuteness of mind, intelligence, wisdom.

ژرف نگاہی zaraf nigāhī (ज़रफ़ निगाही)–दूर की बात सोचना बुद्धिमता की बात करना, अक्लमंदी, दूरंदेशी. *(nf)*–keen intellect, deep insight, wisdom.

ژند zand (ज़ंद)–पुरानी फारसी भाषा, आग की पूजा करने वालों की धार्मिक पुस्तक, पुराना पैविन्द लगा कपड़ा. *(nf)*–old Persian, sacred book of the fire worshipers, an old patched garment.

ژندہ zandah (ज़ंदः)–बड़े आकार वाला, लम्बा-चौड़ा. *(adj)*–huge, mumoth.

ژندہ پیل zandah pīl (ज़ंदः पील)–बड़े आकार का हाथी. *(nm)*– huge elephant.

ژندگی zandagī (ज़ंदगी)–बुढ़ापा, पुरानापन, घिसाव. *(nf)*–oldness, being worn-out.

ژولیدگی zaulīdagī (ज़ौलीदगी)–परेशानी, कष्ट, तकलीफ़, दुःख, उलझाव, उलझन. *(nf)*– problem, perplexity, entanglement.

ژولیدہ zaulīdah (ज़ौलीदह)–परेशान, उखड़ा-उखड़ा सा, उलझा हुआ. *(nm)*– entangled, intricate, dishevelled.

ژولیدہ حال zaulīdah hāl (ज़ौलीदह हाल)– परेशान, दुखी, कष्ट में. *(adj)*–distressed, perplexed, in a bad way.

ژولیدہ مو zaulīdah mo (ज़ौलीदह मो)–उलझे हुए सिर के बाल, बिना कंघा किये सिर के बाल. *(adj)*–entangled hair, uncombed head.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ژیان zayān (ज़यान)–खौफनाक, खतरनाक, भयानक. *(adj)*– terrible, furious, angry.

شیر ژیان sher-e zayān (शेर-ए ज़यान)–खौफनाक शेर, भयानक शेर. *(nm)*–a fierce lion.

س sīn (सीन)

س sīn (सीन)–सीन उर्दू वर्णमाला का अट्ठारहवां अक्षर. –eighteenth letter of Urdu alphabet.

سا sā (सा)–जैसा, की तरह का, मिलता जुलता, समान, कोई सा, कौन सा. *(adj)*–like, resembling.

ساباط sābāt (साबात)–किसी मकान या इमारत की ऊपरी मंज़िल. *(nm)*–upper storey of a building.

سابر sābar (साबर)–बारह सिंगा, सेंध लगाने का औज़ार. *(nm)*–an elk, a species of large stag, an instrument used by burglars for breaking into a house.

سابق sābik (साबिक़)–पूर्वकालीन, भूतपूर्व, पहले ज़माने का, गत, विगत. *(adj)*– former, prior, preceding, foregoing, passing over.

سابق الذکر sābik-uz-zikra (साबिक-उज़-ज़िक्र)–जिसका पहले जिक्र किया जा चुका हो, जिसके बारे में पहले उल्लेख किया गया हो, जिसका पहले विवरण दिया गया हो. *(nm)*– above-mentioned, afore mentioned.

سابق میں sābik main (साबिक़ में)–अतीतकाल में, पिछले समय में, गुज़रे वक्त में. पहले. *(adv)*– previously, heretofore, in the past.

سابقاً sābikan (साबिक़न)–पहले, बीते समय में, गुज़रे समय में. *(adv)*–before, formerly, previously, in the past.

سابقہ sābikah (साबिक़ः)–पिछला, पिछले ज़माने का, पुरानी जान पहचान, वास्ता, सम्पर्क, व्यवहार, मुआमला. *(adj)*–previous, past, ancient, preceding, *(nm)*–friendship, intimacy, acquaintance, contact, dealing, transaction.

سابقہ پڑنا sābikah paṛnā (साबिकः पड़ना)–वास्ता पड़ना, सम्पर्क होना, मित्रता होना, मेलजोल होना, समीप आना, व्यवहार करना. *(v)*–to come in contact with, to have to deal with, to become acquainted with, to be friend, to come close.

سابقین sābikīn (साबिक़ीन)–'साबिक' का बहुवचन, बीते ज़माने के लोग, गुज़रे ज़माने के लोग, पूर्वज, पुरखें, दादा-परदादा. *(nm)*– plural of سابق *sabiq*, the formerly great, eminent people in the past, superior people in ages gone by.

سابودانہ sābūdānā (साबूदाना)–साग़ूदाना, खसखस जैसे बारीक दाने जिन्हें दूध या पानी में उबाल कर खीर बनाई जाती है और बच्चों या बीमारों को भोजन के रूप में दी जाती है. *(nm)*–sāgūdānā, boiled with milk or water and used as a food for children and the sick.

سات sāt (सात)–सात की संख्या, पाँच और दो. *(adj)*– seven.

سات پانچ sāt pānc (सात पाँच)–चालाकी, मक्कारी, धोखा-धड़ी, चालबाज़ी, तिकड़म. *(nf)*–cheating, tricks, cleverness, cunningness.

سات پانچ کرنا sāt pānc karnā (सात पाँच करना)–चालाकी चलना, धोखा देना, मक्कारी करना, डांवाडोल होना, अनिश्चय की स्थिति में रहना, सन्देह में पड़ना. *(v)*–to play tricks on, to cheat, to hesitate, to be in doubt, to be unable to make a decision.

سات پردوں میں رکھنا sāt pardon main rakhnā (सात पर्दों में रखना)–बहुत छुपा कर रखना, बहुत सुरक्षा से रखना, बहुत देख-भाल करना, सावधानी बरतना. *(v)*–to preserve, to keep with great care and concern, to safe guard, to take every precaution for one's safety.

سات پشت sāt pusht (सात पुश्त)–सात पीढ़ियाँ, बहुत लम्बी अवधि. *(nf)*–seven generations, over a long period.

سات سمندر sāt samundar (सात समुंद्र)–सात महासागर, सारा संसार, एक प्रकार का खेल. *(nm)*–seven seas, whole world, a kind of game.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سات سمندر پار sāt samundar pār (सात समुंद्र पार)–विदेश में, बहुत दूर, समुद्र पार. *(adj)*–over the seven seas, far off, in the foreign country.

ساگن sāgin (सातगीं)–पानी या शराब पीने का पात्र. *(nm)*–a goblet, a wine cup.

سات sāton (सातों)–सभी सातों. *(adj)*–all seven.

ساتوان sātvān (सातवां)–सातवें क्रम पर. *(adj)*–seventh.

ساتھ sāth (साथ)–सहयोग, मेल, इकट्ठे कोई काम करना, एक ही जगह रहना, एक साथ यात्रा करना, एक बिस्तर पर सोना, एक ही मेज़ पर भोजन करना. *(adj)*–with, together, along with, towards, *(nm)*–company, society, troop, herd.

ساتھ چھوٹنا sāth chūṭnā (साथ छूटना)–अलग होना, दूर होना; जुदा होना. *(v)*–to be separated from.

ساتھ دینا sāth denā (साथ देना)–सहयोग करना, सहायता करना, मिल कर काम करना, एक दूसरे के दुख दर्द में शामिल होना. *(v)*–to join, to help, to co-operate with, to associate with.

ساتھ رہنا sāth rahnā (साथ रहना)–इकट्ठे रहना, एक ही जगह रहना. *(v)*–to live together, to cohabit with.

ساتھ ساتھ چلنا sāth-sāth calnā (साथ-साथ चलना)–एक साथ चलना, साथ निभाना, एक दूसरे को सहयोग करना. *(v)*– to walk side by side, to go together in life.

ساتھ کا کھیلا sāth kā khelā (साथ का खेला)–बचपन में एक साथ खेला हुआ, बचपन का मित्र, पुरानी जान पहचान, लंगोटिया यार. *(nm)*–a play-mate, a play fellow, a friend from childhood.

ساتھ لگے پھرنا sāth lage phirnā (साथ लगे फिरना)–साथ साथ रहना, साथ निभाना, सहयोग करना. *(v)*–to follow, to company everywhere.

ساتھ والا sāth vālā (साथ वाला)–सहयोगी, साथी, मित्र, सहकर्मी. *(nm)*– companion, comrade, friend, associate.

ساتھ ہو لینا sāth ho lenā (साथ हो लेना)–मिल जाना, किसी यात्रा में शामिल हो जाना, किसी काम में सहयोग देना. *(v)*–to join, to join the company of, to help, to co-operate.

ساتھ ہی sāth hī (साथ ही)–तुरन्त ही, उसी समय, तत्काल. *(adv)*–immediately, alongwith.

ساتھن sāthan (साथन)–एक महिला सहयोगी, महिला मित्र. *(nf)*–a female companion.

ساتھی sāthī (साथी)–सहयोगी, मित्र, साथ काम करने वाला. *(nm)*–companion, comrade, supporter, helper.

جیوان ساتھی jīvan sāthī (जीवन साथी)–जीवन भर साथ निभाने वाला साथी, पत्नी, बीवी. *(nm)*–a life-partner, wife, spouse.

ساٹا sāṭā (साटा)–बदले में शादी करना, एक परिवार में अपनी बेटी ब्याहना और उसी परिवार की बेटी को ब्याह कर अपने परिवार में लाना. *(nm)*–two martial deals one in exchange for the other, matrimonial bartar.

ساٹن sāṭin (साटिन)–एक प्रकार का रेशमी कपड़ा. *(nf)*–a fine cloth, satin.

ساٹھ sāṭh (साठ)–पचास और दस. *(adj)*–sixty.

ساٹھا sāṭhā (साठा)–साठ वर्षीय. *(nm)*–sixty year old.

ساٹھا پاٹھا sāṭhā pāṭhā (साठा पाठा)–साठ वर्षीय व्यक्ति जो युवाओं की तरह व्यवहार करे. *(nm)*–a sixty year old man behaving like a young man, a sixty year old but active man.

سٹھی/ساٹھی saṭhī, sāṭhī (सठी, साठी)–एक प्रकार का चावल जो बोने के साठ दिन में पकता है. *(nf)*–a kind of rice which ripens in sixty days from the time of sowing.

ساج sāj (साज)–सागवान का पेड़ या लकड़ी, चाकू इत्यादि तेज़ करने का पत्थर. *(nm)*–the teak tree, a grind stone.

ساجد sājid (साजिद)–सजदा करने वाला, प्रार्थना करने वाला, प्रार्थना में झुकने वाला. *(adj)*–prostrating in prayer, prostrating in adoration, an adorer.

ساجن sājan (साजन)–प्रेमी, पति. *(nm)*–a lover, a husband, sweetheart.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ساجھا sājhā (साझा)–हिस्सेदारी, सहयोग, हिस्सा. *(nm)*–partnership, association, share.

ساجھے کا کام sājhe kā kām (साझे का काम)–दो या अधिक हिस्सेदारों द्वारा मिल कर किया गया काम. *(nm)*– something done in association with.

ساجھے میں sājhe main (साझे में)–हिस्सेदारी में, किसी के सहयोग से, किसी के साथ मिल कर. *(adv)*–jointly, in partnership, together.

ساجھی sājhī (साझी)–हिस्सेदार, सहयोगी. *(nm)*–a share holder, a partner, a co-operator, an associate.

ساجھی ہونا sājhī honā (साझी होना)–हिस्सेदार बनना, सहयोगी बनना, साझे में कोई काम शुरू करना. *(v)*–to enter into partnership, to become a partner.

ساحر sāhir (साहिर)–जादूगर, आकर्षित करने वाला, दिल जीतने वाला, प्रभावित करने वाला. *(nm)*–an enchanter, a magician, a conjurer, attractive.

ساحرہ sāhirā (साहिरा)–महिला जादूगर, जादूगरनी, दिल जीत लेने वाली, मोहित करने वाली, आकर्षित करने वाली. *(nf)*–female magician, attractive, enchantress.

ساحری sāhirī (साहिरी)–जादू, आकर्षण. *(nf)*–magic, necromancy, sorcery, conjuration, enchantment.

ساحل sāhil (साहिल)–समुद्र का किनारा, समुद्र की वह जगह जहाँ पानी खत्म होता है और धरती शुरू होती है. *(nm)*–the sea shore, beach, coast.

ساخت sākht (साख़्त)–आकृति, बनावट, शक्ल, निर्माण. *(nf)*–manufacturing, making, forming, construction, formation, structure, form, figure, mould.

ساختہ sākhtah (साख़्तः)–बनाया हुआ, घड़ा हुआ, नकली, तैयार किया हुआ. *(adj)*–formed, made, artificial, not natural, counterfeited, frigned.

ساختہ پرداختہ sākhatah pardākhtah (साख़्तः परदाख़्तः)–बनाया हुआ, संवारा हुआ, सजाया हुआ, कर्म. *(nm)*–done and effected, act, deed, formed, constructed, moulded, decorated.

بے ساختہ be sākhtah (बे साख़्तः)–अनजाने में, बिना सोचे समझे, अचानक, तुरन्त. *(adv)*–spontaneously, extempore, unpremeditated, at the spur of the moment.

سادات sādāt (सादात)–'सादत' का बहुवचन, पैगम्बर हज़रत मुहम्मद के वंशज. *(nm)*–plural of سادت *sadat*, descendents of the Holy Prophet.

سادگی sādagī (सादगी)–सादापन, सीधापन, बिना किसी तड़क-भड़क और सजावट के, बग़ैर आभूषणों के. *(nf)*–simplicity, plainness, want of ornaments, openness, frankness.

سادہ sādā (सादा)–सीधा, बिना किसी सजावट और तड़क भड़क के, स्पष्ट और सच्ची बात कहने वाला. *(adj)*–simple, plain, sincere, artless, blank, open, unadorned.

سادہ پن sādāpan (सादापन)–सादगी, सीधापन, बिना किसी तड़क-भड़क और सजावट के, स्पष्टवादिता. *(nm)*– simplicity, want of ornaments, plainness, openness, frankness.

سادہ دل sādā dil (सादा दिल)–साफ दिल वाला, बिना हेर फेर के सच्ची बात कहने वाला, दिल में कोई भेद न रखने वाला, मूर्ख, मूढ़, भोंदू. *(adj)*–artless, simple, stupid, frank, open.

سادہ کار sāda kār (सादा कार)–सुनार, आभूषण बनाने का काम करने वाला, सोने चाँदी के ज़ेवर बनाने वाला. *(nm)*–a goldsmith.

سادہ لوح sādā loh (सादा लोह)–सादा, सीधा, बिना चालाकी के, सच्ची और स्पष्ट बात कहने वाला, मूर्ख, मूढ़. *(adj)*–simple, artless, simpleton, stupid.

سادہ لوحی sādā lohī (सादा लोही)–सादगी, सीधापन, मूर्खता, भोलापन. *(nf)*–simplicity, stupidity.

سادھنا sādhnā (साधना)–अभ्यास करना, पूजा करना, तपस्या करना, सीख देना, सुधार करना, सीखना, सिखाना. *(v)*–to perform, to practice, to excercise, to regulate, to maintain, to teach, to learn, to train, to habituate, to correct, to rectify.

سادھو sādhu (साधु)–पवित्र व्यक्ति, धार्मिक व्यक्ति,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ईमानदार, सादा स्वभव, निर्दोष, परोपकारी, ईश्वर-भक्त. *(adj)*–pious, virtuous, honest, holy, simple, innocent, *(nm)*–a religious person, a kind of mendicant, an ascetic.

سادی sādī (सादी)–सीधी, भोली, निर्दोष, बिना किसी सजावट और तड़क-भड़क के, बिना आभूषणों के, सच्ची और स्पष्ट बात कहने वाली. *(nf)*–simple, plain, artless, simpleton, blank.

سار sār (सार)–रस, संक्षिप्त रूप, नतीजा, परिणाम, गाय को बाँधने का स्थान. *(nm)*–juice, value, worth, vigour, strength, in brief, manure, digest, a cow house.

سارا sārā (सारा)–समस्त, कुल, सब. *(adj)*–all, the whole, entire.

سارا sārā (सारा)–शुद्ध, खालिस, उत्तम, बढ़िया, खुशबूदार. *(adj)*–pure, excellent, undefiled, sweet-smelling.

ساربان sārbān (सारवान)–ऊँट चालक. *(nm)*–a camel driver.

سارجنٹ sārjent (सारजेंट)–सेना में एक अधिकारी. *(nm)*–sergeant.

ساراس sāras (सारस)–सफेद रंग और लम्बी टांगों वाला पानी में रहने वाला एक पक्षी जो नदी के किनारे मछलियाँ पकड़ता है. *(nm)*–a species of heron, a crane.

سارق sārik (सारिक़)–चोर, उचक्का, चोरी करने वाला. *(nm)*– a thief, a plunderer.

سارنگ sārang (सारंग)–दोपहर को गाया जाने वाला एक राग, मोर, मोर की झंकार, साँप, हाथी, शेर, चितकबरा हिरण, औरत, पानी, लैम्प, मेंढक, शहद की बड़ी मक्खी, बादल. *(nm)*–a musical mode or rag sung at midday, a peacock, the cry of a peacock, a snake, an elephant, lion, a cloud, a spotted dear, a woman, water, a lamp, a frog, a specimen of bee.

سارنگی sārangī (सारंगी)–संगीत का एक वाद्य यंत्र जिसमें तारें लगी होती हैं. *(nm)*–a stringed musical instrument like a fiddle.

سارنگیا sārangayā (सारंगया)–सारंगी बजाने वाला. *(nm)*–a fiddler, one who plays on a *sarangi*.

ساری sārī (सारी)–साड़ी, औरतों द्वारा पहना जाने वाला एक वस्त्र जिसे औरतें कमर के गिर्द लपेट कर सिर ढकती हैं, सब, तमाम, सम्पूर्ण. *(nf)*–a dress consisting of one piece (about five meter long) of cloth worn by women round the body and passing over the head. *(adj)*–entire, the whole.

ساری sārī (सारी)–प्रभावित करने वाला, बहने वाला. *(adj)*–passing, penetrating, flowing, pervading.

ساڑھی sāṛī (साढ़ी)–महिलाओं का पहनने का वस्त्र, आषाढ़ के महीने में होने वाली फसल. *(nf)*–a dress worn by women, a spring harvest.

ساڑھے sāṛe (साढ़े)–आधा अधिक, यदि पाँच के साथ लगे तो साढ़े पाँच अर्थात् पाँच और आधा. *(adj)*–one half more in excess of the stated number.

ساز sāz (साज़)–संगीत का वाद्य यंत्र. *(nm)*– a musical instrument.

ساز باز sāz bāz (साज़ बाज़)–साज़िश, षडयंत्र, जोड़-तोड़. *(nf)*– conspiracy.

ساز باز کرنا sāz bāz karnā (साज़ बाज़ करना)–जोड़-तोड़ करना, साज़िश रचना, षड्यंत्र रचना. *(v)*–to plot, to conspire.

سازگار sāzgār (साज़गार)–उपयोगी, लाभदायक, स्वीकार्य. *(nm)*–in accordance with, harmonizing, favourable, agreeable.

ساز و سامان sāz-o sāmān (साज़-ओ सामान)–फरनीचर व अन्य सामान. *(nm)*– property, materials, furniture etc.

سازش sāzish (साज़िश)–षड्यंत्र, जोड़-तोड़. *(nf)*–conspiracy, confideracy, combination, collusion.

سازش کرنا sāzish karnā (साज़िश करना)–षड्यंत्र रचना, जोड़-तोड़ करना, किसी को हानि पहुँचाने के लिए योजना बनाना. *(v)*–to conspire, to plot together, to enter into a conspiracy.

سازشی sāzishī (साज़िशी)–साज़िश करने वाला, षड्यंत्र रचने वाला, फ्राड करने वाला. *(adj)*–conspirator, collusive, fraudulent, intriguer.

سازندہ sāzindā (साज़िन्दा)–कोई चीज़ बनाने वाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या उसकी व्यवस्था करने वाला, संगीत का कोई साज़ बजाने वाला, संगीतकार. *(nm)*–one who makes or arranges, musician, musical performer.

ساس sās (सास)–पति या पत्नी की माँ. *(nf)*–mother-in-law.

ساس sāus (सॉस)–चटनी. *(nf)*–sauce.

ساعت sāat (साअत)–एक क्षण, समय, घड़ी, क्लॉक. *(nm)*–a moment, minute, hour, watch, clock, time-piece.

ساعد sāid (साइद)–कलाई, हाथ के पहुँचे से कुहनी तक. *(nf)*–the fore-arm.

ساعی sāī (साई)–कोशिश करने वाला, दौड़ धूप करने वाला. *(nm)*–an attempter, an endeavourer.

ساغر sāgar (साग़र)–प्याला, शराब का प्याला, वह बरतन जिसमें कुछ पिया जा सके. *(nm)*–a cup, a wine-cup, a bowl, a goblet.

ساغر چلنا sāgar calnā (साग़र चलना)–शराब का दौर चलना. *(v)*– a drinking round.

ساغری sāgarī (साग़री)–छोटा प्याला. शराब का छोटा प्याला. *(nm)*–a small cup of wine.

سافل sāfil (साफ़िल)–शरीर का निचला भाग, नीच व्यक्ति, कमीना. *(nm)*–the lower part of the body, a mean fellow, a bastard.

ساق sāk (साक़)–पिंडली, डंठल, पेड़ का तना. *(nf)*–the shank, leg from the knee to the ankle, the trunk or stem of a tree.

ساق سیمیں sāke sīmīn (साक़े सीमीं)–खूबसूरत टांगें, किसी युवती की लम्बी और सुडौल टांगें. *(nf)*–beautiful legs of a young woman.

ساقط sākit (साक़ित)–गिरा हुआ, निकम्मा, अस्वीकृत, अयोग्य, इस्तेमाल न करने योग्य. *(adj)*– dropped, fallen, lost, out of use, still, stationary.

ساقط کرنا sākit karnā (साक़ित करना)–गिराना, अस्वीकृत करना, मिटाना, दर्जा कम करना. *(v)*–to eliminate, to degrade, to render null and void, to cause to lose value.

ساقی sākī (साक़ी)–मयख़ाने में शराब का जाम पेश करने वाली, प्रेमिका, महबूबा. *(nf)*–a cup bearer, a sweetheart, beloved one.

ساکت sākit (साकित)–चुप, खामोश, ठहरा हुआ, रुका हुआ, शान्त, स्थिर, अचल. *(adj)*–silent, quiet, mute, at rest, stationary, dull.

ساکت ہونا sākit honā (साकित होना)–स्थिर हो जाना, अचल हो जाना, शान्त हो जाना. *(v)*–to remain quiet, to remain immobile, become stationary, to stand still.

ساکن sākin (साकिन)–निवासी, बाशिंदा, अचल, गतिहीन, स्थिर, शान्त. *(nm)*–an inhabitant, quiet, immobile.

ساکھ sākh (साख)–नेकनामी, प्रसिद्धि, विश्वास. *(nf)*– reputation, credit, trust, testimony.

ساگ sāg (साग)–सब्ज़ी, हरी पत्तेदार सब्ज़ी. *(nm)*–vegetables, greens, pot-herbs, culinary herbs, edible plants.

ساگ پات sāg pāt (साग पात)–पत्तों से बनी सब्ज़ी. *(nm)*– greens, pot-herbs.

ساگر sāgar (सागर)–समुद्र. *(nm)*–the sea, the ocean.

ساگوان sāgvān (सागवान)–एक बहुमूल्य एवं उपयोगी लकड़ी व उसका पेड़. *(nf/m)*–teak-wood or tree.

ساگودانہ sāgūdānā (सागूदाना)–बारीक सफेद दाने जिन्हें दूध या पानी में उबाल कर रोगियों या बच्चों को आहार के रूप में दिया जाता है, शीघ्र पचने वाला भोजन. *(nm)*–sago.

سال sāl (साल)–एक वृक्ष जिसकी लकड़ी बहुत बढ़िया नहीं होती, धरती में गड्ढा खोदना, छिद्र करना. *(nm)*–common timber tree, inferior timber, perforation, boring.

سال sāl (साल)–वर्ष, बारह महीने. *(nm)*–a year, twelve months.

سال آئندہ sāl-e āyandā (साल-ए आयंदा)–आने वाला वर्ष, आगामी वर्ष. *(nm)*–next year.

سال بسال sāl basāl (साल बसाल)–हर वर्ष, प्रति वर्ष. *(adv)*– year by year.

سال مالی sāl-e mālī (साल-ए माली)–वित्तीय वर्ष जोकि 1 अप्रेल से 31 मार्च तक होता है. *(nm)*–financial year (from 1st April to 31st March).

سال خوردہ sāl khurdā (साल खुर्दा)–बूढ़ा, अनुभवी,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बड़ी उम्र का. *(adj)*–experienced, old, aged.

سال رواں sāl-e ravān (साल-ए रवां)–चालू वर्ष, मौजूदा वर्ष. *(nm)*–current year.

سال شمسی sāl-e shamsī (साल-ए शम्सी)–सूर्य का वर्ष, हमारा मौजूदा वर्ष जो 365 दिन का होता है. *(nm)*–solar year which is of 365 days.

سال قمری/سال ہجری sāl-e kamarī/sāl-e hijrī (साल-ए क़मरी/साल-ए हिजरी)–चाँद का वर्ष, मुसलमानों का वर्ष. *(nm)*– lunar year, the Muslim year.

سال عیسوی sāl-e īsvī (साल-ए ईसवी)–इसाइयों का वर्ष जो कि ईसा की याद में शुरू किया गया. *(nm)*–the Christian year which is of 365 days.

سال گرہ sālgrih (साल ग्रिह)–वर्षगाँठ, पैदा होने का दिन. *(nf)*–birthday, anniversary of one's birth.

سال مہاجنی sāl-e mahājanī (साल-ए महाजनी)–व्यापारिक या व्यावसायिक वर्ष जिसे व्यापरी लोग (महाजन) मानते हैं. *(nm)*–commercial or mercantile year.

سالنامہ sālnāmā (सालनामा)–कैलेंडर, डायरी, किसी पत्र या पत्रिका का वार्षिक अंक. *(nm)*–calendar, a year book, annual issue of a periodical or newspaper.

سال بسال sāl vār (साल वार)–साल बसाल, प्रत्येक वर्ष. *(nm)*–annually, year by year.

سالہا سال sālahā sāl (सालहा साल)–कई वर्ष, अनेक वर्ष, लम्बा समय. *(nm)*–many years, a long time, several years.

سالا sālā (साला)–पत्नी का भाई, एक गाली. *(nm)*–wife's brother, brother-in-law, an abuse.

سالار sālār (सालार)–मुखिया, नेता, सरदार, राजकुमार, कप्तान, सेना का मुख्य अधिकारी. *(nm)*–a chief, leader, prince, head of a department, captain, commander of an army.

سالار جنگ sālār-e jang (सालार-ए जंग)–जो युद्ध में सेना का नेतृत्व करता है; युद्ध का संचालन करने वाला. *(nm)*–one who leads an army in battle, commander-in-chief.

سالار قافلہ sālāre kāfilā (सालारे क़ाफ़िला)–क़ाफ़िले का सरदार. *(nm)*–leader of the caravan.

سالانہ sālānā (सालाना)–वर्ष का, वार्षिक. *(adj)*–yearly, annual.

سالانہ رپورٹ sālānā riport (सालाना रिपोर्ट)–वह रिपोर्ट जो वर्ष के अन्त में दी जाए, वह रिपोर्ट जो हर वर्ष दी जाए. *(nm)*–annual report, the report submitted every year, the report submitted on the end of the year.

سالک sālik (सालिक)–तीर्थयात्री, भक्त, निष्ठावान. *(nm)*–a traveller, a devotee.

سالم sālim (सालिम)–पूरा, मुकम्मल, जो टूटा न हो, सुरक्षित, सम्पूर्ण. *(adj)*–safe, sound, perfect, whole, complete .

سالمہ sālimah (सालिमः)–छोटे से छोटा टुकड़ा, अणु. *(nm)*– an atom, a molecule.

سالن sālan (सालन)–शोरबा, माँस, मछली या सब्ज़ी बनाते समय जो साथ में मसालेदार तरल पदार्थ बनता है. *(nm)*–meat, fish or vegetable curry.

سالو sālū (सालू)–औरतों का सिर पर ओढ़ने का लाल दुपट्टा. *(nm)*–a kind of red cloth with which women cover their head, red *dupatta*.

سالوتری sālotarī (सालोतरी)–घोड़ों का डाक्टर, जानवरों का डाक्टर. *(nm)*–a horse doctor, a veterinary surgeon.

سالوس sālūs (सालूस)–धोखा, फ़रेब, फ्राड, मक्कारी, छल कपट, चालाकी, चालबाज़ी. *(nf)*–hyprocrisy, trick, fraud, deceit, cunningness.

سالی sālī (साली)–पत्नी की बहन, एक गाली. *(nf)*–sister of the wife, sister-in-law, an abuse.

سامان sāmān (सामान)–फरनीचर, मशीनरी, घरेलू सामान, ज़रूरी वस्तुएँ. *(nm)*–furniture, apparatus, necessaries, instruments, tools.

سامان جنگ sāmān-e jang (सामान-ए जंग)–युद्ध में प्रयोग होने वाला सामान, युद्ध सामग्री, हथियार,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोला-बारूद. *(nm)*–war material, ammunition, armaments.

سامان کرنا sāmān karnā (सामान करना)–तैयारी करना. *(v)*–to make preparation for, to provide.

سامراج sāmrāj (साम्राज)–बादशाह का शासन, एक व्यक्ति का शासन. *(nm)*–imperialism.

سامری sāmarī (सामरी)–एक जादूगर. *(nm)*–a magician.

سامع sāme (सामे)–श्रोता, सुनने वाला. *(nm)*–one who hears, a listner.

سامعہ sāmiā (सामिआ)–श्रवण-शक्ति, कान. *(nm)*–the sense of hearing.

سامنا sāmnā (सामना)–अगला हिस्सा, सामने की दशा, आमने-सामने. *(nf)*–the front part, opposition, facing, confronting.

سامنا کرنا sāmnā karnā (सामना करना)–मुकाबला करना, सामने जवाब देना, विरोध करना, सामने डटना. *(v)*–to encoun, to confront, to answer boldly, to oppose.

سامنا ہونا sāmnā honā (सामना होना)–मुकाबला हो जाना, आमने-सामने हो जाना. *(v)*–to come face to face with.

سامنے sāmane (सामने)–उपस्थिति में, मौजूदगी में, विरुद्ध, मुकाबले में. *(adv)*–in front, before, opposite, in presence of.

سامنے آنا sāmane ānā (सामने आना)–विरोध करना, आमने सामने होना, मुकाबला करना. *(v)*–to come in front of, to oppose.

سامنے ہونا sāmane honā (सामने होना)–मुकाबला करना, किसी को ललकारना. *(v)*–to face, to challenge, to stand face to face.

سامی sāmī (सामी)–श्रेष्ठ, महान्, ऊँचा, ऊँचे पद पर. *(adj)*–sublime, exalted, high.

سان sān (सान)–धार तेज़ करने का पत्थर. *(nf)*–a whetstone, a grindstone.

سان چڑھنا sān caṛnā (सान चढ़ना)–तेज़ किया जाना, धार तेज़ करना. *(v)*–to be sharpened, to be whetted.

سان دھرنا sān dharnā (सान धरना)–सान पर चढ़ाना, धार तेज़ करना. *(nm)*–to sharpen, to whet.

سان گمان sān gumān (सान गुमान)–सोचना व कल्पना करना. *(nm)*–understanding and imagination.

سان نہ گمان sān na gumān (सान न गुमान)–अनजान, अपरिचित, जानकारी न होना. *(adv)*–unawares, without any sign or notion, all of a sudden, simple, ignorant.

سانپ sānp (साँप)–विषधर, भुजंग, नाग, सर्प. *(nm)*–a serpent, a snake.

سانپ سونگھ جانا sānp sūngh jānā (साँप सूँघ जाना)–बिलकुल चुप हो जाना, डर जाना. *(v)*–to be dead silent, to be terrified.

سانپ کا کاٹا رسی سے ڈرتا ہے sānp kā kāṭā rassī se ḍartā hai (साँप का काटा रस्सी से डरता है)–दूध का जला छाछ फूँक फूँक कर पीता है. कोई हानि उठाने के बाद या चोट खाने के बाद आदमी सावधान हो जाता है. *(prov)*–a burnt child dreads the fire.

سانپ مرے نہ لاٹھی ٹوٹے sānp mare na lāṭhī ṭūṭe (साँप मरे न लाठी टूटे)–बड़ी सावधानी और चौकसी से अपना काम निकालना. *(prov)*–to proceed in a very cautious and intelligent manner.

سانپ نکل گیا اب لکیر پیٹا کر sānp nikal gayā ab lakīr pīṭā kar (साँप निकल गया अब लकीर पीटा कर)–नुक्सान हो जाने के पश्चात पश्चाताप का क्या लाभ! *(idi)*–there is no use crying over split milk.

سانپن sānpan (साँपन)–साँप की मादा. *(nf)*–a female snake.

سنپولیا sanpoliyā (संपोलिया)–साँप का बच्चा, छोटा साँप. *(nm)*–a young snake.

سپیرا sapera (सपेरा)–साँप को पकड़ने वाला, साँप का खेल दिखाने वाला. *(nm)*–a snake charmer.

سانٹھ sānṭh (साँठ)–जोड़, मेल, मिलाप, सम्बन्ध. *(nf)*–joining, sticking, contact, union.

سانٹھنا sānṭhnā (सांठना)–किसी को अपने साथ मिला लेना, प्रभावित करना, किसी की सहमति प्राप्त करना. *(v)*–cause someone to agree with.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ساٹھ گانٹھ sānṭh-gānṭh (साँठ-गाँठ)–साजिश, षड्यंत्र, चक्कर. *(nf)*–plot, conspiracy.

سانجھ sānjh (सांझ)–शाम, दिन ढले, रात से पहले का समय. *(nf)*–evening, dusk, before night fall.

سانچ sānc (साँच)–सच, असल, वास्तविकता. *(nm)*–truth, reality.

سانچ کو آنچ نہیں sānc ko ānc nahīn (साँच को आँच नहीं)–सच की सदा जीत होती है. *(prov)*–truth is always victorious.

سانچا sāncā (साँचा)–जिसमें कोई चीज़ डाल कर ढालते हैं. *(nm)*–a mould, a matrice.

سانچے میں ڈھالنا sānce main ḍhālnā (साँचे में ढालना)–साँचे में पिघली धातु डाल कर कोई चीज़ बनाना. *(v)*–to mould.

سانیہا sānihā (सानिहा)–हादिसा, घटना, दुर्घटना. *(nm)*–an occurance, an event, an accident, a mishap.

سانڈا sāṇḍā (सांदा)–वह रस्सी जिस से दूध निकालते समय गाय की टाँगें बाँधी जाती हैं. *(nm)*–a rope by which a cow's legs are tied at the time of milking it.

سانڈ sāṇḍ (साँड)–एक बैल जिस पर कुछ ज़िम्मेदारी नहीं होती, एक व्यक्ति जो कोई काम नहीं करता और मुफ्त की खाता है, आवारा और निठल्ला. *(nm)*–a bull, a stallion, an independent or extravagant fellow.

سانڈا sāṇḍā (साँडा)–रेत में पाई जाने वाली एक प्रकार की छिपकली. *(nm)*–a species of sand lizard.

سانڈنی sāṇḍanī (साँडनी)–मादा ऊँट, ऊँटनी. *(nf)*–female camel, dromedary.

سانڈنی سوار sāṇḍanī savār (साँडनी सवार)–ऊँटनी का सवार या चालक, ऊँट पर सवार हो कर संदेश लाने वाला. *(nm)*–a camel rider or driver, a messenger who comes on a camel.

سانڈیا sāṇḍyā (साँडया)–एक युवा ऊँट, कढ़ाई का काम करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला पहिया. *(nm)*–a young male camel, a wheel used in lace making.

سانس sāns (साँस)–श्वास, नाक या मुँह से हवा अँदर खींचना व बाहर निकालना. *(nm/f)*–breath, sigh.

سانس بھرنا sāns bharnā (साँस भरना)–गहरा साँस लेना. *(v)*–to take a deep sigh.

سانس پھولنا sāns phūlnā (साँस फूलना)–हाँपना. *(v)*–to pant.

سانس رکنا (साँस रुकना)–साँस घुटना. *(v)*–to be suffocated.

سانس روکنا sāns roknā (साँस रोकना)–साँस रोक लेना, साँस लेना बंद हो जाना. *(v)*–to suffocate, to stifle.

سانس لینا sāns lenā (साँस लेना)–मुँह या नाक से साँस अन्दर खींचना या बाहर निकालना. *(v)*–to breathe.

سانسی sānsī (सांसी)–पिछड़ी जाति का एक क़बीला जिस पर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाया जाता है. *(nm)*–a criminal tribe, nomade.

سانگ sāng (सांग)–स्वांग भरना, नकल करना, ड्रामा करना, हँसी-मज़ाक़ का खेल दिखाना, भेस बदलना, लोगों का मनोरंजन करना. *(nm)*–acting, mockery, farce, a play, a representation, imper- sonation, drama.

سانگ بھرنا sāng bharnā (सांग भरना)–स्वांग भरना, ड्रामा करना, किसी की नकल करना, भेस बदलना, मनोरंजन करना. *(v)*–to act the part of, to play the fool, to mock, to represent a character.

سانگی sāngī (सांगी)–सांग भरने वाला, किसी की नकल करने वाला, मनोरंजन करने वाला. *(nm)*–actor, player, a support on which the pole of a cart is propped.

سانّا sānnā (सानना)–गूँधना, मिलाना, भरना, शामिल कर लेना. *(v)*–to knead, to mix up, to implicate, to smear, to stain.

سانولا sānvlā (सांवला)–हल्का काला रंग, जो गोरा नहीं हो. *(adj)*–of a dark colour, of blackish brown colour.

سانی sānī (सानी)–भुस और खली मिला हुआ चारा जो गाय-भैंसों को दूध की बढ़ोतरी के लिए खिलाते हैं, खेती वाड़ी और बाग का काम करने वाला आदमी. *(nf)*–chaff or straw mixed

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

with grain used as food for cattle, forage.

ساون sāvan (सावन)–विक्रमी संवत का पांचवाँ महीना जो कि जुलाई और अगस्त के महीने में पड़ता है. *(nm)*–the fifth month of Vikrami samvat, corresponding to July August.

ساون ہرے نہ بھادوں سوکھے sāvan bhare na bhādon sūkhe (सावन भरे न भादों सूखे)–सदा एक जैसा रहने वाला. *(prov)*– neither sprouting in summer nor fading in autumn, remaining ever the same.

ساون کی جھڑی sāvan kī jhaṛī (सावन की झड़ी)–सावन के महीने की लगातार वर्षा. *(nf)*–persistent rain, continuous down pour.

ساونت sāvant (सावंत)–बहादुर, योद्धा, लड़ाकू. *(nm)*–a hero, a warrior.

ساونی sāvanī (सावनी)–सावन के महीने में होने वाली फसल जैसे धान, जवार, बाजरा मकई इत्यादि पैदा होते हैं. *(nf)*–the autumn harvest.

ساہا sāhā (साहा)–शुभ दिन, शुभ घड़ी, किसी भी मंगल-कार्य के लिए शुभ दिन व समस निर्धारित करना. *(nm)*–opportune time and day for marriage or other auspicious occasions.

ساہو sāhū (साहू)–शुभ चिन्तक, मित्र, दाणी, दाता, व्यापारी, साहूकार. *(nm)*–a well-wisher, a patron, a benefactor, a trader, a money lender.

ساہوکار sāhūkār (साहूकार)–महाजन, व्यापारी, बैंकर, सूद पर रुपया देने वाला. *(nm)*– a trader, a banker, a money-lender.

ساہوکارا sāhūkārā (साहूकारा)–व्यापार, सूद पर रुपयों का लेन-देन. *(nm)*–money market, exchange of money, money-lending.

ساہوکاری sāhūkārī (साहूकारी)–व्यापार, बैंक का कारोबार, सूद पर रुपये-पैसे का लेन-देन. *(nf)*–trade, commerce, banking, exchange of money.

ساہی sāhī (साही)–एक बड़े चूहे के आकार का जानवर जिसके सारे शरीर पर काँटे होते हैं. ऐसा माना जाता है कि जिस घर में साही का काँटा डाल दिया जाए वहाँ सदा लड़ाई-झगड़ा रहता है. *(nm)*–a porcupine, a rat-like animal having thorns on its back.

سائبان sāibān (साइबान)–मकान के आगे धूप और बारिश से बचने के लिये टीन की चादरें या फूस का छप्पर. *(nm)*–a canopy, a sun-shade, a thatched roof, the roof of a tent.

سائر sāir (साइर)–सारा, सब, तमाम, आराम, घूमने-फिरने वाला, यात्री, मुसाफिर, टैक्स, चुंगी, महसूल. *(nm)*–the whole, the rest, walking, wandering, travelling,tax, duty, octroi.

سائن بورڈ sāin bord (साइन बोर्ड)–किसी दुकान या कार्यालय का नाम-पट्ट. *(nm)*– a signboard.

سائنس sāins (साइंस)–विज्ञान, शिक्षा की एक शाखा. *(nm)*–science, a branch of education.

سائیس sāis (साइस)–घोड़ों की देख-भाल करने वाला, घोड़ों की मालिश करने वाला. *(nm)*–a groom, a horse-keeper.

سائسی sāisī (साइसी)–साइस का कर्म, घोड़ों की देखभाल का काम. *(nf)*–business of a groom.

سائل sāil (साइल)–प्रश्न-कर्ता, सवाल पूछने वाला, आवेदन करने वाला, प्रार्थना करने वाला, याचक, भिखारी. *(nm)*–an applicant, a petitioner, a beggar, a mendicant.

سائی sāī (साई)–अग्रिम धन, किसी सौदे को पक्का करने के लिए दिया जाने वाला धन. *(nf)*–earnest money, advance money.

سائی دینا sāī denā (साई देना)–अग्रिम धन देना, सौदा पक्का करना. *(v)*–to give earnest money.

سائیں sāīn (साईं)–मालिक, स्वामी, पति, ईश्वर, परमात्मा, संन्यासी, साधु. *(nm)*–master, lord, husband, the supreme being, God, religious medicant.

سائیں سائیں sāyen sāyen (सायें सायें)–हवा के चलने से होने वाली सायें सायें की आवाज़, सीटी की आवाज़. *(nf)*–a rustle, whistle.

سایہ sāyā (साया)–औरतों के पहनने का गाऊन, कपड़ों के ऊपर से पहनने का चोगा. *(nm)*–dress, woman's gown.

سایہ sāyā (साया)–छाया, परछाई, प्रतिबिम्ब, प्रेत बाधा, आसेब, छांव. *(nm)*–shadow, shade.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

shelter, protection, a spectre, an apparition.

سایہ پڑنا sāyā paṛnā (साया पड़ना)–किसी के प्रभाव में आ जाना, किसी की बात मानना, किसी के उठने-बैठने की नकल करना, भूत-प्रेत से ग्रस्त हो जाना. *(v)*–to come under one's influence, to imitate the manners of other, to come under influence of evil spirit.

سایہ دار sāyādār (सायादार)–छांव देने वाला, छाया वाला. *(adj)*–shady.

سایہ ڈالنا sāyā ḍālnā (साया डालना)–किसी को प्रभावित करना, धूप और बारिश से बचने के लिए मकान के आगे छज्जा डालना, किसी का पक्ष लेनां, किसी पर कृपा करना. *(v)*–to cast a shadow, to afford shelter or protection, to show favour to.

سایہ ڈھلنا sāyā ḍhalnā (साया ढलना)–परछाईं ढलना, सूर्य ढलना, दुपहर ढलना, शाम का समय होना. *(v)*–to be dusky, to be afternoon.

سایہ ہونا sāyā honā (साया होना)–दुष्टात्मा से प्रभावित होना. *(v)*–to be possessed by an evil spirit.

سب sab (सब)–तमाम, सभी, संयुक्त. *(adj)*–entire, whole, all, every, total.

سب ایک ہی تھیلی کے چٹے بٹے ہیں sab ek hī thailī ke caṭṭe baṭṭe hain (सब एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं)–सब एक जैसे हैं. *(prov)*–all are chips of the same block.

سب سے بھلی چپ sab se bhalī cup (सब से भली चुप)–चुप रहने के अनेक लाभ हैं. चुप रहने से आदमी विवादों से बचा रहता है. *(prov)*–silence is the best, to speak is silver, silence is gold.

سب کا سب sab kā sab (सब का सब)–सारा, सभी, समस्त, सम्पूर्ण. *(adv)*–all together, the whole, completely, entire.

سب sabb (सब्ब)–गाली, अपशब्द, गंदी भाषा बोलना, किसी को चोट पहुँचाना. *(nf)*–abuse, reproach, disgrace, slander, injury.

سب و شتم sabb-o shatam (सब्ब-ओ शत्म)–गाली गलौच, अपशब्द, बुरा भला कहना. *(nf)*–abusive language, reproach.

سبابہ sabbābah (सब्बावह)–अँगूठे के पास की उँगली, तर्जनी उँगली. *(nm)*–the forefinger.

سبب sabab (सबब)–कारण, ज़रिया, वसीला, वास्ता, हुज्जत, दलील, आधार. *(nm)*–cause, reason, ground, means, instrument, motive, relationship.

بہ سبب bā sabab (बा सबब)–के कारण से, के वास्ते. *(adv)*– on account of, by means of.

سبب کھلنا sabab khulnā (सबब खुलना)–कारण प्रकट होना. *(v)*– reason to be disclosed.

سبت sabt (सब्त)–विश्राम और पूजा करने का दिन. (मुसलमानों के लिए शुक्रवार, यहूदियों के लिए शनिवार और ईसाइयों के लिये रविवार). *(nm)*–the day of rest and prayer. (Friday for Muslims, Saturday for Jews, Sunday for Christians), the sabbath day, the Lord's day.

سبحان subhān (सुब्हान)–ख़ुदा (ईश्वर) को याद करना, ईश्वर की प्रार्थना करना. *(adj)*–Holy, glorifying or praising God.

سبحان اللہ subhān allāh (सुब्हान अल्लाह)–अल्लाह (ईश्वर) सर्वश्रेष्ठ है, मैं अल्लाह (ईश्वर) को याद करता हूँ. –God be praised, Holy God, good God.

سبد sabd (सब्द)–टोकरा, टोकरी, भेंट की डाली. *(nm/f)*–a basket, a gift.

سبد گل sabd-e gul (सब्द-ए गुल)–फूलों का गुच्छा, गुलदस्ता. *(nm/f)*– bunch of flowers.

سبز sabz (सब्ज़)–हरा, अधपका, ताज़ा, हरा रंग. *(adj)*– unripe, green, verdant, fresh, flourishing.

سبز باغ دکھانا sabz bāg dikhānā (सब्ज़ बाग़ दिखाना)–धोखा देना, फरेब करना, झूठी आशाएँ बँधाना, गुमराह करना. *(v)*–to deceit, to misguide, to mislead, to excite desire and hope by false promises.

سبز بخت sabz bakht (सब्ज़ बख़्त)–सौभाग्यशाली, खुशकिस्मत. *(adj)*–fortunate, lucky.

سبز پری sabz parī (सब्ज़ परी)–हरे रंग की शराब, वह सुन्दर स्त्री जिस ने हरे रंग के कपड़े पहन रखे हों. *(nf)*– green coloured wine, a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

beautiful woman wearing green dress.

سبز پوش sabz posh (सब्ज़ पोश)–हरे रंग के कपड़े पहनने वाला, मुसलमानों में साधु, सन्त और पूजा पाठ करने वाले हरे रंग के कपड़े पहनते हैं. *(adj)*–wearing green clothes, in Muslim community saints, faqirs and religious minded wear green clothes.

سبز قدم sabz kadam (सब्ज़ क़दम)–बदनसीब, मनहूस, तबाही लाने वाले क़दम. *(adj)*–unfortunate, unlucky, ill-omened.

سبز ہونا sabz honā (सब्ज़ होना)–फलना-फूलना, उन्नति करना, समृद्ध होना, खुशहाल होना. *(v)*–to floroush, to grow, to be prosperous.

سبز sarsabz (सरसब्ज़)–उपजाऊ, अधिक उपज वाली भूमि, लाभदायक. *(adj)*–fertile, productive, fruitful, rich soil.

سبزہ sabzā (सब्ज़ा)–हरियाली, ताज़गी, कान का एक ज़ेवर, पन्ना, नीलकंठ, एक प्रकार का आम, किशोर की दाढ़ी आने से पहले चेहरे का हरा रंग. *(nm)*–green, herbage, verdure, sweet basil, green stone for an ear-ring, insipient beard, bloom, an iron-grey horse.

سبزہ زار sabzāzār (सब्ज़ाज़ार)–हरी-भरी जगह, एक चरागाह, बाग या बागीचा, एक नशीली जड़ी बूटी भंग. *(nm)*–a place abounding in verdure, a meadow, a lawn or garden, hemp.

سبزی sabzī (सब्ज़ी)–हरी रंगत, हरियाली, ताज़गी, नयापन, साग-पात, तरकारी, शराब रखने वाला प्याला या बोतल, नशीली बूटी भंग, भंग से बना एक नशीला पेय. *(nf)*– greenness, verdure, greens, potherbs, a goblet or bottle for wine, an intoxicating liquor made of (*bhang*) hemp.

سبزی خور sazī khor (सब्ज़ी खोर)–साग-पात (सब्ज़ी-तरकारी) खाने वाला, जो माँस-मछली न खाता हो. *(nm)*– vegetarian.

سبزی فروش sabzī pharosh (सब्ज़ी फरोश)–सब्ज़ी बेचने वाला. *(nm)*– a green grocer.

سبزی منڈی sabzī mandī (सब्ज़ी मंडी)–जहाँ सब्ज़ियाँ बिकती हैं. *(nf)*–vegetable market.

سبط sibt (सिब्त)–बेटे या बेटी के बच्चे, पोते पोतियाँ, दोहते दोहतियाँ, यहूदी. *(nm)*–a grand child, children of son or daughter, Jews.

سبطین sibtīn (सिब्तीन)–'सिब्त' का बहुवचन, बेटे या बेटी के बच्चे, हज़रत इमाम हसन और हज़रत इमाम हुसैन जो हज़रत मुहम्मद के दोहते (नवासे) थे. *(nm)*–plural of سبط *sibt*, grandsons, Imam Hassan and Imam Hussain, the grand-sons of Holy Prophet.

سبع sabāa (सबाअ)–सात की संख्या. *(adj)*–seven.

سبع سیارہ sabāa siyārah (सबाअ सियारह)–सात सितारे, सप्त-ऋषि. *(nm)*–seven stars.

سبق sabak (सबक़)–पाठ, पाठ्य पुस्तक का एक भाग, नसीहत, अनुभव, दंड, ताड़ना, सज़ा. *(nm)*–lesson, lecture, going forward, advancing, punishment, advice, experience.

سبق دینا sabak denā (सबक़ देना)–पढ़ाना, मार्ग-दर्शन करना, नसीहत देना, सज़ा देना, ताड़ना देना. *(nm)*–to instruct, to guide, to teach a lesson, to punish, to admonish.

سبقت sabkat (सबक़त)–अग्रसरता, आगे बढ़ना, प्रधानता, तरजीह, पहल, पेश क़दमी. *(nf)*–going before, outstripping, surpassing, preceding, aggression, taking the lead, superiority.

سبقت کرنا sabkat karnā (सबक़त करना)–पहल करना, शुरुआत करना, आरम्भ करना. *(v)*–to advance, to surpass, to precede, to go forward.

سبقت لے جانا sabkat le jānā (सबक़त ले जाना)–आगे बढ़ जाना, बाज़ी मार लेना, अपनी योग्यता सिद्ध कर देना, अपने को श्रेष्ठ प्रमाणित कर देना. *(v)*–to excel, to surpass, to take the lead, to outstrip, to prove one's ability and power.

سبک subuk (सुबुक)–हलका, कम भारी, तेज़, चुस्त, चालाक, सुन्दर, कमीना, ज़लील, रुसवा, अपमानित, शर्मिंदा. *(adj)*–light, delicate, trifling, unsteady, debased, trivial, frivolous.

سبک بار subuk bār (सुबुक बार)–जिस पर कोई बोझ न हो, अकेला दम, जिसका परिवार न हो. *(adj)*– lightly burdened, uencumbered.

سبک پا subuk pā (सुबुक पा)–तेज़ रफ्तार, तेज़ चलने वाला. *(adj)*–swift-footed, nimble.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سبک پائی subuk pāī (सुबुक पाई)–तेज़ चाल, तेज़ रफ़्तारी. *(nf)*–nimbleness of foot.

سبک پرواز subuk parvāz (सुबुक परवाज़)–तेज़ उड़ने वाला, जल्दी- जल्दी पर मारने वाला. *(adj)*–swift in flight.

سبک خیز subuk khez (सुबुक ख़ेज़)–चुस्त व चालाक, तेज़ रफ़्तार. *(adj)*–quickly or swiftly rising, swift, vigilant, alert, nimble.

سبک دوش subukdosh (सुबुकदोश)–भारमुक्त, जिस पर कोई बोझ न हो, जिस पर कोई ज़िम्मेदारी न हो, आज़ाद, बन्धनमुक्त. *(adj)*–relieved of responsibility, lightly laden.

سبک (رفتار) رو subuk (raftār) rau (सुबुक (रफ़्तार) रौ–तेज़ चलने वाला. *(adj)*–light paced, easy-going.

سبک سر subuk sar (सुबुक सर)–हलके दिमाग वाला, ओछा, कमीना, अस्थिर. *(adj)*–light headed, unsteady, contemptible, mean.

سبک گام subuk gām (सुबुक गाम)–तेज़ रफ़्तार, तेज़ चलने वाला. *(adj)*–light footed, active, brisk.

سبک مزاج subuk mizāj (सुबुक मिज़ाज)–हलके दिमाग वाला, हलकी सोच वाला, ओछा. *(adj)*–fickle minded, irresolute.

سبکی subkī (सुबकी)–हलकापन, ओछापन, अपमान, निरादर, ज़िल्लत, रुसवाई, बेइज़्ज़ती, शर्मिंदगी. *(nf)*– lightness, delicacy, indignity, dishonour, disgrace, contempt.

سبکی subakī (सुबकी)–सिसकी. *(nf)*–sob.

سبکیاں لینا subkiyān lenā (सुबकियाँ लेना)–सिसकियाँ भरना, सिसकना. *(v)*–to sob.

سبو subū (सुबू)–घड़ा, मटका, जग, गिलास, पानी रखने का बरतन. *(nm)*–a jar, a pitcher, a cup, a glass, tumbler.

سبو بدوش subū badosh (सुबू बदोश)–घड़े का स्टैंड, जिस पर घड़ा रखा जाता है. *(nm)*–a carrier or bearer of the pitcher.

سبوس subūs (सुबूस)–भूसी, चोकर, पशुओं का चारा, मिर की खुरकी. *(nm)*–chaff, polard, bran.

سبھا sabhā (सभा)–मीटिंग, सम्मेलन, जलसा, महफिल, मजलिस, अंजुमन, जमाअत, जत्था. *(nm)*–an assembly, meeting, company, convention, council.

سبھاپتی sabhāpati (सभापति)–प्रधान, अध्यक्ष, सदर. *(nm)*–a president, a chairman.

سُبھاؤ subhāv (सुभाव)–व्यवहार, आदतें, सम्पर्क, सम्बन्ध, बरताव. *(nm)*–good disposition, nature, behaviour, treatment. *(adj)*–well disposed, of good quality.

سبیل sabīl (सबील)–तदबीर, तरीका, ढंग, मुफ़्त पानी पिलाने का प्याऊ. *(nm)*–path, road, way, mode, manner, course, means; water or refreshing drinks given to thirsty travellers.

سبیل پلانا sabīl pilānā (सबील पिलाना)–प्यासे यात्रियों को पानी पिलाने के लिए प्याऊ की व्यवस्था करना. *(v)*–to offer water or refreshing drinks during Muharram.

سبیل لگانا sabīl lagānā (सबील लगाना)–प्यासे यात्रियों के लिए पानी की व्यवस्था करना. *(nm)*–to keep a stall for supplying water to thirsty travellers.

سبیل اللہ sabīl allāh (सबील अल्लाह)–अल्लाह के नाम पर सबील लगाना, अल्लाह के नाम पर प्यासे यात्रियों को पानी पिलाना. *(nm)*–for the sake of God, in the way of God.

ابن السبیل ibn-us-sabīl (इब्न-उस-सबील)–एक यात्री. *(nm)*–a traveller.

سپاٹ sapāṭ (सपाट)–हमवार, बराबर, समतल, साफ, सादा. *(adj)*–flat, even, smooth.

سپاٹا sapāṭā (सपाटा)–लम्बी दौड़ जो बहुत तेज़ दौड़ी जाए, सैर तमाशा, उछाल, लम्बी छलांग. *(nm)*–a long run, a quick march, a leap, a bound, a spring.

سیر سپاٹا sair sapāṭā (सैर सपाटा)–सैर करना, घमना फिरना, चहलकदमी करना. *(v)*–walk, stroll.

سپاٹا بھرنا sapāṭu bharnā (सपाटा भरना)–लम्बी छलांग लगाना. *(v)*– to take a long jump.

سپارہ/سیپارہ sipārah/sīpārah (सिपारह/सीपारह)–कुरान शरीफ के 30 अध्यायों में से एक. *(nm)*–one of the 30 chapters of the Quran.

سپاری supārī (सुपारी)–छालिया, एक गुठली जैसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चीज़ जिसे बारीक काट कर पान में डाला जाता है, पुरुष के लिंग का अग्र भाग. *(nf)*– betel-nut. penis.

سپاس **sipās** (सिपास)–प्रशंसा, श्लाघा, तारीफ़, स्तुति. *(nm)*–praise, thanks.

سپاس گزاری **sipsā guzārī** (सिपसा गुज़ारी)–कृतज्ञता, एहसानमंदी. *(nf)*–thanks giving.

سپاس نامہ **sipās nāmā** (सिपास नामा)–स्वागत-भाषण. *(nm)*– laudatory address, address of welcome.

سپاہ **sipāh** (सिपाह)–सेना, मिलिट्री, फौज. *(nm)*–army, soldiery, troops, force.

سپاہی **sipāhī** (सिपाही)–सेना या पुलिस में सब से निचले स्तर का अधिकारी जिसका काम अधिकारियों का आदेश मानना है. *(nm)*–constable, sentry, soldier.

سپاہ دار **sipāhdār** (सिपाहदार)–सेना नायक, सेना का अधिकारी. *(nm)*–military officer.

سپاہ سالار **sipāh sālār** (सिपाह सालार)–सेना का राज से ऊँचा अधिकारी, जनरल, कमांडर, कमांडर-इन-चीफ. *(nm)*–a general, a commander, a commander-in-chief.

سپاہ گری **sipāhgarī** (सिपाहगरी)–सेना की नौकरी, सेना का कर्म करना. *(nf)*–the military profession, military tactics, soldiering.

سپاہیانہ **sipāhiyānah** (सिपाहियानः)–सिपाहियों वाला व्यवहार, सिपाहियों जैसा व्यवहार, बहादुरी के साथ. *(adj)*–soldier like, soldierly, with courage and bravery.

سپر **sipar** (सिपर)–ढाल, कवच, सुरक्षा, आड़, बचाव, रोक, पनाह. *(nf)*–a shield, protection, safety.

سپر اندازی **sipar andāzī** (सिपर अंदाज़ी)–अपने हथियार फेंक देना, पराजय स्वीकार कर लेना. *(nf)*–throwing away the shield, surrendering.

سینہ سپر ہونا **sīnā sipar** (सीना सिपर)–युद्ध के लिए तैयार होना, बहादुरी से लड़ना. *(v)*–to be ready to fight, to show a bold front.

سپرد **supurd** (सुपुर्द)–समर्पित, सौंपा हुआ. *(nf)*–charge, care, keeping, giving over, delivery, submission.

سپرد کرنا **supurd karnā** (सुपुर्द करना)–हवाले करना, सौंपना, कब्ज़े में देना, अमानत रखवाना. *(v)*–to give in charge, to consign, to entrust, to deliver, to submit.

سپردگی **supurdagī** (सुपुर्दगी)–समर्पण, हस्तांतरण, सौंपना, हिरासत में लेना. *(nf)*–delivery, surrender, charging, entrusting, commitment by a magistrate.

سپستاں **sapistān** (सपिस्तां)–लसूड़ा, बेर के आकार का एक फल जो दवाई बनाने के काम आता है. *(nm)*–a glutinous fruit used as a medicine.

سپنا **sapnā** (सपना)–जो कुछ नींद में नज़र आए, ख़्वाब. *(nm)*–a dream.

سپند **ispand** (स्पिंद)–एक जंगली जड़ी बूटी जो कि दवाई बनाने के काम आती है. *(nm)*–wild rue, a herbal bush.

سپوت **sapūt** (सपूत)–नेक और आज्ञाकारी बेटा, जो अपने माता-पिता का कहना मानता हो. *(nm)*–a dutiful and obedient son.

سمپورن **sampūrṇ** (सम्पूर्ण)–पूरा, मुकम्मल, पूरा चाँद. *(nm)*– full moon.

سپولیا **sapoliyā** (सपोलिया)–साँप का बच्चा, छोटा साँप. *(nm)*–young snake, just hatched.

سپہ **sipah** (सिपः)–सिपाह का लघु रूप, सेना. *(nm)*– military, troops, force.

سپہ سالار **sipah sālār** (सिपह सालार)–सेना का प्रमुख अधिकारी, कमांडर इनचीफ. *(nm)*–commander-in-chief, the senior most officer of army.

سپہر **sipihar** (सिपिहर)–आकाश, आस्मां, गगन. *(nm)*–the sphere, the celestial globe, the sky, fortune, time, the world.

سپھل **suphal** (सुफल)–अच्छा फल, लाभदायक, उपयोगी, फ़ायदेमंद. *(adj)*–bearing good fruit, fruitful, profitable, useful.

سپید **saped** (सपेद)–सफेद, उजला, गोरा, कोरा, बिना लिखा. *(adj)*–white, blank.

سپیدہ **sapedā** (सपेदा)–सफेदा, सूर्य के निकलने का समय, सफेदा का पेड़, सफेद रंग जो तस्वीरों में भरते हैं. *(nm)*– dawn of the day, the

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سپیرا sapera (सपेरा)

eucalyptus tree, white paint.

سپیرا sapera (सपेरा)–साँपों को पकड़ने वाला मदारी, जो अपनी बीन की आवाज़ पर साँप को नचाता है. *(nm)*–a snake charmer, a snake charmer.

سپیکر spīkar (स्पीकर)–बोलने वाला, भाषण देने वाला, विधान सभा या लोक सभा का अध्यक्ष (स्पीकर). *(nm)*–one who speaks, who delivers a speech, chairman of legislative assembly or Loksabha (speaker).

ست sat (सत)–सच, सत्य, ठीक, उचित, सात, अच्छाई. *(adj)*–true, right, actual, real, seven. *(nm)*–truth, goodness, virtue, juice, extract.

ست بچن sat bacan (सत बचन)–सत्य वचन, सचाई बयान करना, सच्चा बयान, सच्ची बात. *(nm)*–a true statement.

ست پوتی sat pūtī (सत पूती)–सात बेटों की माँ. *(nf)*–mother of seven sons.

ست خصمی sat khasmī (सत ख़समी)–जिस औरत के सात पति हों, जिसे हर समय सम्भोग की इच्छा रहती हो, जिस औरत के बहुत से मर्दों से शारीरिक सम्बन्ध हों. *(nf)*–a woman having seven husbands, a woman who has instiable sexual desire, a woman who has sexual relations with many men.

ست کونا sat konā (सत कोना)–जिसके सात कोने हों. *(adj)*–seven cornered, heptagonal.

ست لڑا sat laṛā (सत लड़ा)–औरत के गले का हार जिस में सात लड़ियाँ हों. *(nm)*–a necklace of seven strings.

ست ماسا sat māsā (सत मासा)–वह बच्चा जो पूरे समय से पहले अर्थात् सातवें महीने में पैदा हो जाए. *(nm)*– a child born in the seventh month of pregnancy.

ست منزلا sat manzilā (सत मंज़िला)–वह घर जिस की सात मंज़िलें हों. *(adj)*–a seven storied house.

ست ناجا sat nājā (सत नाजा)–सात अनाजों का मिश्रण. *(nm)*–a mixture of seven grains.

ستار sitār (सितार)–संगीत का एक वाद्य-यंत्र जिसके तीन तार होते हैं. *(nm)*–a kind of guitar with three strings.

ستارنواز sitār navāz (सितार नवाज़)–सितार बजाने वाला. *(nm)*–one who plays on the guitar.

ستّار sattār (सत्तार)–हमारे अवगुणों और बुराइयों पर पर्दा डालने वाला, ईश्वर, हमारे सब गुनाहों को क्षमा करने वाला. *(nm)*–one who covers our failings and short-comings, God, covering, concealing.

ستّارالعیوب sattār-ul-uyūb (सत्तार-उल-उयूब)–जो हमारे दोषों और बुराइयों को छिपाता है, परमात्मा. *(nm)*–one who covers our sins (with the veil of His mercy), God.

ستارہ sitārā (सितारा)–आकाश में चमकने वाला तारा, एक आतिशबाज़ी का नाम, एक संगीत के बाजे का नाम जिसके तीन तार होते हैं, एक आभूषण. *(nm)*–a star, a kind of fire work, name of a musical instrument, with three strings, an ornament.

ستارہ اچھا ہونا sitārā acchā honā (सितारा अच्छा होना)–भाग्यशाली होना. *(v)*– to have lucky stars.

ستارہ بلند ہونا sitārā buland honā (सितारा बुलन्द होना)–अच्छे भाग्य वाला होना, सौभाग्यशाली होना. *(v)*–to be very fortunate.

ستارہ چمکنا sitārā camaknā (सितारा चमकना)–इकबाल बुलन्द होना, भाग्य चमकना, किस्मत जागना. *(v)*–to be in good luck, to have the star in the ascendant.

ستارہ دُمدار sitārā dumdār (सितारा दुमदार)–पुच्छल तारा, एक ऐसा तारा जिसकी पूंछ नज़र आती है. *(nm)*–a comet.

ستارہ شناس sitārā shinās (सितारा शिनास)–सितारों को पहचानने वाला, सितारों के बारे में पूरी जानकारी रखने वाला, ज्योतिषी, नुजूमी. *(nm)*–an astrologer, an astronomer.

ستارہ شناسی sitārā shināsī (सितारा शिनासी)–सितारों की पहचान, ज्योतिष का काम, नुजूमी का कर्म. *(nf)*– astrology, astronomy.

ستارہ صبح sitārā subah (सितारा सुबह)–प्रातःकाल का सितारा. *(nm)*–the morning star.

ستارہ قطبی sitārā kutabī (सितारा कुतबी)–ध्रुव तारा. *(nf)*–a polar star.

ستارہ گردش میں ہونا sitārā gardish main honā

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(सितारा गर्दिश में होना)–खराब समय होना, भाग्य का बिगड़ना, नुक्सान होना. *(v)*–to be in bad luck, suffer from the vicissitudes of fortune.

ستاروں بھرا **sitāron bharā** (सितारों भरा)–सितारों से भरा आकाश. *(adj)*–starry, full of stars.

ستاروں بھری رات **sitāron bharī rāt** (सितारों भरी रात)–आकाश में सितारे ही सितारे हों. ऐसा प्रायः तब होता है जब आकाश में चाँद नहीं होता. *(nf)*–star-spangled night, a night without moon.

ستاروں کا جھرمٹ **sitāron kā jhurmaṭ** (सितारों का झुरमट)–आकाश गंगा जिसमें बहुत से सितारों के समूह होते हैं. *(nm)*– glaxy of stars.

ٹوٹنے والا ستارہ **ṭūṭne vālā sitārā** (टूटने वाला सितारा)–आकाश में टूटता हुआ दिखने वाला सितारा. *(nm)*–a shooting star.

ستاسی **sattāsī** (सत्तासी)–अस्सी और सात. *(adj)*–eighty seven.

ستاں **sitān** (सितां)–लेने वाला, छीनने वाला, कब्ज़ा करने वाला. जैसे जां सितां अर्थात् जान लेने वाला, हत्या करने वाला. *(adj)*–taking, seizing, captivating (used in compos. as جاں ستاں *jān sitan*–taking life, killing.

ستان **sitān** (सितान)–जगह, मुकाम, किसी शब्द के साथ लग कर अपना अर्थ देता है जैसे गुलसितान अर्थात् बाग या बागीचा. *(nm)*–place, station (used as affix as گلستان *gulsitān*–a flower garden.

ستانا **satānā** (सताना)–तंग करना, परेशान करना, दुखी करना. *(v)*–to tease, to vex, to harm, to trouble, to annoy, to harass, to grieve.

ستانوے **satānave** (सतानवे)–सतानवे, नव्वे और सात. *(adj)*– ninety seven.

ستاون **satāvan** (सतावन)–सतावन, पचास और सात. *(adj)*–fifty seven.

ستائش **satāish** (सताइश)–प्रशंसा, सराहना, तारीफ, स्तुति. *(nf)*–praise, encomium.

ستائش گر **satāishgar** (सताइशगर)–प्रशंसा करने वाला, प्रशंसक, तारीफ़ करने वाला. *(nm)*– who praises, appreciates.

ستائیس **sattāis** (सत्ताइस)–सताइस, बीस और सात. *(adj)*– twenty-seven.

ستتر **sathattar** (सतहत्तर)–सत्तर और सात. *(adj)*–seventy- seven.

ستر **satar** (सतर)–छिपाना, ढकना, पर्दे में रखना, गुप्तांग. *(nm)*–concealing, covering, veiling, the privities.

ستر پوشی **satarposhī** (सतरपोशी)–गुप्तांगों को छिपाना, पर्दे में रखना. *(nf)*–to cover the private parts.

ستر دکھانا **satar dikhānā** (सतर दिखाना)–गुप्तांगों को बेपर्दा करना, बेशर्मी दिखाना, नंगा होना. *(v)*–to uncover the private parts, to be shameless, to be naked.

ستر عورت **satar-e aurat** (सतर-ए औरत)–नंगेपन को छिपाना. पुरुष का नंगापन उसके गुप्तांगों को ही माना जाता है लेकिन औरत के नंगेपन में उसका सारा शरीर माना जाता है उसके हाथ, पाँव और चेहरे को छोड़ कर. *(nm)*–hiding of nakedness. (nakedness in men consists of private parts and in women the whole body except face, hands and feet).

ستر **sattar** (सत्तर)–सत्तर की संख्या. *(adj)*–seventy.

ستر بہتر **sattarā-bahattarā** (सत्तरा-बहत्तरा)–जो सत्तर साल की उम्र का हो जाए, बूढ़ा. *(adj)*–old, dating.

سترہ **sattarā** (सत्तरा)–दस और सात. *(adj)*–seventeen.

سترواں **sattarvān** (सत्तरवाँ)–सत्तरा के क्रम में. *(adj)*– seventeenth.

ستلی **sutalī** (सुतली)–पतली रस्सी जो सामान इत्यादि बाँधने के काम आती है. *(nf)*–coarsy twine, string, rope.

ستم **sitam** (सितम)–ज़ुल्म, ज़बरदस्ती, अत्याचार, दुख, अन्याय, अँधेर, ग़ज़ब. *(nm)*–tyranny, oppression, violence, outrage, injustice, by force.

ستم رسیدہ/زدہ **sitam rasīdah/zadah** (सितम रसीदह/ज़दह)–जिस पर अत्याचार हुआ हो, ज़ुल्म का शिकार. *(adj)*– oppressed.

ستم ظریفی **sitam zarīfī** (सितम ज़रीफ़ी)–अन्याय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में भी मज़ाक़ का पहलू ढूँढ़ना. *(nf)*–elegance or ingeniousness in tyranny.

ستم کرنا sitam karnā (सितम करना)–ज़ुल्म ढाना, अत्याचार करना, ज़ोर-ज़बरदस्ती करना. *(v)*–to tyrannise over, to oppress.

ستم گر sitam gar (सितम गर)–सितम करने वाला, ज़ुल्म ढाने वाला, अत्याचार करने वाला. *(adj)*–tyrant, oppresser.

ستمبر sitambar (सितम्बर)–ईसाई कैलंडर का नवाँ महीना. *(nm)*– September, the ninth month of Christian calendar.

ستو sattū (सत्तू)–जौ को भून कर और पीस कर बनाए गए आटे को गुड़ और पानी में घोल कर गर्मियों में पीते हैं. *(nm)*–barley parched, ground and made into a paste drink.

ستو باندھ کے پیچھے پڑنا sattū bāndh ke pīche paṛnā (सत्तू बाँध के पीछे पड़ना)–हाथ धो कर पीछे पड़ना, लगातार पीछा करना. *(v)*–to pursue or persecute a person continuously.

ستواں sutvān (सुतवाँ)–पतली, तीखी, सुडोल और सुन्दर. *(nm)*–delicate, fine, thin.

ستواں ناک sutvān nāk (सुतवां नाक)–पतली, सुडोल, तीखी व सुन्दर नाक, खड़ी नाक. *(adj)*–delicate nose, fine elongated nose.

ستوانا sutvānā (सुतवाना)–साफ करवाना, नचुड़वाना. *(v)*–to cause to clean, to cause to squeeze, to cause to skin.

ستودہ sitūdah (सितूदह)–जिसकी प्रशंसा की गई हो, प्रशंसा के योग्य, प्रशंसनीय. *(adj)*–praised, laudable, celebrated, glorious.

ستودہ صفات sitūdah safāt (सितूदह सफ़ात)–जिसका अच्छा स्वभाव हो, अच्छे गुणों का मालिक. *(adj)*–laudable qualities.

ستون sutūn (सुतून)–स्तंभ, लाठ, खम्बा, मीनार, महत्त्वपूर्ण सदस्य. *(nm)*–a pillar, a column.

ستھرا suthrā (सुथरा)–साफ, स्पष्ट, शानदार, उजला, चमकीला, आकर्षक, बना-संवरा. *(adj)*–neat, elegant, adorned, well, exsellent, clean, clean-shaved.

ستھرائی suthrāī (सुथराई)–सफाई, उजलापन, चमक, आभा, सौंदर्य, अच्छाई, झाड़ू. *(nf)*–neatness, cleanliness, beauty, elegance, goodness, a broom.

ستی satī (सती)–हिन्दुओं में मृत पति के साथ उसकी चिता में जीवित जल मरने की रस्म, निष्ठावान पत्नी, वह औरत जो सती हो जाए. *(nf)*–a woman who burns on the funrel pile of her husband, a faithful wife, *(adj)*–chaste, virtuous, constant.

ستا sattā (सत्ता)–शक्ति, अधिकार, शासन. *(nm)*–power, strength, governing.

ستیاناس satyānās (सत्यानास)–तबाही, बरबादी, विनाश. *(nm)*– destruction, devastation, ruin.

ستیاناس کرنا sattyānās karnā (सत्यानास करना)–तबाह व बरबाद करना, विनाश करना. *(v)*–to spoil, to destroy.

ستیاناس ہونا sattyānās honā (सत्यानास होना)–तबाह व बरबाद होना, विनाश होना. *(v)*–to be destroyed, to be ruined.

ستیہ satya (सत्य)–सच, असल, वास्तविक. *(nm)*–truth, real, original.

ستیہ گرہ satyāgrah (सत्याग्रह)–किसी बात का विरोध करना, रुकावट पैदा करना, बात को न मानना, ज़िद करना. *(nm)*– solemn promise, passive resistance.

ستانوے satānave (सतानवे)–नव्वे और सात. *(adj)*–ninety-seven.

ستیز/ستیزہ satez/satezah (सतेज़/सतेज़ह)– लड़ाई-झगड़ा, फसाद, विवाद. *(nm)*–conflict, contention, battle, strife, fight, combat.

ستیزہ کار satezhakār (सतेज़हकार)–लड़ाई-झगड़ा करने वाला, लड़ाकू, झगड़ालू. *(nm)*–quarrelsome, fighter, opposer.

سٹ sat (सट)–साज़िश, षड्यंत्र, तदबीर, ढब, ढंग, तरीका, आशनाई, मेल-जोल, साँठ-गाँठ. *(nm)*– a conspiracy, mode, manner, a league, union, close attachment.

سٹ لڑانا sat laṛānā (सट लड़ाना)–साज़िश करना, षड्यंत्र रचना, चाल चलना, आशनाई. *(v)*–to conspire, to intrigue, to make friend.

سٹا sittā (सिट्टा)–अनाज की टहनी जिसके आगे अनाज के दाने लगे होते हैं. *(nm)*–an ear of Indian corn.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سٹّا satta (सट्टा)–लिखित करार नामा जिस से अनाज की पैदावार में हिस्सेदारी बनती है, एक प्रकार का जुआ. *(nm)*–an agreement to supply grain etc. for which advances have been made, a kind of gambling, a mercantile transaction, speculation, a market.

سٹّے باز sattebāz (सट्टेबाज़)–सट्टा खेलने वाला, जुआ खेलने वाला, आने वाले समय में मंडी के भावों का अनुमान लगाने वाला. *(nm)*–a speculator, a gambler.

سٹّے بازی sattebāzī (सट्टेबाज़ी)–अनुमान, अंदाज़ा, अटकजबाज़ी, बाज़ार भाव का जुआ. *(nf)*–speculation, forward trading, gambling.

سٹاپ stāp (स्टाप)–रुकने का स्थान जैसे बस स्टाप (बस के रुकने का स्थान). *(nm)*–stop, bus-stop.

سٹاسٹ saṭāsaṭ (सटासट)–तेज़ी से कोई काम करना, बिना रुके काम करना, लगातार कोई काम करना. *(adv)*–(of thrashing) in quick succession, swiftly.

سٹاف staf (स्टाफ़)–कर्मचारी, काम करने वाले लोग. *(nm)*–staff, workers.

سٹاک saṭāk (सटाक)–किसी कोड़े के फटकारने पर निकलने वाली आवाज़. *(adv)*–crack of whip etc.

سٹاک stāk (स्टाक)–वस्तुओं का संग्रह, इकट्ठा किया गया सामान. *(nm)*–stock, goods.

سٹال stāl (स्टाल)–सामान बेचने की छोटी दुकान जैसे टी-स्टाल, बुक-स्टाल इत्यादि. *(nm)*–a small shop for selling goods –tea-stall, book-stall etc.

سٹپٹانا saṭpaṭāna (सटपटाना)–उत्तेजित होना, परेशान होना, दुखी होना, घबराना, हैरान होना. *(v)*–to be confounded, to be surprised, to be restless.

سٹکنا/سٹک جانا saṭaknā/saṭāk jānā (सटकना/सटक जाना)–चले जाना, हट जाना, रफू चक्कर हो जाना, खिसक जाना. *(v)*–to run away, to disappear, to flee, to sheer off, to slink away.

سٹور stor (स्टोर)–बड़ी दुकान जिसमें जरूरत की सब वस्तुएँ मिलती हैं. *(nm)*–store, a shop for general goods.

سٹھ saṭh (सठ)–बेवकूफ, मूर्ख, मूढ़. *(adj)*–fool, stupid, ignorant.

سٹھنی siṭhnī (सिठनी)–शादी के अवसर पर दी जाने वाली मीठी गालियाँ और ताने. *(nf)*–abuses exchanged between in-laws at wedding.

سٹھیانا saṭhiyānā (सठियाना)–साठ वर्ष का हो जाना, काम करने व सोचने की शक्ति कम हो जाना, ठीक से न सोचना, युवा पीढ़ी द्वारा मूर्ख कहा जाना. *(v)*–to be sixty years of age, to lose one's mental balance as a result of age.

سٹّی sittī (सिट्टी)–अक्ल, योग्यता, कुशलता. *(nf)*–senses, wisdom, capability.

سٹّی گم ہونا sittī gum honā (सिट्टी गुम होना)–घबरा जाना, व्याकुल हो जाना, बेचैन हो जाना, होश उड़ जाना. *(v)*–to lose one's senses, to be confounded, to be disturbed, to be upset, to be confused.

سٹیج stej (स्टेज)–मंच, ऊँचा चबूतरा या प्लेटफार्म जिस पर नेता भाषण देता है या अभिनेता नाटक खेलता है. *(nm)*–stage, a platform for speech or drama.

سٹیشن steshan (स्टेशन)–ऐसा स्थान जहाँ कोई विशेष काम होता है, जैसे रेलवे स्टेशन (जहाँ रेल रुकती है.) पुलिस स्टेशन (जहाँ पुलिस का कार्यालय होता है). *(nm)*–station, stop, work place i.e. railway station, police station etc.

سٹیشنری steshnarī (स्टेशनरी)–लिखने पढ़ने का सामान जैसे कापियाँ, कलम, दवात, कागज़ इत्यादि. *(nf)*– stationery–writing material, copy, paper, pen, prncil etc.

سٹیمر stīmar (स्टीमर)–ऐसा समुद्री जहाज़ जो भाप से चलता है. *(nm)*–a steam-ship, steamer.

سج saj (सज)–सजावट, अच्छा दिखना, अच्छा लगना. आकर्षण. *(nf)*– decoration, good appearance, dress, attractive, charming.

سج دھج saj-dhaj (सज-धज)–सजावट, आकर्षण, सौंदर्य, दिखावा. *(nf)*–beautiful form, elegance, ornamentation, decoration.

سجاد sajjād (सज्जाद)–प्रार्थना करने वाला, पूजा करने वाला. *(adj)*–bowing in prayer, adoring, worshipping.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سجادہ sajjādah (सज्जादह)

سجادہ sajjādah (सज्जादह)–वह दरी या कपड़ा जिस पर मुसलमान अपनी नमाज़ पढ़ते हैं. मस्जिद. *(nm)*–prayer carpet of Muslims, mosque.

سجادہ نشین sajjādah nashīn (सज्जादह नशीन)–एक साधु, संत, फ़क़ीर, धार्मिक व्यक्ति, पूजा करने वाला. *(nm)*–a saint, a spiritual superior attached to a mosque or mandir, a Muslim ascetic.

سجانا sujānā (सुजाना)–चोट इत्यादि से शरीर के किसी अंग को सुजा देना, मुँह सुजा लेना, नाराज़ हो जाना. *(v)*–to cause to swell, to be displeased.

سجانا sajānā (सजाना)–सजावट करना, आकर्षक बनाना, सुन्दर बनाना, संवारना. *(v)*–to decorate, to adorn, to glorify, to arrange in order, to beautify.

سجاوٹ sajāvaṭ (सजावट)–सज-धज, बनावट, आकर्षण, सौंदर्य. *(nm)*–adoring, decoration, orna-mentation, beautification.

سجدہ sajdah (सजदह)–प्रार्थना, पूजा, नमाज़, इबादत, नमाज़ अदा करते समय ख़ुदा के आगे झुकना. *(nm)*– bowing in prayer so as to touch the ground with the forehead, adoration to God, prostration.

سجدہ کرنا sajdah karnā (सजदह करना)–प्रार्थना के लिए झुकना. *(nm)*–to adore.

ست پیماں sust paimān (सुस्त पैमां)–अपना वायदा निभाने में देरी करने वाला, विश्वास न करने योग्य. *(adj)*–slow in fulfilling engagements, unsteady, fickle.

ست رفتار sust raftār (सुस्त रफ़्तार)–धीमा, धीमी गति, आराम से चलने वाला. *(adj)*–slow, slow to move, easy-going.

ست کرنا sust karnā (सुस्त करना)–आराम करना, निट्ठला बैठना, गति धीमी करना, काम ढीला करना. *(v)*–to relax, to diminish the speed of, to throw cold water on.

ست ہونا sust honā (सुस्त होना)–निट्ठला होना, उदास होना, निराश होना. *(v)*–to be lazy, to be dejected, to be sad.

ستا sastā (सस्ता)–कम दाम में, जो महँगा न हो. *(adj)*– cheap, at low price.

سُستانا sustānā (सुस्ताना)–आराम करना, विश्राम करना, थकान उतारना, लेटना. *(v)*–to rest, to lie down, to repose a little.

ستائی sastāī (सस्ताई)–सस्तापन. *(nf)*– cheapness.

ستی sustī (सुस्ती)–काहिली, आराम, विश्राम, निट्ठलापन. *(nf)*–relaxation, languor, laziness, slothfulness, idleness, inaction, slowness, tardiness.

ستی کرنا sustī karnā (सुस्ती करना)–धीमी गति से काम करना, धीरे धीरे हाथ पैर चलाना, निट्ठला बैठना. *(v)*–to delay, to be lazy, to be sluggish.

سُسر susar (सुसर)–ससुर, श्वसुर, पति या पत्नी का पिता. *(nm)*–father of a husband or wife, a father-in-law.

سسرا susrā (सुसरा)–अपशब्द, गाली के रूप में किसी को कहना. *(nm)*–a father-in-law, an abuse.

سسرال susrāl (सुसराल)–ससुराल, ससुर का घर या परिवार, पति या पत्नी का मायका, जेल, कैदखाना. *(nf)*– father-in-law's house or family, jail, prison.

سسری susarī (सुसरी)–पति या पत्नी की माँ, सास, एक गाली के रूप में इस्तेमाल होता है. *(nf)*– mother-in-law, a term of abuse.

سسکارنا suskārnā (सुसकारना)–साँप के साँस लेने से पैदा होने वाली आवाज़. *(v)*–to hiss (as snake), to sibilate.

سسکنا sisaknā (सिसकना)–धीरे धीरे रोना, लम्बी और गहरी साँस लेना, डर के मारे धीरे धीरे साँस लेना. *(v)*–to sob, to sigh, to gasp, to quiver.

سسکی siskī (सिसकी)–किसी कष्ट के कारण दाँतों को भींच कर आवाज़ निकालना, आह भरना, ठंडी साँस लेना. *(nf)*–sobbing, sighing.

سسکیاں بھرنا siskiyān bharnā (सिसकियाँ भरना)–आह भरना, धीरे धीरे रोना, ठंडी साँस लेना. *(v)*–to sob, to sigh.

سطح satah (सतह)–धरातल, समतल, किसी चीज़ का ऊपरी हिस्सा, छत. *(nf)*–surface, a plane, a platform, flat roof.

سطحی satahī (सतही)–ऊपर ऊपर की बात, ऊपरी बात, जो गहरी न हो, जो समतल हो. *(nm)*–flat,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سطر satar (सतर)

superficial.

سطر satar (सतर)–लकीर, लाइन, रेखा, क़तार. *(nf)*–a line, row, rank, lineament, describing, ruling.

سطر بندی satar bandī (सतर बंदी)–रेखाएँ खींचना, लिखने के लिए लाइनें लगाना. *(nf)*–ruling, lines for writing on.

سطوت satavat (सतवत)–ताकत, अधिकार, दबदबा, रौब, शान-ओ शौकत, शक्ति, शासन. *(nf)*–power, authority, dominion, majesty.

سطور satūr (सतूर)–'सतर' का बहुवचन, लाइनें, पंक्तियाँ, रेखाएँ. *(nf)*–plural of سطر *satar*, lines.

سعادت saādat (सआदत)–समृद्धि, प्रगति, उन्नति, बढ़ोतरी, सौभाग्य, नेक़ी, भलाई, परोपकार. *(nf)*–prosperity, happiness, good fortune, auspiciousness.

سعادت مند saādatmand (सआदतमंद)–समृद्ध, सौभाग्यशाली, आज्ञाकारी, प्रसन्न, अपने कर्तव्य का पालन करने वाला. *(adj)*–fortunate, prosperous, happy, dutiful, obedient.

سعادت مندی saādatmandī (सआदतमंदी)–समृद्धि, सौभाग्य, आज्ञा-पालन. *(nf)*–prosperity, dutifulness.

سعال saāl (सआल)–खाँसी. *(nf)*–cough.

سعایت sikāyat (सिकायत)–चुगलखोरी, पीठ पीछे बुराई. *(nf)*–backbiting.

سعد saad (सअद)–सौभाग्यशाली, धार्मिक व्यक्ति, नेक व्यक्ति, परोपकारी. *(nm)*–prosperity, good fortune, felicity. *(adj)*–fortunate, auspicious.

سعدین saadīn (सअदीन)–दो शुभ सितारे गुरु व शुक्र. *(nm)*–the planets Jupiter and Venus.

سعی saaī (सअई)–प्रयास, कोशिश, दौड़-धूप, जदोजहद, संघर्ष. *(nf)*–attempt, endeavour, effort, purpose.

سعی سفارش saī siphārish (सई सिफारिश)–कहना सुनना, जदोजहद, कोशिश, प्रयास. *(nf)*–recommendation, hard struggle, attempt.

سعی لاحاصل saaī lāhāsil (सअई लाहासिल)–बेकार की कोशिश, व्यर्थ का प्रयास, असफल कोशिश. *(nf)*–a futile effort, a vain attempt.

سعی کرنا saaī karnā (सअई करना)–कोशिश करना, प्रयास करना, संघर्ष करना. *(v)*–to make an endeavour, to attempt, to strive, to try.

سعید saaīd (सअीद)–भाग्यशाली, प्रसन्न, खुश, धार्मिक व्यक्ति. *(adj)*–fortunate, happy, august, auspicious.

سعیر saaīr (सअीर)–आग, जहन्नुम की आग, जहन्नुम का एक भाग जहाँ सदा आग जलती रहती है. *(nf)*–fire, hell-fire, name of a part of hell.

سفارت sifārat (सिफ़ारत)–सफ़ीर का पद, दूसरे देश में सरकार का प्रतिनिधि. *(nm)*–embassy, acting as a messenger of peace, representing the country in another country, the embassador.

سفارت خانہ sifāratkhānā (सिफ़ारतखाना)–वह इमारत जिस में सफ़ीर (राजदूत) व उसके कर्मचारियों का कार्यालय हो. *(nm)*–embassy, the offices of the embassador and his staff.

سفارش sifārish (सिफ़ारिश)–किसी के लिए कहना सुनना, किसी को आगे बढ़ाना, किसी के लिए प्रभाव डालना. *(nm)*–recommendation, intercession, influence.

سفارش کرنا siphārish karnā (सिफारिश करना)–किसी पर प्रभाव डालना, किसी के लिए कहना सुनना. *(v)*–to recommend, to support claim of.

سفارش نامہ siphārish nāmā (सिफारिश नामा)–सिफारिशी चिट्ठी. *(nm)*–a recommendatory letter.

سفارشی ٹٹو sifārishī ṭaṭṭū (सिफ़ारिशी टट्टू)–जिसे सिफारिश के कारण नौकरी पर रखा गया हो. *(nm)*–one appointed merely on recommendation.

سفارشی چٹھی siphārshī citṭhī (सिफारशी चिट्ठी)–किसी की सिफारश के लिखा गया पत्र. *(nf)*–letter of recommendation.

سفّاک saffāk (सफ़्फ़ाक)–खून बहाने वाला, हत्यारा, ज़ालिम, निर्दयी. *(adj)*–shedder of blood,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

cruel, butcher, killer, murderer.

سفال sifāl (सिफ़ाल)–मिट्टी का बरतन, खोल, अखरोट या बादाम का छिल्का. *(nm)*–earthenware, potsherd.

سفالی sifālī (सिफ़ाली)–मिट्टी की या मिट्टी का बरतन. *(adj)*–earthen or of earth.

سفاہت sifāhat (सिफ़ाहत)–बेवकूफी, मूर्खता, मूढ़ता, अज्ञानता. *(nf)*– folly, foolishness, stupidity, ignorance.

سفت suft (सुफ़्त)–छेद, छिद्र, सुराख़. *(nm)*–hole, bore.

سفتہ suftah (सुफ़्तः)–छेद किया हुआ, छिद्र किया हुआ, सुराख़ वाला, बिंधा हुआ. *(adj)*–board, pierced (a pearl), perforated.

سفر safar (सफ़र)–यात्रा, रवानगी, घूमना-फिरना. *(nm)*– journey, voyage, travel.

سفر خرچ safar kharc (सफ़र ख़र्च)–यात्रा में होने वाला खर्च, यात्रा भत्ता. *(nm)*–travelling allowance.

سفر کرنا safar karnā (सफ़र करना)–यात्रा करना, कहीं जाना, जुदा होना, दूर जाना, मृत्यु हो जाना. *(v)*–to travel, to go on a journey, to depart, to retire, to die.

سفر نامہ safarnāmā (सफ़रनामा)–यात्रा-वृतान्त, यात्रा का विवरण. *(nm)*–an account of a journey.

سفری safarī (सफ़री)–सफ़र करने वाला, यात्री, सफ़र से सम्बन्धित. *(nm)*–concerning journey, provisions for a journey, a traveller.

سفلہ siflah (सिफ़्लः)–नीच, कमीना, लोफर, अधम. *(adj)*– ignoble, mean, contemptible, miserly, low, base, stingy.

سفلہ پرور siphlā-parvar (सिफ्ला-परवर)–नीच और कमीने लोगों की सहायता करने वाला, कमीनों का मददगार. *(nm)*–one patronizing mean persons.

سفلہ پروری siphlāparvarī (सिफ्लापरवरी)–नीच लोगों की सहायता, कमीने लोगों की मदद. *(nf)*– patronage extended to mean persons.

سفلہ پن siflāpan (सिफ़्लापन)–कमीनापन, छछोरापन, नीचता. *(nm)*–meanness, baseness.

سفلہ خو siflākhū (सिफ़्लाख़ू)–जिसका स्वभाव बहुत ही कमीना हो, नीच, ओछा. *(adj)*–mean-spirited, of a base or ignoble disposition.

سفلی siflī (सिफ़्ली)–निम्न कोटि का, घटिया, नीच. *(adj)*– lower, interior, infernal.

سفلی عمل siflī (सिफ़्ली अमल)–भूत-प्रेत का अमल, भूत-प्रेत को वश में करने का अमल. *(nm)*– magic wrought through evil spirits.

سفوف safūf (सफ़ूफ़)–चूर्ण, बारीक पिसी हुई चीज़ या दवा. *(nm)*–a powder.

سفید safed (सफ़ेद)–स्पेद, उजला, गोरा चिट्टा, कोरा, बगैर लिखा. *(adj)*–white, blank, unwritten.

سفید پوش safed posh (सफ़ेद पोश)–उजले वस्त्र पहनने वाला, सज-धज कर रहने वाला. *(adj)*–a man dressed in clean clothes, a well-dressed man.

سفید پوشی safedposhī (सफेदपोशी)–सम्मान, दिखावा, तड़क-भड़क. *(nf)*–respectability, middle class standard of living.

سفید پوشی قائم رکھنا safedposhī kāim rakhnā (सफ़ेदपोशी काइम रखना)–अपने आप को सम्मानित व भद्र व्यक्ति प्रमाणित करने की कोशिश करना, अपने जीवन-स्तर को बनाए रखना. *(v)*–to try to look respectable, to try to maintain middle class living standard.

سفیدہ safedah (सफ़ेदः)–सफ़ेद रंग का, सफ़ेद रंग का पेंट जिसे दूसरे रंगों में मिला कर हलका किया जाता है, फुंके हुए जिस्त का फूल जो आँखों की दवाओं में डाला जाता है, एक प्रकार का आम, एक प्रकार का खरबूज़ा, एक वृक्ष. *(nm)*–white paint, chalk, flour, powder, a kind of mango, a melon, a tree.

سفیدی safedī (सफ़ेदी)–सफ़ेद रंग लिये हुए वस्तु, गोरापन, चिट्टापन, अंडे के अंदर की सफ़ेदी, दीवारों पर फेरने का चूना, प्रातःकाल की रोशनी. *(nf)*– whiteness, white-washing, white of an egg, morning, light.

سفیدی پھیرنا safedī phernā (सफ़ेदी फेरना)– दीवारों पर सफ़ेदी करना. *(v)*–to white-wash.

سفیر safīr (सफ़ीर)–राजदूत, दूसरे देश में अपने देश का प्रतिनिधि. *(nm)*–an ambassador, an envoy, a messenger.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سفیہ safīhah (सफ़ीहः)

سفیہ safīhah (सफ़ीहः)–बेवकूफ़, मूर्ख, मूढ़, अनजान, बुद्धु. *(adj)*–foolish, stupid, ignorant.

سقا sakkā (सक्का)–पानी ले जाने वाला, शराब का जाम पकड़ने वाला. *(nm)*–a water carrier, a cup bearer.

سقاوہ sakāvā (सकावा)–स्नानघर, स्नान करने का स्थान. *(nm)*–a bathroom, a public bath.

سقایہ sakāyah (सक़ायः)–पानी का प्याला, पानी पिलाना. *(nm & v)*–a cup of water, to offer water for drinking.

سقایہ خانہ sakāyā khānah (सक़ाया ख़ानः)–वह इमारत जिसमें पानी जमा किया जाता है और आगे वितरण किया जाता है, वाटर वर्क्स, पानी की टँकी. *(nm)*–water- works, water-tank.

سقر sakar (सक़र)–नरक, नरक की आग, जहन्नुम, दोज़ख़. *(nm)*–hell, hell fire.

سقط sakat (सक़त)–घोड़े या गधे का मर जाना, किसी जानवर की मौत. *(nm)*–death of an animal, death of an ass or horse.

سقف sakaf (सक़फ़)–छत, मकान का ऊपर का हिस्सा, प्लेटफार्म, आकाश. *(nf)*–roof, ceiling, the sky, a platform.

سقم sukm (सुक़्म)–दोष, नुक्स, ऐब, त्रुटि, कमी, रोग, बीमारी. *(nm)*– flaw, defect, fault, disease.

سقم نکالنا sukm nikālnā (सुक़्म निकालना)–दूसरों के दोष निकालना, दूसरों की कमियाँ ढूँढ़ना. *(v)*–to find faults with others.

سقوط sukūt (सुक़ूत)–गिर पड़ना, नष्ट होना, जंग हार जाना, पराजित हो जाना. *(nm)*–falling off, miscarriage, elimination, to be defeated.

سقیم sakīm (सक़ीम)–रोगी, बीमार, अस्वस्थ, विकृत, खराब. *(adj)*–ailing, sick, infirm, disordered, faulty.

سکارنا sakārnā (सकारना)–स्वीकार करना, मंज़ूर करना, हुंडी का भुगतान करना, तड़का, प्रातःकाल. *(v)*–to accept, to accept a bill of exchange, early in the morning.

سکال sukāl (सुकाल)–अच्छा समस, समृद्धि का समय, उन्नति का समय, सस्ताई का समय. *(nm)*–good times, times of progress and prosperity, times of cheapness.

سکاؤٹ skāūt (स्काऊट)–सेवा करने वालों की एक संस्था, विद्यार्थियों की एक संस्था. *(nm)*–scout.

سکت sakat (सकत)–शक्ति, सामर्थ्य, योग्यता, क्षमता. *(nf)*–power, strength, ability.

سکتر siktar (सिकतर)–सेक्रेट्री, सचिव. *(nm)*–secretary.

سکتری siktarī (सिकतरी)–सचिव का पद या सचिव का कार्यालय. *(nm)*–post or the office of secretary.

سکتہ sakatah (सकतः)–एक बीमारी जिस में मनुष्य अचेत हो जाता है, मूर्छा, चेतन-हीनता, रुकावट, ठहराव, अन्तराल. *(nm)*–trance, swoon, apoplexy, a pause, senselessness.

سکتہ ہونا sakatah honā (सकतः होना)–रुकावट आ जाना, ठहराव आ जाना, *(nm)*–to fall into a swoon, to be senseless.

سکر sukar (सुकर)–नशा, खुमार, नशीला पेय, शराब. *(nm)*–intoxication, an intoxicating drink, wine.

سکرات sakrāt (सकरात)–मरते समय का कष्ट, जान निकलते समय की तकलीफ़, यम-यात्ना, बेहोशी, बेहोशी के दौरे. *(n)*–fainting, subject to fits, insensibility, agony of death.

سکڑا ہوا sukṛā huā (सुकड़ा हुआ)–तंग, सिमटा हुआ, भिचा हुआ. *(adj)*–shrunk, contracted, narrow, small, tight.

سکڑنا sukaṛnā (सुकड़ना)–*(v)*–to be shrunk or contracted, to shrink, to draw in, to dwindle.

سکنا saknā (सकना)–क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य. *(v)*–to be able, can, to be able to do.

سکنا siknā (सिकना)–आग पर सेंका जाना. *(v)*–to be roasted, to be parched.

سکنجبین sikanjabīn (सिकंजबीं)–नीबू और चीनी को मिला कर बनाया गया एक स्वादिष्ट पेय. *(nf)*–lime juice mixed with sugar, a refreshing drink.

سکندر sikandar (सिकन्दर)–एक विदेशी शासक जिसने भारत पर आक्रमण किया लेकिन वह भारत को जीत न पाया. *(nm)*–Alexander.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سکندری **sikandarī** (सिकंदरी)–सिकंदर की या सिकंदर से सम्बन्धित, भूल, गलती, ठोकर. *(adj)*–of or relating to Alexander, stumbling, tripping up.

سکندری کھانا **sikandarī khānā** (सिकंदरी खाना)–भूल करना, गलती करना, ठोकर खाना, कलाबाज़ी खाना. *(v)*–to stumble, to trip up.

سکنہ **sakanah** (सकनः)–निवासी, रहने वाले. *(nm)*– inhabitants.

سکوت **sukūt** (सुकूत)–चुप्पी, ख़ामोशी, शान्ति, अमन. *(nf)*–silence, quietness, peace.

سکورہ **sakorah** (सकोरह)–मिट्टी का छोटा बरतन जो चाय इत्यादि पीने के काम आता है. *(nm)*–a small earthen vessel.

سکول **skūl** (स्कूल)–पाठशाला, विद्यालय, पढ़ने की जगह, मदरसा. *(nm)*–a school, institution.

سکون **sukūn** (सुकून)–आराम, सुख, चैन, अमन, शान्ति. *(nm)*–peace, rest, tranquillity.

سکونت **sukūnat** (सुकूनत)–निवास, रिहायश. *(nf)*–residence, habitation, dwelling.

سکونت پذیر ہونا **sukūnat pazīr honā** (सुकूनत पज़ीर होना)–निवास करना, रहना. *(v)*–to reside.

سکہ **sikkā** (सिक्का)–रुपया, अठन्नी, चवन्नी इत्यादि का सिक्का, ठप्पा लगाना, सिक्के ढालना, ठप्पा, मुहर, चालू सिक्का, करेंसी. *(nm)*–a coining die, an impression on money, stamped coin, current coin, a seal.

سکہ بٹھانا **sikkā biṭhānā** (सिक्का बिठाना)–अपना सिक्का जारी करना, अपना हुक्म चलाना, अपना रौब जमाना. *(v)*–to introduce one's own coin.

سکہ بنانا **sikkā banānā** (सिक्का बनाना)–कमाई करना, सिक्के ढालना. *(v)*–to coin money.

سکۂ جعلی **sikkā-e jālī** (सिक्का-ए जाली)–जाली सिक्का, नकली सिक्का. *(nm)*–counterfeit coin, spurious coin.

سکہ رائج الوقت **sikkā rāij-ul-vakt** (सिक्का राइज-उल-वक्त)–मौजूदह समय का सिक्का. *(nm)*–the current coin.

سکہ زن **sikkā zan** (सिक्का ज़न)–सिक्का ढालने वाला, सिक्का बनाने वाला, ठप्पा लगाने वाला. *(nm)*–a coiner, one who stamps coin.

سکھ **sikh** (सिख)–शिष्य, गुरु नानक के अनुयायी, सीखने वाला, विद्वान. *(nm)*–a follower of Guru Nanak Dev, a Sikh, disciple, scholar.

سکھ **sukh** (सुख)–आराम, चैन, सुविधा, सन्तुष्टि, बे फिक्री. *(nm)*–ease, comfort, easy circumstances, happiness, pleasure, relief, solace, content, gratification.

سکھ پال **sukhpāl** (सुखपाल)–जिस वस्तु से सुख मिले, आराम कुर्सी, पालकी. *(nf)*–easy chair, a planquin, comfortable.

سکھ پانا **sukh pānā** (सुख पाना)–आराम मिलना, सुख मिलना, सुविधा मिलना. *(v)*–to get relief, to get leisure.

سکھ چین **sukh cain** (सुख चैन)–आराम, सुख, सुविधा. *(nm)*– rest, tranquillity, ease, leisure.

سکھ درشن **sukh darshan** (सुख दर्शन)–एक जड़ी बूटी जिसका रस कान दर्द के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है. *(nm)*–a shrub, the juice of which is used for ear-ache.

سکھ کی نیند **sukh kī nīnd** (सुख की नींद)–गहरी नींद, बेफिक्री की नींद. *(nf)*–sound sleep, carefree sleep.

سکھ کی نیند سونا **sukh kī nīnd sonā** (सुख की नींद सोना)–चैन से साना, बेफिक्री की नींद सोना. *(v)*–to have a carefree sleep, to have a sound sleep.

سکھ میں **sukh main** (सुख में)–आराम से, चैन से, शान्ति से. *(adv)*–in peace, in comfort, comfort- ably, peacefulfly.

سکھانا **sukhānā** (सुखाना)–किसी चीज़ को सूखा बनाना. *(v)*–to dry up, to cause to wither, to evaporate, to dehydrate.

سِکھانا **sikhānā** (सिखाना)–बताना, निर्देश देना, सुझाव देना, नसीहत देना. *(v)*–to teach, to instruct, to admonish, to advise, to discipline.

سکھائی **sikhāī** (सिखाई)–सिखाने का कर्म, समझ, सूझबूझ. *(nf)*–teaching, instruction.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سکھی sakhī (सखी)

سکھی sakhī (सखी)–सहेली, महिला मित्र, मित्र. *(nf)*–a woman's female friend, a female companion, a female colleague.

سکھی sukhī (सुखी)–प्रसन्न, खुश, सन्तुष्ट. *(adj)*–happy, contented, at ease, comfortable, glad.

سکیڑنا sukeṛnā (सुकेड़ना)–संक्षिप्त करना, छोटा करना, तंग करना. *(v)*–to shrink, to shrivel, to tighten, to contract, to gather up.

سگ sag (सग)–कुत्ता. *(nm)*–a dog.

سگ بازاری sag-e bāzārī (सग-ए बाज़ारी)–देशी कुत्ता, गलियों में घूमने वाला कुत्ता, आवारा कुत्ता. *(nm)*–a country dog, a stray dog.

سگ شکاری sag-e shikārī (सग-ए शिकारी)–शिकारी कुत्ता, शिकार करने वाला कुत्ता. *(nm)*–a hound.

سگا/سگی sagā/sagī (सगा/सगी)–अपना, जिस से खून का रिश्ता हो, जो एक ही माँ बाप से जन्मे हों, रिश्तेदार. *(adj)*–own, born of the same parents, real.

سگائی sagāī (सगाई)–शादी से पहले की रस्म जिसमें लड़के-लड़की की शादी की बात पक्की की जाती है. छोटी जरतियों में दूसरी शादी, शादी का इकरार. *(nf)*– betrothal, a second marriage among the lower classes, relationship, friendship, engagement.

سگائی کرنا sagāī karnā (सगाई करना)–*(v)*–to betroth, to contract a marriage, to affiance, final decision of marriage.

سگراہی sugrāī (सुगराई)–एक रागिनी जो कि प्रातः के समय गाई जाती है. *(nf)*–a musical mode or ragni sung in the forenoon.

سگندھ sugandh (सुगंध)–खुशबू, अच्छी गंध, जिसे सूंघ कर दिल-ओ दिमाग़ ताज़ा हो जाए. *(nf)*–good smell, odour, perfume. *(adj)*–fragrant, sweet-smelling.

سگھڑ sughaṛ (सुघड़)–निपुण, समझदार, सूझ-बूझ वाला. *(adj)*–expert, elegant, beautiful, virtuous, accomplished.

سگھڑپن sughṛpan (सुघड़पन)–निपुणता, समझ, सूझबूझ. *(nm)*– elegance, expertness, beauty, accomplishment.

سِل sil (सिल)–पत्थर, पत्थर जिस पर मसाले इत्यादि पीसे जाते हैं. *(nf)*–a stone, a rock, a flat stone on which candiments etc. are ground with a muller.

سل sil (सिल)–एक बीमारी जिसमें फेफड़ों में ज़ख़्म हो जाते हैं और मुँह से खून आने लगता है, तेज़ बुखार हो जाता है. टी.बी., तपेदिक़. *(nf)*–consumption, hectic fever, ulceration of lungs, T.B.

سلاجیت salājīt (सलाजीत)–काले रंग का एक पदार्थ जो पत्थरों से निकलता है और दवाइयों में इस्तेमाल होता है. *(nf)*–storax, red chalk, bituman.

سلاح silāh (सिलाह)–लड़ाई के हथियार, औज़ार, असलाह-बारूद. *(nf)*– arms, weapons, implements of war, armour.

سلاح بند silāhband (सिलाहबंद)–अस्त्र-शस्त्र से युक्त, हथियार लिये हुए. *(adj)*–armed.

سلاح خانہ silāhkhānā (सिलाहखाना)–वह जगह जहाँ हथियार रखे जाते हैं. *(nm)*–arsenal, armoury.

سلاخ salākh (सलाख)–लोहे की छड़. *(nm)*–an iron bar.

سلاست salāsat (सलासत)–स्पष्टता, नरमी, गति, सफाई, समतल, सादगी. *(nf)*–clearness, plainness, facility, simplicity, gentleness, easiness.

سلاسل salāsil (सलासिल)–'सिलसला' का बहुवचन, शृंखला, क्रम से, लगातार, ज़ंजीर. *(nm)*–plural of سلسلہ silsalah, chains.

سلاطین salātīn (सलातीन)–'सुलतान' का बहुवचन, राजा, महाराजा, बादशाह, शहनशाह, शासक. *(nm)*– plural of سلطان *sultān*, king, emperor, ruler.

سلام salām (सलाम)–तसलीम, आदाब, अलविदा, सम्मान सूचक सम्बोधन, नमस्ते, नमस्कार, शान्ति, सुरक्षा. *(nm)*– salutation, peace, compliment, good-bye.

سلام پھیرنا salām phernā (सलाम फेरना)–प्रार्थना (नमाज़) पूरी करना. *(v)*–to finish the prayer (*namāz*).

سلام پیام salām pyām (सलाम प्याम)–वार्तालाप,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बातचीत, संवाद. *(nm)*–discourse, talk, conversation, debate.

سلام دینا/کہنا **salām denā/kahnā** (सलाम देना/कहना)–किसी को धन्यवाद कहना, सन्देशा देना, कृतज्ञता प्रकट करना, अपने दिल की भावना व्यक्त करना. *(v)*–to send one's compliments, to express or desire to call on a person.

سلام کرنا **salām karnā** (सलाम करना)–आदाब बजा लाना, सम्मान करना, रुख़्सत होना, किसी के गुणों को मानना, किसी के आगे सिर झुकाना. *(v)*–to salute, to respect, to compliment, to depart, to accept the greatness of someone.

سلامت **salāmat** (सलामत)–पूरा, सारा, सम्पूर्ण, सुरक्षित. *(adj)*–safe, well, sound.

سلامتی **salāmatī** (सलामती)–सुरक्षा, अमन, शान्ति. *(nf)*– safety, security, well-being, peace.

سلامتی کا جام پینا **salāmatī kā jām pīnā** (सलामती का जाम पीना)–किसी के स्वस्थ होने पर या उसके सुरक्षित होने पर जश्न मनाना. *(v)*–to drink to the health of, to drink a health toast.

سلامی **salāmī** (सलामी)–सैनिकों द्वारा हथियार लेकर झंडे को सलामी देना, किसी का अभिवादन करना, लड़की की विदाई के अवसर पर दामाद को दी जाने वाली रक़म. *(nf)*– salutation, reception, welcome, a salute of guns, presentation of arms, a present to a superior or a bridegroom.

سلانا **silān** (सिलान)–सिलवाना या सिलाई करवाना. *(v)*–to cause to sew or stitch.

سُلانا **sulānā** (सुलाना)–चुप करा देना, हत्या कर देना, मार डालना, विश्राम कराना. *(v)*–to put to sleep, to quieten, to calm, to kill, to murder.

سِلائی **silāī** (सिलाई)–सीने का काम, सुई से कढ़ाई का काम, सिलाई के काम की मज़दूरी. *(nf)*–seam, sewing, needlework, the price for sewing,

سلائی **salāī** (सलाई)–एक लम्बी सुई जिसमें धागा डालने के लिए सुराख नहीं होता, आँखों में सुरमा डालने वाली सलाई, स्वेटर इत्यादि बुनने वाली सलाई. *(nf)*–a large needle used for applying collyrium to eyes, knobby needles used for knitting.

سلب **salb** (सल्ब)–ताकत से किसी चीज़ को प्राप्त कर लेना, किसी चीज़ को अपने अधिकार में कर लेना, ज़ब्त कर लेना, ज़बरदस्ती कब्ज़ा कर लेना. *(nm)*–seizing by force, plunder, negation, booty, a negative argument in logic.

سلجھانا **suljhānā** (सुलझाना)–किसी समस्या को सुलझाना, किसी विवाद का हल ढूँढ़ना, किसी झगड़े को निपटाना. *(v)*–to unravel, to disentangle, to solve a problem, to settle a dispute, to untie a knot.

سلجھاؤ **suljhāv** (सुलझाव)–किसी समस्या का हल, किसी झगड़े का निबटारा, किसी प्रश्न का उत्तर. *(nm)*–disentanglement, unravelling, solution of any problem.

سلجھنا **sulajhnā** (सुलझना)–किसी समस्या का हल निकलना, किसी विवाद का निबटारा हाना, किसी झगड़े का सुलझना. *(v)*–to be disentangled, to be unravelled, a case to be settled.

سلح **silah** (सिलह)–हथियार, शस्त्र. *(nm)*–arms, weapons.

سلح پوش **silahposh** (सिलहपोश)–हथियारबंद, शस्त्रधारी. *(adj)*– wearing armour, having weapons.

سلسبیل **salasbīl** (सलसबील)–स्वर्ग में एक फव्वारे का नाम, शराब, नशीला पदार्थ, नशीला पेय. *(nf)*–name of a fountain in paradise, wine, limpid water.

سلسل البول **salsal-ul-baul** (सलसल-उल-बौल)–पेशाब में शकर की बीमारी. *(nm)*–diabetes.

سلسلانا **salsalānā** (सलसलाना)–रेंगना, घिसटना, धीरे-धीरे चलना, घुटनों के बल चलना, गुस्सा करना, गुस्से से खौलना. *(v)*–to creep, to crawl, to itch, to boil, to simmer.

سلسلاہٹ **salsalāhaṭ** (सलसलाहट)–धीमी चाल, क्रोध, झुंझलाहट. *(nf)*–a creeping or itching sensation.

سلسلہ **silsilā** (सिलसिला)–शृंखला, क्रम, ज़ंजीर, क्रमबद्धता. *(nm)*–a chain, series, succession, arrangement, mode, descent of a family.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سلسلہ وار **silsilāvār (सिलसिलावार)**–क्रम से, लगातार, क्रमबद्ध, शृंखलाबद्ध. *(adj)*– linked together, arranged, classified, in series, chained together, consecutive.

سلطان **sultān (सुलतान)**–राजा, बादशाह, हाकिम, शासक. *(nm)*–a king, an emperor, a monarch, a sovereign, a ruler.

سلطانہ **sultānā (सुलताना)**–रानी, महारानी, मल्लिका. *(nf)*–a queen, an empress.

سلطانی **sultānī (सुलतानी)**–सुलतान की या सुलतान से सम्बन्धित, सुलतान जैसी, शाही, बादशाहत. *(adj)*– regal, royal, belonging to a sovereign, princely. *(nf)*–sovereignty, empire, dominion, dignity.

سلطانی گواہ **sultānī gavāh (सुलतानी गवाह)**–सरकारी गवाह, वह गवाह जिस पर सारे मुकदमे का दारोमदार हो. *(nm)*–a crown witness, an important prosecution witness.

سلطنت **salatnat (सलतनत)**–बादशाहत, राज्य, शासन, हुकूमत. *(nf)*–kingdom, empire, dominion.

سلف **salaf (सलफ़)**–अतीत, गुज़रे ज़माने (समय) की बात, पूर्वज, बाप-दादा. *(adj & nm)*–past, preceding, former, ancestors, predecessors.

سلف **sulaph (सुलफ)**–सौदा, खरीदा हुआ सामान, वस्तुएँ. *(nm)*–goods, shopping.

سلفہ **sulphā (सुलफ़ा)**–एक बार हुक्के की चिल्म भरने योग्य तम्बाकू या चरस. *(nm)*–little ball of tobacco or *charas* smoked in a *huqqa*.

سلفہ ہونا **sulphā honā (सुलफा होना)**–बिलकुल नष्ट हो जाना, तबाह व बरबाद हो जाना, पी लिया जाना. *(v)*–to be consumed, to be ruined or destroyed.

سلک **silk (सिल्क)**–रेशमी तार, रेशम से बुना कपड़ा, कोई मुलायम चीज़. *(nm)*–a thread, silken cloth, wire, smooth thing.

سلگانا **sulgānā (सुलगाना)**–रोशनी करना, जलाना, आग लगाना, बिना शोले के आग जलाना. *(v)*–to light, to inflame, to kindle, to stir a fire, to incite.

سلگنا **sulagnā (सुलगना)**–धीमी आग जलना, बिना शोले के आग का जलना. *(v)*–to light, to be kindled, to be inflamed, to burn without flame.

سلمہ **salamah (सलमः)**–कढ़ाई का एक नमूना. *(nm)*–a brand of embroidery.

سلمہ ستارہ **salamah sitārā (सलमः सितारा)**–कढ़ाई का एक नमूना जिसमें कढ़ाई करते समय सितारे टांकते हैं. *(nm)*– a kind of embroidery consisting of small stars between embroided bands.

سلنا **silnā (सिलना)**–सिलाई करना, सीना. *(v)*–to be sewn, to be stitched.

سلّو **sallū (सल्लू)**–चमड़े की बारीक डोरी जिस से जूते सिले जाते हैं. *(nm)*–narrow strips of leather with which shoes are stitched.

سلوانا **silvānā (सिलवाना)**–किसी से कोई कपड़ा इत्यादि सिलवाना. *(v)*–to cause to sew or stitch.

سلوائی **silvāī (सिलवाई)**–सिलवाने की मज़दूरी. *(nf)*–the price of sewing.

سلوتری **salotarī (सलोतरी)**–पशुओं का डाक्टर. *(nm)*–a veternary doctor.

سلوٹ **silvaṭ (सिलवट)**–शिकन, बल, चुर्स. *(nf)*–crease, line, wrinkle.

سلوک **salūk (सलूक)**–व्यवहार, बर्ताव, स्वभाव, मेलजोल, मिलन, मिलाप. *(nm)*–manner, mode, conduct, behaviour, treatment, civility, kindness, attention.

سلوک سے رہنا **salūk se rahnā (सलूक से रहना)**–अच्छा बर्ताव करना, अच्छा व्यवहार करना, आपसी मेलजोल बनाए रखना. *(v)*–to be on good terms.

سلوک کرنا **salūk karnā (सलूक करना)**–शान्ति से रहना, मैत्री बनाए रखना, प्रेमपूर्वक व्यवहार करना. *(v)*–to treat kindly, to entertain, to befriend, to be at peace with.

سلونا/سلونی **salonā/salonī (सलोना/सलोनी)**–सांवला/सांवली, सुन्दर, आकर्षक, मनमोहक, दिल को लुभाने वाला, चित्ताकर्षक. *(adj)*– dark-complexioned, beautiful, handsome, expressive, tasteful, salted, seasoned.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سلونو **salono (सलोनो)**–हिन्दुओं में रक्षाबंधन (राखी) का त्योहार जिसमें बहन अपने भाई को टीका लगाती है और कलाई में राखी बाँधती है. *(nf)*–a Hindu festival *Rakshābandhan (Rākhī)*.

سلوئی **salvā (सलवा)**–एक पक्षी, बटेर. *(nm)*–quail, a bird.

سلّی **sillī (सिल्ली)**–चाकू इत्यादि तेज़ करने की पत्थरी, लकड़ी का मोटा तख्ता, भूसा मिला हुआ अनाज, पत्थर का टुकड़ा जिस से छत बनाते हैं, छोटी भट्टी. *(nf)*–a whet stone, a flat stone, a wooden log, a small kiln.

سلیٹ **slet (स्लेट)**–बच्चों की लिखाई-पढ़ाई में काम आने वाली स्लेट. *(nf)*–a slate.

سلیس **salīs (सलीस)**–आसान, सरल, सादा. *(adj)*–easy, simple, plain.

سلیقہ **salīkā (सलीका)**–ढंग, तौर-तरीक़ा, बर्ताव, व्यवहार, कौशल, संस्कार. *(nm)*–good taste, good disposition, method, mode, skill, etiquette.

سلیقہ دار **salīkādār (सलीकादार)**–सलीके वाला, अच्छे व्यवहार वाला, अच्छे स्वभाव वाला. *(adj)*–discriminate, well mannered, discrete.

سلیقہ شعار **salīkā shiyār (सलीक़ा शियार)**–सलीक़े वाला, अच्छे स्वभाव वाला, मेल-जोल रखने वाला. *(adj)*–of good disposition.

سلیقہ مند **salīkāmand (सलीक़ामंद)**–अच्छे ढंग से काम करने वाला, अच्छा व्यवहार करनेवाला, अच्छे स्वभाव वाला. *(nm)*–well mannered, good house-keeper, skilful, cultured, civilized.

صاحب سلیقہ **sāhibe salīkā (साहिबे सलीक़ा)**–सलीका पसंद व्यक्ति, अच्छे स्वभाव वाला. *(nm)*–a man of good taste.

سلیم **salīm (सलीम)**–ठीक, स्वस्थ, साफ दिल, विनम्र, मिलनसार, मेल-जोल रखने वाला, चुप रहने वाला, शान्ति प्रिय. *(adj)*–mild, perfect, healthy, of good manners.

سلیم الطبع **salīm-ut-tabaa (सलीम-उत-तबअ)**–विनम्र, मीठा बोलने वाला, अच्छे स्वभाव वाला, ठीक सोच वाला. *(nm)*–mild, gentle, right-minded.

سم **samm (सम्म)**–विष, ज़हर. *(nm)*–poison, venom.

سُم **summ (सुम्म)**–पशु का खुर. *(nm)*–a hoof.

سما۔سماں۔سمے **samā/samān/samay (समा/समाँ/समय)**–वक्त, युग, मौसम, अवधि. *(nm)*–time, season, plenty, abundance, state, condition.

سما باندھنا **samā bāndhnā (समा बाँधना)**–महफिल को जमा देना, मनोरंजक बात कहना, पते की बात कहना, लोगों का दिल जीत लेना, लोगों का मनोरंजन करना. *(nm)*–to make a picture of, to represent, to depict, to entertain.

سما جانا **samā jānā (समा जाना)**–शामिल होना, सम्मिलित होना. *(nm)*–to be absorbed, to be included, to be entered.

سماج **samāj (समाज)**–संगठन, सोसायटी, अंजुमन, जत्था, टोली, मंडली. *(nm)*–society, congress, assembly, association, meeting, club.

سماجی **samājī (समाजी)**–समाज का या समाज से सम्बन्धित. *(adj)*–of or relating to the society. *(nm)*–musicians who attend dances.

سماچار **samācār (समाचार)**–खबरें, हालात, घटनाओं का विवरण. *(nm)*–news, tidings, advice, account of circumstances.

سمادھ/سمادھی **samādh/samādhi (समाध/समाधि)**–किसी साधु या संन्यासी की याद में बनाई गई समाधि. *(nf)*–the tomb of a *jogi* or saint.

سماع **samāa (समाअ)**–सुनना, सुनने की शक्ति, गाना, संगीत. *(nm)*–hearing, listening, sense of hearing, music.

سماعت **samāat (समाअत)**–सुनना, सुनवाई. *(nf)*–hearing.

سماعت کرنا **samāat karnā (समाअत करना)**–किसी मुकदमे या विवाद की सुनवाई करना, जज द्वारा दोनों पक्षों की बात सुनना. *(v)*–to hear a case or try a suit, to entertain or take cognizance of a complaint.

سماعی **samā'ī (समा'ई)**–सुनने की बात, अफ़वाह, जिस बात का कोई आधार न हो, प्रमाण के बिना, कही सुनी बात. *(adj)*–what has been heard or received by hearsay, traditional.

ساک **samāk (समाक़)**–संगे मरमर की एक किस्म,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سمان samān (समाँ) बहुत सख़्त पत्थर. *(nm)*–the hardest species of marble.

سمان samān (समाँ)–समय, वक्त, मौसम, वातावरण. *(nm)*–time, age, period, weather, atmosphere.

سمانا samānā (समाना)–किसी बरतन या डिब्बे इत्यादि के अन्दर समा जाना, कमरे में मौजूद होना. *(v)*–to be contained in, to be accomodated in, to occupy the whole space.

سماور samāvar (समावर)–एक धातु का बरतन जिसमें चाय गरम रहती है. *(nm)*–a smal and handy filter used for making tea and keeping it hot.

سماوی samāvī (समावी)–स्वर्ग का या स्वर्ग से सम्बन्धित, ईश्वरीय, दैवी. *(adj)*–heavenly, celestial.

سما samāa (समाअ)–स्वर्ग, आकाश, ऊँचा स्थान. *(nm)*– the heaven, the sky, the firmament, altitude, a canopy.

سمائی samāī (समाई)–गुंजायश होना, समाना, सहनशीलता, सन्तोष. *(nf)*–the act of accomodating too many in a small place, the act of containing anything in, space.

سمبندھ sambandh (सम्बन्ध)–रिश्ता, नाता, मेल-मिलाप, मेल-जोल, व्यवहार, बर्ताव, गोत्र, बिरादरी. *(nm)*–connection, relation, affinity, union, intercourse, association, communication.

سمبندھی sambandhī (सम्बन्धी)–रिश्तेदार, व्यापार या अन्य किसी माध्यम से जिस से हमारा सम्बन्ध हो जाए, लड़के या लड़की के ससुराल पक्ष के लोग. *(nm)*– relatives, who are very near to us.

سمپورن sampūrṇ (सम्पूर्ण)–पूरा, सारा, समस्त, निपुण. *(adj)*–perfect, full, complete.

سمت simt (सिम्त)–दिशा, तरफ. *(nf)*–way, path, side, direction, quarter.

سمٹ جانا simaṭ jānā (सिमट जाना)–सुकड़ जाना, तंग हो जाना, थोड़ी जगह घेरना. *(v)*–to shrink, to contract.

سمٹنا simaṭnā (सिमटना)–समीप आना, सुकड़ जाना, थोड़ी जगह में समा जाना, एकत्रित होना. *(v)*–to shrink, to be contracted, to be concentrated, to be drawn together.

سمجھ samajh (समझ)–अक़्ल, ज्ञान, जानकारी, कौशल, निपुणता. *(nf)*–understanding, comprehension, knowledge, opinion, thought, conception, mind.

سمجھ آنا samajh ānā (समझ आना)–*(v)*–to understand, to believe, to think, to recover one's senses.

سمجھ بوجھ samajh būjh (समझ बूझ)–सूझ-बूझ, अक़्ल, ज्ञान, जानकारी, व्यवहार कुशलता, निपुणता. *(nf)*–comprehension, understanding, intelligence.

سمجھ پر پتھر پڑنا samajh par patthar paṛnā (समझ पर पत्थर पड़ना)–अक्ल की बात न करना, बेवकूफी की बात करना, नासमझी का व्यवहार करना. *(v)*–to be rant fool, to be a stubborn, to be stupid, to be an ignorant.

سمجھ جانا samajh jānā (समझ जाना)–रहस्य जानना, बात की गहराई तक पहुँचना. *(v)*–to understand, to mend one's ways.

سمجھ دار samajhdār (समझदार)–समझ वाला, अक़्लमंद, गुणी, ज्ञानी, निपुण, माहिर. *(adj)*–prudent, wise, intelligent.

سمجھ کے کرنا samajh ke karnā (समझ के करना)–सोच समझ कर किसी काम को करना, किसी काम को करने से पहले उससे होने वाले लाभ-हानि के बारे में सोचना. सूझ-बूझ से काम करना. *(v)*–to act intelligently, to exercise discretion.

سمجھ میں آنا samajh main ānā (समझ में आना)–किसी काम की जानकारी प्राप्त करना, किसी बात को समझना बूझना, किसी बात के बारे में गहराई से सोचना. *(v)*–to understand, to be comprehend.

سمجھانا samjhānā (समझाना)–किसी को बताना, नसीहत करना, ठीक रास्ता बताना, मार्गदर्शन करना. *(v)*–to describe, to make clear, to correct, to instruct, to advise, to explain, to warn, to satisfy, to convince.

سمجھانا بجھانا samjhānā bujhānā (समझाना बुझाना)–अक़्ल देना, ज़माने की ऊँच नीच बताना,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सचेत करना, सावधान करना. *(v)*– to guide, to advise, to admonish.

سمجھنا **samjhnā (समझना)**–जानना, परिचित होना, सीखना, बदला लेना, किसी बात की जानकारी प्राप्त करना. *(v)*– to consider, to understand, to learn, to comprehend, to suppose, to come to an understanding.

سمجھوتہ **samjhautā (समझौता)**–किसी समस्या का आपसी निबटारा, किसी झगड़े का आपस में समाधान, किसी बात पर दोनों पक्षों का सहमत होना. *(nm)*– mutual understanding, both parties to agree upon, dispute to be resolved mutually, to compromise.

سمدھن **samdhan (समधन)**–बेटी या बेटे की सास. *(nf)*–a son or daughter's mother-in-law.

سمدھی **samdhī (समधी)**–बेटे या बेटी का ससुर. *(nm)*–a son or daughter's father-in-law.

سمدھیانہ **samdhiyānā (समधियाना)**–बेटी या बेटे का ससुराल, बेटे या बेटी के ससुराल पक्ष का घर या निवास. *(nm)*–the family of a son or daughter's parents-in-laws.

سمرتی **smriti (स्मृति)**–हिन्दुओं की एक प्राचीनकाल की पुस्तक जो ऋषि मनु द्वारा लिखी हुई है और इसमें समाज के कायदे कानून लिखे हुए हैं. *(nf)*– one of the oldest and most important books of Hindus, in which the rules and regulations of Hindu society are described.

سمع **sam'a (सम'अ)**–सुनने की शक्ति, सुनने का साधन, कान. *(nm)*–hearing power, the ear.

سمع خراشی **sam'a kharāshī (सम'अ खराशी)**– कठोर शब्द कहना, कर्कश स्वर में बात करना, झगड़े वाली बात करना. *(nf)*– jarring on the ear, dazing the brains.

سمک **samak (समक)**–मछली, ज्योतिष में बारह राशियों में से एक 'मीन राशि' का चिह्न, एक मछली जिस पर सारी दुनिया के टिके होने की कल्पना की जाती है. *(nf)*–a fish, the sign Pices of the Zodiac, a fish on which the earth on which is supposed to rest.

سمن **samman (सम्मन)**–किसी को अदालत द्वारा या अधिकारी द्वारा बुलाया जाना. *(nm)*–summons, a call letter.

سمن جاری کرنا **samman jārī karnā (सम्मन जारी करना)**–किसी को अदालत में बुलाने के लिए सम्मन भेजना. *(v)*–to issue summon to appear in the court.

سمن **saman (समन)**–चमेली या मल्लिका का फूल. *(nm)*–a flower plant Jasmine or *mallika*.

سمند **samand (समंद)**–बढ़िया नसल का घोड़ा, बादामी रंग का तेज़ दौड़ने वाला घोड़ा. *(nm)*–a high-bred horse, a steed, bay or chestnut colour of a horse.

سمندر **samandar (समंदर)**–एक छिपकली के आकार का जानवर जिसके बारे में कहा जाता है कि वह आग में ही रहता है और यदि उसे आग से बाहर निकाला जाए तो उसकी मृत्यु हो जाती है. *(nm)*– the salamander, a kind of lizard supposed to live in fire, spirit of living in fire.

سمندر **samundar (समुंदर)**–समुद्र, सागर. *(nm)*– ocean, sea.

سمندر پھل **samundar phal (समुंदर फल)**–पानी में पैदा होने वाला एक फल जोकि दवाई में काम आता है. *(nm)*–a medicine.

سمندر جھاگ **samundar jhāg (समुंदर झाग)**–सफेद रंग का एक ठोस पदार्थ जो दवाई में काम आता है. *(nm)*–the foam of the sea used in medicines.

سمندر سوکھ **samundar sokh (समुंदर सोख)**–एक समुद्री पौधा जो दवाई बनाने के काम आता है, एक व्यक्ति जो बहुत अधिक पानी पीता है. *(nm)*–a medicinal plant, one who drinks too much of water.

سمندر کھار **samundar khār (समुंदर खार)**–संखिया, एक प्रकार का ज़हर. *(nm)*–arsenic.

سمور **sumūr (सुमूर)**–बर्फ के पहाड़ों पर पाया जाने वाला एक जानवर जिसके बाल बहुत मुलायम होते हैं और उन से बहुत महँगे वस्त्र बनते हैं. *(nm)*–a weasel, a marten, a sable, sable-skin.

سموسہ **samosā (समोसा)**–मैदे को गूंध कर बनाया गया एक तिकोना खाद्य पदार्थ जिसमें उबले हुए आलू और मसालेदार सब्ज़ियाँ भर कर तेल या घी में तल कर बनाया जाता है और चटनी के साथ खाया जाता है. *(nm)*–a triangular puff containing of mixture of boiled

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سموم samūm (समूम)

potatoes and spiced vegetables.

سموم samūm (समूम)–ज़हरीली हवा, गरम हवा, लू. *(nf)*–a hot pestilential wind.

سمونا samonā (समोना)–मिलाना, दो अलग स्वभाव की चीज़ों को मिला कर मध्यम अवस्था पैदा करना, गरम और ठंडे पानी को मिलाना. *(v)*–to make lukewarm. to mix cold water with hot water.

سمیت samet (समेत)–साथ, जुड़ा हुआ, मिला हुआ. *(adj)*– connected, united together, together with, alongwith.

سمیت samiyat (समियत)–ज़हरीला, ज़हरीली तासीर वाला, ज़हरीले प्रभाव वाला. *(nf)*– poisonousness, poisonous properties.

سمیٹنا sameṭnā (समेटना)–इकट्ठा करना, जोड़ना, संग्रह करना. *(v)*–to accomplish, to roll together, to wrap up. to collect, to condense.

سن san (सन)–एक पौधा जिसकी छाल से रस्सियाँ बनती हैं. *(nm)*–a kind of flax, a plant whose cover is used to make ropes.

سن sann (सन्न)–सन्न से हवा का गुज़र जाना, दिल सन्न से रह जाना. *(adv)*–with a whiz, rapidly, all at once.

سن سے نکل جانا sann se nikal jānā (सन्न से निकल जाना)–जल्दी से निकल जाना. *(v)*–to pass quickly.

سن sinn (सिन्न)–आयु, उम्र, समय, युग. *(nm)*–an age, period of life, years.

سن بلوغ sinn-e balūg (सिन्न-ए बलूग़)–युवा होने की आयु, वयस्क होने की आयु, वयस्क अवस्था. *(nm)*–age of puberty, mature age, state of being a major.

سن تمیز sinn-e tamīz (सिन्न-ए तमीज़)–अक़्ल आने की आयु, सलीका व तमीज़ आने की आयु, आयु की वयस्कता. *(nm)*–years of discretion, age of maturity.

سن رسیدہ sinn rasīdah (सिन्न रसीदह)–बड़ी उम्र का, बूढ़ा. *(adj)*–old, of advanced age.

کم سن kam sinn (कम सिन्न)–छोटी उम्र का, किशोर. *(adj)*–young, jevenile.

سن sunn (सुन्न)–चेतनाहीन, स्थिर, खोमोश, चुपचाप, बेहोश, किसी तरह का भी एहसास न होना, अचेतावस्था में होना, ठहरा हुआ, रुका हुआ. *(adj)*– without sensation, insensible, numb, paralyzed, struck dumb, still as death.

سنسان sunsān (सुनसान)–वीरान, बिना आबादी के, जहाँ कोई जीव न हो. *(adj)*–dismal, lonely, dreary, desolate, silent.

سُن ہونا sunn honā (सुन्न होना)–चेतनाहीन होना, बेहोश होना, चुप होना, खामोश होना. *(v)*–to be silent, to be insenstive, to be numbed.

سُن لینا sun lenā (सुन लेना)–सुनना, जानना, पता लगना. *(v)*–to hear, to know, to learn.

سُننا sunnā (सुनना)–जानना, पता करना, जानकारी लेना. *(v)*–to listen, to hear, to attend (to).

سنا sanā (सना)–एक पौदा जिसके पत्ते कब्ज़ को दूर करते हैं. *(nm)*–the common *sennā* of medicine (cassia senna), a medicinal herb.

سناتن sanātan (सनातन)–पुराना, स्थायी, पक्का, पवित्र, धार्मिक. *(adj)*–eternal, perpetual, firm, permanent.

سناتن دھرم sanātan dharam (सनातन धर्म)– हिन्दुओं में मूर्तिपूजा करने वालों का धर्म. *(nm)*– in Hindus, a religion whose followers worship idols.

سناٹا sannāṭā (सन्नाटा)–खामोशी, चुप्पी, वीराना जहाँ कोई आवाज़ सुनाई नहीं देती, जहाँ कोई शोर नहीं हो. *(nm)*–silence, having no noise, to be dumb.

سناٹے میں رہ جانا sannāṭe main rah jānā (सन्नाटे में रह जाना)–चकित रह जाना, स्तंभित हो जाना, हैरान या भयभीत हो जाना. *(v)*–to be struck motionless with terror or astonishment.

سُنار sunār (सुनार)–सोने के आभूषण बनाने वाला, सोने का व्यापार करने वाला. *(nm)*–a goldsmith, a gold dealer.

سُنارن sunāran (सुनारन)–सुनार की पत्नी, सोने के आभूषण बनाने वाली महिला, सोने का व्यापार करने वाली महिला. *(nf)*–wife of a goldsmith *(sunār)*, a female goldsmith, a female gold merchant.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سُناری sunārī (सुनारी)–सुनार का काम. *(nf)*–the business of a goldsmith.

سِناں sinān (सिनां)–नेज़े या तीर की नोक. *(nf)*–head of a spear or arrow.

سنّانا sannānā (सन्नाना)–निश्चिन्त हो कर सोना, साँ-साँ की आवाज़ करना. *(v)*–to have a sound sleep, to make a sound as it is wind blowing.

سنانا sunānā (सुनाना)–किसी को बताना, सूचना देना, घोषणा करना, नसीहत देना, पाठ सुनाना, किसी को खरी-खोटी सुनाना. *(v)*–to tell, to relate, to inform, to narate, to announce, to proclaim.

سُنبل sunbul (सुंबुल)–एक खुशबूदार घास. *(nm)*–a plant having sweet odour.

سنبوسہ sambosā (संबोसा)–एक खाद्य पदार्थ, समोसा जिसमें उबले हुए आलू और मसालेदार सब्ज़ियाँ डाल कर तेल या घी में तला जाता है और चटनी के साथ खाया जाता है. *(nm)*–a triangular food item which contains boiled potatoes and vegetables and is fried in oil or ghee.

سنبھالنا sambhālnā (संभालना)–सहारा देना, आश्रय देना, सहायता करना. *(v)*–to support, to sustain, to hold up, to help.

سنبھلنا sambhalnā (संभलना)–ठहर जाना, गिर कर संभलना, अपनी गलती का सुधार करना, बिगड़े काम को बना लेना. *(v)*–to be supported, to recover from a fall, to stand, to be firm and determined.

سنبھالے نہ سنبھلنا sambhāle na sambhalnā (सम्भाले न सम्भलना)–नियंत्रण से बाहर हो जाना, किसी के काबू न आना. *(v)*–to be out of control, to be in a miserable condition.

سنت sant (संत)–साधु, संन्यासी, भक्त, पूजा-पाठ करने वाला, धार्मिक विचारों वाला. *(nm)*–a devotee, a saint. *(adj)*–pious, virtous, a *sadhu*, a worshipper.

سُنّت sunnat (सुन्नत)–मुसलमानों में लिंग के अग्रभाग की चमड़ी को काटने की रस्म. *(nm)*–in Muslims the custom of circumising.

سُنّت کرنا sunnat karnā (सुन्नत करना)–मुसलमानों द्वारा लिंग के अग्रभाग की चमड़ी को काटना. *(v)*–to circumise.

سنترہ santarā (संतरा)–संगतरा, एक खट्टा-मीठा रसीला फल. *(nm)*–a juicy fruit orange.

سنتری santarī (संतरी)–पहरा देने वाना, चौकसी करने वाला. बंदूकधारी सुरक्षा कर्मी. *(nm)*–sentinel, sentry, a guard.

سنٹرل جیل sentral jel (सेंट्रल जेल)–बड़ी जेल, मुख्य जेल. *(nm)*–central jail.

سنجوگ sanjog (संजोग)–अच्छा समय, शुभ अवसर, विवाह का अवसर, मेल-मिलाप, मिलन. *(nm)*–good chance, matrimonial match, suitable connection, union, meeting, association.

سنجھلا sanjhlā (संझला)–चार भाइयों में से तीसरे नम्बर पर. *(adj)*–the third of four brothers.

سنجھلی sanjhlī (संझली)–चार बहनों में से तीसरे नम्बर पर. *(adj)*–the third of four sisters.

سنجیدہ sanjīdā (संजीदा)–गम्भीर, गहन विचार करने वाला, गहरी सोच में डूबा हुआ. *(adj)*–serious, cultured, grave, weighty.

سنچائی sincāī (सिंचाई)–आवपाशी, खेतों को पानी देना. *(nf)*–act of irrigating.

سند sanad (सनद)–प्रमाणपत्र, डिग्री, डिप्लोमा, सुबूत, प्रमाण, इकरारनामा. *(nf)*–certificate, degree, diploma, testimonial, credential, proof, reason, deed.

سند یافتہ sanad-yāphtah (सनद-याफ्तः)–जिसके पास कोई प्रमाण-पत्र हो, डिग्री या डिप्लोमाधारी. *(adj)*–qualified, certified, degree or diploma holder.

سُندر sundar (सुन्दर)–खूबसूरत, मनमोहक, आकर्षक. *(adj)*– beautiful charming, attractive, glorified.

سندرتا sundartā (सुन्दरता)–खूबसूरती, आकर्षण. *(nf)*– beauty, charm, attraction, glorification.

سندری sundarī (सुन्दरी)–खूबसूरत एवं आकर्षक महिला. *(nm)*–beautiful and charming woman.

سِندور sindūr (सिन्दूर)–लाल रंग का एक पाऊडर जो पारे से बना होता है और हिन्दू सुहागिन महिलाए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سندھ sindh (सिन्ध) अपनी मांग में भरती हैं. *(nm)*–sindoor, a sign of Hindu *suhāgin* woman.

سندھ sindh (सिन्ध)–सिन्धु नदी, पाकिस्तान का एक प्रदेश. *(nm)*–Sind, Indus river, a province of Pakistan.

سندھی sindhī (सिन्धी)–सिन्ध सूबे का रहने वाला, सिन्धी, सिन्धी भाषा. *(nm)*–resident of Sindh province, Sindhi, *(nf)*–Sindhi language.

سندھیا sandhyā (सन्ध्या)–शाम, शाम का समय, सूर्य ढलने के बाद का समय. *(nf)*–evening.

سندیسہ sandesā (संदेसा)–संदेश, सूचना, पैगाम. *(nm)*–message.

سنڈاسی sanḍāsī (संडासी)–एक प्रकार का चिमटा जिस से गर्म बरतनों को पकड़ा जाता है. *(nf)*–pincers for holding hot vessels.

سنسار sansār (संसार)–दुनिया, जहान, असलम. *(nm)*–the world.

سنسان sunsān (सुनसान)–वीरान, जहां कोई आबादी न हो, जहां कोई न रहता हो. *(adj)*–uninhabited, desolate

سنسکرت sanskrit (संस्कृत)–एक प्रचीन भाषा जिसमें हिन्दुओं के बहुत से धार्मिक ग्रंथ लिखे हुए हैं. *(nf)*–the sacred language of Hindus.

سنسنی sansanī (सनसनी)–चौंका देने वाली घटना या बात. *(nf)*–sensation, stir, tingle.

سنسنی پھیلانا sansanī pahilānā (सनसनी फैलाना)–चौंका देने वाली बात को फैलाना, अफवाह फैलाना. *(nm)*–to create a stir, to cause a sensation.

سنسنی خیز sansanīkhez (सनसनीखेज़)–चौंका देने वाली बात. *(adj)*–sensational.

سنکھنی sankhinī (संखिनी)–लम्बी टांगों वाली खूबसूरत युवती. *(nf)*–tall, sexy and beautiful young woman.

سنکھیا sankhiyā (संखिया)–एक प्रकार कर ज़हर. *(nf)*–arsenic.

سنگ sang (संग)–पत्थर, कोई भी सख्त चीज़. *(nm)*–a stone, a hard thing.

سنگباری sangbārī (संगबारी)–पत्थर फेंकना, पत्थर मारना. *(nf)*–ith stones, brick-batting.

سنگ پشت sang-pusht (संग-पुश्त)–पत्थर जैसी पीठ वाला, कछुआ. *(nm)*–turtle, turtoise.

سنگتراش sangtarāsh (संगतराश)–पत्थर को काटने वाला, पत्थर पर नक्काशी करने वाला. *(nm)*–sculptor, stone cutter.

سنگتراشی sangtarāshī (संगतराशी)–पत्थरों पर नक्काशी करने की कला, पत्थर काटने का काम. *(nm)*–sculpture, stone cutting.

سنگدل sangdil (संगदिल)–पत्थर जैसे दिल वाला, कठोर, निर्दयी, ज़ालिम. *(adj)*– callous, hard-hearted, cruel, merciless.

سنگدلی sangdilī (संगदिली)–कठोरता, निर्दयता, पत्थर-दिली, ज़ुल्म, अत्याचार. *(nf)*–callousness, hard-heartedness, cruelty.

سنگریزہ sangrezā (संगरेज़ा)–पत्थर का टुकड़ा, छोटा पत्थर, कंकड़. *(nm)*–pebble.

سنگسار کرنا sangsār karnā (संगसार करना)–पत्थरों से किसी को मार डालना. *(v)*–to stone to death.

سنگ سُرخ sange surkh (संगे सुर्ख़)–लाल पत्थर. *(nm)*–red stone.

سنگ مرمر sange marmar (संगे मरमर)–चिकना पत्थर, संगे मरमर. *(nm)*–marble.

سنگین sangīn (संगीन)–सैनिकों की बंदूक के आगे लगी छोटी छुरी. *(nf)*–bayonet.

سنگین sangīn (संगीन)–कठोर (दंड), भयानक (अपराध). *(adj)*–heavy (punishment), heinous (crime).

سنگ sang (संग)–साथ, सहयोग. *(adv)*–the company, co-operation.

سنگار میز singār mez (सिंगार मेज़)–शृंगारमेज़, वह मेज़ जिस पर शीशा लगा होता है और महिलाएँ उसके सामने बैठ कर शृंगार करती हैं. *(nm)*–make-up table, dressing table.

سولہ سنگار solah singār (सोलह सिंगार)–सोलह प्रकार के शृंगार जिनका वर्णन हमारे ग्रंथों में किया गया है. *(nm)*–sixteen appliances of a woman's make-up.

سنگت sangat (संगत)–साथ, सहयोग, मिलन, मिलाप, मित्रता, इकट्ठे होना, एक साथ कोई काम करना, सम्भोग करना, दो या दो से अधिक लोगों का मिल कर साज़ बजाना, समूह में प्रार्थना करना.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nf)– friendship, congregation, coition, company, society, intercourse, a place of worship, party.

سنگترہ sangtarā (संगतरा)–नारंगी, एक रसीला खट्टा-मीठा फल. *(nm)*–an orange.

سنگرہنی sangrahī (संग्रहणी)–दस्त लगना, पेट ठीक न होना, पाखाना आने की स्थिति बिगड़ जाना. *(nf)*–diarrhoea, irregular state of the bowels.

سنگم sangam (संगम)–मिलन, मिलाप, दो नदियों का मिलन, दो कम्पनियों का मिलन, सम्भोग, दोराहा–जहाँ दो रास्ते मिलते हों. *(nm)*–meeting, union, confluence of rivers, junction of planets, sexual intercourse, merger of two companies, mixture.

سنگھ sinh (सिंह)–शेर, ज्योतिष की एक राशि, हिन्दू तथा सिक्ख अपने नाम के साथ लगाते हैं. *(nm)*–a lion, sign Leo of the Zodiac, a title used by Hindus and Sikhs.

سنگھاڑا singhāṛā (सिंघाड़ा)–एक फल जो पानी में पैदा होता है और पानी के ऊपर तैरता रहता है, कोई भी तिकोनी चीज़. *(nm)*–water chestnut, water caltrops, root of the excelent water lily, a handkerchief folded diagonally, any triangular thing.

سنگھاسن sinhāsan (सिंहासन)–राजाओं के बैठने का ऊँचा तख़्त, *(nm)*–a throne.

سنگھانا sunghānā (सुंघाना)–किसी को कोई चीज सुंघा देना. *(v)*–to cause to smell, to make one smell.

سنگی sangī (संगी)–साथी, सहयोगी, साथ काम करने वाले, साथ रहने वाले, एक जैसी विचारधारा रखने वाले, एक जैसी सोच वाले, एक ही गुरु के शिष्य. *(nm)*–associate, companion, comrade, disciples of the same teacher or *guru*, like-minded persons, of same thinking.

سنگیت sangīt (संगीत)–गाना, साज़ों के साथ गीत गाना, लोगों का मनोरंजन करना. *(nm)*–a concert, the art of singing with music and dancing, dancing and music as a public entertainment.

سنگین sangīn (संगीन)–सख़्त, पथरीला, पत्थर का बना हुआ, मज़बूत, भारी, ठोस, बंदूक के आगे लगी तेज़ धार वाली छोटी तलवार. *(adj)*–made of stone, stony, hard, strong, heavy, weighty, solid. *(nf)*–a bayonet.

سنگین جرم sangīn jurm (संगीन जुर्म)–गम्भीर अपराध, भयानक अपराध, कत्ल, हत्या. *(nm)*–a capital offence, murder.

سنگین سزا sangīn sazā (संगीन सज़ा)–कठोर दंड, सख़्त सज़ा, *(nf)*– severe punishment.

سنگینی sangīnī (संगीनी)–गंभीरता, महत्त्व, उपयोगिता, सख़्ती. *(nf)*–hardness, heaviness, solidity, intensity.

سنوار sanvār (संवार)–सुधार, परिवर्तन, तैयारी, व्यवस्था. *(nf)*–preparation, arrangement, amend- ment, correction, rectification.

خدا کی سنوار khudā kī sanvār (ख़ुदा की संवार)–ख़ुदा द्वारा किया गया सुधार, भगवान की कृपा. *(intj)*–may God correct you or may God bless you.

سنوارنا sanvārnā (संवारना)–तैयार करना, व्यवस्था करना, आकर्षक बनाना, शृंगार करना, सुधार करना, परिवर्तन करना. *(v)*–to prepare, to arrange, to accomplish, to decorate, to dress, to mend, to correct.

سنورنا sanvarnā (संवरना)–शृंगार करना, सजना, अपना मेक-अप करना, अपने आप को सुधारना, अपने में तब्दीली करना. *(v)*–to be decorated, to be dressed, to makeup, to be prepared.

سنہ san (सन)–वर्ष, युग, समय. *(nm)*–year, era.

سنہ بکرمی san-e bikramī (सन-ए विक्रमी)–विक्रमी संवत जो कि राजा विक्रमाजीत के सिंहासन पर बैठने के समय से शुरू हुआ, विक्रमी संवत ईस्वी संवत से 57 वर्ष पहले शुरू हुआ. *(nm)*–King Vikramajit's era which is 57 years ahead of the Christian era.

سنہ جلوس san-e julūs (सन-ए जुलूस)–राज-गद्दी पर बैठने का वर्ष. *(nm)*–the year of accession to the throne.

سن عیسوی san-e īsvī (सन-ए ईस्वी)–ईस्वी सन जोकि ईसा मसीह के जन्म के साल से माना जाता है. *(nm)*–the Christian era.

سن ہجری san-e hizī (सन-ए हिज्री)–मुसलमानों का युग, यह चाँद का वर्ष कहलाता है और पैगम्बर हज़रत मुहम्मद के मक्का से मदीना के लिए हिज्रत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سنہرا sunharā (सुनहरा) करने के समय से शुरू होता है. *(nm)*–the Muslim era.

سنہرا sunharā (सुनहरा)–सुनहरे रंग का, सोने का, सोने के रंग का, पीले रंग का. *(nm)*–golden, gold coloured, yellow coloured.

سنی ان سنی کرنا sunī ansunī karnā (सुनी अनसुनी करना)–किसी बात को सुन कर भी उस पर ध्यान न देना, एक कान से सुन कर दूसरे कान से निकाल देना. *(v)*–to turn a deaf ear.

سنی سنائی sunī sunāī (सुनी सुनाई)–जिस बात का कोई आधार न हो, अफवाह. *(adj)*–hearsay, what one has heard.

سنی sunnī (सुन्नी)–मुसलमानों का एक हिस्सा जो सुन्नत-वल-जमात को मानने वाले हैं. *(nm)*–an orthodex Muslim follower of *sunnat-wal-jumāt* sect.

سنیاس sanyās (संन्यास)–सारे रिश्ते नातों को तोड़ कर जंगल में साधुओं के भेष में रहना, मोह माया को छोड़ देना. *(nm)*–relinquishment, abandonment, abandonment of the world.

سنیاسی sanyāsī (संन्यासी)–दुनिया के मोह-माया का त्याग कर देने वाला, धार्मिक जीवन व्यतीत करने वाला, परोपकारी, जीवन के चौथे पड़ाव में पहुँचा हुआ व्यक्ति. *(nm)*–a religious mendicent, an ascetic, a *Brahman* of fourth order, having an age of 75 years.

سنیچر sanicar (सनिचर)–शनिश्चर, शनि, शनिवार, शनि ग्रह, दुर्भाग्यशाली, कंगाल, कष्टदायक. *(nm)*–Saturn (the planet). Saturday, misfortune, poverty, a miser, a glutton.

سنین sanīn (सनीन)–'सन' का बहुवचन, अनेक वर्ष, अनेक युग, अनेक काल. *(nm)*–plural of سنہ *sanh*, eras, years, ages.

سو sū (सू)–दिशा, तरफ़. *(nm)*–side, direction.

سو بسو sū basū (सू बसू)–साथ साथ, चारों ओर, सब ओर. *(adv)*–on every side, all around, side by side.

سو sau (सौ)–शत, सैंकड़ा. *(nm)*–a hundred.

سو باتوں کی ایک بات sau bāton kī ek bāt (सौ बातों की एक बात)–बड़ी उचित बात, पते की बात. *(prov)*–very reasonable point.

سو جان سے sau jān se (सौ जान से)–दिलो जान से, पूरी शक्ति से, पूरे दिल से. *(adv)*–with all one's heart.

سو دن چور کے ایک دن سادھ کا sau din cor ke ek din sādh kā (सौ दिन चोर के एक दिन साध का)–चोर एक ना एक दिन पकड़ा ही जाता है. *(prov)*–the thief is ultimately caught one day.

سو سو کوس sau-sau kos (सौ-सौ कोस)–बहुत दूर, पहुँच से बाहर. *(adv)*–far and wide, out of reach.

سو سیانے اور ایک مت sau sayāne aur ek mat (सौ सयाने और एक मत)–सब अक्लमंद व्यक्ति एक ही तरह से सोचते हैं. *(prov)*–wise men always agree.

سو علاج ایک پرہیز sau ilāj ek parhez (सौ इलाज एक परहेज़)–*(prov)*– prevention is better than cure.

سو کے سوائے sau ke savāe (सौ के सवाए)–पच्चीस प्रतिशत, सौ के सवा सौ. *(adj)*–twenty five percent, hundred twenty five for a hundred.

سو so (सो)–इस लिए, इस वास्ते, इस प्रकार, इस तरीके से. *(adv & conj)*–so, so that, therefore, because of, hence, thereupon, accordingly.

سوا savā (सवा)–एक और चौथाई. *(nm)*–one and a quarter.

سوا گز کی زبان ہونا savā gaz kī zabān honā (सवा गज़ की ज़बान होना)–कड़वा बोलना, अप्रिय बात करना, कटु बात करना. *(v)*–to be rude, to be harsh, to be foul mouthed.

سواحل savāhil (सवाहिल)–'साहिल' का बहुवचन, तट, किनारा, शोर. *(nm)*–shores, coasts.

سوا suā (सुआ)–एक बड़ी सुई, बोरी इत्यादि की सलाई करने वाली बड़ी सुई. *(nm)*–a large needle, a packing needle.

سویا soyā (सोया)–पत्तों वाला एक पौधा जो साग-सब्ज़ी के काम आता है और जिसके बीजों से तेल निकाला जाता है जो खाने के काम आता है. *(nm)*–fennel, an aromatic plant with yellow flowers.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سِوا sivā (सिवा)–अतिरिक्त, बिना, इलावा. *(adv)*–except, but, over and above, other than, besides.

سواد svād (स्वाद)–मज़ा, लिज़्ज़त, लुत्फ़, चाट, चस्का, आनन्द. *(nm)*–taste, flavour, relish, sweetness, pleasure.

سواد savād (सवाद)–स्याही, कालिख, कालापन, अँधेरा, धुआँ, आस-पास, शहर के इर्द गिर्द. *(nm)*–blackness, smoke, environment of a city, neighbourhood.

سوادِ آعظم savād-e āzim (सवाद-ए आज़िम)–देश का एक बड़ा भाग, अधिक संख्या, बहुमत. *(nm)*–greater part of a country, majority.

سوار savār (सवार)–घोड़े इत्यादि जानवर की सवारी करने वाला, घोड़े या ऊँट इत्यादि की पीठ पर बैठ कर यात्रा करने वाला, घोड़े की देखभाल करने वाला. *(nm)*–a rider, a traveller on horse back, a cavalry-man, a trooper.

سوار ہونا savār honā (सवार होना)–घोड़े या ऊँट इत्यादि जानवर की सवारी करना. *(v)*–to ride, to mount.

سوال savāl (सवाल)–जिज्ञासा, निवेदन, प्रार्थना, समस्या, माँग. *(nm)*–question, request, application, petition, problem, query, demand.

سوالات savālāt (सवालात)–'सवाल' का बहुवचन, प्रश्नावली, बहुत से प्रश्न. *(nm)*–plural of سوال *sawal*, questions.

سوال جرح savāl-e jirah (सवाल-ए जिरह)–बहस करना, सवाल जवाब करना, तर्क-वितर्क करना. *(nm)*–cross-examination.

سوال جواب savāl javāb (सवाल जवाब)–पूछताछ करना, जानकारी लेना, सूचना प्राप्त करना. *(nm)*–questionaire, question and answer.

سوال جواب کرنا savāl javāb karnā (सवाल जवाब करना)–पूछताछ करना, बहस करना, तर्क-वितर्क करना, अपना पक्ष बयान करना. *(v)*–to argue, to plead, to discuss.

سوال حل کرنا savāl hal karnā (सवाल हल करना)–किसी समस्या का हल खोजना, किसी प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ना. *(v)*–to solve a question or a problem.

سوال کرنا savāl karnā (सवाल करना)–प्रश्न करना, पूछना, जानकारी प्राप्त करना, पूछताछ करना. *(v)*–to question, to beg, to ask, to request, to demand, to enquire.

سوال دیگر جواب دیگر savāl dīgar javāb dīgar (सवाल दीगर जवाब दीगर)–सवाल और जवाब और, चालाकी से सवाल को टालना, टाल-मटोल करना, बहाने बनाना. *(prov)*–cross purposes and crooked answers.

سوالی savālī (सवाली)–सवाल करने वाला, भीख माँगने वाला, निवेदन करने वाला, प्रार्थी. *(nm)*–a beggar, a petitioner.

سوال نامہ savāl nāmā (सवाल नामा)–सवालों की सूची, अनेक सवाल, प्रश्नावली. *(nm)*–questionaire, a chain of questions.

سوامی svāmī (स्वामी)–मालिक, पति, किसी धार्मिक मठ या संस्था का मुखिया. *(nm)*–master, owner, husband, lord, the head of a religious organization.

سوانح savānih (सवानिह)–'सानेह' का बहुवचन, घटनाएँ, वारदात. *(nm)*–plural of سانح saneh, occurrences, events, incidents, accidents, historical events.

سوانح نگار savāneh nigār (सवानेह निगार)–जीवनी लिखने वाला, घटनाओं को लिपिबद्ध करने वाला, रिपोर्टर. *(nm)*–a biographer, a reporter, a historian.

سوانح عمری savānih umrī (सवानिह उम्री)–जीवनी, जीवन-कथा, जीवन की घटनाओं का क्रमबद्ध लेखन. *(nf)*– biography, narration of life history.

سوانگ svāng (स्वाँग)–बहुरूप धारण करना, भेस बदलना, लोगों का मनोरंजन करना, अभिनय करना. *(nm)*–to copy other's personality, to make-up, to animate, to act, to entertain.

سوانگی svāngī (स्वाँगी)–स्वाँग रचने वाला, किसी का रूप धारण करने वाला, अभिनय करने वाला. *(adj)*–one who acts, entertainer, copier.

سوایا savāyā (सवाया)–एक और चौथाई. *(adj)*–one and fourth part of one, one and a quarter.

سوبھاؤ subhāo (सुभाओ)–स्वभाव, प्रकृति, आदत, व्यवहार. *(nm)*–natural disposition,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سوت sūt (सूत)

quality, nature, natural state.

سوت sūt (सूत)–धागा, तार. *(nm)*–thread, wire, a tendril, a yarn, cord.

سوت/سوتن saut/sautan (सौत/सौतन)–एक पति की दो पत्नियाँ एक दूसरे की सौत या सौतन कहलाती हैं, विरोधी, दुश्मन. *(nm)*–a co-wife, a second wife, rival.

سوتک sūtak (सूतक)–हिन्दुओं में बच्चे के जन्म के बाद या किसी सगे-सम्बन्धी की मृत्यु के बाद घर को अपवित्र माना जाता है और पूजा आदि होने तक सूतक काल माना जाता है. *(nm)*–uncleanliness contracted by members of a Hindu family on the birth of a child or on the death of a relative.

سوتی sūtī (सूती)–सूत की बनी हुई, सूती कपड़ा, कपास के धागे का बना कपड़ा. *(nm)*–made of cotton thread, cotton cloth.

سوتیلا/سوتیلی sautelā/sautelī (सौतेला/सौतेली)–बहन-भाई जिन की या तो माँ एक हो और बाप अलग अलग हों, या जिनका बाप एक हो और माँएं अलग अलग हों. *(adj)*–child from a different wife, belonging to a co-wife.

سوتیلا باپ sautelā bāp (सौतेला बाप)–यदि औरत दूसरा विवाह कर ले तो उसका दूसरा पति पहले बच्चों का सौतेला बाप कहलाएगा. *(nm)*–step-father.

سوتیلا بھائی sautelā bhāī (सौतेला भाई)–एक ही बाप लेकिन अलग-अलग माँओं के बेटे. *(nm)*–step brother.

سوتیلی بہن sautelī bahan (सौतेली बहन)–एक ही बाप लेकिन अलग अलग माँओं की बेटियाँ. *(nf)*–step sister.

سوتیلی ماں sautelī mān (सौतेली माँ)–बाप की दूसरी पत्नी. *(nf)*–step-mother, second wife of father.

سوجن sūjan (सूजन)–एक शारीरिक विकार जिस में शरीर का कोई भाग फूल जाता है और उसमें पीड़ा होती है. *(nf)*–swelling, inflamation.

سوجنا sūjna (सूजना)–शरीर के किसी भाग में सूजन आ जाना, नाराज़ हो जाना, गुस्सा होना. *(v)*–to swell, to rise, to be puffed up, to look sulky.

سوجھ sūjh (सूझ)–दूर की सोच, दूरंदेशी, समझ. *(nf)*–foresight, vision, perception, understanding.

سوجھ بوجھ sūjh būjh (सूझ बूझ)–सोच, समझ, जानकारी, ज्ञान, होशियारी, अक्लमंदी. *(nf)*–understanding, knowledge, intelligence.

سوجھنا sūjhnā (सूझना)–विचार आना, ख्याल आना, सुझाई देना, एहसास होना, प्रतीत होना. *(v)*–to perceive, to come to mind, to seam; to appear.

سوجی sūjī (सूजी)–आटे में से अलग निकाला गया एक तत्व जो मोटा होता है और हलवा बनाने के काम आता है. *(nf)*–flour, in fine granules, coarsely ground flour.

سوچ soc (सोच)–विचार, ख्याल, कल्पना, उड़ान, चिन्ता, फिक्र. *(nf)*–thought, attention, regard, anxiety, consideration, imagination, idea, notice.

سوچ بچار soc bicār (सोच विचार)–ध्यान देना, विचार करना, सोचना, चिन्तन करना. *(nm)*–consideration, caution, discretion.

سوچ میں رہنا soc main rahnā (सोच में रहना)–विचारमग्न रहना, चिन्तत रहना. *(v)*–to be absorbed in thought, to think about.

سوچنا socnā (सोचना)–विचार करना, ध्यान करना, चिन्तन करना. *(v)*–to think, to consider, to meditate, to imagine, to observe, to mind.

سوختگی sokhtagī (सोख़्तगी)–जलन, सूजन, कष्ट, तकलीफ, दुःख. *(nf)*–burning, combustion, heart burning, vexation.

سوختنی sokhtanī (सोख़्तनी)–जलने योग्य, जलने के लिए उपयुक्त. *(adj)*–fit for burning, deserving to be burnt.

سوختہ sokhtah (सोख़्तः)–जला हुआ, भुना हुआ, झुलसा हुआ, परेशान, दुःखी, ब्लाटिंग पेपर. *(adj)*–burnt, scrached, in trouble, frustrated, disturbed.

سوختہ بال sokhtah bāl (सोख़्तः बाल)–जिसके पर जल गये हों, जो असमर्थ हो गया हो, जो कुछ न कर सकता हो, असमर्थ, असहाय. *(adj)*–who has burnt wings, disabled, unable to do anything, helpless.

سوختہ بخت sokhtah bakht (सोख़्तः बख़्त)–जिसका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाग्य जल गया हो, भाग्यहीन, किस्मत का मारा, बदकिस्मत, बदनसीब. *(adj)*– unfortunate, having bad-luck.

سوختہ جاں/دل sokhtah jān/dil (सोख़्तः जां/दिल)–जिसका दिल जला हुआ हो, निराश प्रेमी, असफल प्रेमी, ठोकर खाया हुआ प्रेमी. *(adj)*– burnt or consumed with love or grief, grieved, love-sick.

سوختی sokhtī (सोख़्ती)–कष्ट, दुःख, तकलीफ़. *(nf)*– grief, sorrow, suffering.

سود sūd (सूद)–ब्याज, लाभ, प्राप्ति. *(nm)*– interest, profit, gain.

سود بٹا sūd baṭṭā (सूद बट्टा)–लाभ तथा हानि. *(nm)*–profit and loss.

سود پر دینا sūd par denā (सूद पर देना)–किसी को ब्याज पर रकम देना. *(v)*–to lend money on interest.

سود پر لینا sūd par lenā (सूद पर लेना)–ब्याज पा रकम लेना. *(v)*–to borrow money on interest.

سودخور sūdkhor (सूदखोर)–जो ब्याज पर रकम देता हो. *(nm)*–who lends money on interest, a usurer.

سودخوری sūdkhorī (सूदखोरी)–ब्याज पर रकम देने का काम. *(nf)*–usury, lending money on interest.

سود در سود sūd dar sūd (सूद दर सूद)–चक्रवृद्धि ब्याज, ब्याज पर भी ब्याज लेना. *(nm)*– compound interest.

سود کھانا sūd khānā (सूद खाना)–ब्याज पर रकम देना, रकम पर ब्याज प्राप्त करना. *(nm)*–to lend money on interest, to take interest.

سود لگانا sūd lagānā (सूद लगाना)–ब्याज का हिसाब करना. *(v)*– to charge interest, to calculate interest.

سودِ مرکّب sūd-e murakkab (सूद-ए मुरक्कब)– चक्रवृद्धि ब्याज, ब्याज पर ब्याज. *(nm)*– compound interest.

سودِ مفرد sūd-e muphard (सूद-ए मुफर्द)– साधारण ब्याज. *(nm)*– simple interest.

سودمند sūdmand (सूदमंद)–फ़ायदेमंद, लाभदायक, उपयोगी, हितकारक. *(adj)*–profitable, beneficial, advantageous, useful, fruitful.

سودمندی sūdmandī (सूदमंदी)–लाभ, उपयोगिता, प्राप्ति. *(nf)*– usefulness, advantage, profitableness, fruitfulness.

بے سود besūd (बेसूद)–बेकार, व्यर्थ, अनुपयोगी, निकम्मा. *(adj)*–useless, fruitless, unprofitable.

سودا saudā (सौदा)–पागलपन, सौदाईपन, ख़ब्त, दीवानगी, दीवानापन, धुन, लगन, इश्क़, चाहत. *(nm)*–frenzy, madness, fixed desire, ambition, melancholy, monomania, crazyness.

سودا saudā (सौदा)–क्रय-विक्रय, व्यापार, सामान, घर की वस्तुएँ. *(nm)*–trade, traffic, marketing, bargaining, goods, wares, fruits etc.

سودا ہونا saudā honā (सौदा होना)–पागल होना, किसी चीज़ के पीछे पड़ जाना, किसी चीज़ के लिए तीव्र इच्छा व्यक्त करना, किसी का दीवाना हो जाना. *(v)*–to persist keenly in the fulfilment of a desire, to have a fit of madness.

سودا پٹانا/کرنا saudā paṭānā/karnā (सौदा पटाना/करना)–कोई व्यापारिक समझौता करना, किसी व्यापारिक समझौते को अन्तिम रूप देना. *(v)*–to strike a bargain, to finalize a deal.

سودا پٹنا/ہونا saudā paṭnā/honā (सौदा पटना/होना)–कोई सौदा पक्का होना, किसी व्यापारिक समझौते को अन्तिम रूप देना. *(v)*–to strike a bargain.

سودا خریدنا/لینا saudā kharīdanā/lenā (सौदा खरीदना/लेना)–किसी वस्तु को खरीदना. *(nm)*–to purchase goods, to make purchases.

سودا سُلف saudā sulf (सौदा सुल्फ़)–सामान, वस्तुएँ, इस्तेमाल की चीज़ें. *(nm)*–goods, wares, essential conmmodities.

سوداگر saudāgar (सौदागर)–व्यापारी, कारोबार करने वाला. *(nm)*–a merchant, a trader, a dealer.

سوداگری saudāgarī (सौदागरी)–व्यापार, व्यापारिक, व्यापार से सम्बन्धित. *(nf)*– commerce, trade, commercial.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سوداگری مال saudāgarī māl (सौदागरी माल)–जिस माल या वस्तुओं का व्यापार किया जाए, खरीदने बेचने योग्य वस्तुएँ. *(nm)*–merchandise, goods to be sold or purchased.

سودائی saudāī (सौदाई)–पागल, दीवाना, जिसका दिमाग हिला हुआ हो, जो व्यवहार कुशल नहीं हो. *(adj)*–mad, melancholic, insane.

سودی sūdī (सूदी)–ब्याज पर ली गई रकम. *(adj)*–on interest, borrowed at interest.

سودیشی svadeshī (स्वदेशी)–अपने देश का या अपने देश में बना हुआ, अपने देश से सम्बन्धित. *(adj)*–of one's own country, indigenous.

سور sūr (सूर)–शूर, शूरवीर, बहादुर, हिम्मतवर, तगड़ा, पढ़ा-लिखा, विद्वान्, समझदार. *(nm)*–a hero, a brave man, a warrior, a wise and learned man.

سور suar (सुअर)–एक जानवर जो गंदगी में पलता है. इसकी चर्बी जलाने के काम आती है और गोश्त खाने के काम आता है. *(nm)*–a pig, a hog, a swine.

سور کا بچہ suar kā baccā (सुअर का बच्चा)–छोटा सुअर, बहुत कमीना, बहुत नीच, ओछे विचारों वाला. *(nm)*–a pig, a young one of a pig, a rascal, mean.

سور کا گوشت suar kā gosht (सुअर का गोश्त)–सुअर का माँस जिसे खाना मुसलमानों के लिए हराम है. *(nm)*– swine-flesh, pork, ham, bacon. The meat of pig is forbidden in Islam.

سوراج surāj/svarāj (सुराज/स्वराज)–अपना शासन, लोकतंत्र, जनता द्वारा जनता पर शासन. *(nm)*–self government, home-rule.

سوراخ sūrākh (सूराख़)–छेद, छिद्र. *(nm)*–a hole, a passage, inlet or outlet.

سوراخ دار sūrākhdār (सूराखदार)–छेदों वाला, जिसमें बहुत सारे छेद हों. *(adj)*–perforated, porous, having holes.

سورت sūrat (सूरत)–कुरान शरीफ का एक अध्याय, चिह्न या निशान, पाँवों के निशान. *(nf)*–a chapter or division of the *Quran*, a sign, foot-prints.

سورج sūraj (सूरज)–सूर्य, सब से ज़्यादा गरम व रोशनी देने वाला एक ग्रह. *(nm)*–the Sun.

سورج بنسی sūraj bansī (सूरज बंसी)–सूर्यवंशी, सूर्यवंश के लोग, एक उच्च क्षत्रिय कुल जिसमें भगवान श्री रामचन्द्र जी जन्मे थे. *(nm)*–the solar race.

سورج گرہن/گہن sūraj grahaṇ/gahan (सूरज ग्रहण/गहन)–जब सूरज और पृथ्वी के बीच चाँद आ जाता है तो सूरज ग्रहण होता है. *(nm)*–the solar eclipse.

سورج مکھی sūraj mukhī (सूरज मुखी)–एक फूल का नाम जिसके बीजों का तेल निकाला जाता है, हाथ का पंखा, छोटा छाता जिसे स्त्रियाँ इस्तेमाल करती हैं. –a kind of flower, sun flower, a kind of hand-fan, a parasol.

سورداس sūrdās (सूरदास)–एक हिन्दू कवि व गायक जो अँधा था, किसी अँधे को भी सूरदास कह देते हैं, जो आँखें होते हुए भी देखता न हो और भूलें करता हो, उसे भी सूरदास कहते हैं. *(nm)*–name of a Hindu poet and singer who was blind, hence a blind man, an ignorant.

سورگ svarg (स्वर्ग)–जहाँ देवी-देवता और मोक्ष पाए हुए लोग निवास करते हैं. *(nm)*–a heaven, paradise, residence of Hindu gods and goddesses.

سورگ باسی svargbāsī (स्वर्गवासी)–स्वर्ग में रहने वाला, जो मर गया होए जो अब इस दुनिया में नहीं हो.

سورما sūrmā (सूरमा)–बहादुर, शूरवीर. *(nm)*–brave, valiant, bold, courageous.

سورنجان suranjān (सुरंजान)–जंगली सिंघाड़ा जो कि दवाई बनाने के काम आता है. *(nm)*–name of a medicine, meadow-safforn.

سورنی suarnī (सुअरनी)–सुअर की मादा, वह औरत जो बहुत से बच्चों को जन्म देती हो. *(nf)*–female pig, a woman who gives birth to many children.

سورہ sūrah (सूरह)–कुरान शरीफ का एक अध्याय या भाग. *(nm)*–a part or a chapter of *Qurān*.

سوری sūrī (सूरी)–एक फूल का नाम, लाल शराब. –a flower, red wine.

سوز soz (सोज़)–जलन, सूजन, तकलीफ़, कष्ट, दुःख.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nm)–heat, burning, passion, inflammation, vexation, heart-burning. *(adj)*-inflaming, burning, exciting.

سوزخواں soz khvān (सोज़ ख्वां)–शोकगीत (मरसिया) पढ़ने वाला. *(nm)*–reciter of an elegy, one who chants a dirge.

سوزاک suzāk (सुज़ाक)–पुरुषों को होने वाला एक यौन रोग जिसमें पेशाब की नली में सूजन हो जाती है और पीप बहती रहती है. *(nm)*–a male sex-disease, gonorrhoea.

سوزاں sozān (सोज़ां)–जलन, सूजन, कष्ट. *(nm)*–burning, flaming.

سوزش sozish (सोज़िश)–सूजन, जलन, दर्द, तकलीफ. *(nf)*– inflammation, pain, vexation, ardour.

سوزن sozan (सोज़न)–सुई, कपड़े सीने का एक उपकरण. *(nf)*–a needle, picker of a gun.

سوزن کار sozankār (सोज़नकार)–कढ़ाई करने वाला, सुई का काम करने वाला, सुई से सीनेवाला. *(nm)*– embroider, who sews with a needle.

سوزن کاری sozankārī (सोज़नकारी)–कढ़ाई, कशीदाकारी. *(nm)*– embroidery, needle work.

سُوس sūs (सूस)–घड़ियाल, एक प्रकार का मगरमच्छ. *(nm)*–a crocodile.

سُوسمار sūsmār (सूसमार)–रेगिस्तान का एक जानवर, खोह. *(nm)*–a small animal of desert, porpoise.

سوسن sosan (सोसन)–लिल्ली, एक फूल जिस पर आसमानी रंग के फूल खिलते हैं. *(nf)*– a flower lily, the iris.

سُوسنا sūsnā (सूसना)–सहन करना, झेलना, बर्दाश्त करना. *(nm)*–to bear, to be patient, to tolerate.

سوسنی sosanī (सोसनी)–आसमानी रंग, आसमानी रंग वाला, आसमान जैसा रंग. *(nm)*–a bluish colour. *(adj)*–iris-coloured, purple.

سوسی sūsī (सूसी)–एक मोटा कपड़ा जो सूत और रेशम को मिला कर बनाया जाता है. *(nf)*–a kind of coarse cloth made of silk and cotton.

سوغات saugāt (सौग़ात)–भेंट, उपहार, तोहफ़ा, पेशकश, बहुमूल्य वस्तु. *(nf)*–a gift, a rich present, a rarity, a curiosity.

سوغاتی saugātī (सौग़ाती)–बढ़िया सौग़ात, बहुमूल्य उपहार, भेंट. *(adj)*–fit to be given as a present, rare, choice.

سوفا sūfā (सूफ़ा)–मकान का बड़ा कमरा. *(nm)*–the large room of the house.

سوق sūk (सूक़)–गली, बाज़ार, मार्किट. *(nm)*–street, bazar, market.

سوقیانہ sūkiyānā (सूकियाना)–बाज़ारी, बाज़ार से सम्बन्धित, बाज़ारू, ओछा. *(adj)*–of the market, common, low or vulgar (language).

سوکن saukan (सौकन)–सौतन, पति की दूसरी पत्नी. *(nf)*–a co-wife, the second wife of a husband.

سوکھا sūkhā (सूखा)–खुश्क, सुकड़ा हुआ, झुरियों भरा, दुबला पतला, बिना किसी लाभ के, रूखा, फीका, भांग, सूखा तम्बाकू. *(adj)*–dry, parched, without profit, thin, juiceless, a disease of children, dry tobacco.

سوکھا پڑنا sūkhā paṛnā (सूखा पड़ना)–अकाल पड़ जाना, वर्षा न होना. *(v)*–occuring of a draught.

سوکھا ٹالنا/ٹرخانا sūkhā ṭālnā/ṭarkhānā (सूखा टालना/टरखाना)–बिना कुछ दिये या कुछ किये किसी को टरखा देना. *(v)*–to send away someone without doing anything for him.

سوکھنا sūkhnā (सूखना)–खुश्क होना, दुबला होना, सुकड़ना. *(v)*–to dry, to wither, to evaporate, to dry up.

سوگ sog (सोग)–शोक, अफ़सोस, कष्ट, तकलीफ, दुख, गम, रंज. *(nm)*–affliction, grief, sorrow, lamentation, mourning.

سوگ کرنا/منانا sog karnā/manānā (सोग करना/मनाना)–शोक मनाना, अफसोस करना, गमगीन होना, दुःखी होना, कष्ट भोगना, तकलीफ में होना. *(v)*–to grieve, to mourn.

سوگوار sogvār (सोगवार)–जिसे शोक हुआ है, जो दुःखी है, जो कष्ट में है. *(adj)*–sorrowful,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سوگوار sogvārī (सोगवारी) grieved, afflicted, mourning.

سوگواری sogvārī (सोगवारी)–शोक, गम, रंज, कष्ट. *(nf)*–mourning, affliction, sorrow, grief.

سوگن sogan (सोगन)–शोक मनाने वाली महिला, जो महिला मातम मना रही हो. *(adj)*–afflicted woman.

سوگند saugandh (सौगंध)–शपथ, कसम, वचन-बद्धता, संकल्प. *(nm)*–an oath.

سوگند دینا saugandh denā (सौगंध देना)–शपथ दिलाना. *(v)*–to administer an oath.

سوگند کھانا saugandh khānā (सौगंध खाना)–शपथ लेना, कसम खाना, वचन देना, संकल्प लेना. *(v)*–to swear, to take an oath.

سوگی sogī (सोगी)–सोग करने वाला, शोक मनाने वाला, दुःखी, कष्ट में. *(adj)*–sorrowful, sad, afflicted, mournful.

سول sūl (सूल)–शूल, पीड़ा, दुःख, कष्ट, चुभन, पेट का दर्द, काँटा, बरछी की नोक. *(nm)*–a thorn, a spike, a dart, colic, the point of a spear, stomach-ache, sharp and acute pain.

سولہ solah (सोलह)–दस और छः. *(adj)*–sixteen.

سولہواں solahvān (सोलहवां)–सोलह का क्रम, सोलह की संख्या. *(adj)*–sixteenth.

سولی sūlī (सूली)–फाँसी, मौत की सज़ा, फाँसी के फंदे में लटकाना, किसी को बहुत बड़े असमंजस में डाल देना, किसी के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी कर देना. *(nf)*–gibbet, gallows, an impaling stake.

سولی دینا sūlī denā (सूली देना)–फाँसी पर लटकाना, मौत की सज़ा देना, मौत के घाट उतारना, किसी को बहुत बड़ी यातना देना, किसी को भयंकर कष्ट देना. *(v)*–to hang, to impale, to execute.

سولی پر جان ہونا sūlī par jān honā (सूली पर जान होना)–जान का खतरा होना, किसी बात से भयभीत होना, बहुत बड़ी मुसीबत में होना. *(v)*–to suffer severe torture or agony, to be in constant fear of one's life.

سوم sūm (सूम)–कंजूस, जो पैसे को दाँतों से पकड़ता हो. *(nm)*–a miser, niggard.

سوم som (सोम)–तीसरा, क्रम में तीसरे स्थान पर. *(adj)*– third.

سوموار somvār (सोमवार)–सप्ताह का पहला दिन, सोमवार, चाँद का दिन. *(nm)*–first day of the week, moon's day.

سونا/سونی sūnā/sūnī (सूना/सूनी)–खाली, उजाड़, जहाँ कुछ भी न हो. *(adj)*–void, empty, desolate, deserted, unoccupied, lonely.

سونا کر جانا sūnā kar jānā (सूना कर जाना)–चले जाना, जगह खाली कर जाना, हट जाना, दूर हो जाना. *(v)*–to leave void or desolate, to leave, to depart.

سونا sonā (सोना)–नींद लेना, विश्राम करना, निद्रा में होना. *(v)*–to sleep, to die, to repose.

سونا sonā (सोना)–एक बहुमूल्य धातु जिस से आभूषण इत्यादि बनते हैं, सोना कई दवाइयों में भी इस्तेमाल किया जाता है. सोना पास होना समृद्धि की निशानी है. *(nm)*–gold, riches.

سونے پر سہاگہ sone par suhāgā (सोने पर सुहागा)–किसी के गुणों में बढ़ोतरी होना. *(adj)*–adding to beauty or elegance.

سونے کا پانی sone kā pānī (सोने का पानी)–चाँदी इत्यादि धातु पर सोने का पानी चढ़ा कर उसे सोने जैसे रंग का बनाना. *(nm)*–gilding.

سونے کا پترا sone kā pattarā (सोने का पत्तरा)–किसी धातु पर सोने की परत चढ़ा कर उसे सोने जैसा दिखने वाला बनाना. *(nm)*–gold plate.

سونے کی چڑیا sone kī ciṛiyā (सोने की चिड़िया)–सुनहरी पक्षी, अमीर आदमी. *(nf)*–golden sparrow, a wealthy man.

سونے کا نوالہ sone kā navālā (सोने का नवाला)–बहुमूल्य खाना, शानदार दावत. *(nm)*–a delicious morsel, an expensive banquet.

سونے کا ورق sone kā varak (सोने का वरक़)–सोने का बारीक पत्तरा. *(nm)*–gold leaf.

سونپنا saunpanā (सौंपना)–किसी को देना, किसी के हवाले करना, किसी के स्वामीत्व में देना, किसी के अधिकार में देना. *(v)*–to hand over, to deliver, to consign, to entrust, to give custody of.

سونتنا sūntanā (सूंतना)–सब्ज़ी के पत्ते हटाना, तलवार को म्यान से बाहर निकाल कर युद्ध के लिए तैयार होना, नीचे को मलना. *(v)*–to strip leaves off

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

vegetables, to draw a sword, to rub down.

سونٹا sonṭā (सोंटा)–डंडा, वलम, मोटी लकड़ी, छोटी लाठी. *(nm)*–a mace, a club, a pestle, a cudget.

سونٹھ sonṭh (सोंठ)–सूखा अदरक, कोई बहुमूल्य वस्तु, मुश्किल से उपलब्ध होने वाली वस्तु, कंजूस. *(nf)*–dry ginger, something precious, something rarely available, a miser.

سوندھا/سوندھی sondhā/sondhī (सोंधा/सोंधी)–सुगन्धित, नयी मिट्टी की सुगंध, खुशबूदार. *(adj)*–sweet smelling, smelling like new earth, fragrant.

سونڈ sūnḍ (सूंड)–हाथी की सूंड. *(nm)*–an elephant's trunk.

سونڈی sunḍī (सुंडी)–एक भूरे रंग का छोटा सा कीड़ा जो अनाज को खोखला कर देता है. *(nf)*–a small brown in corn, a weevil, an insect destructive to grain.

سونف saunph (सौंफ)–एक खुशबूदार पौधे के बीज, इसका पान में इस्तेमाल होता है. *(nf)*–anise seed, seed of sweet fennel.

سونف کا عرق saunph kā ark (सौंफ का अर्क)–सौंफ को पानी में भिगो कर उसका अर्क निकाला जाता है. *(nm)*– anise water.

سونگھا sūnghā (सूँघा)–वह व्यक्ति जो केवल सूँघ कर किसी अदृश्य वस्तु को ढूँढ़ निकालता है. यह गुण कुत्तों में सब से ज़्यादा होता है. *(nm)*–a person who can discover hidden things by smelling them, a hound.

سونگھنا sūnghnā (सूँघना)–सूँघने की शक्ति से किसी चीज़ के बारे में जानकारी प्राप्त करना. *(v)*–to smell.

سونگھنی sūnghnī (सूँघनी)–नसवार, छींकें लाने के लिए और सिर का भारीपन दूर करने के लिए जिसे सूंघा जाता है. *(nm)*–snuff.

سوہا sūhā (सूहा)–गहरा लाल रंग, एक राग का नाम. *(adj)*–deep red, crimson, *(nm)*–name of a *rāg* or musical mode.

سہاگا suhāgā (सुहागा)–एक दवाई का नाम, लकड़ी के मोटे लट्ठे का नाम जिसे किसान ज़मीन को समतल करने के लिए प्रयोग करता है. *(nm)*–borax, a wooden plank used as harrow.

سوہان sohān (सोहान)–रेती, लोहे या लकड़ी को साफ करने के लिए एक काँटेदार औज़ार. *(nm)*–a file, whetstone, rasp.

سوہانِ روح sohāne rūh (सोहाने रूह)–कष्ट देने वाला, तकलीफ देने वाला, परेशान करने वाला, दुःखी कर देने वाला. *(adj)*–troublesome, vexatious, torturing, annoying.

سوہن sohan (सोहन)–सुन्दर, खूबसूरत, खुशनुमा, दिलकश, मनमोहक, मित्र, प्रेमी, एक मिठाई का नाम. *(adj)*–beautiful, handsome, pleasing, charming, *(nm)*–a friend, a lover, a kind of sweetmeat.

سوہنا sohnā (सोहना)–चमकना, सुन्दर लगना, आकर्षक दिखाई देना, सुन्दर, आकर्षक. *(v)*–to shine, to look beautiful or graceful, to suit, to fit, *(adj)*–handsome, beautiful.

سوہنی sohnī (सोहनी)–एक रागिनी का नाम, सुन्दर स्त्री, झाड़. *(nf)*–a musical tune or *rāgnī*, a beautiful woman, a broom.

سوء sū (सू)–बुरा, दुष्ट, शैतान. *(adj)*–evil, bad, vicious.

سوءِ اتفاق sū-e itifāk (सू-ए इतिफ़ाक़)–बुरा समय, दुर्भाग्य. *(nm)*–mishap, as ill luck would have it.

سوءِ ادب sū-e adab (सू-ए अदब)–बुरी आदतों वाला, बुरे स्वभाव वाला, दुष्ट, नीच. *(nm)*–insolence, rudeness, bad habits, ill mannered.

سوءِ ہضمی sū-e hazmī (सू-ए हज़्मी)–अपच, बदहज़मी. *(nf)*– indigestion.

سوئی suī (सुई)–लोहे का एक बारीक और लम्बा यंत्र जिस से सिलाई की जाती है, घड़ी के दोनों हाथ जो घूमते रहते हैं और समय बताते हैं, कम्पास का अगला सिरा, तराज़ू की डंडी. *(nf)*–a needle, hands of a watch or clock, the pointer of a compass, tongue of a balance.

سوئی پرونا suī pirona (सुई पिरोना)–सुई में धागा डालना. *(v)*–to thread a needle.

سوئی کا کام suī kā kām (सुई का काम)–सिलाई और कढ़ाई, जो काम सुई से हो सके. *(nm)*–needle-work, sewing, embroidery,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

stitching.

سوئی کا ناکا suī kā nākā (सुई का नाका)–सुई की आँख जिस में धागा डाला जाता है. *(nm)*–the eye of a needle.

سویرا savera (सवेरा)–प्रातःकाल, सुबह का समय, सूर्य निकलने का समय. *(nm)*–early morning, dawn, day break.

سوئمبر savyambar (स्वयंबर)–किसी युवती द्वारा अपना पति स्वयं चुनना. *(nm)*–public selection of a husband by a lady of high rank among a number of assembled suitors.

سہ sah (सह)–तीन. *(adj)*–three.

سہ حرفی sah harphī (सह हरफी)–जिस में तीन अक्षर हैं, तीन अक्षरों वाला शब्द. *(adj)*–triliteral, of three letters.

سہ درہ sah darah (सह दरह)–तीन दरवाजों वाला कमरा. *(adj)*–three-doored room.

سہ سالہ sah sālā (सह साला)–तीन सालों में एक बार. *(adj)*–triannuals.

سہ شنبہ sah shambah (सह शंबह)–मंगलवार. *(nm)*–tuesday.

سہ فصلہ sah faslā (सह फ़सला)–एक वर्ष में तीन फ़सलें. *(adj)*–having three harvests.

سہ کر sah karr (सह कर्र)–तीन गुना. *(adj)*–three times as much.

سہ ماہی sah māhī (सह माही)–तीन महीने में एक बार, तीन महीने बाद. *(adj)*–quarterly.

سہ منزلہ sah manzilā (सह मंज़िला)–जिस इमारत की तीन मंज़िलें हों, *(adj)*–three storyed, having three floors.

سہا suhā (सुहा)–आकाश में मौजूद एक सितारे का नाम. *(nm)*–an obscure star in the constellation of the Greater Bear.

سہار sahār (सहार)–धैर्य, सब्र, बरदाश्त. *(nf)*–patience, tolerance, endurance.

سہارا sahārā (सहारा)–मदद, सहायता, भरोसा, उम्मीद, आशा. *(nm)*–assistqnce, aid, help, support, reliance, association, dependence.

سہارا دینا sahārā denā (सहारा देना)–सहायता करना, सहयोग करना, थामना. *(v)*–to support, to help, to assist.

سہارا ڈھونڈنا sahārā ḍhūnṛnā (सहारा ढूँढ़ना)–सहायता की आशा करना, सहयोग माँगना. *(v)*–to seek help or support.

سہارا لینا sahārā lenā (सहारा लेना)–सहायता माँगना, किसी पर निर्भर करना. *(v)*–to depend on, to seek help.

سہارنا sahārnā (सहारना)–सहन करना, बरदाश्त करना, धैर्य करना. *(v)*–to tolerate, to bear, to endure, to be patient.

سہاگ suhāg (सुहाग)–पति, औरत की माँग में भरा सिन्दूर, सौभाग्य, पवित्रता, विवाह के अवसर पर गाये जाने वाले गीत. *(nm)*–good fortune, auspiciousness, a red mark on the head of a woman whose husband is alive, a marriage song.

سہاگ اُجڑنا/لٹنا suhāg ujaṛnā/luṭnā (सुहाग उजड़ना/लुटना)–किसी औरत का विधवा हो जाना. *(v)*–to become a widow.

سہاگ بھری suhāg bharī (सुहाग भरी)–सुहागिन, पति की प्यारी, सौभाग्यवती. *(adj)*–happy and beloved wife.

سہاگ پڑا suhāg puṛā (सुहाग पुड़ा)–एक बक्स जो पति अपनी पत्नी को उपहार स्वरूप देता है जिस में आभूषण होते हैं, विवाह के अवसर पर दुलहन को दिया जाने वाला एक बक्स जिसमें दुलहन के शृंगार का सारा सामान होता है. *(nm)*–a casket of jewl presented by the bridegroom to his wife, a basket containing cosmetics, comb, bangles etc., presented by the bridegroom to the bride.

سہاگ رات suhāg rāt (सुहाग रात)–पति-पत्नी के मिलन की पहली रात. *(nm)*–the nuptial night.

سہاگ سیج suhāg sej (सुहाग सेज)–वह बिस्तर जिस पर पति-पत्नी अपनी सुहाग रात मनाते हैं. *(nf)*–the nuptial bed.

سہاگن suhāgan (सुहागन)–सुहागिन, जिसका पति जीवित हो, सौभाग्यशालिनी औरत. *(nf)*–a woman whose husband is alive, a favourite wife, a woman loved by her husband.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سہانا suhānā (सुहाना)–आकर्षक, मनमोहक, प्यारा लगने वाला, सुदर्शन, अच्छा मौसम. *(adj)*–pleasant, agreeable, charming.

سہج sahaj (सहज)–सरल, आसान, जो कठिन नहीं है, सादा. *(adj)*–easy, not difficult, simple.

سہج سُبھاؤ sahaj subhāv (सहज सुभाव)–प्राकृतिक रूप से, स्वाभाविक रूप से. *(nm)*–natural disposition, natural ease.

سہج سے sahaj se (सहज से)–सहजता से, सुगमता से आसानी से. *(nm)*–slowly, by degrees, gradually, in a slow tone, in due course.

سہرا sehrā (सेहरा)–विवाह के अवसर पर दुलहा द्वारा माथे पर पहना जाने वाला एक विशेष हार. *(nm)*–garland worn on the fore-head by the bridegroom on the marriage ceremony.

سہل sahal (सहल)–सरल, सहज, आसान, जो कठिन नहीं है. *(nm)*–easy, not difficult, not simple.

سہل انگاری sahal angārī (सहल अंगारी)–लापरवाही, उदासीनता, बेपरवाही. *(nf)*–indifference, carelessness.

سہلانا sahlānā (सहलाना)–धीरे-धीरे मलना, हाथ फेरना. *(v)*–to rub gently, to tickle, to tittilate.

سہم saham (सहम)–तीर, एक हिस्सा, एक भाग. *(nm)*–an arrow, a share, a portion.

سہم جانا/سہمنا saham jānā/sahamnā (सहम जाना/सहमना)–डर जाना, भयभीत हो जाना, आतंकित हो जाना, चिन्तित हो जाना. *(v)*–to be afraid, to fear, to be alarmed.

سہنا sahnā (सहना)–सहन करना, बरदाश्त करना. *(v)*–to bear, to suffer, to endure.

سہو sahav (सहव)–गलती, भूल, चूक, लापरवाही. *(nf)*– error, mistake, omission, negligence.

سہو قلم sahav-e kalam (सहव-ए क़लम)–कलम की भूल, कलम की गलती. *(nm)*–a slip of pen, oversight.

سہو کتابت sahav-e kitābat (सहव-ए किताबत)–लिखाई की गलती, लिखने की भूल. *(nm)*–a clerical mistake.

سہون sahvan (सहवन)–गलती से, भूल से, चूक हो जाने से, ध्यान से उतर जाने से. *(adv)*–by mistake, erroneously, by oversight.

سہولت suhūlat (सुहूलत)–आसानी, सरलता, सहजता, सुगमता, उपलब्धता. *(nf)*–ease, facility, mildness, gentleness, smoothness, softness, plainness.

سہی sahī (सही)–ठीक, उचित, अच्छा. *(adv)*–right, very well.

سہیل suhail (सुहैल)–आकाश में चमकता हुआ एक सितारा. *(nm)*–the star Canopus, the dog star.

سہیلی sahelī (सहेली)–महिला की महिला मित्र, महिला सहयोगी, महिला मित्र. *(nf)*–a woman's female companion, a female friend.

سہیم sahīm (सहीम)–हिस्सेदार, भागीदार, साझी. *(adj)*– partner, share-holder.

سی sī (सी)–सिसकारी की आवाज़, साँप की साँस लेने की आवाज़, कोई तेज़ मिर्च मसाले वाली चीज़ खाने के बाद मुँह से निकलने वाली सी सी की आवाज़. *(nf)*–a hissing sound.

سیمرغ sīmurg (सीमुर्ग)–एक बहुत बड़ा पक्षी. *(nm)*–a large-sized bird.

سے se (से)–कहाँ से? यहाँ से, वहाँ से इत्यादि. *(prep)*–with, by, from, of, at, out of, through, than.

سیاپا syāpā (स्यापा)–किसी के मर जाने पर ऊँचे स्वर में रो रो कर शोक मनाना, किसी के मरने पर ऊँची आवाज़ में रोना और छाती पीटना. *(nm)*–mourning over the dead, beating the breast over the dead body.

سیاح saiyāh (सैयाह)–सैलानी, मुसाफिर, यात्री, सफ़र करने वाला, घूमने फिरने वाला, घुमक्कड़. *(nm)*–a traveller, a pilgrim, an intinerant.

سیاحت siyāhat (सियाहत)–यात्रा, सफ़र, घूमना, चलना. *(nf)*–voyaging, joueneying, pilgrimage.

سیادت siyādat (सियादत)–श्रेष्ठता, सरदारी, नेतागरी, मार्गदर्शन, हुकूमत, राज्य, प्रशासन, बादशाहत. *(nf)*– dominion, sovereignty, rule, governing, leadership.

سیار siyār (सियार)–गीदड़, एक जंगली जानवर. *(nm)*–a jackal.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سیار sayyār (सय्यार)

سیار sayyār (सय्यार)–घूमने वाला, चक्कर काटने वाला, यात्रा करने वाला, सफ़र करने वाला. *(nm)*–a wanderer, a person taking the air, travelling for amusement, a traveller.

سیارہ sayyārah (सय्यारह)–एक ग्रह, नक्षत्र, वह तारा जो गतिमान रहता है. *(nm)*–a planet.

سیاست siyāsat (सियासत)–राजनीति, हुकूमत, बादशाहत, राज्य, प्रशासन, रौब, दबदबा. *(nf)*–politics, rule, government, administration, management.

سیاست دان siyāsatdān (सियासतदान)–राजनीतिज्ञ, राजनीति करने वाला, जन-प्रतिनिधि. *(nm)*–a politician.

سیاست مدن siyāsat-e mudan (सियासत-ए मुदन)–नागरिक प्रशासन, सरकारी निज़ाम, राजनीतिक व्यवस्था. *(nm)*– political science, civic economy, the art of government.

سیاست منزل siyāsat-e manzil (सियासत-ए मंज़िल)–घरेलू प्रशासन, शहर या देश का अंदरूनी प्रशासन. *(nm)*–domestic economy.

سیال saiyāl (सैयाल)–द्रव, तरल, पतला, बहने वाला. *(adj)*–liquid, fluid, flowing rapidly like a torrent.

سیانا sayānā (सयाना)–समझदार, अक्लमंद, चालाक, होशियार, निपुण, चतुर, जानकार, सुलझा हुआ, कंजूस. *(adj)*–clever, cunning, wise, knowing, shrewd, prudent, mature, grown up. *(nm)*–miser, conjurer, sorcerer.

سیانپن sayānāpan (सयानापन)–समझदारी, अक्लमंदी, चालाकी, होशियारी, निपुणता. *(nm)*–sagacity, cleverness, cunningness, knowledge, understanding.

سیاہ siyāh (सियाह)–काला, अँधकार, अशुभ, मनहूस, *(adj)*–black, dark, unfortunate, bad.

سیاہ باطن siyāh bātan (सियाह बातन)–काले दिल वाला, काली सोच वाला. *(adj)*–evil minded, hypocrite.

سیاہ بخت siyā bakht (सियाह बख़्त)–दुर्भाग्यशाली, बदकिस्मत. *(adj)*–unlucky, unfortunate.

سیاہ بختی siyāh bakhtī (सियाह बख़्ती)–बदकिस्मती, दुर्भाग्य. *(nf)*– misfortune.

سیاہ پوش siyāh posh (सियाह पोश)–जिसने काले वस्त्र पहन रखे हों, शोक के कपड़े पहने हुए. *(adj)*–clad in black mourning dress.

سیاہ چشم siyāh cashm (सियाह चश्म)–काली आँखों वाला, निर्दयी, ज़ालिम. *(adj)*–black eyed, unkind, cruel.

سیاہ فام siyāh phām (सियाह फाम)–काला, काले रंग का. *(adj)*– black, of black complexion.

سیاہ کار siyāhkār (सियाहकार)–काली करतूतें करने वाला, नीच विचारों वाला. *(adj)*–wicked, lewd, sinful, sinner, cheat.

سیاہ کاری siyāhkārī (सियाहकारी)–काले कारनामे, नीच काम. *(nm)*–wickedness, cheating, lewdness.

سیاہ گوش siyāh gosh (सियाह गोश)–बिल्ली की तरह का एक छोटा जानवर. *(nm)*–a wild cat.

سیاہی siyāhī (सियाही)–कालिख, कालापन, अँधकार, अँधेरा. *(nf)*–black ink, blackness, darkness.

سیب seb (सेब)–एक मीठा स्वादिष्ट फल. *(nm)*–an apple.

سیپ sīp (सीप)–समुद्र में पाई जाती है, इसमें से मोती निकलते हैं, पक्षियों की एक बीमारी, एक किस्म का पतली गुठली का आम, वह आम जो फ़सल में सब से पहले टपकता है. *(nf)*–a shell, a kind of mango, a name of birds' disease.

سیتا پھل sītā phal (सीता फल)–एक स्वादिष्ट मीठा फल जो सीता जी वनवास के समय में बड़े शौक से खाती थीं, शरीफा. *(nm)*–the sweet pumpkin, the custared apple,

سیتا ستی sītā satī (सीता सती)–सीता जैसी आज्ञाकारी और वफादार औरत. *(nf)*–an obedient and faithful woman like Sita.

سیتلا sītlā (सीतला)–एक रोग जिस में तेज़ बुखार के साथ सारे शरीर पर पीड़ादायक लाल दाने निकल आते हैं. *(nm)*–a disease small pox.

سیٹھ seth (सेठ)–एक अमीर आदमी, रुपये-पैसे का लेन-देन करने वाला, व्यापारी, सौदागर. *(nm)*–a rich man, a banker, money lender, a capitalist, a merchant.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سیٹھا sīṭhā (सीठा)–फीका, बेस्वाद, विना स्वाद के. *(adj)*–tasteless, insipid.

سیٹھاپن sīṭhāpan (सीठापन)–फीकापन, वेस्वाद. *(nm)*–taste-lessness.

سیٹی sīṭī (सीटी)–इंजिन की तेज़ चीख़, सीटी की आवाज़. *(nm)*–whistle.

سیج sej (सेज)–विस्तर, पलंग. *(nm)*–a bed, a couch.

سیج بچھانا sej bichānā (सेज विछाना)–विस्तर लगाना. *(v)*–to prepare or arrange a bed.

سینچنا sīncnā (सींचना)–पानी देना, खेती करना, फसल को सींचना. *(v)*–to water, to irrigate.

سنچائی sincāī (सिंचाई)–खेती करना, खेती को पानी देना, सिंचाई करना. *(nf)*–irrigation, the cost of irrigation.

سیخ sīkh (सीख)–धातु की पतली छड़, सलाई. *(nf)*–a skewer, a thin and long piece of metal.

سیخ پا ہونا sīkh pā honā (सीख पा होना)–गुस्सा होना, नाराज़ होना, होश खोना, आपे से वाहर होना. *(v)*–to rear, to be extremely upset.

سیخ پر لگانا sīkh par lagānā (सीख पर लगाना)–भूनना, सीख पर लगा कर आग पर सेंकना. *(v)*–to roast, to put on a spit.

سید saiid (सैइद)–मालिक, स्वामी, उच्चाधिकारी, राजकुमार, मुखिया, हज़रत मुहम्मद के उत्तराधिकारी. *(nm)*– master, lord, a prince, a chief, a descendant of the Holy Prophet

سیدزادہ saiid zādah (सैइद ज़ादः)–किसी सैइद की औलाद, हज़रत मुहम्मद की औलाद. *(nm)*–born of a Sayyid, a descendant of the Holy prophet.

سیدانی saiidānī (सैइदानी)–सैइद की पत्नी. *(nf)*–wife of a Sayyid.

سیدھ sīdh (सीध)–सीधापन, दिशा निर्देश. *(adj/nf)*–straightness, directness, aim, direction.

سیدھ باندھنا sīdh bāndhnā (सीध बाँधना)–निशाना लगाना, सीधी रेखा खींचना. *(v)*–to take aim, to gain a direct line.

سیدھ میں sīdh main (सीध में)–विलकुल सामने. *(adv)*– straightforth.

سیدھا/سیدھی sīdhā/sīdhī (सीधा/सीधी)–खड़ा, लम्ब, सादा, शरीफ़, विना किसी लाग लपेट के, सामने, सही, ठीक, भोला, मासूम, सच्चा, कच्ची खुराक आटा दाल इत्यादि, दाहिना, दायाँ. *(adj)*–erect, straight, correct, honest, direct, upright, straight, forward, right, fair.

سیدھاپن sīdhāpan (सीधापन)–भोलापन, मासूमियत, सादगी, छल कपट रहित. *(nm)*–straightness, simplicity, honesty.

سیدھا سادہ sīdhā sādā (सीधा सादा)–विना किसी छल कपट के, जिस में कोई वल न हो, जो किसी वात का भेद न रखता हो. *(adj)*–simple, straight, honest.

سیدھا کرنا sīdhā karnā (सीधा करना)–ठीक करना, भूल सुधार करना, ठीक रास्ते पर लाना, तीर को निशाने की ओर मोड़ना, पालतू वनाना. *(v)*–to straighten, to make smooth, to correct, to take aim, to tame.

سیدھا ہاتھ sīdhā hāth (सीधा हाथ)–दाहिना हाथ. *(nm)*–right hand.

سیدھا ہونا sīdhā honā (सीधा होना)–ठीक होना अपनी गलती का सुधार करना, पालतू वन जाना, आज्ञाकारी होना. *(v)*–to be set right, to be tamed.

سیدھی راہ چلنا sīdhī rāh calnā (सीधी राह चलना)–ठीक रास्ते पर चलना, ठीक काम करना, रास्ते में भटकना नहीं. *(v)*–to take the right path.

سیدھی طرح sīdhī tarah (सीधी तरह)–उचित ढंग से, ठीक ढंग से. *(adv)*–in right way, rightly.

سیدھے منہ بات نہ کرنا sīdhe munh bāt na karnā (सीधे मुँह बात न करना)–घमंड करना, अहंकार करना, अपने आप को श्रेष्ठ समझना. *(v)*–to be proud, to be elated, to over estimate oneself.

سیر sair (सैर)–प्रातःकाल भ्रमण, घूमना फिरना, सैर सपाटा करना. *(nf)*–walk, excursion, having fresh air, moving about, strolling, recreation, amusement.

سیر سپاٹا sair sapāṭa (सैर सपाटा)–मनोरंजन और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سیر کرنا sair karnā (सैर करना) तफ़रीह के लिए घूमना फिरना, इधर उधर डोलना. *(nm)*– walking about for amusement.

سیر کرنا sair karnā (सैर करना)–भ्रमण करना, घूमना फिरना, तफरीह करना, स्वास्थ्य लाभ करना, ताज़ा हवा खाना. *(v)*–to take a walk, to take the air, to stroll.

سیر گاہ sair gāh (सैर गाह)–सैर करने की जगह, उद्यान, बाग-बगीचा. *(nf)*–a walking place, a place of recreation.

سیر و شکار sair-o-shikār (सैर-ओ-शिकार)–घूमना फिरना और जंगली जानवरों का शिकार करना. *(nm)*– shooting and hunting.

سیر sair (सैर)–पूरा, सन्तुष्ट, भरा हुआ, थका हुआ. *(adj)*–full, satisfied, tired.

سیر چشم sair cashm (सैर चश्म)–जिसकी आँखें तृप्त हों, जो सन्तुष्ट हो, दान करने वाला. *(adj)*–satisfied, contented, generous.

سیر حاصل sair hāsil (सैर हासिल)–बहुत उपजाऊ भूमि, उपयोगी वस्तु, विस्तार पूर्वक. *(adj)*–very productive land, detailed review.

سیر ser (सेर)–एक सेर का तोल जिसमें सोलह छटाँक होती हैं. *(nm)*–a weight of sixteen chhatanks.

سیراب serāb (सेराब)–सिंचित, सींचा हुआ, हरा भरा, जो ताज़ा. *(adj)*–full of water, saturated, well-watered, satisfied, fresh, blooming, moist.

سیرت sīrat (सीरत)–स्वभाव, गुण, लक्षण, व्यवहार, बनाव. *(nf)*–quality, nature, character, conduct, disposition.

سیڑھی sīṛī (सीढ़ी)–ज़ीना, ऊपर चढ़ने का साधन, आगे बढ़ने का माध्यम, सफलता का रास्ता. *(nf)*–a ladder, stair case, step, degree.

سیڑھی سیڑھی چڑھنا sīṛī sīṛī caṛnā (सीढ़ी सीढ़ी चढ़ना)–एक एक कदम ऊपर चढ़ना, एक एक कदम आगे बढ़ना. *(v)*–to climb step by step.

سیزدہ sezdah (सेज़दह)–तेरह. *(adj)*–thirteen.

سیزدہم sez daham (सेज़ दहम)–तेरहवां. *(adj)*–thirteenth.

سیس sīs (सीस)–सिर, माथा, शीश. *(nm)*–the head, the fore-head.

سیس پھول sīs phūl (सीस फूल)–सिर का फूल, सिर पर पहना जाने वाला एक आभूषण, पति. *(nm)*–an ornament for the head, husband.

سیس ناگ sīs nāg (सीस नाग)–शेष नाग, एक आकार में बड़ा और ज़हरीला साँप, साँपों की जाति का सब से ज़हरीला साँप. *(nm)*–the king of the serpent race.

سیس نوانا sīs nivānā (सीस निवाना)–सिर झुकाना, नत मस्तक होना, आदेश को मानना, सम्मान करना. *(v)*–to bow, to give respect.

سیسا sīsā (सीसा)–सिक्का, सीसा–एक धातु. *(nm)*–lead.

سیف saif (सैफ़)–तलवार, एक हथियार. *(nf)*–a sword.

سیف زبان saif zabān (सैफ़ ज़बान)–झगड़ालू, तलवार की तरह तेज़ चलने वाली ज़बान. *(adj)*–one whose curses prevail, having a tongue like a sword, sharp tongued.

سیفہ saiphah (सैफ़ः)–जिल्दसाज़ का चाकू. *(nm)*–a book-binder's knife.

سیفہ کرنا saiphah karnā (सैफ़ः करना)–किताब के किनारों को सफाई से काटना. *(v)*–to cut the edges of the pages of a book smooth and even.

سیفی saifī (सैफ़ी)–छोटी तलवार जैसा चाकू, पूजा करने वाली माला, जादू टोना, तंत्र-मंत्र. *(adj & nf)*–sword-shaped, cursing, a rosary, an evil charm.

سیکڑہ/سینکڑہ saikṛā/sainkṛā (सैकड़ा/सैंकड़ा)–सौ, शत, प्रति शत. *(nm)*– a hundred, *(adv)*–per cent.

سیکھ sīkh (सीख)–सबक, शिक्षा, पाठ, निर्देश, ज्ञान. *(nf)*– advice, lesson, learning, incitement, admonition, instruction.

سیکھ دینا sīkh denā (सीख देना)–किसी को शिक्षा देना, नसीहत करना, निर्देश देना. *(v)*–to advise.

سیکھ لینا sīkh lenā (सीख लेना)–शिक्षा प्राप्त करना, नसीहत लेना, सबक लेना. *(v)*–to take advise, to learn from, to consult.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سیکھنا sīkhnā (सीखना)–शिक्षा प्राप्त करना, जानकारी लेना, ज्ञान प्राप्त करना, जानना. *(v)*–to learn, to acquire knowledge.

سیل sīl (सील)–सीलन, आर्द्रता, नमी, गीलापन. *(nf)*–dampness, moisture.

سیل sail (सैल)–बहाव, पानी का बहाव, तेज़ धारा, बाढ़. *(nm)*–a flowing, a flow of water, a current, a torrent, flood.

سیلا/سیلی sīlā/sīlī (सीला/सीली)–गीला, नम, भीगा हुआ, आर्द्र, ठंडा. *(adj)*–cool, damp, moist.

سیلا selā (सेला)–रेशमी पगड़ी, कूल्हा, कमर, एक प्रकार का चावल. *(nm)*–a silk turban, a loin, a kind of rice.

سیلاب sailāb (सैलाब)–पानी की बाढ़, नदी नालों के पानी का किनारों से बाहर बहना. पानी किनारों से उछलना. *(nm)*–a flood, a torrent, a deluge.

سیلابی sailābī (सैलाबी)–बाढ़ का या बाढ़ से सम्बन्धित, बाढ़ में आई हुई. *(adj)*–relating to or depending on inundation.

سیلان sailān (सैलान)–बहाव, गति, तेज़ी. *(nm)*–flow.

سیلانی sailānī (सैलानी)–घूमने फिरने वाला, घुमक्कड़, यात्री, गतिशील. *(adj)*–walking or going around for amusement, a wanderer.

سیلنا sīlnā (सीलना)–भीग जाना, गीला हो जाना, नम हो जाना. *(v)*–to become damp.

سیلی sailī (सैली)–हथेली के किनारे से किसी की गरदन पर वार करना, चाँटा मारना, थप्पड़ मारना, किसी को चोट पहुँचाना. *(nf)*–a blow with the edge of the open hand on the neck, a slap, a cuff.

سیم sīm (सीम)–चाँदी, चाँदी की तार, धागा. *(nf)*–silver, a wire, string.

سیم تن sīm tan (सीम तन)–चाँदी जैसा सुन्दर शरीर, खूबसूरत शरीर. *(adj)*–silver bodied, brautiful, fair.

سیم sem (सेम)–एक प्रकार की सब्ज़ी, ज़मीन का खारापन जो ज़मीन में पानी का धरातल ऊँचा होने से पैदा हो जाता है और ज़मीन को खेती के अयोग्य बना देता है. *(nf)*–the flat or broad bean, water logging.

سیم زدہ sem zadah (सेम ज़दह)–जिस धरती में पानी का धरातल ऊँचा उठने से धरती खेती के अयोग्य हो गई हो. *(adj)*–water-logged land.

سیما sīmā (सीमा)–मुँह, चेहरा, माथा. *(nm)*–face, forehead, aspect.

سیماب sīmāb (सीमाब)–पारा. *(nm)*–quick silver, mercury.

سیماب مزاج sīmāb mizāj (सीमाब मिज़ाज)–जो पारे की तरह चंचल हो, जो अस्थिर हो, जो टिकाऊ न हो, न टिकने वाला, सदा हरकत में रहने वाला. *(adj)*– mercurial, liable to changes, lively, gay, readywitted.

سیمابی sīmābī (सीमाबी)–पारे के रंग का, पारे जैसे चंचल स्वभाव वाला, जल्दी से उत्तेजित हो जाने वाला. *(adj)*–of the colour of mercury, short tempered.

سیمرغ sīmurg (सीमुर्ग)–एक बड़े आकार का पक्षी, तीस पक्षियों के बराबर एक पक्षी, गिद्ध. *(nm)*–a bird of the size of thirty birds, a fabulous bird, an eagle.

سیمیں sīmīn (सीमीं)–चाँदी का, चाँदी जैसा, चाँदी जैसा सफेद, चाँदी से सम्बन्धित. *(adj)*–of silver, silvery, white.

سینا senā (सेना)–फौज, मिलिट्री, युद्ध करने वाला दल. *(nm)*–an army, forces.

سینا پتی senāpati (सेनापति)–सेना का सर्वोच्च अधिकारी, सेना का कमांडर. *(nm)*–the commander of an army.

سینا sīnā (सीना)–कपड़े सीना, सिलाई करना. *(v)*–to sew, to stitch.

سینا senā (सेना)–अंडों को सेना. *(v)*–to hatch, to foster, to adore.

سینتالیس saintālīs (सैंतालीस)–चालीस और सात. *(adj)*– forty-seven.

سینتنا saintanā (सैंतना)–सम्भाल कर रखना, ठीक करना, व्यवस्थित करना. *(v)*–to keep carefully, to put aside, to set in order, to arrange, to repair.

سینتیس saintīs (सैंतीस)–तीस और सात. *(adj)*–thirty-seven.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

سیندور sendūr (सेंदूर)

سیندور sendūr (सेंदूर)–लाल रंग का एक बारीक पाऊडर जो कि पारे से बनता है और जिसे हिन्दू औरतें सुहाग की निशानी के रूप में अपनी मांग में लगाती हैं. *(nm)*–red lead, vermillion, minium.

سیندوریا sendūriyā (सेंदूरिया)–सेंदूर के रंग का, लाल रंग का, एक प्रकार का आम. *(adj)*–of red colour, *(nm)*–a kind of mango.

سیندھ sendh (सेंध)–चोरों द्वारा घर की दीवार में सूराख करके अन्दर घुसना और चोरी करना. *(nf)*–house-breaking, a hole made in the wall by thieves.

سیندھ لگانا sendh lagānā (सेंध लगाना)–चोरों द्वारा दीवार में सूराख करना. *(v)*–a house breaking.

سینک sīnk (सींक)–एक विशेष प्रकार की घास के तिनके जिन से झाड़ू बनाया जाता है. खाना खाने के बाद दाँत साफ़ करने का तिनका. *(nf)*–the clump of the grass of which brooms are made, a tooth pick.

سینکنا senknā (सेंकना)–गरम करना, तपाना, आँच पर सेंकना, आँच पर पकाना. *(v)*–to foment, to warm, to heat.

سینگ sīng (सींग)–पशुओं के सिर पर उगने वाले सींग. *(nm)*–a horn.

سینگ مارنا sīng mārnā (सींग मारना)–किसी को चोट पहुँचाना, सींग से किसी को घायल करना. *(v)*–to butt, to gore.

سینگ نکلنا sīng nikalnā (सींग निकलना)–सींग आ जाना, युवा अवस्था को प्राप्त होना, बेवकूफ सिद्ध होना. *(v)*–to get horns, to get maturity, to become foolish, to be stupid, to be ignorant.

سینہ sīnā (सीना)–छाती. *(nm)*–brcast, bosom, chest.

سینہ چاک sīnā cāk (सीना चाक)–छाती फटना, दुःख होना, परेशानी होना, मुसीबत में पड़ना. *(nm)*–afflicted, troubled.

سینہ بہ سینہ sīnā ba sīnā (सीना ब सीना)–श्रुति, एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को कही गई बात, बाप से बेटे तक. *(adv)*–breast to breast, descending from father to son.

سینہ کوبی sīnā kobī (सीना कोबी)–छाती पीटना, औरतों द्वारा किसी की मृत्यु पर छाती पीट-पीट कर ऊँची आवाज़ में रोना. *(nf)*–beating the breast.

سینہ زور sīnā zor (सीना ज़ोर)–ताकतवर, शक्तिशाली, बाहुबली. *(adj)*–headstrong, obstinate, proud of one's strength.

سینہ زوری sīnā zorī (सीना ज़ोरी)–ज़ुल्म करना, अत्याचार करना, ज़ोर ज़बरदस्ती करना. *(nf)*–obstinacy, oppression, strength, force.

سینہ سوزی sīnā sozī (सीना सोज़ी)–सीने का दर्द, सीने में जलन होना, गुस्सा होना. *(nf)*–anguish, torment.

سینی sīnī (सीनी)–धातु की बनी प्लेट. *(nf)*–a tray, a trough.

سیوا sevā (सेवा)–मदद, सहायता, सहयोग, खिदमत, टहल, नौकरी. *(nf)*–service, worship, attendance on.

سیوا کرنا sevā karnā (सेवा करना)–खिदमत करना, टहल करना, रोगी की देख-भाल करना. *(v)*–to serve, to attend on.

سیوتی sevatī (सेवती)–एक प्रकार का फूल, सफेद गुलाब. *(nf)*–a white rose.

سیوک sevak (सेवक)–नौकर, देखभाल करने वाला, चेला, शिष्य, सेवा टहल करने वाला. *(nm)*–a servant, an attendant, a worshipper, a disciple.

سیون sīvan (सीवन)–सीने की क्रिया. *(nf)*–sewing, seam.

سیّیہ saiyah (सैयः)–बुराई, बदी, गुनाह. *(nf)*–evil deeds, bad doings.

ش shīn (शीन)

ش shīn (शीन)–उर्दू वर्णमाला का उन्नीसवां अक्षर.–the nineteenth letter of Urdu alphabet.

شاب shāb (शाब)–जवानी, युवा अवस्था, चढ़ती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जवानी. *(nm)*–a youth, a youngman, one in the prime of manhood.

شاباش **shābāsh** (शाबाश)–'शादबाश' शब्द का संक्षिप्त रूप. किसी के अच्छे काम की सराहना करना, पीठ ठोंकना, प्रोत्साहित करना. *(intj)*–bravo! well done! excellent! (contraction of شادباش shādbāsh).

شاباشی **shābāshī** (शाबाशी)–प्रशंसा, प्रोत्साहन. *(nf)*– praise, applause.

شاخدار **shākhdār** (शाखदार)–टहनियों वाला, सींगों वाला जानवर. *(adj)*–branchy, horned.

شاخ در شاخ **shākh dar shākh** (शाख दर शाख)–टहनी में से टहनी निकली हुई, कभी न समाप्त होने वाला झगड़ा. *(adj)*–branched out or diffused, entangled.

شاخسار **shākhsār** (शाख़सार)–टहिनयों भरा, जहाँ बहुत से पेड़ हों, बाग, वन, जंगल. *(nf)*–full of branches, a place abounding in trees, a garden.

شاد **shād** (शाद)–खुश, प्रसन्न, आनन्दित, चहकता हुआ, मस्त, मूडी. *(adj)*–happy, glad, cheerful, pleased, delighted, joyful.

شادکام **shādkām** (शादकाम)–प्रसन्न एवं सन्तुष्ट, आनन्दित. *(adj)*–happy, glad, joyous.

شادکرنا **shād karnā** (शाद करना)–खुश करना, प्रसन्न करना, सन्तुष्ट करना. *(v)*–to gladen, to rejoice, to delight, to exhilarate.

شاداب **shādāb** (शादाब)–पानी से भरा हुआ, हरा भरा, तरो ताज़ा. *(adj)*–fresh, pleasant, full of water, green, agreeable, verdant.

شادابی **shādābī** (शादाबी)–हरियाली, ताज़गी, सैराबी, पानी की प्रचुरता, नमी. *(nf)*–freshness, greenness, verdure, moisture, succulence.

شاداں **shādān** (शादां)–खुश, प्रसन्न, प्रफुल्ल. *(adj)*–cheerful.

شادمان **shādmān** (शादमान)–खुश, आनन्दित, प्रफुल्ल, प्रसन्न. *(adj)*–happy, joyous, pleased, delighted, joyful, gay, merry, glad.

شادمانی **shādmānī** (शादमानी)–मनोरंजन, आनन्द, खुशी, प्रसन्नता. *(nf)*–pleasure, happiness, gladness, merriment, rejoicing, delight, gaiety.

شادی **shādī** (शादी)–खुशी, प्रसन्नता, विवाह, त्योहार, जश्न. *(nf)*–pleasure, delight, joy, wedding, marriage, rejoicing.

شادی کرنا/رچانا **shādī karnā/racānā** (शादी करना/रचाना)–विवाह रचाना, शादी रचाना, त्योहार मनाना, खुशियां मनाना. *(v)*– to celebrate a marriage, to marry, to feast, to rejoice.

شادی مرگ **shādī-e marg** (शादी-ए मर्ग)–खुशी के मारे मृत्यु हो जाना, त्योहार या शादी के दौरान किसी की मृत्यु हो जाना. *(nf)*–death from joy, death in the midst of celebration and rejoicing.

شادی ہونا **shādī honā** (शादी होना)–विवाह होना, खुशियों का त्योहार मनाना. *(v)*–to be married.

شادیانہ **shādyānā** (शादयाना)–विवाह के अवसर पर बजाया जाने वाला गीत संगीत, खुशी का बाजा, बधाई. *(nm)*– festive music at marriage or other joyous occasions. *(adj)*–relating to marriage or rejoicings.

شادیانے بجانا **shādyāne bajānā** (शादयाने बजाना)–खुशियाँ मनाना, संगीत बजाना, गाने गाना. *(v)*–to rejoice, to play festive music.

شازو نادر **shāzā-o-nādar** (शाज़ा-ओ-नादर)–रोज़ नहीं, सदा नहीं, कभी कभी, कभी कभार. *(adj)*– uncommon, extra-ordinary, abnormal, miraculous. *(adv)*–rarely, seldom.

شارح **shārih** (शारिह)–विस्तार से बताने वाला, विवरण देने वाला, विस्तृत जानकारी देने वाला. *(nm)*–a commentator, annotator, expositor, interpreter.

شارع **shār'a** (शार'अ)–एक आम रास्ता, जनपथ, विधायक, कानून बनाने वाला. *(nm)*–a law-maker, a legislator, a highway, a road.

شارع عام **shār'a ām** (शार'अ आम)–जनसाधारण के लिए रास्ता, जनता का रास्ता, जिस रास्ते पर सब लोग जा सकते हों. *(nm)*–a throughfare.

شارک **shārak** (शारक)–मैना, एक गाने वाला पक्षी. *(nf)*–a species of nightingale which

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

شاستر shāstra (शास्त्र)

sings, میٹا *mainā*, a singing bird.

شاستر shāstra (शास्त्र)–पुस्तक, कायदे कानून की पुस्तक, धार्मिक पुस्तक. *(nm)*–an order or command, a rule book, a code of law, Hindu holy writ, a philosophy, literature.

شاستری shāstrī (शास्त्री)–हिन्दू शास्त्रों का जानकार, संस्कृत भाषा का ज्ञानी, नीति-शास्त्रों का निपुण. *(adj)*–skilled in holy science, skilled in Hindu law or holy books, master of Sanskrit language.

شاطر shātir (शातिर)–चुस्त, चालाक, होशियार, मक्कार, चलता पुर्ज़ा. *(adj)*–clever, cunning, sly, wanton, a messenger, a courier.

شاعر shāir (शाइर)–कवि, कविता लिखने वाला. *(nm)*–a poet.

شاعرہ shāirah (शाइरः)–कवयित्री, महिला कवि. *(nf)*–poetess.

شاعری shāirī (शाइरी)–कविता, काव्य रचना. *(nm)*–poem, poetry.

شاعرانہ shāyrānah (शायरानः)–शाइर के अंदाज़ में, शाइरी में, शाइर या शाइरी से सम्बन्धित. *(adj)*–poet-like, exaggerated view.

شاغل shāgil (शाग़िल)–व्यस्त, अपने काम में लगा हुआ, बात को सुनने वाला. *(adj)*–occupied, busy, employed, attentive.

شافی shāfī (शाफ़ी)–आराम देने वाला, स्वस्थ करने वाला, इलाज करने वाला, स्वास्थ्य का ध्यान रखनेवाला, निर्णायक, अन्तिम. *(adj)*– healing, health giving, sanative, decisive, final. *(nm)*–a healer, a restorer of health.

شاق-شاقہ shāk/shākah (शाक़/शा क़ः)–कठिन, मुश्किल, दुश्वार. *(adj)*–difficult, hard, tough, trouble-some, perplexing, severe, grevious, afflicting.

شاکر shākir (शाकिर)–शुक्र करने वाला, आभारी, धन्यवादी, सन्तुष्ट. *(adj)*–grateful, thankful, content, praising.

شاکی shākī (शाकी)–शिकायत करने वाला, लड़ाई झगड़ा करने वाला, झगड़ालू, बहस करने वाला, चुगलखोर, आरोप लगाने वाला. *(adj)*–complaining, querulous. *(nm)*–a complainant, a back-biter, murmerer, a blamer.

شاگرد shāgird (शागिर्द)–शिष्य, चेला, विद्यार्थी, सीखने वाला, जिज्ञासु, सेवक. *(nm)*–a pupil, a disciple, a scholar, a servant, apprentice.

شاگرد پیشہ shāgird pesha (शागिर्द पेशा)–शागिर्दी करने वाला, सेवा करने वाला, सीखने वाला, पढ़ने वाला, जिज्ञासु. *(nm)*–disciples, apprentices, pupils, servants.

شاگردی shāgirdī (शागिर्दी)–पढ़ाई लिखाई, सेवा, शिष्यत्व, विद्या-प्राप्ति. *(nf)*–pupilage, apprenticeship, learning, studying.

شال shāl (शाल)–सर्दी से बचाव के लिए पहना जाने वाला एक कपड़ा, महिलाओं के पहनने का वस्त्र. *(nf)*–a shawl.

شال باف shāl bāf (शाल बाफ़)–शाल बुनने वाला, शाल बनाने वाला. *(nm)*–a weaver of shawl, one who makes shawl.

شال دوز shāldoz (शालदोज़)–शाल पर कढ़ाई करने वाला. *(nm)*–one who embroiders shawls.

شام shām (शाम)–संध्याकाल. *(nf)*–evening.

شام و سحر shām-o sahar (शाम-ओ सहर)–सुबह और शाम, प्रातः और सायं. *(nm)*–morning and evening.

شام shām (शाम)–धातु का बना हुआ छल्ला जो औज़ारों या छतियों पर लगाते हैं, भगवान् श्रीकृष्ण जी का एक नाम. *(nf)*–the iron head or ring of a wooden pestle, the ferule of a stick or umbrella, a name of Lord Krishna.

شام shām (शाम)–एक देश का नाम, सीरिया. *(nm)*–the name of a country, Syria.

شام کلیان shām kalyāṇ (शाम कल्याण)–एक राग जो शाम को गाया जाता है. *(nm)*–a musical mode sung at even-tide.

شاما shāmā (शामा)–एक सुन्दर भारतीय पक्षी जो गाता है. *(nf)*–a beautiful Indian song bird.

شامت shāmat (शामत)–दुर्भाग्य, बुरी किस्मत, बुरा समय, सज़ा, विनाश. *(nf)*–bad luck,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

misfortune, disaster, punishment.

شامتِ اعمال **shāmat-e amāl** (शामत-ए अमाल)–बुरे कर्मों की सज़ा, बुरे दिन, दुर्भाग्य. *(nf)*–punishment of bad deeds, evil days, misfortune.

شامت آنا **shāmat ānā** (शामत आना)–बुरा समय आना, विनाश होना, हानि होना. *(v)*–to face bad luck, to meet with disaster.

شامت کا مارا **shāmat kā mārā** (शामत का मारा)–बदकिस्मत, दुर्भाग्यशाली. *(adj)*–unfortunate.

شامل **shāmil** (शामिल)–सम्मिलित, संयुक्त, एक साथ, जुड़ा हुआ, मिला हुआ. *(adj)*–comprising, including, blended with, annexed, connected, mingled, universal, surrounding from all sides.

شامل حال **shāmil hāl** (शामिल हाल)–साथ-साथ, एक साथ जुड़ा हुआ, एक जैसे हालात, समान वातावरण. *(adj)*– connected with circumstances, accompanied by, comprising circumstances, similarly circumstanced.

شاملات **shāmlat** (शामलात)–सांझी सम्पत्ति, जिस सम्पत्ति के एक से ज़्यादा मालिक हों, जिस से एक से ज़्यादा लोगों का हित जुड़ा हुआ हो, साझा. *(nm & nf)*– an undivided property, partnership, land held in common or in partnership by a village, things included.

شامہ **shāmā** (शामा)–सूँघने की शक्ति. *(nf)*–the sense of smell.

شامی **shāmī** (शामी)–शाम (संध्या) से सम्बन्धित, शाम देश (सीरिया) का रहने वाला, शाम देश का या शाम देश से सम्बन्धित. *(adj)*–concerning evening, a native of Syria *(Shām)*.

شامی کباب **shāmī kambāb** (शामी कमबाब)–एक प्रकार का मांसाहारी व्यंजन. *(nm)*–a kind of *kabāb*, made of flat rounded cakes of mince meat.

شامیانہ **shāmiyānā** (शामियाना)–कपड़े के पर्दे से बनाया गया अस्थायी कमरा. *(nm)*–a canopy, an awning, a pavilion.

شان **shān** (शान)–रौब, दबदबा, सम्मान, इज़्ज़त, रुतबा, पदवी, ख्याति, प्रसिद्धि, व्यवहार, हैसियत. *(nf)*–condition, state, dignity, quality, nature, disposition, affair, business, eminence, grandeur, glory.

شاندار **shāndār** (शानदार)–आलीशान, अज़ीम, बड़ा, महान, भव्य, ऊँचू पद या रुतबे वाला, विख्यात, प्रसिद्ध, सम्मानित. *(adj)*–splendid, grand, pompous, stately. *(nm)*–a person of state and dignity, a man of rank.

شان دکھانا **shān dikhānā** (शान दिखाना)–दिखावा करना, अपनी शान का प्रदर्शन करना, अपने रुतबे से लोगों को प्रभावित करना. *(v)*–to make a display.

شان گھٹنا **shān ghaṭnā** (शान घटना)–*(v)*–to be derogatory.

شان و شوکت **shān-o-shaukat** (शान-ओ-शौकत)–रौब, दबदबा, ख्याति, प्रसिद्धि, रुतबा, पद. *(nf)*–splendour, pomp and show, glory.

شانت **shānt** (शान्त)–धीर, गम्भीर, सन्तुष्ट, निश्चिंत, बेफिक्र. *(adj)*–calm, appeased, tranquil, humbled, dead, deceased.

شانتی **shānti** (शान्ति)–अमन, चैन, चुप्पी, खामोशी. *(nf)*–quietness, rest, comfort, repose, tranquillity.

شانہ **shānah** (शानः)–कंधा. *(nm)*–the shoulder.

شاہ **shāh** (शाह)–मालिक, स्वामी, बादशाह, सुलतान, फ़क़ीरों का सम्बोधन, शतरंज का एक मुहरा, दुलहा. *(nm)*–lord, master, a king, a prince, a monarch, a king at chess or cards, a title assumed by *faqirs* and *saiyyids*. *(adj)*–excellent, great, principal.

شاہ باز **shāhbāz** (शाहबाज़)–राजसी, शाही, एक बड़ा शिकारी पक्षी बाज़. *(adj)*–royal, noble, generous. *(nm)*–a royal falcon.

شاہ بلوط **shāh balūt** (शाह बलूत)–बलूत का वृक्ष, पहाड़ों पर पाया जाने वाला एक वृक्ष. *(nm)*–chestnut, the oak tree.

شاہ تیر/شہتیر **shāhtīr/shahtīr** (शाहतीर/शहतीर)–लकड़ी का मोटा लट्ठा जो मकानों की छत डालने में काम आता है. *(nm)*–a beam, a large beam

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

supporting the roof.

شاہ خاور shah-e khāvar (शाह-ए ख़ावर)–सूर्य, भास्कर. *(nm)*–the sun.

شاہ پر shah par (शाह पर)–किसी पक्षी का सब से मज़बूत व शक्तिशाली पंख. *(nm)*–the strongest feather in a bird's wing.

شاہترہ/شہترہ shātarah/shahtarah (शाहतरह/शहतरह)–एक प्रकार की जड़ी बूटी जो कि दवाई बनाने के काम आती है, सुगन्धित जड़ी बूटी. *(nm)*–a herb formerly used in medicine, fumitory.

شاہ توت/شہتوت shāhtūt/shahtūt (शाहतूत/शहतूत)–एक वृक्ष जिस पर रसीले और स्वादिष्ट फल लगते हैं, शहतूत का पेड़ एवं फल. *(nm)*–mulberry tree or its fruit.

شاہ راہ shāh rāh (शाह राह)–जनपथ, जनता के लिए रास्ता, जन साधारण के लिए सड़क या रास्ता. *(nm)*–the highway, a public road.

شاہ رگ shāh rag (शाह रग)–शरीर की बड़ी रग या नस. *(nf)*–the jugulor vein.

شاہ زادہ/شہزادہ shāhzādā/shahzādā (शाहज़ादा/शहज़ादा)–राजकुमार, अगला होने वाला राजा. *(nm)*–a prince.

شاہ زادی/شہزادی shāhzādā/shahzād (शाहज़ादा/शहज़ादी)–राजकुमारी. *(nf)*–a princess.

شاہ سوار shāh savār (शाह सवार)–एक कुशल सवार, अच्छे ढंग से घोड़े की सवारी करने वाला. *(nm)*–a good rider.

شاہکار shāhkār (शाहकार)–एक अद्भुत कलाकृति, कोई अनूठा चित्र. *(nm)*–a master piece.

شاہ نشین/شہ نشین shāhnashīn/shahnashīn (शाहनशीं/शहनशीं)–राज्यगद्दी, राजसी गद्दी, राजा का तख़्त, किसी सभा में अध्यक्ष की कुर्सी, बातकोनी. *(nm)*–the royal seat, a principal seat in an assembly, a president seat, a balcony.

شاہنشاہ/شہنشاہ shāhanshāh/shahanshāh (शाहनशाह/शहनशाह)–राजाओं का राजा, महाधीराज, चक्रवर्ती सम्राट. *(nm)*–king of kings, an emperor.

شاہانہ shāhānā (शाहाना)–शाही, राजसी, राजाओं की या राजाओं जैसी, विवाह के अवसर पर पहने जाने वाले बहुमूल्य वस्त्र. *(adj)*–royal, princely, regal. *(nm)*–wedding dress.

شاہین shāhīn (शाहीन)–सफ़ेद रंग का शाही बाज़, एक बड़े आकार का पक्षी जो छोटे छोटे जानवरों का शिकार करता है. *(nm)*–a royal white falcon.

شائبہ shaibah (शाइबः)–शक, सन्देह, भ्रम, धब्बा, धूमिल, कलंकित, दाग लगा हुआ. *(nm)*–doubt, suspicion, foulness, uncleanliness, pollution, stain.

شائستگی shāyastagī (शायस्तगी)–विनम्रता, अच्छा स्वभाव, अच्छा बरताव, अच्छी आदतें, अच्छा चालचलन. *(nf)*– politeness, good manners, aptitude, affability, propriety, expedency, consistency.

شائستہ shāyastah (शायस्तः)–विनम्र, अच्छे स्वभाव वाला, अच्छी आदतों वाला, गुणी, अच्छे चालचलन वाला, अच्छा व्यवहार करने वाला. *(adj)*–well-bred, decent, polite, courteous, gentle, worthy, honourable, proper.

شائع shāe (शाए)–प्रकाशित, प्रकट, ज़ाहिर, छपा हुआ, मुद्रित. *(adj)*–published, revealed, apparent, printed, circulated.

شائع کرنا shāe karnā (शाए करना)–प्रकाशित करना, प्रकट करना, लोगों तक पहुँचाना, लोगों को जानकारी देना. *(v)*– to publish, to reveal, to propogate, to spread about.

شائق shāik (शाइक़)–शौकीन, इच्छा रखने वाला, चाहने वाला, मुश्ताक, जिज्ञासु. *(adj)*–full of desire, desirous, fond of, zealous, ardent, longing for.

شایان shāyān (शायां)–योग्य, लायक, मुनासिब, उचित. *(nm)*–suitable, worthy, legal, fit, deserving.

شاید shāyad (शायद)–संभवतः, संयोग से, संभव है. *(adv)*– perhaps, perchance, possibly, probably.

شب shab (शब)–रात, निशा. रात्रि. *(nf)*–night.

شب باش shab bāsh (शब बाश)–रात को ठहरने वाला, रात व्यतीत करने वाला, रात काटने वाला. *(adj & nm)*–a night lodger.

شب باشی shab bāshī (शब बाशी)–रात के लिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ठहरना, रात बसर करना, रात को रुकना. *(nf)*–staying for the night.

شب بخیر shab bakhair (शब बखैर)–शुभ रात्रि, रात सुख से बीते! *(interj)*–good night, may the night pass well.

شب برات shabe barāt (शबे बरात)–मुसलमानों का एक त्योहार जो कि शअबान महीने की चौदहवीं और पन्द्रहवीं तारीख की रात को पड़ता है. *(nf)*–a Muslim festival which falls on the middle of fourteenth and fifteenth day of Shaiban month.

شب بیدار shab bedār (शब बेदार)–रातों को जागने वाला, रातों को जाग कर इबादत करने वाला. *(adj)*–waking all night, one who spends his night in prayers.

شب بیداری shab bedārī (शब बेदारी)–रात्रि-जागरण, रात को जाग कर चौकसी करना, रात में जाग कर पूजा व प्रार्थना करना. *(nf)*–a vigil, a night of prayer and worship.

شب تاب shab tāb (शब ताब)–रात के अँधेरे में चमकने वाला कीट, जुगनू. *(nf)*–a firefly, a glow-worm.

شب تار shab-e tār (शब-ए तार)–अँधेरी रात, तारीक रात. *(nf)*–a dark night.

شب چراغ shab cirāg (शब चिराग़)–रात को चमकने वाला माणिक हीरे जैसा एक हीरा, रात को चमकने वाला कीट, जुगनू. *(nm)*–a carbuncle, a gem of the Ruby kind, a fire-fly, a glow-worm.

شب خوابی shab khvābī (शब ख़्वाबी)–रात की नींद, रात को सोते समय पहने जाने वाले वस्त्र. *(nf)*–night clothes, sleeping at night.

شب خون shab khūn (शब खून)–रात को हमला करना, रात को छापा मार हमला. *(nm)*–a night attack.

شب خیزی shab khezī (शब खेज़ी)–इबादत (पूजा) करने के लिए रात को उठना. *(nf)*–rising at night for prayers.

شب دیگ shab deg (शब देग)–मांस और शलजम को मिलाकर रात भर पकाया गया एक व्यंजन. *(nf)*–a dish of meat and turnips cooked all night.

شب رنگ shab rang (शब रंग)–रात का रंग, गहरा रंग, काला रंग. *(adj)*–dark-coloured.

شب زفاف shabe zifāf (शबे ज़िफ़ाफ़)–शादी के बाद पहली रात जब पति-पत्नी मिलते हैं, सुहाग रात. *(nf)*–the first night after marriage on which the bride and bridegroom meet, *Suhāg Rāt*.

شب زنده دار shab zindā dār (शब ज़िन्दा दार)–पढ़ाई के लिए या पूजा अर्चना के लिए सारी रात जागना. *(adj)*– waking all night for prayer or for study or vigilant.

شب قدر shab kadra (शब क़द्र)–रमज़ान महीने की सताइसवीं तारीख जो कि मुसलमानों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है. *(nf)*–the 27th night of *Ramzān* on which the Quran began to be revealed.

شب کور shabkor (शबकोर)–जिसे रात को दिखाई न दे, जो रात का अँधा हो, निशांध. *(adj)*–night blind.

شب کوری shabkorī (शबकोरी)–रात को दिखाई न देना, रात का अँधापन. *(nf)*–night blindness.

شب گوں shab gūn (शब गूं)–रात की तरह अँधकारमय, रात का अँधेरा. *(adj)*–dark as night.

شب ماه/شب مهتاب shabe māh/shabe mahtāb (शबे माह/शबे महताब)–चाँद की रात, पूरे चाँद की रात. *(nf)*–moonlit night.

شب نم/شبنم shab nam/shabnam (शब नम/शबनम)–रात की नमी, ओस, एक बहुत बढ़िया बारीक कपड़ा. *(nf)*–dew, a kind of fine linen.

شب و روز shab-o roz (शब-ओ रोज़)–रात और दिन, सदा, हर समय, सब समय. *(adv)*– night and day, always, all the time.

شباب shabāb (शबाब)–जवानी, युवा अवस्था. *(nm)*–youth, prime of life.

شبان shabān (शबान)–पशु चराने वाला, गडरिया, चरवाहा. *(nm)*–a shepherd, a pastor.

شباهت shabāhat (शबाहत)–मिलती जुलती शक्ल, एक जैसी शक्ल, एक समान शक्ल. *(nf)*–resemblance, likeness, similarity.

شبد shabd (शब्द)–स्वर, किसी गीत या राग के बोल, शाब्द कीर्तन. *(nm)*–sound, voice, a song.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

hymn.

شبستان shabistān (शबिस्तान)–रात बिताने का स्थान, मकान या महल का वह भाग जिस में घर का स्वामी रात को सोता है, बैड-रूम. *(nm)*–a bed room, a place reserved for night sleep.

شبہ shibah (शिबः)–तसवीर, मिलती जुलती शक्ल, शक्ल में समानता, शक्ल में एकरूपता. *(nm)*–an image, resemblance, likeness, similitude.

شبہ shubhā (शुब्हा)–शक, सन्देह, भ्रम, आशंका, संभावना. *(nm)*–doubt, suspicion, uncertainty, hesitation.

شبہ کرنا/ہونا shubhā karnā/honā (शुब्हा करना/होना)–सन्देह करना, अविश्वास करना, शंका करना. *(v)*–to suspect, to doubt, to distrust.

شبینہ shabīnā (शबीना)–रात का, बासी, रमज़ान की किसी एक रात में सारा कुरान शरीफ पढ़ना. *(adj)*–nocturnal, nightly.

شبیہ shabīh (शबीह)–तसवीर, चित्र, मिलती जुलती शक्ल, एक-रूपता, शक्ल की समानता. *(nf)*–picture, portrait, image, likeness, resemblance, similarity.

شپر shappar (शप्पर)–चमगादड़, रात के अँधेरे में उड़ने वाला एक पक्षी. *(nf)*–a bat, a night-flier.

شتا shitā (शिता)–ठंड का मौसम, जाड़ा, सरदी, शीत-ऋतु. *(nm)*–cold, winter.

شتاب shitāb (शिताब)–तेज़, तेज़ जवाब देने वाला, तुरन्त उत्तर देने वाला. चुस्त, चालाक, निपुण. *(adj)*–quick, speedy, haste. *(adv)*–quickly, soon, expeditiously. *(nm)*–haste, quickness.

شتابی shitābī (शिताबी)–जल्दी, तेज़ी, तत्परता. *(nf)*–haste, quickness. *(adv)*–quickly, hastly.

شتر shutur (शुतुर)–ऊँट, रेगिस्तान में तेज़ गति से दौड़ने वाला एक ऊँचे क़द का जानवर. *(nm)*–a camel.

شتربان shuturbān (शुतुरबान)–ऊँट को हांकने वाला, ऊँट चालक. *(nm)*–a camel driver, a camel keeper.

شتر بے مُہار shutur be muhār (शुतुर बे मुहार)–बिना नकेल के ऊँट, बिना नियंत्रण के ऊँट, आवारा, बिना किसी उद्देश्य के घूमने वाला. *(adj)*–without control, refractory incorrigible.

شتر خانہ shutur khānā (शुतुर खाना)–ऊँटों को रखने का स्थान, ऊँटों की जगह. *(nm)*–a camel shed.

شتر غمزہ shutur gamzā (शुतुर गमज़ा)–बेकार का नखरा, चोंचले, बहाने. *(nm)*–undesirable coquetry, undue blandishment.

شتر کینہ shutur kīnah (शुतुर कीनः)–वह व्यक्ति जो दुश्मनी को अपने दिल से कभी न निकाले, सदा दुश्मनी करने वाला. *(adj)*–bearing malice (like a camel), remarkably malicious person.

شتر مرغ shutur murg (शुतुर मुर्ग)–एक बड़े आकार का पक्षी लेकिन पंख होते हुए भी जो उड़ नहीं सकता. *(nm)*–an ostrich.

شتری shutarī (शुतरी)–बड़े आकार का नक्कारा (ढोल) जो ऊँट की पीठ पर रखा रहता है, नक्कारा जो ऊँट के चमड़े से बना हो, ऊँट के रंग की चीज़, कम्बल या दरी जो ऊँट के बालों से बुनी हुई हो. *(nf)*–a kind of kettle-drum carried on a camel, a drum covered with camel's skin, camel colour, a carpet or blanket made of camel hair.

شتم shatm (शत्म)–गाली-गलौच, अपशब्द, बुरा-भला. *(nf)*–villifying, upbraiding, reproach, contempt, outrage, injury, villainy.

شجاع shujāa (शुजाअ)–बहादुर, दिलेर, साहसी, हिम्मत वाला, जिगर वाला, हिम्मती. *(adj)*–brave, bold, courageous.

شجاعت shujāat (शुजाअत)–बहादुरी, दिलेरी, साहस, हिम्मत. *(nf)*–bravery, valour.

شجر shajar (शजर)–एक पौधा, एक वृक्ष, एक पेड़. *(nm)*–a plant, a tree.

شجرنامہ/شجرہ shajarnāmā/shajrah (शजरनामा/शजरह)–वंशावली, वंश में होने वाले पूर्वजों के नामों की सूची, मठाधीशों या धर्म-गुरुओं के पदासीन होने के क्रम की सूची. *(nm)*–a genealogical tree,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

a field map, a list of saints or holy predecessors in the form of a genealogical tree given to disciples.

شحیم shahīm (शहीम)–मोटा ताज़ा, बड़े आकार वाला. *(adj)*– bulky, very fleshy.

لحیم شحیم lahīm shahīm (लहीम शहीम)–लम्बा चौड़ा, मोटा ताज़ा, बड़े डील डौल वाला. *(adj)*– very tall and fleshy, fat.

شخص shakhs (शख़्स)–व्यक्ति, जीव. *(nm)*–a person, an individual, being, body.

شخصی shakhsī (शख़्सी)–व्यक्तिगत, निजी. *(adj)*– personal.

شخصی حکومت shakhsī hukūmat (शख़्सी हुकूमत)– एक व्यक्ति का शासन, राजा का शासन. *(nf)*– absolute monarchy.

شخصیت shakhsiyat (शख़्सियत)–व्यक्तित्व, पद, रुतबा, मान-सम्मान. *(nf)*–personality, individuality, nobility, dignity, rank, honour.

شُد shud (शुद)–बीता हुआ, गुज़रा हुआ, आरम्भ या अन्त. –past, gone, start or end.

شدّ shadd (शद्द)–एक अक्षर को दो बार पढ़ना, ज़ोर देना, सख़्ती करना. *(nm)*–rendering hard or strong, intensifying, emphasizing.

شدّ و مدّ shad-o mad (शद-ओ मद)–शानो शौकत, धूमधाम, ज़ोर शोर, शक्ति. *(nf)*– emphasis, intensity, stress, force, severity.

شدائد shadāyad (शदायद)–'शिद्दत' का बहुवचन, सख़्त, कठोर, कठिन; मुश्किल, बड़ा, महान, अज़ीम, तेज़. *(nm)*– plural of شدّت *shiddat*, difficult things, difficulties, hardships, tribulations.

شد بد shud bud (शुद बुद)–थोड़ी सी जानकारी, ज्ञान, थोड़ा जानना. *(nf)*–slight knowledge, knowing very little about a matter.

شدّت shiddat (शिद्दत)–हिंसा, शक्ति, ताक़त, तेज़ी, मुश्किलात, कठिनाइयाँ. *(nf)*–violence, force, vehemence, severity, affliction, difficulty.

شُدنی shudanī (शुदनी)–होने वाली बात, संयोगवश, होनी, भाग्य. *(nf)*–what is destined to be, what must happen, an occurance, a happening.

شُدھ shuddh (शुद्ध)–पवित्र, खालिस, जिस में कोई मिलावट न हो, चमकीला, उजला, सफेद. *(adj)*– pure, unmixed, unpolluted, clean, bright, white, innocent, true, genuine.

شُدھی shuddhi (शुद्धि)–सफाई, पवित्रता, मिलावट से आज़ादी, शुद्धिकरण. *(nf)*– purity, cleanness, freedom from impurity, purification.

شدید shadīd (शदीद)–तेज़, हिंसक, सशक्त, मज़बूत, सख़्त, कठोर, मुश्किल, बड़ा, महान. *(nm)*– strong, acute, violent, intense, severe, difficult, rigorous, afflicting, heinpus.

شر shar (शर)–शरारत, दुष्कृत्य, उपद्रव, दंगा, फ़साद, बुराई, बदी. *(nm)*–wickedness, depravity, evil, wrong doing.

شر اُٹھانا shar uṭhānā (शर उठाना)–झगड़ा करना, दंगा-फसाद करना, शान्ति भंग करना. *(v)*–to raise a quarrel, to cause a breach of the peace.

شراب sharāb (शराब)–मदिरा, नशीला पेय, सुरा, दारू. *(nf)*– wine, spirituous liquor.

شراب خانہ sharābkhānā (शराबखाना)–शराब बनाने या बेचने की जगह. *(nm)*–a tavern, a distillery, a wine shop.

شرابور sharābor (शराबोर)–पूरी तरह से भीगा हुआ, पानी में डूबा हुआ. *(adj)*–wet through, dripping, drenched, soused.

شرابی sharābī (शराबी)–जिस ने शराब पी रखी हो, जो नशे में हो, *(adj)*–intoxicated. *(nm)*–a drunkard.

شرار sharār (शरार)–शरारा, अंगारा, जलती हुई आग, आग का शोला, चिंगारी. *(nm)*–sparks of fire.

شرارت sharārat (शरारत)–बदी, बुराई, बुरा काम, किसी को परेशान करना, दुःखी करना, मक्कारी. *(nf)*– wickedness, vice, mischief, depravity, villainy.

شرارہ sharārā (शरारा)–अंगारा, आग का शोला, आग का पतंगा, चिंगारी. *(nm)*–a spark of fire, a flash, a gleam.

شرافت sharāphat (शराफत)–विनम्रता, अच्छा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

شرائط sharāit (शराइत)

स्वभाव, अच्छी आदतें, अच्छा बरताव, अच्छा चालचलन. *(nf)*–nobility, civility, good manners, politeness.

شرائط sharāit (शराइत)–'शर्त' का बहुवचन, हालात, परिस्थितयाँ, ज़िद, वचन-बद्धता. *(nm)*–stipulations, conditions, terms, signs, marks, requirements.

شرائین shirāīn (शिराईन)–'शिरयान' का बहुवचन, धमनियां, जिन में रक्त बहता है. *(nf)*–plural of شریان *sharyan*, arteries.

شرب shurb (शुर्ब)–पेय पदार्थ, पीने की चीज़, तरल पदार्थ. *(nm)*–drinking, a drink, beverage.

شربت sharbat (शरबत)–मीठा रस, पीने का तरल मीठा पेय, फलों का रस, पानी में चीनी या मिस्री घुली हुई. *(nm)*–beverage, drink, syrup.

شربتی sharbatī (शरबती)–शरबती (पीला) रंग, चीनी, नीबू और पानी को मिला कर बनाया गया शरबत, संगतरे का शरबत. *(nm)*–a kind of lime or lemon, light orange colour. *(adj)*–of the colour of syrup, yellowish light reddish.

شرح sharah (शरह)–व्याख्या, विवरण, विस्तार से वर्णन, खुलासा, उल्लेख, किसी गूढ़ समस्या का हल, दर, मोल, भाव. *(nf)*– explanation, commentary, description, annotation, rate, charge, proportion.

شرح بندی sharahbandī (शरहबंदी)–मोल भाव की सूची. *(nf)*– table of rates.

شرح کرنا sharah karnā (शरह करना)–व्याख्या करना, विस्तार से वर्णन करना, उल्लेख करना, गूढ़ समस्या का हल निकालना, मोल भाव करना, भाव निश्चित करना. *(v)*–to define, to explain, to comment, to detail, to fix the rate of.

شرر sharar (शरर)–आग की चिंगारी, शोला, आग का पतंगा. *(nm)*–sparks of fire.

شرر بار/شرر فشاں sharar bār/sharar phishān (शरर बार/शरर फिशां)–आग बरसना, आग के शोले बरसना, बहुत गरमी होना, वातावरण का गरम हो जाना. *(adj)*–raining sparks of fire, blowing sparks of fire.

شرط shart (शर्त)–ज़िद, संकल्प, वायदा, इकरार. *(nf)*– condition, stipulation, agreement, term, a wager, mark, a bet.

شرط بدنا یا لگانا shart badnā yā lagānā (शर्त बदना या लगाना)–इकरार करना, वायदा करना, संकल्प लेना. *(nm)*–to lay a wager, to bet, to bargain, to stipulate.

بلا شرط bilā shart (बिला शर्त)–बगैर किसी शर्त या इकरार के. *(nm)*–unconditional.

شرطیہ shartiyā (शर्तिया)–शर्त के साथ, निश्चित रूप से. *(adj)*–surely, certainly, undoubtedly. *(adj)*–conditional.

شرع sharaa (शरअ)–कायदा, कानून, ढंग, जीवन जीने का ढंग, चौड़ा रास्ता. *(nm)*–law, equity, the divine life of life, a high road.

شرعاً sharan (शरअन)–कानून के अनुसार, कानूनी तौर पर. *(adv)*–according to the law, legally.

شرعاً و عرفاً sharan va urphan (शरअन व उर्फन)–धार्मिक व सामाजिक नियमों के अनुसार. *(nm)*–according to religious and social law.

شرعی sharaī (शरई)–कानूनी, धर्म के नियमों के अनुसार, शरअ के अनुसार, कट्टरता से धार्मिक उसूलों की पालना, दकियानूसी विचारधारा. *(adj)*–lawful, religious, comfortable to the شرع *sharā*, dogmatic.

شرف sharaf (शरफ़)–श्रेष्ठता, उत्तमता, सम्मान, सत्कार, आदर, बुलंदी, कुलीनता, शराफत. *(nm)*–dignity, honour, excellence, eminence, glory, rank, nobility, exaltation.

شرف ہونا sharaph honā (शरफ होना)–सम्मानित होना, बुलंदी पर पहुँचना, ऊँचा उठना, प्रगति करना. *(v)*–to be honoured, to be exalted, to progress, to advance.

شرف یاب sharaphyāb (शरफयाब)–सम्मानित, जिसका आदर किया गया हो, जिसे मान दिया गया हो, जिसे ऊँचा पद मिला हो, जो बुलंदी पर पहुँचा हो. *(adj)*–exalted, honoured, ennobled, attaining nobility.

شرفا shurfā (शुरफ़ा)–'शरीफ़' का बहुवचन, कुलीन लोग, सज्जन लोग, सम्मानित लोग. *(nm)*–plural of شریف *sharif*, nobles, grandees, persons of high rank, persons of good family.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

شرق shark (शर्क)–मश्रिक, जिधर से सूर्य निकलता है. *(nm)*–rising, the east.

شرق سے غرب تک/شرقاً غرباً shark se garb tak/sharkan garban (शर्क से गर्ब तक/शर्कन गर्बन)–मश्रिक से मगरब तक, पूर्व से पश्चिम तक, *(adv)*–from east to west.

شرقی sharkī (शर्की)–पूर्वी. *(adj)*–eastern, oriental.

شرکا shurkā (शुर्का)–'शरीक' का बहुवचन, शामिल, हिस्सेदार, साझी. *(nm)*– plural of شریک *sharīk*, partners, participants.

شرکت shirkat (शिर्कत)–साझा, भागीदारी, सम्मिलन, सहयोग. *(nf)*–partnership, society, association, company.

شرم sharam (शरम)–लाज, लज्जा, संकोच. *(nf)*–shame, modesty, bashfulness.

شرم رکھنا sharam rakhnā (शरम रखना)–अपने सम्मान को बचाए रखना, अपनी इज़्ज़त बरकरार रखना. *(v)*–to protect one from being ashamed or subjected to indignity.

شرمسار sharamsār (शरमसार)–शरमिंदा, लज्जित. *(adj)*–abashed, ashamed.

شرمساری sharamsārī (शरमसारी)–शरमिंदगी. *(nf)*–shame, bashfulness, disgrace.

شرم گاہ sharamgāh (शरमगाह)–स्त्री-पुरुष के गुप्तांग. *(nf)*– private parts of the body.

شرمگیں (शरमगीं)–शरमिंदा, लज़्ज़ित. *(adj)*–ashamed, bashful, immodest.

شرمناک sharamnāk (शरमनाक)–लज्जाजनक, शरम की बात. *(adj)*–shameful, disgraceful.

بے شرم be sharam (बे शरम)–बिना शरम के, लज्जाहीन, लज्जारहित. *(adj)*–shameless, devoid of sense of shame.

شرما شرمی sharmā sharmī (शरमा शरमी)–देखा देखी, औरों को देखते हुए, औरों की नक्ल करते हुए, संकोचवश. *(adv)*–modestly, through shame, in compulsion.

شرمانا sharmānā (शरमाना)–शरम महसूस करना, शरमिंदा होना. *(v)*–to feel shame, to be bashful, to put one to shame.

شرمندگی sharmindagī (शरमिंदगी)–शरम, लज्जा, संकोच. *(nf)*– bashfulness, shame, disgrace.

شرمندگی اُٹھانا sharmindagī uṭhānā (शरमिंदगी उठाना)–शरमिंदा होना, अपमानित होना. *(v)*–to suffer shame or disgrace.

شرمندہ sharmindā (शरमिंदा)–लज्जित, संकोची. *(adj)*–ashamed, blushing, bashful.

شرمندہ احسان sharmindā-e ehsān (शरमिंदा-ए एहसान)–किसी द्वारा किये गये एहसान तले दबना. *(adj)*–under obligation.

شرمندہ ہونا sharmindā honā (शरमिंदा होना)–शरम महसूस करना, लज्जित होना, संकोच करना. *(nm)*–to feel ashamed, to be ashamed, to blush.

شرمیلا sharmīlā (शरमीला)–संकोची, जो शरम महसूस करता हो. *(adj)*–bashful, modest.

شروع shurū (शुरू)–आरंभ, शुरुआत. *(nm)*–beginning, commencement.

شروع سے آخر تک shurū se ākhir tak (शुरू से आखिर तक)–आरंभ से अन्त तक. *(adj)*–from beggining to end.

شروع کرنا shurū karnā (शुरू करना)–आरंभ करना, पहल करना, आगे होना. *(v)*–to commence, to begin, to take the lead, to inaugurate.

شریان shiryān (शिरयान)–छोटी-छोटी रगें जिन में साफ लाल खून दौड़ता है. *(nf)*–an artery.

شریر sharīr (शरीर)–शैतान, मक्कार, चालाक, होशियार, उपद्रवी. *(adj)*–wicked, vicious, bad, corrupt, evil, naughty.

شریعت sharīat (शरीअत)–धार्मिक कानून, सामाजिक कायदे, व्यावहारिक, रिवाज, चलन. *(nf)*– revealed law, statute, ordinance, justice, equity.

شریف sharīph (शरीफ)–सज्जन, भलामानुस, अच्छा व्यवहार करने वाला, गुणी, ज्ञानी, अच्छे चालचलन वाला, ऊँचे खानदान का, कुलीन. *(adj)*–noble, eminent, honourable, high-born, legitimate, gentle.

شریف النفس sharīph-un-naphs (शरीफ-उन-नफ्स)–पवित्र आत्मा वाला, धार्मिक विचारों वाला,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुथरे दिल वाला. *(adj)*–of noble soul, having a noble heart.

شریف زادہ sharīf-zādā (शरीफ़-ज़ादा)–कुलीन, ऊँचे घराने का, शरीफ और सभ्य परिवार का. *(adj)*–of high birth, of a good family, son of a gentle person.

شریفہ shrīphā (शरीफा)–एक स्वादिष्ट फल, सीता फल, एक शरीफ औरत. *(nm & nf)*–a fruit, a custard apple, a pious woman, lady.

شریک sharīk (शरीक)–शामिल, सम्मिलित, एक साथ, जुड़ा हुआ, साझी, हिस्सेदार. *(nm)*–a participant, a partner, an associate, an accomplice, a comrade, a collrague, a friend. *(adj)*–joint, united, included.

شریک کرنا sharīk karnā (शरीक करना)–शामिल करना, मिलाना, सम्मिलित करना, इकट्ठा करना, साथी बनाना, हिस्सेदार बनाना. *(v)*–to make a partner, to include, to join.

شریک ہونا sharīk honā (शरीक होना)–शामिल होना, सम्मिलित होना, मिलना, जुड़ना, इकट्ठा होना, हिस्सेदार बनना. *(v)*–to be a partner, to take part, to join, to participate.

شریک حیات sharīke hayāt (शरीके ह्यात)–जीवन भर का साथी, पति-पत्नी. *(adj)*–life partner, husband and wife.

شست shast (शस्त)–निशाना, उद्देश्य, उँगली, अँगूठा, सामने का भाग. *(nf)*–aim, target, finger, thumb, front.

شست باندھنا/لگانا shast bāndhnā/lagānā (शस्त बाँधना/लगाना)–निशाना लगाना, अपने उद्देश्य को पूरा करना, किसी को बंदूक भेंट करना. *(v)*–to take aim at, to present a gun.

شست shist (शिस्त)–मछली पकड़ने की छड़, मछली को पकड़ने के लिए हुक जिस पर चारा लगाया जाता है. *(nf)*–a fishing rod, a large fishing hook.

شست shust (शुस्त)–धोने की क्रिया, सफाई करने का काम, सफाई. *(nm)*–cleanliness, washing.

شستگی shustagī (शुस्तगी)–पवित्रता, सफाई. *(nf)*–cleanliness, purity.

شستہ shustah (शुस्तः)–धुला हुआ, साफ किया हुआ, पवित्र, पाक, शुद्ध, साफ सुथरा. *(adj)*–washed, cleaned, pure, dressed, prepared.

شش shash (शश)–छः, पाँच और एक, छः की संख्या. *(adj)*–six.

شش پہلو shash pahlū (शश पहलू)–जिसके छः पहलू हों, षटकोण. *(adj)*–hexagonal, having six sides, having six corners.

شُش shush (शुश)–फुप्फुस, फेफड़ा, शरीर में साँस लेने का साधन. *(nm)*–lung.

شش در shashdar (शशदर)–चकित, हैरान, हक्का-बक्का, स्तब्ध, उद्विग्न. *(adj)*–confounded, perplexed, astonished, surprised.

ششم shasham (शशम)–षष्ठ, छठा, छवाँ. *(adj)*–sixth.

شش ماہی shashmāhī (शशमाही)–छः महीने बाद, साल में दो बार, अर्द्धवार्षिक, छिमाही. *(adj)*–half yearly, six-monthly.

شش و پنج shasho panj (शशो पंज)–उलझन, संकोच, सोच-विचार, चिन्ता, घबराहट. *(nm)*–confusion, perplexty, hesitation.

شط shat (शत)–नदी का किनारा. *(nm)*–bank of a river.

شطرنج shatranj (शतरंज)–शतरंज का खेल. *(nf)*–chess.

شطرنج باز shatranjbāz (शतरंजबाज़)–शतरंज का खिलाड़ी. *(nm)*–a chess player.

شطرنجی shatranjī (शतरंजी)–एक प्रकार का कपड़ा जिसमें शतरंज की तरह खाने बने होते हैं. *(nm)*–a kind of chequered carpet.

شعار shiār (शिआर)–चलन, तौर तरीका, आदत, स्वभाव, अन्दर के कपड़े, चिह्न, निशान. *(nm)*–custom, habit, manner, method, an under garment, mark, signal, sign.

شعاری shiārī (शिआरी)–स्वाभाविक, प्राकृतिक, कुदरती, *(adj)*–customary, habitual, relating to custom.

شعاع shuā (शुआ)–सूर्य की किरणें, रोशनी, चमक, चमकीलापन. *(nf)*–the rays of the sun, sunshine, light, lustre, splendour.

شعاع زنی shuāzanī (शुआज़नी)–किरणों की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सक्रियता, रेडियम का प्रभाव डालने वाली किरणें. *(nm)*–radio activity.

شعاعی **shuāī** (शुआई)–किरणों से सम्बन्धित, रोशन, चमकीला. *(adj)*–radiant, full of rays, radial.

شعاعی علاج **shuāī ilāj** (शुआई इलाज)–किरणों से इलाज करने का तरीका. *(nm)*–radio-therapy.

شعائر **shaā'yar** (शआ'यर)–निशानियाँ, रस्में, रिवाज, इबादत. *(nm)*–signs, customs, rites, ceremonies.

شعبان **shaabān** (शअबान)–हिजरी सन् का आठवाँ महीना. *(nm)*–the eighth month of Hijri year.

شعبدہ **shuabdah** (शुअबदह)–हाथ की सफाई, जादू का खेल, करिश्मा, चमत्कार. *(nm)*–juggling, conjuration.

شعبدہ باز **shuabdahbāz** (शुअबदहबाज़)–जादू के खेल दिखाने वाला, हाथ की सफाई दिखाने वाला, चमत्कार करनेवाला. *(nm)*–a juggler, a conjurer.

شعبہ **shobā** (शोबा)–खंड, टुकड़ा, शाख, भाग, विभाग. *(nm)*–a channel in which water flows, a crack in a mountain, a water course, a branch, a department.

شعر **shear** (शेअर)–कविता, शायरी, काव्य. *(nm)*–poetry, verse, a couplet.

شعر **shaar** (शअर)–बाल. *(nm)*–hair.

شعریت **shaarīyat** (शअरीयत)–काव्य-सौंदर्य. *(nf)*–poetical beauty.

شعلہ **sholā** (शोला)–आग, ज्वाला, लपट, पतंगा, चिंगारी. *(nm)*–flame, blaze, flash, light.

شعلہ بار **sholā bār** (शोला बार)–शोलों की वर्षा, शोले बरसना, आग बरसना. *(adj)*–raining fire or flame.

شعلہ بھبوکا **sholā bhabūkā** (शोला भबूका)–भड़कता हुआ शोला, लाल अँगारा, चिंगारी, दहकती ज्वाला, गुस्से में भड़का हुआ, मदमस्त सुन्दर युवती, भरपूर जवानी की अवस्था में स्त्री. *(adj)*–beautiful, bright, enraged, furious, beautiful young woman.

شعلہ بھبوکا ہونا **sholā bhabhūkā honā** (शोला भभूका होना)–गुस्से से मुँह लाल हो जाना. *(v)*–to turn red with rage.

شعلہ جوالا **sholā jvāla** (शोला ज्वाला)–भड़कता हुआ शोला, सुन्दर प्रेमिका. *(nm)*–an encircling flame, a beloved.

شعلہ خو **sholā khū** (शोला खू)–गुस्से से भड़क उठने वाला, गुस्से से खौल जाने वाला, जल्दी क्रोध करने वाला. *(adj)*–fiery in disposition, having a fiery temper.

شعلہ رخ **sholā rukh** (शोला रुख)–शोले जैसा लाल चेहरा, जिसके चेहरे पर जवानी के लक्षण हों, सुन्दर. *(adj)*– flame faced, having a bright countenance, blazing beauty.

شعلہ فشاں **sholā phishān** (शोला फिशाँ)–शोले बिखेरने वाला, शोले उगलने वाला, अति क्रोधी. *(adj)*–scattering flames.

شعور **shaūr** (शऊर)–अक्ल, सलीक़ा, तमीज़, पहचान, समझ. *(nm)*–wisdom, intellect, good manage- ment, shrewdness, sense.

شغال **shagāl** (शग़ाल)–गीदड़, डरपोक व्यक्ति. *(nm)*–a jackal, a coward fellow.

شغب **shagab** (शग़ब)–शोर शराबा, हंगामा, उपद्रव. *(nm)*– noise, tumult.

شغف **shagaf** (शग़फ़)–अति प्रेम, चाहत, रुचि, दिलचस्पी. *(nm)*–ardour, zeal, enthusiasm, inclination.

شغل **shugl** (शुग्ल)–व्यापार, मशग़ला, काम, कार्य, व्यस्तता, पेशा, उद्योग, मनोविनोद. *(nm)*–occupation, employment, business, activity.

شِفا **shifā** (शिफ़ा)–इलाज, चिकित्सा, आराम, स्वास्थ्य, सेहत. *(nf)*–cure, healing, recovery, convalescence.

شِفا خانہ **shifākhānā** (शिफ़ाखाना)–बीमारों के इलाज की जगह, अस्पताल, चिकित्सालय, डिस्पेंसरी. *(nm)*–a hospital, dispensary, clinic, health centre.

شِفا بخش **shifābakhsh** (शिफ़ाबख्श)–रोगी को आराम देने वाला, बीमारी को दूर करने वाला, स्वस्थ करने वाला, ईश्वर, परमात्मा. *(nm)*–he who cures the sick, Lord, the God.

شفا **shafā** (शफ़ा)–नदी का किनारा या समुद्र का तट.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nm)–bank of a river or beach.

شفایاب ہونا shifāyb honā (शिफ़ायाब होना)–स्वस्थ होना, भला चंगा होना, बीमारी और रोग से मुक्ति मिलना. (v)–to be free from sickness, to be healthy, to be cured.

شفاعت shafāat (शफ़ाअत)–गुनाहों की सज़ा से मुआफ़ी की प्रार्थना. (nf)–request for pardon of sins, recommendation, intercession, entreaty.

شفاف shafāf (शफ़ाफ़)–साफ़, पारदर्शी, जिसमें से शीशे की तरह आर पार देखा जा सके. (adj)–transparent, clear, pellucid, very thin.

شفتالو shaftālū (शफतालू)–एक स्वादिष्ट फल, आड़ू. (nm)–a fruit, peach.

شفق shafak (शफ़क़)–सूर्य के निकलने या डूबने के समय की लाली, अरुणोदय, लालिमा, सुर्खी. (nm)–evening, twilight, rising of the sun, at the time of dusk or dawn.

شفق پھولنا shafak phūlnā (शफ़क़ फूलना)–सूर्य का उदय होना, प्रातःकाल. (v)–appearance of the twilight.

شفق کا ٹکڑا shafak kā ṭukṛā (शफ़क का टुकड़ा)–बहुत सुन्दर, हसीन, आकर्षक. (adj)–very beautiful, handsome, charming.

شفقت shafkat (शफ़क़त)–कृपा, दया, मेहरबानी, दयालुता. (nf)– kindness, affection, favour, mercy, clemency, compassion.

شفیع shafīa (शफ़ीअ)–कृपालु, दयालु, हमदर्द, रक्षक. (nm)–patron, well-wisher, sympathiser.

شفیق shafīk (शफ़ीक़)–मेहरबान, कृपालु, वत्सल, दया करने वाला, हमदर्द. (adj)–affectionate, compassionate, merciful. (nm)–a kind friend.

شق shakk (शक्क)–फटा हुआ, दरार पड़ा हुआ, विदीर्ण. दरार, शिगाफ, सूराख, छेद, छिद्र. (nm)–cleaving, splitting, a crack, a fissure, dawn of the day.

شق ہونا shakk honā (शक्क होना)–फटना, दरार होना, अलग होना, छेद होना. (v)–to be torn, to be splitted.

شق shikk (शिक्क)–आधा, किसी चीज़ का आधा भाग, एक भाग, पक्ष, पहलू, अड़चन, दिशा, तरफ़, ओर, भाग. (nf)–one half of a thing, a part, side, direction, division, obstacle.

شقاوت shakāvat (शक़ावत)–बदनसीबी, बदकिस्मती, दुर्भाग्य, निर्दयता, जुल्म, कंजूसी, गरीबी, अपमान. (nm)– misery, disgrace, poverty, villanous, unfortunate, badluck, cruelty.

شقائق shakāik (शक़ाइक़)–शिगाफ़, छेद, छिद्र, सूराख, एक फूल गुल लाला. (nm)–split, hole, a flower.

شُقّہ shukkā (शुक्का)–राजा का फरमान, किसी उच्च अधिकारी का आदेश, पत्र, पर्चा, पुर्ज़ा. (nm)–a letter from a superior, a royal order.

شقی shakī (शक़ी)–क्रूर, निर्दय, बे रहम, ज़ालिम, बदकिस्मत, दुर्भाग्यशाली. (adj)–wretched, miserable, vicious, villianous.

شقی القلب shakī-ul-kalb (शक़ी-उल-क़ल्ब)–स्वभाव से बेरहम, निर्दयी, ज़ालिम, नीच, कमीना, दुष्टात्मा. (adj)–cruel, unkind, mean, lowbase, bad manners, evil-spirit.

شقیقہ shakīkā (शक़ीक़ा)–कनपटी. (nm)–temple of the head.

شک shak (शक)–सन्देह, शंका, भ्रम, अविश्वास, दुविधा, असमंजस. (nm)–doubt, suspense, hesi- tation, uncertainty, confusion.

شک پڑنا shak paṛnā (शक पड़ना)–संदेह हो जाना, भ्रम हो जाना, अविश्वास हो जाना. (v)–to have a doubt, to be doubtful.

شک ڈالنا shak ḍālnā (शक डालना)–सन्देह डाल देना, भ्रम पैदा कर देना, अविश्वास पैदा कर देना. (v)– to create a doubt, to cast a doubt upon.

شک کرنا shak karnā (शक करना)–संदेह करना, अविश्वास करना. (v)–to suspect, to doubt.

شکار shikār (शिकार)–जिसका शिकार किया जाए, जंगली जानवर, जिसको लूटा जाए, जिस से कुछ छीना जाए. (nm)–hunting, the chase, prey, game, plunder, booty.

شکار کرنا shikār karnā (शिकार करना)–किसी जानवर की हत्या करना, किसी पर झपटना, किसी से कुछ छीनना, किसी को लूटना. (v)–to hunt, to prey upon, to ensnare, to catch.

شکار کھیلنا shikār khelnā (शिकार खेलना)–किसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जंगली जानवर का पीछा करके उसकी हत्या करना. *(v)*–to go a hunting.

شکارگاہ shikārgāh (शिकारगाह)–शिकार खेलने का स्थान. *(nf)*–a hunting ground.

شکار ہونا shikār honā (शिकार होना)–शिकार बन जाना, किसी द्वारा लूटा जाना, किसी के हाथों मारा जाना. *(v)*–to be hunted, to become a victim of, to fall a prey to.

شکاری shikārī (शिकारी)–खिलाड़ी, शिकार करने वाला, पीछा करने वाला, पक्षियों को पकड़ने वाला, छीनने वाला, झपटने वाला. *(nm)*–a sportsman, a hunter, a fowler. *(adj)*–relating to hunting, , of the chase.

شکایت shikāyat (शिकायत)–उलाहना, बहाना, आरोप लगाना. *(nf)*–a complaint, illness, lamentation, accusation.

شکایت رفع کرنا shikāyat raphā karnā (शिकायत रफा करना)–शिकायत दूर करना, शिकायत का समाधान करना. *(v)*–to remove the cause of the complaint.

شکتی shakti (शक्ति)–ताकत, सामर्थ्य, योग्यता, क्षमता. *(nf)*– strength, ability, capacity, capability, the energy or active power of God.

شکر shukar (शुक्र)–शुक्र या बृहस्पति ग्रह, शुक्रवार. *(nm)*-- the planet Venus. Friday.

شکر shukar (शुक्र)–धन्यवाद, आभार, एहसान. *(nm)*– thanks, gratefulness, gratitude.

شکر کرنا shukar karnā (शुक्र करना)–धन्यवाद देना, आभार व्यक्त करना, एहसान मानना. *(v)*–to thank, to return thanks.

شکرگزار shukarguzār (शुक्रगुज़ार)–एहसानमंद, आभारी. *(adj)*– grateful, thankful.

شکرگزاری shukarguzārī (शुक्रगुज़ारी)–आभार प्रकटीकरण, आभार व्यक्त, एहसानमंदी. *(nf)*– thanks giving, gratitude, thankfulness.

شکرانہ shukrānā (शुक्राना)–आभार, धन्यवाद, एहसान. *(nm)*– gratitude, acknowledgement of gratitude, thanksgiving.

شکر پارہ shakarpārā (शकरपारा)–एक प्रकार का मीठा फल, एक प्रकार की चकोर मिठाई, एक प्रकार की सिलाई जो रुईदार कपड़ों में होती है, सुन्दर प्रेमिका, सुन्दर महिला. *(nm)*–a tasty fruit, a kind of square sweetmeat, a kind of stitching on cotton stuffed clothes, a beautiful beloved, a beautiful young woman.

شکر خورہ shakarkhorā (शकरखोरा)–जो मिठाइयों का बहुत शौकीन हो, एक पक्षी जो मीठी चीज़ें बहुत शौक से खाता है. *(nm)*–one who is fond of sweets, a bird which is very fond of sweets.

شکر ریز shakar rez (शकर रेज़)–शकर बिखेरने वाला, शकर की तरह मीठी बातें करने वाला, मनमोहक बातें करने वाला. *(adj)*–scattering sugar, one who talks in an attractive way, sugar-coated talking.

شکرقندی shakarkandī (शकरकंदी)–आलू की तरह की एक कंद जो ज़मीन के नीचे पैदा होती है और उबालने या भूनने पर बहुत मीठी हो जाती है. *(nf)*–sweet potato.

شکر لب shakar lab (शकर लब)–शकर जैसे मीठे होंठ, शकर जैसी मीठी बातें करने वाला. *(adj)*– sugar-lipped, having sweet speech.

شکرہ shikrā (शिकरा)–बाज़ की शक्ल का लेकिन आकार में उस से थोड़ा छोटा जानवर. *(nm)*–a hawk, falcon.

شکرین shakrīn (शकरीन)–शकर का, शकर की तरह मीठा, शकर के गुणों वाला. *(adj)*–sugary, of sugar. *(nf)*–saccharin.

شکست shikast (शिकस्त)–हार, पराजय, असफलता, हानि, टूट-फूट. *(nf)*–defeat, rout, failure, loss, breakage.

شکست خوردہ shikast khurdā (शिकस्त खुर्दा)–पराजित, जो हार गया हो, जिसकी हानि हुई हो, जिसकी टूटफूट हुई हो. *(adj)*–defeated, routed, broken off, interrupted.

شکستگی shikastagī (शिकस्तगी)–भंजन, टूटफूट, टूटने की क्रिया, उदासीनता, निराशा, अस्वस्थता. *(nf)*– breaking, breakage, fracture, infirmity, sadness, dejection, sickness.

شکستہ shikastā (शिकस्ता)–खंडित, भग्न, टूटा हुआ, अस्वस्थ. *(adj)*–broken, sick, wounded, weak, infirm, bank-rupt. *(nm)*–a running hand, a kind of writing in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Persian or Urdu.

شکستہ بال/پر **shikastā bāl/par** (शिकस्ता बाल/पर)–टूटा हुआ, जिसके पंख कट गये हों, असमर्थ, अक्षम, साधनहीन, जो निराश, जो कुछ न कर सकता हो. *(adj)*–broken down, distressed, afflicted, wretched.

شکستہ پا **shikastā pā** (शिकस्ता पा)–जिसके पाँव टूट गये हों, जिसे कोई सहारा न हो, जो असमर्थ हो. *(adj)*– infirm, broken down, unable to move about, unable to do anything, unable to perform a duty, helpless.

شکستہ حال **shikastā hāl** (शिकस्ता हाल)–जिसका बुरा हाल हो, निराश, उदासीन, टूटा हुआ, नष्ट, बरबाद. *(adj)*– distressed, wretched, broken down, ruined, reduced to straits.

شکستہ خاطر **shikastā khātir** (शिकस्ता खातिर)–परेशान, व्याकुल, चिंतित, दुःखी. *(adj)*– distressed in mind, afflicted, grieved.

شکستہ دل **shikastā dil** (शिकस्ता दिल)–जिसका दिल टूटा हुआ हो, निराश, उदास, गम में डूबा हुआ. *(adj)*–broken-hearted, afflicted, distressed.

شکل **shakal** (शक्ल)–आकृति, बनावट, मुखाकृति, चेहरा, हुलिया. *(nf)*–shape, form, figure, effigy, appearance, model, pattern, diagram, image, formation.

شکل بگاڑنا **shakal bigāṛnā** (शक्ल बिगाड़ना)–हुलिया बिगाड़ना, चेहरा बिगाड़ देना, अपमान करना. *(v)*–to disfigure, to disgrace.

شکل بنانا **shakal banānā** (शक्ल बनाना)–किसी की नक़ल उतारना, किसी का मुँह चिड़ाना, किसी का भेस बनाना. *(v)*–to make a likeness of, to make a face, to give a shape to, to assume a character.

ہم شکل **ham shakal** (हम शक्ल)–एक जैसी शक्ल वाले दो व्यक्ति. *(adj)*–similar, of the same form or figure.

شکم **shikam** (शिकम)–पेट. *(nm)*–belly, stomach.

شکم پرور **shikam parvar** (शिकम परवर)–अपने पेट को पालने वाला, बहुत ज्यादा खाने वाला, पेटू. *(nm)*–a glutton, an epicure, a pamperer of his belly.

شکمی **peṭū** (पेटू)–पेट का या पेट से सम्बन्धित, निजी, सहायक, जिसका बड़ा पेट हो, अधिक खाने वाला. *(adj)*–of or relating to the belly, secret, private, subordinate, big-bellied, dependent.

شکن **shikan** (शिकन)–बल, सिलवट. *(nf)*–a fold, wrinkle, curl, plait, crease.

شکن پڑنا **shikan paṛnā** (शिकन पड़ना)–बल पड़ना, सिलवट पड़ना. *(v)*–to be creased, to be wrinkled.

شکن ڈالنا **shikan ḍālnā** (शिकन डालना)–सिलवट डालना, बल डालना. *(v)*–to crease, to fold.

شکنجہ **shikanjā** (शिकंजा)–अपराधियों को सज़ा देने का एक यंत्र, जिल्दसाज़ों का एक औज़ार जिसमें पुस्तकें दबा कर काटते या पुश्ता लगाते हैं, किसी को कष्ट देना, दबा कर रखना. *(nm)*–boards in which binders press books, book binder's press, clamp, torture, torment, pain, control over.

شکنجے میں کسنا **shikanje main kasnā** (शिकंजे में कसना)–किसी चीज़ को दबाना, अपने अधिकार में करना, अपना स्वामीत्व जताना, अपने अधीन करना, सज़ा देना. *(v)*–to put in a press, to torture, to punish, to torment.

شکوک **shakūk** (शकूक)–'शक' का बहुवचन, सन्देह, भ्रम, अविश्वास, आशंका. *(nm)*–plural of شک *shakk*, doubt, suspicion.

شکوہ **shikvā** (शिकवा)–शिकायत, उलाहना. *(nm)*–complaint, reproach, chiding.

شکوہ **shikoh** (शिकोह)–शानो शैकत, रौबदाब, रुतबा, पदवी, सम्मान. *(nm)*–dignity, grandeur, pomp, majesty, rank, status.

شکی **shakkī** (शक्की)–वहमी, शक करने वाला, सन्देह करने वाला, विश्वास न करने वाला. *(adj)*– suspicious, doubtful, sceptical, perplexing.

شکی مزاج **shakkī mizāj** (शक्की मिज़ाज)–जो हर बात पर सन्देह करता हो, किसी बात पर स्थिर न हो, डांवांडोल, विचलित. *(adj)*–undetermined, wavering, hesitating, unestablished.

شکیب **shakīb** (शकीब)–सब्र, सन्तोष, धैर्य. *(nf)*– patience, tolerance, long-suffering.

شکیل **shakīl** (शकील)–खूबसूरत, सुन्दर, सुदर्शन,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सजा-धजा,. बना-ठना, आकर्षक. *(adj)*–handsome, beautiful, attractive, well-dressed.

شکیلہ **shakīlā (शकीला)**–खूबसूरत महिला, बनी-ठनी, सजी-संवरी, मनमोहिनी. *(nm)*–a beautiful woman, charming, well-dressed.

شگاف **shigāf (शिगाफ़)**–छिद्र, छेद, सूराख, दरार, उधड़ा हुआ, फटा हुआ. *(nm)*–slit, crack, cleft, flaw, splitting, breaking, cracking.

شگفتگی **shiguftagī (शिगुफ्तगी)**–प्रफुल्लता, प्रसन्नता, आनन्द, खुशी, ताज़गी, फूल का .खिलना. *(nf)*–pleasure, delight, beauty, blooming, expansion, expanding of a flower, flourishing state.

شگفتہ **shaguphtā (शगुफ्ता)**–खिला हुआ, खुश, आनन्दित, प्रसन्न, प्रफुल्लित, ताज़ा, हरा भरा. *(nm)*–blooming, flourishing, expanded, blown.

شگفتہ خاطر **shugaphaphtā khātir (शुगफ्फता खातिर)**–प्रसन्न, खुश, प्रफुल्ल. *(adj)*–happy, cheerful, delightful.

شگن **shagun (शगुन)**–किसी काम को शुरू करने का अच्छा समय, भेंट, नज़राना. *(nm)*– auspicious time to start a work or to perform a ceremony, offering, present.

شگوفہ **shigūphā (शिगूफा)**–बिन खिला फूल, कली, अजीब व अनोखी बात. *(nm)*– a bud, a blossom, a squib.

شگوفہ چھوڑنا **shigūphā chofnā (शिगूफा छोड़ना)**–कोई अनोखी या अजीब बात कह कर दूसरों को चकित कर देना. *(v)*–to let off a squib, to fib.

شگوفہ لانا **shigūphā lānā (शिगूफा लाना)**–कोई नयी व मनोरंजक बात कहना, अजीब व अनूठी बात से दूसरों को चकित करना. *(v)*–to produce something new and wonderful, to astonish.

شگون **shagun (शगुन)**–शुभ समय, नज़राना, भेंट. *(nm)*–an omen, an augury, a gift, a present.

شگون کرنا **shagun karnā (शगुन करना)**–शुभ समय में कोई काम शुरू करना. *(v)*–to begin a work at an auspicious time.

شگون لینا **shagun lenā (शगुन लेना)**–शुभ समय देखना, किसी काम को शुरू करते समय शुभ समय देखना. *(v)*–to practice augury.

شل **shal (शल)**–थका हुआ, हाथ-पैरों का ठंडा हो जाना, शरीर का हरकत करना बंद कर देना, कुंठित हो जाना. *(adj)*–paralytic, having the hands withered, fatigued, tired, crippled.

شلجم **shaljam (शलजम)**–ज़मीन के नीचे पैदा होने वाली एक सब्ज़ी. *(nm)*–a turnip.

شلوار **shalvār (शलवार)**–औरतों द्वारा पहना जाने वाला एक विशेष प्रकार का पायजामा. *(nf)*–trousers, breeches, pantloon.

شلوک **shlok (श्लोक)**–शब्द, आवाज़, स्तुति, प्रशंसा, कविता, बंद, संस्कृत का कोई पद्य. *(nm)*–voice, sound, a hymn of praise, a verse, a stanza.

شلوکا **shlūkā (श्लूका)**–आधे बाज़ुओं का कमर तक का कुर्ता, कुर्ती, बच्चों के पहनने की बिक. *(nm)*–a waistcoat, a child's bib.

شلیتہ **shalītā (शलीता)**–टाट का बड़ा थैला. *(nm)*–a canvas bag.

شماتت **shamātat (शमातत)**–किसी का नुक्सान होने पर प्रसन्न होना, किसी के बुरे दिनों का मज़ा लेना. *(nf)*– rejoicing at the misfortune or affliction of another.

شمار **shumār (शुमार)**–गिनती, संख्या, हिसाब, तादाद. *(nm)*–counting, numbering, number, calculation, estimation.

شمار کرنا **shumār karnā (शुमार करना)**–गिनना, गिनती करना, हिसाब लगाना. *(v)*–to count, to number, to reckon.

شمارہ **shumārā (शुमारा)**–किसी पत्र-पत्रिका का प्रकाशन क्रम, अंक संख्या. *(nm)*–number, issue of a paper or periodical.

شماری **shumārī (शुमारी)**–गिनती, गिनना, संख्या. *(nf)*– counting, enumeration.

مردم شماری **mardum shumārī (मर्दुम शुमारी)**–जनसंख्या, देश में रहने वाले लोगों की गिनती. *(nf)*–census of population.

شمال **shimāl (शिमाल)**–उत्तर, उत्तर दिशा. *(nm)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

the North, direction of North.

شمال مشرق shimāl mashrik (शिमाल मशरिक)–उत्तरपूर्व, उत्तर-पूर्व दिशा. *(nm)*–the North-East, the North-East direction.

شمال مغرب shimāl magrib (शिमाल मगरिब)–उत्तर पश्चिम, उत्तर-पश्चिमी दिशा. *(nm)*–the North-West, the North-West direction.

شمالی shimālī (शिमाली)–शिमाल से सम्बन्धित या शिमाल की. *(adj)*–Northern.

شمالی ہوا shimālī havā (शिमाली हवा)–शिमाल से आने वाली हवा. *(nf)*–the Northern wind.

شمائل shamāil (शमाइल)–'शमीला' का बहुवचन, अच्छे गुण, अच्छी आदतें, अच्छा स्वभाव, अच्छा बरताव, उत्तरी भाग, उत्तरी हवाएँ. *(nm)*–plural of شمیلہ *shamilah*, good qualities, virtues, talents, dispositions, customs, northerly winds or regions.

شمس shams (शम्स)–सूर्य, भास्कर. *(nm)*–the Sun.

شمس العلما shams-ul-ulmā (शम्स-उल-उलमा)–बड़े विद्वानों में सूर्य, विद्वान्, गुणी, ज्ञानी. *(nm)*–the Sun of the learned (a title confined on very learned people).

شمسہ shamsā (शम्सा)–रेशमी कपड़े में लिपटी तसबीह, माला का फुंदना. *(nm)*–picture wrought in silk, tassels affixed to a rosary.

شمسی shamsī (शम्सी)–सूर्य से सम्बन्धित. *(adj)*–solar.

شمشاد shamshād (शमशाद)–एक लम्बा खूबसूरत वृक्ष, लम्बे कद की सुन्दर युवती, खूबसूरत प्रेमिका. *(nm)*–a tall and upright tree, the graceful figure of a beloved.

شمشیر shamshīr (शमशीर)–तलवार. *(nf)*–a sword.

شمشیر باز shamshīr bāz (शमशीर बाज़)–तलवार चलाने वाला, तलवार बाज़. *(nm)*–a sword player, a gladiator.

شمشیر بازی shamshīr bāzī (शमशीर बाज़ी)–तलवार चलाने की कला. *(nf)*–a sword-play.

شمشیرزن shamshīrzan (शमशीरज़न)–तलवार चलाने वाला. *(nm)*– a swords-man.

شمشیرزنی shamshīrzanī (शमशीरज़नी)–तलवारबाज़ी. *(nf)*– swords-manship, use of the sword.

شمع shamā (शमा)–दीया, लैम्प, मोमबत्ती. *(nm)*–a lamp, a candle.

شمع دان shamādān (शमादान)–शमा रखने की जगह, वह बरतन जिसमें शमा रखी जाए. *(nm)*–a candle-holder.

شملہ shamlā (शमला)–पगड़ी का अन्तिम सिरा जिसका फुंदना बना कर ऊपर रखा जाता है, एक छोटे आकार का शाल जिसे सिर या कमर के गिर्द लपेटा जाता है. *(nm)*–the end of a turban or kamarband tucked in the folds, a narrow kind of shawlfor tying round the waist or the head.

شمول shumūl (शुमूल)–शामिल, मिला हुआ, सम्मिलित. *(nm)*–the whole contents, inclusion. *(adj)*–comprehending, containing, surrounding on all sides, including.

شمہ shamah (शमः)–गन्ध, बू, कण, बहुत छोटा टुकड़ा, अणु, आदत, स्वभाव, चलन. *(nm)*–smell, odour, a particle, a little, an atom, habit, custom.

شمہ بھر shamah bhar (शमः भर)–थोड़ा सा, बहुत थोड़ा. *(nm)*–a little, very little.

شمیم shamīm (शमीम)–सुगन्ध, खुशबू, सैंट, इत्र. *(nm)*– odour, smelling, scent.

شناخت shinākht (शिनाख़्त)–पहचान, वाकफियत, जानकारी. *(nf)*–recognition, identification, understanding, knowledge.

شناخت کرنا shinākht karnā (शिनाख़्त करना)–पहचान करना, जानकारी लेना, वाक़िफ होना. *(v)*–to recognise, to identify, to know, to become acquainted with.

شناس shināsā (शिनासा)–जानकार, वाकिफ, निपुण. *(adj)*– intelligent, knowing. *(nm)*–one who knows.

شناسائی shināsāī (शिनासाई)–जानकारी, ज्ञान,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाकफियत.*(nf)*–acquaintance, knowledge.

شناور **shināvar (शिनावर)**–तैराक, पानी में तैरने वाला. *(nm)*–a swimmer.

شناوری **shināvarī (शिनावरी)**–तैरने का काम, तैराकी. *(nf)*– swimming.

شنبہ **shambah (शंबः)**–सप्ताह का एक दिन, शनिवार. *(nm)*– Saturday.

شنگرف **shangraf (शंगरफ़)**–लाल सिंदूर. *(nm)*– red sulphate of mercury, cinnabar, vermilion.

شنگ **shang (शंग)**–चालाक, चतुर, खूबसूरत, होशियार, शोख, तेज़, चोर, डाकू, लुटेरा. *(adj)*– amorously playful, pretty, jocular, jolly, beautiful, handsome, elegant and sweet in manners. *(nm)*–a thief, a robber, a knave.

شنگرفی **shangrafī (शंगरफ़ी)**–शंगरफ़ के रंग का, शंगरफ से सम्बन्धित, शंगरफ के गुणों वाला, लाल रंग का. *(adj)*–of vermilion colour, of red colour.

شنوائی **shinvāī (शिनवाई)**–सुनना, ध्यान देना, आकर्षित होना. *(nf)*–hearing, attending, paying attention to.

شنوائی ہونا **shinvāī honā (शिनवाई होना)**–बात को सुना जाना, बात पर ध्यान दिया जाना. *(v)*–to obtain a hearing, to be attended to, to be considered.

شنید **shanīd (शनीद)**–सुनने की क्रिया. *(nf)*–act of hearing.

شنیدنی **shanīdanī (शनीदनी)**–सुनने योग्य, सुनने में समर्थ. *(adj)*–fit for hearing, worthy of hearing.

شنیدہ **shanīdā (शनीदा)**–सुनी हुई बात, सुनी सुनाई, अफवाह. *(adj)*–heard. *(nm)*–that which is heard, a rumour.

شنیع/شنیعہ **shanīa/shanīā (शनीअ/शनीआ)**– अपमानजनक, घटिया, बेहूदा, ठेस पहुँचाने वाली, दिल दुखाने वाली. *(adj)*–disgraceful, shocking, evil, base, bad.

شو **shau (शौ)**–'शौहर' का संक्षिप्त रूप, पति, खाविंद, मालिक, स्वामी. *(nm)*–husband, master.

شوّال **shavvāl (शव्वाल)**–हिजरी सन् का दसवाँ महीना जिसकी पहली तारीख को ईद-उल-फितर मनाई जाती है. *(nm)*–the tenth month of the Hijri year on the first day of which *'Id-ul-Fitr'* is celebrated.

شوالہ **shivāla (शिवाला)**–शिव का मंदिर, या शिव का स्थान. *(nm)*–a temple or shrine dedicated to *Shiva*.

شواہد **shavāhid (शवाहिद)**–'शाहिद' का बहुवचन. गवाह, मौजूद व्यक्ति, घटना को देखने वाला. *(nm)*–plural of شاہد *shahid*, witnesses, instances, proofs.

شوبھا **shobhā (शोभा)**–सौंदर्य, सजावट, रोशनी, चमक, आभा. *(nf)*–radiance, elegance, lustre, beauty, comliness, decoration.

شوخ **shokh (शोख)**–चमकीला, तेज़-तर्रार, बेबाक, निडर, शरारती, चटकीला, रंगीला, हँसी मज़ाक करने वाला, चुलबुला. *(nm)*–bright, fast (colour), sprightly, bold, mischievous, shameless, wanton, humrous, daring.

شوخ چشم **shokh cashm (शोख चश्म)**–चमकीली आँखों वाला, शरारती आँखों वाला, दिल-लगी करने वाला, आँखें मटकाने वाला. *(adj)*–impudent, mischievous, bold, wanton-eyed.

شوخ چشمی **shokh cashmī (शोख चश्मी)**–आँखों की शरारत, आँखों की शोखी, आँखों की तेज़ी, चुलबुलापन. *(nf)*– wantonness, impudence.

شوخ مزاج **shokh mizāj (शोख मिज़ाज)**– चुलबुला, तेज़-तर्रार, मनमौजी, मस्त, तफरीहबाज़. *(adj)*–of gay disposition, bold, daring.

شوخ وسنگ **shokh-o sang (शोख-ओ संग)**– तेज़-तर्रार, चालाक, चतुर, होशियार, चुलबुला, दिलतगी करने वाला, रंगीला. *(adj)*– gay and playful, pert, saucy, wanton.

شوخی **shokhī (शोखी)**–दिल-लगी, शरारत, हँसी-मज़ाक़, चुलबुलापन, रंगीलापन, रंग की तेज़ी, चटक. *(nm)*–mischief, playfulness, boldness, sauciness, forwardness, wantonness, fun, humour.

شُودر **shūdra (शूद्र)**–हिन्दुओं में एक छोटी जाति जिसके बारे में कहा गया है कि ऊँची जातियों की सेवा करना ही उसका काम है. इस जाति के लोगों को अछूत भी कहा जाता है. *(nm)*–the fourth and servile caste among the Hindus, a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

شور shor (शोर)

low caste, untouchables.

شور shor (शोर)–ऊँची और उत्तेजित आवाज में बात करना, ऊँचा बोलना, हंगामा, उपद्रव, हल्लागुल्ला, नमक वाला, नमकीन. *(nm)*– noise, outcry, tumult, disturbance, uproar, fervour, agitation. *(adj)*–salty, very bitter, brackish.

شورزمین shor zamīn (शोर ज़मीन)–ऐसी ज़मीन जिसमें नमक या शोरा मिला हुआ हो, धरती जो खेती के योग्य न हो. *(nf)*–saline soil, barren and uncultivable land.

شورشرابہ shor sharābā (शोर शराबा)–शोर, हंगामा, ऊँची आवाज़, उपद्रव. *(nm)*–noise, tumult, disturbance.

شور کرنا/مچانا shor karnā/macānā (शोर करना/मचाना)–हंगामा करना, ऊँची आवाज़ में बोलना, झगड़ा करना. *(v)*–to make a noise, to hoot, to kick up a row.

شور و شر shor-o shar (शोर-ओ शर)–शोरशराबा, हंगामा, उपद्रव, झगड़ा. *(nm)*– disturbance, tumult, clamour, uproar.

شورا shūrā (शूरा)–सलाह, मश्वरा, विचार-विमर्श, लोच, बहस, तर्क-वितर्क. *(nf)* convention, consultation, deliberation, argument.

شوربا shorbā (शोरबा)–पके हुए गोश्त का पानी, पतला सालन, सूप. *(nm)*–broth, soup.

شوربور shorbor (शोरबोर)–गीला, भीगा हुआ. *(adj)*–very wet, drenched.

شورش shaorish (शोरिश)–हंगामा, हल्ला गुल्ला, उपद्रव, झगड़ा. *(nf)*–commotion, tumult, confusion, insurrection, brackishness, saltiness.

شورا shorā (शोरा)–नमक की तरह का सफेद रंग का एक पदार्थ जो पानी को ठंडा रखता है और बररूद में इस्तेमाल होता है, नमकीन होता है, यदि धरती में मिला हो तो उसे खेती के अयोग्य बना देता है. *(nm)*–nitre, saltpetre.

شورپشت shorā pusht (शोरा पुश्त)–झगड़ालू, अशान्ति फैलाने वाला, फसादी, अक्खड़. *(adj)*–unruly, refractory, disturbing.

شوریدگی shorīdagī (शोरीदगी)–पागलपन, दीवानगी, जुनून, इश्क़, प्यार, मुहब्बत. *(nf)*–madness, craziness, love, passion.

شوریدہ shorīdā (शोरीदा)–पागल, दीवाना, जुनूनी, हैरान, परेशान, आशिक़, प्रेमी, चाहने वाला. *(adj)*– disturbed, dejected, mad, crazy, desperately in love.

شوریدہ سر shorīdā sar (शोरीदा सर)–पागल, दीवाना, जुनूनी, आशिक, बागी, विद्रोही. *(adj)*–mad, crazy, rebellious.

شوشہ shoshā (शोशा)–शगूफा, अनोखी बात, अनूठी बात, चकित कर देने वाली बात, कण, छोटा टुकड़ा, अणु, झगड़े की बात, शरारत. *(nm)*–something wonderful, surprising, astonishing, a small part, particle, piece, filth, rubbish, a chip, mischief.

شوشہ چھوڑنا shoshā choṛnā (शोशा छोड़ना)–कोई शरारत शुरू करना, कोई शैतानी करना, कोई हैरानी वाली बात करना, किसी को परेशान कर देना. *(v)*–to start mischief, to create trouble.

شوفر shofar (शोफ़र)–कार चलाने वाला, ड्राइवर, कारचालक. *(nm)*–a car driver.

شوق shauk (शौक़)–इच्छा, आरज़ू, तमन्ना, शुग़ल, काम, स्वाद, चाट, चस्का, उमंग, धुन, तरंग, लुत्फ, मुहब्बत. *(nm)*–taste, ardour, eagerness, zeal, fondness, desire, longing, love, pleasure, interest, curiosity.

شوق سے shauk se (शौक से)–खुशी से, चाह कर, मर्ज़ी से, दिल से, मन लगा कर. *(adv)*–with pleasure, with interest.

شوقین shaukīn (शौक़ीन)–कोई शौक रखने वाला, किसी चीज़ की इच्छा करने वाला, अच्छे कपड़े पहनने वाला, बनठन कर रहने वाला, जिसे अच्छा खाने पीने का शौक हो, छैला, रंगीला, सजीला, तमाशबीन, दिखावा करने वाला. *(adj)*–fond of, desirous, eager, enthused, devoted to, to be an up-to-date, to look attractive and charming.

شوقیہ shaukiyā (शौकिया)–शौक से, दिल से, दिल बहलाने के लिए, शौक पूरा करने के लिए. *(adv)*–lovingly, eagerly.

شوکت shaukat (शौकत)–शान, रौब, दबदबा, रुतबा, पदवी, मान-सम्मान, शक्ति, सामर्थ्य. *(nf)*–dignity, grandeur, magnificence, state, pomp, power, might.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

شوم shūm (शूम)–कंजूस, बदकिस्मत, छोटे दिलवाला. *(adj)*–unlucky, unfortunate, miser.

شومی shūmī (शूमी)–बदकिस्मती, मनहूसियत, बदहाली. *(nm)*–bad luck, avaric, stringiness.

شوہر shauhar (शौहर)–पति, खाविंद, मालिक, स्वामी, मर्द. *(nm)*–husband, master, lord, a man.

شہ shah (शह)–'शाह' का संक्षिप्त रूप. शतरंज के खेल में जब बादशाह चारों ओर से घिर जाता है तब 'शह' कहते हैं. शाही, महान्, बड़ा. *(nm)*–a king, check at chess. *(adj)*–royal, great, large.

شہ shah (शह)–बढ़ावा, प्रोत्साहन, सहायता. *(v)*–encouragement, incitement, support.

شہ باز shahbāz (शहबाज़)–बाज़ से भी बड़ा शिकारी जानवर. *(nm)*–large falcon.

شہ دینا shah denā (शह देना)–हौसला बढ़ाना, प्रोत्साहित करना, उकसाना, बरगलाना, बहकाना. *(v)*–to encourage, to incite, to support.

شہزادہ shahzādā (शहज़ादा)–बादशाह का बेटा, राजकुमार, लाडला बेटा. *(nm)*–a prince.

شہزادی shahzādī (शहज़ादी)–बादशाह की बेटी, राजकुमारी, लाडली बेटी. *(nf)*–a princess.

شہسوار shahasvār (शहसवार)–निपुण घुड़सवार. *(nm)*–an expert horse rider.

شہنائی shahnāī (शहनाई)–एक साज़ जिसे मुँह से बजाते हैं. *(nf)*–a musical instrument.

شہنشاہ shahanshāh (शहनशाह)–शाहों का शाह, राजाओं का राजा, सम्राट. *(nm)*–king of kings, emperor.

شہ نشین shahanshīn (शहनशीन)–बादशाह के बैठने की जगह, तख़्त. *(nf)*–king's seat, a throne.

شہاب shahāb (शहाब)–लाल रंग. *(nm)*–a red colour.

شہابی shahābī (शहाबी)–शहाब के गुणों वाला या शहाब के रंग का, लाल रंग का. *(nm)*–of or relating to *Shahab*, of red colour.

شہادت shahādat (शहादत)–कुर्बानी, गवाही. *(nf)*–sacrifice, martyrdom, witness, evidence.

شہادت دینا shahādat denā (शहादत देना)–कुर्बानी देना, गवाही देना. *(v)*–to sacrifice oneself, to be witness in a dispute.

شہادت کی انگلی shahādat kī unglī (शहादत की उँगली)–दाहिने हाथ के अँगूठे के साथ वाली उँगली. *(nf)*–next to the thumb of right hand.

شہامت shahāmat (शहामत)–बहादुरी, जवाँमर्दी, दिलेरी, महानता, श्रेष्ठता. *(nf)*– bravery, generosity, stoutness of heart, heroism, prowess, agility, courage, greatness, power.

شہانہ shahānā (शहाना)–'शाहाना' का संक्षिप्त रूप. शादी का जोड़ा, एक प्रकार का शादी के अवसर पर गाया जाने वाला गीत. *(adj)*–wedding dress, marriage song.

شہانی چوڑیاں shahānī cūṛiyān (शहानी चूड़ियाँ)–दुलहन की चूड़ियाँ, क़ीमती चूड़ियाँ, लाल रंग की चूड़ियाँ. *(nm)*–bride's bangles, precious bangles, bangles of red colour.

شہد shahad (शहद)–एक मीठा तत्व जिसे शहद की मक्खियाँ फूलों से प्राप्त कर एक जगह इकट्ठा कर देती हैं, मीठी वस्तु, सुन्दर प्रेमिका. *(nm)*–honey, any thing very sweet, beloved.

شہد کی چھری shahad kī churī (शहद की छुरी)–मीठी छुरी, छिपा दुश्मन, दोस्त की शक्ल में दुश्मन, आस्तीन का साँप. *(nm)*–a foe in the guise of a friend.

شہد کی مکھی shahad kī makkhī (शहद की मक्खी)–वह मक्खी जो फूलों से शहद इकट्ठा करती है. *(nf)*–a bee.

شہد لگا کر چاٹنا shahad lagā kar cāṭnā (शहद लगा कर चाटना)–किसी चीज़ को अपने बहुत समीप रखना, किसी चीज़ को अपने से बिलकुल अलग न करना. *(v)*–to take great care in the preservation of something quite unimportant.

شہدا shuhadā (शुहदा)–बदमाश, लुच्चा, गुंडा, नीच, कमीना, नीयत का भूखा, ओछा. *(nm)*–a rake, a scoundrel, prodigal, a blackguard, a vagabond, debauchee.

شہداپن shuhadāpan (शुहदापन)–नीचता, कमीनापन, बदमाशी, ओछापन, गुंडागर्दी. *(nm)*–dissoluteness, debauchery.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

شہدا shuhdāa (शुहदाअ)

شہدا shuhdāa (शुहदाअ)–'शहीद' का बहुवचन; अपने आप की कुर्बानी देने वाले; देश, कौम या धर्म के लिए शहीद होने वाले. *(nm)*–the martyrs.

شہر shahar (शहर)–हिजरी सन् का एक महीना. *(nm)*– period of one month in Hijri year.

شہر shahar (शहर)–एक बड़ा कस्बा, नगर, जहाँ बहुत बड़ी संख्या में लोग रहते हों. *(nm)*–a city.

شہر آشوب shahar āshob (शहर आशोब)–जो शहर की शान्ति भंग करता हो. *(nm)*–one who disturbs the peace of a city.

شہر بسانا shahar basānā (शहर बसाना)–शहर की नींव रखना, शहर को आबाद करना. *(v)*–to found a city, to set up a town.

شہر بدر shahar badra (शहर बद्र)–शहर या देश से निकाला जाना, शहर में प्रवेश की अनुमति न होना. *(adj)*– banishment, expulsion from one's city or country.

شہر پناہ shahar panāh (शहर पनाह)–शहर की सुरक्षा की दीवार, शहर की चारदीवारी, शहर की किलेबंदी. *(nf)*–walls surrounding the city, fortification of a town, ramparts

شہر خموشاں shahar-e khamoshān (शहर-ए खमोशाँ)–कब्रिस्तान, मुर्दों को दफनाने की जगह, कब्रगाह, गोरस्तान. *(nm)*–a cemetery.

شہریار shaharyār (शहरयार)–राजा, राजकुमार, शासक. *(nm)*–a prince, a king, a ruler.

شہرت shohrat (शोहरत)–मशहूरी, ख्याति, नेकनामी, प्रसिद्धि, चर्चा. *(nf)*–renown, fame, celebrity report.

شہرت پیدا کرنا shohrat paidā karnā (शोहरत पैदा करना)–प्रसिद्ध हो जाना, अपने लिए मान-सम्मान अर्जित करना. *(v)*–to become famous, to build up a reputation.

شہرہ shuhrā (शुहरा)–प्रसिद्धि, मशहूरी, नेकनामी, मान-सम्मान. *(nm)*–fame, renown, reputation, divulging, publishing, report, rumour.

شہرہ آفاق shuhrā-e aphāk (शुहरा-ए अफाक़)–जिसकी प्रसिद्धि आकाश तक हो, जो सारे संसार में प्रसिद्ध हो. *(adj)*–known the world over, renowned, of world fame.

شہری shaharī (शहरी)–नागरिक, शहर में रहने वाला, शहर से सम्बन्धित. *(nm)*–a citizen, a townsman. *(adj)*–a townsman.

شہریت shahariyat (शहरियत)–शहरी नागरिकता, शहर के तौर तरीके, शहर का वातावरण, अच्छा चालचलन, अच्छा व्यवहार. *(nf)*–civics, polished manners, good manners of city people, civility, citizenship.

شہلا shahalā (शहला)–कालिमा लिए हुए भूरी आँखों वाली औरत, नरगिस के फूल की एक किस्म. *(nf)*–a woman having dark grey eyes, a kind of *Nargis* flower plant.

شہنائی shahnāī (शहनाई)–संगीत का एक साज़, बांसुरी की तरह का एक बाजा जो मुँह से बजाया जाता है. *(nm)*– a kind of musical pipe, a flute.

شہوار shahvār (शहवार)–बादशाह के योग्य, बहुमूल्य मोती. *(nm)*–suitable for a king, a precious pearl.

شہوانی shahvānī (शहवानी)–यौन सम्बन्धी. *(adj)*– sexual, carnal.

شہوت shahvat (शहवत)–इच्छा, चाहत, यौनसुख की इच्छा, सम्भोग की कामना. *(nf)*–sexuality, lust, desire, lechery.

شہوت انگیز shahvat angez (शहवत अंगेज़)– यौन-इच्छा को उभारने वाला. *(adj)*–lust, enciting, provocative of sexual desires.

شہوت پرست shahvatparast (शहवतपरस्त)– ऐयाश, मौज-मस्ती करने वाला, सम्भोग की इच्छा रखने वाला. *(adj)*– sexualist, desirous of satisfying lust, a rake, a lascivous person.

شہوت پرستی shahvat-parastī (शहवत-परस्ती)– यौन-इच्छा, सम्भोग की इच्छा. *(nf)*–sexuality, lustfulness.

شہود shuhūd (शुहूद)–'शाहिद' की जमा. मौजूद, उपस्थित, हाज़िर, गवाह. *(nm)*–the being present, witnesses, evidences. *(adj)*– present.

شہید shahīd (शहीद)–देश, कौम या धर्म के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाला. *(nm)*–a martyr.

شے shai (शै)–चीज़, वस्तु. *(nf)*–a thing, an

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

object, an article, a matter.

شیاطین shayātīn (शयातीन)–'शैतान' का बहुवचन. बुरा आदमी, अच्छे रास्ते से भटकाने वाला. *(nm)*–plural of شیطان *shaitān*, demons, devils.

شیام shyām (श्याम)–सांवला, हलका काला, गहरा नीला. *(adj)*–black, dark blue.

شیب shaib (शैब)–बालों की सफेदी, बुढ़ापा. *(nm)*–greyness, senility, old age.

شیخ shekh (शेख)–बूढ़ा आदमी, बुज़ुर्ग, धार्मिक मामलों में निपुण, किसी कबीले का मुखिया, मुसलमानों में एक जाति, अपनी जाति या इलाके का सरदार. *(nm)*–an old man, a chief of a tribe or of a village, a caste in Muslims.

شیخ چلی shekh cillī (शेख चिल्ली)–एक जोकर, लोगों को हँसाने वाला, बेवकूफ, मूर्ख, दिन में सपने देखने वाला. *(nm)*–a traditionary lester, a fool, a rouge.

شیخانی shekhānī (शेखानी)–शेख कबीले की स्त्री, शेख की पत्नी, *(nf)*–a woman belonging to *shaikh* family, the wife of a *shaikh*.

شیخی shekhī (शेखी)–बड़ हाँकना, गप्प मारना, अपनी प्रशंसा करना. *(nf)*–boasting, bragging.

شیخی باز shekhībāz (शेखीबाज़)–शेखी मारने वाला, बड़ हाँकने वाला, गप्प मारने वाला. *(nm)*–a boaster, braggart.

شیخی بگھارنا/مارنا shekhī baghārnā/mārnā (शेखी बघारना/मारना)–गप्प मारना, बात को बढ़ा चढ़ा कर कहना, अपनी प्रशंसा आप करना. *(v)*–to boast, to brag.

شیخی نکالنا shekhī nikālnā (शेखी निकालना)–किसी को उसकी औकात बताना, शेखी का पर्दा फाश करना. *(v)*–to have one's pride humbled.

شیدا shaidā (शैदा)–जो किसी के प्यार में पागल हो गया हो, जो किसी से बहुत ज्यादा प्यार करता हो, प्रेमी, दीवाना, जुनूनी. *(adj)*–maddened with love, deeply in love. *(nm)*–a lover, a madman, a crazy.

شیر sher (शेर)–एक जंगली जानवर, जंगल का सब से ज्यादा क्रूर व शक्तिशाली जानवर, बहादुर आदमी. *(nm)*–a tiger, a lion, a brave man.

شیر ببر sher babbar (शेर बब्बर)–बड़ा शेर, भयानक शेर, अति क्रूर एवं हिंसक जानवर. *(nm)*–a lion, very brave man.

شیر قالین sher-e kālīn (शेर-ए क़ालीन)–क़ालीन का शेर, कागज़ी शेर, दिखावे का बहादुर, शेखीबाज़. *(nm)*–a carpet lion, a figure head, a braggart.

شیر کی خالہ sher kī khālā (शेर की खाला)–बिल्ली. *(nf)*–a cat.

شیر مرد sher mard (शेर मर्द)–बहादुर आदमी, किसी से न डरने वाला, दबंग. *(nm)*–a brave man. *(adj)*– brave, valorous, overpowering.

شیر ہونا sher honā (शेर होना)–बहादुरी दिखाना, हिम्मत करना, किसी पर विजय प्राप्त करना. *(v)*–to over-come, to be powerful, to be encouraged.

شیر shīr (शीर)–दूध. *(nm)*–milk.

شیر پیما shīr paimā (शीर पैमा)–दूध की गुणवता को मापने वाला यंत्र, लेक्टोमीटर. *(nm)*–lactometer.

شیر خوار shīr khvār (शीर ख़्वार)–दूध पीने वाला, छोटा बच्चा, माँ के स्तन से दूध पीने वाला छोटा बच्चा. *(nm)*–a sucking, an infant, a baby.

شیر و شکر shīro shakar (शीरो शकर)–घुलमिल जाना, मित्रता, जान-पहचान, नज़दीकी सम्बन्ध, एक प्रकार का रेशमी कपड़ा, मिला जुला. *(nm)*–affection, friendship, close intimacy, a kind of silk cloth.

شیر و شکر ہونا shīro shakar honā (शीरो शकर होना)–गहरे मित्र होना, आपस में घुल मिल जाना. *(nm)*–to be intimate friends.

شیر گرم shīr garam (शीर गरम)–थोड़ा गरम. *(nm)*– lukewarm, milk warm.

شیر مال shīr māl (शीर माल)–आटे को दूध में गूंध कर बनाई गई रोटी. यह रोटी बड़ी पौष्टिक होती है. *(nm)*–a bread made with milk or kneaded with milk.

شیرازہ shīrāzā (शीराज़ा)–पुस्तक का पिछला भाग सीना, पुश्ता, संगठन, सभा, संस्था. *(nm)*–stitching the back of the book, an organisation, society, association.

شیرازہ بکھرنا shīrāzā bikharnā (शीराज़ा बिखरना)–अस्त-व्यस्त हो जाना, संगठन बिखर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाना. *(v)*–to be disorganised, to be mismanaged.

شیرازہ بندی shīrāzābandī (शीराज़ावंदी)–पुस्तक की जिल्द बाँधना, व्यवस्था करना, प्रबंध करना, संगठित करना, कोई योजना बनाना. *(v)*–binding a book, management, administration, organisation.

شیرنی shernī (शेरनी)–शेर की मादा, बहादुर एवं निडर औरत. *(nf)*–a lioness, a tigress, a brave woman.

شیرنی shīrnī (शीरनी)–मिठाई, मिठास, मीठापन, दूध, चीनी और चावलों को पका कर बनाया गया एक भोज्य पदार्थ. *(nm)*–sweet, sweetness; an eatable prepared by cooking rice with milk and sugar.

شیرہ shīrā (शीरा)–शरबत, मीठा रस, एक प्रकार की देसी शराब, पतला गुड़ जो तम्बाकू में डाला जाता है, राब. *(nm)*–syrup, juice, a kind of wine, essence, sap, treacle.

شیریں shīrīn (शीरीं)–मीठी, स्वादिष्ट, दिल खुश करने वाली. *(nm)*–sweet, pleasant, polite.

شیرینی shīrīnī (शीरीनी)–मिठाई, मिठास, मीठी चीज़. *(nf)*–sweetmeat, sweetness.

شیشم shīsham (शीशम)–एक प्रकार का पेड़ और उसकी लकड़ी, इस पेड़ की लकड़ी मकानों के दरवाज़े इत्यादि बनाने के काम आती है. *(nf)*–a kind of tree and its wood.

شیش محل shīsh-mahal (शीश-महल)–शीशे का बना महल, एक बड़ा घर जिस में बहुत शीशे लगे हों. *(nm)*–a glass house, a house adorned with glass, an appartment fitted with mirrors.

شیشہ shīshā (शीशा)–शीशे की बोतल, मुँह देखने का शीशा, दरवाज़े या खिड़की में लगा शीशा. *(nm)*–glass, bottle, looking glass, a glass pane.

شیشہ دکھانا shīshā dikhānā (शीशा दिखाना)–किसी को मुँह देखने का शीशा दिखाना, किसी को उसकी असलियत बताना, किसी को उसका प्रतिबिम्ब दिखाना. *(v)*–to show a looking glass.

شیشی shīshī (शीशी)–छोटी बोतल. *(nm)*–a small bottle.

شیطان shaitān (शैतान)–दैत्य, बुरे काम करने वाला, दूसरों को कष्ट देने वाला. *(nm)*–a satan, the devil, the demon.

شیطان کی آنت shaitān kī ānt (शैतान की आँत)–बहुत लम्बी चीज़, जिसका कोई अन्त न हो, बहुत लम्बा किस्सा. *(nf)*– any thing very long.

شیطان کی خالہ shaitān kī khālā (शैतान की खाला)–गड़बड़ फैलाने वाली औरत, उपद्रव करने वाली औरत. *(nf)*–a wicked woman.

شیطانی shaitānī (शैतानी)–शरारत, बदमाशी, शैतानी हरकत, दूसरों को परेशान करने की बात. *(adj)*– devilish, diabolical. *(nf)*–wickedness, mischief.

شیطانی حرکت shaitānī harkat (शैतानी हरकत)–मक्कारी, चालबाज़ी. *(nf)*–a diabolical act, wickedness.

شیعہ shīyā (शीया)–हज़रत अली के पैरोकार, हज़रत अली के शार्गिद. *(nm)*–followers of Hazrat Ali, a supporter, a companion.

شیفتگی shaiphtagī (शैफतगी)–प्यार, मुहब्बत, इश्क, मदहोशी, दीवानगी, जुनून. *(nf)*–love, affection, desire, madness, craziness.

شیفتہ shephtah (शेफतह)–प्रेमी, आशिक, पागल, दीवाना, जो किसी को दिलो जान से चाहता हो. *(adj)*– distracted with love, mad, crazy.

شیون shevan (शेवन)–दुःख, गम, अफसोस. *(nm)*– grief, lamenting, mourning.

شیوہ shevā (शेवा)–ढंग, तौर तरीका, आदत, काम-धंधा, व्यापार, कारोबार. *(nm)*–habit, manner, method, trade, business.

ص suād (सुआद)

ص suād (सुआद)–उर्दू वर्णमाला का बीसवाँ अक्षर. –20th letter of Urdu alphabet.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

صابر sābir (साबिर)–सब्र करने वाला, धैर्य धारण करने वाला. *(adj)*–patient, enduring.

صابن/صابون sābun/sābun (साबुन/साबून)–कपड़े धोने में या नहाने में काम आने वाला साबुन. *(nm)*–soap.

صابونی sābunī (साबुनी)–साबुन का या साबुन से सम्बन्धित, एक प्रकार की मिठाई. *(nm)*–of or relating to soap, mixed with soap. *(nf)*–a kind of sweetmeat.

صاحب sāhib (साहिब)–मालिक, स्वामी, शासक, सज्जन पुरुष, साथी, सहयोगी. *(nm)*–master, lord, ruler, a gentleman, a companion.

صاحبِ اختیار sāhib-e ikhtiyār (साहिब-ए इख़्तियार)–जिसके पास कोई अधिकार हों, उच्चाधिकारी. *(adj)*–one wested with authority or power.

صاحبِ اخلاق sāhib-e akhlāk (साहिब-ए अख़लाक़)–अच्छे स्वभाव वाला, अच्छी आदतों वाला, विनम्र, सज्जन. *(nm)*–well behaved, of good manners, polite, gentle.

صاحبِ اقبال sāhib-e ikbāl (साहिब-ए इक़बाल)–खुश किस्मत, सौभाग्यशाली, समृद्ध, ऊँचे रुतबेवाला. *(nm)*– fortunate, lucky, prosperous.

صاحبِ تاج و تخت sāhibe tājo takht (साहिबे ताजो तख़्त)–ताज व तख़्त का मालिक, बादशाह. *(nm)*–the king, possesser of the crown and throne.

صاحبِ تدبیر sāhibe tadbīr (साहिबे तदबीर)–युक्ति लड़ाने वाला आदमी, योजना बना कर काम करने वाला आदमी, चालाक, होश्यिार, निपुण. *(nm)*–a tactful and prudent man, a diplomatist, a politician. *(adj)*–wise, clever, well experienced.

صاحبِ تمیز sāhibe tamīz (साहिबे तमीज़)–सभ्य, कुशल, बुद्धिमान.*(adj)*–civilized, intelligent.

صاحبِ جائداد sāhibe jāydād (साहिबे जायदाद)–जायदाद का मालिक, समृद्ध, ज़मींदार. *(nm)*–a landlord, one who owns property.

صاحبِ جمال sāhibe jamāl (साहिबे जमाल)–सुन्दर युवक, आकर्षक एवं मनमोहक. *(nm)*–a handsome young-man, a beautiful young fellow.

صاحبِ حال و قال sāhibe hāl va kāl (साहिबे हाल व क़ाल)–बुद्धिमान, चालाक, होश्यिार, निपुण. *(adj)*–intelligent, well experienced, polite, well informed.

صاحبِ خانہ sāhibe khānā (साहिबे खाना)–घर का स्वामी, मेज़बान. *(nm)*–master of the house, host.

صاحبِ دل sāhibe dil (साहिबे दिल)–दिल वाला, अच्छे विचारों वाला, अच्छे स्वभाव वाला, अच्छे व्यवहार वाला. *(adj & nm)*–a pious man, good fellow.

صاحبِ ذوق sāhibe zauk (साहिबे ज़ौक़)–अच्छे शौक वाला, अच्छी रुचि वाला, अच्छे स्वभाव वाला. *(adj)*– endowed with taste, a man of good taste, an enthusiast.

صاحبِ زادہ sāhibe zādā (साहिबे ज़ादा)–अच्छे परिवार का पुत्र, अच्छे खानदान का युवक. *(nm)*–a young gentleman, son of a good family.

صاحبِ زبان sāhibe zabān (साहिबे ज़बान)–जिसका ज़बान और भाषा पर पूरा अधिकार हो. *(nm)*–a linguist.

صاحبِ صلامت sāhibe salāmat (साहिबे सलामत)–जान-पहचान, वाकफियत, मित्रता. *(nf)*–intimacy, acquaintance.

صاحبِ عدالت sāhibe adālat (साहिबे अदालत)–जज, न्यायाधीश, मैजिस्ट्रेट. *(nm)*–a magistrate.

صاحبِ عقل sāhibe akal (साहिबे अक्ल)–अक्ल वाला, बुद्धिमान, योग्य, निपुण. *(adj)*–intelligent, wise.

صاحبِ فراش sāhibe phrāsh (साहिबे फ़राश)–बिस्तर पर लेटने वाला, आराम करने वाला. *(adj)*–bed ridden.

صاحبِ قران sāhibe kirān (साहिबे क़िरान)–शुभ मुहूर्त में जन्मा, उस समय पैदा हुआ जब बुध और शुक्र ग्रह एक ही घर में हों. *(adj)*–of auspicious birth, born at a time when the Venus and the Mercury are in one sign.

صاحبِ قلم sāhibe kalam (साहिबे कलम)–लेखक, कवि, पत्रकार. *(nm)*–a writer, a poet, journalist.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

صاحبِ کتاب **sāhibe kitāb** (साहिबे किताब)–जिस पर ईश्वर कृपा करता है और जिसके द्वारा अपना पवित्र संदेश संसार में पहुँचाता है, ईश्वर का अवतार, ईश्वर का पैगम्बर. *(nm)*–one to whom God reveals a Book, an incarnation, a prophet.

صاحبِ کمال **sāhibe kamāl** (साहिबे कमाल)–कमाल का आदमी, जिसमें अनेक गुण हों, योग्य, सम्मानित, बुद्धिमान, माहिर, निपुण. *(adj)*–perfect, excellent, proficient, skilled, well experienced.

صاحبِ نظر **sāhibe nazar** (साहिबे नज़र)–तेज़ निगाह वाला, दूरदृष्टि वाला, बुद्धिमान, योग्य, धार्मिक विचारों वाला. *(adj)*–discerning, intelligent, pious.

صاحبان **sāhibān** (साहिबान)–'साहिब' का बहुवचन. सज्जन पुरुष, भद्र पुरुष, शरीफ लोग, सम्मानित लोग. *(nm)*–plural of صاحب *sahib*, nobles, masters, gentlemen.

صاحبہ **sāhibā** (साहिबा)–'साहिब' का स्त्रीलिंग, सम्मानित महिला, ऊँचे पद व प्रतिष्ठा वाली. *(nf)*–a lady, a woman of rank. *(adj)*–possessing, endowed with.

صادر **sādir** (सादिर)–लागू होने वाला, प्रभाव में आने वाला, अमल में आने वाला, जिसका आदेश दिया गया हो. *(adj)*–proceeding, going forth, going forth, issued, passed, produced, happened, arrived.

صادر کرنا **sādir karnā** (सादिर करना)–आदेश पारित करना, कोई आदेश लागू करना. *(v)*–to issue or to pass an order.

صادر ہونا **sādir honā** (सादिर होना)–जारी होना, लागू होना, प्रभावशाली होना, अमल में आना. *(v)*–to be issued, to be enacted, to be derived to happen, to proceed, to be produced.

صادق **sādik** (सादिक़)–सच्चा व्यक्ति, निष्ठावान, समर्पित, ईमानदार, वफादार, विश्वास करने योग्य. *(nm)*–true, sincere, faithful, a man of his word, just.

صادق آنا **sādik ānā** (सादिक़ आना)–सच कहना, सही कहना, अपने आप को योग्य सिद्ध करना. *(v)*–to come true, to suit, to fit.

صادق القول **sādik-ul-kaul** (सादिक़-उल-कौल)–अपने वचन का पक्का, अपना वायदा पूरा करने वाला, अपनी बात को निभाने वाला. *(adj)*–true to one's word.

صاد کرنا **sād karnā** (साद करना)–मंज़ूरी देना, स्वीकृति देना, सहमति जताना. *(v)*–to approve, to grant, to sanction.

صاعقہ **sāykā** (सायक़ा)–बिजली का चमकना, बादल का गरजना. *(nf)*–lightning, thunder-bolt.

صاف **sāf** (साफ़)–शुद्ध, स्पष्ट, निर्दोष, मासूम, चमकीला आकाश, सादा, साफ दिल, साफ नीयत, साफ लेन-देन, साफ लिखाई. *(adj)*–clean, pure, innocent, clear, bright sky, legible, frank, indisputable, plain, simple. *(adv)*–clearly, cleanly, entirely.

صاف باطن **sāf bātin** (साफ़ बातिन)–जिसका दिल साफ हो, जिसके दिल में कोई खोट न हो, निर्मल आत्मा. *(adj)*–having a clear conscience.

صاف چھوٹنا **sāph chūṭnā** (साफ छूटना)–दोष-मुक्त होना, सज़ा होने से बच जाना. *(v)*–to get clean off, to escape unpunished.

صاف دل **sāph dil** (साफ दिल)–खुले दिल वाला, जिसके दिल में कोई खोट न हो, जिसके दिल में कोई पाप न हो. *(adj)*–open hearted, candid, frank, pure-hearted.

صاف شفاف **sāph shaphāph** (साफ शफाफ)–जिसके आर-पार देखा जा सके, पारदर्शी, शीशे की तरह साफ. *(adj)*– transparent, brilliant, clear like a glass.

صاف صاف **sāph sāph** (साफ साफ)–स्पष्ट रूप से, साफ तौर पर, खुले दिल से. *(adv)*–plainly, flately, openly.

صاف صاف سُنانا **sāph sāph sunānā** (साफ साफ सुनाना)–किसी को बुरा भला कहना, गाली देना, अपशब्द कहना. *(v)*–to abuse, to admonish without reserve.

صاف صاف کہنا **sāph sāph kahnā** (साफ साफ कहना)–स्पष्ट कहना, किसी का लिहाज़ न करना, कड़वी बात कहना. *(v)*–to say frankly, to be straight-forward.

صاف کرنا **sāph karnā** (साफ करना)–शुद्ध करना, सफाई करना, सुधार करना, धोना, स्पष्ट करना. *(v)*– to clean, to purify, to wash, to

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

make clear, to make a fair copy.

صاف کر جانا sāph kar jānā (साफ कर जाना)–लूट लेना, झाड़ू फेर देना, बिलकुल खाली कर देना, सब कुछ चट कर जाना. *(v)*–to make a clean sweep, to ransack, to finish, to eat every thing up.

صاف نکل جانا sāph nikal jānā (साफ निकल जाना)–तेज़ी से भाग जाना, सज़ा से बच जाना, चकमा दे जाना, आँखों में धूल झोंकना. *(v)*–to get clean away, to get off scot free, to make off with all speed.

صافہ sāphā (साफा)–पगड़ी की तरह का लेकिन आकार में छोटा कपड़ा जो सिर पर लपेटा जाता है. *(nf)*–a cloth worn round the head, a small turban.

صافی sāphī (साफी)–सफाई करने वाली वस्तु, कोई तरल पदार्थ छानने के लिए कपड़ा, स्लेट साफ करने के लिए कपड़े का टुकड़ा, प्लेटें साफ करने वाला कपड़ा, डस्टर, झाड़न. *(nf)*–a cloth for straining liquid, a filter, a rag for wiping slates, a duster. *(adj)*–clear, pure.

صالح sālch (सालेह)–नेक, सदाचारी, ईमानदार, अच्छे चाल-चलन का. *(adj)*–virtuous, chaste, good, righteous, honest.

صامت sāmit (सामित)–चुप, खामोश, गूंगा, बेजान. *(nm)*– silent, mute, inanimate.

صانع sānī' (सानी')–कारीगर, बनाने वाला, पैदा करने वाला, ईश्वर. *(nm)*–a maker, an artificer, a craftsman, the creator, God.

صانع قدرت sānī' kudrat (सानी' कुदरत)–सारे संसार को बनाने वाला, स्रष्टा, ईश्वर. *(nm)*–the author of nature, God.

صائب sāib (साइब)–ठीक, ठीक काम करने वाला, ठीक दिशा में जाने वाला, पहुँचने वाला. *(nm)*–right, going straight to the point, well aimed.

صائب الرائے sāib-ur-rāy (साइब-उर-राय)–बुद्धिमान, होशियार, जिसका विचार सदा ठीक हो. *(adj)*–right thinking, having sound judgement.

صائم sāim (साइम)–जो खाने से परहेज़ करे, व्रत या रोज़ा रखे. *(nm)*–one who abstains from food, one who fasts, fasting.

صبا sabā (सबा)–सुबह की हवा, पूर्व से आने वाली हवा, वह हवा जो वसन्त ऋतु में चलती है. *(nf)*–a gentle breeze, an easterly breeze, a morning breeze.

صباح sabāh (सबाह)–सुबह, प्रातः, तड़का, सूर्योदय. *(n)*– morning, day-break, dawn.

صباحت sabāhat (सबाहत)–गोरापन, सौंदर्य आकर्षण, लावण्य. *(nf)*–beauty, comeliness, gracefulness.

صبح subah (सुबह)–प्रातः, सूर्योदय, तड़का, दिन का निकलना. *(nf)*–morning, day break.

صبح خیز subahkhez (सुबहखेज़)–सुबह जल्दी उठने वाला, पूजा पाठ करने वाला, इबादत करने वाला, नमाज़ पढ़ने वाला. *(adj)*–rising early in the morning. *(nm)*–an early riser, worshipper of God.

صبح دم subah dam (सुबह दम)–प्रातःकाल, दिन निकलते समय, सूर्योदय के समय. *(adv)*–early in the morning, at dawn.

صبح شام کرنا subah shām karnā (सुबह शाम करना)–बहानेबाज़ी करना, टालमटोल करना, किसी काम को करने से बचना. *(v)*–to put off from time to time, to evade, to dilly-dally.

صبح صادق subah sādik (सुबह सादिक़)–सुबह के समय, दिन निकलते समय, सूर्योदय के समय. *(nf)*–dawn of day.

صبح صبح subah subah (सुबह सुबह)–दिन निकलते ही, सुबह होते ही. *(adv)*–early in the morning.

صبح کا تارا subah kā tārā (सुबह का तारा)–प्रातःकाल के समय दिखने वाला तारा, शुक्र ग्रह. *(nm)*–the morning star, Venus.

صبح کاذب subah kāzib (सुबह काज़िब)–सुबह होने से पहले का हलका उजाला. *(nf)*–the time just before day break.

صبح و مسا subaho masā (सुबहो मसा)–प्रातः तथा शाम. *(nf)*– morning and evening.

صبر sabra (सब्र)–धैर्य, सन्तोष, बरदाश्त. *(nm)*–patience, endurance, suffering, submission.

صبر آنا sabra ānā (सब्र आना)–धैर्य होना, सन्तुष्ट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होना, अपने, दुःख-दर्द को भुलाना. *(v)*–to get over one's grief, to endure.

صبر کرنا sabra karnā (सब्र करना)–धैर्य रखना, सन्तुष्ट होना. *(v)*– to keep patience, to wait, to endure, to exercise self restraint.

صبوح sabūh (सबूह)–वह शराब जो सुबह को पी जाए. *(nf)*–wine drunk in the morning, wine left over for use in the morning, morning draught of wine.

صبوحی sabūhī (सबूही)–वह बोतल जिसमें शराब रखी रहती है, सुबह के समय पी जाने वाली शराब की मात्रा. *(nf)*–a bottle for holding wine, the morning draught of wine.

صبور sabūr (सबूर)–सब्र, गुनहगारों को क्षमा करने वाला, परमात्मा. *(adj)*–patience, who forgives sinners, God.

صبوری sabūrī (सबूरी)–सब्र, धैर्य, सन्तोष. *(nf)*–patience, forbearance.

صبی sabbī (सब्बी)–दूध पीता बच्चा. *(nm)*–an infant.

صبیح sabīh (सबीह)–गोरा, सुन्दर, आकर्षक. *(nm)*–handsome, beautiful.

صبیہ sabīa (सबीआ)–बेटी, लड़की, सुन्दर लड़की. *(nf)*–daughter, young girl, beautiful girl.

صحابت sahābat (सहाबत)–दोस्ती, मैत्री. *(nf)*–friendship, companionship.

صحابہ sahāba (सहाबा)–'साहिब' का बहुवचन. दोस्त, मित्र, पैगम्बर हज़रत मुहम्मद के दोस्त एवं साथी. *(nm)* – plural of صاحب *sāhib*, companions of the Holy Prophet.

صحابی sahābī (सहाबी)–पैगम्बर हज़रत मुहम्मद के साथियों में से एक. *(nm)*–one of the companions of the Holy Prophet.

صحاح sihāh (सिहाह)–'सही' का बहुवचन. ठीक, उचित. *(nf)*–plural of صحیح *sahih*, right, correct, justified.

صحاف sahāf (सहाफ़)–जिल्द बाँधने वाला, जिल्दसाज़. *(nm)*–binder, book binder.

صحافت sahāphat (सहाफत)–पत्र-पत्रिका में लेखन-कार्य, पत्रकारिता. *(nm)*–journalism.

صحافی sahāphī (सहाफी)–सहाफत का काम करने वाला, पत्र-पत्रिका में लेखन-कार्य करने वाला, पत्रकार. *(nm)*–journalist.

صحائف sahāiph (सहाइफ)–'सहीफा' का बहुवचन. रिसाले, पत्र-पत्रिकाएँ, पुस्तकें. *(nm)*–plural of صحیفہ *sahīfā*, periodicals, magazines, books.

صحبت suhbat (सुहबत)–मित्रता, दोस्ती, साथ, सम्भोग. *(nf)*– companionship, society, association, company, sexual intercourse, conversation, cohabitation.

صحبت اُٹھانا suhbat uṭhānā (सुहबत उठाना)–किसी की संगति में रहना, किसी का साथ प्राप्त करना. *(v)*–to be in one's company.

صحبت داری suhbatdārī (सुहबतदारी)–सम्भोग, दोस्ती, मैत्री, सहयोग. *(nf)*–keeping company with, associating, copulation, sexual intercourse.

صحبت کرنا suhbat karnā (सुहबत करना)–सम्भोग करना, दोस्ती करना, मित्रता करना, साथ निभाना. *(v)*–to keep company with, to cohabit, to copulate.

صحبت یافتہ suhbat yāphtā (सुहबत याफ्ता)–अच्छे लोगों की संगति में रहने वाला, अच्छे गुणों वाला, अच्छे स्वभाव वाला, अच्छे विचारों वाला. *(adj)*–trained in good society, well-bred.

صحبتی suhbatī (सुहबती)–सुहबत करने वाला, संगी-साथी, मित्र, दोस्त, साथ रहने वाला. *(nm)*–a friend, a companion.

صحت sehat (सेहत)–स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती, स्वस्थ शरीर. *(nf)*– health, soundness of body, sound health.

صحت بخش sehatbakhsh (सेहतबख्श)–स्वास्थ्य देने वाला, सेहत बनाने वाला. *(adj)*–health giving, healthy, sanatory.

صحت بخش مقام sehatbakhsh mukām (सेहतबख्श मुकाम)–ऐसी जगह जहाँ स्वास्थ्य ठीक हो, सेहत अच्छी रहे. *(nm)*–a health resort, a sanatorium.

صحت نامہ sehatnāmā (सेहतनामा)–स्वास्थ्य के बारे में प्रमाणपत्र. *(nm)*–a certificate of health.

صحرا sahrā (सहरा)–रेगिस्तान, उजाड़ और वीरान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इलाका, खुला मैदान, जंगल. *(nm)*–a desert, a wilderness, a plain, a forest.

صحرائے اعظم **sahrāe āzam** (सहराए आज़म)–बड़ा रेगिस्तान, बहुत खुला मैदान, बहुत बड़ा जंगल. *(nm)*–the great desert.

صحرائے لق و دق **sahrāe lak-o dak** (सहराए लक़-ओ दक़)–जंगल, वन, बियाबान, जहाँ कोई आबादी न हो. *(nm)*–a lonely wilderness.

صحرانشیں **sahrā nashīn** (सहरा नशीं)–रेगिस्तान में रहने वाला, रेगिस्तान का वासी. *(nm)*–a hermit living in a desert, an inhabitant of desert.

صحرانورد **sahrā navard** (सहरा नवर्द)–रेगिस्तान में घूमने फिरने वाला. *(nm)*–a wanderer of the desert.

صحرائی **sahrāī** (सहराई)–रेगिस्तान का या रेगिस्तान से सम्बन्धित, उजड्ड, गंवार, असभ्य. *(adj)*–of the desert, wild, uncivilized.

صحن **sehan** (सेहन)–आँगन, खुला मैदान, क्षेत्र. *(nm)*–a courtyard, compound, an area, open space.

صحن چمن **sehane caman** (सेहने चमन)–बगीचा, घर के आँगन में छोटा बगीचा. *(nm)*–a lawn.

صحیح **sahīh** (सहीह)–ठीक, उचित, सम्पूर्ण, शुद्ध, साफ. *(nm)*– right, correct, acurate, perfect, genuine, just, pure, true, proper.

صحیح البدن **sahīh-ul-badan** (सहीह-उल-बदन)–स्वस्थ और सशक्त शरीर. *(adj)*–having a sound and healthy body.

صحیح العقل **sahīh-ul-akal** (सहीह-उल-अक्ल)–बुद्धिमान एवं होशियार. *(adj)*–of sound mind, of good intellect.

صحیح سلامت **sahīh salāmat** (सहीह सलामत)–सुरक्षित. *(adj)*–safe and sound.

صحیفہ **sahīphah** (सहीफः)–पुस्तक, पत्र-पत्रिका, पृष्ठ, पन्ना. *(nm)*–a book, a volume, a leaf, a page, a letter.

صحیفہ نگار **sahīphā nigār** (सहीफा निगार)–लेखक, पत्रकार. *(adj)*– writer, journalist.

صحیفہ نگاری **sahīphā nigārī** (सहीफा निगारी)–लेखन कार्य, पत्रकारिता. *(nf)*–writing work, journalism.

صد **sad** (सद)–शत, सैंकड़ा. *(adj)*–hundred, cent.

صد آفریں **sad āphrīn** (सद आफरीं)–शाबाश! बहुत अच्छा. *(intj)*–well done!

صد برگ **sadbarg** (सदबर्ग)–वह फूल जिस की बहुत-सी पंखुड़ियाँ हों, गेंदे का फूल. *(nm)*–a flower, marigold.

صد ہا **sad hā** (सद हा)–कई सैंकड़े. *(nm)*–a great many hundreds.

صدا **sadā** (सदा)–आवाज़, शोर. *(nf)*–sound, voice, noise.

صدا بصحرا **sadā basahara** (सदा बसहरा)–वीराने में किसी को आवाज़ लगाना, जंगल में किसी को पुकारना. *(nm)*–a cry in the wilderness.

صدا دینا **sadā denā** (सदा देना)–आवाज़ लगाना, किसी के पुकारने का जवाब देना. *(v)*–to call, to answer a call.

صدا کرنا یا لگانا **sadā karnā yā lagānā** (सदा करना या लगाना)–किसी को आवाज़ देना, किसी को पुकारना. *(v)*–to call out, to beg.

صدارت **sadārat** (सदारत)–अध्यक्षता, प्रधानगी. *(nf)*– presidentship, chairmanship, premiership.

صداقت **sadākat** (सदाकत)–सच्चाई, सच्चापन, वफादारी. *(nf)*–truth, sincerity, fidelity, friendship.

صدر **sadar** (सदर)–सीना, छाती, शरीर का सब से ऊँचा अंग, शहर का मुख्य बाज़ार, समाज या संगठन में सब से ऊँचा व्यक्ति, मुखिया, प्रधान, अध्यक्ष, पहला स्थान, मुख्यालय, सरकारी पद, सैनिक छावनी. *(nm)*–the breast, chest, bosom, the highest part, the highest person, chief, the first place or seat, headquarter, a military cant.

صدر اعظم **sadare āzam** (सदरे आज़म)–प्रधान, अध्यक्ष. *(nm)*–the premier, the president.

صدر بازار **sadar bāzār** (सदर बाज़ार)–शहर या छावनी का प्रमुख बाज़ार. *(nm)*–the main bazar of city or cantonment.

صدا مجلس **sadare majlis** (सदरे मजलिस)–सभा या संगठन का प्रधान/अध्यक्ष. *(nm)*–president, chairman.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

صدر مدرس sadar madrris (सदर मदर्रिस)–मुख्याध्यापक, हैड-मास्टर. *(nm)*–head-master.

صدر مقام sadar makām (सदर मक़ाम)–मुख्यालय, राजधानी. *(nm)*– a capital, head-quarters.

صدری sadarī (सदरी)–छाती से सम्बन्धित, जैकिट, छोटा कोट, कमर पर पहनने का कपड़ा. *(nf)*–a waistcoat, jacket. *(adj)*–relating to chest.

صدف sadaf (सदफ़)–सीप, जिस से मोती निकलता है. *(nf)*–a shell, the mother of pearl.

صدق sidak (सिदक़)–सन्तोष, ईमानदारी, वफादारी. *(nm)*– truth, sincerity, faithfulness, verocity.

صدق دل سے sidak dil se (सिदक़ दिल से)–ईमानदारी से, निष्ठापूर्वक. *(adv)*–sincerely, honestly.

صدقہ sadkā (सदका)–भेंट, दान, खैरात, नज़राना. *(nm)*–alms, sacrifice, gifts to the poor, favour, offerings.

صدقے جانا sadke jānā (सदके जाना)–किसी दूसरे के लिए अपनी जान कुर्बान कर देना, दूसरे के लिए स्वयं तकलीफ उठाना. *(v)*–to become a sacrifice for the welfare of another.

صدقے کرنا sadke karnā (सदके करना)–किसी दूसरे की खातिर अपनी कुर्बानी देना. *(v)*–to sacrifice for the welfare of others.

صدمہ sadmā (सदमा)–अचानक होने वाला कष्ट, चोट, मानसिक आघात, टक्कर, तकलीफ. *(nm)*–a shock, a blow, accident, calamity, adversity, a stroke of bad luck, suffering.

صدمہ اٹھانا sadmā uṭhānā (सदमा उठाना)–कष्ट या दुःख झेलना, दुर्घटना होना, अचानक कोई मुसीबत आना, गम का पहाड़ टूट पड़ना. *(v)*–to suffer a blow, to meet with misfortune, to experience a shock.

صدمہ پہنچانا sadmā pahuncānā (सदमा पहुँचाना)–किसी को दुःख या कष्ट देना, किसी को परेशान करना, किसी को मुसीबत में डालना. *(v)*–to give one a blow, to injure, to hurt, to give one a shock.

صدمہ جانکاہ sadmā jankāh (सदमा जानकाह)–जानलेवा सदमा, बहुत भयंकर कष्ट. *(nm)*–grievous injury, a terrible blow.

صدور sudūr (सुदूर)–'सदर' का बहुवचन'. प्रधान, अध्यक्ष. *(nm)*– plural of صدر *sadar*, presidents, chairmen.

صدی sadī (सदी)–शताब्दी, सौ वर्ष. *(nf)*–a century.

صدیق sidīk (सिदीक़)–सच्चा मित्र, वफादार साथी, ईमानदार सहयोगी. *(adj)*–just, true, sincere. *(nm)*–a sincere friend.

صدیق sadīk (सदीक़)–एक मित्र. *(nm)*–a friend.

صدیقہ sidīkah (सिदीकः)–एक सच्ची और निष्ठावान औरत. *(nf)*–a sincere and faithfull woman.

صر sarr (सर्र)–जाड़े का मौसम, ठंड, ठंडक. *(nf)*–cold, coldness, winter season.

صراح surāh (सुराह)–खुली बात चीत, खालिस चीज़. *(nf)*–open and frank talk, pure.

صراحت sarāhat (सराहत)–विस्तार से वर्णन, विवरण, स्पष्ट करना. *(nf)*–clearness, clarity, pureness, description, explanation.

صراحت کرنا sarāhat karnā (सराहत करना)–स्पष्ट करना, साफ करना, विस्तार से उल्लेख करना. *(v)*–to make clear, to specify.

صراحتاً sarāhatan (सराहतन)–सफ़ाई से, स्पष्टतया, खुलेपन से, छिपाव न रखते हुए. *(adv)*–clearly, plainly, expressly, openly.

صراحی surāhī (सुराही)–एक लम्बी गरदन वाला बरतन जिस में शराब रखी जाती है. *(nf)*–a goblet, a long necked flask.

صرات sirāt (सिरात)–पथ, रास्ता, सड़क. *(nf)*–road, way.

صراتِ مستقیم sirāte mustkīm (सिराते मुस्तक़ीम)–सीधा रास्ता, ठीक रास्ता, सोच समझ कर चुना गया रास्ता. *(nf)*–a direct road, the right way.

صراف sarāf (सराफ़)–सोने चाँदी के आभूषणों का व्यापार करने वाला, पैसे का लेन-देन करने वाला. *(nm)*–a jeweller, a banker, a money lender.

صرافہ sarāfā (सराफ़ा)–वह बाज़ार जहाँ सोने चाँदी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के आभूषणों की दुकानें हों, जहाँ रुपयों का लेन-देन होता हो. *(nm)*–jeweller's market, bank, exchange, money market.

صرافی **sarāphī** (सराफी)–सराफ का कारोबार, आभूषणों का व्यापार, रुपयों का लेन-देन, बैंकिंग. *(nf)*– jeweller's business, money changing, banking.

صرافی کرنا **sarāphī karnā** (सराफी करना)–आभूषणों का व्यापार करना रुपयों का लेन-देन करना. *(v)*–to carry on the business of a jeweller, to exchange the money.

صرصر **sarr sarr** (सर्र सर्र)–तेज़ ठंडी हवा के चलने की आवाज़. *(nm)*–a cold violent wind.

صرع **surā** (सुरा)–मृगी का रोग जिसमें आदमी बेहोश हो जाता है और उसके हाथ पैर अकड़ जाते हैं. *(nf)*– a disease epilepsy, the falling sickness.

صرف **saraph** (सरफ)–खर्च, लागत. *(nm)*–expenditure, cost.

صرف کرنا **saraph karnā** (सरफ करना)–खर्च करना, इस्तेमाल करना, प्रयोग में लाना. *(nm)*–to spend, to disburse, to consume.

صرف ہونا **saraph honā** (सरफ होना)–खर्च होना, समाप्त होना, इस्तेमाल हो जाना. *(v)*–to be consumed, to be spent, to be disbursed.

صرفہ **sarphā** (सरफा)–कंजूसी, गुंजाइश, बचत, लाभ, इस्तेमाल. *(nm)*–expense, economy, advantage, profit, utility, surplus.

صرفہ کرنا **sarphā karnā** (सरफा करना)–कंजूसी करना, गुंजाइश करना, बचत करना. *(v)*–to be thrifty, to economise.

صرف **sirph** (सिर्फ)–केवल, मात्र. *(adj & adv)*–only, mere, sheer, purely, unmixed.

صریح **sarīh** (सरीह)–साफ, स्पष्ट, प्रकट, ज़ाहिर. *(nm)*– apparent, clear, evident, manifest, great.

صریح انکار کرنا **sarīh inkār karnā** (सरीह इन्कार करना)–स्पष्ट इन्कार करना, दृढ़ता से इन्कार करना, मुँह पर जवाब देना. *(v)*–to refuse point blank.

صریحاً **sarīhan** (सरीहन)–साफ तौर पर, स्पष्ट रूप से, दृढ़ता से, *(adv)*–clearly, evidently, openly, plainly.

صریر **sarīr** (सरीर)–लिखते समय कलम की नोक से पैदा होने वाली आवाज़, दरवाज़े को खोलते या बंद करते समय आने वाली आवाज़. *(nf)*–the scratching sound made by a pen, the grating of a door.

صعب **saab** (सअब)–सख़्त, कठोर, कठिन, कष्टदायक. *(adj)*–hard, difficult, rough, troublesome, perverse.

صعوبت **suūbat** (सुऊबत)–कठिनाई, मुश्किल, सख़्ती, दिक्कत, तकलीफ़. *(nf)*–difficulty, trouble, distress, hardship.

صعود **saūd** (सऊद)–बुलंदी पर चढ़ना, ऊँचा उठना, हिसाब में किसी संख्या को गुणा करके उसके मूल्य को बढ़ाना. *(nm)*–ascent, accession, mounting, climbing, ascending, involution (algebra).

صغار **sigār** (सिग़ार)–'सग़ीर' का बहुवचन. युवा लोग, ऐसे व्यक्ति जिनका कोई विशेष महत्त्व न हो. *(nm)*– plural of صغیر *saghir*, the young one's, unimportant people.

صغار و کبار **sigāro kibār** (सिग़ारो किबार)–छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, महत्त्वपूर्ण व महत्त्वहीन लोग. *(nm)*–the small and the great, the poor and the rich, the important and the unimportant people.

صغر **sigar** (सिग़र)–छोटापन, छुटाई. *(nm)*–smallness, minuteness.

صغرسنی **sigar sanī** (सिग़र सनी)–छोटी आयु, बचपना. *(nf)*– tender age, minuteness.

صغریٰ **sugrā** (सुग़रा)–छोटी लड़की, सब से छोटी चीज़, कण, अणु. *(adj)*–less, least, smallest.

صغیر **sagīr** (सग़ीर)–छोटा, लघु, खुर्द. *(adj)*–small, slender, tender, minor.

صف **saf** (सफ़)–क़तार, पंक्ति, क्रम, रुतबा. *(nf)*–series, order, line, rank, row.

صف آرا **saph ārā** (सफ आरा)–युद्ध या मुकाबले के लिए तैयार, पंक्ति में खड़ा होने वाला. *(adj)*–arrayed, marshalled, drawn in a line.

صف بندی **saph bandī** (सफ बंदी)–युद्ध के लिए पंक्ति में तैयार, *(nf)*–array, battle array, parade, tactics.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

صف باندھنا saf bāndhnā (सफ़ बाँधना)–युद्ध के लिए तैयार होना पंक्ति में खड़े होना. *(v)*–to draw up in ranks.

صف بستہ saf bastah (सफ़ बस्तः)–एक पंक्ति में खड़े होना. *(adj)*–drawn up in a line or row.

صف جنگ saphe jang (सफे जंग)–युद्ध का मैदान, युद्ध-क्षेत्र. *(nf)*–the ranks of war, the field of battle.

صف درافگن safdar (सफ़दर)–दुश्मन की पंक्तियों को तोड़ने वाला, लड़ाकू योद्धा. *(nm)*–rank breaking, a violent warrior, one who breaks the enemy ranks.

صف ماتم saphe mātam (सफे मातम)–शोक मनाने वालों के लिए चटाई, एक चटाई जो शोक प्रकट करने वालों के लिए बिछाई जाती है. *(nf)*–a mat for the mourners, a carpet spread for mourners or condolers to sit on in mourning.

صاف safā (सफ़ा)–शुद्ध, साफ, स्पष्ट, पारदर्शी, चमकदार, चमकीला. *(nm)*–pure, clean, clear, brilliant, bright, polished.

صفاچٹ کرنا saphācat karnā (सफाचट करना)–दाढ़ी साफ करना, सब कुछ खा कर खाने की प्लेट साफ करना. *(v)*–to shave clean, to lick a plate perfectly clean, to eat every thing up.

صفات sifāt (सिफ़ात)–'सिफ़त' का बहुवचन. गुण, खूबियाँ, भलाइयाँ. *(nf)*–qualities, attributes.

صفائی saphāī (सफाई)–शुद्धि, पवित्रता, नाश, तोड़-फोड़. *(nf)*–purity, cleanliness, clearness, clearance, settlement, destruction.

صفائی کرنا saphāī karnā (सफाई करना)–साफ करना, शुद्ध करना, विवाद को समाप्त करना, समझौता करना, नष्ट करना. *(v)*–to purify, to cleanse, to settle matters, to effect a compromise, destruction.

صفت sifat (सिफ़त)–खूबी, गुण, उपलब्धि, आदत, स्वभाव, तौर-तरीका, ढंग. *(nf)*–quality, attribute, praise, manner.

صفحہ saphā (सफा)–पृष्ठ, पन्ना, कागज़ की एक ओर. *(nm)*– a page, one side of a leaf, face, surface.

صفحۂ ہستی saphā-e hastī (सफा-ए हस्ती)–संसार का सफा अर्थात धरती, दुनिया. *(nm)*–the leaf of existence, the face of the earth.

صفر saphar (सफर)–हिजरी सन् का दूसरा महीना. *(nm)*–the second month of the Hijri year.

صِفر siphar (सिफर)–शून्य, हिसाब में वह बिन्दु जो संख्या की दाईं ओर होने से उसके मूल्य को दस गुणा बढ़ा देता है. *(nm)*–a cypher, a zero, naught.

صفرا saphrā (सफरा)–पित्त, पीला. *(nm)*–bile, gall, yellow, pale, livid.

صفوف saphūph (सफूफ)–'संफ' का बहुवचन. पंक्तियाँ, चटाइयाँ. *(nf)*–lines, ranks, rows, mats.

صفی saphī (सफी)–पाक-साफ, पवित्र, शुद्ध, धार्मिक विचारों वाला. *(adj)*–pure, just, righteous.

صفیر safīr (सफ़ीर)–पक्षियों की आवाज़, पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मुँह से बजाई जाने वाली सीटी. *(nf)*–sound, whistling, hissing noise, blowing, singing of a bird.

صلا salā (सला)–पुकार, आवाज़, निमंत्रण, शत्रु की ललकार. *(nf)*–call, invitation, proclamation, challenge of a foe.

صلائے عام salāe ām (सलाए आम)–निमंत्रण, बुलावा, विरोधी की ओर से ललकार. *(nf)*–an open challenge or invitation.

صلابت salābat (सलाबत)–सख़्ती, मज़बूती, कठोरता, दृढ़ता, *(nf)*–firmness, hardness, rigour, majesty, dignity.

صلاح salāh (सलाह)–विचार-विमर्श, सोच-विचार, मंत्रणा. *(nf)*–consultation, advise, guidance.

صلاح دینا salāh denā (सलाह देना)–अपना मत व्यक्त करना, निर्देश देना, मार्गदर्शन करना, राह दिखाना. *(v)*–to advise, to counsel.

صلاح کار salāhkār (सलाहकार)–सलाह देने वाला, मार्गदर्शन करने वाला. *(nm)*–a counsellor, an adviser.

صلاح کرنا salāh karnā (सलाह करना)–विचार-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विमर्श करना, किसी का मत जानना, किसी से मार्गदर्शन प्राप्त करना. *(v)*–to consult, to take advice.

صلاح لینا salāh lenā (सलाह लेना)–विचार-विमर्श करना, मत जानना, निर्देश प्राप्त करना. *(nm)*–to take advice, to consult.

صلاح مشورہ salāh mashvarā (सलाह मशवरा)–विचार-विमर्श, तर्क-वितर्क, मंत्रणा. *(nm)*–mutual consultation.

صلاحیت salāhiyat (सलाहियत)–समझ, योग्यता, क्षमता, गुण, सामर्थ्य, पहुँच. *(nf)*–virtue, integrity, goodness, capacity, fitness, competence.

صلب salab (सलब)–फाँसी पर चढ़ाना, तंग करना, जलाना, कष्ट देना. *(nf)*–crusification, burning, teasing, vexing, fretting.

صلب sulab (सुलब)–पीठ की हड्डियाँ, कमर, रीढ़ की हड्डी, वंश, संतान, बच्चे. *(nm)*–spine, loins, the backbone, offspring, children.

صُلبی sulabī (सुलबी)–वंश से सम्बन्धित, बच्चों से सम्बन्धित. *(adj)*–descended or sprung from, legitimate.

صُلح sulah (सुलह)–समझौता, रज़ामंदी, सहमति, शान्ति, मैत्री. *(nf)*–peace, treaty, truce, concord, reconciliation, friendship.

صلح شکنی sulah shiknī (सुलह शिकनी)–शान्ति-भंग, वायदा खिलाफी. *(nf)*–breach of the peace.

صلح کرنا sulah karnā (सुलह करना)–*(v)*–to be reconciled, to make a truce.

صلح کُل sulah kul (सुलह कुल)–शान्ति पसंद करने वाला, अमन का पुजारी. *(adj)*–desirous of making friends with all, a peace loving person.

صلح نامہ sulah nāmā (सुलह नामा)–शान्ति का समझौता. *(nm)*–a treaty of peace, a compromise deed.

صلوات salvāt (सलवात)–बरकतें, रहमतें, गालियाँ, अपशब्द. *(nf)*–prayers, blessings, benedictions, abuses.

صلواتیں سُنانا salvāten sunānā (सलवातें सुनाना)–किसी को बुरा भला कहना, गालियाँ देना. *(v)*–to curse, to abuse.

صلہ silah (सिलह)–इनाम, बदला, भेंट, पुरस्कार, तोहफा. *(nm)*–a present, a gift, recompense, a reward.

صلیب salīb (सलीब)–क्रास जिस पर ईसा मसीह को लटका कर फाँसी दी गई थी. *(nf)*–a cross, a crucifix.

صم sum (सुम)–'असम' का बहुवचन, बहरे, जिन्हें सुनाई न दे. *(adj)*–deaf.

صمد samad (समद)–मालिक, स्वामी, भगवान, जो सब को देता है, सब को पालने वाला. *(nm)*–lord, master, the eternal, God. *(adj)*–eternal, high, perpetual.

صمدانی samdānī (समदानी)–दैवी, ईश्वरीय. *(adj)*–divine, eternal.

صمصام samsām (समसाम)–तेज़ तलवार. *(nf)*–a sharp sword.

صمغ samag (समग़)–गोंद, चिपकाने की वस्तु. *(nm)*–gum.

صمغ عربی samag arbī (समग़ अरबी)–अरबी गोंद जो कि दवाई में काम आती है. *(nm)*–Arabic gum, used in medicine.

صمیم samīm (समीम)–शुद्ध, खालिस, किसी चीज़ का महत्त्वपूर्ण हिस्सा, समर्पित, निष्ठावान. *(adj)*–pure, unmixed, sincere, origin, important part. *(nm)*–core, bottom.

صنادید sanādīd (सनादीद)–'संदीद' का बहुवचन. राजकुमार, शहज़ादे, प्रधान, मुखिया, सज्जन पुरुष, दुर्भाग्य, खतरे, भयानक घटनाएँ. *(nm)*–plural of صندید *sandīd*, princes, chiefs, noblemen, misfortunes, dangers, formidable events.

صناع sanā (सना)–बहुत बड़ा कारीगर, माहिर, अपने काम में निपुण. *(adj)*–very skilful or expert in workmanship. *(nm)*–a skilful artist.

صنائع sanā'a (सना'अ)–'सनाअत' का बहुवचन. माहिर कारीगर, कुशल काम करने वाले. *(adj)*–arts, artifices, miracles.

صندل sandal (संदल)–एक खुशबूदार लकड़ी. इसे चंदन भी कहते हैं, यह दो प्रकार की होती है लाल और सफेद. *(nm)*– sandal wood.

صندلی sandalī (संदली)–संदल की लकड़ा का बना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

صندوک sandūk (संदूक)

सूना, हिजड़ा, बैंच, कुर्सी, बैठने की सीट. *(adj)*–made of sandal wood, *(nm)*–an eunuch, *(nf)*–a bench, a seat, a chair.

صندوق sandūk (संदूक)–एक बक्स जिस में कपड़े और सामान इत्यादि रखा जाता है. *(nm)*–a box, a trunk, cabinet, chest, coffer.

صندوقچی sandūkacī (संदूकची)–छोटा संदूक जिसमें बहुमूल्य वस्तुएँ रखी जाती हैं. *(nf)*–a small box, a casket.

صنعت sanat (सनअत)–दस्तकारी, व्यापार, वस्तुएँ बनाने का काम, मशीनरी का काम. *(nf)*–art, trade, skill, industry, manufacturing, work of art, handicraft, fabrication.

صنعتگر sanatgar (सनअतगर)–सनअत का काम करने वाला, मशीनमैन, कारीगर, दस्तकार. *(nm)*–an artist, a mechanic, a craftsman, an artisan.

صنعتگری sanatgarī (सनअतगरी)–मशीनरी का काम, दस्तकारी, हाथ से किये जाने वाले काम. *(nf)*– manufacturing, mechanism, art, producing, great works of art, skill.

صناعتی sanatī (सनअती)–मशीनों द्वारा किये जाने वाले काम. *(nm)*–industrial.

صنف sinph (सिन्फ)–किस्म, प्रकार. *(nf)*–species, kind, sort.

صنف نازک sinf nāzuk (सिन्फ़ नाज़ुक)–महिलाएँ, औरतें. *(nf)*–fair sex, woman, lady.

صنم sanam (सनम)–बुत, मूर्ति, पुतली, प्रेमिका, महबूबा, दिलवर, बच्चों का एक खेल. *(nm)*–an idol, a mistress, a lover, a sweetheart, a game among children.

صنم خانہ sanam khānā (सनम खाना)–मदिंर जहाँ मूर्तियाँ रखी जाती हैं. *(nm)*–an idol temple.

صنوبر sanobar (सनोबर)–एक वृक्ष जिस पर फल लगते हैं. *(nm)*– a cone-bearing tree, pine tree.

صواب savāb (सवाब)–पुण्य, नेकी, नेक काम, धर्म का काम. *(nm)*–right saying or doing, right course, rectitude, a virtuous action, success.

صواب دید savāb dīd (सवाब दीद)–नेक सलाह, अच्छी सलाह, भलाई का काम, परमार्थ का काम. *(nm)*– good opinion, approval, advisability, expediency.

صوبجات sūbjāt (सूबजात)–'सूबा' का बहुवचन. राज्य, प्रदेश. *(nm)*–plural of صوبہ *subā*, provinces.

صوبہ sūbā (सूबा)–एक प्रदेश. *(nm)*–a province.

صوبہ دار sūbādār (सूबादार)–एक प्रदेश का शासक, सेना का एक अधिकारी. *(nm)*–the governor of a province, a military commissioned officer.

صوبہ داری sūbādārī (सूबादारी)–एक सूबा (प्रदेश) का शासन. *(nf)*–governorship of a province.

صوت saut (सौत)–आवाज़, ध्वनि, शोर, सहायता के लिए पुकार, निराशा में चीखना. *(nf)*–sound, voice, clamour, noise, calling for help, shout, shriek of distress.

کلی **kalī** (कली)–फूल की कली, बिन ब्याही छोटी उम्र की लड़की. *(nf)*–bud, an unmarried young girl.

کلیات **kullyāt** (कुल्लयात)–किसी कवि का संपूर्ण कवित्व कार्य. *(nm)*– the whole work of a poet.

کلیان **kalyāṇ** (कल्याण)–भला, उपकार, उद्धार, मुक्ति, छुट्टी. समाप्ति. *(nm)*– prosperity, welfare, success, end of life, death.

کلیجا **kalejā** (कलेजा)–हृदय, जिगर, मन, दिल. heart, liver of a human being, courage, spirit.

کلیجا بلیوں اچھلنا **kalejā baliyon uchalnā** (कलेजा बलियों उछलना)–बहुत खुश होना, प्रसन्नता महसूस करना. *(v)*–to be happy, to be glad.

کلیجہ بڑھ جانا **kalejā baṛ jānā** (कलेजा बढ़ जाना)–हिम्मत बढ़ जाना, हौसला होना, बहादुरी दिखाना. *(v)*–to be brave, to be courageous.

کلیجہ بیٹھ جانا **kalejā baiṭh jānā** (कलेजा बैठ जाना)–हौसला हार देना, हिम्मत हार देना, निराश हो जाना. *(v)*–to be depressed, to be disappointed, to lose spirits.

کلیجا پاش پاش ہونا **kalejā pāsh pāsh honā** (कलेजा पाश पाश होना)–दिल टूट जाना, मायूस हो जाना, निराश हो जाना. *(v)*–to be disappointed, the heart to be broken, to be discouraged.

کلیجہ پک جانا **kalejā pak jānā** (कलेजा पक जाना)–तंग आ जाना, किसी चीज़ से जी भर जाना. *(v)*–to be deeply grieved, to feel helpless, to be annoyed.

کلیجہ پکڑ کر رہ جانا **kalejā pakaṛ kar rah jānā** (कलेजा पकड़ कर रह जाना)–दिल मसोस कर रह जाना, बहुत दुःखी होना, बहुत निराश होना. *(v)*–to choke one's emotions.

کلیجہ پھٹنا **kalejā phaṭnā** (कलेजा फटना)–चकित रह जाना, हैरान हो जाना, दिल को धक्का लगना. *(v)*–to be shocked, to be surprised.

کلیجہ جلنا **kalejā jalnā** (कलेजा जलना)–किसी से ईर्ष्या होना, किसी से जलना, किसी के प्रति मन में डाह रखना. *(v)*–to suffer sorrow, to burn with envy, to be jealous.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

کلیجا دھک سے رہ جانا **kalejā dhak se rah jānā** (कलेजा धक से रह जाना)–चकित रह जाना, हैरान हो जाना, चौंक उठना. *(v)*–to be utterly surprised.

کلیجے سے لگانا **kaleje se lagānā** (कलेजे से लगाना)–किसी को बहुत प्यार करना, किसी को अपने सीने से लगाना. *(v)*–to hold very dear, to embrace.

کلیجی **kalejī** (कलेजी)–पशु का जिगर. *(nf)*–liver of an animal.

کلید **kalīd** (कलीद)–कुंजिका, कुंजी, चाबी. *(nf)*–key.

کلیسہ **kalīsā** (कलीसा)–चर्च, गिरजा. *(nm)*–church, cathedral.

کلیل **kulel** (कुलेल)–खेल, मनोरंजन.*(nf)*–sport, recrea- tion, friskiness.

کلیم **kalīm** (कलीम)–वक्ता. *(nm)*–speaker.

کلین **kulīn** (कुलीन)–उच्च वंश या कुल का. *(adj)*–aristocrat, noble.

کلیہ **kulliyā** (कुल्लिया)–व्यापक नियम. *(nm)*–a formula, a common law, general rule.

کم **kam** (कम)–अल्प, न्यून, थोड़ा. *(adj)*–little, less, deficient.

کم آزار **kam āzār** (कम आज़ार)–जिस से किसी को तकलीफ न हो, जो किसी को दुख न देता हो. *(adj)*–who is not troublesome.

کم اختلاط **kam ikhtilāt** (कम इख्तिलात)–जो मिलनसार न हो, जो जल्दी से दोस्त न बनाता हो. *(adj)*–not mixing with others, lacking intimacy.

کمبخت **kambakht** (कमबख़्त)–दुर्भाग्यशाली. *(adj)*–unlucky, unfortunate.

کم بختی **kambakhtī** (कमबख़्ती)–बुरा समय, दुर्भाग्य, बदनसीबी. *(nf)*– misfortune, adversity, ill-luck, calamity.

کمبختی آنا **kambakhtī ānā** (कमबख़्ती आना)–मुश्किल समय आना, भाग्य का साथ न देना, मुसीबतें गले पड़ना. *(v)*–facing unfavourable time, to find oneself in trouble.

کم بختی کا مارا **kambakhtī kā mārā** (कमबख़्ती का मारा)–बदनसीब, भाग्य जिस का साथ छोड़ जाए, समय जिसका साथ न दे.. *(adj)*–unfortunate person, facing odd time, having bad luck, unlucky.

کم بختی کے دن **kambakhtī ke din** (कमबख़्ती के दिन)–बुरा समय, बदनसीबी के दिन. *(nm)*–hard times, evil days, bad luck.

کم پایہ **kam pāyā** (कम पाया)–नीच, कमीना, घटिया, हीन स्तर का. *(adj)*–sub-standard, of low status, mean.

کم ذات **kamzāt** (कमज़ात)–नीच, बुरा. *(adj)*–vile, mean, bad man.

کم حوصلہ **kamhauslā** (कमहौसला)–अनुत्साही, कम हिम्मत वाला. *(adj)*–low-spirited, coward.

کم خرچ **kamkharc** (कमखर्च)–मितव्ययी, सोच-समझ कर खर्च करने वाला. *(adj)*–economical.

کم خرچ بالا نشین **kam kharc bālā nashīn** (कम खर्च वाला नशीन)–बढ़िया वस्तु जो कम दामों में मिल जाए, सस्ती एवं श्रेष्ठ वस्तु, कम मूल्य में मनपसन्द चीज़. *(prov)*–good quality at low price, cheap and the best.

کم خوابی **kamkhvābī** (कमख्वाबी)–नींद का कम आना, रातों को जागने की बीमारी, रात में बेचैन रहना. *(nf)*–sleepless, mild insomnia.

کمزور **kamzor** (कमज़ोर)–शक्तिहीन, असमर्थ, किसी काम के अयोग्य. *(adj)*–weak, feeble, powerless, incapable.

کمزوری **kamzorī** (कमज़ोरी)–दुर्बलता, असमर्थता, शक्तिहीनता. *(nf)*–weakness, feebleness, power- lessness, disability.

کمسن **kamsin** (कमसिन)–छोटी उम्र का, नाबालिग, युवक. *(adj)*–minor, of young age, under-age.

کم ظرف **kamzarf** (कमज़र्फ़)–घटिया विचारों वाला, बुरी आदतों वाला, लोगों को दुख देने वाला. *(adj)*–narrow minded, mean, sub-standard, of poor quality.

کم ظرفی **kam zarphī** (कम ज़र्फी)–घटियापन, नीचता, कमीनापन. *(nm)*– narrow-mindedness, meanness.

کم عقل **kam akl** (कम अक्ल)–अल्प-बुद्धि, बेवकूफ, मूर्ख, मूढ़, अज्ञानी. *(adj)*–foolish, stupid, ignorant silly.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

کم عقلی **kam aklī** (कम अक्ली)–अज्ञानता, बेवकूफी, मूर्खता. *(nf)*– foolishness, stupidity, ignorance.

کم گو **kamgo** (कमगो)–थोड़ा बोलने वाला, चुप रहने वाला, गम्भीर. *(adj)*–reserved, serious, one who does not speak much.

کمیاب **kamyāb** (कमयाब)–जो वस्तु थोड़ी मिलती हो, थोड़ी मात्रा में उपलब्धि. *(adj)*–rare, scarce.

کماد **kamād** (कमाद)–गन्ना. *(nm)*–sugarcane.

کمار **kumār** (कुमार)–लड़का, युवक, बेटा, शहज़ादा, राज्य का उत्तराधिकारी. *(nm)*–a son, a lad, a young- man, a prince.

کماری **kumārī** (कुमारी)–लड़की, बेटी, युवति, अविवाहित लड़की, शहज़ादी, राजा की बेटी. *(nf)*–a daughter, a maiden, a virgin, a princess.

کمال **kamāl** (कमाल)–चमत्कार, गुण, विशेषता, पूर्णता, पराकाष्ठा. *(nm)*– perfection, completion, conclusion, excellence, something wonderful, miracle.

کمال حاصل کرنا **kamāl hāsil karnā** (कमाल हासिल करना)–किसी काम में निपुणता प्राप्त करना, किसी काम या कला में सिद्ध-हस्त होना, किसी काम में माहिर होना. *(v)*–to attain perfection, to be skilled and expert.

کمال دکھانا **kamāl dikhānā** (कमाल दिखाना)–अपनी कला का हुनर दिखाना, कोई चमत्कार कर दिखाना, किसी असम्भव काम को सम्भव कर दिखाना. *(v)*–to show skill, to do miracle, to do some very difficult job.

کمال کو پہنچنا **kamāl ko pahuncnā** (कमाल को पहुँचना)–किसी काम या कला में सर्वश्रेष्ठ बनना, किसी काम में निपुण होना. *(v)*–to attain perfection, to be expert, to be skilled.

کمان **kamān** (कमान)–जिसमें रख कर तीर चलाया जाता है, धनुष, चाप. *(nf)*–a bow, an arch, a spring.

کمان افسر **kamān aphsar** (कमान अफसर)–आदेश देने वाला अधिकारी. *(nm)*–officer commanding.

کمانا **kamānā** (कमाना)–कमाई करना, प्राप्त करना, लाभ, उपलब्धि, चमड़े को साफ करना. *(v)*–to earn, to acquire, to get, to save, to accumulate, to clean or curry leather.

کمانڈر **kamāṇḍar** (कमांडर)–आदेश देने वाला अधिकारी, सेना का उच्च अधिकारी. *(nm)*–commander.

کمانڈر-اِن-چیف **kamāṇḍar-in-cīph** (कमांडर-इन-चीफ)–सेना का सर्वोच्च अधिकारी. *(nm)*–commander-in-chief.

کمانی **kamānī** (कमानी)–घड़ी का स्प्रिंग या किसी वाहन का स्प्रिंग. *(nm)*–spring of a watch or carriage etc.

بال کمانی **bālakmānī** (बालकमानी)–बहुत बारीक कमानी, ऐसी कमानी जो प्रायः घड़ियों में लगाई जाती है. *(nf)*–hair-spring.

کمائی **kamāī** (कमाई)–लाभ, प्राप्ति, उपलब्धि. *(nf)*– earnings, gain, profit, performance.

کماؤ **kamāū** (कमाऊ)–कमाई करने वाला, लाभ उठाने वाला, उपयोगी. *(adj)*–one who earns.

کمبل **kambal** (कम्बल)–सर्दियों में ओढ़ने का मोटा ऊनी कपड़ा. *(nm)*–a blanket.

کمبل پوش **kambalposh** (कम्बलपोश)–कम्बल ओढ़ने वाला, सादा जीवन व्यतीत करने वाला, एक फ़कीर का जीवन जीने वाला. *(nm)*–one who leads a very simple life, a dervish, an ascetic.

کمبھ **kumbh** (कुंभ)–ज्योतिश की बारह राशियों में से एक, घड़ा, घट, मिट्टी का बर्तन. *(nm)*–aquarius– one of the twelve zodiac signs, an earthen utencil.

کمبھ کا میلہ **kumbh kā melā** (कुंभ का मेला)–हिन्दुओं का एक धार्मिक मेला जो बारह वर्षों के बाद आता है और पवित्र नदियों के किनारे मनाया जाता है. *(nm)*–Hindu religious festival on the sacred rivers after every twelve years.

کمتی **kamtī** (कमती)–थुड़, कमी, न्यूनता, अपूर्णता. *(adj)*– little, less, scanty.

کمپاس **kampās** (कम्पास)–दिशा-सूचक यंत्र, एक ऐसा यंत्र जिसकी सुई सदा उत्तर की ओर संकेत करती रहती है. *(nf)*–a compass.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

کمپانا **kampānā** (कम्पाना)–कम्पा देना, हिला देना, झंझोड़ देना, डगमगा देना. *(v)*–to shake, to cause to tremble.

کمپاؤنڈ **kampāūnḍ** (कम्पाऊँड)–मकान के आगे का खुला मैदान, ऐसा मैदान जो चारों ओर दीवारों से घिरा हुआ हो. *(nm)*–compound, a court-yard.

کمپنی **kampanī** (कम्पनी)–कुछ लोगों का संगठन, कुछ लोगों का मिल कर काम करना, व्यापारिक फर्म, सेना की एक टुकड़ी. *(nm)*–company, a firm, a unit of army.

کمپنی بہادر **kampanī bahādur** (कम्पनी बहादुर)–अंग्रज़ों द्वारा स्थापित 'ईस्ट इंडिया कम्पनी' को इसी नाम से पुकारा जाता था. *(nf)*–East India Company.

کمتی **kamtī** (कमती)–कमी, अभाव, थोड़ा. *(adj)*–less, little, scanty, shortage, want, decrease.

کمتی بڑھتی **kamtī baṛtī** (कमती बढ़ती)–कम या ज्यादा, थोड़ा-बहुत. *(adj)*–more or less, shortfall or surplus.

کمر **kamar** (कमर)–कटि, कूल्हों से ऊपर और गरदन के नीचे का शरीर का भाग, पर्वत के बीच का हिस्सा. *(nm)*–the loins, the waist, girdle, zone, the middle of a mountain.

کمر باندھنا **kamar bāndhnā** (कमर बांधना)–लंगोटी कसना, किसी काम को करने के लिए तैयार होना. *(v)*–to resolve to do something, to be on the alert.

کمر بستر سے لگنا **kamar bistar se lagnā** (कमर बिस्तर से लगना)–बीमार होना, बिस्तर पकड़ लेना, अस्व कर चारपाई पर पड़ जाना. *(v)*–to be sick, to beunwell.

کمر بستہ ہونا **kamar bastah honā** (कमर बस्तह होना)–किसी काम को करने के लिए तैयार होना, कुछ करने के लिए कमर कसना. *(v)*–to be ready, to be well prepared.

کمر توڑنا **kamar toṛnā** (कमर तोड़ना)–असहाय बना देना, असमर्थ बना देना, नुक्सान पहुँचाना, किसी योग्य न छोड़ना, निराश करना, निरुत्साहित करना. *(v)*–to break the back of, to make helpless, to disappoint, to discourage.

کمر ٹوٹ جانا **kamar ṭūṭ jānā** (कमर टूट जाना)–आर्थिक हानि हो जाना, असहाय हो जाना, साधनहीन हो जाना, शक्तिहीन हो जाना. *(v)*–to suffer a heavy loss, to be helpless, to be disappointed, to lose spirit, to be discouraged.

کمر جھک جانا **kamar jhuk jānā** (कमर झुक जाना)–बूढ़ा हो जाना, कमज़ोर हो जाना, निराश हो जाना. *(v)*–to be old, to be aged, to be weak.

کمر سیدھی کرنا **kamar sīdhī karnā** (कमर सीधी करना)–विश्राम करना, लेट जाना. *(nm)*–to lie down, to rest, to relax.

کمر کس **kamar kas** (कमर कस)–एक मिश्रण जो कमर को मज़बूत करने के लिए दवाई के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है. *(nf)*–an indigenous medicine used to strenthen the body.

کمر کسنا **kamar kasnā** (कमर कसना)–किसी काम को करने के लिए तैयार होना, किसी काम को करने का निश्चय करना. *(v)*–to resolve to do something, to get ready for.

کمر کھولنا **kamar kholnā** (कमर खोलना)–अपने शरीर के वस्त्र ढीले करना, कमर की पेटी खोलना, विश्राम की स्थिति में होना. *(v)*–to take off the belt, to relax, to sit at ease.

کمرک **kamrak** (कमरक)–एक प्रकार का बारीक व बढ़िया कपड़ा. *(nm)*–a finen linen cloth, cambric.

کمرکھ **kamrakh** (कमरख)–एक खट्टा फल जो चाट बनाने में काम आता है. *(nm)*–the name of a sour fruit.

کمرہ **kamrā** (कमरा)–मकान का एक भाग, रहने की जगह, चार दीवारों और छत से बना एक स्थान. *(nm)*– an appartment, a room, a chamber, a part of a house.

کمری **kamarī** (कमरी)–कमर पर पहनने का वस्त्र, छोटा कोट, जैकिट. *(nm)*–a short jacket, waist-coat.

کمزور **kamzor** (कमज़ोर) क्षीण, दुर्बल. *(adj)*–weak, feeble.

کمزوری **kamzorī** (कमज़ोरी) दुर्बलता. *(nf)*–weakness.

کمسن **kamsin** (कमसिन) तरुण अवस्था, अल्पायु.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(adj)– young.

کمسنی **kamsinī** (कमसिनी) तरुण अवस्था. *(nf)*– youth.

کمشنر **kamishnar** (कमिश्नर)–प्रशासन का एक उच्चाधिकारी. *(nm)*–an administrative officer of senior rank.

کمشنری **kamishnarī** (कमिश्नरी)–प्रशासन के लिहाज़ से प्रदेश के भागों में से एक जिसका मुख्य अधिकारी कमिश्नर होता है. *(nf)*– administrative division of a state.

کم عقل **kam akl** (कम अक़्ल) मूर्ख, बुद्धिहीन. *(adj)*– stupid, foolish.

کمک **kumak** (कुमक)–सहायता, मदद, सहयोग. *(nf)*–aid, assistance, reinforcement, help.

کمک بھیجنا **kumak bhejnā** (कुमक भेजना)–मदद भेजना, सहायता करने, सहयोग देना. *(nm)*–to help, to send reinforcement.

کمل **kamal** (कमल)–एक फूल जो पानी में पैदा होता है, कंवल. *(nm)*–name of a flower, lotus.

کملا **kamlā** (कमला)–पागल, एक प्रकार का कीड़ा जो फलों में होता है, हिन्दुओं की धन की देवी लक्ष्मी का एक नाम. *(nm)*–a kind of worm, *(adj)*–mad, stupid, *(nf)*– name of a Hindu Goddess–Lakshmi, the goddess of wealth.

کملانا **kamlānā** (कमलाना)–मुरझाना. *(v)*–to wither, to be blighted.

کملی **kamlī** (कमली)–छोटा कम्बल, ऊनी चादर, पागल औरत. *(nf)*–a small blanket, a mad woman.

کمند **kamand** (कमंद)–रस्सियों से बनाई गई सीढ़ी जो प्रायः चोर इस्तेमाल करते हैं. *(nf)*–a kind of scaling ladder made of cord and chiefly used by thieves, a noose, a slip-knot, the ringlets.

کمند ڈالنا **kamand ḍālnā** (कमंद डालना)–किसी ऊँची जगह पर चढ़ने के लिए रस्सियों की सीढ़ी का प्रयोग करना. *(v)*–to throw up a scaling ladder.

کمنگر **kamnagar** (कमनगर)–कमानगर, कमान रखने वाला, तीर-कमान चलाने वाला, तीरंदाज़. *(nm)*–a bow-man, an archer.

کمہار **kumhār** (कुम्हार)–मिट्टी के बरतन बनाने वाला. *(nm)*–a potter.

کمہاری **kumhārī** (कुम्हारी)–कुम्हार की पत्नी. *(nf)*– wife of a *kumhār*.

کمی **kamī** (कमी)–न्यूनता, अधूरापन, थुड़, हानि, घाटा, छोटापन. *(nf)*–deficiency, loss, reduction, decrease, deficit, littleness, scarcity, fall of price.

کمی بیشی **kamī beshī** (कमी बेशी)–कमती बढ़ती, नफा-नुकसान, अस्थिरता. *(nf)*–decrease and increase, plus and minus, fluctuation, profit and loss up and down.

کمی نہ کرنا **kamī na karnā** (कमी न करना)–किसी काम को पूरा करने के लिए प्रयास में कमी न छोड़ना. *(v)*–to leave no stone unturned, to do hard, to perform 100 percent.

کمیت **kamiyat** (कमियत)–मात्रा, भार, संख्या. *(nf)*– quantity, number.

کمیٹی **kameṭī** (कमेटी)–जो संसथा शहर के रख-रखाव और स्वास्थ्य की देखभाल करती है, म्युनिसिपल कमेटी, नगर-पालिका. *(nf)*– municipal committee.

کمیٹی ڈالنا **kameṭī ḍālnā** (कमेटी डालना)–कुछ लोगों का मिल कर हर महीने कुछ रकम इकट्ठी करना और फिर पर्ची डाल कर उसका वितरण करना. *(v)*–to save through regular monthly deposits and repaid by drawing monthly lots.

کمیدن **kumīdan** (कुमीदन)–कमांडर. *(nm)*– commander.

کمیرا **kamerā** (कमेरा)–काम करने वाला, कर्मचारी, सहयोगी. *(nm)*–a workman, an assistant, a labourer, a hired worker.

کمیشن **kamishan** (कमिशन)–किसी के लिए किये गये काम का पारिश्रमिक. *(nm)*–commission, payment for a work done.

کمیشن ایجنٹ **kamishan ejent** (कमिशन एजेंट)–कमिशन पर काम करने वाला व्यक्ति. *(nm)*–commission agent.

کمیلہ **kamīlā** (कमीला)–पेट के कीड़ों को मारने की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दवाई, बूचड़खाना–जहां पशु काटे जाते हैं. *(nm)*–a drug, a slaughter house.

کمین **kamīn (कमीन)**–घात लगा कर किया गया हमला. *(nf)*–an ambush.

کمین گاہ **kamīngāh (कमीनगाह)**–घात लगाकर हमला करने के लिए छिपने की जगह. *(nf)*–an ambuscade, a lurking place, a place of ambush.

کمین میں بیٹھنا **kamīn main baiṭhnā (कमीन में बैठना)**–घात लगा कर हमला करने से पहले शत्रु की प्रतीक्षा में बैठना. *(v)*–to lie in ambush.

کمین **kamīn (कमीन)**–कमीना, नीच, घटिया सोचवाला. *(nm)*–mean, low-bred.

کمینہ **kamīnā (कमीना)**–नीच, धूर्त, छोटे विचारोंवाला, घटिया सोचवाला. *(adj)*–mean, ignoble, vulgar, wicked, low, base.

کمینہ پن/کمینگی **kamīnāpan/kamīnagī (कमीनापन/कमीनगी)**–नीचता, नीचपन, छोटी सोच. *(nm/f)*–meanness, wickedness.

کن **kan (कन)**–करने वाला, खोदने वाला जैसे चाहकन– कुआं खोदने वाला. *(adj)*–digging, digger (used in compos. as *chāhkan*–well digger).

کن **kan (कन)**–'कान' का संक्षिप्त रूप. किनारा. *(nm)*–side, corner, contraction of *kān*, ear.

کن انکھی **kan ankhī (कन अँखी)**–तिरछी नज़र, टेढ़ी नज़र, चोर नज़र. *(nf)*–a side glance.

کن پٹی **kanpaṭī (कनपटी)**–कान और माथे के बीच का स्थान. *(nf)*–temple, flat part of head between fore-head and the ear.

کن پھیڑ **kanpheṛ (कनफेड़)**–एक रोग कंठमाला जिसमें गले की ग्रंथि में सूजन आ जाती है. *(nm)*–a disease mumps.

کن ٹوپ **kanṭop (कनटोप)**–एक बड़ा टोप जो कानों को ढक ले. *(nm)*–a large cap covering the ears also.

کن چھدا **kan chidā (कन छिदा)**–जिसके कान छिदे हुए हों, जिसके कानों में छेद हों. *(adj)*–one whose ears are bored.

کن رس **kanras (कनरस)**–संगीत सुनने का शौक. *(nm)*–ear for music.

کن رسیا **kanrasiyā (कनरसिया)**–संगीत सुनने का शौकीन. *(adj)*–onr having an ear for music.

کن سلائی **kan-salāī (कन-सलाई)**–एक बहुत बारीक कीड़ा जो कान के रास्ते दिमाग़ में घुस जाता है. *(nf)*–a longish insect of the type of centipede which is supposed to get into the brain through ear.

کن سوئیاں لینا **kansūiyān lenā (कनसूइयां लेना)**–कान लगा कर किसी बात को सुनना. *(v)*–to overhear.

کن کھجورا **kankhajūrā (कनखजूरा)**–एक अनेक पांवों वाला रेंगने वाला ज़हरीला कीड़ा जो शरीर से चिपक जाता है. *(nm)*–a centipede.

کن کٹا **kankaṭā (कनकटा)**–जिसका कान कटा हुआ हो. *(adj)*–earless, lap-eared.

کنار **kinār (किनार)**–गोद, पहलू, तट, किनारा. *(nf)*– bosom, embrace, side, margin, edge, aside.

بوس و کنار **boso kinār (बोसो किनार)**–चूमना-चाटना, आलिंगन में भरना, सीने से लगाना, प्यार करना. *(nf)*– kissing and hugging, embracing.

در کنار کرنا **dar kinār karnā (दर किनार करना)**–किनारे करना, एक ओर करना, अलग करना. *(v)*–to put aside, to exclude.

کنارہ **kinārā (किनारा)**–तट, साहिल, छोर, अंत, अख़ीर. *(nm)*–side, margin, shore, bank (of a river), beach, border, coast, part, limit, boundary, edge.

کنارہ کرنا **kinārā karnā (किनारा करना)**–अलग हो जाना, दूर हो जाना, छोड़ देना, सम्बन्ध तोड़ लेना, बचना, त्याग देना. *(v)*–to keep aloof, to abstain, to retire, to refrain.

کنارہ کش ہونا **kinārā kash honā (किनारा कश होना)**–अलग होना, दूर हो जाना, हट जाना. *(v)*–to retire, to keep aloof, to withdraw (from).

کنارہ کشی **kinārā kashī (किनारा कशी)**–अलहदगी, विछोड़ा, जुदाई, सम्बन्ध विच्छेद. *(nf)*–withdrawal, with- drawing.

کنارے کنارے **kināre kināre (किनारे किनारे)**–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नदी के किनारे, किनारे के साथ-साथ. *(adv)*–by the side of, along the shore, along the bank side.

کنارے لگانا **kināre lagānā** (किनारे लगाना)–नाव को किनारे लगाना, किसी को मंज़िल तक पहुँचाना. *(v)*–to beach a boat, to bring to shore.

کنارے لگنا **kināre lagnā** (किनारे लगना)–मंज़िल तक पहुँच जाना, किसी काम का पूरा हो जाना. *(v)*–to put to shore, to come to an end.

کنارے ہو جانا **kināre ho jānā** (किनारे हो जाना)–एक तरफ हो जाना, सम्बन्ध तोड़ लेना. *(nv)*–to retire, to withdraw.

کناری **kinārī** (किनारी)–दुपट्टे पर लगाने वाली लेस, जो चमकीला गोटा दुपट्टे या चुन्नी पर लगाया जाता है. *(nf)*–lace, hem.

کنال **kanāl** (कनाल)–भूमि का माप, बीस मरले ज़मीन के बराबर. *(nm)*–land measure equivalent to 20 '*marlas*'.

کنایہ **kināyah** (किनायः)–संकेत, इशारा, मुद्रा. *(nm)*–a hint, an allusion, a metaphor, a nod, a sign.

کنایتاً **kanāyatan** (कनायतन)–इशारों से, अप्रत्यक्ष रूप से. *(adv)*–indirectly, allusively.

کنبہ **kunbā** (कुनबा)–परिवार, क़बीला. *(nm)*–family, tribe.

کنبہ پرور **kunbā parvar** (कुनबा परवर)–कुनबे को पालनेवाला, परिवार की देखभाल करनेवाला. *(adj)*–the supporter of a family.

کنبہ پروری **kunbā parvarī** (कुनबा परवरी)–अपने परिवार वालों के बारे में सोचना, अपने परिवार के हित की रक्षा करना, भाई-भतीजावाद. *(nf)*–nepotism, support of one's people.

کنٹر **kanṭar** (कंटर)–शीशे की बड़ी बोतल. *(nm)*–decanter, the large glass bottle.

کنٹھ **kanṭh** (कंठ)–गला, ग्रीवा. *(nm)*–the throat, wind-pipe.

کنٹھ مالا **kanṭhmālā** (कंठमाला)–गले का हार, नैकलेस, गले का एक रोग जिसमें गले की ग्रंथि में सूजन आ जाती है. *(nf)*–a kind of necklace, a disease scrofula.

کنٹھ نکلنا **kanṭh nikalnā** (कंठ निकलना)–युवा होने की अवस्था, गले की हड्डी का उभर आना. *(v)*–to attain the age of puberty.

کنٹھا **kanṭhā** (कंठा)–बड़े दानों वाली एक माला जो फ़कीर पहनते हैं, बड़े आकार का सोने या चाँदी का बना गले का हार. *(nm)*–a string of beads made of wood or seeds worn by *faqirs*, a necklace of large beads made of gold or silver, a pearl necklace.

کنٹھی **kanṭhī** (कंठी)–छोटा नैकलेस या गले में पहनने का हार, छोटी माला जो फ़कीर लोग गले में पहनतें हैं. *(nf)*–a small necklace, a string of small beads worn by *faqirs*.

کنج **kunj** (कुंज)–लताओं का झुरमट जिसमें मनुष्य छिप सकता है. *(nm)*–bower, grove, arbour.

کنج تنہائی **kunje tanhāī** (कुंजे तन्हाई)–बाग के एक तन्हा कोने में लताओं का बना कुंज. *(nm)*–a grove or bower in a lonely corner.

کنجا/کنجی **kanjā/kanjī** (कंजा/कंजी)–नीली आँखों वाला या वाली. *(adj)*–blue eyed man or woman.

کنجر **kanjar** (कंजर)–एक छोटी जाति के कबीले के लोग जो अपनी औरतों की वेश्या-वृत्ति की कमाई पर जीते हैं और घृणित जीवन व्यतीत करते हैं. *(nm)*–a class of gipsies who lead a low life, a class of people who live on prostitution of their women, are known as *kanjar*.

کنجری **kanjarī** (कंजरी)–कंजर की पत्नी, वेश्या, नाच-गाने से कमाई करने वाली लड़की, कंजरों के कबीले की नाचने-गाने वाली लड़की. *(nf)*–a kanjar's wife, a dancing girl, a prostitute.

کنجڑا **kunjaṛā** (कुंजड़ा)–सब्ज़ी बेचने वाला. *(nm)*–a grocer, a vegetable or fruit-seller, a green- grocer.

کنجشک **kunjshik** (कुंजशिक)–एक प्रकार की चिड़िया. *(nf)*–a sparrow.

کنجوس **kanjūs** (कंजूस)–सूम, तंगदिल, हर काम में बचत करनेवाला, थोड़ा खर्च करनेवाला. *(adj)*–a miser, a niggard.

کنجوس مکھی چوس **kanjūs makkhī cūs** (कंजूस मक्खी चूस)–अति सूम, अति बचत करनेवाला, कम खर्च करनेवाला. *(nm)*–a skin flint, a miser.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

کنجوسی **kanjūsī** (कंजूसी)–बचत करने का भाव, कम खर्च करने का स्वभाव. *(nf)*–miserliness, stringiness.

کنجی **kunjī** (कुंजी)–ताले की चाभी, समस्या का समाधान, किसी उलझन का हल. *(nf)*–a key, a solution of a problem.

کنچن **kancan** (कंचन)–सोना, एक खानाबदोश क़बीला जिसकी युवतियाँ प्रायः नाच-गाने का काम करती हैं. *(nm)*–gold, gipsy tribe whose females are generally dancers.

کنچن برسنا **kancan barasnā** (कंचन बरसना)–लाभ होना, धन मिलना, समृद्ध होना, समाज में मान-सम्मान मिलना. *(v)*–to get profit, to be prosperous, to be affluent, to be benefitted.

کنچنی **kancanī** (कंचनी)–खानाबदोश क़बीले की नाचने गाने वाली औरतें, वेश्या. *(nf)*–a dancing girl, a prostitute.

کند **kund** (कुंद)–जो तेज़ नहीं है, सुस्त, धीमा, निकम्मा. *(adj)*–blunt, slow, dull.

کند ذہن **kund zahan** (कुंद ज़हन)– जिसका मस्तिष्क तेज़ नहीं हो, जो कुछ सोच न सकता हो, मूर्ख, मूढ़. *(adj)*– dull headed, stupid, ignorant.

کندلا **kundalā** (कुंदला)–सोने की तार. *(nm)*–gold thread.

کندن **kundan** (कुंदन)–खरा सोना, शुद्ध, चमकीला, उत्तम, सर्वश्रेष्ठ. *(nm)*–pure gold, *(adj)*–bright, fine.

کندوری **kandūrī** (कंदूरी)–मेज़पोश, मेज़ पर बिछाने का कपड़ा. रोटया लपेटने का कपड़ा. *(nf)*–table-cloth, piece of cloth for wrapping loaves in, loaf wrapper.

کندہ **kundā** (कुंदा)–लकड़ी का बड़ा टुकड़ा. *(nm)*–log or block of wood.

کندے تولنا **kunde tolnā** (कुंदे तोलना)–अपने पर फड़फड़ाना, चलने की तैयारी करना. *(v)*–to flutter one's wings, to get ready to go.

کندہ/کندا **kundah/kundā** (कुंदह/कुंदा)–जिस पर कुछ खोदा गया हो, जिस पर कुछ नकाशी की गई हो. *(adj)*– engraved, carved.

کندہ کار **kundākār** (कुंदाकार)–धातु पर कुछ खोदने वाला, नकाशी करने वाला. *(nm)*–engraver, carver.

کندہ کرنا **kundā karnā** (कुंदा करना)– खोदना, नकाशी करना. *(v)*–to rngrave, to carve.

کندھا **kandhā** (कंधा)–वह भाग जो बाज़ू को शरीर से जोड़ता है. *(nm)*–the shoulder.

کندھا بدلنا **kandhā badalnā** (कंधा बदलना)–शव को लेजाते समय भार एक कंधे से दूसरे कंधे पर लेना. *(v)*–to change shoulder in carrying coffin.

کندھا پکڑ کے چلنا **kandhā pakaṛ ke calnā** (कंधा पकड़ के चलना)–किसी के कंधे का सहारा ले कर चलना, कमज़ोर हो जाना. *(v)*–to walk by leaning on someone's shpulder, to walk with another's help, to be very weak.

کندھا دینا **kandhā denā** (कंधा देना)–मुर्दे की अर्थी को कंधा देना. *(v)*–to carry a dead body.

کندھا ڈالنا **kandhā ḍālnā** (कंधा डालना)–हिम्मत हार देना, निराश होना, अपनी ज़िम्मेदारी से बच निकलना. *(v)*–to throw off the yoke, to lose spirit, to be discouraged.

کندھے چڑھانا **kandhe caṛānā** (कंधे चढ़ाना)–किसी की सफलता पर उसे अपने कंधों पर उठाना. *(v)*–to lift a champion or winner of a competition on shoulders.

کندھے لگانا **kandhe lagānā** (कन्धे लगाना)–किसी बच्चे को कन्धे लगा कर आराम देना. *(v)*–to carry baby with his head resting on one's shoulder.

کندھے ہلانا **kandhe hilānā** (कन्धे हिलाना)–कुछ पूछे जाने पर कन्धे हिला कर लापरवाही का भाव प्रकट करना. *(v)*–to shrug one's shoulders.

کندی کرنا **kundī karnā** (कुंदी करना)–कपड़े प्रैस (लोहा) करना, किसी की पिटाई करना. *(v)*–to calender, to beat, to thrash.

کندی گر **kundīgar** (कुंदीगर)–कपड़े प्रेस (लोहा) करने वाला. *(nm)*–one who launders expensive cloths, a laundry-man.

کنڈ **kuṇḍ** (कुंड)–पानी का पवित्र सरोवर या झरना, वह बरतन जिसमें आग जला कर हवन इत्यादि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धार्मिक रस्में की जाती हैं. *(nm)*–sacred spring or pool, fire-pit for hurrling ritual stuffin.

کنڈا **kunḍā** (कुंडा)–लोहे का एक छल्ला जिससे ज़ंजीर बंधी होती है. *(nm)*–the iron ring to which a chain is fastened.

کنڈل **kunḍal** (कुंडल)–कानों में पहना जाने वाला एक गोल आभूषण जो प्रायः योगी पहनते हैं, एक चक्र, सूर्य या चाँद के गिर्द एक गोल दायरा. *(nm)*–a large ear-ring (worn by योगी *jogi*) a circle, a coil, a halo round the sun or moon.

کنڈل مارنا **kunḍal mārnā** (कुंडल मारना)–कुंडली मारना, साँप का कुंडली मार कर बैठना, सूर्य और चाँद के गिर्द प्रकाश-मंडल का बनना. *(v)*–to coil, to form a coil, coiling up of a snake, formation of a halo round the sun or moon.

کنڈلی **kunḍalī** (कुंडली)–बालों की लहरदार लट, साँप का कुंडली मार कर बैठना, चाँद या सूर्य के चारों ओर नज़र आनेवाला प्रकाश-मंडल, टेवा या जन्म-पत्रिका. *(nf)*–a ringlet, a coil, a halo, horoscope, coiling of a snake.

کنڈلی بنانا **kunḍalī banānā** (कुंडली बनाना)–बालों का छल्ला बनाना, टेवा या जन्म-पत्रिका तैयार करना. *(nm)*–to curl, to make a horoscope.

کنڈی **kunḍī** (कुंडी)–दरवाज़ा बंद करने के लिए लगाई जानेवाली ज़ंज़ीर, सिटकनी. *(nm)*–an iron catch to fasten a door, a staple, a door-chain.

کنڈی لگانا **kunḍī lagānā** (कुंडी लगाना)–दरवाज़ा बंद करना. आने का रास्ता रोकना. *(v)*–to fasten the chain of a door.

کنڈی کھٹکھٹانا **kunḍī khaṭkhaṭānā** (कुंडी खटखटाना)–बंद दरवाज़े पर खटखट की आवाज़ करना, अन्दर आने की अनुमति माँगना. *(v)*–to knock at a door, to rattle the chain of a door, to strike for admittance.

کنستر **kanastar** (कनस्तर)–टीन या किसी अन्य धातु का बना बरतन जिसमें तेल या घी इत्यादि रखा जाता है. *(nm)*–a canister for storing liquids like oil or ghee.

کنک **kanak** (कनक)–सोना, गेहूँ. *(nm)*–gold, wheat.

کنکر **kankar** (कंकर)–छोटा पत्थर. *(nm)*–coarse lime-stone, gravel.

کنکری **kankarī** (कंकरी)–बहुत छोटा गोल पत्थर, संगमरमर का छोटा टुकड़ा. *(nm)*–a small round stone or marble, gravel, pebble, a small piece of stone.

کنکریلا **kankrīlā** (कंकरीला)– कंकरों वाला, पथरीला, पत्थरों वाला. *(adj)*–abounding in gravel, stony, gritty, gravelly.

کنکنا **kunkunā** (कुनकुना)–थोड़ा गरम (पानी). *(nm)*–luke-warm, slightly warm.

کنکوا **kankavā** (कनकवा)–कागज़ की बनी बड़ी पतंग जिसे बच्चे आकाश में उड़ाते हैं. *(nm)*–kite, paper-kite.

کنگ **king** (किंग)–राजा, बादशाह, नृप, शासक. *(nm)*–a king.

کنگال **kangāl** (कंगाल)–कंगला, दिवालिया, गरीब, निर्धन, धनहीन, असमर्थ, असहाय, जिसका कोई मित्र न हो. *(adj)*– poor, miserly, pauper, miserable, bankrupt, friendless.

کنگال کر دینا **kangāl kar denā** (कंगाल कर देना)–किसी का सब कुछ छीन लेना, गरीब बना देना. *(v)*– to impoverish, to make poor.

کنگال ہو جانا **kangāl ho jānā** (कंगाल हो जाना)–सब कुछ लुट जाना, व्यापार इत्यादि चौपट हो जाना. *(v)*–to be reduced to poverty, to be pauper.

کنگرو **kangārū** (कंगारू)–आस्ट्रेलिया का एक जानवर जिसकी छाती पर एक थैली होती है जिसमें वह अपने बच्चे को रखता है. *(nm)*–kangaroo, an animal of Australia.

کنگری **kingarī** (किंगरी)–दुपट्टे या चुन्नी के किनारों पर लगने वाली लेस या झालर. *(nf)*–a sort of a frill, a kind of lace.

کنگلا **kanglā** (कंगला)–कंगाल, धनहीन, निर्धन, गरीब.– *(adj)*– poor, pauper, ruined, penniless, bankrupt.

کنگن **kangan** (कंगन)–औरतों द्वारा कलाई में पहना जाने वाला एक आभूषण, सोने की चूड़ी. *(nm)*–a bracelet, an ornament for the wrist.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

کنگنا **kanganā** (कंगना)–लाल रंग का धागा जो विवाह के अवसर पर दुलहा की दाईं और दुलहन की बाईं कलाई में बाँधा जाता है. *(nm)*–a red colour string tied round the right hand of bridegroom or the left hand of the bride.

کنگنی **kanganī** (कंगनी)–औरतों द्वारा पहनी जाने वाली चूड़ी, जवार-बाजरा इत्यादि की फसल. *(nf)*–bracelet, light bangle, millet.

کنگھا **kanghā** (कंघा)–बड़े आकार का पुरुषों के बाल संवारने का कंघा जिसकी एक ही ओर दांते होते हैं, बुनकर एक यंत्र. *(nm)*–a comb used by men, having teeth on one side only, a weaver's comb.

کنگھی **kanghī** (कंघी)–छोटे आकार का कंघा जिससे औरतें अपने बाल संवारती हैं और जिसके दोनों ओर दांते होते हैं. *(nf)*–a woman's comb, having teeth on both sides.

کنگھی چوٹی کرنا **kanghī coṭī karnā** (कंघी चोटी करना)–बाल संवारना, बालों का शृंगार करना. *(v)*– to braid or to plait the hair, to dress the hair.

کنگھی کرنا **kanghī karnā** (कंघी करना)–बाल संवारना, बालों में कंघी करना. *(v)*–to comb.

کنمنانا **kanmanānā** (कनमनाना)–बेचैन होना, परेशान होना. *(v)*–to whine, to whimper, to grumble, to be uneasy.

کنوارا **kunvārā** (कुंवारा)–अविवाहित पुरुष. *(nm)*–a bachelor, an unmarried man.

کنوارا پن **kunvārāpan** (कुंवारापन)–अविवाहित होने की अवस्था. *(nm)*– maidenhood, virginhood, bachelorship.

کنواری **kunvārī** (कुंवारी)–अविवाहित लड़की. *(nf)*–a maiden, virgin.

کنواں **kunā** (कुंआ)–पानी निकालने के लिए खोदा गया गहरा गड्ढा. *(nm)*–a well.

کنواں کھودنا **kunā khodnā** (कुआं खोदना)–किसी को नुक्सान पहुँचाने की कोशिश करना. *(v)*–to dig a well, to creat problems for someone.

کنوئیں میں بانس ڈالنا **kunen main bāns ḍālnā** (कुएँ में बाँस डालना)–पूरी खोज-बीन करना. *(v)*–to make a thorough search.

کنوتی **kanautī** (कनौती)–कानों की ओर वाले बाल, कान में पहनी जाने वाली बाली, घोड़े के कान. *(nf)*–side hair, side-lock, ear-ring, ears of a horse.

کنوتیاں کھڑی کرنا **kanautiyān khaṛī karnā** (कनौतियां खड़ी करना)–सचेत हो जाना, तैयार हो जाना. *(v)*–to become alert, to be ready.

کنور **kunvar** (कुंवर)–लड़का, बेटा, राजकुमार. *(nm)*–a boy, a son, a prince.

کنول **kanval** (कंवल)–एक फूल का नाम जो पानी में खिलता है, दिल. *(nm)*–the lotus, the heart.

کنول روپی **kanvalrūpī** (कंवलरूपी)–कंवल के फूल की तरह, सुन्दर. *(adj)*–like a lotus, beautiful.

کنول کھلنا **kanval khilā** (कंवल खिलना)–दिल खुश हो जाना, असीम आनन्द अनुभव करना. *(v)*–to be pleased, to be very happy.

کنول نین **kanval nayan** (कंवल नयन)–कंवल जैसी सुन्दर आँखों वाला. *(adj)*–lotus eyed.

کنہ **kunah** (कुनः)–वस्तु, पदार्थ, किसी बात की गहराई, तह, अन्तिम सीमा, इत्र, किसी चीज़ का निचोड़. *(nf)*–substance, essence, quantity, mode or reason of a thing, the extreme, the end.

کنی **kanī** (कनी)–हीरे का बुरादा, छोटे-छोटे टुकड़े, चावल के बारीक टुकड़े, अधपके चावल. *(nf)*–spark of a gem, small particle, broken bits of rice, not fully boiled rice.

کنّی کاٹنا **kannī kāṭnā** (कन्नी काटना)–किसी से बचना, किसी से दूर रहना, किसी की उपेक्षा करना, किसी को टालना. *(v)*–to avoid, to dodge, to evade.

کنیا **kanyā** (कन्या)–एक अविवाहित युवती, 16 वर्ष तक की कुंवारी लड़की, बेटी. *(nf)*–an unmarried girl under sixteen, a virgin, a maiden, a daughter, the sign Virgo.

کنیا دان کرنا **kanyādān karnā** (कन्यादान करना)–बेटी का विवाह करना. *(v)*–to give away daughter in marriage.

کنیر **kaner** (कनेर)–एक फूल का नाम. *(nm)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

name of a flower.

کنیز kanīz (कनीज़)–सेविका, लौंडी, गुलाम औरत. *(nf)*–a slave girl or woman, a female servant, *dāsī*.

کنیسہ kanīsah (कनीसः)–गिरजाघर, ईसाइयों का पूजा-स्थल. *(nm)*– a church, a chapel.

کو kū (कू)–कूचा, गली, मुहल्ला, मार्किट. *(nf)*–a street, a lane, a market place, bazar, a shopping place.

کو بکو kū bakū (कू बकू)–गली-गली, एक गली से दूसरी गली, एक जगह से दूसरी जगह, सब जगह. *(adv)*– from street to street, from place to place, every where.

کوچہ kūcā (कूचा)–मुहल्ला, बस्ती. *(nm)*– a street, *mohalla*.

کوا kavvā (कव्वा)–एक काले रंग का पक्षी कौआ, गले में एक ग्रंथि. *(nm)*–a crow, the uvula.

کوا اٹھانا kavvā uṭhānā (कव्वा उठाना)–बच्चे के गले की ग्रंथि का उपचार करना. *(v)*–to raise the uvula of a child.

کوا پاری kavvā pārī (कव्वा पारी)–काले रंग की महिला. *(nf)*–a dark woman.

کوارٹر kvārṭar (क्वार्टर)–मकान, सरकारी कर्मचारियों के मकान. *(nm)*–quarter, a house.

کواڑ kivāṛ (किवाड़)–दरवाज़े के पट, दरवाज़े के पल्ले. *(nm)*–the shutter or fold of a door, a door, a gate, an enterance.

کواڑ بند کرنا kivāṛ band karnā (किवाड़ बंद करना)–दरवाज़ा बंद करना, आने-जाने का रास्ता रोकना. *(v)*–to shut a door.

کواڑ بھیڑنا kivāṛ bheṛnā (किवाड़ भेड़ना)–दरवाज़े के पट बन्द करना. *(v)*–to close the leaves of the door.

کواڑ کھٹکھٹانا kivāṛ khaṭkhaṭānā (किवाड़ खटखटाना)–दरवाज़े पर दस्तक देना. *(v)*–to knock at the door.

کوائف kvāif (क्वाइफ़)–'कैफ़ियत' का बहुवचन, सूचना, जानकारी. *(nm)*– particulars, information.

کوب kob (कोब)–पीटना, मारना, मार-पीट करना. –beating.

کوبڑ kūbaṛ (कूबड़)–बैल या ऊँट की पीठ पर जो उभरा हुआ भाग होता है. *(nm)*–hump.

کوبہ kobah (कोबह)–मार-पीट. *(nm)*–beating.

کوبہ کاری kobahkārī (कोबहकारी)– मारपीट, मारना, पीटना. *(nf)*–beating.

کوت kūt (कूत)–अनुमान, अंदाज़ा. *(nf)*– estimate.

کوتنا kūtanā (कूतना)–अनुमान लगाना, अंदाज़ा लगाना. *(nm)*–to estimate, to guess.

کوتاہ kotāh (कोताह)–लापरवाह, नीच, कमीना, छोटे दिल वाला, ओछा. *(adj)*–short, little, small, brief, mean.

کوتاہی kotāhī (कोताही)–लापरवाही, निकम्मापन, ओछापन, नीचता, तंगदिली, घटियापन. *(nf)*– shortness, smallness, deficiency, want, littleness, narrowness, meanness.

کوتاہی کرنا kotāhī karnā (कोताही करना)– लापरवाही करना, ध्यान न देना, ओछापन दिखाना, नीच काम करना. *(v)*–to fall short, to fail, to be lacking in.

کوتل kotal (कोतल)–दिखावे के लिए रखा गया घोड़ा, ऐसा घोड़ा जिसे टोगे में जोता नहीं जाता. *(nm)*–a horse kept for show.

کوتوال kotvāl (कोतवाल)–पुलिस का उच्चाधिकारी, कोतवाली का इंचार्ज, पुलिस दारोगा से बड़ा अधिकारी. *(nm)*–the chief police officer of a town.

کوتوالی kotvālī (कोतवाली)–बड़ा पुलिस थाना. *(nf)*–the chief police station.

کوٹ koṭ (कोट)–पहनने का एक कपड़ा जो कमीज़ के ऊपर पहना जाता है, किला, दुर्ग, मज़बूत गढ़, जादू का दायरा जो रेत या राख से खींचा गया हो. *(nm)*– coat, fort, a castle, a strong hold, a rampart, a magic circle traced with sand or ashes.

کوٹلہ koṭlā (कोटला)–गढ़ी, छोटा किला, ऐसी जगह जिसकी किलाबंदी की गई हो. *(nm)*–a fortress, a walled city.

کوٹنا kūṭnā (कूटना)–ठोकना, पीटना, मारना, चोट पहुँचाना, हथौड़े से पीटना. *(v)*–to beat, to pound, to thrash, to hammer.

کوٹ کوٹ کر بھرا ہونا kūṭ kūṭ kar bharā honā

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कूट कूट कर भरा होना)–पूरा भरा होना, ठूंस ठूंस कर भरा होना. *(v)*–to be full, to be filled fully.

کوٹھا **kothā** (कोठा)–मकान, इमारत, ऊपर की मंज़िल, वेश्या का निवास, नाच-गाने की महफिल जमने की जगह. *(nm)*–a house, a warehouse, an upper story house, a chamber, prostitution house.

کوٹھے پر بیٹھنا **kothe par baiṭhnā** (कोठे पर बैठना)–ऊपरली मंज़िल पर बैठना, वेश्या बन जाना. *(v)*–to sit on the upper story, to become a prostitute.

کوٹھے والی **kothe vālī** (कोठे वाली)–वेश्या, बाज़रू औरत, जिस्म फरोश, रंडी. *(nf)*–prostitute, whore, a bad woman.

کوٹھڑی **koṭhṛī** (कोठड़ी)–एक छोटा कमरा, सामान रखने का छोटा कमरा, मकान के पीछे वाला कमरा. *(nf)*–a small room, a cabin, closet, a store- room, an inner apartment.

کوٹھی **koṭhī** (कोठी)–एक बड़ा मकान, बंगला, अमीर आदमी का निवास स्थान. *(nf)*–bungalow, granary, a large house, chamber.

کوٹھی وال **koṭhīvāl** (कोठीवाल)–बैंकर, पैसे का लेन-देन करने वाला, बड़ा व्यापारी, गोदाम का रखवाला. *(nm)*–a banker, a whole-sale merchant, a warehouse keeper.

کوثر **kausar** (कौसर)–स्वर्ग में बहने वाले एक चश्मे या दरिया का नाम. *(nm)*–name of a fountain or river in paradise.

کوچ **kūc** (कूच)–प्रस्थान, रवानगी, मार्च करना, चलना शुरू करना. *(nm)*– departure, decampment, march.

کوچ کرنا **kūc karnā** (कूच करना)–प्रस्थान करना, रवाना होना, मार्च करना, कैम्प छोड़ना, मर जाना. *(v)*–to depart, to march; to decamp, to die, to expire.

کوچ **kūc** (कूच)–बुनकर की कूची. *(nm)*–weaver's brush.

کوچ **kuc** (कुच)–नितम्भ, चूतड़. *(nm)*–the fleshy part of the hip and buttocks.

کوچ **kauauc** (कौउच)–आराम से बैठने का सोफा. *(nm)*–a couch, a sofa.

کوچ **koc** (कोच)–वाहन, यात्रियों की सवारी, टाँगा या बग्घी. *(nm)*–a coach, means of transportation for passengers.

کوچ بان **kocbān** (कोचबान)–कोच को चलानेवाला, वाहन चालक. *(nm)*–a coach-driver.

کوچک **kock** (कोचक)–छोटा, निम्न, लघु. *(adj)*–small, little, younger.

کوچکی **kockī** (कोचकी)–लघुता, छोटापन, न्यूनता, जामुनी रंग. *(nf)*–smallness, littleness, name of a colour (purple).

کوچہ **kūcā** (कूचा)–एक तंग गली, बस्ती. *(nm)*–a narrow street, a lane.

کوچہ بکوچہ **kūcā bakūcā** (कूचा बकूचा)–गली गली, एक गली से दूसरी गली, सब जगह. *(adv)*–from lane to lane, everywhere, here and there.

کوچہ بندی کرنا **kūcābandī karnā** (कूचाबंदी करना)–मुहल्ले की सीमाएँ निर्धारित करना. *(v)*–to mark off the limits of a street.

کوچہ گردی کرنا **kūcāgardī karnā** (कूचागर्दी करना)–बिना किसी उद्देश्य के घूमते रहना, जगह-जगह घूमना. *(v)*–to wander, to roam about aimlessly, to stroll.

کوچی **kūcī** (कूची)–ब्रुश, पेंट करने वाला या सफेदी करने वाला ब्रुश, नोकदार दाढ़ी. *(nf)*– a brush for painting or plastering or white-washing, a pointed or forked beard.

کوچی پھیرنا **kūcī phernā** (कूची फेरना)–सफेदी करना. *(v)*–to white-wash.

کود **kūd** (कूद)–उछाल, ऊँचा उछलना. *(nf)*–a spring, a jump, a leap, a bound.

کود پڑنا **kūd paṛnā** (कूद पड़ना)–किसी के काम में टाँग अड़ाना, किसी के काम में दखल देना. *(v)*–to jump in, to interfere.

کود پھاند کرنا **kūd-phānd karnā** (कूद-फांद करना)–उछल-कूद करना, उछलना. *(v)*–to leap and jump, to skip about.

کودے پھرنا **kūde phirnā** (कूदे फिरना)–खुशी से उछलते फिरना, अपनी खुशी प्रकट करना. *(v)*–to frisk about with joy.

کود مارنا **kūd mārnā** (कूद मारना)–उछलना, कूदना. *(v)*–to jump, to leap.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

کودک **kūdak** (कूदक)–बच्चा, लड़का, युवक. *(nm)*–a baby, boy, a youngster.

کودن **kūdan** (कूदन)–धीरे चलने वाला घोड़ा, मूर्ख, अज्ञानी, मूढ़, बेवकूफ. *(nm)*–a pack horse, a stupid person, a simp;eton, an aignorant.

کودوں **kodon** (कोदों)–सस्ता अनाज, घटिया अनाज. *(nm)*–cheap grain, a kind of small grain.

کودوں دے کے پڑھنا **kodon de ke paṛnā** (कोदों दे के पढ़ना)–बिना पैसे दिये पढ़ना, मुफ्त पढ़ना, सस्ती शिक्षा प्राप्त करना. *(v)*–to get education at little or no cost.

کور **kor** (कोर)–किनारा, सिरा. *(nf)*–border, edge, edge of nail.

کور دبنا **kor dabnā** (कोर दबना)–किसी से दबना, किसी से प्रभावित होना, किसी के विरुद्ध अपने आप को असमर्थ महसूस करना. *(v)*–to be influenced by someone, to find oneself helpless.

کور کسر **kor kasar** (कोर कसर)–कमी, त्रुटि, न्यूनता, थुड़. *(nf)*– deficiency.

کور **kor** (कोर)–अंधा, जिसे दिखाई न दे, दृष्टिहीन. *(adj)*– blind, sightless.

کور باطن **kor bātin** (कोर बातिन)–मूढ़, मूर्ख, बेवकूफ, गँवार. *(adj)*–stupid, silly, ignorant, fool.

کور باطنی **kor bātinī** (कोर बातिनी)–बेवकूफी, मूढ़पन, मूर्खता, अज्ञान, गंवारूपन. *(nf)*– foolishness, ignorance, stupidity.

کور بخت **kor bakht** (कोर बख़्त)– भाग्यहीन, बदकिस्मत. *(adj)*– unlucky, wretched, unfortunate.

کور بختی **kor bakhtī** (कोर बख़्ती)–दुर्भाग्य, बुरा समय, दैवी प्रकोप. *(n)*– misfortune, calamity.

کور چشم **kor cashm** (कोर चश्म)–अंधा, दृष्टिहीन. *(adj)*–blind.

کور نمک **kor namak** (कोर नमक)–एहसान फरामोश, अकृतज्ञ, नमक हराम. *(adj)*– ungrateful, disloyal, unthankful.

کورا **korā** (कोरा)–जिसे बरता न गया हो, बिल्कुल नया, अनछुआ. *(adj)*–unused, new, unhandled, fresh, unwashed, blank (paper), undressed, stupid, plain, simple.

کورا بچنا **korā bacnā** (कोरा बचना)–बचाव हो जाना, बिना सज़ा पाए बच जाना. *(v)*–to escape unhurt, to go scotfree.

کورا برتن **korā bartan** (कोरा बरतन)–नया बरतन, इस्तेमाल न किया गया बरतन, कुंवारा या कुंवारी, जिसे कुछ अनुभव न हो. *(nm)*–a new utensil, a bachelor, a virgin, an unexperienced person.

کوراپن **korāpan** (कोरापन)–नयापन, कच्चापन, अनुभवहीनता, कुंवारापन. *(nm)*–newness, inexperience, virginity, bachelorship.

کورا پنڈا **korā pinḍā** (कोरा पिंडा)–कुंवारा जिस्म, कुवारी कन्या, अनछुआ जिस्म, जिसे किसी पुरुष ने छुआ न हो. *(nm)*–virgin.

کورا دل **korā dil** (कोरा दिल)–ऐसा दिल जिसमें किसी के प्रति कोई आकर्षण या प्यार न हो, भावहीन दिल, पत्थर-दिल, जज़्बात से खाली दिल. *(adj)*– having no feelings or attraction, hard-hearted.

کورا دماغ **korā dimāg** (कोरा दिमाग़)–ऐसा मस्तिष्क जो अक्ल की कोई बात न सोचता हो, अनपढ़, मूढ़, अज्ञानी, अभिज्ञ. *(adj)*– uneducated, ignorant, simpleton.

کورا کاغذ **korā kāgaz** (कोरा काग़ज़)–सफेद काग़ज़, ऐसा कागज़ जिस पर कुछ लिखा न गया हो. *(nm)*– blank-paper.

کورٹ **kort** (कोर्ट)–अदालत, कचहरी, न्यायालय. *(nf)*–court.

کورٹ شپ **kortship** (कोर्टशिप)–विवाह से पहले युवक और युवति के बीच होने वाली मित्रता. *(nf)*– courtship.

کورٹ فیس **kort phīs** (कोर्ट फीस)–कोर्ट में जमा करवाई जाने वाली फीस. *(nf)*–court-fee.

کورٹ مارشل **kort-mārshal** (कोर्ट-मार्शल)–सैनिक अदालत जिस में सैनिकों के विरुद्ध मुकदमे सुने जाते हैं और जिसका जज भी उच्च सैनिक अधिकारी होता है. *(nm)*–court-martial.

کورم **koram** (कोरम)–किसी संस्था की मीटिंग के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समय आवश्यक संख्या. *(nm)*–quorum.

کورنش **kornish** (कोर्निश)–सादर प्रणाम, नमस्कार, झुक कर स्वागत या सम्मान करना. *(nf)*–salutation, adoration, homage, obeisance.

کورنش بجا لانا **kurnush bajā lānā** (कुर्नुश बजा लाना)–प्रणाम करना, सम्मान करना, सत्कार करना. *(v)*–to salute, to pay respect.

کورنشات **kornishāt** (कोर्निशात)–'कोर्निश' का बहुवचन, प्रणाम, आदर-सत्कार, सम्मान, आदाब. *(nm)*–plural of *kornish*, salutations.

کوری **korī** (कोरी)–अंधापन, दृष्टिहीनता, कुछ भी दिखाई न देने की अवस्था. *(nf)*–blindness.

کوری کنیا **korī kanyā** (कोरी कन्या)–कुंवारी कन्या, अनछुई कन्या, जिसके शरीर को किसी पुरुष ने छुआ न हो. *(nf)*–untouched, virgin.

کوڑ **koṛ** (कोड़)–बेवकूफ, मूढ़, अज्ञानी, मूर्ख. *(adj)*–a block-head, simpleton, foolish, stupid, ignorant.

کوڑا **koṛā** (कोड़ा)–चाबुक जिस से घोड़े को हांका जाता है और जिस से अपराधियों को दंड दिया जाता है, हंटर. *(nm)*–whip, lash, scourge.

کوڑے لگانا/مارنا **koṛe lagānā/mārnā** (कोड़े लगाना/मारना)– किसी अपराधी को चाबुक मारने की सज़ा देना, हंटर मारना. *(v)*–to whip, to lash, to beat with hunter.

کوڑا **kūṛā** (कूड़ा)–बेकार वस्तु, मिट्टी, गर्द, कचरा, गंदगी. *(nm)*–dirt, sweepings, rubbish, refuse, waste.

کوڑا کرکٹ **kūṛā-karkaṭ** (कूड़ा-करकट)–कचरा, बेकार वस्तुएँ, गंदगी, गर्द, मिट्टी. *(nm)*– waste, rubbish, refuse.

کوڑمغز **koṛamgaz** (कोड़मग़ज़)–जो दिमागी तौर पर बीमार हो, जो कुछ सोच न पाता हो, खाली दिमाग, अज्ञानी. *(adj)*–brain-sick, stupid, empty headed, ignorant, foolish.

کوڑھ **koṛ** (कोढ़)–एक रोग जिसमें शरीर के अंग–हाथ, पाँव, नाक, कान इत्यादि गल जाते हैं और उनमें दुर्गंधयुक्त पीप पड़ जाती है. *(nm)*–the leprosy.

کوڑھ ٹپکنا **koṛ ṭapaknā** (कोढ़ टपकना)–कोढ़ के रोग से ग्रसित हो जाना. *(v)*–to be afflicted with leprosy.

کوڑھ میں کھاج **koṛ main khāj** (कोढ़ में खाज)–एक मुसीबत के बाद दूसरी मुसीबत का आना. *(prov)*–one misfortune added to another.

کوڑھی **koṛī** (कोढ़ी)–जिसे कोढ़ का रोग हो. *(nm)*–a leper, *(adj)*–leprous.

کوڑی **koṛī** (कोड़ी)–बीस. *(nm)*–twenty, a score.

کوڑی **kauṛī** (कौड़ी)–एक छोटा शंख, जिससे चौपड़ या चौसर नामक खेल खेला जाता है, एक महत्त्वहीन वस्तु जिसका कुछ मूल्य नहीं होता, सीने की वह हड्डी जिस पर नीचे की पसलियाँ मिलती हैं. *(nf)*–a small shell, a cowrie, a chest bone.

کوڑی بھر **kauṛī bhar** (कौड़ी भर)–बहुत थोड़ा, अति न्यून. *(adj)*– very little.

کوڑی پاس نہ ہونا **kauṛī pās na honā** (कौड़ी पास न होना)–कंगाल हो जाना, गरीबी में जीवन व्यतीत करना. *(v)*–to be hard up, to be pauper, to be without money.

کوڑی پھیرا کرنا **kauṛī pherā karnā** (कौड़ी फेरा करना)–बिना उद्देश्य के ही बाज़ार के चक्कर लगाते रहना, बेकार घूमना. *(v)*–to be running to the market and back unnecessarily, to be coming and going without any purpose.

کوڑی کا آدمی **kauṛī kā ādmī** (कौड़ी का आदमी)–गरीब आदमी, निकम्मा आदमी, बेकार आदमी, जिसकी कोई उपयोगिता न हो. *(nm)*–a worthless fellow, a poor fellow, a pauper, a penniless, useless.

کوڑی کا ہو جانا **kauṛī kā ho jānā** (कौड़ी का हो जाना)–गरीब हो जाना, व्यापार चौपट हो जाना, बेकार हो जाना, निकम्मा हो जाना. *(v)*–to become worthless, to be of no good, to become useless.

کوڑی کفن کو نہ ہونا **kauṛī kaphan ko na honā** (कौड़ी कफन को न होना)–निर्धन हो जाना, पास फूटी कौड़ी न होना, गरीबी में घिरना. *(v)*–to be penniless, to be without money, to be pauper.

کوڑی کوڑی جوڑنا **kauṛī kauṛī joṛnā** (कौड़ी कौड़ी जोड़ना)–बचत करना, पाई पाई जोड़ना. *(v)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

to save every bit, to save every pie.

کوڑی کوڑی ادا کرنا **kauṛī kauṛī adā karnā** (कौड़ी कौड़ी अदा करना)–सारा कर्जा चुकाना, पाई पाई का भुगतान करना. *(v)*–to pay in full, to pay every pie of debt.

کوڑی کے مول بکنا **kauṛī ke mol biknā** (कौड़ी के मोल बिकना)–बहुत सस्ता बिकना. *(v)*–to sell very cheap.

کوڑیالا **kauṛyālā** (कौड़याला)–साँप की एक किस्म, धनी आदमी जो पैसे पर साँप की तरह कुंडली मार कर बैठा रहता है. *(nm)*–a kind of snake, a rich person.

کوز **kūz** (कूज़)–कूबड़, ऊँट या बैल हुआ भाग. *(nm)*–a hump.

کوزا **kūzā** (कूज़ा)–पानी पीने के लिए मिट्टी का बरतन, जग. *(nm)*–pitcher, goblet, small earthen pot.

کوزاگر **kūzāgar** (कूज़ागर)–कूज़ा बनाने वालाए बरतन बनाने वाला, कुम्हार. *(nm)*–potter.

کوزہ گری **kūzāgarī** (कूज़ागरी)–बरतन बनाने की कला या काम. *(nf)*–pottery.

کوزہ مصری **kūzā mistrī** (कूज़ा मिस्री)–चीने का बना कूज़ा. *(nm)*–crystallized sugar lump.

کوزے میں دریا بند کرنا **kūze main dariyā band karnā** (कूज़े में दरिया बंद करना)–किसी महत्त्वपूर्ण बात को संक्षेप में कहना. *(v)*–to put something in a nutshell, to explain the whole thing briefly.

کوس **kos** (कोस)–नगाड़ा, बड़ा ढोल. *(nm)*–a kettle- drum, a drum.

کوس **kos** (कोस)–लम्बाई मापने का एक माप-दंड जोकि दो मील के बराबर होता है. *(nm)*–a measure of length about two miles.

کوسوں دور **koson dūr** (कोसों दूर)–बहुत दूर, बहुत दूरी पर, अधिक अंतर पर. *(adj)*–at a great distance, far away.

کوسوں دور بھاگنا **koson dūr bhāgnā** (कोसों दूर भागना)–दूर भाग जाना, बहुत दूर चले जाना. *(v)*–to avoid, to shun.

کوسا **kosā** (कोसा)–श्राप, बद्दुआ, एक प्रकार का रेशम. *(nm)*– curse, malediction, a kind of silk.

کوسنا **kosnā** (कोसना)–बुरा भला कहना, गाली देना, व्यंग्य कसना, श्राप देना. *(v)*–to curse, to imprecate.

کوش **kosh** (कोश)–ख़ज़ाना, ज़खीरा, संग्रह. *(nm)*–a treasure, collection.

کوشاں **koshān** (कोशां)–कोशिश करते हुए, प्रयास करते हुए, परिश्रम करते हुए. *(nm)*–struggling, attempting, working hard.

کوشش **koshish** (कोशिश)–प्रयास, परिश्रम. *(nf)*–effort, attempt, labour, exertion.

کوشش کرنا **koshish karnā** (कोशिश करना)–प्रयास करना, प्रयत्न करना. *(v)*–to attempt, to try.

کوشک **kushak** (कुशक)–महल, किला, बड़ा मकान, हवेली. *(nm)*– a palace, a castle, a mansion, a citadel.

کوفت **koft** (कोफ़्त)–कष्ट, दुःख, तकलीफ, पीड़ा, परेशानी, *(nf)*–pain, vexation, great fatigue, grief, anguish.

کوفتہ **kophtā** (कोफ्ता)–मांस या सब्ज़ी को बारीक करके उस से बनाया गोल टुकड़ा जिसे घी या तेल में तल कर बनाया जाता है. *(adj)*–pounded, bruised, distressed, *(nm)*–pounded meat or vegetable, small pieces of pounded meat or vegetable.

کوک **kūk** (कूक)–पक्षियों की आवाज़. *(nm)*–cooing of a dove.

کوکا **kokā** (कोका)–एक छोटा सा ज़ेवर जिसे महिलाएँ नाक में पहनती हैं. *(nm)*–a small nail worn in the nose by Indian women.

کوکب **kokab** (कोकब)–नक्षत्र, सितारे, ग्रह. *(nm)*–a star, constellation.

کوک شاستر **kokshāstra** (कोकशास्त्र)–सैक्स के बारे में एक अत्यन्त लोकप्रिय चर्चित पुस्तक. *(nm)*–a popular sexual manual.

کوکنا **kūknā** (कूकना)–घड़ी को चाबी देना, चीखना, चिल्लाना, कोयल का गाना. *(v)*–to wind up, (a watch, clock etc.), to cry to shriek, singing of nightingale.

کوکنار **koknār** (कोकनार)–पोस्त का डोडा, वह फूल जिससे खशखाश निकलती है. *(nm)*–poppy, poppy head.

کوکنی **koknī** (कोकनी)–एक प्रकार का नीला रंग.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nm)–a kind of blue colour.

کوکہ **kokā** (कोका)–दूध-भाई, उस नर्स या दाई का बेटा जिसका बच्चे ने दूध पिया हो. *(nm)*–foster brother, child of one's wet-nurse.

کوکھ **kokh** (कोख)–पेट, मेदा, बच्चादानी. *(nf)*–the belly, abdomen, the womb.

کوکھ اجڑ جانا **kokh ujaṛ jānā** (कोख उजड़ जाना)–गर्भपात हो जाना, बच्चे की मृत्यु हो जाना. *(v)*–to miscarry, to lose child.

کوکھ جلی **kokh jalī** (कोख जली)–बाँझ, निस्संतान, जो औरत बच्चे को जन्म न दे सके. *(adj)*–barren, sterile, barren woman.

کوکھ ماری جانا **kokh mārī jānā** (कोख मारी जाना)–किसी स्त्री का बांझ हो जाना. *(v)*–a woman to become barren.

کوکین **kokīn** (कोकीन)–एक नशीला पदार्थ. *(nm)*–cocaine.

کولتار **koltār** (कोलतार)–एक काला लिसलिसा पदार्थ जो सड़क बनाने के काम आता है. *(nm)*–coaltar, a substance used for roads.

کولہا **kūlhā** (कूल्हा)–शरीर का वह भाग जो टाँग को कमर के साथ जोड़ता है. *(nm)*–a part of the body, the hip, buttock.

کولہے مٹکانا **kūlhe maṭkānā** (कूल्हे मटकाना)–डांस करना, लचकना, मटकना. *(v)*–to walk with blandishing gait, belly-dance.

کولہو **kolhū** (कोल्हू)–तेल निकालने वाला यंत्र. *(nm)*–a silman's press, oil expeller.

کولہو چلانا **kolhū calānā** (कोल्हू चलाना)–तेल निकालने के लिए कोल्हू लगाना. *(v)*–to set up

کولہو کا بیل **kolhū kā bail** (कोल्हू का बैल)–वह बैल जो कोल्हू को चलाकर तेल निकालता है, मेहनती व्यक्ति, कठोर परिश्रम करने वाला. *(nm)*–the ox driving an oil press, a very hardworking person.

کولہو میں پلوانا **kolhū main pilvānā** (कोल्हू में पिलवाना)–किसी को भयंकर कष्ट देना; किसी को कष्ट देकर मार डालना, मानसिक यातना देना. *(v)*–to torture, to crush a person to death.

کولی **kolī** (कोली)–बुनकर, कपड़ा बुनने वाला. *(nm)*–a weaver.

کولی **kaulī** (कौली)–आलिंगन, बांहों का घेरा. *(nf)*–embrace, grasp of the arms, armful.

کولی بھرنا **kaulī bharnā** (कौली भरना)–किसी को आलिंगन में लेना, बाज़ुओं में भरना, बहुत लालची होना. *(v)*–to embrace, to take or fold one in the arms, to be greedy.

کومل **komal** (कोमल)–नर्म, मुलायम, जो कठोर न हो, नाज़ुक. *(adj)*–soft, tender, mild.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

کینچلی بدلنا **kenculī badalnā** (केंचुली बदलना)–साँप द्वारा अपने शरीर की ऊपरी चमड़ी बदलना, कपड़े बदलना, शक्ल-सूरत बदलना. *(v)*–to slough, to put on a new slough, to change clothes, to change appearance.

کینچلی چھوڑنا **kenculī choṛnā** (केंचुली छोड़ना)–साँप द्वारा सर्दियों के मौसम में अपने शरीर की पुरानी चमड़ी को उतार देना. *(v)*–to cast off the old slough or skin by a snake.

کینچوا **kencuvā** (केंचुवा)–एक रेंगने वाल लम्बा कीड़ा जो धरती के नीचे रहता है और वर्षा होने पर बाहर निकल आता है, पेट में पैदा होने वाले बड़े कीड़े. *(nm)*–an earth-worm, a worm bred in the body.

کینڈا **kainḍā** (कैंडा)–सांचा, नमूना, उदाहरण, कच्चा नक्शा. *(nm)*–mould, a rough plan, sample, gauge.

کینڈے کا آدمی **kainḍe kā ādmī** (कैंडे का आदमी)–मर्द, नर, हिम्मतवाला, दिलेर, कुछ कर गुज़रने की ताकत रखने वाला. *(nm)*–a man of calibre.

کینہ **kīnā** (कीना)–दुश्मनी, ईर्ष्या, द्वेष, छल, कपट. *(nm)*– malice, grudge, enmity, spite, hatred, animosity.

کینہ رکھنا **kīnā rakhnā** (कीना रखना)–ईर्ष्या रखना, दुश्मनी रखना, डाह रखना. छल करना. *(v)*–to bear enmity.

کیوان **kaivān** (कैवान)–शनिग्रह, सातवां स्वर्ग. *(nm)*–the planet Saturn, the seventh heaven.

کیوٹی **kyoṭī** (क्योटी)–अनेक दालों का मिश्रण. *(nf)*–a mixture of different kinds of pulses.

کیوڑا **kevṛā** (केवड़ा)–एक प्रकार का वृक्ष और उसका खुशबूदार फूल जिस से इत्र निकाला जाता है. *(nm)*–a kind of tree and its fragrant flower which is used to prepare a scent.

کیوں **kyon** (क्यों)–क्यों, किस लिए. *(adv)*–why, wherefore, what for.

کیوں کر **kyonkar** (क्योंकर)–किस लिए, कैसे, किस तरह. *(adv)*–how, why, what for.

گ gāf (गाफ़)

گ **gāf** (गाफ़)–उर्दू वर्णमाला का उन्नतीसवां अक्षर. the twenty-ninth letter of Urdu alphabet.

گا **gā** (गा)–भविष्यकाल का सूचक, जैसे आएगा, जाएगा. –the sign of the future tense (will, shall).

گابھ **gābh** (गाभ)–पशुओं द्वारा गर्भाधान. *(nm)*– pregnancy of animals.

گابا/گابھا **gābā/gābhā** (गाबा/गाभा)–नया पत्ता, कच्ची फसल, रज़ाई से निकली पुरानी रूई. *(nm)*–a new leaf, unripe corp, old cotton taken out of a quilt, a leaf in the bud.

گابھ ڈالنا **gābh ḍālnā** (गाभ डालना)–पशुओं का गर्भपात. *(v)*–to miscarry (animals).

گابھن **gābhan** (गाभन)–जो पशु (स्त्री) गर्भ धारण किये हो. *(adj)*–pregnant (animals).

گات **gāt** (गात)–छाती. *(nf)*–bosom or bust.

گاج **gāj** (गाज)–आकाश में चमकनेवाली बिजली. *(nf)*– lightning.

گاج پڑنا **gāj paṛnā** (गाज पड़ना)–बिजली गिरना, भारी मुसीबत आना, दैवी प्रकोप होना. *(v)*–to be thunder struck, to be afflicted by a calamity.

گاجر **gājar** (गाजर)–जिसकी सब्ज़ी बनती है और सलाद के रूप में कच्ची भी खाई जाती है. *(nm)*–a vegetable, carrot.

گاجر مولی **gājar mūlī** (गाजर मूली)–बेकार की वस्तु, कचरा, कूड़ा-करकट, सस्ती चीज़ें. *(nf)* –a worthless, rubbish, useless, cheap things.

گاد **gād** (गाद)–मैल, मिट्टी, गंदगी, तिलछट, जो शर्बत या तेल के नीचे गंदा पदार्थ बैठ जाता है. *(nf)*– sediment, dirt, lees.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گادبیٹھنا gad baiṭhnā (गाद बैठना)—मैल का तल में बैठना. *(v)*– settling of the sediment at the bottom.

گارا gārā (गारा)—मिट्टी और पानी को मिलाकर बनाया गया कीचड़ जोकि गांवों में मकान इत्यादि बनाने में काम आता है. *(nm)*–mud, kneaded clay, mortar.

گارا بنانا gārā banānā (गारा बनाना)—मकान इत्यादि बनाने के लिए मिट्टी और पानी को मिलाकर उसे पांवों से रौंदकर मिश्रण तैयार करना. *(v)*– to knead clay, to prepare mud for building or plastering.

گارد gārd (गार्द)—पहरेदार, पहरा देने वाला, चौकसी करने वाला. *(nm)*–guard.

گارڈ gārḍ (गार्ड)—रेल्वेट्रेन के चलने और रुकने पर नियंत्रण रखने वाला. *(nm)*–a railway guard.

گاردن gārḍan (गार्डन)—बाग, उद्यान. *(nm)*– garden.

گاردن پارٹی gārḍan pārṭī (गार्डन पार्टी)—बाग में दी जाने वाली पार्टी. *(nf)*–a garden-party.

گاڑنا gāṛnā (गाड़ना)—मिट्टी के नीचे दबाना, दफन करना, कीला गाड़ना, छिपाना. *(v)*–to bury, to hide, to plant, to drive a nail or peg.

گاڑھا gāṛā (गाढ़ा)—मोटा कपड़ा. *(nm)*–coarse cloth.

گاڑھا gāṛā (गाढ़ा)—मोटा, सस्ता, गाढ़ा (शर्बत). *(adj)*– thick, dense, coarse, strong, close relation.

گاڑھی چھننا gāṛī chananā (गाढ़ी छनना)—गहरी मित्रता होना. *(v)*–to be close friends.

گاڑی gāṛī (गाड़ी)—वाहन, कार, लारी, रेल गाड़ी, ट्रेन. *(nf)*– a cart, a carriage, a coach, a car, a train, a railway carriage.

گاڑی بان gāṛībān (गाड़ीबान)—गाड़ी चलानेवाला, कोचवान, चालक, ड्राइवर. *(nf)*–a driver, a coachman, a carter.

گاڑی چلانا gāṛī calānā (गाड़ी चलाना)—वाहन चलाना. *(v)*–to drive a cart.

گاڑی خانہ gāṛīkhānā (गाड़ीखाना)— गाड़ियों (वाहनों) को रखने का स्थान, गैराज. *(nm)*–a carriage house, garage.

گاڑی ہانکنا gāṛī hānknā (गाड़ी हांकना)—बैलों या घोड़ों से खींची जाने वाली गाड़ी को चलाना. *(v)*–to drive a cart.

چلتی گاڑی میں روڑے اٹکانا caltī gāṛī main roṛe aṭkānā (चलती गाड़ी में रोड़े अटकाना)—किसी काम में बाधा डालना, रुकावट पैदा करना, मुश्किलें खड़ी करना. *(v)*–to obstruct, to put obstructs in the way, to create problems, to put a poke in the wheel.

گاگر gāgar (गागर)—धातु का एक बरतन जिसमें पानी भरा जाता है, घड़ा. *(nf)*–a water vessel (of metal), a pitcher.

گال gāl (गाल)—मुँह के दोनों ओर का चिकना भाग. *(nm)*–the cheek.

گال بجانا gāl bajānā (गाल बजाना)—शेखी मारना, बड़ी बड़ी बातें करना, अपनी प्रशंसा करना, व्यर्थ की बातें करना. *(v)*–to boast, to brag, to talk nonsense.

گال پچکنا gāl picaknā (गाल पिचकना)—कमज़ोर होना, दुबला होना, अस्वस्थ होना. *(v)*– sinking of the cheeks, to become emaciated.

گال پر گال چڑھنا gā par gāl caṛnā (गाल पर गाल चढ़ना)—चरबी चढ़ना, गाल मोटे होना. *(v)*– to become very fat.

گال پھلانا gāl phulānā (गाल फुलाना)—नाराज़ होना, अप्रसन्नता प्रकट करना. *(v)*–to be displeased, to sulk, to resent, to be unsatisfied.

گالا gālā (गाला)—रूई का फ़ोया (गोला), बर्फ का गोला. *(nm)*–a pad of cotton, a bal of corded cotton, snow flake.

گالی gālī (गाली)—असभ्य व अभद्र भाषा में बात करना, बुरा-भला कहना, गाली देना. *(nf)*– abuse, abusive language.

گالی بکنا/دینا gālī baknā/denā (गाली बकना/देना)—किसी को बुरा-भला कहना, असभ्य भाषा में बात करना, अपमानित करना, गाली देना. *(v)*–to abuse, to call names, to revile, to scold.

گالی گلوچ gālī galoc (गाली गलोच)—एक दूसरे को गालियां देना, दोनों ओर से गालियों की बौछार.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nf)–mutual abuse, brawl.

گالیوں پر اُتر آنا **gāliyon par utar ānā** (गालियों पर उतर आना)–अपने स्तर से गिर जाना, गाली-गलोच भरी भाषा का प्रयोग करना. *(v)*–to descend to the level of using abusive language.

گام **gām** (गाम)–कदम, पाँव, दो कदमों के बीच की दूरी. *(nm)*– a foot, a step, pace (of a horse).

گامزن **gāmzan** (गामज़न)–चलता हुआ, हरकत करता हुआ. *(adj)*–moving, treading, in action.

گامزن ہونا **gāmzan honā** (गामज़न होना)–चलना, कदम बढ़ाना, हरकत करना, गतिशील होना. *(v)*–to start, to move, to commence, to proceed, to advance, to step out.

گانا **gānā** (गाना)–मधुर स्वर में कोई गीत गाना. *(v)*–to sing, to chant, to make known, to relate, to celebrate, *(nm)*–a song, singing.

گانا بجانا **gānā bajānā** (गाना बजाना)–मौज करना, आन्नद भरा जीवन व्यतीत करना, मौज मस्ती करना, गीत और संगीत. *(nm)*–singing and playing music, to live a life of luxry.

گانٹھ **gānṭh** (गाँठ)–उँगलियों के जोड़, बंडल, अदरक की गाँठ, कोई मुश्किल, कोई समस्या, कोई उलझन, कपड़े की गाँठ, गिल्टी. *(nf)*–a knot, a joint, a hardened gland, a parcel, a bundle, a piece of ginger, a difficulty, a problem, a misunderstanding.

گانٹھ باندھنا **gānṭh bāndhnā** (गांठ बांधना)–किसी बात को याद रखने के लिए अपने रुमाल में गांठ लगाना, किसी से दोस्ती का सम्बंध बनाना, विवाह करना. *(v)*–to tie a knot, to marry, to join together, to be a friend, to knot to remember some work.

گانٹھ پڑنا **gānṭh paṛnā** (गांठ पड़ना)–किसी बात पर मतभेद हो जाना, दोस्ती में फर्क आ जाना, रिश्तों में दरार पड़ जाना. *(v)*–to be knotted, to be entangled, to arouse ill-feeling.

گانٹھ سے جانا **gānṭh se jānā** (गांठ से जाना)–नुक्सान होना, कुछ खो जाना, आर्थिक हानि होना. *(v)*–to lose money, to suffer a loss.

گانٹھ کا پورا **gānṭh kā pūrā** (गांठ का पूरा)–हिसाब-किताब का पक्का, रुपये-पैसे के मामले बमें सावधान, फिज़ूलखर्ची न करनेवाला, समृद्ध, धनी व्यक्ति. *(adj)*–careful in money matters, not allowing a penny to slip out of one's hands, rich, wealthy.

گانٹھ کاٹنا **gānṭh kāṭnā** (गांठ काटना)–जेब काटना, नुक्सान पहुंचाना. *(v)*–to pick one's pocket, to plunder.

گانٹھ کھولنا **gānṭh kholnā** (गांठ खोलना)–किसी समस्या का समाधान ढूँढ़ना, मतभेद को दूर करना. *(nm)*–to untie the knot, to remove ill-feelings.

گانٹھ لینا **gānṭh lenā** (गांठ लेना)–किसी को अपने पक्ष में कर लेना, किसी से मित्रता करना. *(v)* to bring over to one's side, to make friends.

گانجا **gānjā** (गांजा)–एक पौधा जिसके पत्तों से भांग तैयार की जाती है. *(nm)*–the hump plant and its young leaves and buds prepared as *bhang*.

گاندھی **gāndhī** (गांधी)–सुगंध विक्रेता. *(nm)*–a perfume seller.

گانڈ **gāṇḍ** (गांड)–गुदा, मल-द्वार, टट्टी का रास्ता. *(nm)*– anus, bum, bottom.

گانڈو **gāṇḍū** (गांडू)–गुदा के रास्ते सैक्स करवाने वाला, बदचलन, डरपोक. *(adj & nm)*–bum boy, coward, bad character.

گائیڈ **gāiḍ** (गाइड)–मार्ग-दर्शक, रास्ता दिखाने वाला, पथ प्रदर्शक, गुरु. *(nm)*–guide.

گایک **gāyak** (गायक)–गाने वाला, गीतकार. *(nm)*–a singer.

گایکا **gāyikā** (गायिका)–गाने वाली (महिला). *(nm)*– a female singer.

گاہ **gāh** (गाह)–जगह, स्थान, समय, अवसर, मौका, *(nf)*–time, occasion, place.

گاہ بہ گاہ **gāh ba gāh** (गाह ब गाह)–समय समय पर, कभी-कभी, कई बार. *(adv)*–occasionally.

گاہے گاہے **gāhe gāhe** (गाहे गाहे)–समय समय पर, किसी समय, कभी कभी. *(adv)*–occasionally, not very often, rarely, once in a while.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گاہک **gāhak (गाहक)**– ग्राहक, खरीदनेवाला, खरीदार. *(nm)*–a buyer, a purchaser, a customer.

گاہکی **gāhakī (गाहकी)**–बिक्री, धन्धा, व्यापार. *(nf)*– sale, transactions.

گاہنا **gāhanā (गाहना)**–फसल से अनाज निकालना. *(v)*–to thrash.

گاؤ **gāū (गाऊ)**–गऊ, एक दूध देनेवाला पशु. *(nf)*–a cow, a sacred animal for Hindus.

گاؤ آہن **gāū āhan (गाऊ आहन)**–हल का आगे का लोहे का नुकीला सिरा. *(nm)*–ploughshare.

گاؤ تکیہ **gāū takiyā (गाऊ तकिया)**–गोल सिरहाना, बड़ा सिरहाना जिस के साथ टेक लगा कर आराम से बैठते हैं. *(nm)*–a large pillow or bolster.

گاؤ خانہ **gāū-khānā (गाऊ-खाना)**–गऊओं को रखने का स्थान, गऊशाला. *(nm)*–cow-shed.

گاؤدی **gāūdī (गाऊदी)**–मूर्ख, मूढ़, बेवकूफ, बुद्धिहीन. *(nm)*– a fool, a simpleton, an ignorant, a stupid.

گاؤکشی **gāūkushī (गाऊकुशी)**–गो-हत्या, गऊ का वध करना. *(nf)*–cow-slaughter.

گاؤں **gāon (गाओं)**–गांव, ग्राम, देहात, कस्बा. *(nm)*–a village.

گائے **gāe (गाए)**–गऊ, एक दूध देनेवाला पशु जिसकी हिन्दू पूजा करते हैं. *(nm)*– a cow.

گایتری منتر **gāyatrī mantra (गायत्री मंत्र)**–वेदों से लिया गया एक पवित्र मंत्र जिसका हिन्दू सदा उच्चारण करते हैं. *(nm)*–name of a csacred prayer-verse from the Vedas.

گبدا **gabdā (गबदा)**–मोटा, मांसल, चर्बीयुक्त, गुदगुदा. *(nm)*–fleshy, plump, fat.

گبر **gabar (गबर)**–आग की पूजा करने वाला, पारसी. *(nm)*–an fire-worshipper.

گبرو **gabrū (गबरू)**–नौजवान, सुन्दर युवक. *(nm)*– a young man, a youth, a well-built youth.

گبرون **gabrūn (गबरून)**–एक प्रकार का मोटा कपड़ा. *(nm)*–a kind of coarse cloth.

گبریلا **gabrīlā (गबरीला)**–एक कीड़ा जो पशुओं के गोबर में पाया जाता है. *(nm)*– dung-worm, dung-beetle.

گپ **gap (गप)**–झूठी बात, अफवाह, निराधार बात. *(nf)*– gossip, chat, tattle, a false report, a baseless news.

گپ بازی **gapbāzī (गपबाज़ी)**–गपें मारना, गपशप करना, समय काटना. *(nf)*–chat gossip.

گپ شپ **gapshap (गपशप)**–बेकार बातें करना, समय काटना, दिल बहलाना. *(nf)*–chit-chat, talk gossip.

گپ شپ کرنا **gapshap karnā (गपशप करना)**–गप्पें हांकना, गपबाज़ी करना. *(v)*–to tattle, to gossip, to brag, to give false report.

گپی **gappī (गप्पी)**–गप्पें हांकने वाला, गपबाज़ी करने वाला. *(adj)*–idle talker, liar.

گپت **gupt (गुप्त)**–छिपा हुआ, रहस्यमय, अनदेखा, अनजाना, अदृश्य, गोपनीय. *(adj)*–concealed, hidden, invisible. *(adv)*–secretly, privately.

گپت دان **gupt dān (गुप्त दान)**–बिना किसी को बताए कुछ दान करना, बिना अपना परिचय दिये किसी की सहायता करना. *(nm)*–a gift made secretly.

گپت مار **gupt mār (गुप्त मार)**–छिपी मार जिसका कोई निशान दिखाई न दे. *(nf)*–hurting in such a way as to leave no mark, taunt.

گپت مال **gupt māl (गुप्त माल)**–छिपा हुआ धन, दबा हुआ खज़ाना. *(nm)*–hidden wealth or treasure.

گپتی **guptī (गुप्ती)**–छोटी तलवार या खंजर जो किसी छड़ी में छिपी होती है. *(nf)*–a small sword hidden in a stick.

گپڑ **gapaṛ (गपड़)**–बड़ी गप, ऐसी गप जिसको सुनकर आदमी हैरान रह जाए. *(nf)*–a gossip, an unbelieve-able story or news .

گپھا **guphā (गुफा)**–खो, पहाड़ के अन्दर बनी छिपने की जगह. *(nf)*–a cave, a den, a thicket.

گپھا میں بیٹھنا **guphā main baiṭhnā (गुफा में बैठना)**–एकान्तवासी हो जाना, संसार से अलग-थलग जीवन व्यतीत करना, संन्यासी का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवन व्यतीत करना. *(v)*– retirement from the world to lead a hermit's life.

گپھا guphphā (गुफ्फा)–फूलों का गुच्छा, ज्यादा संख्या में कोई चीज. *(nm)*–a bunch of flowers, in abundance.

گت gat (गत)–हालत, स्थिति, दाह-संस्कार, अन्त, भाग्य, कर्म-लेख. *(nf)*– condition, state, cremation, funeral rites, end, fortune, destiny.

گت بجانا gat bajānā (गत बजाना)–संगीत की धुन बजाना. *(v)*–to play a tune.

گت بنانا gat banānā (गत बनाना)–किसी को बहुत बुरी तरह से पीटना, सज़ा देना, कठोर दंड देना. *(v)*–to beat soundly or severely, to beat black and blue.

گت بھرنا gat bharnā (गत भरना)–संगीत की धुन पर नाचना. *(v)*–to dance to music.

گتا gattā (गत्ता)–मोटा कागज़, कार्डबोर्ड. *(nm)*–card-board.

گتکا gatkā (गतका)–एक पंजाबी नाच जो गुजराती नाच की तरह डंडों से खेला जाता है. *(nm)*–a dance played with wooden clubs.

گتھنا guthnā (गुथना)–लिपट जाना, एक दूसरे को आलिंगन में भर लेना. *(v)*–to be plaited, to be closely knitted.

گتھی gutthī (गुत्थी)–समस्या, उलझन, गांठ. *(nf)*–a knot, a riddle, puzzle, complication.

گتھی پڑنا gutthī paṛnā (गुत्थी पड़ना)–उलझन पड़ना, समस्या होना. *(v)*–to be tangled.

گتھی سلجھانا gutthī suljhānā (गुत्थी सुलझाना)–समस्या का हल ढूँढ़ना, समस्या को सुलझाना. *(v)*–problem to be solved.

گِٹّا giṭṭā (गिट्टा)–पैर और पिंडली का जोड़, एक प्रकार की मिठाई. *(nm)*– an ankle-bone, a knee-bone. a sweetmeat.

گِٹ پٹ giṭpiṭ (गिटपिट)–अनपढ़ों की समझ में न आने वाली भाषा, अंग्रेज़ी. *(nf)*–any language which is not understood by a listener, English.

گِٹ پٹ کرنا giṭpiṭ karnā (गिटपिट करना)–ऐसी भाषा बोलना जो दूसरों की समझ में न आए, अंग्रेज़ी. *(v)*–to speak a language which is not understood by others.

گُٹکا guṭkā (गुटका)–किसी भी चीज़ का छोटा रूप, पाकेट-साइज़, ऐसी वस्तु जो आसानी से हाथ में पकड़ी जा सके या जेब में रखी जा सके. *(adj)*–small size of any thing, anything handy, pocket-size, pocket book.

گُٹکنا guṭaknā (गुटकना)–कोई चीज़ निगल जाना. *(v)*–to swallow.

گٹھ gaṭh (गठ)–'गांठ' का संक्षिप्त रूप. *(nf)*–contraction of गांठ.

گٹھ بندھن / گٹھ جوڑ gaṭhbandhan/ gaṭhjoṛ (गठबंधन/ गठजोड़)–आपसी सहयोग करना, मिलना, विवाह करना. *(nm)*–tying the knot, an alliance, unity, nuptial tie.

گٹھا gaṭṭhā (गट्ठा)–बंडल, गट्ठर. *(nm)*–a bundle.

گٹھانا/گٹھوانا gaṭhānā/gaṭhvānā (गठाना/ गठवाना)–जूता मुरम्मत करवाना. *(v)*–to get the shoe mended, to get the shoe repaired.

گٹھر gaṭṭhar (गट्ठर)–बड़ा बंडल, कपड़े इत्यादि की गांठ. *(nm)*–a large bundle, a bale.

گٹھری gaṭharī (गठरी)–छोटा गट्ठर, छोटा बंडल, कपड़े की छोटी गांठ. *(nf)*–a small bundle, a bag, a packet.

گٹھلی guṭhalī (गुठली)–फल का बीज जो फल की गुठली के रूप में होता है. *(nf)*–a stone of a fruit, a kernel, seed.

گٹھنا gaṭhnā (गठना)–मुरम्मत करना, ठीक करना, सुधार करना. *(v)*–to mend, to repair.

گٹھوائی gaṭhvāī (गठवाई)–जूता ठीक करने की उज्रत. *(nf)*–the charges for mending shoes.

گٹھیا gaṭhyā (गठ्या)–जोड़ों के दर्द का रोग, गठरी. *(nf)*– rheumatism, pains, a bag, a sack in the joints.

گٹھیلا gaṭhīla (गठीला)–गांठोंवाला, गठे हुए शरीर वाला, शक्तिशाली. *(adj)*–knotty, well-set, robust, strong, well-built.

گج gaj (गज)–हाथी, एक बड़े आकार का जानवर जो जंगली इलाकों में सवारी और बोझ ढोने का काम करता है. *(nm)*–an elephant.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گجر **gajar** (गजर)–बड़े आकार का घंटा, बड़ी घड़ी जो हर घंटे के बाद टन टन की आवाज़ करके लोगों को समय बताती है, लाल और सफेद गेहूँ का मिश्रण. *(nm)*–the strokes of a gong, the hourly strokes of a gong, an alarm clock, the mixture of red and white wheat.

گجردم **gajar dam** (गजर दम)–प्रातःकाल, सुबह-सवेरे, सूर्य निकलने के समय, तुरन्त, फौरन. *(adv)*–early in the morning, at early dawn, immediately.

گجرا **gajarā** (गजरा)–फूलों का हार, कलाई में पहनने का एक आभूषण, गाजर का पत्ता. *(nm)*–a garland, the leaf of the carrot, an ornament for the wrist.

گجرا گوندھنا **gajarā gūndhnā** (गजरा गूंधना)–फूलों का हार गूंधना, फूलों का हार बनाना. *(v)*–to prepare a flower bracelet.

گوجری **gūjarī** (गुजरी)–गूजर का स्त्रीलिंग, दूध बेचनेवाली औरत. *(nf)*–(feminine of *gūjar*, milk- man), a milk-maid.

گجربھا **gajrabhā** (गजरभा)–एक स्वादिष्ट खाद्य-पदार्थ जो मीठे चावलों और गाजर को दूध में उबाल कर बनाया जाता है. *(nm)*–a tasty food prepared by boiling sweet rice in milk with carrots.

گجھا/گجھی **gujhā/gujhī** (गुझा/गुझी)–गुप्त, छिपी हुई, अन्दरूनी, अन्दर की. *(adj)*– hidden, inner, invisible.

گجھی مار **gujhi mār** (गुझी मार)–ऐसी मार जिसका शरीर पर कोई निशान न पड़े. *(nm)*–invisible hurt.

گجیا **gujiyā** (गुजिया)–एक प्रकार की मिठाई, मीठा समोसा जो मीठा मसाला भर कर बनाया जाता है और फिर चीनी की चाश्नी में लपेटा जाता है. *(nm)*–a sweetmeat, a sweet *samosā*.

گچاگچ **gacāgac** (गचागच)–वह आवाज जो चाकू से मांस काटते समय होती है. *(adv)*–a sound as of knife while cutting meat.

گچھا **guccha** (गुच्छा)–समूह, संग्रह, अधिक संख्या में. *(nm)*–a bunch, a cluster.

گچھی **gucchī** (गुच्छी)–छोटा गुच्छा. *(nf)*–a small bunch.

گدا **gadā** (गदा)–भिखारी, भिखमंगा, माँगनेवाला. *(nm)*–a beggar.

گدّا **gaddā** (गद्दा)–नीचे बिछाने का रुई से भरा नर्म गद्दा. *(nm)*–a soft quilted bedding.

گداز **gudāz** (गुदाज़)–पिघला हुआ, घुला हुआ, मोटा, फूला हुआ. *(adj)*–melted, dissolved, thick, plump.

گداگر **gadāgar** (गदागर)–भिखमंगा, भिखारी, भीख माँगनेवाला. *(nm)*–a beggar.

گداگری **gadāgarī** (गदागरी)–भीख माँगने का कर्म, भिक्षा या दान पर जीवन व्यतीत करना. *(nf)*–begging, living on charity.

گدرا **gadrā** (गदरा)–आधा पका हुआ, गाढ़ा, गूदे वाला, मांसल शरीर. *(adj)*–half-ripe, thick, plump, well-developed.

گدرانا **gadrānā** (गदराना)–आधा पका हुआ होना, उठती जवानी की अवस्था, शरीर का मांसल और आकर्षक होना, खिलना. *(v)*–to be half-ripe, to attain puberty, to bloom.

گدڑی **gudaṛī** (गुदड़ी)–चीथड़ों को जोड़कर बनाई गई ऊपर ओढ़ने की रजाई. *(nf)*–rags, tattered and torn clothes or quilts.

گدڑی میں لال **gudaṛī main lāl** (गुदड़ी में लाल)–गुदड़ी (चीथड़ों) में छिपा हीरा. *(adj)*–a jewel in rags.

گدگدا **gudgudā** (गुदगुदा)–नर्म व मुलायम. *(adj)*–soft and plump.

گدگدانا **gudgudānā** (गुदगुदाना)–गुदगुदी करना, हँसने पर मजबूर करना, छेड़छाड़ करना. *(v)*– to tickle, to titillate.

گدگدی **gudgudī** (गुदगुदी)–गुदगुदाहट, हँसने के लिए उकसाना. *(nf)*–titillation, tickling.

گدلا **gadlā** (गदला)–गंदा, मिट्टीवाला, खराब, अशुद्ध. *(adj)*– muddy, foul, dirty, impure.

گدنا **gudnā** (गुदना)–शरीर पर कोई चित्र या निशान गुदवाना. *(v)*–to be tatooed.

گدھ **giddh** (गिद्ध)–एक बड़े आकार का पक्षी जो मर्दा जानवरों का माँस खाता है, और छोटे पक्षियों का शिकार करता है. *(nm)*–a vulture.

گدھا **gadhā** (गधा)–एक पशु जो बोझ ढोने के काम आता है. मूर्ख, मूढ़, बेवकूफ, अनाड़ी. *(nm)*–an

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ass, a donkey, foolish, stupid, simpleton, inexperienced, an ignorant.

گدھاپن **gadhāpan (गधापन)**– बेवकूफी, मूर्खता, अनाड़ीपन, मूर्खता. *(nm)*– foolishness, stupidity, ignorance, inexperience.

گدھے پر سوار کرنا **gadhe par savār karnā (गधे पर सवार करना)**–अपमान करना, बदनाम करना, मूर्ख घोषित करना. *(v)*–to disgrace, to defame, to declare someone fool.

گدھی **gadhī (गधी)**–'गधा' का स्त्रीलिंग, बेवकूफ स्त्री, जिस महिला को कोई अनुभव नहीं हो. *(nf)*– she-ass, stupid woman, foolish.

گدّی **gaddī (गद्दी)**–बैठने की गद्दी, सिंहासन, दुकानदार के बैठने की जगह, बैठने का आसन. *(nf)*–a cushion, a seat, a throne, mat.

گدّی پر بٹھانا **gaddī par biṭhānā (गद्दी पर बिठाना)**–सिंहासन पर बिठाना, राज-पाट सौंपना, राजा का मुकट पहनाना. *(v)*–to instal a king, to enthrone.

گدّی پر بیٹھنا **gaddī par baiṭhnā (गद्दी पर बैठना)**–सिंहासन पर बैठना, राज-पाट संभालना, दुकान का काम-काज संभालना. *(v)*– to ascend the throne, to be enthroned, to be a king, to be incharge of a firm or shop.

گدّی سے اتارنا **gaddī se utārnā (गद्दी से उतारना)**–सिंहासन छीनना, राज-पाट से वंचित करना, सब अधिकार छीन लेना. *(v)*–to dethrone.

گدّی نشین **gaddīnashīn (गद्दीनशीन)**–गद्दी का वारिस, सिंहासन का उत्तराधिकारी, किसी साधु या फकीर के मज़ार का रखवाला. *(nm)*–a prince, a king, a keeper of a saint's tomb.

گدّی **guddī (गुद्दी)**–गर्दन का पिछला भाग. *(nf)*– nape of the neck.

گدّی سے زبان کھینچنا **guddī se zabān khencnā (गुद्दी से ज़बान खेंचना)**– *(v)*–to pull the tongue from the nape, to award death sentence.

گدّی ناپنا **guddī nāpnā (गुद्दी नापना)**–किसी को गर्दन के पिछले भाग पर चपत जड़ना. *(v)*–to slap one on the neck.

گدیلا **gadelā (गदेला)**–नर्म व गुदगुदा बिस्तर. *(nm)*–a thick bedding, a cushion.

گڈّا **gaḍḍā (गड्डा)**–बैलगाड़ी, छकड़ा जिसे बैल खींचते हैं. *(nm)*–a bullock-cart.

گڈّا **guḍḍā (गुड्डा)**–कपड़े, कागज़ या लकड़ी से बना एक खिलौना, लड़के के रूप की पुतली. *(nm)*– a doll, a puppet, effigy.

گڈریا **gaḍariyā (गडरिया)**–पशु चरानेवाला, पशुओं की देखभाल करनेवाला. *(nm)*–a shepherd, a man who cares for animals.

گڈمڈ **gaḍmaḍ (गडमड)**–अस्त-व्यस्त, बिगड़ा हुआ, बिखरा हुआ, बिना किसी क्रम के, मिला हुआ, मिश्रण. *(adj)*– disordered, mixed up, adulterated, muddled.

گڈمڈ کرنا **gaḍmaḍ karnā (गडमड करना)**–कई चीज़ों का मिला देना, भ्रम पैदा करना, अस्त-व्यस्त करना. *(v)*–to mix up, to confuse, to disorder.

گڈمڈ ہونا **gaḍmaḍ honā (गडमड होना)**–आपस में मिल जाना, बहुत समीप आ जाना. *(v)*–to be mixed up, to be very close.

گڈّی **gaḍḍī (गड्डी)**–भाजी का बंडल, गुच्छी, नोटों की गड्डी, किसी चीज़ को इकट्ठा करके बाँधना. *(nf)*– a little bundle of vegetables, a bundle of anything, half ream of paper.

گڈّی **guḍḍī (गुड्डी)**–कागज़ की पतंग, छोटी बच्ची, लड़कियों के खेलने की कपड़े की बनी पुतली. *(nf)*–a paper-kite, a pupet, a girl child.

گر **gar (गर)**–'अगर' का संक्षिप्त रूप, यदि, इस हालत में. *(conj)*–if, in case, in the event of.

گُر **gur (गुर)**–फार्मूला, समस्या का समाधान, छोटा रास्ता, 'गुरु' का संक्षिप्त रूप, मार्ग-दर्शक, पथ-प्रदर्शक, रास्ता बताने वाला, शिक्षा देने वाला. *(nm)*–a formula, a short method, a spiritual guide, a teacher.

گر بھائی **gur bhāī (गुर भाई)**–एक ही गुरु के चेले. *(nm)*–a fellow desciple.

گردوارہ **gurdvārā (गुरद्वारा)**–धार्मिक स्थल, गुरु का दरवाज़ा, गुरु का घर. *(nm)*– a place of worship, *Gurudwara*.

گرماتا **gurmātā (गुर माता)**–गुरु की पत्नी. *(nf)*– wife of one's religious guide *(guru)*.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گرمکھی **gurmukhī** (गुरमुखी)–गुरु के मुँह से निकली हुई भाषा, पंजाबी भाषा जो कि हिन्दी की तरह ही लिखी जाती है. *(nf)*–the language of the *gurūs*, Punjabi written in Hindi like characters.

گرا دینا **girā denā** (गिरा देना)–नीचे गिरा देना, किसी को धक्का देकर गिराना, कोई मकान या इमारत गिराना. *(v)*–to throw down, to break down, to demolish.

گراری **garārī** (गरारी)–दान्तेदार पुली. *(nf)*–pulley, cogged wheel.

گرام **grām** (ग्राम)–गाँव, देहात, छोटा कस्बा. *(nm)*– a village, a small town.

گرام **grām** (ग्राम)–एक किलो का हज़ारवां हिस्सा. *(nm)*– gramme.

گراموفون **grāmophon** (ग्रामोफोन)–पुराने ज़माने का बाजा जिसमें रेकार्ड बजाए जाते थे. *(nm)*–a gramophone.

گرامی **girāmī** (गिरामी)–विख्यात, प्रसिद्ध, मशहूर, सम्मानित, ऊँचे पद वाला. *(adj)*–respectable, famous, well-established, of high position.

گران **girān** (गिरां)–बहुमूल्य, महंगा, उत्तम, बढ़िया, श्रेष्ठ, सम्मानित. *(adj)*– dear, precious, revered, great, excellent, respectable.

گرانی **girānī** (गिरानी)–महँगाई, थुड़, कमी, त्रुटि, न्यूनता. *(nf)* –dearness, dearth, scarcity, rise in price, indigestion, weight, heaviness.

گراوٹ **girāvaṭ** (गिरावट)–गिरने की अवस्था, स्वास्थ्य में गिरावट, तापमान में गिरावट, भाव में गिरावट. *(nf)*–decline, fall, reduction.

گرانٹ **grānṭ** (ग्रांट)–सहायता, मदद. *(nf)*–grant, aid, help.

گرانڈیل **grinḍīl** (ग्रिंडील)–विशाल-काय, लम्बा-चौड़ा, ऊँचे कद का. *(adj)*–hefty, husky, huge, large.

گراؤنڈ **grāūnḍ** (ग्राऊँड)–भूमि, मैदान. *(nf)*–ground.

گربز **gurbuz** (गुरबुज़)–धोखेबाज़, धोखाधड़ी करने वाला, फ्रॉड करने वाला. *(adj)*–fraudulent person.

گربزی **gurbuzī** (गुरबुज़ी)– धोखाधड़ी, चालबाज़ी, फ्रॉड. *(nm)*– cheating, trickery, fraudulence.

گربھ **garbh** (गर्भ)–स्त्री की कोख में बच्चे का मौजूद होना. *(nm)*–pregnancy.

گرتا پڑتا **girtā paṛtā** (गिरता पड़ता)–बड़ी मुश्किल से, कठिनाई से. *(adv)*–with difficulty.

گرج **garaj** (गरज)–बिजली की कड़क, बादलों की गरज, ललकार. *(nf)*– thundering, roaring, bellowing.

گرجنا **garajanā** (गरजना)–बिजली का कड़कना, बादलों का गरजना, किसी का ऊँची आवाज़ में बोलना, ललकारना. *(v)*–to thunder, to roar, to challenge.

گرج کر بولنا **garaj kar bolnā** (गरज कर बोलना)–ऊँची आवाज़ में बोलना, ऊँची आवाज़ में ललकारना. *(v)*–to speak loudly, to speak in a harsh voice, to thunder like a cloud while speaking.

گرجتے ہیں سو برستے نہیں **garajate hain so baraste nahīn** (गरजते हैं सो बरसते नहीं)–धमकियां देने वाले कभी कुछ नहीं करते. *(phrase)*–barking dogs seldom bite.

گرجا **girjā** (गिरजा)–ईसाइयों का पूजा-स्थल. *(nm)*– a church, a chapel.

گرد **gard** (गर्द)–धूल, मिट्टी. *(nf)*–dust, trifle.

گرد آلود **gardālūd** (गर्दालूद)–मिट्टी से ढका हुआ, मिट्टी से भरा हुआ. *(adj)*–covered with dust, dusty.

گرد اڑانا **gard uṛānā** (गर्द उड़ाना)–धूल उड़ाना, वातावरण बिगाड़ना, अशान्ति फैलाना, किसी की बदनामी करना. *(v)*–to raise the dust, to create disturbance, to defame someone.

گرد **gird** (गिर्द)–पास, समीप, नज़दीक, गोल, घेरा. *(nm)*– round, circumference, *(adv)*–about, near.

گرداور **girdāvar** (गिरदावर)–गाँव के स्तर का एक अधिकारी जो पटवारी से ऊपर होता है और पटवारियों के काम का निरीक्षण करता है. *(nm)*–an officer of customs, an officer who supervises the work of a *patwārī*.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گرداوری **girdāvarī** (गिरदावरी)–गिरदावर का काम. *(nf)*–the functions of a *girdāwar*.

گردوپیش **girdopesh** (गिर्दोपेश)–चारों ओर, सब ओर. *(adv)*– on all sides, all around.

گردونواح **girdonavāh** (गिर्दोनवाह)–आस-पास, पास-पड़ोस, बहुत पास, पड़ोस में. *(nm)*– vicnity, subrubs.

گرد ہونا **gird honā** (गिर्द होना)–पास होना, समीप होना. *(v)*–to follow, to hang upon, to surround, to gether or collect around.

گرداب **girdāb** (गिरदाब)–भवर, पानी का चक्कर. *(nm)*–a whirlpool, gulf, vortex.

گردش **gardish** (गर्दिश)– चक्कर, मुसीबत, आपत्ति, बुरा समय. *(nf)*– misfortune, circulation, reversion, wandering about, hard times, adverse fortune.

گردش ایام **gardishe ayyām** (गर्दिशे अय्याम)– दिनों का फेर, भाग्य का चक्कर, बुरा समय, बुरे दिन. *(nf)*–vicissitudes of fortune.

گردش میں آنا **gardish main ānā** (गर्दिश में आना)–बुरे दिन आना, किस्मत खराब होना, भाग्य बिगड़ना, परेशानी में पड़ना, मुसीबत टूट पड़ना. *(v)*–to be unlucky, to be having hard times, to fall into adversity, to be unfortunate, facing unfavourable circumstances.

گردن **gardan** (गर्दन)–सिर और शरीर के बीच का भाग. *(nf)*– the neck.

گردن اُڑانا/کاٹنا **gardan uṛānā/kāṭnā** (गर्दन उड़ाना/काटना)–सिर को धड़ से जुदा कर देना, हत्या कर देना, मार डालना, कत्ल कर देना. *(v)*–to behead, to slay, to murder, to kill.

گردن پر خون ہونا **gardan par khūn honā** (गर्दन पर खून होना)–किसी की हत्या का आरोप होना. *(nm)*–to be guilty of murder.

گردن پر سوار ہونا **gardan par savār honā** (गर्दन पर सवार होना)–किसी के सिर पर बैठे रहना, किसी काम के लिए मजबूर करना. *(v)*–to sit on one's head, to compel, to force.

گردن پھنسانا **gardan phansānā** (गर्दन फंसाना)– अपने आप को किसी मुसीबत में डाल लेना, अपने लिए मुसीबतें खड़ी करना, कोई ज़िम्मेदारी उठाना. *(v)*–to put one's head in a noose, to incur responsibility.

گردن پھیرنا **gardan phernā** (गर्दन फेरना)–मुँह मोड़ लेना, किसी बात से सहमत न होना, किसी बात को अस्वीकार कर देना. *(v)*–to disagree, to disobey, to reject.

گردن جھکانا **gardan jhukānā** (गर्दन झुकाना)– आदेश मानना, आज्ञा- पालन करना, हर बात को स्वीकार करना. *(v)*–to bow the head, to submit, to obey, to yield.

گردن زدنی **gardan zadnī** (गर्दन ज़दनी)–गर्दन कटने योग्य, ऐसा व्यक्ति जिसकी गर्दन काट डालना उचित हो. *(adj)*–deserving to be beheaded.

گردن کٹنا **gardan kaṭnā** (गर्दन कटना)–गर्दन कट जाना, हत्या हो जाना, मारा जाना. *(v)*–to be beheaded, to be killed, to be ruined.

گردن مارنا **gardan mārnā** (गर्दन मारना)–गर्दन काटना, हत्या करना, मार डालना. *(v)*–to kill, to put to death, to finish, to destroy.

گردن مروڑنا **gardan maroṛnā** (गर्दन मरोड़ना)– मार डालना, हत्या कर देना, कत्ल कर देना. *(v)*–to kill, to strangle, to throttle.

گردن ہلانا **gardan hilānā** (गर्दन हिलाना)–गर्दन को हिला कर किसी बात को स्वीकार या अस्वीकार करना, अपनी सहमति या असहमति जताना. *(v)*– to shake the head, to agree or disagree by shaking the head.

گردن ہلنے لگنا **gardan hilne lagnā** (गर्दन हिलने लगना)–बूढ़ा हो जाना, कमज़ोर हो जाना. *(v)*– to be old, to be weak, to be feeble.

گردنی **gardanī** (गर्दनी)–घोड़े की गर्दन पर लपेटा जाने वाला कपड़ा, गर्दन पर चपत या मुक्का मारना, गर्दन में पहना जाने वाला चांदी का छल्ला, कुश्ती में एक दांव. *(nf)*–a horse-cloth, a blow on the neck, a ring of silver worn on the neck, a trick in wrestling.

گرنی دینا **gardanī denā** (गर्दनी देना)–किसी को गर्दन से पकड़ कर खींचना, किसी को गर्दन से पकड़ कर बाहर धक्का देना. *(v)*–to drive a man by the neck, to turn one out by the

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

scuff of the neck.

گردہ gurdā (गुर्दा)–शरीर के अन्दर का एक अंग, हिम्मत, हौसला, जवांमर्दी. *(nm)*–a part of the body–kidney, courage, boldness.

گردا girdā (गिर्दा)–घेरा, गोला, गोल सिरहाना, गोल ट्रे, ड्रम. *(nm)*–circumference, a round pillow, a round tray, a barrel of a drum.

گرز gurz (गुर्ज़)–गुर्ज, युद्ध में काम आने वाला एक हथियार, युद्ध के अवसर पर योद्धा गुर्ज़ का अपने कंधे पर रख कर शत्रु को ललकारते हैं. *(nm)*–a mace, a club, a fighting instrument, a war-weapon.

گرسنگی gursanagī (गुर्सनगी)–भूख. *(nf)*–hunger.

گرسنہ gursanā (गुर्सना)–भूखा, जिसे भोजन न मिला हो. *(adj)*–hungry.

گرفت giripht (गिरिफ्त)– पकड़, आलोचना, आरोप, एतराज़, हैंडिल. *(nf)*– grasp, criticism, blame, objection, seizure, capture, hold, catch, a handle.

گرفتار giriphtār (गिरिफ्तार)–पकड़ा जाना, कैदी बन जाना, हथकड़ी लग जाना, शिकंजे में आ जाना, पकड़ में आ जाना. *(adj)*–arrested, seized, involved, captivated, prisoner, enchained.

گرفتار کرنا giriphtār karnā (गिरफ्तार करना)– पकड़ना, कब्ज़े में करना, हथकड़ी पहनाना. *(v)*– to seize, to arrest, to capture, to captivate, to apprehend.

گرفتار ہونا giriphtār honā (गिरिफ्तार होना)– पकड़ा जाना, पुलिस के कब्ज़े में आना, कैदी बन जाना, किसी से प्यार हो जाना. *(v)*–to become a prisoner, to be involved in, to fall in love with.

گرفتاری giriphtārī (गिरिफ्तारी)– पकड़, बन्दीकरण. *(nf)*– seizure, captivity, bondage, entanglement, arrest, imprisonment.

گرفتہ gariphtah (गरिफ्तः)–जो पकड़ा गया हो, जिसे बन्दी बना लिया गया हो, जिसे गिरिफ्तार का लिया गया हो. *(adj)*– captured, captivated, seized, arrested.

گرگ gurg (गुर्ग)–एक जंगली पशु, भेड़िया. *(nm)*– a wild animal, a wolf.

گرگ باراں دیدہ gurg bārān dīdā (गुर्ग बारां दीदा)–एक अनुभवी व्यक्ति, निपुण, चतुर, चालाक, मक्कार. *(adj)*– an experienced person, an expert, a veteran, a cunning fellow.

گرگ زادہ gurgzādah (गुर्गज़ादह)–भेड़िये का बच्चा, छोटा भेड़िया, मक्कार आदमी का बेटा. *(nm)*–a wolf's cub. a young wolf, son of a cunning person, a cheat.

گرگ کہن gurge kuhan (गुर्गे कुहन)–बूढ़ा भेड़िया, चालाक व्यक्ति, शातिर, फ्रॉड करने वाला, अनुभवी धोखेबाज़. *(nm)*–an old wolf, an experienced cheat.

گرگا gurgā (गुर्गा)–नौकर, शातिर आदमी, नीच, कमीना, मक्कार. *(nm)*–a servant, a low fellow, mean, a vagabond.

گرگابی gurgābī (गुर्गाबी)–एक प्रकार का जूता जिसमें तस्मे नहीं होते. *(nf)*–a kind of shoe or slipper which has no laces.

گرگٹ girgaṭ (गिरगट)–एक छोटे आकार का रेंगने वाला जीव जो बार-बार अपना रंग बदलता रहता है, एक स्वार्थी व्यक्ति जो अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए कुछ भी कर सकता है. *(nm)*–a chameleon, a selfish man.

گرم garam (गरम)–तपता हुआ, जलता हुआ, चुस्त, सक्रिय, जीवित, सरगरम, भीड़-भाड़वाला, गुस्से वाला, सैक्सी. *(adj)*–hot, warm, burning, active, zealous, eager, fiery, violent, lively, crowded, angry, sexy.

گرم اختلاطی garam ikhtilātī (गरम इख्तिलाती)– गरमाहट, रिश्तों की गरमाहट, दोस्ती की गरमाहट, लगाव, आकर्षण, चाहत. *(nf)*–warmth of relations, warmth of friendship, strong attachment, warm affection.

گرم بازاری garam bāzārī (गरम बाज़ारी)–बाज़ार की तेज़ी, बिक्री में तेज़ी, कीमतों में तेज़ी. *(nf)*– throng in market, rapid sale, great demand, high value or cost.

گرم بولنا garam bolnā (गरम बोलना)–गुस्से से बोलना, कटु बोलना, गुस्सा दिखाना. *(v)*–to speak angrily.

گرم جوشی garamjoshī (गरमजोशी)–प्यार, मुहब्बत,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपनापन, लगाव, झुकाव. *(nm)*–warmth of affection, cordiality, zeal, friendship.

گرم خبر **garam khabar** (गरम खबर)–ताज़ा खबर, ताज़ा अफवाह, सैक्सी खबर. *(nm)*–the latest news, the current rumour, sexy news.

گرم سرد **garam sard** (गरम सर्द)–जीवन की ऊँच-नीच. *(nm)*–ups and downs of life.

گرم کرنا **garam karnā** (गरम करना)–किसी को उत्तेजित करना, उकसाना, गुस्सा दिलाना, नाराज़ करना. *(v)*–to warm, to heat, to incite, to make angry, to irritate.

گرم مزاج **garam mizāj** (गरम मिज़ाज)–तेज़ मिज़ाजवाला, गुस्सा वाला, जल्दी उत्तेजित होने वाला. *(adj)*–hot tempered, short tempered, passionate.

گرم ہونا **garam honā** (गरम होना)– उत्तेजित होना, गुस्सा होना, नाराज़ होना. *(v)*–to become hot, to be thronged, to be brisk, to get angry, to be irritated.

گرما **garmā** (गरमा)–गर्मियों का मौसम, गरम मौसम. *(nm)*– summer, the hot season, heat.

گرما گرم **garmāgaram** (गरमागरम)–बहुत गरम, ताजा गरम किया हुआ. *(nm)*–hot and hot, too hot, fresh.

گرما گرمی **garmāgarmī** (गरमागरमी)–तू-तू मैं-मैं, वाद-विवाद, बातों-बातों में झगड़ा, कटु शब्दों में बहस. *(nf)*– exchange of hot words, rebuking.

گرمانا **garmānā** (गरमाना)–गरम होना, गुस्सा होना, उत्तेजित होना. *(v)*–to heat, to be hot or angry, to be excited.

گرمائی **garmāī** (गरमाई)– गरमाहट, गुस्सा, उत्तेजना. *(nf)*–heat, excitement, anger.

گرمی **garmī** (गरमी)–ताप, तपिश, गुस्सा, प्यार, एक यौन-रोग. *(nf)*–heat, warmth, summer, passion, love, anger, veneral disease, syphilis.

گرمی پڑنا **garmī paṛnā** (गरमी पड़ना)–गरमियों का मौसम आना, तपिश बढ़ना, वातावरण गरम हो जाना. *(v)*–to become hot, coming of summer.

گرمی دانہ **garmī dānā** (गरमी दाना)–गरमियों के मौसम में शरीर पर निकलनेवाले दाने. *(nm)*–prickly heat.

گرمی کرنا **garmī karnā** (गरमी करना)–तपिश पैदा करना, किसी को शिद्दत से चाहना, किसी को दीवानगी की हद तक प्यार करना. *(v)*–to produce heat or warmth, to effect fondness, to make show of affection.

گرمی نکالنا **garmī nikālnā** (गरमी निकालना)–गुस्सा प्रकट करना, गुस्सा निकालना, सम्भोग करना. *(v)*–to give vent to one's anger, to indulge in sexual intercourse.

گرمی ہونا **garmī honā** (गरमी होना)–मौसम गरम होना, यौन रोग होना. *(v)*–to become hot (season), to have syphilis–a venereal disease.

گرنا **girnā** (गिरना)–नीचे गिरना, लुढ़कना, सम्मान कम होना, निरादर होना, गर्भ का गिरना, भाव का गिरना, हिम्मत हारना, हौसला पस्त होना, युद्ध हारना, पिट जाना. *(v)*–to come down, to fall, to drop, to befall, to be reduced or degraded, to miscarry, to fall in price, to fall in one's esteem, to fall in battle.

گرنتھ **granth** (ग्रंथ)–पुस्तक, सिक्खों की पवित्र धार्मिक पुस्तक जोकि गुरमुखी भाषा में है. *(nm)*–a book, a sacred book of Sikhs written in Gurmukhi *(Punjabi)*.

گرنتھی **granthī** (ग्रंथी)–ग्रंथ को पढ़कर जनता को सुनानेवला. ग्रंथ का पाठ करनेवाला. *(nm)*–one who reads *granth* to public.

گرو **guru** (गुरु)–रास्ता दिखानेवाला, मार्गदर्शक, पथप्रदर्शक, समझदार व्यक्ति, ज्ञानी, शिक्षक. *(nm)*– a spiritual guide, a religious teacher, a wise man, a tutor, *(adj)*–honourable, respectable.

گروگھنٹال **gurughanṭāl** (गुरुघंटाल)–दुष्ट, पाजी, नीच, धूर्त, मक्कार. *(nm)*–a thorough knave, mean, low, cunning, a rascal.

گروہ **giroh** (गिरोह)–कुछ लोगों का समूह, मिल कर काम करने वाले कुछ लोग, जमावड़ा, जमघट, गैंग. *(nm)*–a band, crowd, troops, company, sect., class, group, gang.

گروی **girvī** (गिरवी)–बँधक, रेहन, बँधक रखी हुई

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चीज़, एक कीड़ा जो खड़ी फसल को नष्ट कर देता है. *(adj)*–pledged, pawned, mortgaged, *(nm)*–an insect destructive to standing corn.

گروی رکھنا **girvī rakhnā** (गिरवी रखना)–बँधक रखना, रेहन रखना. *(v)*–to pledge, to mortgage, to pawn.

گرویدگی **girvīdagī** (गिरवीदगी)–प्रशंसा, लगाव, धन्यवाद, चाहत. *(nf)*– admiring, following, adoring, attachment, gratefulness.

گرویدہ **girvīdā** (गिरवीदा)–प्रशंसक, आज्ञाकारी, चाहनेवाला, सम्मान करनेवाला. *(adj)*–attracted, attached to, captivated, admiring.

گرہ **girah** (गिरह)–गाँठ, उंगलियों के जोड़, एक गज़ का सोल्हवां भाग, जेब, वैर, द्वेष, पुरानी दुश्मनी. *(nf)*–a knot, a joint, a knuckle, a pocket, dissention, old enmity. one-sixteenth of a *(gaz)* yard.

گرہ پڑنا **girah paṛnā** (गिरह पड़ना)–गाँठ पड़ना, मतभेद हो जाना, दुश्मनी हो जाना. *(v)*–dissention arising between two persons.

گرہ دار **girahdār** (गिरहदार)– गाँठोंवाला, जोड़ोंवाला. *(adj)*– jointed, knotted.

گرہ سے دینا **girah se denā** (गिरह से देना)–किसी को अपनी जेब से कुछ देना. *(v)*–to give someone from one's own pocket.

گرہ سے کچھ جانا **girah se kuch jānā** (गिरह से कुछ जाना)–कोई खर्चा होना, कोई नुक्सान होना, हाथ से कुछ जाना. *(v)*–to spend something from one's own pocket, to incur some expanditure.

گرہ کھلنا **girah khulnā** (गिरह खुलना)–भ्रम दूर हो जाना, फिर से मित्रता हो जाना, गाँठ का खुल जाना. *(v)*–clearing up of a misunderstanding, restoration of friendship, untying of a knot.

گرہ کھولنا **girah kholnā** (गिरह खोलना)–मतभेद को दूर करना, समस्या का समासधान खोजना. *(nm)*– ti untie a knot, to remove misunderstanding.

گرہ گیر **girahgīr** (गिरहगीर)–गांठ वाला, रहस्यमय, गुप्त, मुश्किल. *(adj)*–inclining to be knotty or difficult, defying solution.

گرہ لگانا **girah lagānā** (गिरह लगाना)–गाँठ लगाना. *(v)*–to tie a knot.

گرہ میں باندھنا **girah main bāndhnā** (गिरह में बाँधना)–किसी महत्त्वपूर्ण बात को याद रखने के लिए अपने रुमाल में गाँठ बाँधना. *(v)*–to tie a knot to one's handkerchief to remember some important matter to be done.

گرہ میں رکھنا **girah main rakhnā** (गिरह में रखना)–कोई चीज़ अपनी जेब में रख लेना. *(v)*–to keep something in one's pocket.

گرہ **grah** (ग्रह)–नक्षत्र–चाँद, सूर्य, मंगल, शनि, बुद्ध, राहु, केतु इत्यादि. *(nm)*–planet.

گرہ بھاری پڑنا **grah bhārī paṛnā** (ग्रह भारी पड़ना)–भाग्य बदल जाना, बुरे दिन आ जाना, ग्रह उलटा पड़ जाना. *(v)*–to have a verse fortune.

گرہستھ **grahasth** (गृहस्थ)–दुनियादारी, समाज व परिवार में रहते हुए सांसारिक काम करना. *(nf)*–home, family, social life.

گرہستھ آشرم **grahasthāghram** (गृहस्थाश्रम)–जीवन का दूसरा पड़ाव (आश्रम) जिसमें आदमी विवाह करके अपने परिवार को आगे बढ़ाता है और परिवार का पालन करता है. *(nm)*–the 2nd period of life (from the age of 25 years to 50 years) when a man enjoys the family life.

گرہستھن **grahasthan** (गृहस्थन)–घर-परिवार को चलाने वाली महिला, घर की मालिकन, गृहणि. *(nf)*– house-keeper, house-wife.

گرہستھی **grahasthī** (गृहस्थी)–परिवार को चलाने वाला, समाज में रहते हुए दुनियादारी के काम करने वाला, अपने परिवार की रक्षा करने वाला, घर-गृहस्थी का सामान. *(nm)*–bread and butter earner for the family, house-hold goods.

گرہن **grahaṇ** (ग्रहण)–चाँद ग्रहण या सूर्य ग्रहण, वह समय जब चाँद या सूर्य का कुछ भाग या सम्पूर्ण, काला दिखाई देता है. *(nm)*–eclipse of the sun or moon, a spot, a blot.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گرہن لگنا **grahaṇ lagnā (ग्रहण लगना)**–चाँद या सूर्य को ग्रहण लगना, किसी का अपमान होना. *(v)*–to be eclipsed, an eclipse to take place, to be disgraced.

گری **girī (गिरी)**–किसी फल का बीज या अन्दर का हिस्सा. *(nf)*–the kernel of any fruit, seed.

گریبان **girebān (गिरेबान)**–कमीज़ का कालर, किसी वस्त्र का अगला भाग, जेब. *(nm)*–the collar, the vopening or breast of a garment, pocket.

گریبان پکڑنا **girebān pakaṛnā (गिरेबान पकड़ना)**–किसी को कालर से पकड़ लेना, किसी का अपमान करना, निरादर करना. *(v)*–to seize by the collar, to insult, to disgrace.

گریبان چاک کرنا **girebān cāk karnā (गिरेबान चाक करना)**–उत्तेजना और गुस्से में अपने वस्त्र फाड़ लेना. *(v)*–to tear one's clothes in anger or frustration.

گریبان میں جھانکنا **girebān main jhānknā (गिरेबान में झांकना)**–अपने अंदर झाँकना, अपने दिल को टटोलना, अपने कर्मों के बारे में सोचना. *(v)*–to search one's own heart, to do a little heart searching before criticising others, to confess and be ashamed of one's own misdeeds.

گریز **gurez (गुरेज़)**–बचाव, अलगाव, दूरी, उपेक्षा, अवहेलना, नापसंदगी. *(nf)*– escape, deviation, aversion, flight, digression, dislike, regression.

گریز کرنا **gurez karnā (गुरेज़ करना)**–बचना, अलग हटना, दूर रहना, पसंद न करना. *(v)*–to avoid, to escape, to evade.

گڑ **guṛ (गुड़)**–गन्ने के रस को गर्म करके गुड़ बनाया जाता है जोकि चीनी जैसा मीठा होता है, इसे देसी चीनी भी कहते हैं. *(nm)*–raw sugar made of heating juice of sugar-cane.

گڑ دینے سے مرے تو زہر کیوں دے **guṛ dene se mare to jahar kyon de (गुड़ देने से मरे तो जहर क्यों दे)**–यदि मीठी-मीठी बातें करने से काम हो जाए तो कड़वी बात क्यों की जाए. *(prov)*– why resort to harsh words where sweet words succeed.

گڑ کہنے سے منہ میٹھا نہیں ہوتا **guṛ kahne se munh mīṭhā nahīn hotā (गुड़ कहने से मुँह मीठा नहीं होता)**–कर्म करने से कुछ मिलता है, बातें बताने से कुछ नहीं होता. *(phrase)*–there is no gain without action, no gain without pain.

گڑ کی بھیلی **guṛ kī bhelī (गुड़ की भेली)**–गुड़ का डला. *(nf)*–lump of raw sugar *(gur)*.

گڑمبا **guṛambā (गुड़म्बा)**–आमरस और गुड़ को मिलाकर उबालकर बनाया गया स्वादिष्ट पेय जो गरमियों में लू से बचाता है. *(nm)*–mangoe juice boiled with *gu|r*.

گڑبڑ **gaṛbaṛ (गड़बड़)**– अफरातफरी, अस्तव्यस्तता, अनियमित. *(nf)*– confusion, bustle, disorder, anarchy, mismanagement.

گڑبڑ جھالا **gaṛbaṛ jhālā (गड़बड़ झाला)**– गड़बड़ी, अस्तव्यस्तता, अफरातफरी. *(nm)*– disorder, confusion, mess.

گڑبڑ ہونا **gaṛbaṛ honā (गड़बड़ होना)**–*(v)*–to be confused, to be mixed up, to be mismanaged, to be disordered.

گڑبڑانا **gaṛbaṛānā (गड़बड़ाना)**–हड़बड़ा जाना, अस्तव्यस्त हो जाना, पेट का खराब होना. *(v)*– to be confused, to rumble (the stomach).

گڑگڑ **guṛguṛ (गुड़गुड़)**–हुक्का पीते समय जो हुक्के से आवाज़ निकलती है, अपच होने पर पेट से जो आवाज़ निकलती है. *(nf)*–the rumbling sound produced by water in a *huqqā*, rumbling in stomach.

گڑگڑانا **gaṛgaṛānā (गड़गड़ाना)**–बादलों का गरजना, गरारे करते समय गड़गड़ की आवाज़ करना. *(v)*–to thunder, to gurgle.

گڑگڑانا **giṛgiṛānā (गिड़गिड़ाना)**–विनम्रता से कुछ कहना, बहुत झुक कर बात करना, क्षमा की प्रार्थना करना. *(v)*–to beseach, to beg pardon, to implore humbly and earnestly.

گڑگڑانا **guṛguṛānā (गुड़गुड़ाना)**– हुक्के का गुड़गुड़ाना, पेट का गुड़गुड़ाना. *(v)*–to rumble.

گڑگڑاہٹ **gaṛgaṛāhaṭ (गड़गड़ाहट)**–बादलों के गरजने की आवाज़. *(nf)*–rumbling noise, thundering noise.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گڑگڑی **guṛguṛī** (गुड़गुड़ी)–छोटा हुक्का, तम्बाकू पीने की नली. *(nm)*–a small *huqqah*, a smoking pipe.

گڑنا **gaṛnā** (गड़ना)–जुड़ना, कील का गड़ना, शर्म से गड़ना. *(v)*–to penetrate, to be driven into, to be fixed, to be ashamed.

گڑوا **gaṛvā** (गड़वा)–पानी भरने का एक बरतन. *(nm)*– a kind of water-pot.

گڑوانا **gaṛvānā** (गड़वाना)–कोई चीज़ जमीन में दबवाना, कोई चीज़ ज़मीन के नीचे छिपवाना, मुर्दे को ज़मीन में गड़वाना. *(v)*–to cause to be buried, to cause to be driven into.

گڑوی **gaṛvī** (गड़वी)–छोटा गड़वा, पानी भरने का बरतन. *(nm)*–a kind of small water-pot.

گڑھ **gaṛ** (गढ़)–किला, दुर्ग. *(nm)*–a castle, a fort.

گڑھا **gaṛā** (गढ़ा)–गड्ढा, गहरी खड्ड, सुराख. *(nm)*–a cavity, a hole, a pit, a valley.

گڑھی **gaṛī** (गढ़ी)–छोटा किला. *(nm)*–a small fort.

گڑیا **guṛiyā** (गुड़िया)–बच्चों का खिलौना, कपड़े या लकड़ी की बनी लड़की की पुतली. *(nf)*–a doll.

گڑیا کا کھیل **guṛiyā kā khel** (गुड़िया का खेल)–बच्चों का खेल, बहुत आसान काम. *(nm)*–playing with dolls, a very easy matter.

گڑھے مردے اُکھاڑنا **gaṛe murde ukhāṛnā** (गढ़े मुर्दे उखाड़ना)–पुरानी शिकायतों को फिर से उठाना, पुरानी बातों को फिर से याद दिलाना, पुराने झगड़े को फिर से शुरू करना. *(v)*–to renew old grievances, to stir up hot embers, to restart a quarrel.

گز **gaz** (गज़)–लम्बाई का एक माप जिसमें 36 इंच या तीन फुट होते हैं, गज़, लोहे की छड़. *(nm)*–a yard measure, measure of 36 inches or three feet, (not in practice now-a-days), an iron rod.

گز بھر کی زبان **gaz bhar kī zabān** (गज़ भर की ज़बान)–बहुत लम्बी ज़बान, बहुत कड़वा बोलने वाली ज़बान. *(nf)*–a harsh tongue.

گزارا **guzārā** (गुज़ारा)–गुज़र-बसर, जीवन-यापन, परिवार पालना. *(nm)*– livelihood, maintenance of family.

گزارا کرنا **guzārā karnā** (गुज़ारा करना)–परिवार को पालना, अपनी रोटी-रोज़ी को चलाना, घर की देख-भाल करना. *(v)*–to subsist, to pass one's days, to get along with, to maintain the family, to make both ends meet.

گزارش **guzārish** (गुज़ारिश)–निवेदन, प्रार्थनापत्र, अपील, प्रस्तुति. *(nf)*–a petition, request, representation, explanation, statement.

گزارش کرنا **guzārish karnā** (गुज़ारिश करना)–निवेदन करना, प्रार्थनापत्र देना, अपना पक्ष प्रस्तुत करना. *(v)*–to represent, to submit, to request.

گزارنا **guzārnā** (गुज़ारना)– बिताना (जीवन), समय गुज़ारना. *(v)*–to pass life, to bring to pass, to lay before, to state.

گزر **guzar** (गुज़र)–गुज़ारा, जीवन-यापन, पथ, रास्ता, सड़क. *(nf)*–a living, a pass, a passage, a road, a path.

گزر جانا **guzar jānā** (गुज़र जाना)–किसी रास्ते को पार कर लेना, मृत्यु हो जाना. *(v)*–to pass, to die.

گزرگاہ **guzargāh** (गुज़रगाह)–रास्ता. *(nf)*– a passage, a road, a path.

گزرگاہ آم **guzargāh ām** (गुज़रगाह आम)–आम लोगों के आने-जाने का रास्ता, जनसाधारण का रास्ता. *(nf)*–a thorough-fare, a high-way, passage for every body.

گزران **guzrān** (गुज़रान)–जीने का ढंग, जीने के साधन, जीवन-यापन. *(nf)*–course of life, living, livelihood.

گزران کرنا **guzrān karnā** (गुज़रान करना)–गुज़र बसर करना, गुज़ारा करना. *(v)*–to pull together, to maintain oneself.

گزرنا **guzarnā** (गुज़रना)–जाना, रास्ते से जाना, मृत्यु हो जाना. *(v)*–to pass by, to go by, to die.

گزشتہ **guzashtah** (गुज़श्तः)–गुज़रा हुआ, बीता हुआ, अतीत, गुज़रा समय. *(adj)*– past, elapsed, left behind, in the past.

گزک **gazak** (गज़क)–एक स्वादिष्ट मिठाई जो तिल और गुड़ या चीनी मिलाकर बनाई जाती है. *(nf)*–a sweetmeat made of sesamum

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(til) and sugar/*gur*.

گزند **gazan** (गज़ंद)–चोट, हानि, शरारत, नुकसान, घाटा, दैवी प्रकोप, दुर्भाग्य. *(nm)*–injury, loss, harm, misfortune, calamity, mischief.

گزند پہنچنا **gazand pahuncnā** (गज़ंद पहुँचना)–नुक्सान होना, चोट लगना, कष्ट होना, दुःख होना. *(v)*–to come to grief, to suffer.

گزیدہ **gazīdah** (गज़ीदः)–साँप, बिच्छू या किसी ज़हरीले कीड़े द्वारा काटा गया. *(adj)*–stung, bitten.

گزیدہ **guzīdah** (गुज़ीदः)–चुना गया. *(adj)*–chosen, selected.

گزیر **guzīr** (गुज़ीर)–बचाव, समाधान, चिकित्सा, उपाय, सहायता. *(nm)*–escape, remedy, help, aid, solution.

ناگزیر **nāguzīr** (नागुज़ीर)–जिस समस्या का कोई हल न हो, जिसका कोई बदल न हो, जो अद्वितीय हो. *(adj)*– indespensable, having no equal, having no solution.

گسائیں **gusāīn** (गुसाईं)–साधु, सन्त, फकीर, संन्यासी, धार्मिक व्यक्ति, ब्राह्मणों में एक उपजाति, सम्मानित व्यक्ति. *(nm)*–a saint, a holy man; a sub-caste of *Brahamans*, a title of respect.

گستاخ **gustākh** (गुस्ताख)–असभ्य, अभद्र, निर्दयी, निर्मम, कठोर शब्द बोलनेवाला. *(adj)*–arrogant, uncivil, cruel, rude, abrupt, impudent.

گستاخی **gustākhī** (गुस्ताखी)–असभ्यता, अभद्रता, बुरा व्यवहार, निर्ममता, निर्दयता, कठोरता. *(nf)*–rudeness, arrogance, insolence.

گستاخی کرنا **gustākhī karnā** (गुस्ताखी करना)–असभ्यता से पेश आना, निर्ममता बरतना, कठोर व्यवहार करना. *(v)*–to be arrogant, to behave rudely.

گستاخی معاف **gustākhī muāf** (गुस्ताखी मुआफ़)–क्षमा कीजिए, मुझे मुआफ कर दीजिए. *(intrj)*– excuse me.

گستر **gustar** (गुस्तर)–फैलाना, देना, बिखेरना, बांटना. *(adj)*– spreading, scattering, dispensing.

گستری **gustarī** (गुस्तरी)–फैलाव, बिखराव, विस्तार, अदायगी. *(nf)*–spreading, scattering.

گستہ **gustah** (गुस्तः)–टूटा हुआ. *(adj)*–broken.

گشت **gasht** (गश्त)–किसी चौकीदार या पुलिसमैन द्वारा इलाके में चक्कर लगाना. *(nf)*–the beat or round of a policeman or watchman, touring, a stroll, a walk.

گشت لگانا **gasht lagānā** (गश्त लगाना)–इलाके में घूमना या चक्कर लगाना. *(v)*–to go round, to patrol, to watch.

گشت ناچنا **gasht nācnā** (गश्त नाचना)–बरात के आगे-आगे नाचना. *(v)*–to dance before the marriage procession.

گشتی **gashtī** (गश्ती)– घूमनेवाली, चक्कर काटनेवाली. *(adj)*– turning round, circulating.

گشتی چٹھی **gashtī citṭhī** (गश्ती चिट्ठी)– एक सूचनापत्र जो सब में घुमाया जाए. *(nf)*– a circular letter.

گف **gaf** (गफ़)–गाढ़ा बुना गया कपड़ा, मोटा कपड़ा. *(adj)*–closely woven, of close texcture.

گفتار **guphtār** (गुफतार)– बोल-चाल, भाषण, उपदेश, कथन. *(nf)*–speech, discourse, saying, speaking.

گفتگو **guphtagū** (गुफ्तगू)– बोल-चाल, वार्ता, कहा-सुनी, बातचीत. *(nf)*–conversation, discourse, dialogue, chit-chat.

گفت وشنید **guphto-shanīd** (गुफ्तो-शनीद)–बोल-चाल, वार्ता, समझौता-वार्ता. *(nf)*–talks, discussion, conversation, negotiations.

گگری **gagrī** (गगरी)–धातु का घड़ा. *(nf)*–a metal pitcher.

گگن **gagan** (गगन)–आकाश, आस्मां. *(nm)*–the sky.

گل **gul** (गुल)–फूल, गुलाब, एक ज़ेवर, दीये या लैम्प की बत्ती का जला हुआ अगला भाग. *(nm)*–a flower, a rose, an ornament, the snuff of a candle or lamp.

گل اشرفی **gul-e asharphī** (गुल-ए अशरफी)–एक फूल का नाम. *(nm)*–name of a flower, the marigold.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گل افشاں **gul aphshān** (गुल अफशां)–फूल बिखेरनेवाला, मधुर भाषा बोलने वाला, एक तरह की आतिशबाज़ी, फुलझड़ी. *(adj)*–scattering rose, strewed with flowers, a kind of cracker, speaking sweetly.

گل افشانی **gul aphshānī** (गुल अफशानी)–फूलों का बिखराव, मधुर भाषण. *(nf)*–showering of flower petals, sweet speach.

گل افشانی کرنا **gul aphshānī karnā** (गुल अफशानी करना)–फूल बिखेरना, मधुर भाषण करना, अच्छा बर्ताव करना. *(v)*–to speak politely, to shower flower petals.

گل اندام **gul andām** (गुल अंदाम)–फूल की तरह सुन्दर, नाज़ुक. *(adj)*– slender, delicate, beautiful.

گلِ اورنگ **gule aurang** (गुले औरंग)–एक प्रकार का फूल–गेंदे का फूल. *(nm)*–a kind of flower–marigold.

گل بانگ **gul bāng** (गुल बाँग)–ऊँची आवाज़ में चीखना- चिल्लाना, ऊँचा बोलना, बुलबुल का गीत गाना, अफवाह, शुभ समाचार, ख्याति, मशहूरी. *(nf)*–the notes of a nightingale, fame, rumour, good news, loud shouts.

گل بدن **gul-badan** (गुल-बदन)–फूल की तरह सुन्दर, आकर्षक व नाज़ुक शरीर, एक प्रकार का रेशमी कपड़ा. *(adj)*–delicate, graceful, having rose-like soft body, *(nm)*–a kind of silk cloth.

گل برگ **gul barg** (गुल बर्ग)–गुलाब के फूल का पत्ता. *(nm)*–a rose leaf.

گل بکاؤلی **gul bakāvalī** (गुल बकावली)–एक सुन्दर खुशबूदार फूल. *(nm)*–a sweet scented flower.

گل بوٹا **gul būṭa** (गुल बूटा)– फूल व पौधे. *(nm)*– flowers and plants.

گل پوش **gulposh** (गुलपोश)–फूलों से ढका हुआ. *(adj)*– covered with flowers.

گل پیادہ **gul pyādā** (गुल प्यादा)–जंगली गुलाब, गुलाब की ऐसी किस्म जिसमें सुगंध नहीं होती. *(nm)*–a wild rose, a species of rose without smell.

گل پیرہن **gul pairhan** (गुल पैरहन)–फूल की तरह नाज़ुक व्यक्ति. *(adj)*–a delicate person.

گل تراش **gul tarāsh** (गुल तराश)–फूलों की काँट-छाँट करने वाली माली की बड़ी कैंची. *(nm)*–snuffers, a gardner's scissor for cutting roses.

گل تراشنا **gul tarāshnā** (गुल तराशना)–दीये या मोमबत्ती के गुल को आगे से काटना. *(v)*–to snuff a candle or a lamp.

گل چاندنی **gul cāndnī** (गुल चाँदनी)–एक प्रकार का फूल. *(nm)*– a kind of flower, moon flower.

گل چہرہ **gul cehrā** (गुल चेहरा)–गुलाब की तरह खिला हुआ सुन्दर चेहरा. *(adj)*–rosy faced.

گل چھرے اڑانا **gulcharre uṛānā** (गुलछर्रे उड़ाना)–मौज करना, ऐश का जीवन जीना, खूब खर्च करना, अपने सुख के लिए दोनों हाथों से धन लुटाना. *(v)*–to live expensively, to be enjoying life.

گل چین **gulcīn** (गुलचीन)–फूल चुननेवाला, माली, फूलों की सजावट करनेवाला. *(nm)*–a flower gatherer, a gardener, a florist.

گل دان **guldān** (गुलदान)–फूलदान, फूल रखने का बरतन. *(nm)*–a flower pot, a flower vase.

گل دستہ **guldastā** (गुलदस्ता)–फूलों का गुच्छा, फूलों को इकट्ठा करके बाँध देना. *(nm)*–a bouquet.

گل رخ **gulrukh** (गुलरुख)–जिसके गाल गुलाब की तरह सुन्दर हों. *(adj)*–rosy cheeked.

گل رنگ **gulrang** (गुलरंग)–गुलाब के रंग का, लाल रंग का. *(adj)*–red, rosy.

گل ریز **gulrez** (गुलरेज़)–फूल बिखेरना, एक तरह की आतिशबाज़ी. *(adj)*–shedding flowers, *(nf)*–a kind of fire work.

گل زار **gulzār** (गुलज़ार)–गुलाब के फूलों की क्यारी, गुलाब के फूलों की बागीची, बड़ी जनसंख्या वाला एक शहर. *(nm)*–a bed of roses, a garden, a well populated town.

گلستاں **gulistān** (गुलस्तां)–गुलाब के फूलों का एक बाग. *(nm)*– a rose garden.

گلشن **gulshan** (गुलशन)–गुलाब या फूलों का बाग. *(nm)*–a rose or flower garden.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گل صد برگ gul-e sad barg (गुल-ए सद बर्ग)–वह गुलाब का फूल जिसकी सौ पत्तियाँ हों, सूर्य. *(nm)*–the hundred leaved rose, the sun.

گل فام gulphām (गुलफाम)–जिसका रंग गुलाब जैसा लाल हो. *(adj)*–red coloured, rosy faced.

گل فروش gul pharosh (गुल फरोश)–फूल बेचनेवाला, फूलों से सजावट करनेवाला. *(nm)*– a flower seller, a florist.

گل قند gulkand (गुलकंद)–गुलाब के फूलों को चीनी के शर्बत के साथ मिलाना. *(nm)*–conserve of roses.

گل کاری gulkārī (गुलकारी)–कपड़े पर फूलों की कढ़ाई करना, कपड़े पर फूल छापना. *(nf)*–flowering, figured work, painting of flowers, embroidery.

گل کرنا gul karnā (गुल करना)–दीये या लैम्प को बुझाना. *(v)*–to put out (lamp), to extinguish.

گل کھلانا gul khilānā (गुल खिलाना)–कोई ऐसा काम करना जिसकी आशा न हो, गलतफहमी पैदा करना, अफरातफरी पैदा करना, गड़बड़ी करना. *(nm)*– to sow dissention, to cause a disturbance.

گلنار gulnār (गुलनार)–अनार का फूल. *(nm)*–the pomegranate flower.

گلناری gulnārī (गुलनारी)–रंग, अनार का रंग. *(nm)*– scarlet colour.

گل ہونا gul honā (गुल होना)–बुझना, दीये या लैम्प का बुझना. *(v)*–to be extinguished, to go out (a lamp).

گل مالا gul mālā (गुल माला)–फूलों की माला, फूलों का हार. *(nf)*–a garland.

گلا galā (गला)–गरदन, गला, कालर. *(nm)*–throat, neck, collar, voice.

گلا آنا galā ana (गला आना)–गला खराब होना, गले की गिल्टियों में सूजन आ जाना. *(v)*–to have sore throat, to have inflamed tonsils.

گلا اٹھانا galā uṭhānā (गला उठाना)–बच्चे के गले में उँगली डालकर उसका कौवा उठाना. *(v)*–to apply acrid substances to the uvula of a child for cold or cough.

گلا بند ہونا galā band honā (गला बंद होना)–गले में सूजन आ जाना, गला खराब होना. *(v)*– the throat to be choked.

گلا بیٹھنا galā baithnā (गला बैठना)–आवाज़ खराब होना. *(v)*– to be hoarse.

گلا پکڑنا galā pakaṛnā (गला पकड़ना)–किसी को गरदन से पकड़ना, किसी का अपमान करना, गले में जलन महसूस करना. *(v)*–to seize one by the throat, to insult, to feel burning in the throat.

گلا پھاڑنا galā phāṛnā (गला फाड़ना)–चीखना, चिल्लाना, ऊँची आवाज़ में बोलना. *(v)*–to scream, to shriek.

گلا پھولنا galā phūlnā (गला फूलना)–गले में सूजन होना. *(v)*–to have a swelling of the throat.

گلا دبانا galā dabānā (गला दबाना)–गला घोंटना, गरदन से पकड़ना. *(v)*–to strangle, to seize by the neck, to suffocate.

گلا کاٹنا galā kāṭnā (गला काटना)–मार डालना, किसी को नुकसान पहुँचाना, किसी से कुछ छीन लेना. *(v)*–to cut the throat, to kill, to murder, to defraud, to oppress.

گلا گھوٹنا galā ghoṭnā (गला घोटना)–गला दबाना, साँस रोक देना. *(v)*–to strangle, to choke, to throttle, to squeeze, to hold by the throat.

گلے کا ہار ہونا gale kā hār honā (गले का हार होना)–बहुत समीप होना, हर समय साथ चिपके रहना, गहरी मित्रता होना, गहरा प्यार होना. *(v)*–to pursue one persistently, to be very close, to be very friendly.

گلے لگانا gale lagānā (गले लगाना)–छाती से लगाना, आलिंगन में लेना. *(v)*–to embrace.

گلّا galla (गल्ला)–जेब, पर्स, नकदी रखने का बक्सा. *(nm)*–a pocket, a purse, a cash box.

گلاب gulāb (गुलाब)–गुलाब का फूल, गुलाब-जल, गुलाब का पानी. *(nm)*–the rose, the rose water.

گلاب پاش gulābposh (गुलाबपाश)–वह बोतल या बरतन जिससे गुलाब-जल छिड़का जाता है.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nm)– the bottle or vessel from which the rose water is sprinkled.

گلاب پاشی **gulābpāshī** (गुलावपाशी)–गुलाव का जल छिड़कने का कर्म. *(nf)*–sprinkling of rose water.

گلاب جامن **gulāb jāman** (गुलाव जामन)–एक मिठाई. *(nf)*–a sweetmeat.

گلابی **gulābī** (गुलावी)–गुलाब के रंग का, लाल रंग का. *(adj)*–rosy, rose-scented.

گلابی آنکھیں **gulābī ānkhen** (गुलावी आँखें)–लालिमा लिये आँखें, नशीली आँखें, नशेवाली आँखें, खुमार भरी आँखें. *(nf)*–red coloured eyes with the effect of drinking.

گلابی جاڑا **gulābī jāṛā** (गुलावी जाड़ा)–हलकी ठंड, थोड़ी-थोड़ी ठंड. *(nm)*–the spring season, mild weather.

گلابی رنگ **gulābī rang** (गुलावी रंग)– हलका लाल रंग, गुलाब के फूल जैसा रंग. *(nm)*–rose-colour, pink colour.

گلاس **gilās** (गिलास)–पानी पीने का बरतन. *(nm)*– a glass, a tumbler, a mug.

گلا سڑا **galā saṛā** (गला सड़ा)–बहुत खराब, जो किसी काम न आ सकता हो. *(adj)*–rotten.

گلال **gulāl** (गुलाल)–लालरंग का पाऊडर जो लोग होली के अवसर पर एक दूसरे पर डालते हैं. *(nm)*–a red powder thrown over one another at *holi*.

گلال اڑانا **gulāl uṛānā** (गुलाल उड़ाना)–एक दूसरे पर लाल रंग का पाऊडर डालना. *(v)*–to throw red powder on each other.

گلانا **galānā** (गलाना)–घोलना, मिलाना, समाप्त करना, नष्ट करना, नर्म करना, किसी चीज़ को सड़ाना. *(v)*–to dissolve, to waste away, to squander, to soften.

گلٹی **gilṭī** (गिल्टी)–मांस में आई सूजन, शरीर में आया कोई विकार. *(nf)*–a hard grandular swelling, a tumour, a gland.

گلچھرے **gulcharre** (गुलछर्रे)–मौज-मस्ती, आनन्द भरा जीवन, मस्ती का जीवन. *(nm)*–life of pleasure.

گلچھرے اڑانا **gulcharre uṛānā** (गुलछर्रे उड़ाना)–मौज-मस्ती का जीवन व्यतीत करना, ऐशो-आराम का जीवन जीना. *(v)*–to lead a life of luxry.

گلک **gullak** (गुल्लक)–रुपये-पैसे रखने का छोटा बक्सा, पैसे जमा करने का बच्चों का बाक्स. *(nf)*–a small cash-box, a treasure pot.

گلگل **galgal** (गलगल)–नीबू जैसा बड़े आकार का खट्टा फल जो अचार बनाने के काम आता है. *(nm)*– citron.

گلگلا **gulgulā** (गुलगुला)–आटे का बना मीठा पकौड़ा जिसे तेल या घी में तल कर बनाया जाता है. *(nm)*–sweet cakes made of floor and fried in ghee or oil.

گلنا **galnā** (गलना)–घुल जाना, नष्ट हो जाना, पिघलना. *(v)*–to melt, to dissolve, to waste, to be dissolved, to be wasted away.

گلو **gulū** (गुलू)–गला, गरदन. *(nm)*–throat, the neck.

گلوبند **gulūband** (गुलूबंद)–सर्दी से बचने के लिए गलें में लपेटने वाला कपड़ा, मफलर. *(nm)*–a neck cloth, a muffler.

گلو **gilo** (गिलो)–एक बेल रूपी पौधा जो दवाई बनाने के काम आता है. *(nf)*–a medicinal creeping herb.

گلوری **gilorī** (गिलोरी)–पान के पत्ते में सामग्री डालकर लपेटा गया पान. *(nf)*–betel leaf prepared and folded up.

گلہ **gilā** (गिला)–शिकवा, शिकायत, उलाहना. *(nm)*–complaint, lamentation, blame, reproach.

گلّہ **gallā** (गल्ला)–पशुओं का समूह, पशुओं का झुंड. *(nm)*–a flock, a herd.

گلّہ بان **gallābān** (गल्लाबान)– पशुओं को चरानेंवाला, पशुओं की देखभाल करनेवाला. *(nm)*– a shepherd, herdsman, pastor.

گلّہ بانی **gallābānī** (गल्लाबानी)– पशुओं को चराने का काम. *(nf)*–flock-keeping.

گلہری **gilharī** (गिलहरी)–ज़मीन और पेड़ों पर रहनेवाला एक छोटे आकार का जीव. *(nf)*–a squirrel.

گلی **galī** (गली)–रास्ता, तंग बाज़ार, आने-जाने के लिए मकानों के बीच छोड़ी गई खाली जगह.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(nf)–a lane, an alley.

گلی کوچہ galī kūcā (गली कूचा)–छोटी-छोटी गलियाँ, आने-जाने के रास्ते, तंग बाज़ार. *(nm)*– a narrow lane, lanes and alleys.

گلی گلی galī galī (गली गली)–एक गली से दूसरी गली, प्रत्येक गली. *(adv)*–from street to street, from lane to lane, every street, every lane.

گلیاں چھاننا galiyān chānanā (गलियाँ छानना)–गलियों में व्यर्थ ही घूमना, गलियों में आवारा घूमना, समय नष्ट करना. *(v)*–to wandewr about from lane to lane.

گلیم gilīm (गिलीम)–कम्बल, मोटा ऊनी कपड़ा. *(nf)*– a blanket, a woollen cloth.

گم gum (गुम)–खो गया, गायब हो गया, नज़रों से ओझल हो गया. *(adj)*–lost, missing, wanting, distracted.

گمراہ gumrāh (गुमराह)–अपने रास्ते से भटका हुआ, मंज़िल से दूर, त्यागा हुआ, छोड़ा हुआ. *(adj)*– astray, lost, abandoned, wandering, depraved.

گمراہ کرنا gumrāh karnā (गुमराह करना)–किसी को भ्रमित करना, गलत रास्ता बता देना, रास्ते से भटका देना, गलत रास्ते पर डाल देना. *(v)*–to lead astray, to mislead, to misguide.

گمراہ ہونا gumrāh honā (गुमराह होना)–अपना रास्ता भूल जाना, रास्ते से भटक जाना, गलत रास्ते पर चल पड़ना. *(v)*–to lose one's way, to go astray, to apostatise.

گم سم gumsum (गुमसुम)–खामोश, चुप, बिना कुछ बोले, बिना किसी प्रतिक्रिया के. *(adj)*–still, silent.

گم شدہ gumshudā (गुमशुदा)–खोया हुआ, गुम हुआ. *(adj)*– lost, missing.

گم کرنا gum karnā (गुम करना)–खो देना, छिपा देना. *(v)*–to lose, to hide.

گم نام gumnām (गुमनाम)–जिसका कोई नाम न हो, जिसकी कोई पहचान न हो, जिसे कोई जानता न हो. *(adj)*–obscure, anonymous, nameless, unknown, ignoble.

گمشتہ gumashtah (गुमश्तः)–काम करनेवाला, एजेंट, प्रतिनिधि, प्रबंधक, व्यवस्थापक. *(nm)*– an agent, a representative, a manager.

گمّا gummā (गुम्मा)–बड़ी और मोटी ईंट. *(nm)*– a large thick brick.

گمان gumān (गुमान)–भ्रम, सन्देह, शक, कल्पना, मत, विचार, अविश्वास. *(nm)*– doubt, supposition, pride, opinion, notion, imagination, suspicion, distrust.

گمان غالب gumāne gālib (गुमाने गालिब)– सम्भवतः, शायद. –likelihood.

گمان کرنا gumān karnā (गुमान करना)–सन्देह करना, शक करना, कल्पना करना, किसी बात पर गर्व करना. *(v)*–to suppose, to doubt, to suspect, to imagine, to show pride, to be conceited.

گمبھیر gambhīr (गम्भीर)–किसी विचार में डूबा हुआ, अपने विचारों में खोया हुआ, चिन्तन करनेवाला, सोच-विचार करनेवाला, संजीदा. *(adj)*–deep, thoughtful, serious, a kind of ulcer.

گمٹی gumaṭī (गुमटी)– छोटा मीनार, मकान की ऊपरी मंज़िल पर बना एक कमरा. *(nf)*–a small minaret, single room on the top floor.

گملا gamlā (गमला)–फूल लगाने का मिट्टी का एक बरतन. *(nm)*–a flower pot, a sort of large deep pan.

گن guṇ (गुण)–स्वभाव, आदत, अच्छाई, समझ. *(nm)*– quality, attribute, merit, skill, understanding.

گن اوگن guṇ avguṇ (गुण अवगुण)–गुण और दोष, बराई और भलाई. *(nm)*–merits and demerits.

گن گانا guṇ gānā (गुण गाना)–किसी की प्रशंसा करना, किसी के अच्छे स्वभाव और आदतों का उल्लेख करना. *(v)*–to praise, to applaud, to sing the virtues or excellent qualities.

گن ماننا guṇ mānanā (गुण मानना)–किसी का एहसान मानना, किसी के प्रति कृतज्ञ होना. *(v)*–to be grateful for, to acknowledge a favour or benefit.

گنوان guṇvān (गुणवान्)–गुणों वाला, अच्छी आदतोंवाला, अच्छे स्वभाववाला, माहिर,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निपुण. *(adj)*–accomplished, skilful.

گنی guṇī (गुणी)–जिसमें कुछ गुण हों. *(nm)*–skilful, virtuous.

گنا gunā (गुना)–बार, जैसे सौ गुना, सौ बार. *(adj)*– times, fold (used in comps. as सौ गुना *sau guna.*

گنا gannā (गन्ना)–ईख, जिस से गुड़ अथवा चीनी बनती है. *(nm)*–sugarcane.

گنے کا رس ganne kā ras (गन्ने का रस)–गन्ने को निचोड़ कर निकाला गया रस. *(nm)*–sugar-cane juice.

گنے کی پھاندی ganne kī phāndī (गन्ने की फांदी)–गन्नों का गट्ठर. *(nm)*–a bundle of sugar-cane.

گناہ gunāh (गुनाह)–पाप, बुरा काम, दोष, अपराध. *(nm)*–a fault, crime, sin, guilt.

گناہ بخشنا gunāh bakhshnā (गुनाह बख्शना)–क्षमा कर देना, माफ कर देना, किसी के गुनाहों को भुला देना. *(v)*–to forgive sins, to pardon.

گناہ بے لذت gunāhe be lijzat (गुनाहे बे लिज़्ज़त)–ऐसा गुनाह जिसके करने में कोई मज़ा न आए. *(nm)*–a sin from which no pleasure is drawn.

گناہ صغیرہ gunāhe sagīrā (गुनाहे सगीरा)–छोटा गुनाह जिसे क्षमा किया जा सके. *(nm)*–a small sin, a pardonable sin.

گناہ کبیرہ gunāhe kabīrā (गुनाहे कबीरा)–बड़ा गुनाह जिसे क्षमा न किया जा सके. *(nm)*–a grievous sin or offence.

گناہ کرنا gunāh karnā (गुनाह करना)–अपराध करना, पाप करना, बुरा काम करना. *(v)*–to commit a sin, to sin, to offend.

گناہ گار gunahgār (गुनहगार)–गुनाह करनेवाला, पाप करनेवाला, अपराध करनेवाला. *(nm)*–a sinner, a criminal, a culprit.

گناہ گار ٹھہرانا gunahgār ṭhahrānā (गुनहगार ठहराना)–किसी को पापी घोषित करना, किसी पाप के लिए ज़िम्मेदार ठहराना. *(v)*–to condemn, to hold guilty.

گنبد gumbad (गुम्बद)–बुर्ज, गोल छत, छत का ऊपरी हिस्सा जो कि गोल हो. *(nm)*–a dome, an arch, a tower.

گنبد دار gumbaddār (गुम्बददार)–गुम्बद वाला, गोल छत. *(adj)*– domed, vaulted, arched.

گمبد کی آواز gumbad kī āvāz (गुम्बद की आवाज़)–गुम्बद की गूंज, वह आवाज़ जो गुम्बद में गूंजे. *(nf)*–echo of a dome, requittal, redounding of one's evil deeds on himself.

گنتی ginatī (गिनती)–संख्या, गणना करना, हिसाब-किताब की बात. *(nf)*– numbering, reckoning, counting, computing.

گنتی کے ginatī ke (गिनती के)–गिने हुए, बहुत थोड़े. *(adj)*– counted, a few.

گنتی کے دن ginatī ke din (गिनती के दिन)–थोड़े दिन, कुछ दिन, गिने हुए दिन. *(nm)*–few days.

گنتی گنوانا ginatī ginvānā (गिनती गिनवानां)–संख्या गिनवाना, खानापुरी करना. *(v)*–to make a false entry, to count for formality.

گنتی میں لانا ginatī main lānu (गिनती में लाना)–गिनना, हिसाब रखना, किसी की चिन्ता करना. *(v)*–to count, to reckon, to take into account, to care for.

گٹھیا/گنٹھیا gaṭhiyu /ganṭhiyā (गठिया/ गंठिया)–जोड़ों के दर्द का रोग, बादी का रोग, वायु रोग. *(nf)*–rheumitism.

گنج ganj (गंज)–बालों से रहित सिर, सिर पर बालों का न होना. *(nm)*– baldness, balheadedness, a head without hair.

گنجا ganjā (गंजा)–जिसके सिर पर बाल न हों, बिना बालों के सिरवाला, टकला. *(nm)*–a baldman, having no hair on the head.

گنجان gunjān (गुंजान)–मोटा, गाढ़ा, भीड़-भाड़ वाला, ज़्यादा आबादी वाला. *(adj)*–thick, dense.

گنجانی ganjānī (गंजानी)–मोटाई, गाढ़ापन. *(nf)*–thickness, denseness.

گنجائش gunjāish (गुंजाइश)–सम्भावना, कमी. *(nf)*–capacity, room, availability.

گنجفہ ganjaphā (गंजफा)–ताश के पत्तों की गड्डी. *(nm)*– cards, pack of cards.

گنجفہ باز ganjaphābāz (गंजफाबाज़)–ताश खेलने वाला, ताश का खिलाड़ी. *(nm)*–a card player.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گنجلک **gunjlak** (गुंजलक)–गुंजल, गुत्थी, समस्या. *(nf)*– tangle, complication.

گنجور **ganjūr** (गंजूर)–खज़ाना, खज़ाने का मालिक. *(nm)*–a treasurer, the owner of a treasure.

گنجی **ganjī** (गंजी)–वह औरत जिसके सिर पर बाल न हों, टकली. *(nf)*–a bald woman, a woman having no hair on her head .

گنجینہ **ganjīnā** (गंजीना)– खज़ाना. *(nm)*–a treasure.

گند **gand** (गंद)–गंदगी, गली-सड़ी चीज़, दुर्गन्ध. *(nf)*– stink, filth, odour, smell.

گند اچھالنا **gand uchāḷnā** (गंद उछालना)–असभ्य भाषा में बात करना, गाली-गलौच करना, किसी को गाली देना. *(v)*–to abuse, to use bad language, to use abusive language.

گند کٹنا **gand kaṭnā** (गंद कटना)–गंद समाप्त होना, मुसीबत से जान छूटना, समस्या का समाधान होना. *(v)*–to get rid of trouble, to get relief.

گندھک **gandhak** (गंधक)–ऐसी वस्तु जो विस्फोट करने के काम आती है, चमड़ी के रोगों में भी इसका इस्तेमाल होता है. *(nf)*– sulphur, brimstone.

گندھک کا تیل **gandhak kā tel** (गंधक का तेल)–गंधक का तेज़ाब. *(nm)*–sulphuric acid.

گندگی **gandagī** (गंदगी)–दुर्गन्ध, सड़ी-गली वस्तुएँ, गंदी चीज़ें. *(nf)*–stink, odour, rottenness.

گندگی پھیلانا **gandagī phailānā** (गंदगी फैलाना)– गंदगी बिखेरना, गंदी चीज़ें बिखेरना, असभ्य भाषा का प्रयोग करना, गाली देना, गाली-गलौच केरना. *(v)*–to scatter filth, to use bad language, to make a place dirty.

گندم **gandum** (गंदुम)–एक अनाज जिसका आटा रोटियाँ पकाने के काम आता है. *(nm)*–wheat.

گندم گوں **gandum gūn** (गंदुम गूँ)–गंदुम के रंग का, गंदुमी. *(adj)*– wheat coloured, brown, dark brown, tanny.

گندم نما جو فروش **gandum numā jau pharosh** (गंदुम नुमा जौ फरोश)–जो गेहूँ दिखाता हो और जौ बेचता हो, ठग, धोखेबाज़, लुटेरा. *(adj)*– a cheat, a hyprocrite.

گندمی **gandumī** (गंदुमी)–गेहूँ के रंग का, हलके भूरे रंग का. *(adj)*–brownish, of wheat colour.

گندنا **gandanā** (गंदना)–एक झाड़ी जिस पर लहसुन की शक्ल के फल लगते हैं. *(nm)*–leek, a shrub of wild growth resembling garlic.

گندہ **gandā** (गंदा)–गला-सड़ा, बदबूदार, सड़न पैदा करनेवाला, *(nm)*–stinking, fetid, rotting, putrid, filthy, dirty.

گندہ دہن **gandā dahan** (गंदा दहन)–जिसके मुँह से दुर्गन्ध आती हो. *(adj)*–one stinking in the breath.

گندھار **gandhār** (गंधार)–संगीत का एक सुर. *(nm)*–name of a musical mode.

گندھرو بیاہ **gandharv byāh** (गंधर्व ब्याह)–ऐसा विवाह जिसमें रीति-रिवाजों को न निभाया गया हो, प्रेम विवाह. *(nm)*–a marriage performed without the usual ceremonies, love marriage.

گندھی **gandhī** (गंधी)–वह व्यक्ति जो सुगन्ध का व्यापार करता हो. *(nm)*–a perfumer, a perfume merchant.

گندی **gandī** (गंदी)–वह औरत जिसके शरीर से दुर्गन्ध उठती हो, जिसने मैले-कुचैले कपड़े पहने हों. *(adj)*– dorty (woman) stinking, filthy.

گنڈا/غنڈہ **gunḍā** (गुंडा)–बदमाश, अपराधी, बुरे काम करने वाला, लड़ाई-झगड़ा करनेवाला. *(nm)*– a rogue, a rascal, a scoundrel.

گنڈاسا **gaṇḍāsā** (गंडासा)–बड़ा कुल्हाड़ा, बड़ा खंजर. *(nm)*–a sort of an axe, a chopper, a battle axe.

گنڈیری **gaṇḍerī** (गंडेरी)–गन्ने को छीलकर और छोटे-छोटे- टुकड़ों में काट कर बनाई गई गंडेरी. *(nf)*–sugar-cane cut into small pieces.

گنگ **gung** (गुंग)–गूंगा, चुप, खामोश, जो कुछ बोल न सकता हो. *(adj)*–dumb, mute, silent, quiet.

گنگ/گنگا **gang/gangā** (गंग/गंगा)–भारत की एक पवित्र नदी जो हिमालय से शुरू होकर बंगाल की खाड़ी तक जाती है. *(nm)*–a river, a stream, name of a holy river in India, the Ganges.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گنگا اشنان **gangā-snān** (गंगा-स्नान)–गंगा में डुबकी लगाना (नहाना), कहते हैं कि गंगा में डुबकी लगाने से सब पाप धुल जाते हैं. *(nm)*– bathing in the Ganges.

گنگا جل **gangā-jal** (गंगा-जल)–पवित्र नदी गंगा का पानी जिसके बारे में कहा जाता है कि गंगा-जल चाहे वर्षों तक रखा जाए, वह कभी खराब नहीं होता. *(nm)*– water of Ganges, holy water.

گنگا جلی **gangājalī** (गंगा जली)–एक बरतन जिसमें पवित्र गंगा जल रखा जाता है. *(nm)*–a vessel in which sacred water of Ganges is kept.

گنگا جلی اٹھانا **gangā uṭhānā** (गंगाजली उठाना)–गंगाजल हाथ में लेकर किसी बात की शपथ लेना. *(v)*–to swear by the holy water of the Ganges.

گنگا جمنی **gangā jamanī** (गंगा जमनी)–दो धातुओं को मिलाकर बनाई गई धातु, दो चीज़ों का मिश्रण. *(adj)*–mixture of two things, made of gold and silver.

گنگا جمنی دال **gangā jamanī dāl** (गंगा जमनी दाल)–दो दालों को मिलाकर पकाना. *(nf)*–a dish made of two pulses mixed together.

گنگا ماتا **gangā mātā** (गंगा माता)–पवित्र नदी गंगा को भारत में माँ का सम्मानजनक दर्जा दिया जाता है. *(nf)*–holy mother Ganges.

گنگا نہانا **gangā nahānā** (गंगा नहाना)–सब पापों से मुक्त हो जाना. ऐसा माना जाता है कि एक बार गंगा में नहा लेने से मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता है. *(v)*–to be freed from sin.

بہتی گنگا **bahatī gangā** (बहती गंगा)–सब के लिए समान अवसर. –opportunity to all.

بہتی گنگا میں ہاتھ دھونا **bahatī gangā main hāth dhonā** (बहती गंगा में हाथ धोना)–अवसर का लाभ उठाना. *(v)*–avail oneself of general opporunity.

گنگنا **gungunā** (गुनगुना)–हलका गरम, थोड़ा गरम. *(nm)*– mild warm, tepid.

گنگنانا **gungunānā** (गुनगुनाना)–धीरे-धीरे गाना, धीमी आवाज़ में गाना. *(v)*–to sing softly, to hum, to mumble, to murmur.

گنگناہٹ **gungunāhaṭ** (गुनगुनाहट)– धीरे-धीरे गाने की आवाज़, नाक से निकलनेवाली आवाज़. *(nf)*–a nasal sound, a hum.

گننا **ginanā** (गिनना)–गिनती करना, संख्या ज्ञात करना. *(v)*–to count, to reckon.

گنا گنایا **ginā gināyā** (गिना गिनाया)–पहले से ही जिसका पता हो. *(adj)*–already known, reckoned.

گن گن کر **gin-gin kar** (गिन-गिन कर)–एक एक गिनती कर, बड़ी मुश्किल से. *(adv)*–counting one by one, with difficulty.

گن گن کر دن کاٹنا **gin gin kar din kāṭnā** (गिन गिन कर दिन काटना)–बड़ी मुश्किल से जीवन गुज़ारना, बड़ी कठिनाई से गुज़र-बसर करना. *(v)*– to pass one's days with great difficulty, to live a hard life, facing problems in life.

گن گن کر قدم رکھنا **gin gin kar kadam rakhnā** (गिन गिन कर कदम रखना)–बड़ी सावधानी और धीमी गति से आगे बढ़ना. *(nm)*– to move very cautiously and slowly, to go slow and steady.

گننا **gunanā** (गुनना)–व्यवहार में लाना, अमल में लाना. *(v)*– to put in practice.

گنوار **ganvār** (गंवार)–गांव का रहनेवाला, देहाती, असभ्य, अनपढ़, कठोर, मूढ़. *(nm)*–a villager, rustic, low-bred, ignorant, uncivilised, un-educated.

گنوارپن **ganvārpan** (गंवारपन)– मूर्खता, मूढ़ता, असभ्यता. *(nm)*– rudeness, rusticity, stupidity.

گنوار کا لٹھ **ganvār kā laṭṭh** (गंवार का लट्ठ)– बेवकूफ, अक्खड़, महामूर्ख. *(nm)*–fool, arrant fool.

گنوانا **ganvānā** (गंवाना)–किसी चीज़ का गुम होना, किसी चीज़ से वंचित होना, कोई चीज़ हाथ से निकल जाना. *(v)*–to lose, to throw away, to get rid of, to spend in vain, to waste.

گنوانا **ginvānā** (गिनवाना)–किसी चीज़ की गिनती करवाना. *(v)*–to cause to count, to cause to reckon.

گنی **gunī** (गुणी)–गुणों का मालिक, अच्छी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदतोंवाला, अच्छे स्वभाववाला. *(adj)*– virtuous, meritorious, accomplished, talented, skilful.

گوار **gavār (गवार)**–भारत में पैदा होनेवाला एक अनाज. *(nm)*– a kind of Indian corn.

گوارا **gavārā (गवारा)**–स्वीकार्य, मानने योग्य, प्रसन्नतादायक, सहन करने योग्य. *(adj)*– palatable, digestible, agreeable, pleasant, acceptable.

گوارا کرنا **gavārā karnā (गवारा करना)**–सहन करना, स्वीकार करना, सहमत होना, पचाना. *(v)*–to bear, to tolerate, to endure, to digest.

گوالا **gavālā (ग्वाला)**–गाय पालनेवाला, दूध बेचनेवाला, दूध का व्यापारी. *(nm)*–a cowherd, a milkman.

گوالن **gavālan (ग्वालन)**–ग्वाला की पत्नी, दूध बेचनेवाली. *(nf)*–a female cowherd.

گواہ **gavāg (गवाह)**–साक्षी, अदालत में गवाही देनेवाला. *(nm)*–a witness.

گواہ بنانا **gavāh banānā (गवाह बनाना)**–किसी व्यक्ति को गवाह के रूप में पेश करना, किसी को झूठा गवाह बनाना. *(v)*–to name a person as a witness, to forge evidence.

گواہ تعلیمی **gavāhe tālīmī (गवाहे तालीमी)**–सिखाया-पढ़ाया गवाह. *(nm)*–titored witness.

گواہ چشم دید **gavāh cashmdīd (गवाह चश्मदीद)**–प्रत्यक्षदर्शी, ऐसा गवाह जो घटना के समय घटना-स्थल पर मौजूद हो. *(nm)*–an eye-witness.

گواہی صفائی **gavāhe saphāī (गवाहे सफाई)**–बचाव-पक्ष का गवाह. *(nm)*– defence witness.

گواہ سماعی **gavāhe samāī (गवाहे समाई)**–सुनी-सुनाई बात कहने वाला गवाह. *(nm)*–a hear-say witness.

گواہ کرنا **gavāh karnā (गवाह करना)**–किसी को गवाही देने के लिए तैयार करना. *(v)*–to make someone a witness, to call to witness.

گواہ مدعی **gavāhe mudaī (गवाहे मुदई)**–मुकदमा करने वाले पक्ष का गवाह. *(nm)*–witness for the prosicution.

گواہی **gavāhī (गवाही)**–साक्षी, शपथ लेकर अदालत को किसी बात की जानकारी देना. *(nf)*– evidence, testimony.

گواہی دینا **gavāhī denā (गवाही देना)**–शपथ लेकर अदालत को कुछ बताना, प्रमाण प्रस्तुत करना. *(v)*–to bear testimony, to give evidence, to depose, to witness.

گوبر **gobar (गोबर)**–गाय या भैंस इत्यादि का गोबर. *(nm)*–cow-dung.

گوبری **gobarī (गोबरी)**–गाय-भैंस के गोबर का लेप. *(nf)*– cow- dung plaster.

گوبری کرنا **gobarī karnā (गोबरी करना)**– गाय-भैंस के गोबर से दीवारों पर प्लास्टर करना. *(v)*– to plaster with cow-d

گوبھی **gobhī (गोभी)**–एक सब्ज़ी, गोभी का फूल. *(nf)*– cauliflower, a cabbage.

گوپال **gopāl (गोपाल)**–गाय को पालनेवाला, दूध बेचनेवाला, दूध का व्यापारी, भगवान् श्री कृष्ण को भी गोपाल नाम से जाना जाता है. *(nm)*–a cowherd, a dairyman, a milkman, one name of Lord Krishna.

گوپیا/گوپھن **gopiyā/gophan (गोपिया/गोफन)**–गुलेल जिस से पक्षियों को उड़ाने के लिए पत्थर फेंके जाते हैं. *(nf)*–a sling used for throwing stones to drive away the birds, a catapult.

گوپی **gopī (गोपी)**–दूध बेचनेवाली महिला, श्री कृष्ण के साथ की सखी. *(nf)*–a milk- maid, a female friend *(sakhi)* of Lord Krishna.

گوت/گوتر **got/gotra (गोत/गोत्र)**–हिन्दुओं में उपजाति को गोत या गोत्र से जाना जाता है. *(nm)*–parentage, linage, race, stock of a Hindu family, sub-caste of Hindus.

گوتی **gotī (गोती)**–एक ही गोत या गोत्र के व्यक्ति. *(nm)*–persons of the same got (sub-caste).

گوتھنا **gūthnā (गूथना)**–गूँथना, सिलना, जोड़ना, चुन्नट डालना. *(v)*–to plaoit, to thread, to string, to stitch, to spit or put on a spit.

گوٹا **goṭā (गोटा)**–सोने या चाँदी की बनी झालर या लेस. *(nm)*–gold or silver lace, a narrow fillet or brocade.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گوجر **gūjar** (गूजर)–गोपाल, गाय पालनेवाला, दूध बेचनेवाला, दूध का व्यापारी. *(nm)*–a cowherd, a dairyman, a milkman.

گوجری/گجری **gūjarī/gujarī** (गूजरी/गुजरी)–गूजर की पत्नी, दूध बेचने वालीइ महिला. *(nf)*–wife of a gujar, a female milk-seller.

گوجرا **gojarā** (गोजरा)–गेहूँ और जौ कर मिश्रण. *(nm)*–a mixture of wheat and barley.

گوجنی **gocanī** (गोचनी)–वह खेत जिसमें गेहूँ और चने साथ-साथ बोए गए हों, गेहूँ और चनों का मिश्रण. *(nf)*–mixture of wheat and gram.

گود **god** (गोद)–गोदी. *(nf)*–lap.

گود بھرنا **god bharnā** (गोद भरना)–किसी महिला का गर्भवती हो जाना. *(v)*–(woman) to be pregnant.

گود بھرائی **god bharāī** (गोद भराई)–एक रस्म जिसमें गर्भवती महिला की झोली में सात तरह के फल रख कर उसे आशीष दी जाती है कि वह सात पुत्रों की मां बने. *(nm)*–a custom to offer seven kind of fruits to a pregnant woman as a good omen and blessed to be the mother of seven sons.

گود بھری **god bharī** (गोद भरी)–जो महिला गर्भवती हो गई हो. *(nm)*–a pregnant woman.

گود کھلانا **god khilānā** (गोद खिलाना)–बच्चे का लालन-पालन करना, बच्चे की देख-भाल करना.

گود لینا **god lenā** (गोद लेना)–किसी के बच्चे को अपना बच्चा बना लेना. *(v)*–to adopt a child.

گود میں لینا **god main lenā** (गोद में लेना)–किसी बच्चे को अपने आलिंगन में भरना, गोद में लेना. *(v)*–to have a child on one's lap.

گودا **gūdā** (गूदा)–ठोस पदार्थ, दिमाग, मस्तिष्क, किसी चीज़ का सार, तत्व. *(nm)*–brain, kernel, crumb of a loaf, gist, substance, pulp.

گودے کی ہڈی **gūde kī haḍḍī** (गूदे की हड्डी)–शरीर की वह बड़ी हड्डियां जिन में गूदा भरा रहता है. *(nf)*– marrow-bone.

گودام **godām** (गोदाम)–सामान रखने की जगह, जहाँ वस्तुएँ संग्रह की जाएँ. *(nm)*–godown, storehouse, warehouse, a heap.

گوڈڑ **gūdaṛ** (गूदड़)–फटे-पुराने कपड़े, चीथड़े, कबाड़, पुरानी रुई. *(nm)*–old tottered clothes, rags, rubbish, old cotton.

گوڈڑی/گدڑی **gūdaṛī/gudaṛī** (गूदड़ी/ गुदड़ी)–फटी पुरानी रजाई, चीथड़ों से बनी रजाई. *(nf)*–a quilt filled with rags.

گوڈڑی میں لعل **gūdaṛī main lāl** (गूदड़ी में लाल)–ऐसी जगह हीरे (बहुमूल्य वस्तु) का पाया जाना जहाँ उसकी आशा न हो. *(nm)*–a jewl in rags.

گودی **godī** (गोदी)–(माँ की) गादी, सागर-तट पर वह स्थान जहां समुद्री जहाज़ अपना सामान उतारने के लिए ठहरते हैं. *(nf)*–a lap, a deck, jetty.

گور **gor** (गोर)–मकबरा, कब्र. *(nf)*–a tomb, a grave a place where dead body is buried.

گور غریباں **gore garībān** (गोरे गरीबां)–वह कब्रिस्तान जहाँ पर अनजान व्यक्तियों या गरीबों को दफनाया जाता है. *(nf)*–burial ground for strangers and the poor.

گور کا منہ جھانک کر آنا **gor kā munh jhānk kar ānā** (गोर का मुँह झांक कर आना)– बहुत मुश्किल से जान बचना, किसी भयानक बीमारी से छुटकारा मिलना, किसी दुर्घटना में मरते-मरते बचना. *(v)*– to recover from a very serious illness, to escape from the jaws of death.

گورکن **gorkan** (गोरकन)–कब्र खोदनेवाला. *(nm)*– a grave digger.

گور کنارے **gor kināre** (गोर किनारे)–कब्र के किनारे अर्थात मौत के बहुत समीप. *(adv)*– about to die, approaching death.

گور و کفن **goro kafan** (गोरो कफ़न)–मुर्दे को दफनाने से पहलें की जानेवाली अन्तिम रस्में. *(nm)*– funeral ceremonies, obsequies.

گورستاں **goristān** (गोरिस्तां)–जहाँ कब्रें हैं, कब्रिस्तान, जहाँ मुर्दों का दफनाया जाता है. *(nm)*– graveyard.

گورا **gorā** (गोरा)–सफेद रंग का, सुन्दर, आकर्षक, यूरोप का निवासी, अंग्रेज़, अंग्रेज़ सैनिक, विख्यात साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर के एक मशहूर उपन्यास का नाम. *(adj)*–fair, white, white complexioned, beautiful, *(nm)*– a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

European soldier, a European, name of a famous novel written by Ravindernath Tagore.

گوراچٹا gorā citta (गोरा चिट्टा)– गोरा, सुन्दर, आकर्षक, मनमोहक. *(adj)*– handsome, beautiful, attractive.

گورادہ gorādih (गोरादिह)–गांव के बाहर की ज़मीन जिसे से गांव घिरा हुआ हो. *(nm)*–land surrounding a village.

گورخر gor khar (गोर खर)–जंगली गधा, ज़ेबरा. *(nm)*–a wild ass, a zebra.

گورکھ دھندا gorakhdhandhā (गोरखधन्धा)–समझ में न आनेवाली बात, पहेली, उलझन, समस्या. *(nm)*– a puzzle-lock, distraction, a problem, a question without solution, teachings of guru Gorakhnath–a Hindu saint.

گورنر gavarnar (गवर्नर)–राज्यपाल, किसी प्रदेश में महामहिम राष्ट्रपति का प्रतिनिधि. *(nm)*–a governor, a representative of President of India.

گورنمنٹ gavarnment (गवर्नमेंट)–सरकार. *(nf)*– Government.

گورو gorū (गोरू)–गुरु, शिक्षक, मार्ग-दर्शक, रास्ता दिखाने वाला. *(nm)*–a tracher, a guide, a spiritual guide.

گوری gaurī (गौरी)–भगवान् शिव की पत्नी, संगीत का एक सुर. *(nm)*–wife of Lord Shiva, name of a musical mode.

گوری gorī (गोरी)–सुन्दर स्त्री, सफेद, आकर्षक. *(nf)*– white, a beautiful woman, a young beauty.

گوریا goryā (गोरया)–एक चिड़िया, एक छोटे आकार का पक्षी. *(nf)*–a kind of bird, a sparrow.

گوزن gozan (गोज़न)–हिरण, मृग. *(nm)*–stag, deer.

گوسالا gosālā (गोसाला)–गऊओं को बाँधने की जगह. *(nf)*–a cowshed.

گوسالہ gosālah (गोसालह)–गाए का बच्चा, बछड़ा. *(nm)*–a calf.

گوسفنہ gosaphanā (गोसफना)–भेड़, बकरी. –a sheep, a goat.

گوش gosh (गोश)–कान. *(nm)*–the ear.

گوش برآواز ہونا gosh bar āvāz honā (गोश बर आवाज़ होना)– किसी समाचार की प्रतीक्षा होना. *(v)*–to be in a state of expectency.

گوش گزار کرنا gosh guzār karnā (गोश गुज़ार करना)–कोई सूचना देना, किसी को कोई खबर देना, किसी बात की तरफ ध्यान आकर्षित करना. *(v)*–to inform, to report, to bring to notice.

گوش گزار ہونا gosh guzār honā (गोश गुज़ार होना)–किसी बात को सुनना, किसी बात पर ध्यान देना. *(v)*–to be informed, to be heard.

گوشمالی goshmālī (गोशमाली)–कान खींचना, सज़ा देना, दंड देना. *(nf)*–pulling or twisting the ears. rebuke, chestizement.

گوشمالی کرنا goshmālī karnā (गोशमाली करना)–किसी के कान खेंचना, किसी को ताड़ना, किसी को सज़ा देना, किसी को दंड देना. *(v)*–to scold, to reprove, to punish.

گوشت gosht (गोश्त)–मांस. *(nm)*–meat, flesh.

گوشت پوست gosht post (गोश्त पोस्त)– मांस और खून. *(nm)*–flesh and blood.

گوشت خور goshtkhor (गोश्तखोर)–गोश्त खाने वाला, मांसाहारी. *(nm)*–non-vegetarian.

گوشت خوری goshtkhorī (गोश्तखोरी)–मांस-भक्षण, मांस खाना, मांसाहारी भोजन करना. *(adj)*– flesh-eating, carnivorous.

گوشت سے ناخن جدا ہونا gosht se nākhun judā honā (गोश्त से नाखुन जुदा होना)– अपनों से सम्बंध तोड़ लेना, अपने रिश्तेदारों को भुला देना. *(v)*–to give up near relatives, to disown near and dear.

گوشت کا لوتھڑا gosht kā lothṛā (गोश्त का लोथड़ा)–मांस का टुकड़ा. *(nm)*–a lump of flesh.

گوشت ناخن ہونا gosht nākhun honā (गोश्त नाखुन होना)–घी शक्कर होना, बहुत गहरी मित्रता होना, पक्के दोस्त बन जाना. *(v)*–to be intimate friends, to be on very good

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

terms.

گوشہ goshā (गोशा)– कोना, कोण. *(nm)*–a corner, an angle.

گوشہ دار goshādār (गोशादार)– कोनों वाला, कोणीय. *(adj)*–angular, having corners.

گوشہ چشم goshā-e-cashm (गोशा-ए-चश्म)–आँख का कोना. *(nm)*– the corner of the eye.

گوشہ نشیں goshānashīn (गोशानशीं)–त्यागी, संन्यासी, एकान्तवासी. *(adj)*–retired, solitary.

گوشہ نشینی goshānashīnī (गोशानशीनी)–एकान्तवास, संन्यासी एवं त्यागी का जीवन व्यतीत करना. *(nf)*–a life of retirement.

گول gol (गोल)–अंगूठी की शक्ल का, दायरा. *(adj)*–round, circular, ring-shaped, globular.

گول مول بات gol mol bāt (गोल मोल बात)–अस्पष्ट, संदिग्ध, जिसका कोई आधार न हो. *(nf)*– a vague or ambiguous expression, an entangled or doubtful matter.

گول مال golmāl (गोलमाल)–घपला, गबन, हेरा फेरी, धोखाधड़ी. *(nm)*– embezzlement, mess, confusion.

گول مال کرنا golmāl karnā (गोलमाल करना)–हेराफेरी करना, रक्म हड़पना, बेईमानी करना, धोखाधड़ी करना. *(v)*–to make a mess, to embezzle.

گولا golā (गोला)–बड़ा गेंद, बम, तोप का गोला, नारियल का फल. *(nm)*–a large ball, a cannon ball, a bomb. a coconut.

گولا انداز golā andāz (गोला अंदाज़)–गोला फेंकनेवाला, तोप चलानेवाला, बम फेंकनेवाला. *(nm)*– a bombardier, a cannonader, a gunner.

گولا چلانا golā calānā (गोला चलाना)–बम्बार्टमेंट करना, तोप का गोला चलाना. *(v)*–to cannonade, to bombard.

گولا مارنا golā mārnā (गोला मारना)–तोप का गोला मारना. *(v)*–to cannonade.

گولائی golāī (गोलाई)–किसी वस्तु का घेरा. *(nf)*–roundness.

گولڈ gold (गोल्ड)–सोना, एक बहुमूल्य धातु जिसके ज़ेवर बनते हैं. *(nm)*–gold, a precious metal.

گولڈن golḍan (गोल्डन)–सोने का या सुनहरी. *(adj)*– golden or golden colour.

گولڈن جبلی golḍan jubalī (गोल्डन जुबली)–किसी घटना के पचास वर्ष पूरे होने पर मनाया जाने वाला उत्सव. *(nm)*–golden jubilee.

گولر gūlar (गूलर)–जंगली अंजीर, एक जंगली फल, रूई का पैड. *(nm)*–a wild fig, a pad of cotton.

گولک golak (गोलक)–पैसे जमा करने का छोटा बक्सा. *(nm)*–a smallbox for collecting coins.

گولی golī (गोली)–बन्दूक या पिस्तौल में चलनेवाली गोली, शीशे या पत्थर का गोल टुकड़ा, बच्चों के खाने की मीठी टाफी या गोली, छोटी गेंद. *(nf)*–a bullet, a ball, a round marble piece, a gunshot.

گولی چلانا golī calānā (गोली चलाना)–बन्दूक या रिवाल्वर से गोली चलाना. *(v)*–to charge a gun, to fire a gun.

گولی لگنا golī lagnā (गोली लगना)–गोली से घायल होना, गोली का निशाना बनना. *(v)*–to be shot, to be struck by a bullet.

گولی مارنا golī mārnā (गोली मारना)–किसी को गोली का निशाना बनाना, किसी को गोली मार कर घायल करना. *(v)*–to shoot one down.

گولیاں کھیلنا goliyān khelnā (गोलियाँ खेलना)–बच्चों द्वारा शीशे या पत्थर की गोलियों से खेलना. *(v)*–to play marble.

گومڑا gūmaṛā (गूमड़ा)–उभार, सूजन, गूमड़. *(nm)*– a boil, swelling, a hump.

گوں gaun (गौं)–ज़रूरत, आवश्यकता, गर्ज़, अवसर, मौका, लाभ. *(nf)*–want, need, advantage, occasion, benefit, opportunity.

گوں کا یار gaun kā yār (गौं का यार)–स्वार्थी, मतलबी, अपना हित सोचने वाला, अपने लाभ के बारे में सोचनेवाला. *(nm)*–a self interested or selfish man, a time server.

گوں نکلنا gaun nikalnā (गौं निकलना)–स्वार्थ सिद्ध होना, अपना मतलब निकल जाना. *(v)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

to attain one's end, to serve one's purpose.

گونا **gaunā (गौना)**–विवाह के बाद दुलहन को घर लाना, प्रसन्नता, आनन्द. *(nm)*– bringing home a bride, happiness.

گونج **gūnj (गूँज)**–प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द. *(nf)*– echo, resounding, hollow sound, roar, buzzing.

گوند **gond (गोंद)**–चिपकानेवाली एक सामग्री जो कि कीकर के पेड़ से प्राप्त होती है, एक प्रकार की मिठाई. *(nm)*–gum, gum arabic, a kind of sweetmeat.

گوند دانی **gond dānī (गोंद दानी)**–गोंद रखने का बरतन. *(nm)*–a gum-pot.

گوندھنا **gūndhnā (गूंधना)**–आटा गूंधना, बरतन बनाने के लिए मिट्टी गूंधना. *(v)*–to knead, to braid, to plait.

گوندنی **gondanī (गोंदनी)**–एक वृक्ष जिस पर लिसलिसे बेर जैसे फल लगते हैं. *(nf)*–a kind of tree bearing gummy berry.

گونگا **gūngā (गूँगा)**–चुप, खामोश, जो बोल न सकता हो. *(adj)*–dumb, mute.

گونگی **gūngī (गूंगी)**–वह महिला जो बोल न सकती हो. *(nf)*–a dumb woman.

گوہ **goh (गोह)**–छिपकली की शक्ल का एक छोटा जानवर. *(nf)*–a lizard, an iguana, the alligator.

گوہار/گہار **gohār/guhār (गोहार/गुहार)**–सहायता के लिए फरियाद करना, अपने बचाव में आवाज़ बुलंद करना, अपने हितों के लिए संघर्ष करना. *(nf)*– cry for help, one's fight against many.

گوہار لڑنا **gohār laṛnā (गोहार लड़ना)**–अकेले ही निहत्थे कई लोगों से संघर्ष करना. *(v)*–to fight single handed against many.

گوہر **gohar (गोहर)**–बैलगाड़ी का रास्ता, वह रास्ता जिस पर बैलगाड़ी चलती है. *(nm)*– passage for ox-cart.

گوہر **gauhar (गौहर)**–मोती, किसी मोती या तलवार की चमक, किसी के छिपे हुए गुण. *(nm)*– a pearl, a gem, lustre of a gem or sword, hidden virtue, nature.

گوہر افشاں **gauhar aphshān (गौहर अफशां)**– मोती बिखेरने वाला, अच्छा भाषण देनेवाला. *(adj)*–scattering pearls, eloquent.

گوہر بار **gauharbār (गौहरबार)**–मोतियों की वर्षा. *(adj)*– raining pearls or gems.

گوہر شناس **gauhar-shanās (गौहर-शनास)**– मोतियों और रत्नों की पहचान करनेवाला. *(adj)*– weighing or examining pearls.

گوئندہ **goindā (गोइंदा)**–सूचना देने वाला. *(nm)*– informer.

گوئیاں **goiyān (गोइयां)**–मित्र, सहेली. *(nf)*– female's friend, or playmate of own sex, friend.

گویا **gavaiyā (गवैया)**–गानेवाला, संगीतकार. *(nm)*– a singer.

گھات **ghāt (घात)**–निशाना, उद्देश्य, दुश्मनी, अवसर. *(nf)*–aim, design, ambush, opportune moment, opportunity, enmity, treachery.

گھات تاکنا **ghāt tāknā (घात ताकना)**–अवसर की तलाश में रहना, अवसर की प्रतीक्षा करना. *(v)*– to watch an opportunity, to look for an opportune moment.

گھات چلانا **ghāt calānā (घात चलाना)**–किसी पर छिपकर आक्रमण करना, किसी को संभलने का अवसर न देना. *(v)*–to play a trick, to attack, to take unawares.

گھات میں بیٹھنا **ghāt main baiṭhnā (घात में बैठना)**–किसी पर आक्रमण के लिए उचित अवसर की प्रतीक्षा करना. *(v)*–to waylay, to lurk, to lie in ambush.

گھاتک **ghātak (घातक)**–हत्या करनेवाला, ज़ालिम, निर्दयी, शरारती, चोट पहुँचानेवाला. *(adj)*– murderous, cruel, evil, mischievous, injurious.

گھاتی/گھاتیا **ghātī/ghātiyā (घाती/ घातिया)**– अपनी जान लेने पर उतारू, आत्महत्या करने का इच्छुक, धोखा देनेवाला, विश्वासघात करनेवाला. *(adj)*– intent on taking one's life, deceitful, treacherous.

گھاٹ **ghāṭ (घाट)**–नदी पर नहाने का स्थान, नदी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का किनारा जहाँ नाव आकर रुकती है, नदी के किनारे वह स्थान जहाँ कपड़े धोये जाते हैं, घाटा, हानि. *(nm)*–a landing place, bathing place on a river side, a place for washing clothes on the bank of a river, loss.

گھاٹ گھاٹ کا پانی پینا **ghāṭ-ghāṭ kā pānī pīnā (घाट-घाट का पानी पीना)**–दुनिया का उतार-चढ़ाव देखना, दुनियादारी का अनुभव प्राप्त करना, अनुभवी होना. *(v)*–to see the world, to acquire wide experience, to be very much experienced, to be skilled.

گھاٹ مارنا **ghāṭ mārnā (घाट मारना)**–वस्तुओं के आयात करने पर लगनेवाले कर की चोरी करना. *(v)*–to smuggle dutiable goods.

گھاٹ مانجھی **ghāṭ mānjhī (घाट माँझी)**–नाव चलानेवाला, नाविक, माँझी. *(nm)*–a boat-man.

گھاٹا **ghāṭā (घाटा)**–नुकसान, हानि, कमी, उतार, अवनति. *(nm)*–loss, deficiency, scarcity, reduction, ascent, damages.

گھاٹا پڑنا/ہونا **ghāṭā paṛnā/honā (घाटा पड़ना/होना)**–नुकसान होना, किसी मुसीबत में पड़ना. *(v)*–to suffer a loss, to be in a problem.

گھاٹی **ghāṭī (घाटी)**–दो पहाड़ों के बीच से निकलनेवाला रास्ता. *(nf)*–a mountain pass, a valley.

گھاس **ghās (घास)**–ज़मीन पर उगने वाले हरे तिनके जो पशुओं के चारे के काम आते हैं. *(nf)*–grass, straw, foader, hay.

گھاس پات **ghās pāt (घास पात)**–हरे पत्ते, हरियाली. *(nf)*– greens, sweepings.

گھاس پھوس **ghās phūs (घास फूस)**–हरी घास, हरियाली. *(nm)*–straw, weeds.

گھاس چرنا **ghās carnā (घास चरना)**–बेवकूफी की बात करना, अज्ञान की बात करना. *(v)*–to act as a fool, to be stupid.

گھاس کاٹنا **ghās kāṭnā (घास काटना)**–कोई काम घटिया ढंग से करना, बिना रुचि के कोई काम करना, इच्छा के विरुद्ध कोई काम करना. *(v)*–to cut grass, to do a thing haphazardly, to do a thing hurriedly.

گھاگ **ghāgh (घाघ)**–बूढ़ा, अनुभवी, जानकार, हर फन मौला. *(adj)*–old, aged, experienced, shrewd, knowing every thing, an expert.

گھاگھرا **ghāghrā (घाघरा)**–औरतों के पहनने का एक वस्त्र, पेटीकोट, गाऊन, कबूतर की एक किस्म. *(nm)*–a petticoat, a gown, a pigeon, a garment worn by women.

گھال میل **ghālmel (घालमेल)**–मिश्रण, मिला जुला. *(nm)*– mixed, mixture.

گھالنا **ghālnā (घालना)**–नष्ट करना, तबाह करना. *(v)*–to destroy, to ruin.

گھامڑ **ghāmaṛ (घामड़)**–मूढ़, मूर्ख, बुद्धु, अज्ञानी, बेवकूफ. *(adj)*–foolish, simple, dull, artless, blockhead, stupid, ignorant.

گھان **ghān (घान)**–वह मात्रा जो एक समय में कड़ाही या मिल या कोल्हू में डाली जाती है. *(nm)*– quantity cast once into frying pan, mill etc.

گھان اتارنا **ghān utārnā (घान उतारना)**–कड़ाही या मिल से तैयार माल बाहर निकालना. *(v)*–to take out prepared quantity.

گھاؤ **ghāv (घाव)**–ज़ख्म. *(nm)*–wound, sore, cut.

گھاؤ بھرنا **ghāv bharnā (घाव भरना)**–ज़ख्म ठीक होना. *(v)*–to heal (a sore or wound).

گھاؤ کرنا **ghāv karnā (घाव करना)**–ज़ख्म लगाना, चोट करना, जख्मी करना. *(v)*–to wound, to inflict a wound.

گھایل **ghāyal (घायल)**–ज़ख्मी, चोट खाया हुआ, किसी के प्यार में डूबा हुआ. *(adj)*–wounded, hurt, smitten with love.

گھایل کرنا **ghāyal karnā (घायल करना)**–किसी को ज़ख्मी करना, चोट पहुँचाना. *(v)*–to inflict a wound, to smite with love.

گھایل ہونا **ghāyal honā (घायल होना)**–ज़ख्मी होना, चोट लगना, किसी से प्यार हो जाना. *(v)*–to be wounded, to be in love.

گھبرانا **ghabrānā (घबराना)**–परेशान होना, चिन्ता करना, उत्तेजित होना, व्याकुल होना. *(v)*–to be confused, to agitate, to be confounded, to be embrased, to perplex.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گھبراہٹ **ghabrāhaṭ** (घबराहट)– चिन्ता, परेशानी, व्याकुलता, उत्तेजना. *(nf)*– perplexity, agitation, confusion, alarm, perturbation.

گھپ **ghup** (घुप)–गहरा अँधेरा. *(adj)*–dark, hidden.

گھپ اندھیرا **ghup andherā** (घुप अँधेरा)–गहरा अँधकार, अँधेरा. *(nm)*–pitch dark.

گھپلا **ghaplā** (घपला)–अव्यवस्था, कुप्रबन्ध, अनियमत, विना क्रम के. *(nm)*–confusion, mess, disorder, error, complication, discrepancy in accounts.

گھپلا پڑنا **ghaplā paṛnā** (घपला पड़ना)–अव्यवस्था होना, सब कुछ अनियमित हो जाना, सब कुछ अस्त-व्यस्त हो जाना. *(v)*–to be in a mess, to be thrown into confusion.

گھپلا ڈالنا **ghaplā ḍālnā** (घपला डालना)–सब कुछ अस्त-व्यस्त कर देना, बिगाड़ करना, गड़बड़ करना. *(v)*–to make a mess, to cause discrepancy (in accounts).

گھپنا **ghupnā** (घुपना)–चाकू या छुरी इत्यादि का शरीर में घुसना. *(v)*–(of knife etc.) to pierce into something.

گھٹا **ghaṭā** (घटा)–बादलों का समूह, काले बादल. *(nf)*– cloudiness, gathering of clouds, dense black clouds, crowds, multitude, troops.

گھٹا آنا/اُٹھنا **ghaṭā ānā/uṭhnā** (घटा आना/उठना)–आकाश में गहरे काले बादलों का छा जाना, काले बादल आने से चारों ओर अँधेरा छा जाना. *(v)*–gathering of black clouds in the sky, to be overcast with black clouds, to be cloudy.

گھٹا ٹوپ **ghaṭā ṭop** (घटा टोप)–गहरा काला. *(adj & adv)*–pitch dark.

گھٹانا **ghaṭānā** (घटाना)–कम करना, निकालना, तकसीम करना, भाग देना. *(v)*–to decrease, to subtract, to lessen, to diminish, to reduce, to lower, to degrade, to abate, to demote, to devalue.

گھٹاؤ **ghaṭāv** (घटाव)–कमी, न्यूनता, थुड़, अभाव. *(nm)*–fall, reduction, lowering, depreciation.

گھٹاؤ بڑھاؤ **ghaṭāv-baṛāv** (घटाव-बढ़ाव)– घटत-बढ़त, ऊँच-नीच, चढ़ना-गिरना, बढ़ना-कम होना. *(nm)*–rise and fall, increase and decrease.

گھٹنا **ghaṭnā** (घटना)–कम होना, नीचे आना, गिरना. *(v)*–to decrease, to lessen, to be substracted, to come down (price), to wane (moon), to subside, to be lowered, to be devalued.

گھٹنا **ghuṭnā** (घुटना)–पिंडली और जाँघ के बीच का जोड़. *(nm)*–the knee.

گھٹنوں چلنا **ghuṭnon calnā** (घुटनों चलना)–घुटनों के बल चलना, चलना सीखना. *(v)*–to crawl on one's knee, to learn to walk.

گھٹی **ghuṭṭī** (घुट्टी)–एक शहद मिली दवाई जो बच्चे को पैदा होते ही सब से पहले चटाई जाती है ताकि उसका गला साफ हो जाए. *(nf)*–a kind of medicine given to the newly born infants just after their birth to clear the maconium.

گھٹی میں پڑنا **ghuṭṭī main paṛnā** (घुट्टी में पड़ना)–बचपन से ही किसी आदत का पक्का हो जाना, कोई बात स्वाभाविक रूप से अपना लेना. *(v)*–to be a thing to which one is used from infancy, to become one's nature.

گھٹیا **ghaṭiyā** (घटिया)–हलके स्तर का, सस्ता, जो बढ़िया नहीं. *(adj)*–inferior, cheap, low priced, inferior quality.

گھچ پچ **ghic-pic** (घिच-पिच)–अस्पष्ट, साथ जुड़ा हुआ, अनाकर्षक, भीड़-भड़क्का. *(adj)*– crowded, closely written, over written.

گھر **ghar** (घर)–मकान, रिहायश, परिवार, उत्पति-स्थान, पुशतैनी ज़मीन या जायदाद. *(nm)*– house, home, dwelling, compartment, habitation, a den, family, abode, cave, origin, place of production, mansion, native place or land.

گھر آباد کرنا **ghar ābād karnā** (घर आबाद करना)–घर बसाना, घर में रिहायश करना, शादी करना, पत्नी को लाना. *(v)*–to make a house, to marry, to take a wife, to beget children.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

گھر اُجڑنا **ghar ujaṛnā** (घर उजड़ना)–घर बरबाद होना, विनाश होना, घर टूट जाना, घर बिखर जाना. *(v)*–to have a house broken, to be ruined.

گھربار **gharbār** (घरबार)–परिवार, घर का सामान, घर का फरनीचर इत्यादि. *(nm)*–family, household, goods, household premises.

گھر بسنا **ghar basnā** (घर बसना)–विवाह हो जाना, पत्नी मिल जाना. *(v)*–to have a wife, to be married, to be settled.

گھر بگاڑنا **ghar bigāṛnā** (घर बिगाड़ना)–किसी का घर नष्ट कर देना, किसी के घर में झगड़ा फसाद करवा देना, किसी का घर तोड़ देना, किसी को बहुत बड़ी मुसीबत में डाल देना. *(v)*–to bring ruin to a house, to put a family in great difficulties.

گھر بگڑنا **ghar bigaṛnā** (घर बिगड़ना)–पति या पत्नी की मृत्यु हो जाना या किसी अन्य कारण से अलग हो जाना. *(v)*–to lose a husband or wife (by death or due to other causes).

گھر بنانا **ghar banānā** (घर बनाना)–मकान बनाना, घर के लिए आवश्यक सुख-सुविधाएँ जुटाना. *(v)*–to build a house, to make oneself comfortable.

گھر بھائیں بھائیں کرنا **ghar bhāen-bhāen karnā** (घर भाएँ-भाएँ करना)–घर सुनसान एवं वीरान होना. *(v)*–the house looking desolate and deserted.

گھر بھر **ghar bhar** (घर भर)–सारा घर, सारा परिवार. *(nm)*–the whole family.

گھر بیٹھنا **ghar baiṭhnā** (घर बैठना)–मकान बैठ जाना, मकान धराशायी हो जाना, मकान नष्ट हो जाना. *(v)*–collapsing of a house, to be ruined.

گھر بیٹھنا **ghar baiṭhnā** (घर बैठना)–किसी स्त्री का किसी पुरुष की रखैल बन जाना या उससे विवाह कर लेना. *(v)*–to become the wife or mistress of some man.

گھر بیٹھے **ghar baiṭhe** (घर बैठे)–बिना कोई परिश्रम किये, बिना घर से बाहर निकले, घर बैठे बिठाए. *(adv)*–seated at home, without moving or exertion, without any effort.

گھر پڑنا **ghar paṛnā** (घर पड़ना)–किसी की पत्नी बन जाना, किसी की रखैल बन जाना. *(v)*–to marry someone, to become a wife or keep of someone.

گھر پھونک تماشہ دیکھنا **ghar phūnk tamāshā dekhnā** (घर फूंक तमाशा देखना)–केवल मनोरंजन के लिए अपना घर फूंक देना, दूसरों के प्रभाव में आकर अपना नुक्सान कर लेना. *(v)*–to burn one's house merely for fun, to waste one's substance in idle pleasure.

گھر تک پہنچانا **ghar tak pahuncānā** (घर तक पहुँचाना)–किसी को उसकी मंज़िल तक पहुंचाना, काम को पूरी तरह से करना, किसी की पूर्ण रूप से सन्तुष्टि करना. *(v)*–to reach one's home, to accompany one to his house, to convince one thoroughly.

گھر تک پہنچنا **ghar tak pahuncnā** (घर तक पहुँचना)–किसी का घर खोज लेना, किसी को सबक सिखाना. *(v)*–to pursue one to the end, to abuse the members of one's family.

گھر جنوائی **ghar janvāī** (घर जंवाई)–ऐसा दामाद जो ससुर के घर में ही रहता है. *(nm)*–a son-in- law who lives in the house of father-in-law.

گھر چڑھ کر لڑنے آنا **ghar caṛ kar laṛne ānā** (घर चढ़ कर लड़ने आना)– किसी के घर जा कर लड़ाई करना, किसी को लड़ने के लिए उकसाना. *(v)*–to go to another's house to pick up a quarrel.

گھر چلانا **ghar calānā** (घर चलाना)–घर एवं परिवार की सुख-सुविधा के लिए खर्च करना, घर की देख-भाल करना, घर की सुरक्षा एवं व्यवस्था करना. *(v)*–to manage a house, to provide the expenses for one's house-hold.

گھردار **ghardār** (घरदार)–घरवाला, घर का स्वामी, घर का मालिक, घर को चलाने वाला *(adj)*–house- holder, house-keeper.

گھر ڈبونا **ghar ḍubonā** (घर डुबोना)–किसी के घर को बरबाद कर देना, *(v)*–to ruin one's family.

گھر سر پر اُٹھانا **ghar sir par uṭhānā** (घर सिर पर उठाना)–चीखना-चिल्लाना, बहुत शोर मचाना,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हाय-तौबा करना, हंगामा करना. *(v)*–to make a great hue and cry, to cry loudly.

گھر سے **ghar se (घर से)**–अपने घर से, अपनी जेब से. *(adv)*–from one's own pocket.

گھر سے دینا **ghar se denā (घर से देना)**–अपनी जेब से देना. *(v)*– to pay from one's own pocket.

گھر کا/گھر کی **ghar kā/ghar kī (घर का/घर की)**–अपने घर का, अपना, निजी. *(adj)*–of the house, belonging to the house, own.

گھر کا آدمی **ghar kā ādmī (घर का आदमी)**–अपने परिवार का सदस्य, गहरा मित्र, विश्वसनीय, विश्वास करने योग्य. *(nm)*–a member of one's family, a trustworthy friend, a familiar person.

گھر کا بوجھ اُٹھانا **ghar kā bojh uṭhānā (घर का बोझ उठाना)**–घर की ज़िम्मेदारी उठाना, घर का खर्चा चलाना, घर को चलाने की ज़िम्मेदारी उठाना. *(v)*–to bear the burden of one's family, to be responsible for the upkeep of the house.

گھر کا بھیدی **ghar kā bhedī (घर का भेदी)**–जो घर के सारे भेद जानता हो, विश्वसनीय. *(nm)*–one who knows the secrets of a house, a confident.

گھر کا چراغ **ghar kā cirāg (घर का चिराग़)**–घर की रोशनी, घर का उजाला, बेटा, घर और जायदाद का वारिस, उत्तराधिकारी. *(nm)*–the light of the house, a son, a successor.

گھر کا راستہ لینا **ghar kā rāstā lenā (घर का रास्ता लेना)**–घर चले जाना, हट जाना. *(v)*–to be off.

گھر کا گھر **ghar kā ghar (घर का घर)**–सारा घर, सारा परिवार. *(nm)*–the whole family.

گھر کا مال **ghar kā māl (घर का माल)**–अपनी जायदाद. *(nm)*–one's own property.

گھر کا نہ گھاٹ کا **ghar kā na ghāṭ kā (घर का न घाट का)**–जिसे कोई भी स्वीकार करने को तैयार न हो. *(prov)*–one rejected by both sides.

لیکھ lekh (लेख)–किस्मत, भाग्य, परारब्ध, आने वाला समय. *(nm)*–luck, fortune, our future.

لیکھ lekh (लेख)–लिखा हुआ, लिखित, मज़मून. *(nm)*–an article, anything written.

لیل/لیلہ lail/lailā (लैल/लैला)–रात, रात की तरह काली. *(nf)*–night, as dark as night.

لیل ونہار lailo nahār (लैलो नहार)–दिन और रात, समय, काल, परिस्थितयां, हालात. *(nm)*–night and day, circumstances, position.

لیلا lelā (लेला)–भेड़ का बच्चा. *(nm)*–a lab.

لیلا līlā (लीला)–खेल, तमाशा, मनोरंजन का साधन, अजूबा, कौतुक. *(nf)*– spoprt, play, diversion, theatre, performance, amorous, wonders.

لیلاوتی līlāvatī (लीलावती)–लीला करने वाली, दूसरों का मनोरंजन करने वाली, मौज मस्ती करने वाली महिला. *(nf)*–a playful woman.

لیلیٰ lailā (लैला)–काली, विख्यात प्रेमी मजनू की प्रेमिका, प्रेयसी, महबूबा. *(adj)*–black, *(nf)*–name of the celebrated beloved of *Majnu*, a sweetheart, beloved.

لے لینا le lenā (ले लेना)–कोई चीज़ लेना, स्वीकार करना, जबरदस्ती कीज़ छीनना, दी हुई चीज़ वापिस लेना. *(v)*–to take to accept, to receive, to

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

take by firce, to extort, to take back.

لے مرنا **le marnā (ले मरना)**–कठोर परिश्रम करके किसी चीज़ को लेने में सफल हो जाना, अपने साथ किसी और का भी नुक्सान करना. *(v)*–to try hard and succeed in getting something, to involve one falsely, to calumniate.

لیمو **līmū (लीमू)**–नीबू, एक खट्टा फल. *(nm)*–a lemon, lime.

لین **len (लेन)**–लेना, स्वीकार करना, प्राप्त करना. *(v)*– taking, receiving, accepting.

لین دین **len den (लेन देन)**–लेना और देना, व्यापार, काम- धंधा, काम-काज, खरीदना और बेचना, उधार लेना और देना, सम्भोग. *(nm)*– traffic, trade, money dealings, business, banking, friendly intercourse, buying and selling, borrowing and lending.

لینا **lenā (लेना)**–प्राप्त करना, वुसूल करना, स्वीकार करना, हासिल करना. *(v)*–to receive, to accept, to take, to assume, to buy, to borrow, to take hold of, to catch.

لینا ایک نہ دینا دو **lenā ek na denā do (लेना एक न देना दो)**–न लेने में न देने में, निष्पक्ष, किसी पक्ष का भी साथ न देना. *(prov)*–to have nothing to do with, to have no connection whatever with.

لینے کے دینے پڑنا **lene ke dene paṛnā (लेने के देने पड़ना)**–पांसा पलट जाना, खेल बिगड़ जाना. *(phrase)*–to have tables turned on one.

لینے میں نہ دینے میں **lene main na dene main (लेने में न देने में)**–किसी से कोई सम्बन्ध न रखना, निष्पक्ष रहना. *(phrase)*– uncorned, having nothing to do with.

لیوا **levā (लेवा)**–लेने वाला, जो केवल लेने में विश्वास रखता हैए देने में नहीं, ऐसे व्यक्ति को टेकचंद भी कहते हैं. *(adj)*–one who receives or takes only.

لئے **liye (लिये)**–वास्ते, के लिए. *(adv)*–for, on account of, instead of.

لئی **leī (लेई)**–मैदे या आटे से बनी चिपकाने वाली लेई. *(nf)*–paste, adhesive.

م mīm (मीम)

م **mīm (मीम)**–उर्दू वर्णमाला का इकतीसवां अक्षर. –thirty-first letter of Urdu alphabet.

مآب **mā'b (मा'ब)**–वह बिन्दु या जगह जहां पर आदमी लौट कर आता है, केन्द्र-बिन्दु, बैठने या रहने की स्थायी जगह, सम्माननीय, आदरणीय व्यक्ति. *(nf)*–the centre or point to which a thing or person returns, fixed abode or seat (of), a respository, receptacle.

مآثر **mā'sar (मा'सर)**–दानी, अच्छे स्वभाव वाला, अच्छे संस्कारों वाला, अच्छे काम करने वाला, सब का भला करने वाला. *(nm)*–generous qualities handed down by tradition or from ancestors, worthy actions, memorable deeds.

مآل **mā'l (मा'ल)**–परिणाम, नतीजा, अन्त, लौटने की जगह. *(nm)*–end, aim, consequence, termination, result.

مآل اندیش **mā'l andesh (मा'ल अंदेश)**–दूरदेश, दूर की सोचने वाला, दूरदर्शी, कुछ करने से पहले परिणाम के बारे में सोचने वाला. *(adj)*– prudent, circumspect.

مآل اندیشی **mā'l andeshī (मा'ल अंदेशी)**–दूर की सोच, सोच-विचार, नतीजे की सोच. *(nf)*– prudence, minding the consequences.

ما **mā (मा)**–माँ, माता, जननी, वालिदा. *(nf)*– mother.

ما **mā (मा)**–न, नहीं, मत, जो कुछ, जो कि, कोई चीज़, क्या, क्या चीज़, कौन, क्योंकर, कैसे. *(adv)*– which, what, that which, whatsoever, something, as as much as, why, wherefore, what, how, no, not.

مابین **mābain (मावैन)**–बीच, दरमियान, अन्दरूनी, अन्दर की, इस बीच, इस दौरान. *(adj & adv)*– interim, internal, between, among, during, mean-time.

ماتحت **māthat (मातहत)**–अधीन, सहायक, सहयोगी, नीचे काम करनेवाला, अपने से निचले पद का,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आश्रित. *(adj)*–subordinate, inferior, dependent, subject.

ماتقدم **mātkadum (मातकदुम)**–पहले का, इस से पहले, इस से पूर्व, जो पहले कहा गया. *(adj)*–what has gone before or what has aforesaid, stated above, passed.

مات **māt (मात)**–हार, पराजय, शिकस्त. *(nf)*–defeat.

مات دینا **māt denā (मात देना)**–पराजित करना, हराना, शतरंज का खेल जीतना. *(nm)*–to check-mate, to confound, to win.

مات کھانا **māt khānā (मात खाना)**–पराजित होना, हार जाना, हार स्वीकार करना. *(v)*–to be defeated, to be beaten.

ماتا **mātā (माता)**–माँ, शीतला, एक रोग जिसमें तेज़ बुखार के साथ सारे शरीर पर लाल दाने निकल आते हैं. *(nf)*–mother, small-pox, a disease.

ماتا پتا **mātā pitā (माता पिता)**–माँ बाप, हमारे जन्मदाता. *(nm)*–parents, father and mother.

ماتا نکلنا **mātā nikalnā (माता निकलना)**–शीतला रोग से पीड़ित होना, तेज़ बुखार के साथ सारे शरीर पर लाल दाने निकलना. *(v)*–to get small-pox.

ماتم **mātam (मातम)**–दुःख, शोक, कष्ट. *(nm)*–mourning, grief.

ماتم کرنا **mātam karnā (मातम करना)**–दुःख प्रकट रना, अफसोस करना, शोक व्यक्त करना. *(v)*–to lament, to mourn.

ماتمی لباس **mātamī libās (मातमी लिबास)**–शोक प्रकट करते समय पहने जाने वाले कपड़े. *(nm)*–mourning dress.

ماتھا **mathā (माथा)**–सिर का अगला हिस्सा, नाव का अगला सिरा, मकान का ऊँचा अगला भाग, किसी चीज़ का शीर्ष, पहाड़ की चोटी. *(nm)*–the forehead, the head, the prow of a boat, the front of a house, top, summit.

ماتھا رگڑنا **mathā ragaṛnā (माथा रगड़ना)**–क्षमा माँगना, पश्चात्ताप करना, अपने किये पर शरमिंदा होना. *(v)*–to rub the forehead on the ground, to prostrate, to supplicate, to implore humbly.

ماجرا **mājrā (माजरा)**–घटना, हालत, स्थिति. *(nm)*–happening, occurance, state, ondition, circumstance, event, incident, adventure.

ماحصل/ماحاصل **māhsal/māhāsil (माहसल/माहासिल)**–प्राप्त होने वाली चीज़, नतीजा, परिणाम, लाभ, फायदा, प्राप्ति, उपलब्धि. *(nm)*–inference, result, profit, produce, the harvest, conclusion, the sum and substance, abstract.

ماحضر **māhzar (माहज़र)**–जो खाना तैयार हो, खाने-पीने का जो सामान मौजूद हो. *(nm)*–whatever of the victuals is ready or prepared or present.

ماحول **māhaul (माहौल)**–वातावरण, इर्द-गिर्द, पास-पड़ोस. *(nm)*–surroundings, environments, prevalent conditions.

ماسبق **mā sabak (मा सबक)**–पूर्व, पूर्वकालीन, बीते हुए समय का, गुज़रे वक्त का, जो बीत चुका हो. *(adj)*–what precedes or has preceded something, above mentioned, preceding.

ماسلف **mā salaph (मा सलफ)**–गुज़रा हुआ, बीता हुआ, पूर्व काल का, पूर्वकालीन. *(adj)*–what has past, what has gone before, before mentioned or done.

ماسوا **mā sivā (मा सिवा)**–इसके अतिरिक्त, इसके अलावा, *(adv)*–besides, moreover, over and above.

مافات **māphāt (माफात)**–जो गुज़र गया, जो बीत गया, जो मर गया. *(adj)*–what is past or dead.

مافوق **māphauk (माफौक़)**–जो बढ़िया है, जो श्रेष्ठ है, जो उत्तम है. *(adj)*–what is superior or excelling, what is excellent.

مالاکلام **mā lā kalām (मा ला कलाम)**–जो बताया नहीं जा सकता, जो कहा नहीं जा सकता. *(adj)*–what cannot be told, inexpressible, undescribable, unutterable.

ماچس **mācis (माचिस)**–दीया सलाई जिससे आग जलाई जाती है या दीया जलाया जाता है. *(nm)*–a match-stick, a match-box.

مادر **mādar (मादर)**–माँ, माता. *(nf)*–mother.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مادرزاد mādarzād (मादरज़ाद)–एक ही माँ से पैदा हुए बच्चे. *(adj)*–born of the same mother.

مادر زاد ننگا mādarzād nangā (मादरज़ाद नंगा)–बिल्कुल नंगा, जिसके शरीर पर एक भी कपड़ा न हो. *(adj)*–stark naked, nude.

مادرزاد نابینا mādarzād nābīnā (मादरज़ाद नाबीना)–जन्म से अँधा. *(adj)*–born blind.

مادری mādarī (मादरी)–माता की या माता सम्बंधी. *(adj)*– motherly, maternal.

مادری زبان mādarī zabān (मादरी ज़बान)–मातृ भाषा, वह भाषा जो हमने जन्म से ही सीखी है. *(nf)*–mother tongue.

مادہ mādā (मादा)–स्त्री लिंग, स्त्री. *(nf)*–female.

مار mār (मार)–साँप, नाग. *(nm)*–a snake, a serpent.

مار آستین mār āstīn (मार आस्तीन)–आस्तीन में छिपा साँप, दोस्त के रूप में दुश्मन. *(nm)*–an enemy in the guise of a friend.

مار گزیدہ māragzīdā (मारगज़ीदा)–साँप का काटा हुआ, साँप का काटा हुआ. *(adj)*–snake bitten.

مار مہرا mār mohrā (मार मोहरा)–साँप के सिर से निकाली गई मणि जिसे कि साँप के ज़हर की तोड़ बताया जाता है. *(nm)*–a ball taken out of the head of a serpent, an antidote for for snake poison.

مار mār (मार)–मार-पीट, सज़ा, दंड, चपत, थप्पड़, मुक्का, घूँसा. *(nf)*–beating, striking, a blow, stroke, punishment, curse.

مار بھگانا mār bhagānā (मार भगाना)–खदेड़ देना, हटा देना, दूर कर देना, दूर भगा देना. *(v)*–to drive away, to put to flight, to put to rout.

مار پڑنا mār paṛnā (मार पड़ना)–पिटना, सज़ा मिलना. *(v)*–to be beaten.

مار پیٹ mārpīṭ (मारपीट)–लड़ाई-झगड़ा, मारा-मारी, एक दूसरे को पीटना, एक दूसरे को मारना. *(nf)*–fight, affray, struggle, beating, fighting, beating severely.

مار ڈالنا mār ḍālnā (मार डालना)–हत्या कर देना, कत्ल कर देना, जान से मार डालना. *(v)*–to kill, to slay, to murder.

مار کھانا mār khānā (मार खाना)–पिट जाना. *(v)*–to be beaten.

مارا مارا پھرنا mārā mārā phirnā (मारा मारा फिरना)–निराश घूमना, बिना किसी उद्देश्य के घूमना फिरना. *(v)*–to wander about, to knock about aimlessly.

مارا ماری کرنا mārā mārī karnā (मारा मारी करना)–उतावली करना, जल्दबाज़ी करना, हर काम में तेज़ी दिखाना. *(v)*–to make all haste, to bust about, to be very quick, to try one's best, to hurry up.

مارنا mārnā (मारना)–पीटना, सज़ा देना, दंड देना, कत्ल कर देना, नष्ट कर देना, बरबाद कर देना, तबाह कर देना, पराजित कर देना, नामो निशान मिटा देना. *(v)*–to beat, to strike, to punish, to kill, to destroy, to ruin, to slaughter.

ماش māsh (माश)–एक प्रकार की दाल. *(nf)*–a kind of pulse.

مالا mālā (माला)–मनकों की लड़ी जिसे पूजा के लिए प्रयोग किया जाता है, मोतियों की माला जिसे औरतें गले में पहनती हैं, फूलों की माला जो किसी के सम्मान के लिए गले में पहनाई जाती है. *(nf)*–a rosary, a chaplet, a garland, a necklace, a vocabulary, a dictionary.

مالا پھیرنا mālā phernā (माला फेरना)–ईश्वर को स्मरण करने के लिए माला फेरी जाती है, मनके गिनना, पूजा करना. *(v)*–to recite a prayer on beads, to pray, to count the beads.

مالا مال mālā māl (माला माल)–धनी, अमीर, दौलतमंद, समृद्ध. *(adj)*–rich, wealthy, abudant.

مالش mālish (मालिश)–तेल इत्यादि लगाकर शरीर को हाथों से रगड़ना, तेल मलना, शरीर की थकावट को मिटाना. *(v)*–rubbing, polish, burnishing, massage.

مالش کرنا mālish karnā (मालिश करना)–शरीर पर तेल मलना, शरीर की थकावट मिटाना, शरीर को आराम देना. *(v)*–to rub, to polish, to feel nausea.

مالک mālik (मालिक)–स्वामी, पति, सब का मालिक अर्थात् परमात्मा. *(nm)*–lord, master,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

husband, owner, possessor, proprietor, the supreme being, God.

مالن **mālin (मालिन)**—माली की पत्नी, महिला माली, वह महिला जो बाग की देखभाल करती है. *(nf)*–a gardener's wife, a female gardener.

مالی **mālī (माली)**—बाग की देख-भाल करनेवाला. *(nm)*–a gardener.

مالی **mālī (माली)**—रुपये-पैसे से सम्बन्धित, आर्थिक. *(nm)*–financial, pecuniary, concerning money.

مالی پیشکار **mālī peshkār (माली पेशकार)**—लेखाकार, हिसाब-किताब लिखनेवाला. *(nm)*–revenue accountant.

مالی سال **mālī sāl (माली साल)**—वित्तीय वर्ष जो कि 1 अप्रेल से 31 मार्च तक होता है. *(nm)*–financial year which is from 1st April to 31st March.

مالیت **māliyat (मालियत)**—मूल्य, कीमत. *(nf)*–value, cost.

مالیدہ **mālīdā (मालीदा)**—एक प्रकार की मिठाई या केक जोकि मैदे घी और चीनी से बनाए जाते हैं, एक प्रकार का ऊनी कपड़ा. *(nm)*–sweatmeat or cakes made with wheat flour, butter and sugar, a fine woollen cloth.

ماما **māmā (मामा)**—माँ, माता,बच्चों की देखभाल के लिए रखी गई नौकरानी. *(nf)*–mother, maid-servant, a woman servant.

ماما/ماموں **māmā/māmūn (मामा/मामूं)**—माँ का भाई. *(nm)*– mother's brother.

ماما گری **māmāgarī (मामागरी)**—मामा (घर की नौकरानी का कर्म. *(nf)*–the work of a maid-servant.

مامتا/ممتا **māmtā/mamtā (मामता/ममता)**—माँ का प्यार, लगाव, चाहत. *(nf)*–love, affection, a mother's love, maternal love.

مامی **māmī (मामी)**—मामा की पत्नी. *(nf)*–wife of *māmā*, maternal aunt.

ماں **mān (माँ)**—माता, जननी. *(nf)*–mother.

ماں بہن کرنا **mān bahan karnā (माँ बहन करना)**—किसी को माँ बहन की गाली देना. *(v)*–to abuse one's mother and sister.

ماں جایا **mān jāyā (माँ जाया)**—एक ही माँ की संतान, सगा भाई. *(nm)*–born of the same mother, own brother, real brother.

مان **mān (मान)**—आदर, सम्मान, अच्छी राय, गर्व, रुतबा, पदवी. *(nm)*–respect, regard, good opinion, concept, arrogance, standard, rank, value.

مان رکھنا **mān rakhnā (मान रखना)**—आदर करना, सम्मान करना, इज़्ज़त करना, बैठने के लिए आसन या कुर्सी देना, किसी की बात को ध्यान से सुनना, किसी के मान-सम्मान की रक्षा करना. *(v)*–to respect, to honour, to pay heed, to mind, to obey, to protect one's honour.

مان جانا **mān jānā (मान जाना)**—किसी की बात को स्वीकार करना, सहमत होना, राज़ी होना. *(v)*–to heed, to mind, to acknowledge the superiority (of), to submit, to yield, to confess, to come to terms with, to comply with.

مانجھی **mānjhī (मांझी)**—नाव चलानेवाला, नाविक, खेवट, खविया. *(nm)*–a boatman, a steerman, master of a vessel, sailor.

ماند **mānd (मांद)**—फीका, हल्का, धुंधला, बदरंग, जिसमें चमक न हो, आभा रहित, जंगली जानवरों के रहने की जगह, गुफा, छिपने की जगह. *(adj)*–dim, faded, dull, faint, eclipsed, tarnished, *(nf)*–a heap of dung, den, hole, the den of a wild beast.

ماند پڑ جانا **mānd paṛ jānā (मांद पड़ जाना)**—रंग हल्का पड़ जाना, रंग उड़ जाना, चमक कम हो जाना, ग्रहण लग जाना. *(v)*–to fade, to become eclipsed.

ماندگی **māndagī (मांदगी)**—थकावट, बीमारी, रोग. *(nf)*– fatigue, weariness, illness, indisposition.

ماندہ **mānda (मांदा)**—थका हुआ, व्याकुल, बेचैन. *(adj)* –weary, tired, upset, disturbed.

مانگ **māng (मांग)**—सिर के बालों को दो भागों में बाँटने वाली लकीर, बँटवारा, तलब, पति. *(nf)*–the parting of the hair, a line on the head where the hair is parted, division,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

want, demand, a husband.

مانگ اُجڑنا māng ujaṛnā (मांग उजड़ना)–पति की मृत्यु हो जाना, विधवा हो जाना. *(v)*–to become a widow.

مانگ بھرنا māng bharnā (मांग भरना)–लाल रंग के सिन्दूर से किसी लड़की या महिला की मांग भरना अर्थात् उससे विवाह करना, किसी लड़की को अपनी पत्नी स्वीकार करना. *(v)*–to marry, to apply sindoor सिन्दूर to the *māng*.

مانگ بھری māng bharī (मांग भरी)–जिसकी मांग भरी हुई हो, प्यारी पत्नी. *(nf)*–a married woman, a beloved wife.

مانگ جلی māng jalī (मांग जली)–जिसकी मांग उजड़ गई हो, विधवा. *(nf)*–a widow.

مانگ لینا māng lenā (मांग लेना)–किसी से उधार लेना, किसी से ऋण लेना. *(v)*–to borrow, to ask for something on loan.

مانگ ہونا māng honā (मांग होना)–किसी चीज़ की अधिक बिक्री होना, किसी चीज़ की ज्यादा मांग होना, किसी व्यक्ति को सम्मान की दृष्टि से देखा जाना. *(v)*–to be in demand.

ماننا mānanā (मानना)–सहमत होना, स्वीकृति देना, स्वीकार कर लेना. *(v)*–to agree, to accept, to heed, to believe, to admit, to confess, to own, to consent, to grant, to approve.

مانند mānind (मानिन्द)–समान, की तरह, जैसा, मिलता जुलता. *(adj)*–like, resembling.

مانوس mānūs (मानूस)–परिचित, जान-पहचान वाला, वाकिफ. *(adj)*–familiar, associated, intimate, cheering, attached, friendly.

ماوا māvā (मावा)–खोया, दूध से बना एक पदार्थ जिससे बर्फी व अन्य मिठाइयाँ बनती हैं. *(nm)*–substance, condensed milk, starch.

ماہ māh (माह)–चाँद, महीना. *(nm)*–the moon, a month.

ماہ پارہ māh pārā (माह पारा)–सुन्दर, प्रिय, प्रेमिका. *(adj)*–handsome, beloved, sweetheart.

ماہ تاب māh tāb (माह ताब)–चाँद, चाँद की रौशनी, चाँदनी. *(nm)*–moon, moonshine, moonlight.

ماہ رواں māhe ravān (माहे रवां)–चालू महीना. *(nm)*–current month.

ماہ شمسی māhe shamsī (माहे शमसी)–सूर्य का महीना अर्थात् सौर मास, आज के कलैंडर के महीने. *(nm)*–a solar month.

ماہ قمری māhe kamarī (माहे क़मरी)–चाँद का महीना. *(nm)*–a lunar month.

ماہوار māhvār (माहवार)–मासिक, हर महीने. *(adv)*–monthly, every month.

ماہواری māhvārī (माहवारी)–हर महीने, महिलाओं के मासिक धर्म का समय. *(adv)*–per mension, *(nf)*–menses, period of mensuration.

ماہر māhir (माहिर)–निपुण, सिद्धहस्त, कुशल, खिलाड़ी, जानकार. *(adj)*–skilled (in), expert, to be a master (of), to excel (in).

مایوس māyūs (मायूस)–निराश, नाउम्मीद, जिसे कोई आशा न हो, जिसे कोई उम्मीद न हो. *(adj)*–without hope, having lost all hope, disappointed.

مایوس کرنا māyūs karnā (मायूस करना)–निराश करना, सब आशायें समाप्त कर देना. *(v)*–to disappoint, to mar one's hope

مایوس ہونا māyūs honā (मायूस होना)–निराश होना, उदास होना. *(v)*–to be disappointed, to give up all hopes.

مایوسی māyūsī (मायूसी)–निराशा, ना-उम्मीदी, हतोत्साह. *(nf)*–hopelessness, despair, disappointment.

مایہ māyā (माया)–धन, दौलत, समृद्धि, सरमाया, साधन, मूलधन, भंडार. *(nm)*–capital, stock, wealth, fund, means, resources.

مایہ دار māyādār (मायादार)–जिसके पास बहुत बड़ा भंडार हो, सरमायादार, धनी, दौलतमंद, समृद्ध. *(nm)*–stockist, capitalist, wealthy, resourceful.

مباح mubāh (मुबाह)–कानून के अनुसार, वैधानिक, उचित, ठीक, सही. *(adj)*–lawful, just, proper, permissible, allowed.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مباح کرنا **mubāh karnā** (मुबाह करना)–कानूनी रूप देना, कानून सम्मत बनाना. *(v)*–to make lawful, to legalise, to make admissible.

مباحث **mabāhis** (मबाहिस)–बहस, तर्क-वितर्क, दलील देना, अपना विचार प्रकट करना. *(nm)*–discussion, debate, argument.

مباحثہ **mubāhasā** (मुबाहसा)–तर्क-वितर्क, तकरार, विचार प्रकट करना, दलील देना, मुकाबला. *(nm)*–debate, contest, argumentation, reasoning, discussion, a verbal dispute.

مباحثہ کرنا **mubāhasā karnā** (मुबाहसा करना)–बहस काना, तकरार करना, मुकाबला करना. *(v)*–to bebate, to discuss, to argue.

مبادرت **mubādarat** (मुबादरत)–किसी काम की जल्दी करना, हड़कम्प मचाना, उतावलापन करना. *(nf)*– making haste, haste, expedition.

مبادلہ **mubādalā** (मुबादला)–अदला-बदली, तब्दील करना, बदले में कोई चीज़ लेना या देना. *(nm)*–exchange, barter.

مبادلہ کرنا **mubādalā karnā** (मुबादला करना)–अदला-बदली करना, किसी चीज़ के बदले में कोई दूसरी चीज़ लेना. *(v)*–to exchange, to barter.

مبادلہ جنس **mubādalā jins** (मुबादला जिन्स)–अनाज के बदले अनाज लेना, गेहूं दे कर चने या कोई और अनाज लेना. *(nm)*–to exchange wheat with rice or grams, barter sysyem.

زرمبادلہ **zare mubādalā** (ज़रे मुबादला)–करेंसी की अदला-बदली करना, एक देश के नोटों के बदले किसी दूसरे देश के नोट प्राप्त करना. *(nm)*–foreign exchange.

مبادی **mubādī** (मुबादी)–शुरुआत, प्रारम्भ, आगाज़, बुनियादी बातें, आधारभूत तथ्य, स्थापित कायदे कानून, सभी द्वारा माने जाने वाले उसूल. *(nm)*–beginning, origin, elements, principle.

مبارز **mubāraz** (मुबारज़)–युद्ध के लिए ललकारने वाला, चैलेंज करने वाला, मुकाबला करने के लिए बुलाने वाला, योद्धा, बहादुर. *(nm)*–warrior, challenger.

مبارزت **mubārazat** (मुबारज़त)–ललकार, मुकाबले के लिए चुनौती. *(nm)*–challenge, combat, duel fight.

مبارک **mubārak** (मुबारक)–शुभ, कल्याणकारी, मंगलमय, सुखदायक. *(adj)*–auspicious, blessed, august, sacred, holy, happy, fortunate, blessing, congratulation.

مبارکباد **mubārakbād** (मुबारकबाद)–बधाई, शुभकामनाएँ, सफलता की कामना. *(nf)*–congratulation, good wishes, wishing success.

مبارک دینا **mubārak denā** (मुबारक देना)–किसी की सफलता के लिए या किसी उपलब्धी के लिए बधाई देना. *(v)*–to congratulate.

مبارک ہونا **mubārak honā** (मुबारक होना)–किसी के लिए शुभ होना, किसी के लिए लाभदायक होना. *(v)*–to be lucky (for).

مباشرت **mubāsharat** (मुबाशरत)–सम्भोग, रति-क्रीड़ा, स्त्री-पुरुष का आपस में प्यार करना. *(nf)*–copulation, commencement or undertaking of an affair, sexual intercourse.

مباشرت کرنا **mubāsharat karnā** (मुबाशरत करना)–सम्भोग करना, रति-क्रीड़ा करना, हम बिस्तरी करना. *(v)*–to copulate, to have sexual intercourse.

مبالغہ **mubālgah** (मुबालगह)–भ्रम, शंका, संदेह, गलतफहमी, सीमा लांघना, अति कर देना. *(nm)*–exaggeration, hyperbole, bombast, utmost effort, deligence, care, amplification.

مبانی **mabānī** (मबानी)–इमारतें, बिल्डिंगें, बुनियादें. *(nm)*– buildings, structures, foundations.

مبتدی **mubtadī** (मुबतदी)–सीखने वाला, शिष्य, शुरू करने वाला, चेला, अनाड़ी, नौसिखिया. *(nm)*–a beginner, a novice, a disciple, just commencing to learn, a young scholar.

مبتذل **mubatzal** (मुबतज़ल)–नीच, ओछा, महत्त्वहीन, साधारण. *(adj)*–contemptible, base, degenerate, mean, treated as of little value.

مبتلا **mubtalā** (मुबतला)–उलझा हुआ, पूरी तरह से समर्पित, रोग इत्यादि से ग्रस्त, पीड़ित. *(adj)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

involved, fallen into, entangled, overtaken by, affected, afflicted, distressed, distracted, captivated, fascinated.

مبدا **mabdā** (मबदा)–शुरुआत, आधार, वास्तविक, बुनियाद, मुख्य. *(nm)*–beginning, source, origin, cause, principle.

مبذر **mubzar** (मुबज़र)–फिज़ूलखर्च, बिना सोचे खर्च करने वाला, बिना ज़रूरत के खर्च करने वाला. *(nm)*–a spendthrift.

مبذول **mabzūl** (मबज़ूल)–दे दिया गया, खर्च कर दिया गया, किसी को समर्पित कर दिया गया. *(adj)*–given, devoted, bestowed.

مبرا **mubrā** (मुबरा)–निर्दोष, बे ऐब, बरी, दोषमुक्त. *(adj)*– free, exempted, innocent, guiltless, exonerated.

مبرد **mubrad** (मुबरद)–ठंडा किया हुआ, सर्द किया हुआ. *(nm)*– cooled.

مبرم **mubram** (मुबरम)–मज़बूत, सुदृढ़, जिसके बिना गुज़ारा न हो, जिसे हटाया न जा सके. *(adj)*– inevitable, inexorable, able, calamity.

مبرور **mabrūr** (मबरूर)–जिसकी मुक्ति हो गई हो, जिसे मोक्ष मिल गया हो, जिसकी प्रार्थना ईश्वर ने स्वीकार कर ली हो. *(adj)*–the late, one who has found salvation, (of prayers) accepted by God.

مبروص **mabrūs** (मबरूस)–कोहड़ी, कुष्ट-रोगी, फुलवैरी (सफेद दाग) का रोगी. *(adj)*–leper.

مبسوط **mubsūt** (मुबसूत)–फैला हुआ, चौड़ा, विस्तृत. *(adj)*– dikated, spread out, stretched, expanded.

مُبصر **mubassar** (मुबस्सर)–देखने वाला, दूरंदेश, परखने वाला, निगरानी करने वाला, सलाहकार. *(adj)*– provident, penetrating, far-sighted, *(nm)*– an observer.

مبعوث **maabūs** (मअबूस)–भेजा गया, उठाया गया, पैदा किया गया. *(adj)*–created, commissioned, sent.

مبلغ **mablag** (मबलग़)–रकम, रुपये, राशि, संख्या, स्थान, *(nm)*–the place of arrival, a sum, ready money, quantity.

مبنی **mabanī** (मबनी)–पर आधारित, पर आश्रित. *(adj)*–based on, founded on.

مبہم **mubham** (मुबह्म)–संदिग्ध, वह बात जिसका मतलब स्पष्ट न हो, गोल-मोल बात. *(adj)*– hidden, indistinct, equivocal, occult, keeping concealed.

مبہوت **mabhūt** (मबहूत)–चकित, हैरान, भौचक्का. *(adj)*– dumb-founded, struck dumb with amazement.

مبین **mubīn** (मुबीन)–साफ, स्पष्ट, बिना किसी रुकावट के. *(adj)*–manifest, clear.

مبینہ **mubīnah** (मुबीनः)–जिस पर आरोप लगाया गया हो, जिस पर इल्ज़ाम लगाया गया हो. बयान किया गया, उल्लेख किया गया, स्पष्ट किया गया. *(adj)*–alleged, declared, cleared.

مت **mat** (मत)–नहीं, नकारना, अस्वीकृत, नामंज़ूर. *(nm)*– no, do not, don't.

مت **mat** (मत)–सोच, राय, विचार, समझ, बुद्धि, योग्यता, नसीहत, परामर्श, विचार-विमर्श, आदत, स्वभाव, तौर-तरीका. *(nm)*–way, manner, method, mode, system, creed, belief, faith, wisdom, judgement, wit, sense, advice, respect.

مت پھرنا **mat phirnā** (मत फिरना)–कुछ सोच न सकना, बुद्धि उलटी हो जाना, उलटा काम करना, विचारहीन हो जाना. *(v)*–to change one's mind, to lose one's senses.

مت دینا **mat denā** (मत देना)–किसी को नसीहत देना, अपना विचार प्रकट करना, अपनी राय देना. *(v)*–to give advice, to counsel.

مت ماری جانا **mat mārī jānā** (मत मारी जाना)– अक्ल मारी जाना, सोच खराब हो जाना, होश गंवा बैठना, बुद्धिहीन हो जाना, बेवकूफों जैसी बात करना. *(v)*–to be out of one's senses, to lose one's senses, to act as a fool.

متا **matā** (मता)–मत, विचार, राय, अभिव्यक्ति, नसीहत, विश्वास. *(nm)*–thought, opinion, advice, mind, consultation, counsel, belief.

متاثر **mutāsir** (मुतासिर)–प्रभावित. *(adj)*– impressed, influenced, afflicted.

متاخر **mutākhir** (मुताखिर)–पीछे आने वाला, बाद में आने वाला, आधुनिक, आज के युग का. *(adj)*–

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

following, coming later, of modern age.

متاسف **mutāsiph (मुतासिफ)**–अफसोस करने वाला, पश्चात्ताप करने वाला. *(adj)*–grieved, regretful, repentful.

متاع **matāa (मताअ)**–सामान, चीज़ें, जायदाद, सौदागरी का सामान. *(nf)*–stock, merchandise, goods, property, possessions.

متاعی **matāī (मताई)**–वह पत्नी जिसके साथ कुछ समय के लिए निकाह किया गया हो, अस्थायी पत्नी. *(nf)*–temporary wife, a wife for a fixed time.

متامل **mutāmil (मुतामिल)**–तामिल करने वाला, संकोच करने वाला, झिझक करने वाला. *(adj)*–contemplative, meditative, reflecting.

متانت **matānat (मतानत)**–मज़बूती, दृढ़ता, गहराई, स्थायीत्व. *(nf)*–firmness, constancy, depth of thought, vigour, solidity.

متاہل **matāhil (मताहिल)**–विवाहित व्यक्ति, बाल-बच्चों वाला, परिवार वाला. *(adj)*–married, family-man.

متبادر **mutbādir (मुतबादिर)**–तेज़ी करना, तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दबाज़ी में काम करना. *(adj)*–making haste, going ahead hastily, comprehencible.

متبادل **mutbādil (मुतबादिल)**–बदल-बदल कर काम करना, आपस में काम की अदला-बदली करना. *(adj)*–functioning alternatively, interchanging, alternate.

متبادلہ **mutbādilā (मुतबादिला)**–तबदीली, परिवर्तन, अदला-बदली, काम का बदलाव. *(adj)*–making an exchange with, mutual, reciprocal.

متبائن **mutbāin (मुतबाइन)**–भिन्न, अलग, अलग ढंग का. *(adj)*- different.

متبحر **mutbahir (मुतबहिर)**–ज्ञानी, बहुत ज्यादा पढ़ा-लिखा, ज्ञान का भंडार, विद्या का सागर. *(adj)*–very learned, deeply read, ocean of learning.

متبدل **mutbadil (मुतबदिल)**–बारी बारी से, बदल बदल कर, अदला-बदली में. *(adj)*–changing alternatively, changed, alterinverting.

متبرک **mutbarrak (मुतबर्रक)**–पवित्र, सौभाग्यशाली, आनन्दमय, दैवी, ईश्वर का दिया हुआ. *(adj)*–fortunate, august, blessed, holy, heavenly, sanctified, happy.

متبسم **mutbassim (मुतबस्सिम)**–खिले हुए चेहरे वाला, मुस्कराता हुआ, खिलखिलाता हुआ. *(adj)*–smiling, laughing.

متبع **mutbi (मुतबि)**–चेला, शार्गिर्द, शिष्य, पीछे-पीछे चलने वाला, आदेश मानने वाला. *(nm)*–follower, disciple, immitator.

متبنیٰ **mutbanā (मुतबना)**–लेपालकए गोद लिया गया बच्चा, जिसे बेटा बना लिया गया हो. *(nm)*–an addopted son.

متبنیٰ کرنا **mutbanā karnā (मुतबना करना)**–किसी दूसरे के बेटे को गोद लेकर अपना बेटा बना लेना. *(v)*–to adopt a son.

متبوع **matbūa (मतबूअ)**–आदेश का पालन किया जाना, आज्ञा मानना. *(adj)*–followed, obeyed.

متجاوز **mutjāviz (मुतजाविज़)**–अपनी सीमा लांघना, अपने अधिकार-क्षेत्र से बाहर का काम करना, ज़रूरत से अधिक कोई चीज प्राप्त काना. *(adj)*–exceeding one's limits, to hold more than what is necessary.

متجسس **mutjasis (मुतजसिस)**–खोजने वाला, तलाश करने वाला, जिज्ञासु. *(adj)*–seeker, finder, searcher.

متحد **muthid (मुतहिद)**–संयुक्त, जुड़ा हुआ, इकट्ठा. *(adj)*– united.

متحرک **mutharrik (मुतहर्रिक)**–चल, गतिशील, हरकत करने वाला, जो एक जगह टिकता न हो. *(adj)*–moved, movable.

متحرک تصاویر **mutharrik tasāvīr (मुतहर्रिक तसावीर)**–चलती फिरती तस्वीरें, फिल्म, सिनेमा. *(nf)*–movies, films, cinema.

متحمل **mutahmil (मुतहमिल)**–धैर्यवान, सन्तोषी, सब्र वाला. *(adj)*–consideratem enduring, affable, patient.

متحیر **mutahaiyir (मुतहैयिर)**–हैरान, चकित, भौचक्का, हक्का-बक्का. *(nm)*–astonished, wondering, confounded, amazed, surprised.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

متخاصم **mutkhāsim** (मुतखासिम)–ईर्ष्यालु, विरोधी, शत्रु, दुश्मनी रखने वाला, हर समय नुक्सान पहुँचाने की कोशिश करने वाला. *(adj)*–hostile, contending.

متخلص **mutkhalis** (मुतखलिस)–शुद्ध, पवित्र, उपनाम रखने वाला. *(adj)*–pure, free (from), surnamed, having a literary title.

متخیل **mutkhaiyil** (मुतखैयिल)–ख्यालों में, कल्पना में, अनुमान से. *(adj)*–imagining, suspecting, fancying.

متداول **mutdāval** (मुतदावल)–आधुनिक, आज के समय का, हाथों हाथ लिया जाने वाला. *(adj)*–current, in use, passing from hand to hand.

متدین **mutdaiyan** (मुतदैयन)–धार्मिक विचारों वाला, धार्मिक व्यक्ति. *(adj)*–religious minded.

متذبذب **mutzabazab** (मुतज़बज़ब)–संकोची, डांवांडोल, दुविधा में पड़ा हुआ, किसी नतीजे पर न पहुँच सकने वाला, न इधर का और न उधर का. *(adj)*–hesitant, agitated, anxious.

متذکرہ **mutzikrā** (मुतज़िक्रा)–जिसका ज़िक्र किया गया हो, जिसका उल्लेख किया गया हो. *(adj)*–stated, referred to.

متذکرہ بالا **mutzikrā bālā** (मुतज़िक्रा बाला)–ऊपर कहा गया, पहले कहा गया. *(adj)*–afore-said, above mentioned.

مِتر **mitra** (मित्र)–दोस्त, साथी, रफ़ीक़. *(nm)*–friend, companion, well-wisher.

مِترائی/مِترتا **mitrāī/mitratā** (मित्राई/मित्रता)–दोस्ती. *(nf)*– friendship.

مترادف **mutrādif** (मुतरादिफ़)–लगातार, बिना रुके, क्रम से. *(adj)*– continued, successive, consecutive.

مترتب **mutartab** (मुतरतब)–तरतीब से, क्रम से, क्रमानुसार. *(adj)*–arranged, compiled.

مترجم **mutarjam** (मुतर्जम)–अनूदित, अनुवादित, अनुवाद किया हुआ. *(nm)*–translation, rendered into other language, published along with translation.

متردد **mutardid** (मुतर्दिद)–संकोची, विचारशील, गम्भीर, चिन्ता में डूबा हुआ, परेशान, हैरान, दुःखी. *(adj)*– irresolute, hesitating, perplexed, thoughtful, anxious, wandering, grieved.

مترقبہ **mutarkabah** (मुतरकबह)–आशा के अनुसार, अनुकूल. *(adj)*–expected.

متشابہ **mutshābeh** (मुतशाबेह)–मिलता-जुलता, समान, एक जैसा, समरूप. *(adj)*–like, similar, resembling.

متشدد **mutshadid** (मुतशदिद)–तशदुद से भरा, हिंसक, मारधाड़, लड़ाई-झगड़ा, दंगा-फसाद. *(adj)*–violent, strict, applying force.

متشکل **mutshakal** (मुतशक्ल)–शक्ल बनाना, रूप धारण करना. *(adj)*–taking shape.

متصادم **mutsādim** (मुत्सादिम)–टकराना, आमने-सामने होना. *(adj)*–colliding, clashing.

متصدی **mutsadī** (मुतसदी)–क्लर्क, बाबू, कर्मचारी, सचिव, मुँह मोड़ लेना, विरोध करना. *(nm)*–a clerk; an accountant, private secretary, *(adj)*– turning awa the face, opposing, daring.

متصرف **mutsarphi** (मुतसर्फि)–कब्ज़ा करने वाला, अपना अधिकार जमाने वाला. *(adj)*–possessing, extravagant, profuse.

متصل **mutsil** (मुतसिल)–समीप, नज़दीक; पास, लगातार, बिना रुकावट के, बिना रुके. *(adj)*–adjoining, touching, near, contiguous, continual, uninterrupted.

متصور **mutsavvar** (मुतसव्वर)–सोचना, विचार करना, कल्पना करना, ख्याल में लाना. *(adj)*–conceived, considered, imagined.

متضاد **mutzād** (मुतज़ाद)–उलटा, विरुद्ध, ख़िलाफ़. *(adj)*– opposite, contrary, antonym.

متعارض **mut'āriz** (मुत'ारिज़)–एक दूसरे के आमने-सामने आने वाले, एक दूसरे के विरोधी. *(adj)*–clashing, conflicting.

متعارف **mut'āraph** (मुत'ारफ)–प्रसिद्ध, विख्यात, आपस में जान-पहचान वाले, जानकार. *(adj)*–widely known, self-evident, already introduced.

متعاقب **mut'ākib** (मुत'ाकिब)–पीछे आने वाला,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पीछा करने वाला. *(adj)*– pursuing, following, successive, subsequent.

متعاقد **mut'ākid (मुत'ाकिद)**–समझौता करना, क़रार करना, एग्रीमेंट करना. *(adj)*–making a treaty of alliance, entering into an agreement.

متعاقدین **mut'ākidīn (मुत'ाकिदीन)**–समझौता करने वाली पार्टियाँ, करार करनेवाली पार्टियाँ. *(nm)*–parties entering into a treaty, allies.

متعال **mut'āl (मुत'ाल)**–महान लोग, बड़े लोग, ऊँचे लोग, रुतबे वाले लोग. *(adj)*–exalted, sublime, of high rank and status.

متعجب **mut'jib (मुत'जिब)**–चकित, हैरान, हक्का-बक्का, भौचक्का. *(adj)*–surprised, astonished, amazed, wondering, admiring.

متعدد **mut'dad (मुत'दद)**–गिने हुए, थोड़े, चुने हुए, गिनती के, कई, बहुत, अनेक. *(adj)*–many, various, numerous, numbered, a few.

متعدد بار **mut'dad bār (मुत'दद बार)**–कई बार, अनेक बार, *(adj)*–many a time, so many times.

متعدی **mut'dī (मुत'दी)**–हद से बढ़ जाने वाला, अपनी सीमा लांघ जाने वाला, शरारत, मक्कार. *(adj)*– transgressive, infectious, wicked, casual, active, transitive.

متعدی امراض **mut'dī amrāz (मुत'दी अमराज़)**–छूत-छात के रोग, ऐसे रोग जो रोगी को छूने से ही या उसके पास बैठने से फैलते हैं, महामारी. *(nm)*–infectious diseases, epidemics.

متعرض **mut'arz (मुत'ज़)**–विरोध करना, कष्ट देना, दुःखी करना, रास्ता रोक लेना. *(nm)*–resisting, standing in the way, opposing.

متعصب **mut'sab (मुत'सब)**–कट्टरपंथ, ज़िद, धार्मिक मामलों में अनुदारता, धार्मिक असहनशीलता. *(adj)*– prejudiced, bigot, conservativeness in religious matters.

متعصبی **mut'sabī (मुत'सबी)**–कट्टरपंथी, धार्मिक मामलों में अनुदारवादी, असहनशील, पुरातन पंथी. *(adj)*–conservative in religious matters, bigot, prejudiced.

متعفن **mut'phan (मुत'फन)**–सड़ा हुआ, जिसमें से सड़ांध उठ रही हो, बदबूदार. *(adj)*–putrid, corrupted, rotten, stinking, fetid, unpleasant.

متعلق **mut'lak (मुत'लक़)**–सम्बन्धित, जुड़ा हुआ, लटका हुआ, *(adj)*–hanging, suspended, depending on, belonging (to), concerning, relatice (to), relevant, appropriate, connected with, attached to.

متعلق فعل **mut'lak pheal (मुत'लक फेअल)**–क्रिया विशेषण. *(nm)*– adverb.

متعلق کرنا **mut'lak karnā (मुत'लक करना)**–जोड़ना, संलग्न करना, सम्बन्धित करना. *(v)*–to annex, to enclose, to attach, to impute, to ascribe, to entrust, to extend, to lay out.

متعلم **mut'lam (मुत'लम)**–विद्वान, ज्ञानी, विद्यार्थी, शिष्य. *(nm)*–a scholar, student, a pupil.

متعہ **mutaā (मुतआ)**–एक निश्चित समय के लिए किया गया विवाह, अनुबन्ध से किया गया पिववाह. *(nm)*–taking a wife for short time, a temporary marriage (allowed by the Shiās).

متعہد **mutahad (मुतअहद)**–जो किसी ज़िम्मदारी करे स्वीकार करे, कोई अनुबन्ध करने वाला. *(nm)*–one who enters an agreement, who takes some responsibility, *(adj)*–responsible.

متعین **mutaiyan (मुतैयन)**–किसी काम पर लगाया हुआ, नियुक्त. *(adj)*–fixed, appointed, determined, assigned, deputed.

متعین کرنا **mutaiyan karnā (मुतैयन करना)**–लगाना, नियुक्त करना, तैनात करना. *(v)*–to appoint, to depute, to determine, to fix.

متغزل **mutgazil (मुतगज़िल)**–गज़लगो, गज़ल गाने वाला, गज़ल गायक. *(nm)*–a lyricist, a reciter of *ghazal*.

متغیر **mutgaiyar (मुतगैयर)**–बदला हुआ, पलटा हुआ, परिवर्तित. *(adj)*–changed, altered, disturbed, perplexed.

متفاوت **mutphāvit (मुतफावित)**–मतभेद, विरोध, भिन्न सोच. *(adj)*–mutually differing, contrary, opposite.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

متفحص **mutphahis** (मुतफहिस)–ढूँढ़ने वाला, तलाश करने वाला, खोजने वाला. *(adj)*–seeker, investigator.

متفرق **mutfark** (मुतफ़र्क़)–अलग-अलग, भिन्न, तरह-तरह की, कई तरह की. *(adj)*–separated, miscellaneous articles, sundries, dispersed, scattered.

متفرق ہونا **mutfark honā** (मुतफ़र्क़ होना)–अलग होना, बिखर जाना, बिछुड़ जाना. *(v)*–to be dispersed, to be scattered, to be separated.

متفرقات **mutfarkāt** (मुतफ़र्क़ात)–बिखरी हुई चीज़ें, कई तरह की चीज़ें, तरह-तरह की चीज़ें. *(nf)*–various and scattered things, miscellaneous articles, sundries, different items stored at a place.

متفق **mutfik** (मुतफ़िक़)–सहमत, एक मत, स्वीकृति, आग्रह. *(adj)*–agreeing, consenting, agreeing in opinions.

متفق الرائے **mutfikuy-rāy** (मुतफ़िक़ुर-राय)–सहमत, एकमत, एक राय, किसी विचार पर एक मत होना. *(adj)*– unanimous, consenting, agreeing in opinions.

متفق ہونا **mutfik honā** (मुतफ़िक़ होना)–सहमत होना, एकमत होना, आपस में सहयोग करना. *(v)*–to agree together, to accord, to conspire, to conceive, to co-operate.

متفکر **mutfikra** (मुतफ़िक्र)–चिन्ता में डूबा हुआ, गम्भीर, विचारों में डूबा हुआ, उदासीन, गमगीन, निराश, चिंतित. *(adj)*–anxious, considering, serious, thoughtful, concerned, pensive, disturbed, perplexed.

متفنی **mutfannī** (मुतफ़न्नी)–दगाबाज़, चालबाज़, मक्कार, धूर्त, धोखेबाज़, फ्रॉड. *(adj)*–cunning, clever, wity, crafty, vicious, artful.

متقابل **mutkābil** (मुतक़ाबिल)–जो मुकाबले में हो, विरोधी, प्रतियोगी, प्रतिद्वंद्वी. *(nm)*– a contester, competitor, opponent, rival.

متقاضی **mutkāzī** (मुतकाज़ी)–तगादा करने वला, माँगने वाला, वुसूल करने वाला. *(adj)*–extracting payment, demanding, haggling.

متقدم **mutkaddam** (मुतक़द्दम)–पुराना, प्राचीन, पहले ज़माने का, पूर्वकालीन. *(nm)*–ancient, preceding, antique.

متقی **mutakkī** (मुतक्क़ी)–पाक, साफ, पवित्र, धार्मिक विचारों वाला, पुण्य-कार्य करने वाला, गुनाहों से बचने वाला. *(adj)*–abstemious, God-fearing, pious, sober, temperate.

متکبر **mutkabbir** (मुतकब्बिर)–घमंडी, मग़रूर, अभिमानी. *(adj)*– proud, arrogant, haughty.

متکفل **mutkaphil** (मुतकफिल)–किसी की ज़मानत देना, किसी की गारंटी लेना, किसी के समर्थन में खड़े होना. *(adj)*– becoming surety for, undertaking.

متکلف **mutkalif** (मुतकलिफ़)–किसी को मुसीबत में डाल देने वाला, किसी के लिए मुश्किलें खड़ी कर देने वाला, किसी की राह में रोड़े अटकाने वाला. *(adj)*–troubling, putting to trouble.

متلاشی **mutlāshī** (मुतलाशी)–तलाश करने वाला, खोज करने वाला, ढूँढ़ने वाला, जिज्ञासु. *(adj)*–seeking, searching, enquiring.

متلاطم **mutlātam** (मुतलातम)–समुद्र की लहरों का उछलना या आपस में टकराना, एक दूसरे से भिड़ जाना, उत्तेजित होना. *(adj)*–dashing together (waves), being agitated, buffeting one another.

متلانا **matlānā** (मतलाना)–जी मतलाना, दिल खराब होना, बेहोशी सी होना, जी कच्चा होना, उलटिया आने को होना. *(v)*–to feel nausea, to be sick at the stomach.

متلون **mutlūn** (मुतलून)–अस्थिर स्वभाव वाला, अवसरवादी, अवसर के अनुसार बदलने वाला. *(adj)*– changeable, variable, alterable, fickle.

متلون مزاج **mutlūn mizāj** (मुतलून मिज़ाज)–अस्थिर, प्रतिपल स्वभाव बदलने वाला. *(adj)*–of fickle disposition.

متلی **matlī** (मतली)–उलटी, कै. *(nf)*–nausea, vomiting.

متماثل **mutmāsil** (मुतमासिल)–एक जैसा, समान, एक रूप, मिलता-जुलता. *(adj)*–similar, identical.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

متمادی **mutmādī** (मुतमादी)–लम्बा, ऊँचा, बड़ा, दराज़. *(adj)*–large, big, high, lengthy.

متمدن **mutmadan** (मुतमदन)–सभ्य, सुसंस्कृत, अच्छे संस्कारों वाला, पढ़ा-लिखा. *(adj)*–civilised, cultured, enlighted.

متمرد **mutmarrid** (मुतमर्रिद)–नालायक, आज्ञा न मानने वाला, घमंडी, अभिमानी, मगरूर, सिर-फिरा. *(adj)*– proud, haughty, arrogant, stubborn, rebellious, dispbedient.

متمکن **mutmakkin** (मुतमक्किन)–जिसका कब्ज़ा हो, जिसका अधिकार हो, रहने वाला, निवासी, बलवान, शक्तिशाली, मज़बूत. *(adj)*–occupying, residing, dwelling, strong, prevalent.

متمنی **mutmannī** (मुतमन्नी)–तमन्ना करने वाला, आरज़ू रखने वाला, इच्छुक, ख्वाहिशमंद. *(adj)*–desiring, wishing, hoping.

متمول **mutmūl** (मुतमूल)–धनी, अमीर, पैसे वाले, मालदार, दौलतमंद. *(nm)*–wealthy, rich, affluent.

متنا **mutnā** (मुतना)–वह बच्चा जिसे बिस्तर में पेशाब करने की आदत हो. *(nm)*–child who wets bed.

متنازعہ **mutnāzaah** (मुतनाज़अः)–झगड़े की जड़, जिसके कारण झगड़ा हुआ हो, जिस कारण विवाद उठा हो. *(adj)*– disputed, controversial.

متناسب **mutnāsib** (मुतनासिब)–अनुपात से. *(adj)*–similar, proportionate to one another.

متناہی **mutnāhī** (मुतनाही)–अन्तिम सीमा तक पहुँचने वाला, अतिवदी, उग्रवादी. *(adj)*–terminated, determined, arrived at the utmost extreme, extremist.

متنبہ **mutnabah** (मुतनबः)–चौकस, सचेत, चौकन्ना, जागरूक, जिसे चेतावनी दी गई हो. *(adj)*–wakeful, vigilant, warned, caurious.

متنبہ کرنا **mutnabah karnā** (मुतनबः करना)–सावधान करना, सचेत करना, चेतावनी देना, चौकस करना. *(nm)*–to warn, to caution.

متنجن **mutanjan** (मुतंजन)–चावल, चीन और गोश्त को मिला कर तैयार किया गया एक भोज्य-पदार्थ. *(nm)*–a kind of disg prepared from rice, sugar and meat.

متنفر **mutnaphphar** (मुतनफ्फर)–नफरत करने वाला, नापसंद करने वाला, अपने आप से बे ज़र, उदासीन. *(adj)*– disgusted with, offensive, repugnant.

متنفس **mutnaphphis** (मुतनफ्फिस)–सांस लेने वाला, जानदार प्राणी, जीव, मनुष्य, पशु-पक्षी. *(nm)*–an individual, a living being, a person breathing, an animal.

متنگ **matang** (मतंग)–हाथी, एक विशालकाय पशु. *(nm)*–a wild animal–the elephant.

متنی **mutnī** (मुतनी)–पेशाब करने का अँग, लिंग, शिश्न. *(nf)*–the source of making water, male sex organ.

متواتر **mutvādir** (मुतवातिर)–लगातार, एक के बाद एक, बार-बार. *(adv)*–successively, repeatedly, continually.

متواری **mutvārī** (मुतवारी)–लगातार, बार-बार. *(adj)*– repeated, successive.

متوازی **mutvāzī** (मुतवाज़ी)–समानान्तर. *(adj)*–parallel.

متواضع **mutvāzi** (मुतवाज़ि)–मनोरंजन करने वाला, आवभगत करने वाला, आदर-सत्कार करने वाला, देखभाल करने वाला. *(adj)*–entertaining, complimenting, humbling, modest.

متوالا **matvālā** (मतवाला)–नशे में धुत, नशाबाज़, शराबी, मस्त, सरशार. *(adj)*– intoxicated, drunk, inebriated.

متوالا ہونا **matvālā honā** (मतवाला होना)–नशा करना, शराब पीना, मस्त होना, अति प्रसन्न होना, सरशार होना. *(v)*–to be intoxicated, to be drunk.

متوالی **mutvālī** (मुतवाली)–लगातार, बिना रुके, बार-बार, कई बार. *(adj)*– continuous, successive, recurring, consecutive.

متوجہ **mutvajah** (मुतवजह)–ध्यान, विचार, सावधानी, आकर्षण. *(adj)*–attentive, intent, favourable, turning towards, having regard towards, proceeding towards.

متوجہ کرنا **mutvajah karnā** (मुतवजह करना)–ध्यान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आकर्षित करना, अपनी ओर ध्यान खींचना, बुलाना, मुखातिब करना. *(v)*–to draw attention.

متورم **mutvarm (मुतवर्म)**–सूजा हुआ. *(adj)*–swollen, inflated.

متوسط **mutvassit (मुतवस्सित)**–औसत दर्जे का, बीच का, दरमियानी, साधारण. *(adj)*–middle, medium, medium sized, middling, medium, average, moderate, intermediate.

متوسط الحال **mutvassit-ul-hāl (मुतवस्सित-उल-हाल)**–दरमियानी दर्जे के लोग, साधारण लोग. *(adj)*–member of middle class, an ordinary person.

متوطن **mutavatan (मुतवतन)**–निवासी, रहने वाला, बसने वाला. *(adj)*– inhabiting, residing, *(nm)*– inhabitant, native.

متوفی **mutvaphphī (मुतवफ्फी)**–मृत, मरा हुआ, स्वर्गीय. *(adj)*– deceased, dead, expired.

متوکل **mutvakkil (मुतवक्किल)**–भाग्यवादी, जिसने सब कुछ भगवान् भरोसे छोड़ दिया हो, जिसने सब कुछ भाग्य पर छोड़ दिया हो, ईश्वर और भाग्य के आगे सिर झुका देने वाला. *(adj)*–resigned to the will of God, resigned to fate.

متولد **mutvallid (मुतवल्लिद)**–पैदा हुआ, उत्पन्न हुआ. *(nm)*– born, generated.

متولی **mutvallī (मुतवल्ली)**–किसी ट्रस्ट का सदस्य, अधीक्षक, उच्चाधिकारी, मस्जिद का खज़ानची. *(nm)*–a trustee, a kinsman, a superintendent, a treasure of a mosque.

متوہم **mutvahim (मुतवहिम)**–संदिग्ध, भ्रामक, संदेह पैदा करने वाला. *(nm)*– doubtful, distracting, apprehensive.

متھا **mattha (मत्था)**–माथा, पेशानी. *(nm)*–forehead.

متھنا **mathnā (मथना)**–दही को मथना, दही को बलोकर मक्खन निकालना, किसी काम के बारे में गहराई से सोचना. *(v)*–to churn, to knead, to work, to ponder over, to mediate.

متی **mitī (मिती)**–तिथि, तारीख. *(nf)*–day, date.

متین **matīn (मतीन)**– मज़बूत, शक्तिशाली, सुदृढ़. *(nm)*–solid, strong, serious, grave.

مٹاپا **muṭāpā (मुटापा)**–मोटापन, थुलथुल, मोटे आकार का शरीर. *(nm)*– fatness, corpulence, plumpness, bulkiness, bigness.

مٹاپا چڑھنا **muṭāpā carnā (मुटापा चढ़ना)**–चर्बी चढ़ना, मोटा हो जाना, मांसल हो जाना, घमंड हो जाना. *(v)*–to grow fat, to be proud.

مٹانا **miṭānā (मिटाना)**–नष्ट करना, तबाह करना, मिटा देना, समाप्त कर देना. *(v)*–to destroy, to blot out, to erase, to rubb off, to efface, to abolish, to bring to an end.

مٹاؤ **muṭāv (मुटाव)**–मुटापा, मोटापन, मांसलता. *(nf)*– fatness, thickness, coarseness, grossness.

مٹر **maṭar (मटर)**–एक सब्ज़ी, हरे रंग के छोटे-छोटे दाने. *(nf)*–pea, peas.

مٹرگشت **maṭargasht (मटरगश्त)**–तफरीह करना, लापरवाही से घूमना, धीमे-धीमे सैर करना. *(nf)*–an idle and leisurly walk, ramble, stroll.

مٹک **maṭak (मटक)**–नाज़-नखरा, अदा, जलवा, नखरे की चाल, नाज़ की चाल, घमंड भरी चाल. *(nf)*–mincing gait, coquetry, flirtation, ogling.

مٹکا **maṭkā (मटका)**–मिट्टी का बड़ा घड़ा, मिट्टी का पानी रखने का बरतन. *(nm)*–a large earthen pot.

مٹکانا **maṭkānā (मटकाना)**–घुमाना, फिराना, आँखें मटकाना, हाथ मटकाना. *(v)*–to wink, to cast amatory glances, to make a show, to ogle, to twinkle.

مٹکی **maṭakī (मटकी)**–पानी भरने के लिए मिट्टी का छोटा घड़ा. *(nf)*–a small earthen pot.

مٹنا **miṭnā (मिटना)**–नष्ट हो जाना, समाप्त हो जाना, मिटा दिया जाना, किसी नतीजे पर पहुँच जाना. *(v)*–to be effaced, to be erased, to become extinct, to be abollished, to be cancelled, to expire, to come to an end, to cease to exist, to die.

مٹھ **maṭh (मठ)**–आश्रम, साधु-संन्यासियों के रहने का स्थान, देवालय, एक प्रकार का मन्दिर, बच्चों के पढ़ने का स्कूल. *(nm)*–a hut, a temple, an *āsharam*, an abode of a devotee or an ascetic, a Hindu college or convent.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مُٹھ **muṭh** (मुठ)–मुक्का, घूंसा, मुट्ठी. *(nm)*–fist, a blow, clutch, grasp.

مٹھ بھیڑ **muṭhbheṛ** (मुठभेड़)–मुकाबला, भिड़न्त, आमने सामने की लड़ाई. *(nf)*–encounter, conflict, clash, clash, scuffle.

مٹھ بھیڑ ہونا **muṭhbheṛ honā** (मुठभेड़ होना)–आमन-सामने की लड़ाई लड़ना, मुकाबला करना, भिड़ जाना. *(v)*–to face one another, to encounter, to confront.

مٹھا **maṭṭhā** (मट्ठा)–मक्खन निकलने के बाद बचने वाला दही, लस्सी, छाछ, धीमा, सुस्त. *(nm)*–butter milk, *(adj)*–slow, heavy, abstinate, sluggish, dull.

مُٹھا **muṭṭhā** (मुट्ठा)–मुट्ठी भर, इतना सामान जो एक हाथ की मुट्ठी में आ जाए, छोटा बंडल. *(nm)*–a handful, a large bundle.

مٹھاس **miṭhās** (मिठास)–मीठापन, मीठी बोली. *(nf)*– sweetness, pleasantness.

مٹھائی **miṭhāī** (मिठाई)–खाने का स्वादिष्ट व्यंजन, मीठे व्यंजन. *(nf)*–sweetmeat, confectionary, sugar.

مٹھو **miṭṭhū** (मिट्ठू)–प्यार से बच्चों को और तोते को मिट्ठू के नाम से बुलाते हैं. *(nm)*–a term of endearment for parrots and children, a parrot.

مٹھی **miṭṭhī** (मिट्ठी)–एक चुम्बन. *(nf)*–a kiss.

مٹھی لینا **miṭṭhī lenā** (मिट्ठी लेना)–चुम्बन लेना. *(v)*–to kiss.

مٹھی **muṭṭhī** (मुट्ठी)–पांचों अंगुलियों को जोड़कर बनाया गया मुक्का, घूंसा. *(nf)*–fist, clutch, grip, handful.

مٹھی بھر **muṭṭhī bhar** (मुट्ठी भर)–इतनी वस्तु जो एक मुट्ठी में आ जाए. *(adj)*–a handful.

مٹھی گرم کرنا **muṭṭhī garam karnā** (मुट्ठी गरम करना)–रिश्वत देना, हथेली चिकनी करना, कोई अनुचित मांग पूरी करना. *(v)*–to give a bribe, to grease the palm of.

مٹھی میں ہونا **muṭṭhī main honā** (मुट्ठी में होना)–किसी का आदेश मानना, किसी के प्रभाव में होना, किसी कर आज्ञाकारी होना. *(v)*–to be under one's power or influence.

مٹی **miṭṭī** (मिट्टी)–धूल, धरती, भूमि, मृत शरीर, कूड़ा करकट. *(nf)*–soil, earth, clay, earth refuse, dirt, filth, sweepings, a corpse, dead body.

مٹی اُٹھنا **miṭṭī uṭhnā** (मिट्टी उठना)–मृत्यु होना, अर्थी को कन्धों पर उठाना. *(nm)*–to die.

مٹی اُڑانا **miṭṭī uṛānā** (मिट्टी उड़ाना)–गर्द उड़ाना, किसी को बदनाम करना, अवारागर्दी करना. *(v)*–to raise dust, to wander, to defame.

مٹی برباد کرنا **miṭṭī barbād karnā** (मिट्टी बरबाद करना)–मृत्यु के बाद किसी की बुराई करना, किसी को बदनाम करना, इज़्ज़त पर बट्टा लगाना. *(v)*–to defame the dead, to dishonour.

مٹی پلید ہونا **miṭṭī palīd honā** (मिट्टी पलीद होना)–अपमान होना, बुरी तरह से पिटाई होना. *(v)*–to be insulted, to be dishonoured, to be beaten severely.

مٹی ٹھکانے لگانا **miṭṭī ṭhikāne lagānā** (मिट्टी ठिकाने लगाना)– शव का अन्तिम संस्कार करना या दफनाना, चिता को अग्नि देना, लाश को कब्र में दफनाना. *(v)*–taking the dead body to its last resting place, to bury the dead body, to perform the funeral obsequies.

مٹی خراب کرنا **miṭṭī kharāb karnā** (मिट्टी खराब करना)–किसी का अपमान करना, निरादर करना, किसी को बेवकूफ बनाना, विनाश करना, नष्ट करना. *(v)*–to disgrace, to dishonour, to insult, to make a fool of, to spoil, to destroy, to ruin.

مٹی دینا **miṭṭī denā** (मिट्टी देना)–लाश को दफनाना, लाश पर मिट्टी डालना. *(v)*–to inter, to bury.

مٹی ڈالنا **miṭṭī ḍālnā** (मिट्टी डालना)–किसी दोष या अपराध को छिपाना, किसी बात को रफा-दफा करना. *(v)*–to conceal a crime or fault, to hush up a matter.

مٹی سے مٹی مل جانا **miṭṭī se miṭṭī mil jānā** (मिट्टी से मिट्टी मिल जाना)–लाश को कब्र में दफनाना. *(v)*–to be laid in the grave, to be buried.

مٹی کا پتلا **miṭṭī kā putlā** (मिट्टी का पुतला)–मानव शरीर, इंसान का जिस्म जो कि मिट्टी का बना होता है. *(nm)*–the human frame, the human

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

body.

مٹی کا تیل mittī kā tel (मिट्टी का तेल)–कैरोसीन तेल, घासलेट. *(nm)*–kerosine oil, petroleum product, fuel for burning lamp etc.

مٹی کا مادھو mittī kā mādho (मिट्टी का माधो)–बेवकूफ, मूढ़, मूर्ख, बुद्धिहीन, विवेकहीन. *(nm)*–a fool, a stupid, a simpleton, a good for nothing fellow, dummy.

مٹی کرنا mittī karnā (मिट्टी करना)–किसी चीज़ को गंदा करना, खराब करना, नष्ट करना, बरबाद करना. *(v)*–to make dirty, to spoil, to ruin, to destroy.

مٹی کی مورت mittī kī mūrat (मिट्टी की मूरत)–मिट्टी का बुत, मिट्टी का माधो, बेवकूफ व्यक्ति, अज्ञानी, मूढ़. *(nf)*–a figure of clay, the mortal frame, a stupid fellow, an ignorant.

مٹی کے مول mittī ke mol (मिट्टी के मोल)–सस्ते भाव में, कोड़ियों के भाव. *(adj)*–very cheap.

مٹی میں لوٹنا mittī main lotnā (मिट्टी में लोटना)–पशुओं का मनोरंजन, पशुओं द्वारा अपने शरीर को विश्राम देना, बेकार का कोई काम करना. *(nm)*–to roll in the mud, to relax (animals), to do a worthless job.

مٹی میں ملانا mittī main milānā (मिट्टी में मिलाना)–ध्वस्त करना, नाश करना, मकान इत्यादि को ढा देना, तबाह करना, बरबाद करना. *(v)*–to raze to the ground, to mar, to spoil, to ruin, to destroy.

مٹی میں ملنا mittī main milnā (मिट्टी में मिलना)–नष्ट हो जाना, तबाह हो जाना, बरबाद हो जाना, समाप्त हो जाना. *(n)*–to be marred, to be spoiled, to be destroyed, to be disgraced, to die.

مٹیا matyā (मटया)–मिट्टी का छोटा बरतन, मटकी. *(nf)*–a small earthen pot/pitcher.

مٹیا matiyā (मटिया)–मिट्टी का या मिट्टी से सम्बन्धित. *(adj)*–of or belonging to earth or clay.

مٹیا پھونس matiyā phūns (मटिया फूँस)– कच्चा, कमज़ोर, पुराना. *(adj)*–infirm, weak, old.

مٹیا ٹھس matiyā ṭhas (मटिया ठस)–सुस्त, किम्मा, ढीला, आलसी. *(adj)*--idle, lazy, dull.

مٹیار matyār (मटयार)–युवती, जवान और अल्हड़ लड़की. *(nf)*–a young woman.

مٹیالا matyālā (मटयाला)–मिट्टी मिला हुआए गदला, मिट्टी के रंग का. *(adj)*–dusty, clayey, earth coloured.

مثال misāl (मिसाल)–उदाहरण, एक समान, एक जैसी दो वस्तुएँ, उल्लेखनीय. *(nf)*–likeness, similarity, parable, instance, example, specimen, model.

مثال دینا misāl denā (मिसाल देना)–किसी का उदाहरण देना, किसी से मुकाबला करना, किसी से तुलना करना. *(v)*–to give an example, to cite an identical incident, to relate a parable.

مثالی misālī (मिसाली)–जिसका उदाहरण दिया जा सके, जो उदाहरण देने के योग्य हो. *(adj)*–model, ideal.

مثانہ masānā (मसाना)–शरीर में गुबारे जैसा वह अंग जिसमें पेशाब इकट्ठा होता है. *(nm)*–bladder.

مثبت musbat (मुसबत)–जो प्रमाणित हो गया हो, जो सिद्ध हो गया हो, जो अपने आप में एक सचाई हो. *(adj)*–positive, affirmative, proved, endorsed, written.

مثقال miskāl (मिस्काल)–साढ़े चार माशा के बराबर एक तोल. *(nm)*–a weight equivalent to four and a jalf *'mashas'*.


مدھم **maddham** (मद्धम)–मध्यम, बीच का, दरमियाना, धीमा, सुस्त, न बहुत महँगा और न बहुत सस्ता. *(adj)*– middling, temperate, middle, medium, slow, dull, low, moderate.

مدھم بیچنا **maddham becnā** (मद्धम बेचना)–सस्ता बेचना, कम मूल्य पर बेचना, उचित मूल्य पर बेचना, किसी चीज़ के उचित दाम लेना. *(v)*–to sell at a low price, to sell ata moderate price.

مدھم روشنی **maddham roshnī** (मद्धम रोशनी)–धीमी रोशनी, कम रोशनी. *(nf)*–dim light.

مدھم کرنا **maddham karnā** (मद्धम करना)–धीमा करना, किसी चीज़ की रफ्तार कम करना, आँच को धीमा करना. *(v)*–to mitigate, to modify, to moderate, to reduce, to abate.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مدھم ہونا **maddham honā (मद्धम होना)**–धीमा होना, सुस्त होना, रफ्तार कम होना. *(v)*–to be slow, to be reduced, to be idle.

مدھو **madhu (मधु)**–शहद, एक मीठा पदार्थ, मिठास. *(nm)*– honey.

مدھو ماکھی **madhu-mākhī (मधु-माखी)**–मधु मक्खी, शहद की मक्खी. *(nf)*–bee.

مدھوکر **madhukar (मधुकर)**–काले रंग का एक उड़ने वाला कीट, भंवरा. *(nm)*– a black-bee.

مدھوش **madhosh (मदहोश)**–नशे में चूर, बेहोश, जिसे अपनी होश न हो, चकित, शराब के नशे में धुत. *(adj)*–astonished, confounded, intoxicated, drunk, senseless, unconscious.

مدھوشی **madhoshī (मदहोशी)**–नशे में धुत्त, जिसे अपना भी होश न हो, बेहोशी की हालत. *(nf)*–intoxication, senselessness, astonishment.

مدید **madīd (मदीद)**–लम्बा, ऊँचा, कद्दावर. *(adj)*–long, extensive, lengthened out, tall.

مدیر **mudīr (मुदीर)**–सम्पादक, एडीटर, प्रबन्धक, निदेशक. *(nm)*–editor, director, manager, administrator.

مدینہ **madīnā (मदीना)**–एक शहर, अरब देश में मदीना नामक एक शहर जो मुसलमानों के लिए एक तीर्थस्थल है. *(nm)*–a city, the city of *Madinah* in Arabia.

مذاق **mazāk (मज़ाक़)**–व्यंग्य, कटाक्ष, हँसी की कोई बात, चुटकला. *(nm)*–relish, perception, joke, wit, humorous, pleasantry.

مذاقاً **mazākan (मज़ाकन)**–मज़ाक़ में, व्यंगात्मक, हँसी के अंदाज़ में, मज़ाकिया तौर पर. *(adv)*–humorously, wittily, in jest.

مذاقیہ **mazākiyā (मज़ाकिया)**–मज़ाक में कही गई बात, व्यंग्य-विनोद भरी बात. *(adj)*–humorous, witty.

مذاکرہ **mazākrah (मज़ाक्रः)**–ज़िक्र करने योग्य, उल्लेख करने योग्य, याद रखने योग्य बातें, आपसी बातचीत, वार्ता, तर्क-वितर्क, संवाद. *(nm)*–things worthy to be remembered, things worthy to be mentioned, conference, conversation, discussion, negotiation.

مذاہب **mazāhib (मज़ाहिब)**–'मज़हब' का बहुवचन, धर्म. *(nm)*–religions, creeds, faiths, believes, sects.

مذبح **mazbah (मज़बह)**–कुर्बानी देने की जगह, वह स्थान जहाँ भेड़-बकरियों या दूसरे जानवरों का वध किया जाता है. *(nm)*–a place of sacrifice, an altar, a slaughter house, shambles, a place for killing cattle or sheep.

مذبوح **mazbūh (मज़बूह)**–जिसकी कुर्बानी दी गई हो, जिसका वध किया गया हो. *(adj)*–sacrificed, killed, slaughtered, immolated.

مذکر **muzakkar (मुज़क्कर)**–पुंलिंग. *(adj)*–masculine (in gender), male.

مذکور **mazkūr (मज़कूर)**–जिसका उल्लेख किया गया हो, जिसका वर्णन किया गया हो. *(adj)*–mentioned, recorded, related.

مذمت **mazammat (मज़म्मत)**–किसी को ताड़ना, बुरा-भला कहना, सचेत करना, सावधान करना, चेतावनी देना. *(nf)*–blame, satire, abuse, scorn, contempt, censure, a blamable quality or action, evil-speaking.

مذنب **muznib (मुज़निब)**–पापी, अपराधी, दोषी. *(nm)*–a sinner, criminal.

مذہب **mazhab (मज़हब)**–धर्म, रास्ता, विश्वास, जीवन जीने का ढंग. *(nm)*–religion, sect., mode, way, path, faith, doctrine, way of living, line of action, mode of life.

مذہبی **mazabī (मज़बी)**–धार्मिक या धर्म से सम्बन्धित, *(adj)*–religious, godly, concerning religion.

مذہبی سکھ **uzabī sikh (उज़बी सिख)**–सिखों में एक छोटी जाति के लोग जो सफाई इत्यादि का काम करते हैं और खेती बाड़ी में ज़मींदारों की सहायता करते हैं. *(nm)*–a sweeper converted to Sikhism.

مرات **mirāt (मिरात)**–शक्ल देखने का शीशा, आइना, आरसी. *(nm)*–a mirror.

مراتب **mirātib (मिरातिब)**–'रुतबः' का बहुवचन, पद, स्थान, पदवी, मर्तबः. *(nm)*–degrees, dignities, ranks, places, stages.

مراجعت **murāj'at (मुराज'अत)**–वापसी, मुड़ना,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लौटना, लौट कर आना, किसी काम को बार-बार करना. *(nf)*–return, recourse, coming back, reprating, doing over and over again.

مراحل **marāhil (मराहिल)**–पड़ाव, यात्राएँ. *(nm)*–stages, journeys.

مراد **murād (मुराद)**–इच्छा, ख्वाहिश, चाहत, उद्देश्य, मकसद. *(nf)*–desire, will, intention, purport, inclination, vow, object, meaning.

مراد پانا **murād pānā (मुराद पाना)**–इच्छा पूरी होना, मन की मुराद मिल जाना, अपने उद्देश्य को प्राप्त करना. *(v)*–to gain one's wish, to attain one's object.

مراد مانگنا **murād māngnā (मुराद मांगना)**–कोई चीज़ मांगने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करना. *(v)*–to pray for a boon, to ask for a favour.

مراد ماننا **murād mānanā (मुराद मानना)**–संकल्प करना. *(nm)*–to make a vow.

مرادمند **murādmand (मुरादमंद)**–इच्छुक, चाहने वाला, ज़रूरतमंद. *(adj)*–desirous, needy.

مراری **murārī (मुरारी)**–भगवान् श्री कृष्ण का एक नाम, बुराइयों का अन्त करनेवाला. *(nm)*–epithet of Lord Krishna, an enemy of devil.

مراسلہ **murāsalah (मुरासलह)**–पत्र, चिट्ठी, पत्र-व्यवहार. *(nm)*– letter, correspondence.

مراسم **marāsim (मरासिम)**–'रस्म' का बहुवचन, रस्में, रिवाज, क़ायदे, कानून, ढंग, तरीके, बर्ताव, निशानियां. *(nm)*–laws, usages, marks, signs, rules, customs, duties, agreements.

مرافعہ **murāphā'h (मुराफा'ह)**–अपील, निगरानी, अदालत के फैसले से असंतुष्ट होने पर ऊपर की अदालत में अपील करना. *(v)*–appeal in a law suit, an action, statement of a case, litigation, dispute, citing before the judge.

مرافعہ آخر **murāphā'h-e ākhir (मुराफा'ह-ए-आखिर)**–अन्तिम अपील. *(nm)*–final appeal.

مرافعہ کرنا **murāphā'h karnā (मुराफा'ह करना)**–अपील करना, निवेदन करना. *(v)*–to appeal, to litigate.

مراق **mirāk (मिराक़)**–एक प्रकार का पागलपन, सौदा, दीवानापन. *(nm)*–hysteria, mystermania, melancholia.

مراقبہ **murākbah (मुराकबह)**–समाधि की अवस्था में जाना, अपने ईश्वर में ध्यान लगाना, दीन-दुनिया को भूल जाना. *(nm)*– observation, contemplation, meditation.

مراقبے میں جانا **murākabe main jānā (मुराकबे में जाना)**–पूजा करना, समाधि की अवस्था में चले जाना, अपने ईश्वर में लीन हो जाना. *(v)*–to be lost in contemplation, to fall into meditation, to be absorbed in meditation.

مراقی **mirākī (मिराकी)**–पागल, दीवाना, शैदाई. *(adj)*– crazy, melancholic.

مربا **murabbā (मुरब्बा)**–फलों या सब्ज़ियों को चीनी की चाश्नी में पकाकर सुरक्षित रखा जाता है, फलों का मुरब्बा बहुत शक्तिवर्धक होता है. *(nm)*–a preserve, confection, preserved fruit, jam.

مربع **murabbā (मुरब्बा)**–चार की संख्या, चकोर, चार समकोणों वाला, चार समान्तर भुजाओं वाला. *(adj)*–four in number, square, quadrangular, four sided.

مربوط **marbūt (मरबूत)**–बंधा हुआ, लगा हुआ, जुड़ा हुआ. *(adj)*–bound, fastened, arranged, attached, , put together.

مربی **murabbī (मुरब्बी)**–सहायक, संरक्षक, देखभाल करनेवाला, रक्षा करनेवाला. *(nm)*–a guardian, a patron, protector, supporter, fosterer.

مربی بننا **murabbī bannā (मुरब्बी बनना)**–किसी का संरक्षक बनना, किसी की देखभाल करना, किसी का सहायक बनना. *(v)*–to become a patron, to become an assistant.

مرتاض **murtāz (मुरताज़)**–अनुशासित, अनुभवी, शिक्षित. *(adj)*– disciplined, asectic, trained, instructed.

مرتا کیا نہ کرتا **martā kyā na kartā (मरता क्या न करता)**–जो आदमी मुसीबत में होता है तो वह अपने बचाव के लिए चारों ओर हाथ-पांव मारता है. *(prov)*–a drowning man catches at a straw.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مرتب **murttib (मुरत्तिब)**–क्रम में लगाना, क्रम में रखना, सम्पादक, सिलसिलेवार करनेवाला. *(adj)*–putting in order. *(nm)*–an editor, a compiler.

مرتب کرنا **murtib karnā (मुरतिब करना)**– क्रम से लगाना, सिलसिलेवार लगाना. *(v)*–to put in order, to compile, to arrange, to draw up.

مرتبان **maratbān (मरतबान)**–मिट्टी का ऐसा बरतन जिसमें अचार आदि वस्तुएँ रखी जाती हैं. *(nm)*–a jar for keeping preserves in, a glazed earthen jar, a vessel of the finest china clay.

مرتبہ **maratabah (मरतबः)**–औहदा, पद, प्रतिष्ठा. *(nm & nf)*–degree, dignity, office, charge, rank of honour, class, order.

مرتبہ **maratabah (मरतबः)**–बार, बारी, क्रम. *(nm)*–time, turn.

مرتسم **murtasm (मुरतस्म)**–निशान किया गया, मुहर लगाया गया. *(adj)*–marked, sealed, graphed, drawn.

مرتشی **murtashī (मुरतशी)**–भ्रष्ट, बेईमान, रिश्वत लेने वाला. *(adj)*–corrupt, one who takes bribe.

مرتضی **murtazā (मुर्तज़ा)**–पसंद किया जाने वाला, लोकप्रिय, विख्यात, चुना गया. *(adj)*–chosen, selected, agreeable, popular.

مرتعش **murat'ash (मुरत'अश)**–कांपता हुआ, डगमगाता हुआ, लड़खड़ाता हुआ, हिलता हुआ. *(adj)*–shivering, quaking, shaking, tumbling, palsied.

مرتفع **muratph'ā (मुरतफ'आ)**–ऊँचा, बुलंद, ऊँचे दर्जे का, श्रेष्ठ. *(adj)*–elevated, exalted, high, sublime, eminent.

مرتکب **muratakib (मुरतकिब)**–करने वाला, किसी बात के लिए दोषी. *(adj)*–venturing, upon, attempting, guilty of, committing.

مرتکب جرم **muratkibe jurm (मुरतकिबे जुर्म)**–दोषी, अपराधी, जिस ने अपराध किया हो. *(adj)*–guilty of crime.

مرثیہ **marsiyā (मर्सिया)**–शोक-गीत, किसी की मृत्यु हो जाने पर उसके महत्त्वपूर्ण कार्यों का बखान. *(nm)*–an elegy, a dirge, lamentation for dead, commemorating Imam Husain's martyrdom.

مرثیہ خواں **marsiyā khvān (मर्सिया ख्वां)**–शोक-गीत गाने वाला, मर्सिया पढ़ने वाला. *(nm)*–chanter of dirge, lamenter.

مرثیہ نگاری **marsiyā nigārī (मर्सिया निगारी)**–मर्सिया लिखना. *(nf)*– writing of elegiac verse.

مرجان **marjān (मरजान)**–मूँगा, छोटा मोती. *(nm)*–coral.

مر جانا **mar jānā (मर जाना)**–मृत्यु हो जाना, कष्ट उठाना, पीड़ा सहना, रंग उड़ जाना, किसी खेल से बाहर हो जाना, प्यार में अपने आप को भूल जाना. *(v)*–to die, to suffer hardship, to be out of a game, to fade, to love.

مرجھانا **murjhānā (मुरझाना)**–फूल-पत्तों का पुराना पड़ जाना, किसी के चेहरे का रंग फीका पड़ जाना, किसी चीज़ का रंग उड़ जाना. *(v)*–to wither, to fade, to pine, to drop, to be dejected, to be dispirited.

مرچ **mirc (मिर्च)**–दाल-सब्ज़ी में पड़ने वाली एक वस्तु जिसका स्वाद बहुत तीखा और तीता होता है, यह हरी, लाल और काली मिर्च के नाम से जानी जाती है. *(nf)*–pepper. *(adj)*–hot, pungent, sharp.

مرحبا **marhabā (मरहबा)**–शाबाश, भगवान् तुम्हारा भला करे, स्वागत है. *(inter)*–hail, welcome, bravo! God bless you.

مرحلہ **marhalā (मरहला)**–स्थान, पड़ाव, लक्ष्य, यात्रा, विश्राम-स्थल. *(nm)*–a stage, an inn, a day's journey, a halting place, difficulty.

مرحلے طے کرنا **marhale tay karnā (मरहले तय करना)**–लम्बी यात्रा पूरी करना, मुश्किलों पा विजय प्राप्त करना. *(v)*–to traverse a long distance, to remove a difficulty.

مرحمت **marhamat (मरहमत)**–कृपा, दया, मेहरबानी, अनुकम्पा. *(nf)*–pity, compassion, mercy, favour, clemency, pardon, a present.

مرحمت کرنا **marhamat karnā (मरहमत करना)**–कृपा करना, दया करना, मेहरबानी करना. *(v)*–to grant, to confer, to bestow, to favour.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مرحوم **marhūm (मरहूम)**–मृत, स्वर्गीय, जो गुज़र गया, जिसकी मौत हो गई. *(adj)*–dead, deceased, the late.

مرد **mard (मर्द)**–आदमी, नर, पुरुष, बहादुर, पति. *(nm)*–a male, a man, a hero, a fellow, husband.

مرد آدمی **mard ādmī (मर्द आदमी)**–एक सज्जन पुरुष, एक लम्बा-चौड़ा सशक्त व मज़बूत आदमी, बांका, सजीला, बहादुर, लड़ाकू. *(nm)*– a gentleman, a tall strong man, a brave or valient man.

مرد باز **mard bāz (मर्द बाज़)**–एक चरित्रहीन औरत जो कई मर्दों के साथ शारीरिक सम्बन्ध रखती है. *(adj)*– lascivious (woman), lustful woman, adultress.

مرد بچہ **mard baccā (मर्द बच्चा)**–बहादुर आदमी का बेटा, बहादुर बच्चा. *(nm)*–the son of a brave man, a brave child.

مرد بننا **mard bannā (मर्द बनना)**–हिम्मत या हौसला दिखाना, बहादुरी का कोई काम करना. *(v)*–to show courage, to be hero.

مرد خدا **mard-e khudā (मर्द-ए ख़ुदा)**–एक धार्मिक व्यक्ति, पवित्र आदमी, पूजा-पाठ करनेवाला. *(nm)*–a pious man, a holy person.

مرد کی ذات **mard kī zāt (मर्द की ज़ात)**–नर आदमी, बहादुर आदमी, मर्द, पुरुष. –man, male.

مرد میدان **mard-e maidān (मर्द-ए मैदान)**–मैदान (युद्धक्षेत्र) में मर्दानगी दिखानेवाला, बहादुर आदमी. *(nm)*–a brave man, a man of action.

مردانگی **mardānagī (मर्दानगी)**–बहादुरी, पौरुष, मर्दों वाला काम. *(nf)*–manliness, bravery, heroism.

مردانگی کے کام **mardānagī ke kām (मर्दानगी के काम)**–बहादुरी के काम, हिम्मत वाले काम. *(nm)*–brave deeds, heroic deeds.

مردانی **mardānī (मर्दानी)**–वह स्त्री जो पुरुषों जैसी बहादुर हो, वह स्त्री जो पुरुषों जैसे बहादुरी के काम करे, वह स्त्री जिसका रहन-सहन और पहनावा पुरुषों जैसा हो. *(nf)*–tomboy, brave woman.

مردک **mardak (मर्दक)**–नीच, कमीना, ओछा, शोहदा. *(nm)*–mean fellow, low.

مردار **murdār (मुरदार)**–लाश, मृत, अशुद्ध, मिलावटी, बदसूरत. *(nm)*–a corpse, carrion. *(adj)*–impure, wretch, polluted, ugly.

مردارخور **murdārkhor (मुर्दारख़ोर)**–मुर्दे का माँस खानेवाला, गिद्ध. *(nm)*–a vulture, a carrion-eater, a carrion-crow.

مردہ **murdā (मुर्दा)**–मृत, मरा हुआ, लाश, कमज़ोर. *(adj)*–dead, weak, decrepit. *(nm)*–a corpse, dead body.

مردہ اٹھانا **murdā uṭhānā (मुर्दा उठाना)**–लाश का अन्तिम संस्कार करना, लाश को दफनाना. *(v)*–to perform the funeral rites or obsequies of a dead person.

مردہ خراب ہونا **murdā kharāb honā (मुर्दा ख़राब होना)**–मरने के बाद लाश का अन्तिम संस्कार (जलाना या दफनाना) ठीक ढंग से न होना. *(v)*–not to get proper burial or last funeral rites.

مردہ دل **murdā dil (मुर्दा दिल)**–जिसका दिल मरा हुआ हो, निराश, उदास, आशा रहित. *(adj)*–down hearted, hopeless, lifeless, dispirited, sad, dejected.

مردہ شو **murdā shū (मुर्दा शू)**–मुर्दे को नहलाने वाला. *(nm)*–a washer of the dead.

مرز بوم **marzbūm (मर्ज़बूम)**–पुश्तैनी ज़मीन, बाप-दादा की ज़मीन. *(nm)*–native land.

مرزا **mirzā (मिर्ज़ा)**–किसी धनी आदमी का बेटा, राजकुमार, शहज़ादा. *(nm)*–a prince, a grandee, son of a nobleman.

مرزائی **mirzāī (मिर्ज़ाई)**–अमीरी, रईसी, नवाबी, मुसलमानों में अहमदिया फिर्के के अनुयायी. *(nf)*–princedom, gentleness, arrogance, pride, a follower of the *Ahmadiya* sect.

مرزئی **mirzaī (मिर्ज़ई)**–एक प्रकार का छोटा कोट जिसके बाज़ू लम्बे होते हैं, एक प्रकार का छोटा कोट जिसमें रुई भरी होती है. *(nm)*–a native jacket with loose sleeves, a native quilted coat.

مرسل **mursal (मुर्सल)**–सन्देशवाहक, दूत, प्रतिनिधि. *(nm)*–a messenger, a prophet, an ambassador.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مرسل **mursil (मुर्सिल)**–भेजने वाला, प्रेषक. *(nm)*–sender, despatcher.

مرشد **murshid (मुर्शिद)**–धार्मिक गुरु, मार्ग-दर्शक, धर्म का रास्ता बताने वाला, गूढ़ धार्मिक बातें समझाने वाला. *(nm)*–spiritual guide, mentor.

مرض **marz (मर्ज़)**–रोग, बीमारी. *(nm)*– sickness, infirmity, disease.

مرض الموت **marz-ul-maut (मर्ज़-उल-मौत)**–जानलेवा रोग, ऐसा रोग जो मरने के बाद ही जाए. *(nm)*–mortal disease, incurable disease.

مرض شناس **marz shināS (मर्ज़ शिनास)**–रोग की पहचान करने वाला, रोग को जानने वाला, *(nm)*–a pathologist.

مرض شناسی **marz shināsī (मर्ज़ शिनासी)**–रोग की पहचान, रोग की जानकारी. *(nf)*–pathology, diagnosis.

مرض متعدی **marz-e-mutadī (मर्ज़-ए-मुतअदी)**–छूत का रोग, ऐसा रोग जो मरीज़ को छूने से ही लग जाए. *(nm)*– infectious disease, epidemic.

مرض مہلک **marz-e-muhkil (मर्ज़-ए-मुहलिक)**–जानलेवा बीमारी, बहुत भयंकर रोग. *(nm)*–fatal disease, a dangerous disease, a mortal diseasr.

مرضی **marzī (मर्ज़ी)**–इच्छा, चाहत, सोच. *(nf)*–pleasure, assent, consent, choice, will, desire.

مرضی کے موافق **marzī ke muvāfik (मर्ज़ी के मुवाफ़िक़)**–इच्छानुसार, मर्जी के मुताबिक, जैसा आदमी चाहे वैसा ही. *(adj)*– according to the will or pleasure, to the satisfaction of, satisfactorily.

مرضی میں آنا **marzī main ānā (मर्ज़ी में आना)**–किसी को पसंद करना, किसी की इच्छानुसार काम करना, किसी को प्रसन्न करना. *(v)*–to like, to please, to meet the wishes of, to prove agreeable to.

مرطوب **martūb (मरतूब)**–गीला, नम, भीगा हुआ, आर्द्र. *(adj)*–wet, damp, humid, moist.

مرعوب **marūb (मरऊब)**–प्रभाव में आया हुआ, डरा हुआ, भयभीत, आतंकित. *(adj)*– terrified, awe-inspired, browbeaten.

مرغ **mug (मुर्ग)**–मुर्गा, एक पक्षी जिसका माँस बड़े शौक से खाया जाता है. *(nm)*–a bird, a fowl, a cock.

مرغ بادنما **murge bād numā (मुर्गे बाद नुमा)**–हवा और मौसम का दिशा बताने वाला मुर्गे की शक्ल का एक यंत्र. *(nm)*–a weather cock.

مرغ باز **murg bāz (मुर्ग बाज़)**–मुर्गों की लड़ाई करवाने वाला, मुर्गों की लड़ाई पर जुआ खेलने वाला. *(nm)*–a cock-fighter.

مرغ بازی **murg bāzī (मुर्ग बाज़ी)**–मुर्गों को लड़वाना, मुर्गों की लड़ाई पर जुआ खेलना. *(nf)*–cock-fighting, a cock-fight.

مرغ بان **murgbān (मुर्गबान)**–मुर्गों को पालने वाला, मुर्गों का व्यापार करने वाला. *(nm)*–a poultry keeping.

مرغ **marg (मर्ग)**–एक प्रकार की घास. *(nm)*–a kind of grass.

مرغزار **maragazār (मरगज़ार)**–चरागाह, घास से भरा मैदान, वह जगह जहां पशु घास चरते हैं. *(nm)*–a greenland, a pasture, a meadow.

مرغا **murgā (मुर्गा)**–मुर्ग, एक पक्षी. *(nm)*–a cock.

مرغابی **murgābī (मुर्गाबी)**–पानी का मुर्ग, बत्तख. *(nf)*–a water fowl, a wild duck.

مرغوب **margūb (मरगूब)**–मनपसंद, सुन्दर, उत्तम, खुशनुमा, आकर्षक. *(adj)*– desired, desirable, beautiful, lovely, pleasant, excellent, agreeable.

مرغی **murgī (मुर्गी)**–एक मादा पक्षी. *(nm)*–a hen, female of cock.

مرغی خانہ **murgīkhānā (मुर्गीखाना)**–जहां मुर्गियां रखी जाती हैं. *(nm)*–poultry farm.

مرفہ **muraphah (मुरफः)**–खुश, प्रसन्न, खुशनुमा, सन्तुष्ट. *(adj)*–happy, pleasant, comfortable, prosperous, well-off, contented, quiet, affluent.

مرقد **markad (मर्कद)**–चारपाई, बिस्तर, आराम करने की जगह, मकबरा, कब्र. *(nm)*–a bed, a place of rest, a grave, a tomb.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مرکب **markab (मर्कब)**—जहाज़, घोड़ा, ऊँट, वाहन, सवारी, कोई ऐसा साधन जिसमें सवारी या सामान ढोया जा सके. *(nm)*–ship, horse, camel, a vehicle, anything upon which one rides.

مرکب **murkab (मुर्कब)**—मिलाया हुआ, जुड़ा हुआ, तरतीब दिया हुआ, क्रमानुसार किया हुआ. *(adj)*–compounded, combined, *(nm)*–a compound, ink.

مرکز **markaz (मरकज़)**—केन्द्र, केन्द्रबिन्दु. *(nm)*–the centre, the centre of a circle.

مرکزی **markazī (मरकज़ी)**—केन्द्रीय, केन्द्र का या केन्द्र से सम्बन्धित. *(nm)*– central, of or pertaining to centre.

مرکزی حکومت **markazī hukūmat (मरकज़ी हुकूमत)**—केन्द्रीय सरकार. *(nf)*–central government.

مرکوز **markūz (मरकूज़)**—केन्द्रित, गड़ा हुआ, दबा हुआ, छिपाया हुआ, पसंद किया गया, दिल को अच्छा लगने वाला. *(adj)*– concentred, fixed, hidden, concealed, impressed.

مرکی **murkī (मुर्की)**—कानों में पहनने का एक आभूषण. *(nf)*–a kind of ear-ring, the tragus of the ear.

مرگ **mrag (मृग)**—हिरण. *(nm)*–a deer.

مرگ **marg (मर्ग)**—मृत्यु, मौत. *(nf)*–death.

مرگ اتفاقی **marge itifākī (मर्गे इतिफ़ाक़ी)**—अचानक होने वाली मृत्यु. *(nf)*–sudden death.

مرگ طبعی **marg-e-tabaī (मर्ग-ए-तबई)**—स्वाभाविक मृत्यु. *(nf)*– natural death.

مرگھٹ **marghaṭ (मरघट)**—शमशान, ऐसी जगह जहाँ मुर्दे जलाए जाते हैं. *(nm)*–the place where Hindus burn their dead.

مرگی **mirgī (मिर्गी)**—बेहाश हो जाने और मुँह से झाग निकलने लगना. *(nf)*–epilepsy.

مرلی **muralī (मुरली)**—बांसुरी, जिस से मनमोहक संगीत निकलता है. *(nf)*–a pipe, flute, *bānsurī*.

مرمت **marammat (मरम्मत)**—सुधार, बिगड़े काम को ठीक करना. *(nf)*–mending repairs, rectifying, amendment, amends, supply what is wanted.

مرمت طلب **marammat talab (मरम्मत तलब)**—बिगड़ी हुई चीज़, जिसे मरम्मत की ज़रूरत है, जिसका सुधार होना चाहिए. *(adj)*–out of order, broken, repairable, needing repairs.

مرمت کرنا **marammat karnā (मरम्मत करना)**—ठीक करना, सुधार करना, नुक्स या कमी दूर करना, त्रुटि दूर करना, किसी को सज़ा देना, किसी की पिटाई करना. . *(v)*–to get repaired, to repair, to mend, to rectify, to set or put right, to punish, to beat.

مرن **maraṇ (मरण)**—मरना, मौत, मृत्यु. *(nm)*–death, ruin, destruction.

مرنا **marnā (मरना)**—मर जाना, गुज़र जाना, जीवन-लीला समाप्त हो जाना, ज़िन्दगी का सफर खत्म हो जाना, ज़िन्दगी रुक जाना, किसी से बड़ा गहरा प्यार करना, किसी पर मर मिटना, किसी पर दिलो जान से आशिक़ हो जाना. *(v)*–to die, to expire, to cease, to fade, to desire vehemently, to set one's heart upon anything, to be desperately in love with, to suffer hardship.

مرنا جینا **marnā jīnā (मरना जीना)**—जिन्दगी और मौत, दुःख और सुख, खुशी और ग़म. *(nm)*–life and death, pleasure and pain.

مرنے جوگا **marne jogā (मरने जोगा)**—मरने के योग्य, जिसका मर जाना ही उचित है. *(adj)*–fit to die, deserving to die.

مرنے کی فرصت نہ ہونا **marne kī phursat na honā (मरने की फ़ुर्सत न होना)**—काम के बोझ तले दबे होना, हर समय व्यस्त रहना, एक क्षण का भी अवकाश न होना. *(nm)*–to be over-whelmed with work, to be too much pressed with work, not having a moment's leisure.

مروارید **marvārīd (मरवारीद)**—मोती. *(nm)*–pearl.

مروارید ناسفتہ **marvārīd nāsuphtah (मरवारीद नासुफ्तः)**—बिना छिदा मोती, कुंवारी कन्या, ऐसी लड़की जिसे किसी पुरुष न छुआ न हो. *(nm)*–unboared pearl, a virgin, untouched girl.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مروانا **marvānā (मरवाना)**—किसी को पिटवाना, किसी का कत्ल करवाना. *(v)*—to cause to be beaten, to cause to be killed.

مروت **muravvat (मुरव्वत)**—मर्दानगी, बहादुरी, जवांमर्दी, लिहाज़, रियायत, सभ्यता, लगाव, चाहत, संस्कार, इंसानियत, शराफत, संकोच. *(nf)*—affection, humanity, generosity, affability, politeness, kindness, human nature, manhood.

مروت برتنا **muravvat baratnā (मुरव्वत बरतना)**—शराफत से पेश आना, लिहाज़ करना, संकोच करना, विनम्रता से पेश आना. *(v)*—to behave gentlt, to be polite and generous.

مروت توڑنا **muravvat toṛnā (मुरव्वत तोड़ना)**—सख्ती से पेश आना, गैर इंसानी बर्ताव करना, कोई लिहाज़ न करना, डांट-डपट करना. *(v)*— to cease to be generous, to cease behaving affectionately, to withdraw one's regard (from).

مروج **muravvaj (मुरव्वज)**—आज जो मौजूद है, मौजूदा रस्मो-रिवाज, साधारणतः, आम तौर पर. *(adj)*—customary, prevalent, current, usual, in force, in general use.

مروڑ **maroṛ (मरोड़)**—पेट में गड़बड़ होना, दर्द के साथ टट्टी आना, किसी का हाथ मरोड़ देना. *(nf)*— twist, gripes, turn, writhe, contortion, vanity, affectation.

مروڑ اٹھنا **maroṛ uṭhnā (मरोड़ उठना)**—पेट में रह रह कर तेज़ दर्द उठना. *(v)*—to have gripes or colic.

مروڑ پھلی **maroṛphalī (मरोड़फली)**—एक पौधा जिसका फल मरोड़ उठने पर दवा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है. *(nm)*—a plant, the fruit of which is used as a cure for gripes.

مروڑا **maroṛā (मरोड़ा)**—पेट में दर्द की तेज़ लहर, दर्द के साथ टट्टी आना. *(nm)*—a twisting of the bowels, pain in the bowels, gripes, strain.

مروڑنا **maroṛanā (मरोड़ना)**—किसी का हाथ-पैर मरोड़ना, किसी धातु की चीज़ को टेढ़ा कर देना. *(v)*—to twist, to writhe, to distort, to gripe, to crunch up.

مرہٹی **marhaṭī (मरहटी)**—महाराष्ट्र की भाषा, मराठों से सम्बन्धित. *(nf)*— the language of Maharashtra.

مرہم **marham (मरहम)**—किसी घाव इत्यादि पर लगाई जाने वाली दवाई. *(nm)*— ointment, plaster, salve, cure.

مرہم پٹی کرنا **marham-paṭṭī karnā (मरहम-पट्टी करना)**—घाव का इलाज करना, चोट पर दवाई लगाना. *(v)*—to dress a wound, to apply salve to, to repair, to put in order.

مرہون **marhūn (मरहून)**—गिरवी रखा गया, रहन रखा गया. *(adj)*—pawned, pledged, mortgaged, hypotheticated.

مری **marī (मरी)**—महामारी, प्लेग का रोग, जानलेवा बीमारी. *(nf)*—plague, pestilence, epidemic, mortality.

مری پڑنا **marī paṛnā (मरी पड़ना)**—महामारी फैलना, प्लेग या किसी अन्य जानलेवा रोग का फैलना. *(v)*—breaking out of plague or pestilence.

مریخ **mirīkh (मिरीख)**—लड़ाई का देवता, मंगल ग्रह. *(nm)*— the planet Mars.

مرید **murīd (मुरीद)**—जिज्ञासु, शिष्य, चेला, शागिर्द, विद्यार्थी. *(nm)*— desirous, a disciple, a scholar, a follower, a student, a pupil.

مرید کرنا **murīd karnā (मुरीद करना)**—किसी को अपना शिष्य बना लेना, किसी को अपनी विचारों से प्रभावित करना, किसी को अपने संरक्षण में ले लेना. *(v)*—to make a disciple of, to admit into a religious order.

مرید ہونا **murīd honā (मुरीद होना)**—किसी का शिष्य बन जाना, किसी को अपना गुरु बना लेना, किसी के मार्ग-दर्शन में कोई काम करना, किसी से प्रभावित होना. *(v)*—to be a disciple of someone, to accept the guidance of some skilled and expert person.

مریدی **murīdī (मुरीदी)**—शागिर्दी, शिष्यत्व, चेला बनना. *(nf)*—discipleship, scholars-tuition, instruction.

مریض **marīz (मरीज़)**—रोगी, बीमार, अस्वस्थ. *(nm)*—a sick person, a patient.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مریضہ marīzā (मरीज़ा)–मरीज़ का स्त्रीलिंग, रोगी महिला, अस्वस्थ महिला. *(nf)*–a female patient.

مریل mariyal (मरियल)–कमज़ोर, दुबला-पतला, सुस्त, आलसी, जो मरने के करीब हो. *(adj)*–lean, emaciated, weak, feeble, indolent, lazy, slow, very nrar to death.

مریل ٹٹو mariyal ṭaṭṭū (मरियल टट्टू)–धीरे-धीरे चलने वाला टट्टू, सुस्त रफ्तार, धीरे काम करने वाला, थोड़ा सा परिश्रम करने पर ही हाँप जाने वाला व्यक्ति. *(nm)*–a slow moving pony, a lazy and idle person, very weak, feeble.

مرینہ marīnā (मरीना)–एक प्रकार का बढ़िया ऊनी कपड़ा जो स्पेन की एक भेड़ 'मरीना' की ऊन से बनता है. *(nm)*–a kind of cloth made from wool of a Spanish goat called marina.

مڑ جانا muṛ jānā (मुड़ जाना)–लौट जाना, पलट जाना, मुड़ कर जाना. *(v)*–to turn back, to turn, to return, to about turn.

مڑ کر نہ دیکھنا muṛ kar na dekhnā (मुड़ कर न देखना)–पलट कर न देखना, सीधा देखना, सामने देखना. *(v)*–not to look back, not to turn back.

مڑکنا muṛaknā (मुड़कना)–टूटना, चटकना, चट चट टूटना. *(v)*–to crack, to break, to sprain.

مڑ مڑ کر دیکھنا muṛ muṛ kar dekhnā (मुड़ मुड़ कर देखना)–पीछे मुड़ कर बार-बार देखना. *(v)*–to turn round and look again and again.

مڑنا muṛnā (मुड़ना)–पलटना, वापिस आना. *(v)*–to be turned back, to become twisted, to bend, to turn.

مڑھنا maṛnā (मढ़ना)–किसी चीज़ पर चमड़े या धातु की परत चढ़ाना, किसी चीज़ को ढकना. *(v)*–to cover, to gild to case, to cover with leather or metal sheet.

مڑھی maṛī (मढ़ी)–झोंपड़ी, मन्दिर, किसी साधु-सन्त की कुटिया, कब्र. *(nf)*–a cottage, a temple, a hut, a hermit's cell, a grave.

مزاج mizāj (मिज़ाज)–स्वभाव, आदत, तबीअत. *(nm)*– nature, habbits, manner, temperament, disposition, humour, pride.

مزاج بگاڑنا mizāj bigāṛnā (मिज़ाज बिगाड़ना)–किसी को उत्तेजित कर देना, किसी को गुस्सा दिला देना. *(v)*–to spoil one's temper.

مزاج بگڑنا mizāj bigaṛnā (मिज़ाज बिगड़ना)–स्वभाव बदल जाना, निराश हो जाना, गुस्सा हो जाना, उत्तेजित हो जाना. *(v)*–to be angry, to get out of temper.

مزاج پانا mizāj pānā (मिज़ाज पाना)–किसी का हाल-चाल पूछना, किसी के स्वभाव के बारे में जानना. *(v)*–to know a person's temperament, to find one in good humour.

مزاج پوچھنا mizāj pūchnā (मिज़ाज पूछना)–किसी का हाल-चाल पूछना, किसी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त करना, किसी का कुशल-क्षेम पूछना. *(v)*–to enquire after one's health.

مزاج دار mizājdār (मिज़ाजदार)–मिज़ाज वाला, घमंडी, अभिमानी, मगरूर. *(adj)*–proud, haughty, conceited.

مزاج شناس mizāj shinās (मिज़ाज शिनास)–दूसरों के स्वभाव को जानने वाला, दूसरों की आदतों को पहचानने वाला. *(adj)*–a confident, knowing the temperament (of), knowing the habits and disposition (of).

مزاج شریف mizāje sharīf (मिज़ाजे शरीफ़)–आप कैसे हैं? आपकी तबीयत कैसी है? *(adv)*–how do you do? how are you?

مزاج کرنا mizāj karnā (मिज़ाज करना)–घमंड करना, अभिमान करना, किसी की परवाह नहीं करना. *(v)*– to be proud, to show temper, to give oneself airs.

مزاج نہ ملنا mizāj na milnā (मिज़ाज न मिलना)–किसी से स्वभाव न मिलना, किसी से सहमत न होना, किसी को समझने की कोशिश न करना, घमंड करना. *(v)*–to be proud, to disagree, to be unable to understand one.

مزاج والا mizāj vālā (मिज़ाज वाला)–घमंडी, अभिमानी, मग़रूर. *(adj)*–haughty, proud, conceited.

مزاجی mizājī (मिज़ाजी)–मिज़ाज करने वाला, घमंडी,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिमानी. *(adj)*– proud. haughty, temperamental, habitual.

مزاح **mizāh (मिज़ाह)**–व्यंग्य, कटाक्ष, हास्य, हँसी की बात, चुटकला, दूसरों को हँसाने वाली बात. *(nm)*–jest, joke, fun, satire.

مزاحم **muzāhim (मुज़ाहिम)**–रोक, रुकावट, बाधा. *(adj)*– forbidding, hindering, obstructing.

مزاحم ہونا **muzāhim honā (मुज़ाहिम होना)**–रोकना, रुकावट पैदा करना, बाधा डालना. *(v)*– to obstruct, to hinder, to imprde, to prevent.

مزاحمت **mazāhamat (मज़ाहमत)**–रोक, रुकावट, विरोध, गतिरोध, मनाही. *(nf)*–prevention, hindrance, obstacle, opposition, difficulty, inconvenience, interruption, disturbance.

مزاحمت بے جا **muzāhamat be jā (मुज़ाहमत बे जा)**– अनुचित दखल अंदाज़ी, गैर ज़रूरी रोक-टोक, गैर कानूनी रुकावट. *(nf)*–unnecessary obstruction, unwanted interference, illegal hinderance.

مزاحیہ **mazāhiyā (मज़ाहिया)**–मज़ाक़िया, हास्य-व्यंग्य पूर्ण, मनोरंजक. *(adj)*–humourous, jocular, hilarious.

مزار **mazār (मज़ार)**–मकबरा, कब्र, दरगाह. *(nm)*–a place of visitation, a shrine, a tomb, a grave.

مزارع **mazāraa (मज़ारअ)**–खेती-बाड़ी का काम करने वाला मज़दूर. मज़दूरी पर खेती-बाड़ी का काम करने वाला. *(nm)*–a hired cultivator, an agricultural labour.

مزامیر **mazāmīr (मज़ामीर)**–एक बाजा. *(nm)*–a musical instrument.

مزاولت **muzāvalat (मुज़ावलत)**–दैनिक काम, रोज़ का काम, नित्यकर्म. *(nf)*–routine, daily practice.

مذخافات **muzkhāphāt (मुज़ख़ाफात)**–बेकार की बातें, व्यर्थ की बातें, गप्पें. *(nf)*–idle talks, foolish talk, lies, gossip.

مزدور **mazdūr (मज़दूर)**–एक श्रमिक, मेहनत करने वाला, बोझ उठानेवाला. *(nm)*–a labourer, a porter, a carrier.

مزدوری **mazdūrī (मज़दूरी)**–उज्रत, पारिश्रमिक, मेहनताना, काम के बदले में दिया जाने वाला धन. *(nf)*–wages, pay, hire, fare, labour, work.

مزعفر **muzaphar (मुज़अफर)**–मीठे चावलों और केशर को मिला कर बनाया गया एक भोजन, केशर के रंग का, पीले रंग का, केशर से रंगा हुआ. *(nm)*–a sweetdish of rice, prepared with saffron, *(adj)*– saffron coloured, yellow, coloured with saffron.

مزمار **mizmār (मिज़मार)**–बांसुरी के ढंग का एक वाद्य-यंत्र. *(nf)*–a musical instrument, flute.

مزمن **muzmin (मुज़मिन)**–लम्बे समय से चली आ रही बीमारी, दुसाध्य बीमारी. *(adj)*–chronic, disease of a long duration, obstinate (disease).

مزہ **mazā (मज़ा)**–स्वाद, ज़ायक़ा, प्रसन्नता, आनन्द. *(nm)*– taste, flavour, relish, pleasure, deliciousness, enjoyment, fun, delicacy.

مزہ آنا **mazā ānā (मज़ा आना)**–आनंद आना, मनोरंजन प्राप्त करना, हर्षित होना. *(v)*–to relish, to enjoy.

مزہ چکھانا **mazā cakhānā (मज़ा चखाना)**–किसी को सबक सिखाना, किसी के किये की सज़ा देना. *(v)*–to teach a good lesson, to punish.

مزہ کرکرا ہونا **mazā kirkirā honā (मज़ा किरकिरा होना)**–खेल बिगड़ जाना, किसी मनोरंजक कार्य में बाधा पड़ जाना, चलते काम में रुकावट आ जाना. *(v)*–the game to get spoiled.

مزیدار **mazedār (मज़ेदार)**–स्वादिष्ट, मनोरंजक. *(adj)*– delicious, tasteful, palatable.

مزیداری **mazedārī (मज़ेदारी)**–स्वाद, आनन्द, मनोरंजन. *(nf)*–taste, flavour.

مزے سے گزرنا **maze se guzarnā (मज़े से गुज़रना)**–जीवन बड़े सुख व शान्ति से व्यतीत होना. *(v)*–to pass one's life comfortably and peacefully.

مزے کرنا/لوٹنا **maze karnā/lūṭnā (मज़े करना/लूटना)**–मनोरंजन करना, आनन्द मनाना, प्रसन्न होना. *(v)*–to enjoy oneself.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مزید **mazīd (मज़ीद)**—और, अधिक. ज्यादा. *(adj)*–increased, augmented. *(nm)*–increase, advantage.

مزیر **mazīr (मज़ीर)**—सख्त, सख्त-दिल, पत्थर दिल, कठोर, बे रहम, ज़ालिम. *(adj)*–hard, hard hearted, unkind, cruel.

مزین **muzyan (मुज़यन)**—सजाया गया, संवारा गया, सुशोभित किया गया. *(adj)*–adorned, decorated, embellished.

مژدہ **muzdah (मुज़दह)**—अच्छी खबर, शुभ समाचार. *(nm)*– good news, good tidings.

مژدہ سُنانا **muzdah sunānā (मुज़दह सुनाना)**—अच्छी खबर सुनाना, अच्छा समाचार देना. *(v)*– to announce good news.

مِس **mis (मिस)**—तांबा, एक धातु जो बर्तन बनाने के काम आती है. *(nm)*–copper.

مِس **mis (मिस)**—युवति, कुंवारी लड़की, बिन-ब्याही लड़की, अविवाहित युवती. *(nf)*–miss, an unmarried girl.

مِس **mis (मिस)**—स्याही, रौशनाई. *(nf)*–ink.

مس **mas (मस)**—छूना, छूने की क्रिया, छूने का भाव. *(nm)*– touch, sense of touch.

مس کرنا **mas karnā (मस करना)**—छूना, स्पर्श करना. *(v)*–to touch, to feel.

مسا **masā (मसा)**—शाम, शाम का समय, संध्या. *(nm)*– evening.

مسّا **massā (मस्सा)**—मांस का काले या भूरे रंग का दाना जो शरीर के किसी भी भाग पर उभर आता है, बड़ा तिल. *(nm)*–a wart, a fleshy excrescence.

مسّا **missā (मिस्सा)**—मिस्सा आटा, गेहूँ में बेसन या जौ का आटा मिलाकर बनाई गई रोटी. *(nm)*–wheat, barley, millet etc. mixed with wheat, grams, peas etc.

مسابقت **musābakat (मुसाबक़त)**—मुकाबला, प्रतियोगिता. *(nf)*–a match, a competitin.

مساجد **masājid (मसाजिद)**—'मस्जिद' का बहुवचन, मस्जिदें, इबादतगाह. *(nm)*–mosques.

مساس **misās (मिसास)**—मालिश करना, शरीर को मलना, शरीर की थकावट उतारना. *(nm)*–massaging gently, rubbing.

مسافت **masāfat (मसाफ़त)**—दूरी, फासिला. *(nf)*–distance, space.

مسافت طے کرنا **masāfat tay karnā (मसाफ़त तय करना)**—दूरी तय करना, दूर तक जाना. *(v)*–to cover a distance.

مسافر **musāphir (मुसाफिर)**—यात्री, सफर करनेवाला, यात्रा करनेवाला, भ्रमण करनेवाला, घूमने-फिरने वाला, अजनबी. *(nm)*– traveller, passanger, stranger.

مسافر پروری **musāphir parvarī (मुसाफिर परवरी)**—मुसाफिर के प्रति सद्भावना दिखाना, आने वाले मेहमान की आव-भगत करना. *(v)*–hospitality, protection of travellers.

مسافرخانہ **musāphirkhānā (मुसाफिरखाना)**—धर्मशाला, सराय, मुसाफिरों के ठहरने की जगह. *(nm)*–an inn, a *sarai*, a rest house, a refresment room.

مسافرانہ **musāphirānā (मुसाफिराना)**—मुसाफिरों जैसा, मुसाफिरों से सम्बन्धित, यात्रा से सम्बन्धित. *(adv)*–traveller-like, like a passanger, as a stranger.

مسافرت **musāfarat (मुसाफ़रत)**—सफ़र, यात्रा. *(nf)*– travelling, travel, journey.

مسافری **musāphirī (मुसाफिरी)**—यात्रा, जगह-जगह घूमते-फिरना. *(nf)*–travelling, moving about from place to place.

مسالا **masālā (मसाला)**—कई वस्तुओं को मिला कर बनाया गया मिश्रण, दाल-सब्ज़ी में डालने का मसाला, दीवार बनाने के लिए सीमेंट और रेत को मिला कर बनाया गया मसाला. *(nm)*–ingredients, materials, mixture of many things.

مسالا بنانا **masālā banānā (मसाला बनाना)**—कई चीज़ों (लौंग, इलायची, मिर्च इत्यादि) को मिला कर मसाला बनाना. *(v)*– to mix spices.

مسالا ڈالنا **masālā ḍālnā (मसाला डालना)**—दाल-सब्ज़ी में बघार लगाना. *(v)*–to season.

مسالےدار **masāledār (मसालेदार)**—मसालों का बघार लगाया हुआ, मसालों से युक्त. *(adj)*–seasoned with spices.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مسالک **masālak** (मसालक)–रास्ते, राहें, पथ, गुज़रगाह. *(nm)*–way, paths.

مسام **masām** (मसाम)–शरीर की त्वचा में वे छोटे-छोटे छिद्र जिन से पसीना निकलता है. *(nm)*–pores in our skin.

مسامدار **masāmdār** (मसामदार)–जिसमें छोटे-छोटे छिद्र हों. *(adj)*–porous, poral, pory.

مسان **masān** (मसान)–श्मशान, कब्रिस्तान, वह जगह जहाँ मर्दे जलाए जाते हैं या दफनाए जाते हैं, आत्मा, रूह, एक बीमारी. *(nm)*–a place where the dead are burnt or buried, crematorium, a cemetery, a spirit, a disease.

مسانیا **masāniyā** (मसानिया)–श्मशान में शव के जलने के बाद उसकी हड्डियों व राख को समेटता है, एक ऐसा व्यक्ति जो बुरी आत्माओं (प्रेतों) से लोगों को मुक्त कराता है. *(nm)*–one who removes the remains of a burnt corpse; one who removes the influence of an evil spirit.

مساوی **musāvī** (मुसावी)–बराबर, समान, समानांतर, निष्पक्ष, उपयुक्त, उपयोगी. *(adj)*–equal, parallel, equivalent, impartial, neutral, con- venient, suitable.

مسائل **masāyal** (मसायल)–'मसलह' का बहुवचन, समस्याएँ, मांगें, मुश्किलें, कठिनाइयाँ. *(nm)*–questions, problems, demands, proposition.

مست **mast** (मस्त)–शराब पिये हुए, नशे में धुत्त, अहंकार, लापरवाह, पूजा-पाठ में लीन. *(nm)*–drunk, intoxicated, lustful, lascivious, wanton, proud, careless, drunk with the love of God.

مست مولا **mast maulā** (मस्त मौला)–बेफिक्रा, लापरवाह, मनमौजी, जिसे किसी प्रकार की चिन्ता न हो. *(adj)*–a careless person, having no worries, an idle and lazy person.

مست مہینہ **mast mahīnā** (मस्त महीना)–फाल्गुण का महीना जिसमें मस्ती, खुशियों और रंगों का त्यौहार होली मनाया जाता है. *(nm)*–the month of *Phālgun* in which colourful festival of *Holī* is celebrated.

مستاجر **mustājir** (मुस्ताजिर)–किरायेदार, ठेकेदार, किसान, ठेके पर कोई जगह लेने वाला. *(nm)*–a tenant, a contractor, a farmer, a lessee.

مستانہ **mastānā** (मस्ताना)–मस्त, नशे में धुत्त, लापरवाह. *(nm)*–drunken, intoxicated.

مستحق **mustahik** (मुस्तहिक़)–हक़दार, अधिकारी, योग्य. *(adj)*– worthy, having a right to, deserving, rightful, entitled.

مستحق ہونا **mustahik honā** (मुस्तहिक़ होना)–अधिकारी होना, योग्य होना. *(v)*–to deserve, to be rightful, to be entitled.

مستحکم **mustahakam** (मुस्तहकम)–मज़बूत, पक्का, सुदृढ़, शक्तिशाली, स्थापित, तेज़. *(adj)*–firm, established, strong, fast.

مستدعی **mustadaī** (मुस्तदई)–निवेदन करने वाला, प्रार्थना करने वाला, चाहने वाला, इच्छुक. *(adj)*–applicant, desiring, wishing.

مستدیر **mustadīr** (मुस्तदीर)–गोल, गोलाई वाला. *(adj)*– spherical, globular, round.

مسترد **mustaradd** (मुस्तरद्द)–नामंज़ूर किया गया, वापिस किया गया, अस्वीकृत, वापिस बुलाया गया. *(adj)*– returned, restored, rejected, over-ruled, revoked, recalled, refuted.

مسترد کرنا **mustaradd karnā** (मुस्तरद्द करना)–नामंज़ूर करना, वापिस करना, मोड़ देना, वापिस बुला लेना, अस्वीकृत करना. *(v)*–to reject, to restore, to refute, to refund, to return.

مستری **mistarī** (मिस्तरी)–हाथ से काम करनेवाला, मकान बनानेवाला, बढ़ई, लुहार इत्यादि. *(nm)*– a mason, a carpenter, a blacksmith, a master, an artisan.

مستطیل **mustatīl** (मुस्ततील)–चकोर, चार कोनों वाला. *(nf)*–a rectangular.

مستعار **mustaār** (मुस्तआर)–उधार ली हुई वस्तु, मांगी हुई वस्तु. *(adj)*–borrowed, sought, obtained as a loan.

مستعد **mustaad** (मुस्तअद)–तैयार, योग्य, उचित, उपयुक्त. *(adj)*–prepared, capable, fit, proper, worthy, prompt.

مستعدی **mustaadī** (मुस्तअदी)–तैयारी, उपयोगिता, उपयुक्तता. *(nf)*–readiness, promptness, aptness, worthiness.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مستعفی **mustaafī (मुस्तअफ़ी)**–जिसने अपना त्याग-पत्र दे दिया हो, जो अपनी नौकरी छोड़ने का इच्छुक हो. *(adj)*–resigned, seeking to be relieved from.

مستقبل **mustakibal (मुस्तकिबल)**–भविष्य, आने वाला समय. *(nm)*– future, the future tense.

مستقل **mustakil (मुस्तकिल)**–पक्का, स्थायी, सुदृढ़. *(adj)*– firm, stable, durable, steady, determined, unshaken.

مستقل ارادہ **mustakil irādā (मुस्तकिल इरादा)**–पक्का इरादा, दृढ़ निश्चय, संकल्प. *(nm)*–determination, fixed resolve.

مستقل اسامی **mustakil asāmī (मुस्तकिल असामी)**–पक्की नौकरी. *(nf)*–a permanent post.

مستقل مزاج **mustakil mizāj (मुस्तकिल मिज़ाज)**–ठहरे स्वभाव वाला, सोच-समझ कर काम करने वाला. *(adj)*–of resolute mind.

مستقیم **mustakīm (मुस्तकीम)**–ठीक, सीधा, विश्वसनीय, उपयुक्त, खड़ा. *(adj)*–right, straight, erect, direct, faithful.

مستک **mastak (मस्तक)**–माथा, सिर का अगला भाग, पहाड़ की चोटी, शिखर. *(nm)*–head, the forehead (of an elephant), summit of a mountain.

مستور **mastūr (मस्तूर)**–छिपा हुआ ढका हुआ, पर्दे में. *(adj)*– covered, veiled, hidden.

مستورات **mastūrāt (मस्तूरात)**–पर्दा नशीं, पर्दादार, पर्दे वाली औरतें. *(nf)*–veiled women, ladies.

مستول **mastūl (मस्तूल)**–जहाज़ या किश्ती का बड़ा बांस जो किश्ती को चलने में सहायता करता है. *(nm)*– mast of a ship.

مستی **mastī (मस्ती)**–नशा, खुमार, बेहोशी, मदहोशी, बदमस्ती, मतवालापन, सम्भोग की इच्छा, सम्भोग का जोश, खुशी से भरी हरकतें, उल्लास, घमंड, गरूर. *(nm)*–drunkenness, intoxication, lust, wantonness, pride.

مستی چڑھنا/چھانا **mastī carnā/chāna (मस्ती चढ़ना/छाना)**–नशे में धुत्त होना, खुमार चढ़ना, सम्भोग की तीव्र इच्छा जागना, किसी सुन्दर औरत को देखकर उसकी ओर आकर्षित होना, आदेश का उल्लंघन करना. *(v)*– to be dead drunk, to be elated, to be arrogant, to be defiant, to be disobedient.

مسجد **masjid (मसजिद)**–मुसलमानों की पूजा करने की जगह, पूजा-स्थल. *(nf)*–a mosque, a place of worship.

مسجد جامع **masjid-e-jāmaa (मसजिद-ए-जामअ)**–बड़ी मसजिद, वह मसजिद जहां पर जुम्मे (शुक्रवार) की नमाज़ पढ़ी जाती है. *(nf)*–the principal mosque, a great mosque, the mosque in which Friday prayers are offered.

مسحور **mashūr (मसहूर)**–जिस पर जादू किया गया हो, जिस पर टोना-टोटका किया गया हो. *(adj)*–bewitched, enchanted, fascinated.

مسخرہ **maskharā (मसखरा)**–अजीब-अजीब शक्लें बनानेवाला, जोकर, अपनी हरकतों से लोगों को हँसानेवाला. *(nm)*–a buffoon, a jester, a laughing stock, a fool, a joker.

مسدود **masdūd (मसदूद)**–बन्द, रुका हुआ, ठहरा हुआ. *(adj)*– closed, shut, obstructed, stopped.

مسرت **masarrat (मसर्रत)**–खुशी, प्रसन्नता, आनन्द. *(nm)*– pleasure, joy, happiness, gladness, cheerfulness, delight.

مسرور **masrūr (मसरूर)**–खुश, प्रसन्न, आनन्दित. *(adj)*–glad, pleased, happy, gay, cheerful, delighted, exalting.

مسروق/مسروقہ **masrūk (मसरूक़)**–चोरी किया गया, चुराया गया, चुराई हुई चीज़. *(adj)*–stolen, robbed, illegally possessed.

مسطور **mastūr (मसतूर)**–लिखा हुआ, ऊपर बताया गया, ऊपर उल्लेख किया गया, रेखांकित. *(adj)*–written, mentioned, above-mentioned, aforesaid, expressed, above-sited, ruled (sheets of paper).

مسعود **mas'ūd (मस'ऊद)**–नेक व्यक्ति, प्रसन्न, खुश, आनन्दित, भाग्यशाली, किस्मत वाला. *(adj)*–happy, fortunate, blessed, august.

مسکنا **masaknā (मसकना)**–फट जाना, टुकड़े हो जाना, अलग हो जाना. *(v)*–to be torn, to be split.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مسکانا **muskānā (मुसकाना)**—मुस्कराना, होंठों में हंसना, मुँह बंद करके हंसना. *(v)*–to smile,to grin.

مسکرات **muskirāt (मुस्किरात)**—नशीली दवाइयां या नशीले पदार्थ. *(nf)*–intoxicating liquors or drugs, intoxicants.

مسکرانا **muskarānā (मुस्कराना)**—धीरे-धीरे हंसना, मुँह बंद करके हंसना. *(v)*–to smile, to grin, to smirk.

مسکراہٹ **muskarāhat (मुस्कराहट)**—धीमी हंसी, मुस्कान, बंद होंठों की हंसी. *(nf)*–a smile, simper, smirk.

مسکن **maskan (मसकन)**—मकान, निवास-स्थान, रिहायश, घर, हवेली. *(nm)*–an abode, a dwelling, habitation, residence, house.

مسکنا **masaknā (मसकना)**—फट जाना, टुकड़े हो जाना. *(v)*–to be torn, to be split.

مسکنت **maskanat (मसकनत)**—तिरस्कार, अपमान, छोटापन, गरीबी, दुर्दशा. *(nf)*–humulity, lowness, indigence, poverty, wretchedness, misery.

مسکہ **masakah (मसकः)**—मक्खन, चापलूसी, खुशामद. *(nm)*–butter, flattery.

مسکین **miskīn (मिस्कीन)**—गरीब, बेचारा, असहाय, असमर्थ, विनम्र. *(adj)*–poor, miserable, humble, wretched, meek, needy.

مسلح **musallah (मुसल्लह)**—हथियारबंद, शस्त्र धारण किये हुए. *(adj)*–armed, in armour, equipped with arms.

مسلسل **musalsal (मुसलसल)**—लगातार, क्रम से, क्रमानुसार, बिना रुके. *(adj)*–linked, connected, successive, chained, coherent, placed in order.

مسلم **muslim (मुसलिम)**—जो खुदा की इबादत करता है, इसलाम को माननेवाला, मुसलमान. *(nm)*–one who is obedient to *Allah,* one who professes Islam, a Muslim.

مسلم **musallam (मुसल्लम)**—पूरा, सम्पूर्ण, सारा, स्वीकृत. *(adj)*– preserved, entire, whole, complete, free, admitted, accepted, committed.

مسلمان **musalmān (मुसलमान)**—इस्लाम धर्म को माननेवाला, मुस्लिम. *(nm)*–a Muslim, a follower of Islam.

مسلمانی **musalmānī (मुसलमानी)**—इस्लाम से सम्बन्धित, इस्लाम के बारे में, मुसलमानों के धर्म और विश्वास के बारे में, मुसलमान महिला. *(nf)*–the Mislim faith, concerning Islam, a female Muslim.

مسلنا **masalnā (मसलना)**—दबाना, रगड़ना, निचोड़ना, कष्ट देना, रगड़ कर मिटाना. *(v)*–to bruise, to crush, to break with the hand, to press, to rub, to squeeze.

مسلوب **maslūb (मसलूब)**—छीना हुआ, कब्ज़ा किया हुआ, नष्ट किया हुआ, खराब किया हुआ. *(adj)*–seized, snatched, away, stripped, spoiled, deprived of.

مسلی **misalī (मिसली)**—ऐसा अपराधी जिसके अपराधों का चिट्ठा तैयार हो गया हो, नामी अपराधी, कुख्यात अपराधी. *(nm)*–a criminal who has been brought to book, a notorious criminal, history sheeter.

مسمار **mismār (मिसमार)**—कील, खूंटा, मेख, नष्ट किया हुआ, मिट्टी में मिलाया हुआ, गिराया हुआ. *(nm)*–a nail, a peg, a pin, *(adj)*–ruined, demolished, razed to ground.

مسمسانا **masmasānā (मसमसाना)**—किसी से भयभीत हो कर अपनी भावनाओं का दबा लेना, अपने जज़्बात का गला घोंट देना. *(v)*–to suppress one's feelings or sentiments from fear or awe.

مسموم **masmūm (मसमूम)**—ज़हरीला, ज़हर भरा, विषैला. *(adj)*–poisoned, venomous.

مسند **masnad (मस्नद)**—तख्त, सिंहासन, ऊँची कुर्सी, राजगद्दी. तकिया लगाकर बैठने की जगह. *(nf)*–a throne, a large cushion, a chair, a seat, a couch.

مسواک **misvāk (मिसवाक)**—दांतों की सफाई करने वाला ब्रुश, दातुन. *(nf)*–a tooth brush, a softened stick used for cleaning the teeth.

مسودہ **masvadah (मसवदह)**—पांडुलिपि, खाका, किसी योजना की पहली प्रतिलिपि. *(nm)*–a sketch or rough draft, the foul or first

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

copy, a plan, a scheme.

مسور **masūr (मसूर)**–एक प्रकार की दाल. *(nf)*–a kind of pulse.

مسوڑا **masūṛā (मसूड़ा)**–मुँह में जिस भाग पर दांत लगे होते हैं. *(nm)*–gum.

مسوسنا **masosnā (मसोसना)**–अफसोस करना, पछताना, मरोड़ना, निचोड़ना. *(v)*–to twist, to squeeze, to grieve, to regret.

مسہری **masharī (मसहरी)**–मच्छरदानी, जालीदार चादर जो मच्छरों से बचने के लिए इस्तेमाल की जाती है. *(nf)*–a bed curtain for protection agaimst mosquitoes, a bed stead.

مسئلہ **mas'lāh (मस'लाह)**–समस्या, गुत्थी, उलझन, प्रश्न. *(nm)*–question, proposition, a maxim.

مسئول **mas'ūl (मस'ऊल)**–ज़िम्मेदार व्यक्ति, जिस से पूछताछ की जा सके. *(adj)*–responsible, one liable to be questioned.

مِسی **misī (मिसी)**–तांबे की बनी हुई वस्तु. *(adj)*–made of copper.

مِسّی **missī (मिस्सी)**–टूथ पाऊडर, दांतों को साफ करने का मंजन. *(nm)*–a tooth-powder.

مِسّی کاجل کرنا **missī kājal karnā (मिस्सी काजल करना)**–कंघी-पट्टी करना, शृंगार करना, अपने को संवारना, सजाना, मेक-अप करना. *(v)*–to adorn oneself, to beautify oneself, to make-up.

مسیح **masīh (मसीह)**–क्राइस्ट, यसू मसीह. *(nm)*–Christ.

مسیں **masen (मसें)**–किसी युवक के चेहरे पर दाढ़ी के पहले बाल जो बहुत मुलायम होते हैं. *(nm)*–hair on the face which apear in early youth.

مسیں بھیگنا **masen bhīgnā (मसें भीगना)**–युवक के चेहरे पर दाढ़ी के बाल आना शुरू होना. *(v)*–beginning of the growth of hair on the face.

مشاعرہ **mushāyarā (मुशायरा)**–बहुत से शायरों का एक जगह पर इकट्ठा होना और शायरी करना. *(nm)*–contending or excelling in poetry, a meeting of poets.

مشاغل **mashāgil (मशागिल)**–शुगल, व्यस्तता, रोज़गार, काम-धन्धा, शौक. *(nm)*– engagements, occupations, pastimes, hobbies.

مشاق **mashshāk (मश्शाक)**–जिसने किसी काम का बहुत अभ्यास कर रखा हो, कुशल, निपुण. *(adj)*–well-practised, proficent, skilled, expert.

مشام **mashām (मशाम)**–गन्ध, बू, सूंघने की शक्ति. *(nf)*–the smell, sense of smelling.

مشاہد **mushāhid (मुशाहिद)**–निरीक्षक, जाँच-पड़ताल करनेवाला. *(nm)*–observer.

مشاہدہ **mushāhidah (मुशाहिदह)**–निरीक्षण, जांच-पड़ताल, तफतीश, प्रदर्शन. *(nm)*– sight, observation, demonstration, vision, witnessing.

مشاہدہ کرنا **mushāhidah karnā (मुशाहिदह करना)**–निरीक्षण करना, नज़र डालना, निहारना. *(v)*–to look at, to observe, to view, to contemplate.

مشاہرہ **mushāharhā (मुशाहरा)**–मासिक वेतन, उज्रत, तन्खवाह. *(nm)*–monthly salary, wages, allowance.

مشاہیر **mashāhīr (मशाहीर)**–जाने-पहचाने लोग, विख्यात लोग, सम्मानित लोग. *(nm)*–renowned persons, famous persons, respected persons.

مشتاق **mushtāk (मुशताक़)**–इच्छुक, चाहनेवाला, ख़ाहिश करनेवाला. *(adj)*–desirous, longing, ardent, fond, wishful, wishing.

مشت **musht (मुश्त)**–मुट्ठी, मुट्ठी भर, इतना सामान जो एक मुट्ठी में आ जाए. *(nf)*–the fist, blow, handful.

مشتاک **mushtāk (मुश्ताक़)**–इच्छुक, चाह रखने वाला, चाहने वाला. *(adj)*–desirous, longing, ardent, fond, wishful, wishing.

مشتاق ہونا **mushtāk honā (मुश्ताक़ होना)**–इच्छुक होना, इच्छा करना. *(v)*–to long for.

مشتبہ **mushtbah (मुश्तबह)**–संदिग्ध, जिस पर शक हो, जिसके बारे में कोई भ्रम हो. *(adj)*–ambiguous, obscure, suspect, suspectable, dubious.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

مشترک/مشترکہ **mushtark/mushtarkā** (मुश्तर्क/मुश्तर्का)–साझा, मिला-जुला, सब का, संयुक्त. *(adj)*–common, joint, coparcenary, inheritance, held in partnership, incorporated, shared.

مشتری **mushtarī** (मुश्तरी)–खरीदने वाला, क्रेता, बृहस्पति ग्रह. *(nm)*–a purchaser, a buyer, the planet Jupiter.

مشتعل **mushat'al** (मुशत'अल)–भड़का हुआ, उत्तेजित, आग में घिरा हुआ. *(adj)*–flaming, blazing, inflamed, kindled, lighted up, irritated, set on fire.

مشتعل ہونا **mushat'al honā** (मुशत'अल होना)–जलना, उत्तेजित होना, भड़कना, क्रुद्ध होना. *(v)*–to be kindled, to be lighted, to be irritated.

مشتمل **mushtmil** (मुश्तमिल)–शामिल होने वाला, सम्मलित होने वाला. *(adj)*–comprising, containing, including, extending over, inclusive of, common.

مشتہر **mushthar** (मुश्तहर)–जिसका प्रचार किया गया हो, जिसका विज्ञापन किया गया हो, जिस की घोषणा की गई हो. *(adj)*– proclaimed, announced, advertised.

مشتہر کرنا **mushthar karnā** (मुश्तहर करना)–प्रचारित करना, घोषित करना, विज्ञापित करना. *(v)*–to advertise, to proclaim, to celebrate, to promulgate, to make public.

مشٹنڈا **mushtanḍā** (मुश्टंडा)–लम्बे-चौड़े कद वाला, शक्तिशाली, आवारा, बेशर्म, निकम्मा, तांक-झोक करने वाला, बदचलन. *(adj)*–strong bodied, fat, gignatic, robust, shameless, having bad habits and manners, not having a good character.

مشرب **masharb** (मशर्ब)–पानी पीने की जगह, पानी का चश्मा, झील, तालाब, पानी का टैंक, दीन, धर्म, तौर-तरीका, ढंग. *(nm)*–place of drinking, a reservoir of water, sect, religion, nature, temper.

مشرف **musharraph** (मुशर्रफ)–सम्मानित, आदरणीय, उच्च कुल का, *(adj)*– exalted, ennobled, honoured, ornamented.

مشرق **mashrik** (मश्रिक)–पूर्व, जिधर से सूर्य चढ़ता है. *(nf)*–the east, the place of rising of the sun.

مشروب **mashrub** (मश्रूब)–पीने की वस्तु, पीने योग्य. *(adj)*– drinkable, that which is drunk.

مشروط **mashrūt** (मश्रूत)–शर्त के साथ, किसी पाबन्दी के साथ, स्वीकृत. *(adj)*–agreed upon, stipulated, conditional, pledged, limited, defined.

مشروع **mashrū** (मश्रू)–कानूनी, कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त, कानून के अनुसार. *(adj)*–legal, conformable to or prescribed by law; legitimate; just; initiated; commenced; begun.

مشعل **mash'al** (मश'अल)–मशाल, टार्च, रौशनी, लैम्प. *(nf)*–torch, a burner, a flame, lantern.

